वीर-सेवा-मन्दिर ग्रन्थमाला ग्रन्थाङ्क १८

जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोश)

द्वितीय भाग ([illegible])

सम्पादक
बालचन्द्र सिद्धान्त-शास्त्री

वीर सेवा मन्दिर प्रकाशन

प्रकाशक
वीर-सेवा-मन्दिर
२१, दरियागंज
दिल्ली-६

मूल्य
रु. २५.००

वी. नि. संवत् २४९९
विक्रम संवत् २०३०
सन् १९७३

मुद्रक
रूपवाणी प्रिंटिंग हाउस
२३, दरियागंज, दिल्ली-६
कम्पोजिंग गीता प्रिंटिंग एजेंसी

Vir Sewa Mandir Series Text No. 15

JAIN LAKṢAṆĀVALI

(An authentic discriptive dictionary of Jaina philosophical terms)

Vol. II

EDITED BY
BALCHANDRA SIDDHĀNTASHĀSTRI

VIR SEWA MANDIR
21, Daryaganj, Delhi

Vir Samvat 2499
V. Samvat 2030
A.D. 1973

Rs. 25-00

प्रकाशकीय

प्राचीन भारतीय विद्याओं के व्यापक सन्दर्भ में जैन वाङ्मय, इतिहास, संस्कृति और पुरातत्त्व के अध्ययन-अनुशीलन और प्रकाशन के जिस उद्देश्य से 'वीर-सेवा-मन्दिर' की स्थापना की गयी थी, उस दिशा में 'जैन लक्षणावली' का प्रकाशन एक विशेष कदम है। इसका प्रथम भाग (अ-औ) दो वर्ष पूर्व प्रकाशित हुआ था और उसका देश-विदेश में सर्वत्र स्वागत व सराहना हुई। अब द्वितीय भाग पाठकों के हाथों में सौंपते हुए हार्दिक संतोष का अनुभव हो रहा है।

'वीर-सेवा-मन्दिर' और उसकी शोध-प्रवृत्तियां :

'वीर-सेवा-मन्दिर' की स्थापना स्व. आचार्य जुगलकिशोर मुख्तार ने अपने जन्म-स्थान सरसावा, जिला सहारनपुर (उ. प्र.) में अक्षय तृतीया (वैशाख शुक्ल तृतीया), विक्रम संवत् १९९३, दिनांक २४ अप्रैल सन् १९३६ में की थी। इस संस्था के माध्यम से स्व. मुख्तार साहब ने तथा संस्था से सम्बद्ध अन्य विद्वानों ने जैन वाङ्मय के अनेक दुर्लभ, अपरिचित और अप्रकाशित ग्रन्थों की खोज की तथा प्राचीन पाण्डुलिपियों के सम्यक् परीक्षण पर्यालोचन और सम्पादन की नींव डाली। संस्था ने जो ग्रन्थ प्रकाशित किये उनकी विस्तृत शोधपूर्ण प्रस्तावनायें न केवल उन ग्रन्थों की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं, प्रत्युत जैन आचार्यों और उनकी कृतियों पर भी विशद प्रकाश डालती हैं।

आचार्य समन्तभद्र पर मुख्तार साहब की अगाध श्रद्धा थी। आचार्य समन्तभद्र भारतीय दार्शनिक जगत में अद्वितीय माने जाते हैं और उनके ग्रन्थ जैन दर्शन के आधार-ग्रन्थों के रूप में प्रतिष्ठित हैं। मुख्तार साहब ने आचार्य समन्तभद्र के जीवन पर सर्वप्रथम विस्तार के साथ प्रकाश डाला। उनके ग्रन्थों का सम्पादन किया। उनका विद्वत्तापूर्ण विवेचन-विश्लेषण प्रस्तुत किया। दिल्ली में उन्होंने सन् १९२९ में समन्तभद्राश्रम की स्थापना की थी और 'अनेकान्त' नामक शोधपूर्ण मासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ किया था। बाद में यही संस्था 'वीर-सेवा-मन्दिर' के रूप में प्रतिष्ठित हुई और 'अनेकान्त' उसका मुख-पत्र बना।

आचार्य जुगलकिशोर मुख्तार :

आचार्य जुगलकिशोर का सम्पूर्ण जीवन साहित्य और समाज के लिए समर्पित रहा। उनका जन्म मगसिर सुदी एकादशी, वि. सं. १९३४ में, सरसावा में हुआ था। कुछ समय तक उन्होंने मुख्तार का कार्य कुशलता के साथ किया। वह जैन समाज के पुनर्जागरण का युग था। मुख्तार साहब एक क्रान्तिकारी समाज सुधारक के रूप में आगे आये। उन्होंने सामाजिक क्रान्ति की दिशा को सुदृढ़ शास्त्रीय आधार दिये। उनके द्वारा रचित 'मेरी भावना' के कारण वे जन-मानस में पैठ गये।

मुख्तार साहब अपने अनवरत स्वाध्याय, सूक्ष्म दृष्टि, गहरी पकड़ और प्रतिभा-सम्पन्नता के कारण बहुश्रुत विद्वान् बने। ऐतिहासिक अनुसन्धान, आचार्यों का समय-निर्णय, प्राचीन पाण्डुलिपियों का सम्यक् परीक्षण तथा विश्लेषण करने की उनकी अद्भुत क्षमता थी। उनके प्रमाण अकाट्य होते थे। उनकी यह साहित्य-सेवा अर्ध शताब्दी से भी अधिक के दीर्घकाल में व्याप्त है। जीवन के अन्तिम क्षण तक वे अध्ययन

और अनुसन्धान के कार्य में लगे रहे। 'भारतीय ज्ञानपीठ' द्वारा प्रकाशित उनका अन्तिम ग्रन्थ 'योगसार-प्राभृत' उनकी विद्वत्ता का उन्नत सुमेरु है। 'वीर-सेवा-मन्दिर' उनका मूर्तिमान् कीर्तिस्तंभ है।

बाबू छोटेलाल सरावगी :

'वीर-सेवा-मन्दिर' को सुदृढ़ आधार देने और सुप्रतिष्ठित करने में कलकत्ता निवासी स्व. बाबू छोटेलाल सरावगी का विशेष योगदान रहा है। वह मुख्तार साहब के प्रति गहरी आत्मीयता रखते थे। 'वीर-सेवा-मन्दिर' को सरसावा से दिल्ली लाने तथा यहां विशाल भवन निर्माण कराने में उनका अनन्य हाथ रहा। वे प्रारम्भ से ही आजीवन संस्था के अध्यक्ष रहे तथा तन-मन-धन से इसके विकास के लिए प्रयत्नशील रहे। वास्तव में वे 'वीर सेवा मन्दिर' के प्राण थे।

छोटेलाल जी सत्प्रवृत्तियों के धनी, अध्ययनशील तथा उदारचेता व्यक्ति थे। जैन साहित्य और संस्कृति के विकास के लिए वे निरन्तर प्रयत्नशील रहते थे। जैन-दर्शन, इतिहास, कला और पुरातत्व के अनुसन्धान कार्य में उनकी बड़ी रुचि थी। इन विषयों के अनुसन्धान के लिए वे कल्पवृक्ष थे। रायल एशियाटिक सोसाइटी के वे एक सम्मानित सदस्य थे। डा. एम. विन्टरनित्ज ने अपने ग्रन्थ 'हिस्ट्री आव इण्डियन लिटरेचर' भाग २ में छोटेलाल जी का बड़े आदर के साथ उल्लेख किया है। यदि छोटेलाल जी का सहयोग प्राप्त न हुआ होता तो संभवतया डा. विन्टरनित्ज अपने इतिहास-ग्रन्थ में जैन साहित्य का इतना विशाल और गंभीर सर्वेक्षण प्रस्तुत न कर पाते। छोटेलाल जी का विद्वत्समाज से अत्यन्त निकट का संबंध था। जैन ही नहीं, इतिहास और पुरातत्व के क्षेत्र में कार्य करने वाले भारतीय तथा विदेशी विद्वानों से उनकी बड़ी मित्रता थी। खंडगिरि और उदयगिरि उन्हीं की पुरातात्त्विक खोज के परिणाम-स्वरूप प्रकाश में आये। 'जैन बिबलियोग्राफी' उनका अमर कीर्तिस्तम्भ है।

पुरातत्व एवं इतिहास के प्रेमी होने के साथ-साथ छोटेलाल जी एक सफल समाजसेवी एवं नेता भी थे। वे समाज की विभिन्न संस्थाओं तथा गतिविधियों में बराबर सक्रिय सहयोग देते रहे।

'वीर सेवा मन्दिर' के उक्त दोनों ही आधार-स्तंभ अब नहीं रहे, फिर भी उनके कृतित्व के रूप में उनकी कीर्ति अमर है। अनुसन्धान के क्षेत्र मे उनका स्मरण सदा गौरव के साथ किया जाता रहेगा।

आभार :

वीर सेवामन्दिर के साथ साहू शान्तिप्रसाद जी का नाम अभिन्न रूप में जुड़ा हुआ है। वह न केवल अनेक वर्षों से उसके अध्यक्ष है, अपितु उसकी अभिवृद्धि में सक्रिय योगदान देते रहते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रकाशन मे उनकी प्रारम्भ से ही गहरी दिलचस्पी रही है। इस अवसर पर हम उनका विशेष रूप से आभार मानते है।

"जैन लक्षणावली" या पारिभाषिक शब्द-कोश :

'जैन लक्षणावली' के प्रकाशन की कल्पना मुख्तार साहब ने सन् १६३२ में की थी। जैन वाङ्मय मे अनेक शब्दों का कुछ विशेष अर्थों में प्रयोग किया गया है। यह अर्थ उनके प्रचलित अर्थ से भिन्न है। अतएव जैन वाङ्मय के सामान्य अध्येता के लिए सहज रूप में उनको समझ पाना कठिन है। मुख्तार साहब की कल्पना थी कि दिगम्बर-श्वेताम्बर जैन साहित्य के सभी प्रमुख ग्रन्थों से इस प्रकार के शब्द उनकी परिभाषाओं के साथ संकलित करके, हिन्दी अनुवाद के साथ, पारिभाषिक कोश तैयार किया जाय। इस कल्पना के अनुसार लगभग चार सौ ग्रन्थों से शब्द और उनकी परिभाषायें संकलित की गईं। इस प्रकार के कार्य प्रायः नीरस लगने वाले तथा श्रम और समय साध्य होते हैं।

पूरी 'लक्षणावली' का प्रकाशन तीन भागों में होगा। हर्ष है कि तीसरे भाग का भी मुद्रण आरम्भ हो गया है। आशा है, इस महायज्ञ की पूर्णाहुति शीघ्र सम्भव होगी।

—महासचिव

सम्पादकीय

लक्षणावली प्रथम भाग के प्रकाशित होने के लगभग दो वर्ष बाद उसका यह द्वितीय भाग भी पाठकों के कर-कमलो में पहुंच रहा है। जैसा कि प्रथम भाग के सम्पादकीय में निर्देश किया जा चुका है, वे ही कठिनाइयां इस भाग के सम्पादन-कार्य में भी रही है व उनके दूर करने मे समय की अपेक्षा भी रही है। इस भाग मे मैं पूरे 'प' को समाविष्ट करना चाहता था, पर इसके प्रकाशन मे अब अधिक विलम्ब करना उचित प्रतीत नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त अन्तिम तीसरे भाग की जिल्द के प्रमाण की भी कल्पना करते हुए इस भाग में स्वरान्त 'प' का ही समावेश किया गया है। अगले भाग का प्रारम्भ संयुक्त 'प (प्र)' से होगा।

प्रथम भाग की प्रस्तावना में प्रस्तुत लक्षणावली में उपयुक्त ग्रन्थों में से १०२ ग्रन्थों का परिचय कराकर शेष ग्रन्थों का इस भाग में परिचय कराने की सूचना की गई थी। परन्तु सम्पादन क्षेत्र में विशेष ख्यातिप्राप्त श्रीमान् डा. आ. ने. उपाध्ये एम. ए., डी. लिट. की राय थी कि ग्रन्थपरिचय में समय व शक्ति को न लगा कर यदि आगे का कार्य शीघ्र सम्पन्न कराया जा सके तो ठीक होगा। इसे ठीक समझ कर इस भाग में शेष ग्रन्थों का परिचय नहीं कराया गया है।

इस भाग के अन्तर्गत लक्षणों में से कितने ही लक्षणो की विविधता पर प्रस्तावना मे कुछ प्रकाश डालना चाहता था, पर विलम्ब को देखते हुए फिलहाल उसे भी स्थगित कर दिया है।

इस भाग के सम्पादन में भी श्री पन्नालाल जी अग्रवाल, पं. परमानन्द जी शास्त्री और पं. पार्श्वदास जी न्यायतीर्थ का सहयोग पूर्ववत् उपलब्ध होता रहा है।

सुप्रसिद्ध लेखक विद्वान् श्री अगरचन्द जी नाहटा बीकानेर ने प्रस्तुत लक्षणावली के सम्पादन-कार्य में उपयोग करने के लिए हमें अपने व्यक्तिगत संग्रह मे से स्थानांग सूत्र, सूर्यप्रज्ञप्ति और कुछ अंश व्यवहारसूत्र भाष्य (पीठिकानन्तर द्वि. उद्देशक च. विभाग पृ. १-८७, गा. १-३८२ और तृ. उद्देशक च. विभाग पृ. १-३७, गा. १-१७६) देने की कृपा की है, इसके लिए हम उनके विशेष आभारी हैं।

वीर सेवा मन्दिर के अध्यक्ष श्रीमान् साहू शान्तिप्रसाद जी जैन तथा महासचिव श्री महेन्द्रसेन जी जैनी की जो स्नेहपूर्ण प्रेरणा प्राप्त होती रही है उसको देख स्वास्थ्य आदि की कुछ प्रतिकूलता के रहते हुए भी मैं प्रस्तुत कार्य में उद्यत रहा हूं। इस कृपा के लिए मैं आप दोनों महानुभावों को नहीं भूल सकता।

दीपावली
२५-१०-७३

बालचन्द्र शास्त्री

जैन लक्षणावली प्रथम भाग पर लोकमत

Prof. Dr. Klaus Bruhn
D-1000 Berlin-38

It is a Matter of great Satisfaction that Pandit Balchandra Siddhantashastri is publishing the Jaina Laksnavali. This will be a Standard work in the field of Jaina Studies, and I feel that the restriction to laksana's is not a limitation but a special advantage of the work. Definitions are a literary element in its own right which deserves special attention and should not get lost in an ocean of quotations. It is in keeping with this scheme, that Pandit Balchandra has included a highly interesting essay on Lakshnavaisistya in his learned Introduction. I very much hope the parts two and three will follow soon. May be the second part has already left the press.

Let me also congratulate your institution on the initiative taken in connection with the publication of this brilliant work, which will be one of the most important titles in your Granthamala

मा. श्रमण अक्टूबर १९७२

(पा. विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी)

किसी भी धर्म या दर्शन का अध्ययन करते समय उसके पारिभाषिक शब्दों का सही ज्ञान होना आवश्यक है, क्योंकि उनका उस शाखा मे विशिष्ट अर्थ होता है। जैन पारिभाषिक शब्दों का प्रचलित अर्थज्ञान करना उसके अध्येताओं के समक्ष सदैव एक गम्भीर समस्या रही है।

प्रस्तुत लक्षणावली में विद्वान् सम्पादक ने जैन साहित्य के अध्येताओं की कठिनाई को ध्यान में रखकर जैन परम्परा के करीब चार सौ संस्कृत-प्राकृत ग्रन्थों से विशिष्ट शब्दों का चयन करके उनका प्रचलित अर्थ स्पष्ट किया है। जैन परम्परा में इस प्रकार के शब्दकोश की काफी समय से आवश्यकता अनुभव की जा रही थी। प्रस्तुत कृति से जैन साहित्य के अध्येताओं को बहुत सहायता प्राप्त होगी। ·· मुद्रणकार्य बहुत अच्छा हुआ है।

पा. वीरवाणी जयपुर, १८ नवम्बर १९७२

जैन वाङ्मय में अनेक पारिभाषिक शब्द हैं, जिनका प्रयोग प्रचलित अर्थ को छोड़कर विशिष्ट अर्थ में होता है। फलतः उनका सही बोध न होने से सर्व साधारण की तो बात क्या, विद्वानो—जैनेतर

साहित्यकारों तक को बड़ी असुविधा होती है। प्रस्तुत ग्रन्थ में दिगम्बर श्वेताम्बर आम्नाय के ४०० ग्रन्थों में प्रयुक्त शब्दों की संस्कृत व हिन्दी परिभाषा दी गई है जिससे उनका अभिप्राय स्पष्ट हो जाता है।······यह ग्रन्थ सर्वांगरूप से उपयोगी बनाया गया है।

मा. तीर्थंकर इन्दौर, दिसम्बर १९७२

वस्तुत: प्रस्तुत कोश एक स्मारक है जिसे शताब्दियों तक भुलाया नहीं जा सकेगा······। यह जैनों का ग्रन्थ न रहकर अर्थ विज्ञान के क्षेत्र की एक बेजोड़ निधि बन गया है। प्राच्य विद्या के अध्येता इसे छोड़कर शायद ही आगे बढ़ पायें।

'कोश' को आद्यन्त देख जाने पर पूरा विश्वास हो जाता है कि संपादक ने कोशीय न्यास का बड़ी सजगता के साथ आकलन-आलोचन-विश्लेषण किया है। पार्श्वतिक दृष्टि से भी ग्रन्थ का अपना व्यक्तित्व है। संपादक का असली व्यक्तित्व हिन्दी-व्याख्या वाले अंशों में प्रगट हुआ है। इन अंशों में सभी संदर्भों को बड़ी सावधानी और सम्पूर्णता से निचोड़ा गया है। यदि भावी जिल्दों में इन्हीं के अंग्रेजी अनुवाद और सम्मिलित कर लिए जाएं तो यह एक महत्त्वपूर्ण परिवर्द्धन होगा। ······ छपाई निर्दोष, मूल्य सर्वथा उचित।

पा. तीर्थंकर (मराठी), ५ फरवरी १९७३

(गोपालनगर, डोंबिवली पूर्व, जि. ठाणे)

चारशे दिगंबर-श्वेतांबर ग्रंथांच्या साह्याने हा कोश तयार करण्यात आला आहे एक शब्द, उदाहरणार्थ 'अनुप्रेक्षा' हा घेतला तर त्याचा जैन परिभाषेनुसार प्रमाण अर्थ कोणता हे थोडक्यात देऊन तो शब्द कोण कोणत्या ग्रंथात कोणत्या श्लोकात आढळतो हे यात दिले आहे अनुप्रेक्षा (भावना) शब्द दहा ग्रंथातून आढळतो तर अनुप्रेक्षा (स्वाध्याय) शब्द सतरा ग्रंथातून आढळतो तो श्लोक आणि ग्रंथनाम दिले आहे अशाच पद्धतीने शब्दाची माहिती इथे आढळते। अभ्यासूनी आनंद विभोर व्हावे असा हा उपक्रम आहे।

सा. जैन बोधक (मराठी) दि. १५-१-१०७३ (सोलापुर)

जैन संसारा मध्ये प्रकाशित अनेक ग्रंथामध्ये हे अत्युपयोगी प्रकाशन आहे. जैन दर्शन, न्याय, सिद्धांत आदि ग्रंथामध्ये जे लक्षणात्मक शब्द आले आहेत त्यांचे विवेचन स्थान ग्रंथ आदिचा उल्लेख करून यांत दिलेला आहे. सर्व धर्मामध्यें विविध पारिभाषिक पद आहेत. त्या पारिभाषिक शब्दांचा अर्थ आम्नायानुसार केला जातो. किंवा करणें इष्ट आहे. त्या प्रमाणें अर्थ न केल्यास जिज्ञासु बुचकळ्यांत पडतो आणि ग्रंथांचे हृद्य नीट समजू शकत नाही, म्हणून अशा पारिभाषिक शब्द कोषांची फार जरूरी आहे। हे कार्य अत्यंत परिश्रमसाध्य आहे. शेकडों ग्रथाचे परिशीलन करून, अध्ययन करून, लक्षणावली तयार करावी लागते।

□□□

२

जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोष)

कक्वकुशील—विद्या-योगादिभिः परद्रव्यापहरण-दम्भप्रदर्शनपरः कक्वकुशीलः। (भ. आ. विजयो. १६५०)।

विद्या व मंत्रादि के प्रयोग द्वारा दूसरों के द्रव्य के अपहरणविषयक दम्भ को दिखाने वाले साधु को कक्वकुशील कहते हैं।

कच्छपरिंगित दोष—१. कच्छभरिंगियं कच्छपरिंगितं चेष्टितं कटिभागेन कृत्वा यो विदधाति बन्दनां तस्य कच्छपरिंगितदोषः। (मूला. वृ. ७-१०६)। २. ठिउविट्ठरिंगण जं त कच्छवरिंगिय जाण। (प्रव. सारो. १५८)। ३. कच्छपरिङ्गनमूर्ध्वस्थितस्य 'तित्तिसणयरा' इत्यादिसूत्रमुच्चारयत उपविष्टस्य वा अहो 'कायं काय' इत्यादिसूत्रमुच्चारयतोऽग्रतोऽभिमुखं पश्चादभिमुख च रिङ्गतश्चलतो वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)। ४. निषेदुग· कच्छपवद्रिङ्खा कच्छपरिङ्गितम्। (अन. ध. ८–१००)। ५. कच्छपस्येव जलचरजीवविशेषस्येव, रिङ्गणम् अग्रतोऽभिमुख पश्चादभिमुख च यत्किञ्चिच्चलनं तच्च यत्र करोति शिष्यः तत्कच्छपरिङ्गितं जानीहि। (प्रव. सारो. वृ. १५८)। ६. स्थितस्योद्ध्वस्थानेन 'तेत्तीसन्नयराए' इत्यादिसूत्रमुच्चारयतः, उपविष्टस्य वाऽऽसीनस्य 'अहोकायं काय' इत्यादिसूत्रं भणतः कच्छपस्येव जलचरजीवविशेषस्य रिङ्गनम्—अग्रतोऽभिमुखं प्रागभिमुखं च यत्किञ्चिच्चलनं तद्यत्र करोति शिष्यः तदिदं कच्छपरिङ्गितं नामेति। (आव. हरि. वृ. मल. हे. टि. पृ. ८८)।

१ कछुए के समान रेंग करके कटिभाग से आचार्य की वन्दना करने को कच्छपरिङ्गित दोष कहते हैं। ३ जैसे कछुआ रेंगते (चलते) हुए कभी आगे को मुख करके देखता है और कभी पीछे को मुख करके देखता है, उसी प्रकार ऊर्ध्वस्थित (खड़े) होकर 'तित्तिसणयरा' इत्यादि सूत्र का उच्चारण करते हुए अथवा बैठने पर 'अहो कायं काय' इत्यादि सूत्र का उच्चारण करते हुए, कभी आगे की ओर, और कभी पीछे की ओर चलते हुए वन्दना करना; इसे कच्छपरिंगित कहते हैं। यह वन्दना का सातवां दोष है।

कटक—बंसकंबीहि अण्णोण्णजणणाए जे किज्जंति घरावणादिवाराणं ढंकणट्ठं ते कडया णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४०)।

बांस की कमचियों को परस्पर जोड़कर जो घर आदि के द्वारों को ढांकने के लिए टटिया (जाली जैसी) बनायी जाती है उन्हें कटक कहते हैं।

कटकरण—कटकरणं कटनिर्वर्तकं चित्राकारमयोमयं पाइल्लगादि। (उत्तरा. नि. शा. वृ. १८४, पृ. १९५)।

चटाई बनाने के काम में आने वाले चित्राकार लोहे के पाइल्लग (उपकरणविशेष) आदि कटकरण कहलाता है।

कटु—१. वैशद्यच्छेदनकृत्कटुः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ६०)। २. श्लेष्मभेदपाटवकृत् कटुः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–२३)।

२ जो रस कफ-नाशक होकर पटुता (नैपुण्य) को भी करता है, वह कटु रस माना जाता है।

कटुक नामकर्म—जस्स कम्मस्स उदएण सरीरपोग्गला कडुवरसेण परिणमंति तं कडुवणाम। (धव. पु. ६, पृ. ७५)।

जिस कर्म के उदय से शरीरगत पुद्गल कड़वे रस-

रूप से परिणत होते हैं उसे कटुक नामकर्म कहते हैं।

कठिन—अनमनात्मकः कठिनः। (अनु. हरि. वृ. पृ. ६०; त. भा. सिद्ध. वृ. ५–२३)।

नहीं नमने वाली वस्तु के स्पर्श को कठिन स्पर्श कहते हैं।

कण्ठहीन कुट—यस्य पुनरोष्ठपरिमण्डलाभावः स कण्ठहीनकुटः। (आव. नि. मलय. वृ. १३६, पृ. १४३)।

ओठों के घेरे से रहित घड़े को कण्ठहीन कुट कहते हैं।

कण्ठहीन कुट समान—यस्तु किञ्चिदूनं सूत्रार्थमवधारयति, पश्चादपि च तथैव स्मृतिपथमवतारयति स कण्ठहीनकुटसमानः। (आव. नि. मलय. वृ. १३६, पृ. १४३)।

जैसे गला रहित घड़ा अल्प जल को अपने भीतर रखता है, उसी प्रकार जो शिष्य गुरु के द्वारा बतलाये हुए सूत्रार्थ को कुछ कम अवधारण करता है और तदनुसार अल्प ही स्मरण करता है, उसे कण्ठहीन कुट समान कहते है।

कण्डक—देखो काण्डक। प्रथमस्थानात् द्वितीयं स्थानं स्पर्द्धकापेक्षया अनन्तभागवृद्धम्, यावन्ति प्रथमे स्थाने स्पर्द्धकानि तावद्भ्योऽनन्तभागाधिकानि द्वितीये स्थाने स्पर्द्धकानि भवन्तीत्यर्थः। ततोऽपि तृतीयं स्थानमनन्तभागवृद्धम्। एवमुपदर्शितेन प्रकारेण यथोत्तरमनन्तभागवृद्धानि स्थानानि तावद् वाच्यानि यावदङ्गुलासंख्येयभागगतप्रदेशराशिप्रमाणानि भवन्ति, तेषां च समुदाय एकं कण्डकम्। (पञ्चसं. मलय. वृ. अनु. प्र. ४६, पृ. ४३)।

स्पर्धकों की अपेक्षा प्रथम स्थान से द्वितीय स्थान अनन्तवें भाग से अधिक होता है, अर्थात् प्रथम स्थान में जितने स्पर्धक हों उनके अनन्तवें भाग से अधिक वे द्वितीय स्थान में होते हैं। तृतीय स्थान उससे भी अनन्तवें भागसे अधिक होता है। इस प्रकार उक्त क्रम से अंगुल के असंख्यातवें भागगत प्रदेशराशि प्रमाण तक वे स्थान उत्तरोत्तर अनन्तवें भाग से अधिक होते जाते हैं। इन सबके समुदाय का नाम एक कण्डक (काण्डक) होता है।

कथा—१. तव-संजमगुणधारी जं चरण कहिंति सब्भाव। सव्वजगजीवहियं सा उ कहा देसिया समए॥ (दशवै. नि. २१०)। २. द्रव्यं फलं प्रकृतमेव हि सप्रभेदं क्षेत्रं च तीर्थमथ कालविभाग-भावौ। अङ्गानि सप्त कथयन्ति कथाप्रबन्धे तैः संयुता भवति युक्तिमती कथा सा॥ (वरांग. १–६)। ३. पुरुषार्थोपयोगित्वात् त्रिवर्गकथनं कथा। (म. पु. १, ११८)। ४. तन्नामोच्चारण-तद्गुणोत्कीर्तन-तच्चरितवर्णनादिका वचनपद्धतिः कथा। (ध. २ अधि. —अभि. रा. भा. ३, पृ. ४०२)।

१ तप व संयम गुणों के धारक साधु जो समस्त लोक के प्राणियों के लिए हितकर चरित्र का निरूपण करते हैं उसे कथा कहते हैं।

कदर्य—१. यो भृत्यात्मपीडाभ्यामर्थं सचिनोति स कदर्यः। (नीतिवा. २–६)। २. यो भृत्यात्मपीडाभ्यामर्थं संचिनोति, न तु क्वचिदपि व्ययते, स कदर्यः। (योगशा. स्वो. विव. १–५२, पृ. १५५)।

१ जो सेवकों (नौकरों) के लिये और स्वयं अपने लिए भी पीड़ा पहुंचाकर धन का संग्रह किया करता है उसे कदर्य कहा जाता है।

कदलीघात—१. विस-वेयण-रत्तक्खय-भय सत्थग्गहण-संकिलेसेहि। आहारोस्सासाणं णिरोहदो छिज्जदे आऊ॥ (धव. पु १, पृ. २३ उद्.; गो. क. ५७)। कदली (केले के स्तम्भ) के समान जो विष, वेदना, रक्त क्षय, भय, शस्त्राघात, संक्लेश आहार और श्वास के निरोध आदि के द्वारा सहसा आयु का घात होता है उसे कदलीघात कहते हैं।

कनक—माणुस-पसु-पक्खिमारणीयो तरु-गिरिसिहर-वियारणीयो असणीयो कणया जाम। (धव. पु. १४, पृ. ३५)।

जिनके द्वारा मनुष्य, पशु और पक्षी मर जाते हैं तथा वृक्ष और पर्वतशिखर विदीर्ण हो जाते हैं, ऐसे अशनियों (वज्रों) को कनक कहा जाता है।

कनङ्करा—काय पानीयाय, नङ्कराः बोधिस्थनिश्चलीकरणपाषाणाः कनङ्कराः कानङ्करा वा—ईषन्नगरा इत्यर्थः। (विपाक. अभय. वृ. पृ. ४५)।

क शब्द का अर्थ जल है और नङ्कर का अर्थ है नाव को स्थिर करने वाले पत्थर। अभिप्राय यह है कि नौका यदि डगमगाती है तो उसे स्थिर करने के लिए जो उसमें कुछ पत्थर डाल दिये जाते हैं वे कनङ्कर कहलाते हैं, अथवा पानी में उसे रोकने के लिए जिस पत्थर से रस्सी या सांकल को बांध दिया जाता है उसे कनङ्कर समझना चाहिए।

कन्दक (काण्डक)—हत्थिधरणट्ठमोहिद्दवारिबंधो कंदश्रो णाम, हरिण-वराहादिमारणट्ठमोहिद्दकंदा वा कंदश्रो णाम । (धव. पु. १३, पृ. ३४) ।

हाथी को पकड़ने के लिए जो वारिबन्ध (गड्ढा) बनाया जाता है उसे कन्दक (खन्धक) कहते हैं, अथवा हरिण और शूकर आदि के वध के लिए जो बाण बनाये जाते हैं वे काण्डक कहलाते हैं ।

कन्दर्प—रागोद्रेकात् प्रहासमिश्रोऽशिष्टवाक्प्रयोगः कन्दर्पः । (स. सि. ७–३२; भ. आ. विजयो. १८० व ६५१; भ. आ. मूला. १८०) । २. कन्दर्पो नाम रागसंयुक्तो ऽसभ्यो वाक्प्रयोगो हास्यं च । (त. भा. ७–२७) । ३. कहकहकहस्स हसणं कंदप्पो अनिहुया य संलावा । कंदप्पकहाकहणं कंदप्पुवएस संसा य ॥ (बृहत्क. १२९६) । ४. रागोद्रेकात् प्रहासमिश्रोऽशिष्टवाक्प्रयोगः कन्दर्पः । चारित्रमोहोदयापादितात् रागोद्रेकात् प्रहाससंयुक्तो योऽशिष्टवाक्प्रयोगः स कन्दर्प इति निर्धियते । (त. वा. ७, ३२, १) । ५. कन्दर्पः कामः, तद्धेतुर्विशिष्टो वाक्प्रयोगः कन्दर्प उच्यते, रागोद्रेकात् प्रहासमिश्रो मोहोद्दीपको नर्मेति भावः ।(श्राव. हरि. वृ. अ. ६, पृ. ८३०; श्रा. प्र. टी. २९१) । ६. चारित्रमोहोदयापादितात्रागोद्रेकाद्यो हास्यसयुक्तोऽशिष्टवाक्प्रयोगः स कन्दर्पः । (चा. सा. पृ. १०) । ७. रागोद्रेकात् प्रहासमिश्रो भण्डिमाप्रधानो वचनप्रयोगः कन्दर्पः । (रत्नक. टी. ३, ३५) । ८ तथा कन्दर्पः कामस्तद्धेतुस्तत्प्रधानो वा वाक्प्रयोगोऽपि कन्दर्पः । (योगशा. स्वो. विव. ३, ११५) । ९. कन्दर्पः कामस्तद्धेतुस्तत्प्रधानो वाक्प्रयोगोऽपि कन्दर्पो रागोद्रेकात्प्रहासमिश्रोऽशिष्टवाक्प्रयोग इत्यर्थः । (सा. ध. स्वो. टी. ५–१२) । १०. कन्दर्पः कामः तद्धेतुर्विशिष्टो वाक्प्रयोगोऽपि कन्दर्प एव, मोहोद्दीपक वाक्कर्मेति भावः । (ध. बि. मु. वृ. ३–३०) । ११. रागाधिक्यात् वर्करसंवलितोऽशिष्टवचनप्रयोगः कन्दर्पः । (त. वृत्ति श्रुत. ७, ३२) । १२. अस्ति कन्दर्पनामापि दोषः प्राक्तव्रतस्य यः । रागोद्रेकात्प्रहासादिमिश्रो वाग्योग इत्यपि ॥ (लाटीस. ६–१४१) ।

१ राग की अधिकता से हास्यमिश्रित अशिष्ट वचनों के बोलने को कन्दर्प कहते है । ३ कहकहा मारकर हंसना (अट्टहास), स्वांग के साथ परिहास करना, गुरु आदि के साथ भी अनिभृत—कठोर व कुटिलतापूर्ण—भाषण करना, कामकथा का निरूपण करना, और काम का उपदेश करना; इस सब को कन्दर्प कहा जाता है ।

कन्दर्पभावना—देखो कन्दर्पी भावना । १. कंदप्पकुक्कुआइय चलसीला णिच्चहासणकहो य । विम्भावितो य परं कदप्पं भावणं कुणइ ॥ (भ. आ. १८०) । २. कंदप्पे कुक्कुइए, दवसीले यावि हासणकरे य । विम्हावितो य परं, कंदप्पं भावणं कुणइ ॥ (बृहत्क. १२९५) । ३. रागोद्रेकजनितहासप्रवर्तितो वाग्योगः, काययोगः परविस्मयकारी वा कन्दर्पभावनेत्युच्यते । (भ. आ. विजयो. टी. १८०) ।

२ कन्दर्पवान्, कौत्कुच्यवान्—शरीर की कुचेष्टा से युक्त, द्रवशील—शीघ्रतापूर्वक बिना विचारे संभाषण आदि करने वाला, हास्य को उत्पन्न करने वाला और दूसरे को आश्चर्यान्वित करने वाला कन्दर्प (कन्दर्पी) भावना को करता है ।

कन्यानृत—देखो कन्यालीक । तत्र कन्याविषयमनृतं कन्यानृतम् अभिन्नकन्यकामेव भिन्नकन्यकां वक्ति विपर्ययो वा । (श्रा. प्र. टी. २६०) ।

कन्याविषयक असत्य बोलने का नाम कन्यानृत है —जैसे एक ही कन्या को अन्य बतलाना अथवा इसके विपरीत अन्य कन्या को एक बतलाना ।

कन्यालीक—देखो कन्यानृत । १. तत्र कन्याविषयमलीकं कन्यालीकं भिन्नकन्यायामभिन्नं विपर्ययं वा वदतो भवति; इदं च सर्वस्य कुमारादिद्विपदविषयस्यालीकस्योपलक्षणम् । (योगशा. स्वो. विव. २, ५४) । २. तत्र कन्यालीकं यथा भिन्न कन्यामभिन्नां वा विपर्यय वा वदतो भवति । (सा. ध. स्वो. टी. ४–३९) ।

देखो कन्यानृत ।

कपाटमुद्रा—अभयाकारौ समश्रेणीस्थिताङ्गुलीकौ करौ विधायाङ्गुष्ठयोः परस्परग्रथनेन कपाटमुद्रा । (निर्वाणक. १९, ९ २) ।

समान पंक्ति में स्थित अंगुलियों से युक्त हाथों के दोनों पंजों को फैला करके तथा दोनों अंगूठों को परस्पर मिलाकर अभयमुद्रा में अवस्थित करने को कपाटमुद्रा कहते हैं ।

कपाटसमुद्घात—कवाडसमुग्घादो णाम पुव्विल्लबाहल्लायामेण वादवलयवदिरित्तसव्वखेत्तापूरणं । (धव. पु. ४, पृ. २८–२९); तदो विदियसमए

दोहि वि पासेहि छुत्तवादवलयं देसूणचोद्दसरज्जुप्राय-दं सगविक्खंभबाहल्लं सेसट्ठिदीए घादिदप्रसंखेज्ज-भागं घादिदसेसाणुभागस्स घादिदाणंतभागं कवाडं करेदि। (धव. पु. १०, पृ. ३२१); बिदियसमए पुव्वावरेण वादवलयवज्जियलोगागासं सव्वं पि सगदेहविक्खंभेण वाविय सेसट्ठिदि-प्रणुभागाणं जहा-कमेण प्रसंखेज्ज-प्रणंतभागे घादिदूण जमवट्ठाणं तं कवाडं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ८४)।

केवलसमुद्घात के समय द्वितीय समय में पूर्व-पश्चिम में दोनों पार्श्व भागों से वातवलय को छूते हुए कुछ कम चौदह राजु लम्बे और अपने शरीर-विस्तार प्रमाण मोटे केवली जिनके आत्मप्रदेशों का वातवलयों को छोड़कर शेष सब ही लोकाकाश में फैल जाना; इसका नाम कपाटसमुद्घात है।

कपित्थदोष—१. यः कपित्थफलवन्मुष्टिं कृत्वा कायोत्सर्गेण तिष्ठति तस्य कपित्थदोषः। (मूला. वृ. ७–१७)। २. छप्पइयाण भएणं कुणइ य पट्टं कवि-ट्ठं व ॥ (प्रव. सारो. २५८)। ३. षट्पदिकाभयेन कपित्थवच्चोलपट्टं संवृत्य मुष्टौ गृहीत्वा स्थानं कपित्थदोषः; एवमेव मुष्टिं बद्ध्वा स्थानं इत्यन्ये। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)। ४. मुष्टिं कपि-त्थवद् बद्ध्वा कपित्थः ××× ॥ (अन. ध. ८, ११७)। ५. षट्पदिकाभयेन कपित्थवद् वृत्ताकार-त्वेन संवृत्य जङ्घादिमध्ये कृत्वा तिष्ठत्युत्सर्गे इति कपित्थदोषः १४। एवमेव मुष्टिं बद्ध्वा स्थानमित्य-न्ये। (प्रव. सारो. टी. २५८)।

३ मधुमक्खियों के भय से कैंथ फल के समान चोल-पट्ट (साधु का वस्त्रविशेष—कटिवस्त्र) से आच्छा-दित कर व उसे मुट्ठी में लेकर स्थित होना, यह कपित्थ नामका एक कायोत्सर्ग का दोष (१४वां) है।

कपोतलेश्या— १. रूसइ णिंदइ अण्णे दूसइ बहुसो य सोय-भयबहुलो। असुयइ परिभवइ परं पसंसये अप्पयं बहुसो ॥ ण य पत्तियइ परं सो अप्पाणं पि व परं पि मण्णंतो। तूसइ अइथुव्वंतो ण य जाणइ हाणि-वड्ढि वा ॥ मरणं पत्थेइ रणे देइ सुबहुगं पि थुव्वमाणो दु। ण गणइ कज्जाकज्जं लक्खणमेय तु काउस्स ॥ (प्रा. पंचस. १, १४७–४९; गो. जी. ५१२–१४)। २. मात्सर्य-पैशून्य-परपरिभवात्म-प्रशंसा-परपरिवाद-वृद्धि-हान्यगणनात्मीयजीवितनि-राशता-प्रशस्यमानधनदान-युद्धमरणोद्यमादि कपोत-लेश्यालक्षणम्। (त. वा. ४, २२, १०, पृ. २३९)। ३. काऊ कवोदवण्णा ×××। (धव. पु. १६, पृ. ४८५ उद्.)। ४. शोक-भी-मत्सरासूया-परनिन्दा-परायणाः। प्रशंसति सदात्मानं स्तूयमानः प्रहृष्यति ॥ वृद्धि-हानी न जानाति न मूढः स्वपरान्तरम्। अहं-काराग्रहग्रस्तः समस्तां कुरुते क्रियाम् ॥ श्लाघितो नितरां दत्ते रणे मर्तुमपीहते। परकीययशोध्वंसी युक्तः कापोतलेश्यया ॥ (पंचसं. अमित. १, २७६ से २७८)।

२ मत्सरभाव रखना, चुगली करना, दूसरे का अप-मान करना, अपनी प्रशंसा करना, दूसरे की निन्दा करना, हानि-लाभ का विचार न करना, जीवन से निराश होना, प्रशंसा करने वाले को धन देना और युद्ध में मरने का उद्यम करना; इत्यादि कपोतले-श्या के लक्षण हैं।

कमण्डलुमुद्रा—उन्नतपृष्ठहस्ताभ्यां संपुटं कृत्वा कनिष्ठिके निष्कास्य योजयेदिति कमण्डलुमुद्रा। (निर्वाणक. १९–९)।

दोनों हथेलियों को पोला करके परस्पर मिलाने तथा दोनों कनिष्ठिकाओं को बाहिर निकालने पर कमण्डलुमुद्रा होती है।

कमल—१. ××× तं पि गुणिदव्वं। चउसी-दीलक्खेहि कमलं णामेण णिद्दिट्ठं ॥ (ति. प. ४, २९८)। २. चतुरशीतिकमलाङ्गशतसहस्राण्येकं कम-लम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. २–६७)।

चौरासी लाख से गुणित कमलाङ्ग को कमल कहते हैं।

कमलाङ्ग—१. णलिणं चउसीदिहदं कमलंगं णाम ×××। (ति. प. ४–२९८)। २. ज्ञेयं वर्षसहस्रं तु तच्चापि दशसंगुणम्। पूर्वाङ्गं तु तदभ्यस्तमशी-शीत्या चतुरग्रया ॥ तत्तद्गुणं च पूर्वाङ्गं पूर्वं भवति निश्चितम्। पूर्वाङ्ग [पर्वाङ्गं] तद्गुणं तच्च पूर्व [पर्व] संज्ञं तु तद्गुणम् ॥ नियुताङ्गं परं तस्मात् नियुतं च ततः परम्। कुमुदाङ्गं ततश्च स्यात् कुमुदं तु ततः परम् ॥ पद्माङ्गं पद्ममप्यस्मात् नलिनाङ्ग-मथैव च। नलिनं कमलाङ्गं च कमलं चाप्यतः परम्। (ह. पु. ७, २४–२७)। ३. पूर्वं चतुरशी-तिघ्नं पूर्वाङ्गं [पर्वाङ्गं] परिभाष्यते। पूर्वाङ्गताडि-तं तत्तु पर्वाङ्गं पर्वमिष्यते ॥ गुणाकारविधिः सोऽयं योजनीयो यथाक्रमम्। उत्तरेष्वपि संख्यानविकल्पेषु

निराकुलम् ।। ××× नलिनं कमलाङ्गं च तथान्यत् कमलं विदुः । (म. पु. ३, २१६–२४; लो. वि. ५, १२८–३३) । ४. चतुरशीतिमहापद्मशतसहस्राण्येकं कमलाङ्गम् । (ज्योतिष्क. मलय. वृ. २–६७) ।

१ चौरासी से गुणित नलिन प्रमाण एक कमलाङ्ग होता है । ४ चौरासी लाख महापद्मों का एक कमलांग होता है ।

कर (हस्त)— करश्चतुर्विंशत्यंगुलः । (समवा. अभय. वृ. ९६, पृ. ९८) ।

चौबीस अंगुलों को एक कर या हस्त कहते हैं ।

कर (वन्दनादोष)— करः—कर इव राजदेयभाग इव—अर्हत्प्रणीतो वन्दनककरोऽवश्यं दातव्य इति धिया वन्दनम् । (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०) ।

जैसे राजा को भूमि आदि का कर (टैक्स) देना आवश्यक होता है, उसी प्रकार जिनदेव का कहा हुआ वन्दना रूप धार्मिक कर देना चाहिए, ऐसी बुद्धि से जो वन्दना की जाती है वह कर नामक दोष से दूषित होती है । यह वन्दना के ३२ दोषों में एक (२४वां) है ।

करण (परिणाम)—१. कम्मबंधादिपरिणामणसमत्थो जीवस्स सत्तिविसेसो करणमिति वुच्चति । (कर्मप्र. चू. १, पृ. २) । २. ××× भण्णइ करणं तु परिणामो । (धर्मसं. हरि. ७९४) । ३. करणाः परिणामाः । (धव. पु. १, पृ. १८०); कधं परिणामाणं करणसण्णा ? ण एस दोसो, असिवासीणं व साहयतमभावविवक्खाए परिणामाणं करणत्तुवलंभादो । (धव. पु. ६, पृ. २१७) । ४. करणं नाम सम्यक्त्वाद्यनुगुणो विशुद्धिरूपः परिणामविशेषः । (आव. नि. मलय. वृ. १०६, पृ. ११३) । ५. करणानि वीर्यविशेषरूपाणि । (पंचसं. मलय. वृ. १, पृ. १) । ६. करणं पुनर्भण्यते तीर्थकरगणधरैः, परिणामो—जीवस्याध्यवसायविशेषः । तदुक्तम्—करणं परिणामोऽत्र सत्त्वानामिति । (धर्मसं. मलय. वृ. ७९४) ।

१ जीव की जो विशिष्ट शक्ति कर्मबन्धादि के परिणमाने में समर्थ होती है उसे करण कहा जाता है । ३ जीव के परिणामविशेष को करण कहते हैं ।

करण (कारक)—१. साधकतमं करणः । (जैनेन्द्र. १, २, १३८) । २. करणं तु साधकतमत्वम् । (न्यायकु. १–३, पृ. ३६) । ३. ××× साधकविशेषस्यातिशयवतः करणत्वात् । तदुक्तं जैनेन्द्रे—साधकतमं करणमिति । (न्यायदी. पृ. १३) ।

१ अतिशय साधक कारक को करण कहते हैं ।

करणसत्य—करणसत्यं यत्प्रतिलेखनाक्रियां यथोक्तां सम्यगुपयुक्तः कुरुते ।। (समवा. अभय. वृ. २७, पृ. ४६) ।

आगमानुसार सम्यक् उपयोग के साथ प्रतिलेखन क्रिया के करने को करणसत्य कहते हैं ।

करणानुयोग—१. लोकालोकविभक्तेर्युगपरिवृत्तेश्चतुर्गतीनां च । आदर्शमिव तथामतिरवैति करणानुयोगं च ।। (रत्नक. २–३) । २. द्वितीयः करणादिः स्यादनुयोगः स यत्र वै । त्रैलोक्यक्षेत्रसंख्यानं कुलपत्रेऽधिरोपितम् ।। (म. पु. २–९९)। ३. अधोमध्योर्ध्वलोकेषु चतुर्गतिविचारणम् । शास्त्रं करणमित्याहुरनुयोगपरीक्षणम् ।। (उपासका. ९१७) । ४. त्रिलोकसारे जिनान्तरलोकविभागादिग्रन्थव्याख्यानं करणानुयोगो विज्ञेयः । (बृ. द्रव्यसं. टी. ४२) । ५. चतुर्गतियुगावर्तलोकालोकविभागवित् । हृदि प्रणेयः करणानुयोगः करणातिगैः ।।(अन. ध. ३, १०)।

१ लोक-अलोक के विभाग, युगों के परिवर्तन और चारों गतियों के स्वरूप को स्पष्ट दिखलाने वाले ज्ञान को करणानुयोग कहते हैं ।

करणापर्याप्तक—ये पुनः करणानि शरीरेन्द्रियादीनि न तावन्निवर्तयन्ति, अथ चावश्यं पुरस्तान्निवर्तयिष्यन्ति ते करणापर्याप्तकाः । (षडशीति मलय. वृ. ३) ।

जिन जीवों के करणों की—शरीर व इन्द्रियादिक की—अभी रचना नहीं हुई है, किन्तु आगे नियम से होने वाली है उन्हें करणापर्याप्तक या निर्वृत्त्यपर्याप्तक कहते हैं ।

करणोपशामना—देखो अकरणोपशामना । १. जा सा करणोवसामणा सा दुविहा—देसकरणोवसामणा त्ति वि सव्वकरणोवसामणा त्ति वि । देसकरणोवसामणाए दुवे णामाणि देसकरणोवसामणा त्ति वि अप्पसत्थउवसामणा त्ति वि । ×× × जा सा सव्वकरणोवसामणा तिस्से वि दुवे णामाणि सव्वकरणोवसामणा त्ति वि पसत्थकरणोवसामणा त्ति वि । (क. पा. पृ. ७०७–८)। २. दंसणमोहणीये उवसमिते उदयादिकरणेसु काणि वि कर-

कानि उवसंताणि, काणि वि करणाणि अणुवसंताणि, तेणेसा देसकरणोवसमणा त्ति भण्णदे। (जयध. क. पा. टि. २, पृ. ७०७); सव्वेसिं करणाणमुवसामणा सव्वकरणोवसामणा। (जयध.—क. पा. टि. १, पृ. ७०८)। ३. तत्र करणं क्रिया यथाप्रवृत्तापूर्वानिवृत्तिकरणसाध्यः क्रियाविशेषः, तेन कृता करणकृता। (कर्मप्र. उपश. १, मलय. वृ.)।

३ यथाप्रवृत्त, अपूर्व और अनिवृत्ति करणों के द्वारा सिद्ध किये जाने वाले क्रियाविशेष से जो उपशमना की जाती है उसे करणोपशामना कहते हैं।

करुणरस—१. पियविप्पओग-बंध-वह-वाहि [बंधव-वह-वाहि] विणिवाय-संभमुप्पण्णो। सोइअ-विलविअ-पम्हाणरुण्णलिंगो रसो करुणो॥ करुणो रसो जहा— पज्झायकिलामिअयं बाहागयपप्पुअच्छिअं बहुसो। तस्स विओगे पुत्तिय दुब्बलयं ते मुहं जायं॥ (अनुयो. गा. ७८–७९, पृ. १३९)। २. प्रियविप्रयोग-बांधवव्याधिनिपातसंभ्रमोत्पन्नः सोचित-विलपित-अम्लानरुदितलिंगो रसः करुणः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ७०)।

१ इष्ट के वियोग, बन्धन, वध, व्याधि, मरण और परचक्र आदि की भीति से उत्पन्न होने वाला करुणरस कहलाता है। उसके चिह्न हैं शोक, विलाप, म्लानता और रुदन।

करुणा—देखो कारुण्य। × × × परदुःखविनाशिनी तथा करुणा। (षोडशक ४–१५)।

दूसरे जीवों के दुःखों के दूर करने की इच्छा को करुणा कहते हैं।

कर्कशनाम—१. जस्स कम्मस्स उदएण सरीरपोग्गलाणं कक्खडभावो होदि तं कक्खडं णाम। (धव. पु. ६, पृ. ७५)। २. यस्य कर्मस्कन्धस्योदयेन शरीरपुद्गलानां कर्कशभावो भवति तत्कर्कशनाम। (मूला. वृ. १२–१९४)। ३. यदुदयाज्जन्तुशरीरेषु कर्कशः स्पर्शो भवति, यथा पाषाणविशेषादीनाम्, तत्कर्कशनाम। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–२९३, पृ. ४७३)।

१ जिस कर्म के उदय से शरीरपुद्गलों में कर्कशता (कठोरता) उत्पन्न होती है उसे कर्कश नामकर्म कहते हैं।

कर्कशवचन—कर्णशष्कुलिविवराभ्यर्णगोचरमात्रेण परेषामप्रीतिजननं हि कर्कशवचः। (नि. सा. वृ. ६२)।

जो वचन कानों में प्रवेश करते ही दूसरों के लिए अप्रीतिकर होता है उसे कर्कशवचन कहते हैं।

कर्ण—ध्यात्वा हृद्यष्टपत्राब्जं श्रोत्रे हस्ताग्रपीडिते। न श्रूयेताग्निनिर्घोषो यदि स्वः पंच वासरान्॥ दश वा पंचदश वा विंशतिं पंचविंशतिम्। तदा पंच-चतुस्त्रि-द्व्येकवर्षैर्मरणं भवेत्॥ (योगशा. ५–१२५, १२६)।

हृदय में अष्टदल कमल का ध्यान कर दोनों कानों को हाथों से दबाने पर यदि अग्नि का तड़तड़ादि-रूप शब्द पांच, दश, पन्द्रह, बीस, अथवा पच्चीस दिन न सुना जाय तो क्रम से पांच, चार, तीन, दो और एक वर्ष में मरण होने वाला है, ऐसा जानना चाहिए। यह कर्ण का लक्षण है।

कर्णसंस्कार—१. ह्रस्वयोर्लम्बतापादनम्, दीर्घयोर्वा ह्रस्वकरणम्, तन्मलनिरासोऽलंकारग्रहणं कर्णसंस्कारः। (भ. आ. विजयो. ९३)। २. ह्रस्वीकरण-लम्बीकरण-मलापकर्षणाभरणादिकः कर्णसंस्कारः। (भ. आ. मूला. ९३)।

छोटे कानों को लम्बा करना, लम्बे कानों को छोटा करना, उनका मैल निकालना और कुण्डल आदि आभरण पहिनना; इत्यादि प्रकार से कानों का शृंगार करने को कर्णसंस्कार कहते हैं।

कर्ता—सुहमसुहं करेदि त्ति कत्ता। (धव. पु. १, पृ. ११९); शुभमशुभं करोतीति कर्ता। (धव. पु. ९, पृ. २२०)।

शुभ या अशुभ परिणाम करने वाले जीव को कर्ता कहते हैं।

कर्ता (कारक)—१. एदेसु य उवओगो तिविहो सुद्धो णिरंजणो भावो। जं सो करेदि भावं उवओगो तस्स सो कत्ता॥ जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स भावस्स। कम्मत्तं परिणमदे तम्हि सयं पुग्गलं दव्वं॥ जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स भावस्स। णाणिस्स दु णाणमओ अण्णाणमओ अणाणिस्स॥ (समयप्रा. ९७–९८ व १३६)। २. स्वतंत्रः कर्ता। (जैनेन्द्र. १ २, ११२)। ३. यः परिणमति स कर्ता × × ×॥ (नाटकस. ३–६)।

जीव जो भाव करता है उसका वह कर्ता होता है, अथवा जो परिणमन करता है वह कर्ता होता है। जो क्रिया के करने में स्वतंत्र होता है वह कर्ता कहलाता है। मिथ्यादर्शन, अज्ञान और अविरति

स्वरूप इन तीन प्रकार के निमित्तभूत परिणाम-विकारों के विषय में, वस्तुतः शुद्ध, निरंजन व वस्तुभूत चैतन्य मात्र भाव की अपेक्षा एक होने पर भी जो अशुद्ध, सांजन और अनेक भावरूपता को प्राप्त होकर तीन प्रकार का उपयोग होता है उसमें जिसको वह उपयोग (तत्स्वरूप आत्मा) करता है उसका वह कर्ता होता है। जिस भाव को आत्मा करता है उसी भाव का वह कर्ता होता है। ज्ञानी के ज्ञानमय भाव होता है और अज्ञानी के अज्ञानमय भाव होता है।

कर्तृत्व—१. कर्तृत्वमिति शुभाशुभकर्मणो निर्वर्तकत्वं योगप्रयोगसामर्थ्यात्। (त. भा. सिद्ध. वृ. २, ७)। २. कर्तृता हि ज्ञान-चिकीर्षा-प्रयत्नाधारतेष्यते। (न्यायकु. १-३)।

१ योगप्रवृत्ति के वश शुभ व अशुभ कर्मों को उत्पन्न करना, इसका नाम कर्तृत्व है। वह जीवका अनादि साधारण पारिणामिक भाव है। २ विवक्षित कार्य का ज्ञान, उसके करने की इच्छा और तद्रूप प्रयत्न इन तीनों की आधारभूता का नाम कर्तृता है।

कर्म (कार्य)—१. कम्मं जमणायरिग्रोवएसिग्रं सिप्पमन्नहाऽभिहिग्रं। किसि-वाणिज्जाइयं घड-लोहाराइभेग्रं च॥ (आव. नि. ६२८)। २. इह कर्म यदनाचार्योपदेशजं सातिशयमनन्यसाधारणं गृह्यते। ××× तत्र भारवहन-कृषि-वाणिज्यादि-कर्म। (आव. नि. हरि. वृ. ६२८)।

१ जो कृषि व वाणिज्य आदि कार्य अनाचार्य—आचार्य से भिन्न व्यक्ति—के द्वारा उपदिष्ट हो वह कर्म कहलाता है। जैसे बोझा ढोना, एवं खेती व व्यापार आदि करना। जो इस सब कर्म में कुशल होता है उसे कर्मसिद्ध कहा जाता है।

कर्म (ज्ञानावरणादि)—१. अंजणचुण्णपुण्णसमुग्गोव्व सुहुम-थूलादि-अणेगविहपरिणएहिं अणंतेहिं पोग्गलेहिं णिरंतरं णिचिते लोगे परिच्छिण्णा एव पोग्गला कम्मपरिणामणजोग्गा बंधमाणजीवपरिणामपच्चएण बद्धा णाणादिलद्धिघातिणो सुह-दुक्खसुहासुहाउ-नाम-उच्चाणीयागोयंतरायपोग्गला कम्मंति वुच्चति। (कर्मप्र. चू. १, पृ. २)। २. आत्मपरिणामेन योगभावलक्षणेन क्रियते इति कर्म। (त. वा. ५, २४, ६, पृ. ४८८ पं. २१)। ३. नाणादिपरिणतिविघायणादिसामत्थसंजुयं कम्मं। (धर्मसं. ६०६)। ४. कीरइ जओ जिएणं मिच्छाताईहिं चउगइगएणं। तेणिह भण्णइ कम्मं अणाइयं तं पवाहेणं॥ (कर्मवि. गा. २)। ५. कर्ममिथ्यात्वा-संयम-कषाय-योगकारणसंचितपुद्गलप्रचयः। (आ. मी. वसु. वृ. ८)। ६. तत्र ज्ञानावरणाद्यष्टविधमात्मनः पारतंत्र्यनिमित्तं कर्म। (लघीय. अभय. वृ. ७-४, पृ. ६८)। ७. क्रियते—मिथ्यात्वाविरतिकषाय-योगानुगतेनात्मना निर्वर्त्यत इति कर्म। (उत्तरा. नि. शा. वृ. २-६६, पृ. ७२)। ८. ज्ञानादिपरिणति-विघातनादिसामर्थ्यसंयुत-ज्ञान - दर्शनादिपरिणतिविघातसातासातानुभवादिसामर्थ्यार्पितं कर्म। (धर्मसं. मलय. वृ. ६०६)।

१ अंजनचूर्ण से परिपूर्ण डिब्बे के समान सूक्ष्म व स्थूल आदि अनन्त पुद्गलों से परिपूर्ण लोक में जो कर्मरूप परिणत होने योग्य नियत पुद्गल जीवपरिणाम के अनुसार बन्ध को प्राप्त होकर ज्ञान-दर्शन के घातक (ज्ञानावरण व दर्शनावरण) तथा सुख-दुःख, शुभ-अशुभ आयु, नाम, उच्च व नीच गोत्र और अन्तराय रूप पुद्गलों को कर्म कहा जाता है।

कर्म (क्रिया)—देशाद् देशान्तरप्राप्तिहेतुः परिस्पन्दात्मकः परिणामोऽर्थस्य कर्म। (न्यायकु. ७, पृ. २८१)।

एक देश से दूसरे देश की प्राप्ति में कारणभूत पदार्थ के परिस्पन्दात्मक परिणाम का नाम कर्म (क्रिया) है।

कर्म (कारक)—××× यः परिणामो भवेत् तत्कर्म। (नाटकस. ३-६)।

आत्मा का जो परिणाम होता है, उसे कर्म जानना चाहिए।

कर्मकिल्विष—कर्मणा उक्तरूपेण किल्विषाः अधमाः कर्मकिल्विषाः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ५, पृ. १८३)।

आधाकर्म से किल्विष—निकृष्ट कार्य करने वाले—जीवों को कर्मकिल्विष कहा जाता है।

कर्मक्षयसिद्ध—सो कम्मक्खयसिद्धो जो सव्वक्खीण-कम्मंसो॥ दीहकालरयं जं तु कम्मं सेसिग्रमट्ठहा। सिग्रं धंतं ति सिद्धस्स सिद्धत्तमुवजायइ॥ (आव. नि. ६५२-५३)।

जो समस्त ही कर्मों का क्षय कर चुका है वह कर्म-क्षयसिद्ध कहलाता है। अब जीव अनादिपरंपरा से बांधे हुए आठ प्रकार के शेष कर्म-रज को ध्मा-

नाग्नि से भस्म कर देता है, तब उसके सिद्ध अवस्था उत्पन्न होती है।

कर्मचेतना—१. वेदंतो कम्मफलं मये कदं जो दु मुणदि कम्मफलं। सो तं पुणो वि बंधदि बीयं दुक्खस्स अट्ठविहं ॥ (समयप्रा. ४०८)। २. ××× एक्को कज्जं तु ××× चेदयदि ×××॥ पंचा. का. ३८)। ३. ज्ञानादन्यत्रेदमहमिति चेतनम् अज्ञानचेतना। सा द्विधा—कर्मचेतना कर्मफलचेतना च। तत्र ज्ञानादन्यत्रेदमहं करोमीति चेतनं कर्मचेतना। (समयप्रा. अमृत. वृ. ४१७); तत्र ज्ञानादन्यत्रेदमहं करोमीति चेतनं कर्मचेतना। (समयप्रा. अमृत. वृ. ४१८)। ४. कर्मचेतना कोऽर्थः इति चेत्—मदीयं कर्म मया कृतं कर्मोत्याद्यज्ञानभावेन—ईहापूर्वकमिष्टानिष्टरूपेण निरुपरागशुद्धात्मानुभूतिच्युतस्य मनोवचनकायव्यापारकरणं यत् सा बन्धकारणभूता कर्मचेतना भण्यते। (समयप्रा. जय. वृ. ४१८)। ५. अन्ये तु प्रकृष्टतरमोहमलीमसेनापि प्रकृष्टज्ञानावरणमुद्रितानुभावेन चेतकस्वभावेन मनाग्वीर्यान्तरायक्षयोपशमासादितकार्यकारणसामर्थ्याः सुख-दुःखानुरूपकर्मफलानुभवनसंबलितमपि कार्यमेव प्राधान्येन चेतयन्ते। (पंचा. का. अमृत. वृ. ३८); एक्को कज्जं तु—अथ पुनरेकस्तेनैव चेतकभावेनोपलब्धसामर्थ्येनेहापूर्वकेष्टानिष्टविकल्परूपं कर्म कार्यं तु वेदयति अनुभवति। (पंचा. का. ज. वृ. ३८)।

२ अपने स्वभावभूत ज्ञान को छोड़कर अन्यत्र—पर में—'मैं करता हूं इस प्रकार का जो अनुभव होता है, इसे कर्मचेतना कहते हैं।

कर्मजा प्रज्ञा—१. उवदेसेण विणा तवविसेसलाहेण कम्मजा तुरिमा। (ति. प. ४, १०२१)। २. तवच्छरणबलेण गुरूवदेसणिरवेक्खेणुप्पण्णपण्णा कम्मजा णाम, ओसहसेवाबलेणुप्पण्णपण्णा वा। (धव. पु. ९, पृ. ८२)। ३. दुश्चरतपश्चरणबलेन गुरूपदेशमन्तरेण समुत्पन्ना कर्मजा। (चा. सा. पृ. ९७)।

२ गुरु के उपदेश के बिना तपश्चरण के बल से उत्पन्न होने वाली बुद्धि को कर्मजा प्रज्ञा कहते हैं। अथवा औषधि सेवन के बल से जो प्रज्ञा उत्पन्न होती है उसे कर्मजा प्रज्ञा कहते हैं।

कर्मठ—××× कर्मठः कर्मशूरः कर्माणि घटते। (योगशा. स्वो. विव. १–५५)।

जो कार्य करने में शूर हो उसे कर्मठ कहते हैं।

कर्मदलिकनिषेक—देखो कर्मनिषेक। १. आबाहूणिया कम्मट्ठिती कम्मणिसेगो। (षट्खं. १, ९–६, ६, ९, १२, १५ इत्यादि—पु. ६, पृ. १५० आदि)। २. अबाधोना कर्मस्थितिः कर्मदलिकनिषेकः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–२९४, पृ. ४७९)।

आबाधा या अबाधा काल से रहित कर्मों की स्थिति को कर्मनिषेक या कर्मदलिक निषेक कहते हैं।

कर्मद्रव्यपुद्गलपरिवर्तन—१. एकस्मिन् समये एकेन जीवेन अष्टविधकर्मभावेन पुद्गला ये गृहीताः समयाधिकामावलिकामतीत्य द्वितीयादिषु समयेषु निर्जीर्णाः, पूर्वोक्तेनैव क्रमेण त एव तेनैव प्रकारेण तस्य जीवस्य कर्मभावमापद्यन्ते यावत्तावत्कर्मद्रव्यपरिवर्तनम्। उक्तं च—सव्वे वि पुग्गला खलु कमसो भुत्तुज्झिया य जीवेण। असइं अणंतखुत्तो पुग्गलपरियट्टसंसारे॥ (स. सि. २–१०; भ. आ. विजयो. १७७३; त. वृत्ति श्रुत. २–१०)। २. कर्मद्रव्यपरिवर्तनमुच्यते—एकस्मिन् समये जीवेनैकेनाष्टविधकर्मभावेन ये पुद्गला गृहीताः समयाधिकामावलिकामतीत्य द्वितीयादिषु समयेषु निर्जीर्णास्ततो गृहीतानगृहीतान् मिश्राननन्तवारानतीत्य त एव कर्मस्कन्धास्तेनैव विधिना तस्य जीवस्य कर्मभावमापद्यन्ते यावत्तावत्कर्मद्रव्यपरिवर्तनमिति। (मूला. वृ. ८–१४)। ३. कर्मपुद्गलपरिवर्तनमुच्यते एकस्मिन् समये केनचिज्जीवेन अष्टविधकर्मभावेन ये गृहीताः समयाधिकामावलिकामतीत्य द्वितीयादिसमयेषु निर्जीर्णाः पूर्वोक्तक्रमेणैव त एव तेनैव प्रकारेण तस्यैव जीवस्य कर्मभावं प्राप्नुवन्ति तावत्कालं कर्मपुद्गलपरिवर्तनं भवति। शेषसर्वविशेषो नोकर्मपरिवर्तनवत् ज्ञातव्यः। (गो. जी. जी. प्र. ५६०)।

१ एक जीव ने एक समय में आठ प्रकार के कर्मरूप से परिणत जिन पुद्गलों को ग्रहण किया, तत्पश्चात् एक समय अधिक आवलीकाल के पश्चात् द्वितीयादि समयों में उन्हें निर्जीर्ण कर दिया। पुनः अनन्त वार अगृहीत और अनन्त वार मिश्र पुद्गल परमाणुओं को ग्रहण किया व छोड़ा तथा मध्य में गृहीत पुद्गलों को अनन्त वार ग्रहण किया व छोड़ा। इस प्रकार गृहीत, अगृहीत और मिश्र परमाणुओं को अनन्तवार ग्रहण करने के पश्चात् निर्जीर्ण कर देने पर उसी जीव के जब वे ही कर्मपुद्गल पूर्वोक्त प्रकार से कर्मरूपता को

प्राप्त होते हैं तब इतने काल में उसका कर्मद्रव्य-परिवर्तन पूरा होता है।

कर्मद्रव्यभाव—कम्मदव्वभावो णाणावरणादिदव्व-कम्माणं अण्णाणादिसमुप्पायणसत्ती। (धव. पु. १२, पृ. २)।

ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्मों में अज्ञानादि उत्पन्न करने की जो शक्ति होती है उसे तद्व्यतिरिक्त कर्मद्रव्य-भाव कहते हैं।

कर्मद्रव्यसंसार—कर्मद्रव्यसंसारो ज्ञानावरणादि-विषयः। (भा. सा. पृ. ८०)।

ज्ञानावरणादिरूप आठों कर्मों के पुद्गल परमाणुओं को कर्मद्रव्यसंसार कहते हैं।

कर्मनिषेक —देखो कर्मदलिकनिषेक।

कर्मनारक—कम्मणेरइओ णाम णिरयगदिसहगद-कम्मदव्वसमूहो। (धव. पु. ७, पृ. ३०)।

नरकगति के साथ आये हुए कर्मद्रव्य के समूह को कर्मनारक कहते हैं।

कर्मपुरुष—कर्म अनुष्ठानम्, तत्प्रधानः पुरुषः कर्म-पुरुषः कर्मकरादिकः। (सूत्रकृ. शी. वृ. ४, १, ५७)।

अनुष्ठान-प्रधान कर्मयोगी पुरुष को कर्मपुरुष कहते हैं।

कर्मप्रवाद —१. बंधोदयोपशमनिर्जरापर्याया अनुभव-प्रदेशाधिकरणानि स्थितिश्च जघन्य-मध्यमोत्कृष्टा यत्र निर्दिश्यते तत्कर्मप्रवादः। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७६; धव. पु. ९, पृ. २२२)। २. कम्मपवादं णाम पुव्वं वीसण्ह वत्थूणं २० चत्तारिसयपाहुडाणं ४०० एगकोडि-असीदिलक्खपदेहि १८०००००० अट्ठविहं कम्मं वण्णेदि। (धव. पु. १, पृ. १२१); ३. अथवा ईर्यापथकर्मादिसप्तकर्माणि यत्र निर्दिश्यन्ते तत्कर्मप्रवादम्। (धव. पु. ९, पृ. २२२)। ४. कम्म-पवादो समोदाणिरियावहकिरियातवाहाकम्माणं वण्णणं कुणइ। (जयध. पु. १, पृ १४२)। ५. अशीतिलक्षैककोटिपदं कर्मणां बन्धोदयोदीरणोपशम-निर्जरादिप्ररूपकं कर्मप्रवादम् १८०००००० । (श्रुत-भक्ति टी. १२, पृ. १७६)। ६. कर्मप्रवादमष्टमं ज्ञानावरणादिकं कर्म प्रकृति-स्थित्यनुभाग-प्रदेशादि-भिर्भेदैरन्यैश्चोत्तरोत्तरभेदैर्यत्र वर्ण्यते तत्कर्मप्रवादम्, तत्पदपरिमाणमेका पदकोटी अशीतिश्च सहस्राणीति। (समवा. अभय. वृ. १४७, पृ. १३१)। ७. कर्मणः प्रवादः प्ररूपणमस्मिन्निति कर्मप्रवादमष्टमं पूर्वम्। तच्च मूलोत्तरोत्तरप्रकृतिभेदभिन्नं बहुविकल्पबन्धो-दयोदीरणसत्त्वाद्यवस्थं ज्ञानावरणादिकर्मस्वरूपं सम-वधानेर्यापथतपस्याधाकर्मादि वर्णयति। (गो. जी. जी. प्र. टी. ३६६)। ८. कर्मबन्धोदयोपशमोदीरणा-निर्जराकथकमशीतिलक्षाधिककोटिपदप्रमाणं कर्म-प्रवादपूर्वम्। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)।

१ जिस पूर्वश्रुत में कर्म की बन्ध, उदय, उपशम एवं निर्जरा रूप अवस्थाविशेषों का, अनुभव व प्रदेशों के आधारों का तथा जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट स्थिति का निर्देश किया जाता है उसे कर्मप्रवादपूर्व कहते हैं।

कर्मफलचेतना—१. वेदंतो कम्मफलं सुहिदो दुहिदो दु हवदि जो चेदा। सो तं पुणो वि बंधदि बीयं दुक्खस्स अट्ठविहं॥ (समयप्रा. ४१९)। २. कम्माणं फलमेक्को × × ×। चेदयदि × × ×॥ (पंचा. का. ३८)। ३. ज्ञानादन्यत्रेदं वेदयेऽहमिति चेतनं कर्म-फलचेतना। (समयप्रा. अमृत. टी. ४१७); एके हि चेतयितारः प्रकृष्टतरमोहमलीमसेन प्रकृष्टतरज्ञा-नावरणमुद्रितानुभावेन चेतकस्वभावेन प्रकृष्टतरवी-र्यान्तरायावसादितकार्य-कारणसामर्थ्याः सुख-दुःखरूपं कर्मफलमेव प्राधान्येन चेतयन्ते। (पंचा. का. अमृत. वृ. ३८); निर्मलशुद्धात्मानुभूत्यभावोपार्जितप्रकृष्ट-तरमोहमलीसेन चेतकभावेन प्रच्छादितसामर्थ्यः सन्ने-को जीवराशिः कर्मफलं वेदयति। (पंचा. का. जय. वृ. ३८)। ४. उदयागतं कर्मफलं वेदयन् शुद्धात्मस्वरूप-मचेतयन् मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयनिमित्तेन यः सुखि-तो दुःखितो वा भवति स जीवः पुनरपि तदष्टविधं कर्म बध्नाति। कथंभूतम्? बीजं कारणम्। कस्य? दुःखस्य। इत्येकगाथया कर्मफलचेतना व्याख्याता। कर्मफलचेतना कोऽर्थः इति चेत् स्वस्थभावरहितेनाज्ञानभावेन यथासम्भवं व्यक्ता-व्यक्तस्वभावेनेहापूर्वकमिष्टानिष्टविकल्परूपेण हर्ष-विषादमयं सुख-दुःखानुभवनं यत् सा बन्धकारणभूता कर्मफलचेतना भण्यते। (समयप्रा. जय. वृ. ४१९)।

३ अतिशय बलवान् वीर्यान्तराय के निमित्त से जिन जीवों (स्थावर) के कार्य करने का सामर्थ्य विनष्ट हो रहा है वे अतिशय तीव्र ज्ञानावरण के उदय से प्रभावहीन होकर जो चेतक स्वभाव मोह की उत्कटता से मलिन हो रहा है ऐसे चेतक स्वभाव से

प्रमुखतया एक मात्र सुख-दुःखरूप कर्मफल का ही जो अनुभव करते हैं, वह कर्मफलचेतना कहलाती है।

कर्मभावचेतना— १. वेदंतो कम्मफलं अप्पाणं जो दु कुणदि कम्मफलं। सो तं पुणो वि बंधदि बीयं दुक्खस्स अट्ठविहं॥ वेदंतो कम्मफलं मये कदं जो मुणदि कम्मफलं। सो तं पुणो वि बंधदि बीयं दुक्खस्स अट्ठविहं॥ (समयप्रा. ४१७-४१८)। २. उदयागतं शुभाशुभं कर्म वेदयन्ननुभवन् सन्नज्ञानिजीवः स्वस्वभावाद् भ्रष्टो भूत्वा मदीयं कर्मेति भणति, मया कृतं कर्मेति च भणति; स जीवः पुनरपि तदष्टविधं कर्म बध्नाति। कथंभूतं? बीजं कारणम्। कस्य दुःखस्य। इति गाथाद्वयेनाज्ञानरूपा कर्मभावचेतना व्याख्याता। (समयप्रा. जय. वृ. ४१७, ४१८)।

उदयप्राप्त शुभ-अशुभ कर्म का अनुभवन करता हुआ अज्ञानी जीव स्वस्वभाव से भ्रष्ट होकर जो यह विचार करता है कि यह कर्म मेरा है व मैंने उसे किया है, इसे कर्मभावचेतना कहते हैं। इस अज्ञानरूप कर्मभावचेतना का फल यह होता है कि वह फिर से भी दुःख के कारणभूत उस आठ प्रकार के कर्म को बांधता है।

कर्मभूमि—१. अथ कथं कर्मभूमित्वम्? शुभाशुभकर्मणोऽधिष्ठानत्वात्। ननु सर्वलोकत्रितयं कर्मणोऽधिष्ठानमेव? तत एव प्रकर्षगतिर्विज्ञास्यते प्रकर्षेण यत् कर्मणोऽधिष्ठानमिति। तत्राशुभकर्मणस्तावत् सप्तमनरकप्रापणस्य भरतादिष्वेवार्जनम्, शुभस्य च सर्वार्थसिद्ध्यादिस्थानविशेषप्रापणस्य कर्मणः उपार्जनं तत्रैव, कृष्यादिलक्षणस्य षड्विधस्य कर्मणः पात्रदानादिसहितस्य तत्रैवारम्भात् कर्मभूमिव्यपदेशो वेदितव्यः। (स. सि. ३-३७)। २. ××× यतः प्रकृष्टं शुभकर्म सर्वार्थसिद्धिसौख्यप्रापकं तीर्थकरत्वमहर्द्धिनिर्वर्तकं वा असाधारणम्। अशुभकर्म च प्रकृष्टं कलङ्कलपृथिवीमहादुःखप्रापकम् अप्रतिष्ठाननरकगमनं च कर्मभूमिष्वेवोपार्ज्यते, द्रव्य-भव-क्षेत्र-काल-भावापेक्षत्वात् कर्मबन्धस्य। सकलसंसार-[निवारण]कारणनिर्जराकर्म चात्रैव प्रवर्तते। ततो भरतादिष्वेव कर्मभूमय इति युक्तो व्यपदेशः। षट्कर्मदर्शनाच्च। षण्णां कर्मणां असि-कृषि-मषि-विद्या-वणिक् शिल्पानामत्रैव दर्शनाच्च कर्मभूमिव्यपदेशः युक्तिमान्। (त. वा. ३, ३७, २-३)। ३. कृष्यादिकर्मप्रधाना भूमिः कर्मभूमिः। (स्थाना. ३, १, १३०)।

१ जहां पर (भरत, ऐरावत व विदेह क्षेत्रोंमें) सातवें नरक में ले जाने योग्य अशुभ कर्म का तथा सर्वार्थसिद्धि आदि प्रापक शुभ कर्म का उपार्जन सम्भव है तथा जहां पर असि, मषि, कृषि, वाणिज्य, विद्या, और शिल्परूप षट्कर्मों के साथ पात्रदानादि भी देखे जाते हैं उसे कर्मभूमि कहते हैं।

कर्ममङ्गलम्—कर्ममङ्गलं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशधाप्रविभक्ततीर्थकरनामकर्मकारणैर्जीवप्रदेशनिबद्धतीर्थकरनामकर्म माङ्गल्यनिबन्धनत्वान्मङ्गलम्। (धव. पु. १, पृ. २९)।

दर्शनविशुद्धि आदि सोलह कारणों के द्वारा जो तीर्थङ्कर नामकर्म जीव के प्रदेशों से सम्बद्ध होता है वह चूंकि मांगल्य का कारण है, अतः उसे कर्ममङ्गल कहा जाता है।

कर्ममास—१. ××× तीसं दिणा मासो॥ (ज्योतिष्क. ३०)। २. सावनमासस्त्रिंशदहोरात्र एव, एष च कर्ममास ऋतुमासश्चोच्यते। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४-१५)। ३. उउ इति ऋतुः, स च किल लोकरूढ्या षष्ठ्यहोरात्रप्रमाणो द्विमासात्मकः, तस्यार्धमपि मासोऽवयवे समुदायोपचारात् ऋतुरेव, अर्थात् परिपूर्णत्रिंशदहोरात्रप्रमाणः एष एव ऋतुमासः कर्ममास इति वा सावनमास इति वा व्यवह्रियते। उक्तं च—एस चेव उउमासो कम्ममासो सावनमासो भन्नइ इति। (व्यव. मलय. वृ. २, १५)। ४. त्रिंशदहोरात्रा एतावत्कर्ममासपरिमाणम्। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १०, २०, ५७); त्रिंशताऽहोरात्रैरेकः कर्ममासः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १२, ७५, पृ. २१६)।

१ तीस दिन-रात का एक कर्ममास होता है।

कर्मयोग—१. सर्वशरीरप्ररोहणबीजभूतं कार्मणं शरीरं कर्मेत्युच्यते। योगो वाङ्मानसकायवर्गणानिमित्त आत्मप्रदेशपरिस्पन्दः। कर्मणा कृतो योगः कर्मयोगः। (स. सि. २-२५)। २. कर्मेति सर्वशरीरप्ररोहणसमर्थं कार्मणम्। सर्वाणि शरीराणि यतः प्ररोहन्ति तद्बीजभूतं कार्मणं शरीरं कर्मेत्युच्यते। योगः आत्मप्रदेशपरिस्पन्दः। कायादिवर्गणानिमित्त आत्मप्रदेशपरिस्पन्दः योग इत्याख्यायते।

कर्मनिमित्तो योगः कर्मयोगः। तस्यां विग्रहगतौ कार्मणशरीरकृतो योगो भवति यत्कृतं कर्मादानम्। यदुपपादिता चाऽमनस्कस्यापि विग्रहार्था गतिः। (त. भा. २, २५, ३–४)। ३. कर्म कार्मणं शरीरम्, कर्मैव योगः कर्मयोगः। कार्मणशरीरालम्बनात्मप्रदेशपरिस्पन्दरूपा क्रियेत्यर्थः। (त. श्लो. २–२५)। ४. जीवस्य विग्रहगतौ कर्मयोगं जिनेश्वराः। प्राहुर्देहान्तरप्राप्तिः कर्मग्रहणकारणम्॥ (त. सा. २-९७)। ५. निखिलशरीराङ्कुरबीजभूतं कर्मणां वपुः कर्म इति कथ्यते। ××× वाङ्मनस्कायवर्गणाकारणभूतं जीवप्रदेशपरिस्पन्दनं योगः कथ्यते, कर्मणा विहितो योगः स कर्मयोगः। स कर्मयोगो विग्रहगतावुत्तरशरीरग्रहणे भवति। (त. वृत्ति श्रुत. २–२५)।

१ कर्म से अभिप्राय अन्य सब शरीरों के कारणभूत कार्मण शरीर का है; वचन, मन और काय वर्गणाओं के निमित्त से जो आत्मप्रदेशों में परिस्पन्दन (हलन-चलन) होता है उसका नाम योग होता है; अतः उक्त कार्मणशरीरभूत कर्म के द्वारा जो योग—आत्मप्रदेशपरिस्पन्दन—होता है उसे कर्मयोग जानना चाहिए।

कर्मवर्गणा (कम्मवग्गणा)—कम्मवग्गणा णाम अट्ठकम्मखंधवियप्पा। (धव. पु. १४, पृ. ५२)।

आठ कर्मस्कन्धों के भेदभूत वर्गणा का नाम कर्मवर्गणा है।

कर्मसमुत्था बुद्धि—देखो कर्मजा बुद्धि। १. उवओगदिट्ठसारा कम्मपसंगपरिघोलणविसाला। साहुक्कारफलवई कम्मसमुत्था हवइ बुद्धी॥ हेरण्णिए १ करिसए २ कोलिअ ३ डोवे अ ४ मुत्ति ५ घय ६ पवए ७। तुन्नाए ८ वड्ढइय ९ पूयइ १० घड ११ चित्तकारे अ १२॥ (नन्दी. गा. ६७–६८, पृ. १७४; आव. नि. ९४६-४७, उपदेशपद ४६–४७)। २. उवओगोऽभिनिवेसो मणसो सारो य कम्मसब्भावो। कम्मो णिच्चब्भासो कम्मपसंगो हि तप्पभवो॥ परिघोलणं वियारो विन्नासो वा तदत्थमीहा वा। साहुकयं सुट्ठु त्ति य साहुक्कारो पसंसत्ति॥ चित्तोवओगवाणा हि दिट्ठसारत्ति दिट्ठपरमत्था। कम्मपसंगपरिघोलणेहिं सुवियारवित्थिण्णा॥ विउसेहितो संसुट्ठुकयं साहुकारओ अहवा। सेसं पि फलं तेण उ तीसे तप्फलवती तो सा॥ आदीहकालपुव्वावरचिंतणओ भवे सयं मणसा। एगग्गस्स ततो जा संजायति जा य कज्जाणं॥ (विशेषा. भा. ३६१२–३६)। ३. अनाचार्यकं कर्म ××× कादाचित्कं वा कर्म ××× कर्मजा इति, कर्मणो जा कर्मजा। (आव. हरि. वृ. ९३८, पृ. ४१५)। ४. कर्मजा पुनः धीः साधुकारफला अनाचार्यजं कर्म, तत्र पुनः पुनरुपयोगात् प्रतिक्षणमभ्यस्यतस्तादृशी बुद्धिरुत्पद्यते येन प्रथमादिकर्मातिशायी पाश्चात्यं कर्मोपजायते। (त. भा. हरि. वृ. ९–६)।

१ जो बुद्धि उपयोग की स्थिरता से कर्म (क्रिया या कार्य) की यथार्थता को जानती है, कर्म के अभ्यास व विचार से विस्तार को प्राप्त होती है, और साधुकार (प्रशंसा के साथ फलवती—आर्थिक लाभ आदि रूप फल से संयुक्त—होती है वह कर्मसमुत्था—कर्मजा—बुद्धि कहलाती है। उसके स्पष्टीकरण के लिए हैरण्यिक (सुनार), कर्षक, कौलिक (जुलाहा), दर्वी (परोसने वाली), मौक्तिक, (मणिकार), घृतविक्रयी, प्लवक (बन्दर), तुन्नाग—फटे वस्त्रादि ठीक करने वाला, बढ़ई, आपूपिक, घटकार और चित्रकार, ये बारह उदाहरण दिये गये हैं।

कर्मसंवत्सर—१. संवच्छरो उ बारस मासो पक्खा य ते चउव्वीसं। तिन्नेव सया सट्ठा हवंति राइंदियाणं तु॥ इय एस कमो भणिओ नियमा संवच्छरस्स कम्मस्स। कम्मो त्ति सावणो त्ति य उउ त्ति य तस्स नामाणि॥ (ज्योतिष्क. २, ३१–३२)। २. एवंविधद्वादशमासनिष्पन्नः सावनसंवत्सरः, स चायं त्रीणिशतान्यह्नां षष्ट्यधिकानि (३६०)। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४–१५)। ३. कर्म—लौकिको व्यवहारः, तत्प्रधानः संवत्सरः कर्मसंवत्सरः, लोको हि प्रायः सर्वोऽप्यनेनैव संवत्सरेण व्यवहरति तथा चैतद्गतं मासमधिकृत्यान्यत्रोक्तम्—कम्मो निरंसयाए मासो व्यवहारकारगो लाए (?)। सेसाओ संसयाए ववहारे दुक्करो घेत्तुं। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १०, २०, ५७, पृ. १६६); कर्मसंवत्सरस्य परिमाणं त्रीणि शतानि षष्ट्यधिकानि रात्रिंदिवानाम्—तिन्नि सया पुण सट्ठा कम्मो संवच्छरो होइ। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १०, २०, ५७); विसमं पवालिणो परिणमंति अणुउसु दिंति पुप्फफलं। वासं न सम्म वासइ तमाहु संवच्छरं कम्मं॥ यस्मिन् संवत्सरे

वनस्पतयो विषमं—विषमकालं—प्रवालिनः परिणमन्ति—प्रवालः पल्लवाङ्कुरस्तद्युक्ततया परिणमन्ति, तथा अनृत्त्व [अनृतुष्व] स्व-स्वऋत्वभावेऽपि पुष्पं फलं च ददाति प्रयच्छति, तथा वर्षं पानीयं न सम्यक् यस्मिन् संवत्सरे मेघो वर्षति तमाहुर्महर्षयः संवत्सरं कर्म्मं, कर्मसंवत्सरमित्यर्थः। (सूर्यप्र. मलय. वृ. १०, २०, ५८, पृ. १७२)।

१ बारह मास, चौबीस पक्ष या तीन सौ साठ दिन रात प्रमाण काल को कर्मसंवत्सर कहते हैं। २ जिस वर्ष में वृक्षों के पत्र, पुष्प और फल अपनी ऋतु के पूर्व ही आ जावें या बिना ऋतु के भी आ जावें, और जिस वर्ष मेघ समय पर जलवर्षा न करें, उसे भी कर्मसंवत्सर कहते हैं।

कर्मसिद्ध—कम्मं जमणायरिओवएसयं सिप्पमण्णहाऽभिहिअं। किसिवाणिज्जाईयं घड-लोहाराइभेयं च॥
जो सव्वकम्मकुसलो जो जत्थ सुपरिनिट्ठिओ होइ।
सज्झगिरिसिद्धओ विव स कम्मसिद्ध त्ति विन्नेओ॥
(आव. नि. ९२८–२९)।

जो सह्यगिरिसिद्धक के समान अनाचार्योपदिष्ट असि, मषि, कृषि आदि कर्मों में कुशल है उसे कर्मसिद्ध कहते हैं।

कर्मस्थिति—१. ××× सव्वकम्माणं ठिदीओ ण घेप्पंति, किंतु एकस्सेव कम्मट्ठिदी घेप्पदि। कुदो? गुरूवदेसादो। तत्थ वि दंसणमोहणीयस्स चेव सत्तरिसागरोवमकोडाकोडिमेत्ताए गहणं कादव्वं, पाहण्णियादो। कुदो पहाणत्तं? संगहिदासेसकम्मट्ठिदीए। (धव. पु. ४, पृ. ४०३); कम्मट्ठिदि त्ति वुत्ते सत्तरिसागरोवमकोडाकोडिमेत्ता (ठिदी) घेत्तव्वा। (धव. पु. ७, पृ. १४५)।

कर्मों में दर्शनमोहनीय की जो सत्तर कोडाकोडि सागरोपम प्रमाण सर्वोत्कृष्ट स्थिति है, उसी का कर्मस्थिति से ग्रहण होता है, अन्य सब कर्मस्थितियों का नहीं।

कर्मस्थित्यनुयोगद्वार—कम्मट्ठिदि त्ति अणियोगद्दारे सव्वकम्माणं सत्तिकम्मट्ठिदिमुक्कड्डणोकड्डणजणिदट्ठिदिं च परूवेदि। (धव. पु. ९, पृ. २३६); कम्मट्ठिदि त्ति अणियोगद्दारे एत्थ महावाचया अज्जणंदिणो संतकम्मं करेंति, महावाचया ट्ठिदिसंतकम्मं पयासंति। (धव. पु. १६, पृ. ५७७)।

जिस अर्थाधिकार में सब कर्मों की शक्तिस्थिति और उत्कर्षण-अपकर्षणजनित स्थिति की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम कर्मस्थिति है। यह महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वारों में से २२वां अनुयोगद्वार है।

कर्महानि—कर्महानिर्मिथ्यात्वादीनां सम्यक्त्वप्रतिबन्धककर्मणां यथासम्भवमुपशमः क्षयोपशमः क्षयो वा। (सा. ध. स्वो. टी. १–६)।

सम्यक्त्व के रोकने वाले मिथ्यात्वादिक कर्मों का जो यथासम्भव उपशम, क्षय अथवा क्षयोपशम होता है; इसका नाम कर्महानि है।

कर्महुङ्कित—कर्महुङ्कितः कृतब्रह्महत्यादिमहापातकः। (प्रा. वि. पृ. ७४)।

ब्रह्महत्या आदि महापापों के करने वाले पुरुष को कर्महुङ्कित कहते हैं।

क्षेत्रोपक्रम—१. से किं तं खेत्तोवक्कमे ?, २ जण्णं हल-कुलिआईहिं खेत्ताइं उवक्कमिज्जंति से तं खेत्तोवक्कमे। (अनुयो. सू. ६७)। २. क्षेत्रस्योपक्रमः परिकर्म-विनाशकरणं क्षेत्रोपक्रमः। ××× यदत्र हल-कुलिकादिभिः क्षेत्राण्युपक्रम्यन्ते—बीजवपनादियोग्यतामानीयन्ते स कर्मणि क्षेत्रोपक्रमः, आदिशब्दाद् गजेन्द्रबन्धनादिभिः क्षेत्राण्युपक्रम्यन्ते विनाश्यन्ते स वस्तुनाशे क्षेत्रोपक्रमः, गजेन्द्रमूत्रपुरीषादिदग्धेषु हि क्षेत्रेषु बीजानामप्ररोहणात् विनष्टानि क्षेत्राणि इति व्यपदिश्यन्ते। (अनुयो. मल. हेम. वृ. ६७, पृ. ४८)।
२ खेत का जो परिकर्म (संस्कार) और विनाश किया जाता है उसे क्षेत्रोपक्रम कहते हैं। यथा—हल और कुलिक (जिस काष्ठविशेष से घास आदि को निकाला जाता है वह मारवाड़-प्रसिद्ध एक खेती का उपकरण) आदि के द्वारा खेतों का जो उपक्रम किया जाता है—उन्हें बीज बोने आदि के योग्य बनाया जाता है, यह परिकर्म रूप में क्षेत्रोपक्रम है। तथा हाथी के बन्धन आदि से—उनके मल-मूत्र आदि के द्वारा—जो खेतों का उपक्रम किया जाता है—उन्हें विनष्ट किया जाता है, यह वस्तु-नाशरूप में क्षेत्रोपक्रम है।

क्षेत्रोपसम्पत्—१. संजम-तव-गुण-सीला जम-णियमादी य जम्हि खेत्तम्हि। वड्ढंति तम्हि वासो खेत्ते उवसंपया णेया॥ (मूला. ४–१४१)। २. यस्मिन् क्षेत्रे संयम-तपोगुण-शीलानि यम-नियमादयश्च वर्द्धन्ते तस्मिन् वासो यः सा क्षेत्रोपसम्पत्। (मूला. वृ. ४–१४१)।
१ जिस क्षेत्र में रहने पर संयम, तप, गुण, शील, यम और नियमादिक वृद्धि को प्राप्त होते हैं उस क्षेत्र में निवास करने को क्षेत्र-उपसम्पत् कहा जाता है।

क्षेम—क्षेमं च लब्धपालनलक्षणम्। (ललितवि. मु. पं. पृ. ३०)।
प्राप्त हुए राज्यादि के विधिपूर्वक रक्षण करने को क्षेम कहते हैं।

क्षेमंकर—'क्षेमं' शान्तिः रक्षा, तत्करणशीलः क्षेमंकरः। (सूत्रकृ. सू. शी. वृ. २, ६, ४, पृ. १४१)।
क्षेम नाम शान्ति या रक्षा का है। जिसका स्वभाव शान्ति या रक्षा करने का है उसे क्षेमंकर कहा जाता है।

क्षेम-अक्षेमरूप—तथा क्षेमोऽक्षेमरूपस्तु सः (ज्ञानादिसमन्वितः) एव भावसाधुः कारणिकद्रव्यलिङ्ग-रहितः। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १, ११, १११, पृ. १९९)।
अन्तरंग में ज्ञान-संयमादि के धारक, किन्तु बाह्य में साधुपदोचित प्रयोजनीभूत द्रव्यलिंग से रहित साधु को क्षेम-अक्षेमरूप भावमार्ग कहते हैं।

क्षेम-क्षेमरूप—ज्ञानादिसमन्वितो द्रव्यलिङ्गोपेतश्च साधुः क्षेमः क्षेमरूपश्च। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १, ११, १११, पृ. १९९)।
अन्तरङ्ग में ज्ञानादि से युक्त तथा बाह्य में द्रव्य-

लिंग से भी युक्त साधु को क्षेम-क्षेमरूप भावमार्ग कहते हैं।

क्षोभ—निर्विकारनिश्चलचित्तवृत्तिरूपचारित्रस्य विनाशकश्चारित्रमोहाभिधानः क्षोभ इत्युच्यते। (प्रव. सा. जय. वृ. ८)।

निर्विकार और निश्चल चित्तवृत्तिरूप चारित्र के विनाशक चारित्रमोह को क्षोभ कहते हैं।

क्ष्मालीक—क्ष्मालीकं परस्वकामपि भूमिमात्मस्वकां विपर्ययं वा वदतो भवेत्। (सा. ध. स्वो. टी. ४–३९)।

दूसरे की भी भूमि को अपनी बतलाने तथा अपनी को दूसरे की भूमि बतलाने को क्ष्मालीक कहते हैं। अभिप्राय यह कि भूमि-सम्बन्धी असत्य वचन को क्ष्मालीक कहते हैं।

क्ष्वेलौषधि—१. जीए लाला सेंभच्छीमल-सिंहाण-आदिआ सिग्धं। जीवाण रोगहरणा स च्चिय खेलोसही रिद्धी॥ (ति. प. ४–१०६९)। २. क्ष्वेलो निष्ठीवनमौषधिर्येषां ते क्ष्वेलौषधिप्राप्ताः। (त. वा. ३, ३६, ३)। ३. सेंभ-लाला-सिंघाण-विप्पुसादीण खेलो त्ति सण्णा। एसो खेलो ओसहित्तं पत्तो जेसिं ते खेलोसहिपत्ता। (धव. पु. ९, पृ. ९६)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से कफ, आंख का मल और नासिका का मल आदि जीवों के रोग को शीघ्र दूर करने वाले होते हैं वह क्ष्वेलौषधि ऋद्धि कहलाती है।

खगचर—विज्जाए विणा सहावदो चेव गगण-गमणसमत्थेसु खगयरत्तप्पसिद्धीदो। (धव. पु. ११, पृ. ११५)।

विद्या के बिना स्वभाव से ही जो आकाश में गमन करने में समर्थ हो वह खगचर कहलाता है।

खड्गमुद्रा—दक्षिणकरेण मुष्टिं बद्ध्वा तर्जनीं मध्ये प्रसारयेदिति खड्गमुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३१)।

दाहिने हाथ की मुट्ठी बांध कर तर्जनी अंगुली के फैलाने को खड्गमुद्रा कहते हैं।

खण्ड—१. खण्डो घटादीनां कपाल-शर्करादिः। (स. सि. ५–२४; त. वा. ५, २४, १४; कार्तिके. टी. २०६)। २. घट-करकादीनां भित्त-शर्करादिकरणं खण्डः प्रतिपाद्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ५–२४)।

१ घड़े के कपाल-शर्करा आदि टुकड़ों को खण्ड कहते हैं।

खण्डकुट—यस्य पुनरेकपार्श्वे खण्डेन हीनता स खण्डकुटः। (आव. नि. मलय. वृ. १३६, पृ. १४३)।

एक बाजू से फूटे हुए घड़े को खण्डकुट कहते हैं।

खण्डकुट-समान शिष्य—यस्तु व्याख्यानमण्डल्यामुपविष्टोऽर्द्धमात्रं त्रिभागं चतुष्कं वा हीनं वा सूत्रार्थमवधारयति तथाऽवधारितं च स्मरति स खण्डकुटसमानः। (आव. नि. मलय. वृ. १३६, पृ. १४३)।

जैसे खण्डित हुए घड़े में धारण किया गया जल अल्प मात्रा में ठहरता है, इसी प्रकार जो शिष्य व्याख्यानमण्डली में बैठकर गुरु के द्वारा उपदिष्ट सूत्रार्थ को आधा, तृतीयांश, चतुर्थांश अथवा और भी हीन अवधारण करता है व अवधारित का स्मरण करता है उसे खण्डकुट समान शिष्य कहते हैं।

खण्डाभेद—से किं तं खंडाभेदे? जण्णं अयखंडाण वा तउखंडाण वा तंबखंडाण वा सीसखंडाण वा रययखंडाण वा जातरूवखंडाण वा खंडएण भेदे भवति से तं खंडाभेदे। (प्रज्ञाप. ११–१७१)।

लोहा, त्रपु (रांगा), तांबा, शीशा, चांदी और सोना; इनके खण्डों का जो खण्डरूप से भेद होता है उसे खण्डाभेद कहते हैं।

खलता — × × × अपगुणकथाभ्यासखलता। (युक्त्यनु. ६४)।

अवगुणों की कथा के अभ्यास का नाम खलता है।

खलीन दोष— १. यः खलीनपीडितोऽश्व इव दन्तकटकटं मस्तकं कृत्वा कायोत्सर्गं करोति तस्य खलीनदोषः। (मूला. वृ. ७–१७१)। २. खलीनमिव रजोहरणं पुरस्कृत्य स्थानं खलीलनदोषः। अन्ये खलीनार्तहयवदूर्ध्वाधःशिरःकम्पनं खलीनदोषमाहुः। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)। ३. × × × खलीनितम्। खलीनार्तहयवद्दन्तघृष्टयोर्ध्वाधश्च लक्शिरः। (अन. ध. ८–११६)।

१ खलीन नाम घोड़े की लगाम का है। खलीन से पीड़ित घोड़े के समान दांतों की कटकटाहट युक्त मस्तकको करके जो कायोत्सर्ग करता है उसके खलीन दोष होता है। २ खलीन के समान रजोहरण को आगे करके स्थित होना, यह खलीनदोष कहलाता

है। दूसरे आचार्यों का कहना है कि लगाम से पीड़ित घोड़े के समान ऊपर-नीचे शिर के कंपाने का नाम खलीनदोष है।

खात—१. खातं भूमिगृहादि। (योगशा. स्वो. विव. १–६५)। २. खातं तूभयमपि सममिति। (जम्बूद्वी. शा. वृ. १२, पृ. ७६; जीवाजी. मलय. वृ. ३, १, ११७, पृ. १५६)।

१ भूमिगृह (तलघर) का नाम खात है।

खातोच्छ्रित—खातोच्छ्रितं भूमिगृहस्योपरि गृहादिसन्निवेशः। (योगशा. स्वो. विव. ३–६५)।

भूमिगृह के ऊपर बनाये गये गृहादि को खातोच्छ्रित कहते हैं।

खाद्य—शर्करादि वा। खाद्यं ×××॥ (लाटीसं. २–१६)

शक्कर आदि खाद्य कहलाते हैं।

खारी—षोडशद्रोणा खारी। (त. वा. ३, ३८,३)।

सोलह द्रोण प्रमाण मापविशेष को खारी कहते हैं।

खेट—१. गिरि-सरिकदपरिवेढं खेडं ××× ॥ (ति. प. ४–१३९८)। २. सरित्पर्वतावरुद्धं खेडं णाम। (धव. पु. १३, पु. ३३५)। ३. खेटं नद्याद्रिवेष्टितम्। (मूला. वृ. ६–८६)। ४. खेटं धूलीप्राकारम्। (प्रश्नव्या. अभय. वृ. पृ. १७५; औपपा. अभय. वृ. ३२, पृ. ७४)। ५. पांसु-प्राकारनिबद्धं खेटम्। (जीवाजी. मलय. वृ. १–३६); पांशुप्राकारनिबद्धानि खेटानि। (जीवाजी. मलय. वृ. ३, २, १४७, पृ. २७९)।

१ पर्वत और नदी से वेष्टित क्षेत्र को खेट कहा जाता है। ४ जिस नगर के चारों ओर धूलि—मिट्टी से बना हुआ—कोट हो, उसे खेट कहते हैं।

खेटादिकथा—खेटं नद्याद्रिवेष्टितं नदी-पर्वतैरवरुद्धः प्रदेशः। कर्वटं सर्वत्र पर्वतेन वेष्टितो देशः। कथात्र सम्बध्यते—कर्वटकथाः खेटकथास्तथा संवाहन-द्रोणमुखादिकथाश्च, तानि शोभनानि निविष्टानि सुदुर्गाणि वीरपुरुषाधिष्ठितानि सुयंत्रितानि परचक्राभेद्यानि बहुधन-धान्यार्थनिचितानि, सर्वथाभोग्यानि, न तत्र प्रवेष्टुं शक्नोतीत्येवमादिवाक्प्रलापाः खेटादिकथाः। (मूला. वृ. ९–८६)।

नदी और पर्वत से अवरुद्ध प्रदेश को खेट कहते हैं। वे खेट, संवाहन व द्रोणमुख आदि सुन्दर, उत्तम दुर्गों से सहित, शूर-वीर पुरुषों से अधिष्ठित, भली भांति नियंत्रित, शत्रु से अभेद्य, बहुत धन-धान्यादि से परिपूर्ण और उपभोग्य होते हैं; इत्यादि प्रकार से खेट आदि के सम्बन्ध में कथा-वार्ता करना, इसे खेटादिकथा कहते हैं।

खेद—अनिष्टलाभः खेदः। (नि. सा. टी. ६)।

अनिष्ट के संयोग से चित्त में होने वाली खिन्नता को खेद (अठारह दोषगत एक दोष) कहते हैं।

खेलौषधि ऋद्धि—देखो क्ष्वेलौषधि।

गगन—आगासं गगणं देवपथं गोज्झगाचरिदं अवगाहणलक्खणं आधेयं वियापगमाधारो भूमि त्ति एयट्ठो। (धव. पु. ४, पृ. ८)।

जो अन्य द्रव्यों को स्थान देने वाला है उसे गगन कहते हैं। आकाश, देवपथ, गुह्यकाचरित, अवगाहनलक्षण, आधेय, व्यापक, आधार और भूमि; ये उसके समानार्थक नाम हैं।

गगनगामिनी—देखो आकाशगामिनी। गच्छेदि जीए ऐसा रिद्धी गयणगामिणी णाम। (ति. प. ४–१०३४)।

जिसके प्रभाव से आकाश में गमन किया जा सकता है उसे गगनगामिनी ऋद्धि कहते हैं। आकाशगामिनी भी इसी का दूसरा नाम है।

गच्छ—१. तिपुरिसओ गणो, तदुवरि गच्छो। (धव. पु. १३, पृ. ६३)। २. एकाचार्यप्रणेयसाधुसमूहो गच्छः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–२४; योगशा. स्वो. विव. ४–९०)। ३. साप्तपुरुषिको गच्छः। (मूला. वृ. ४–१५३)।

१ तीन पुरुषों का गण और उसके आगे गच्छ होता है। २ एक आचार्य के नेतृत्व में रहने वाले साधुओं के समूह को गच्छ कहते हैं।

गड्डी—दहरदोचक्काओ धण्णादिहलुअदव्ववहणक्खमाओ गड्डीओ णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३८)।

धान्य आदि हलके द्रव्य के भार के ढोने में समर्थ दो चाकों वाली गाड़ी को गड्डी कहा जाता है।

गण—१. गणः स्थविरसन्ततिः। (स. सि. ९, २४; त. श्लो. ९–२४; भावप्रा. टी. ७८)। २. गणः स्थविरसन्ततिसंस्थितिः। (त. भा. ९, २४)। ३. गणः स्थविरसन्ततिः। स्थविराणां सन्ततिर्गण इत्युच्यते। (त. वा. ९, २४, ८)। ४. गण इति एकवाचनाचार-क्रियास्थानां समुदायः।

(आव. नि. हरि. व मलय. वृ. २११)। ५. तिपुरिसओ गणो। (धव. पु. १३, पृ. ६३)। ६. स्थविराणां सन्ततिर्गणः। (चा. सा. पृ. ६६)। ७. त्रैपुरुषिको गणः (मूला. ४-१५३)। ८. कुलसमुदायो गणः। (योगशा. स्वो. विव. ४-९०)। ९. गणः कुलानां समुदायः। (औपपा. अभय. वृ. २०, पृ. ४३)। १०. गणो मल्लगणादिः। (व्यव. मलय. वृ. पृ. ११७)। ११. वृद्धमुनिसमूहो गणः। (त. वृत्ति श्रुत. ९-२४; कार्तिके. टी. ४५७)।

१ जो साधु स्थविर—मर्यादा के उपदेशक या श्रुत में वृद्ध होते हैं उनके समूह को गण कहा जाता है।

गणक—गणकः संख्याविद् दैवज्ञो वा। (नीतिवा. १४-२७)।

संख्या के जानकार गणितज्ञ को अथवा दैवज्ञ (ज्योतिषी) को गणक कहते हैं।

गणधर—१. × × × गणपरिरक्खो मुणेयव्वो॥ (मूला. ४-३५, पृ. १३५); पियधम्मो दढधम्मो संविग्गोऽवज्जभीरु परिसुद्धो। संगह-णिग्गहकुसलो सददं सारक्खणाजुत्तो॥ गंभीरो दुद्धरिसो मिदवादी अप्पकोदुहल्लो य। चिरपव्वइदो गिहिदत्थो अज्जाणं गणधरो होदि॥ (मूला. ४, ६२-६३, पृ. १५७-५८)। २. अनुत्तरज्ञान-दर्शनादिधर्मगणं धारयतीति गणधरः। (दशवै. नि. हरि. वृ. १४, पृ. १०)। ३. गणा द्वादश यत्यादयो जिनेन्द्रसभ्याः। गणान् धारयन्ति दुर्गतिमार्गान्मिथ्याश्रद्धानादेर्विनिवृत्त्य शिवमार्गे सम्यग्दर्शनादौ स्थापयन्तीति गणधराः सप्तविधर्द्धिप्राप्ताः धर्माचार्याः। (भ. आ. मूला. ३४)। ४. यस्त्वाचार्यदेशीयो गुर्वादेशात् साधुगणं गृहीत्वा पृथग् विहरति स गणधरः। (आचा. शी. वृ. २, १, १०, २७९, पृ. ३२२)। ५. प्रभावनाधिकोऽबाधमन्त्राद्यैः संघवर्तकः। जगत्रादेयवाग्मूर्तिवर्तकः कालदेशवित्॥ समर्थस्थितिसद्गीतिः स्थविरः स्याद् गुणस्थिरः। रणरक्षाक्षमः सूरिर्गुणी गणधरः स्मृतः॥ (आचा. सा. २-३५, ३६)।

१ जो गण का रक्षण करता है वह गणधर कहलाता है। २ जो अनुपम ज्ञान-दर्शनादिरूप धर्मगण को धारण करता है उसे गणधर कहते हैं। ४ आचार्यसदृश जो गुरु की आज्ञा से साधुगण को लेकर पृथक् विहार करता है वह गणधर कहलाता है।

गणधरत्व—गणधरत्वं श्रुतज्ञानावरणक्षयोपशमप्रकर्षनिमित्तम्। (त. वा. ८ १२, ४१)।

श्रुतज्ञानावरण के प्रकृष्ट क्षयोपशम के निमित्त से गण के धारण में समर्थ होना, इसका नाम गणधरत्व है।

गणना—गणनं परिसंख्यानमेकं द्वे त्रीणि इत्यादि। (व्यव. भा. मलय. वृ. १, २, पृ. २)।

एक, दो व तीन इत्यादि संख्या करने का नाम गणना है।

गणनाकृति (गणणकदी)—जा सा गणणकदी णाम सा अणेयविहा। तं जहा—एओ णोकदी, दुवे अवत्तव्वा कदि त्ति वा णोकदि त्ति वा, तिप्पहुडि जाव संखेज्जा वा असंखेज्जा वा अणंता वा कदी, सा सव्वा गणणकदी णाम। (षट्खं. ४, १, ६६—पु. ९, पृ. २७४)।

नोकृति, अवक्तव्यकृति और कृति आदि के भेद से गणनाकृति अनेक प्रकार की है। इनमें एक (१) का चूंकि वर्ग सम्भव नहीं है, अतः वह नोकृति है। दो (२) का वर्ग करने पर वर्ग तो होता है पर उसके वर्ग में से वर्गमूल को कम करके वर्ग करने पर वृद्धि नहीं होती ($२^२=४$; $४-२=२$), अतः न उसे कृति कहा जा सकता है और न नोकृति ही; इसीलिए वह अवक्तव्य कृति है। आगे की तीन (३) आदि किसी भी संख्या के वर्ग में से वर्गमूल को कम करके वर्ग करने पर वृद्धि होती है, अतः ये सब संख्याएं कृति कहलाती हैं। जैसे—$३^२=९$; $९-३=६$; $६^२=३६$ इत्यादि।

गणनानन्त—जं तं गणणाणंतं तं तिविहं—परित्ताणंतं, जुत्ताणंतं, अणंताणंतमिदि। (धव. पु. ३, पृ. १८)।

परीतानन्त, युक्तानन्त और अनन्तानन्त को गणनानन्त कहा जाता है। इनके लक्षण उन उन शब्दों में द्रष्टव्य हैं।

गणनाम—से किं तं गणनामे १, २ मल्ले मल्लदिन्ने मल्लधम्मे मल्लसम्मे मल्लदेवे मल्लदासे मल्लसेणे मल्लरक्खिए, से तं गणनामे। (अनुयो. १३०, पृ. १४६)।

जो नाम (शब्द) मल्ल, मल्लदत्त, मल्लधर्म, मल्लशर्म (या मल्लश्रम), मल्लदेव, मल्लदास, मल्लसेन और मल्लरक्षित; इन गणविशेषों में वर्तमान

हो वह गणनाम कहलाता है।

गणनामान—एक-द्वि-त्रि-चतुरादिगणितमानं गणनामानम्। (त. वा. ३, ३८, ३, पृ. २०५)।

एक, दो, तीन और चार आदि संख्यारूप मान को गणनामान कहते हैं।

गणनासंख्येय—देखो असंख्येय। जं तं गणणासंखेज्जयं तं तिविहं—परित्तासंखेज्जयं, जुत्तासंखेज्जयं असंखेज्जासंखेज्जयं चेदि। (धव. पु. ३, पृ. १२६)।

गणनासंख्यात परीतासंख्यात, युक्तासंख्यात और असंख्यातासंख्यात के भेद से तीन प्रकार का है। (इनके पृथक्-पृथक् लक्षण उन्हीं शब्दों में देखना चाहिए।)

गणाधिप—गणाधिपः धर्माचार्यस्तादृग्गृहस्थाचार्यो वा। (सा. ध. स्वो. टी. २-५१)।

धर्माचार्य, अथवा उसके समान गृहस्थाचार्य को गणाधिप कहा जाता है।

गणावच्छेदक—गणावच्छेदकस्तु गच्छकार्यचिन्तकः। (आचारा. शी. वृ. २, १, १०, २७९, पृ. ३२२)।

गच्छ के—एक आचार्य के नेतृत्व में वर्तमान साधु-समूह के—कार्यों की जो चिन्ता करता है, वह गणावच्छेदक कहलाता है।

गणितपद—विक्खंभपायगुणिउ परिरउ तस्स गणियपयं। (लघुसंग्रहणी ७)।

वृत्त क्षेत्र की परिधि को विष्कम्भ के चतुर्थ भाग से गुणित करने पर उसका गणितपद (क्षेत्रफल) होता है।

गणिम—से किं तं गणिमे ?, २ जण्णं गणिज्जइ। तं जहा—एगो दस सयं सहस्सं दससहस्साइं सयसहस्सं दससयसहस्साइं कोडी। एएणं गणिमप्पमाणेणं किं पओअणं ? एएणं गणिमपमाणेणं भितगभिति-भत्त-वेअण-आयव्वयसंसिआणं दव्वाणं गणियप्पमाणनिव्वित्तिलक्खणं भवइ, से तं गणिमे। (अनुयो. सू. १३२, पृ. १५४)।

एक, दश, शत, सहस्र, दशसहस्र, शतसहस्र (लक्ष), दशशतसहस्र और कोटि आदि संख्याओं को गणिम कहते हैं। भृतक (सेवक), भृति (पदाति आदिकों की वृत्ति), भोजन एवं जुलाहे आदि का वेतन; इन सबके आय-व्यय से सम्बद्ध रुपया आदि द्रव्यों के लेखा-जोखा की सिद्धि यह उक्त गणिम का प्रयोजन है।

गणी—१. एकादशाङ्गविद् गणी। (धव. पु. १४, पृ. २२)। २. गच्छाधिपो गणी। (आचारा. शी. वृ. २, १, १०, पृ. ३२२)।

१ ग्यारह अंगों के ज्ञाता को गणी कहते हैं। २ गच्छ के स्वामी को गणी कहते हैं।

गण्डि—गच्छति प्रेरितः प्रतिपथादिना डीयते च कूर्दमानो विहायोगमनेनेति गण्डिः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. १–६४, पृ. ४९)।

प्रेरित किये जाने पर जो कुमार्ग से जाता है तथा उछलते-कूदते हुए जो आकाशगमन से भी छलांग मारता है उसे गण्डि कहते हैं।

गण्डिका—इहैकवक्तव्यतार्थाधिकारानुगता वाक्यपद्धतयो गण्डिका उच्यन्ते। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. १०९; समवा. अभय. वृ. १४७)।

एक वक्तव्यतारूप अर्थाधिकार से अनुगत वाक्यपद्धतियों को गण्डिका कहते हैं।

गण्डिकानुयोग — तासां (गण्डिकानां) अनुयोगः अर्थकथनविधिः गण्डिकानुयोगः। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. १०९; समवा. अभय. वृ. १४७, पृ. १२२)।

गण्डिकाओं के अर्थ की कथनविधि को गण्डिकानुयोग कहते हैं।

गतप्रत्यागततप—यया वीथ्या गतः पूर्वं तयैव प्रत्यागमनं कुर्वन् यदि लभते भिक्षां गृह्णाति, नान्यथा। (भ. आ. विजयो. २१८)।

पहले जिस वीथी (गली) से गया था, उसी वीथी से लौटते हुए यदि भिक्षा मिले तो ग्रहण करे, अन्यथा ग्रहण न करे; इस प्रकार के नियम लेने को गत-प्रत्यागतवृत्तिपरिसंख्यानतप कहते हैं।

गतरूपध्यान—ण य चिंतइ देहत्थं देहबहित्थं ण चिंतए किं पि। ण सगय-परगयरूवं तं गयरूवं णिरालंबं॥ जत्थ ण करणं चिंता अक्खररूवं ण धारणा धेयं। ण य वावारो कोई चित्तस्स य तं णिरालंबं॥ इंदियविसयवियारा जत्थ खयं जंति राय-दोसं च। मणवावारा सव्वे तं गयरूवं मुणेयव्वं॥ (भावसं. दे. ६२८–३०)।

जिस ध्यान में न देहस्थ किसी वस्तु का चिन्तन किया जाता है, न देह के बाहिर स्थित किसी वस्तु का चिन्तन किया जाता है, न स्वगत रूप का

चिन्तन किया जाता है, न परगत रूप का चिन्तन किया जाता है; जहां करण, चिन्ता व अक्षर-क्रम नहीं है; धारणा व ध्येय नहीं है; चित्त का कोई व्यापार नहीं है तथा जहां इन्द्रियविषयों सम्बन्धी व्यापार, राग-द्वेष और सब मन के व्यापार नहीं हैं; उसे निरालम्ब गतरूप (रूपातीत) ध्यान कहा जाता है।

गति—१. देखो गतिपरिणाम। गइकम्मविणिव्वत्ता जा चेट्ठा सा गई मुणेयव्वा। जीवा हु चाउरंगं गच्छंति त्ति य गई होई॥ (प्रा. पंचसं. १–५९; धव. पु. १, पृ. १३५ उद्.)। २. गम्यतेऽसाविति गतिर्नारकाद्युत्पत्तिस्थानम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८, १२)। ३. गतिकर्मणा समुत्पन्न आत्मपर्यायः गतिः। (धव. पु. १, पृ. १३५); गतिर्भवः संसार इत्यर्थः। ××× जम्हि जीवभावे आउकम्मादो लद्धावट्ठाणे संते सरीरादियाइं कम्मादिमुदयं गच्छंति सो भावो जस्स पोग्गलक्खंधस्स मिच्छत्तादिकारणेहि पत्तकम्मभावस्स उदयादो होदि तस्स कम्मक्खंधस्स गदि त्ति सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ५०); भवाद् भवसंक्रान्तिर्गतिः। (धव. पु. ७, पृ. ६); इच्छिदगदीदो अण्णगदिगमणं गदी णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३४६)। ४. देशान्तरप्राप्तिहेतुः परिणामो गतिः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–१७)। ५. गइउदयजपज्जाया चउगइगमणस्स हेउ वा हु गई। णारय-तिरिक्ख-माणुस-देवगइ त्ति य हवे चदुधा॥ (गो. जी. १४६)। ६. गतिः देशान्तरसंचाररूपा। (ध. बि. मु. वृ. ७–११)। ७. मरणानन्तरं मनुजत्वादेः सकाशान्नारकत्वादौ जीवस्य गमनं गतिः। (स्थाना. अभय. वृ. १–२५, पृ. २०); चलनं मृत्वा वा गत्यन्तरगमनलक्षणः। (स्थाना. अभय. वृ. २, ३, ८३, पृ. ६२)। ८. तत्र गम्यते नैरयिकादिगतिकर्मोदयवशादवाप्यते इति गतिः नैरयिकत्वादिपर्यायपरिणतिः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १३–१८०); गम्यते तथाविधकर्मसचिवैः प्राप्यते इति गतिर्नारकत्वादिपर्यायपरिणतिः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३, २९३, पृ. ४६६)।

१ गतिनामकर्म के उदय से जो चेष्टा निर्मित होती है उसे गति जानना चाहिए। २ 'गम्यते ऽसाविति गतिः' इस निरुक्ति के अनुसार नारक आदि के [illegible] जाता है। ३ गति नामकर्म के उदय से जो आत्मा की पर्याय उत्पन्न होती है उसे गति कहते हैं।

गतिनाम—१. यदुदयादात्मा भवान्तरं गच्छति सा गतिः। (स. सि. ८–११; त. श्लो. ८–११; भ. आ. मूला. २०९५)। २. गतिनामकर्मोदयादात्मनस्तद्भावपरिणामाद् गतिरौदयिकी। येन कर्मणा आत्मनो नारकादिभावावाप्तिर्भवति तद्गतिनाम। (त. वा. २, ६, १); यदुदयादात्मा भवान्तरं गच्छति सा गतिः। यस्य कर्मण उदयवशात् आत्मा भवान्तरं प्रत्यभिमुखो अग्र्यामास्कन्दति सा गतिः। (त. वा. ८, ११, १)। ३. गतिनाम यदुदयान्नरकादिगतिगमनम्। (श्रा. प्र. टी. २०)। ४. गतिनाम प्रति स्वं(?)गत्याभिधानकारणम्। (अनुयो. हरि. वृ. पृ ६३)। ५. जं णिरय-तिरिक्ख-मणुस्स-देवाणं णिव्वत्तयं कम्मं तं गदिणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६३)। ६. गतिनामोदयादेव गतिः ×××। (तत्त्वा. श्लो. २, ६, २)। ७. गतिर्भवति जीवानां गतिकर्मविपाकजा। (त. सा. २–३८)। ८. यया गच्छन्ति संसारं या कृता गतिकर्मणा। शुभ्रगत्यादिभेदेन गतिः सास्ति चतुर्विधा॥ (पंचसं. अमित. १–१३६, पृ. २७)। ९. गच्छन्ति प्राप्नुवन्ति तथाविधकर्मोदयसचिवा जीवास्तामिति गतिः नारकादिपर्यायपरिणतिस्तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि गतिः, सैव नाम गतिनाम। (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. १६)। १०. गतिनाम यदुदयान्नारकादित्वेन जीवो व्यपदिश्यते। (समवा. अभय. वृ. ४२, पृ. ६३)। ११. गतिनामकर्मोदयाज्जातो नारकत्वादिपर्यायो गतिः, कार्ये कारणोपचारात्। अत्र कर्मोदयवशवर्तिना जीवेन गम्यते प्राप्यते इति गतिः इति निरुक्तिः। अथवा संसारिणां चतुर्गतिगमनस्य हेतुर्गतिनामकर्म। विवक्षितनारकादिपर्यायं गच्छन्ति संसारिणो जीवा यया सा गतिरिति निरुक्त्या गतिनामकर्मण एव चतुर्गतिगमनहेतुत्वसिद्धेः। (गो. जी. म. प्र. १४६)।

१ जिस कर्म के उदय से जीव अन्य भव को जाता है उसे गतिनामकर्म कहते हैं। ३ जिसके उदय से नरकादिगति के लिए गमन होता है वह नरकगति नामकर्म कहलाता है।

गतिपरिणाम— १. देशाद्देशान्तरप्राप्तिहेतुर्गतिः। (स. सि. ४–२१ व ५–१७; गो. जी. जी. प्र. १०५; त. वृत्ति श्रुत. ४–२१)। २. देशान्तर-

प्राप्तिहेतुर्गतिः । उभयनिमित्तवशात् उत्पद्यमानः कायपरिस्पन्दो गतिरित्युच्यते । (त. वा. ४, २१, १); द्रव्यस्य देशान्तरप्राप्तिहेतुः परिणामो गतिः । द्रव्यस्य बाह्याभ्यन्तरहेतुसन्निधाने सति परिणममानस्य देशान्तरप्राप्तिहेतुः परिणामो गतिरित्युच्यते । (त. वा. ५, १७, १) । ३. उभयनिमित्तवशाद् देशान्तरप्राप्तिनिमित्तः कायपरिस्पन्दो गतिः । (त. श्लो. ४–२१) ।

१ जो अवस्था किसी एक देश से दूसरे देश की प्राप्ति में कारण होती है उसे गति परिणाम कहा जाता है ।

गत्याख्यान—नरकादिप्रभेदेन चतस्रो गतयो मताः । तासां संकीर्तनं यत्र गत्याख्यानं तदिष्यते ।। (म. पु. ४–१०) ।

नरकादि चारों गतियों का व्याख्यान करने को गत्याख्यान कहते हैं ।

गदामुद्रा— वामहस्तमुष्टेरुपरि दक्षिणमुष्टिं कृत्वा गात्रेण सह किञ्चिदुन्नामयेदिति गदामुद्रा । (निर्वाणक. १९–७, पृ. ३२) ।

बायें हाथ की मुट्ठी के ऊपर दाहिने हाथ की मुट्ठी को रखकर शरीर के कुछ ऊंचा करने को गदामुद्रा कहते हैं ।

गन्धनाम—१. यदुदयप्रभवो गन्धस्तद् गन्धनाम । (स. सि. ८–११; त. वा. ८, ११, १०) २. शरीरविषयं सौरभं दुर्गन्धित्वं च यस्य कर्मणो विपाकान्निवर्तते तद्गन्धनाम । (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–१२) । ३. जस्स कम्मक्खंधस्स उदएण जीवसरीरे जादिपडिणियदो गंधो उप्पज्जदि तस्स कम्मक्खंधस्स गंधसण्णा । (धव. पु. ६, पृ. ५५); जस्स कम्मस्सुदएण सरीरे दुविहगंधणिप्फत्ती होदि तं गंधणामं । (धव. पु. १३, पृ. ३६४) । ४. गन्धनाम सुरभि-गन्धदुरभिगन्धनिबन्धनम् । (धर्मसं. मलय. वृ. ६१८) । ५. तथा गन्ध अर्दने, गन्ध्यते आघ्रायते इति गन्धः × × × तन्निबन्धनं गन्धनाम । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–२९३, पृ. ४७३) । ६. यदुदयाद् गन्धस्तद् गन्धनाम । (भ. आ. मूला. २१२४)। ७. यदुदयेन गन्धो भवति स गन्धः। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११) ।

१, २ जिस नामकर्म के उदय से शरीर में सुगन्ध या दुर्गन्ध उत्पन्न हो उसे गन्धनाम कहते हैं ।

गन्धर्व— देखो गान्धर्व । १. इन्द्रादीनां गायकाः गन्धर्वाः । (धव. पु. १३, पृ. ३९१) । २. गन्धर्वाः प्रियदर्शनाः सुरूपाः सुमुखाकाराः सुस्वराः मौलि-मुकुटधरा हारविभूषणाः । (बृहत्संग्रहणी मलय. वृ. ५८) ।

१ इन्द्र आदि के जो गान करने वाले देव होते हैं वे गन्धर्व कहलाते हैं । २ जो व्यन्तरदेव देखने में सुन्दर, उत्तम स्वर से संयुक्त तथा मुकुट व हार से विभूषित होते हैं वे गन्धर्व कहलाते हैं ।

गमनक्रिया सूर्याभिमुखगमनादिका गमनक्रिया । (भ. आ. विजयो. व मूला. ८६) ।

सूर्य के अभिमुख जाने को गमनक्रिया कहते हैं । स्थानक्रिया, आसनक्रिया, शयनक्रिया और गमनक्रिया; ये नग्नता के माहात्म्य को सूचित करने वाली क्रियायें हैं ।

गमिकश्रुत—भिन्ने यदर्थजाते सदृशाक्षरालापकं तद् गमिकम् । (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. १३) ।

अर्थ की भिन्नता के होते हुए भी अक्षरों की समानता रखने वाले पाठों से युक्त शास्त्र को गमिक श्रुत कहते हैं ।

गरिमा—१. वज्जाहितो गुरुवत्तणं च गरिम त्ति भण्णंति ।। (ति. प. ४, १०२७) । २. वज्रादपि गुरुतरशरीरता गरिमा । (त. वा. ३, ३६, ३) । ३. वज्रादपि गुरुतरदेहता गरिमा । (चा. सा. पृ. ९७) । ४. गुरुशरीरविधानं गरिमा । (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६) ।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से वज्र से भी गुरुतर शरीर बनाया जा सके उसे गरिमा ऋद्धि कहते हैं ।

गरुडा—गरुडाकारविकरणप्रियाः गरुडा । (धव. पु. १३, पृ. ३९१) ।

जो देव गरुड के आकाररूप विक्रिया के करने में अनुराग रखते हैं वे गरुड कहे जाते हैं ।

गरुडमुद्रा—आत्मनोऽभिमुखदक्षिणहस्तकनिष्ठिकया वामकनिष्ठिकां संगृह्याधःपरावर्तितहस्ताभ्यां गरुडमुद्रा । (निर्वाणक. १९, ९, ६, पृ. ३३) ।

अपने अभिमुख दाहिने हाथ की कनिष्ठिका अंगुली से बायें हाथ की कनिष्ठिका को ग्रहण करके हाथों के नीचे परावर्तित करने से गरुडमुद्रा होती है ।

गर्दतोय—गर्दाः शब्दाः तोयवत् प्रवहन्ति, लहरीतरङ्गवत् प्रवर्तन्ते येषु ते गर्दतोयाः। (त. वृत्ति श्रुत. ४–२५)।

शब्दों को गर्द और जल को तोय कहते हैं। जिनके मुख से शब्द जल की तरंग के समान प्रवाहित हों उन लौकान्तिक देवों को गर्दतोय कहते हैं।

गर्भ—१. स्त्रिया उदरे शुक्र-शोणितयोर्गरणं मिश्रणं गर्भः, मात्रोपभुक्ताहारगरणाद्वा गर्भः। (स. सि. २–३१)। २. शुक्र-शोणितयोर्गरणाद् गर्भः। यत्र शुक्र-शोणितयोर्गरणं मिश्रणं भवति स गर्भः। मात्रोपभुक्ताहारात्मसात्करणाद्वा। अथवा मात्रोपभुक्तस्याहारस्यात्मसात्करणाद् गरणाद् गर्भः। (त. वा. २, ३१, २–३)। ३. गर्भ इति स्त्रीयोनौ शुक्र-शोणितपुद्गलादानं गरणं गर्भः। (त. भा. हरि. वृ. २–३२)। ४. शुक्र-शोणितगरणाद् गर्भः, मातृप्रयुक्ताहारात्मसात्करणाद्वा। (त. श्लो. २–३१)। ५. तथा योषिद्योनावैकध्यमागत्य ग्रहणं शुक्र-शोणितयोर्यत् क्रियते जीवेन अनन्यभ्यवहृताहाररसपरिपोषापेक्षं तद् गर्भजन्मोच्यते। (त. भा. सिद्ध. वृ. २–३२)। ६. गर्भः शुक्र-शोणितसंपातः। (सिद्धिवि. वृ. ६–२५, पृ. ६३८)। ७. शरीरपरिणतिकारणशुक्र-शोणितस्य गरणं स्वीकारो गर्भः। (गो. जी. म. प्र. टी. ८३)। ८. जायमानजीवेन शुक्र-शोणितरूपपिण्डस्य गरणं-शरीरतया उपादानं गर्भः। (गो. जी. जी. प्र. टी. ८३; कार्तिके. टी. १३०)। ९. मातुरुदरे रेतःशोणितयोः गरणं मिश्रणं जीवसंक्रमणं गर्भः। (त. वृत्ति श्रुत. २–३१)।

१ स्त्री की योनि में जो वीर्य और रज का मिश्रण होता है उसे गर्भ कहते हैं, अथवा माता के द्वारा उपभुक्त आहार के आत्मसात् करने का नाम गर्भ है।

गर्भजन्मा—जायमानजीवेन शुक्र-शोणितरूपपिण्डस्य गरणं शरीरतयोपादानं गर्भः, ततो जाता ये गर्भजाः तेषां गर्भजानां जन्म उत्पत्तिर्येषां ते गर्भजन्मानः। (कार्तिके. टी. १३०)।

गर्भ से उत्पन्न होने वाले जीवों को गर्भजन्मा कहते हैं।

गर्हा—१. गर्हेति हिंसा-पारुष्य-पैशून्यादियुक्तं वचः सत्यमपि गर्हितमेव भवतीति। (त. भा. ७–९)। २. गरहा वि तहा जाईअमेव नवरं परप्पगासणया। (आव. नि. १०५०)। ३. परसाक्षिकी गर्हा। (दशवै. हरि. वृ. ४–२, पृ. १४४)। ४. गर्हणं गर्हा कुत्सा, शास्त्रप्रतिसिद्धवागनुष्ठानं गर्हितम्, कुत्सितमिति यावत्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–९)। ५. गर्हा परेषां ' वं (सकलपरिग्रहत्यागो मुक्तेर्मार्गो मया तु पातकेन वस्त्र-पात्रादिकः परिग्रहः परीषहभीरुणा गृहीतः इत्येवं) कथनम्। (भ. आ. विजयो. ८७)। ६. जाते दोषे द्वेष-रागादिदोषैरग्रे भक्त्याऽऽलोचना या गुरूणाम्। पञ्चाचाराचारकाणामदोषा सोक्ता गर्हा गर्हणीयस्य हन्त्री॥ (अमित. श्रा. २–७७)। ७. गुरुसाक्षिकी गर्हा। (स्थानां. अभय. वृ. ३, ३, १६८; योगशा. स्वो. विव. ३–८२; कार्तिके. टी. ३२६)। ८. गरहणं—निंदेव, गुर्वादिसाक्षिकेत्यर्थः। (भ. आ. मूला. ८७)। ९. गर्हणं तत्परित्यागः पञ्चगुर्वात्मसाक्षिकः। निष्प्रमादतया नूनं शक्तितः कर्महानये। (लाटीसं. ३–११७; पंचाध्या. २–४७४)।

१ हिंसा, कठोरता और पिशुनता आदि से युक्त वचन सत्य होने पर भी गर्हा युक्त होने से गर्हित कहे जाते हैं। २ दूसरे के समक्ष जो आत्मनिन्दा की जाती है उसका नाम गर्हा है। ५. समस्त परिग्रह का छोड़ना, यह मुक्ति का मार्ग है। पर मुझ पापी ने परीषह से डरकर वस्त्र व पात्र आदि परिग्रह को ग्रहण किया है, इस प्रकार दूसरों से कहना; इसका नाम गर्हा है।

गर्हित वचन—देखो गर्हा। १. कक्कसवयणं णिट्ठुरवयणं पेसुण्ण-हासवयणं च। जं किं चि विप्पलावं गरहिदवयणं समासेण॥ (भ. आ. विजयो. ८३०)। २. पैशून्य-हासगर्भं कर्कशमसमञ्जसं प्रलपितं च। अन्यदपि यदुत्सूत्रं तत्सर्वं गर्हितं गदितम्॥ (पु. सि. ९६)। ३. हिंसन-ताडन-भीषण-सर्वस्वहरण-पुरःसरविशेषम्। गर्ह्यं वचो भाषन्ते गर्होज्झितवचनमर्मज्ञाः॥ (अमित. श्रा. ६–५५)।

१ कर्कश, निष्ठुर, पैशून्य (परदोषसूचक) और हास्यगर्भित वचनों को गर्हित वचन कहते हैं। इसके अतिरिक्त जो कुछ भी बकवाद किया जाता है, वह सब गर्हित वचन कहलाता है।

गल—गलो नाम प्रान्तन्यस्तामिषो लोहमयः कण्टको मत्स्यग्रहणार्थं जलमध्ये संचारितः। (उपदे. प. मु. वृ. १८८, पृ. १५१)।

मछली पकड़ने के लिए लोहे के जिस कांटे के अन्त में मांस का टुकड़ा लगा कर पानी में फेंकते हैं उसे गल कहते हैं।

गलि—गिलत्येव केवलं न तु वहति गच्छति वेति गलिः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. १–६४, पृ. ४६)।

जो केवल निगलता है, परन्तु न बोझा ढोता है और न चलता है उस दुष्ट घोड़े का नाम गलि है। अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार गलि (अविनीत) घोड़ा बार-बार चाबुक के मारने पर चलता है व लौटता है, उसी प्रकार जो शिष्य पुनः पुनः गुरु के वचन की अपेक्षा करके प्रवृत्ति-निवृत्ति करता है, वह गलि शिष्य कहलाता है।

गवादिसंख्यातिक्रम—गौरनड्वाननड्वाही च, स आदिर्यस्य द्विपद्-चतुष्पदवर्गस्य स गवादिः। आदिशब्दान्महिष-मेषाऽविक-करभ-रासभ-तुरग-हस्त्यादिचतुष्पदानां हंस-मयूर-कुर्कुट-शुक-सारिका-पारावत-चकोरादिपक्षिद्विपदानां पत्नी-उपरुद्ध-दासी-दास-कर्मकरपादात्यादिमनुष्याणां च संग्रहः, तस्य संख्या व्रतकाले यावज्जीवं चतुर्मासादिकालावधि वा यत्परिमाणं गृहीतं तस्या अतिक्रम उल्लङ्घनं संख्यातिक्रमोऽतिचारः। (योगशा. स्वो. विव. ३–९५)।

परिग्रहपरिमाण करते समय जो प्रमाण द्विपद व चतुष्पदादि तिर्यंचों का तथा दासी-दास आदि मनुष्यों का ग्रहण किया गया है, उसके उल्लंघन करने को—बढ़ा लेने को—गवादिसंख्यातिक्रम कहते हैं।

गवानृत—देखो गवालीक। गवानृतं अल्पक्षीरामेव बहुक्षीरां वक्ति विपर्ययो वा। (श्रा. प्र. टी. २६०)।

थोड़े दूध वाली गाय को बहुत दूध वाली अथवा इससे विपरीत भाषण करना, यह गवानृत कहलाता है।

गवालीक—गवालीकमल्पक्षीरां बहुक्षीरां विपर्ययं वा वदतः, इदमपि सर्वचतुष्पदविषयस्यालीकस्योपलक्षणम्। (योगशा. स्वो. विव. २–५४; सा. ध. ४–३९)।

गाय सम्बन्धी असत्य वचन के बोलने को गवालीक कहते हैं। जैसे—कम दूध देने वाली गाय को अधिक दूध देने वाली कहना और अधिक दूध देने वाली को कम दूध देने वाली कहना। इससे गाय आदि सभी चतुष्पदों को ग्रहण करना चाहिए।

गवेषणा—१. गवेषणा व्यतिरेकधर्मस्वरूपालोचना। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ७८)। २. व्यतिरेकधर्मालोचना गवेषणा। (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. १२)। ३. गवेष्यते अनया इति गवेषणा। (धव. पु. १३, पृ. २४२)।

१ व्यतिरेक धर्म के स्वरूप की आलोचना का नाम गवेषणा है। ३ जिसके द्वारा अवग्रह से गृहीत अर्थ का अन्वेषण किया जाता है उसे गवेषणा कहते हैं। यह ईहा मतिज्ञान का पर्याय नाम है।

गव्यूत (गाउअ)—१. एएणं धणुप्पमाणेणं दो धणुसहस्साइं गाउयं। (भगवती ६, ७, १, पृ. ८२९)। २. दो धणुसहस्साइं गाउयं। (अनुयो. सू. १३३, पृ. १५७)। ३. द्वे दण्डसहस्रे गव्यूतम्। (त. वा. ३, ३८, ६)। ४. वेहि दंडसहस्सेहि एयं गाउअं होदि। (धव. पु. १३, पृ. ३३९)। ५. वेदंडसहस्सेहि य गाउदमेगं तु होइ णिद्दिट्ठा। (जं. दी. प. १३–३४)।

१ दो हजार धनुष को गव्यूत (कोश) कहते हैं।

गव्यूतपृथक्त्व—तं (गाउअं) अट्ठहि गुणिदे गाउअपुधत्तं। (धव. पु. १३, पृ. ३३९)।

दो हजार धनुष प्रमाण गव्यूत को आठ से गुणित करने पर गव्यूतपृथक्त्व कहलाता है।

गव्यूति—देखो गव्यूत। द्विसहस्रदण्डैर्गव्यूतिः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३८)।

दो हजार धनुष प्रमाण माप को गव्यूति कहते हैं।

गान्धर्व—देखो गन्धर्व। १. गान्धर्वा रक्तावदाता गम्भीराः प्रियदर्शनाः सुरूपाः सुमुखाकाराः सुस्वरा मौलिधरा हारविभूषणास्तुम्बुरुवृक्षध्वजाः। (त. भा. ४–१२)। २. मातुः पितुर्बन्धूनां चाप्रामाण्यात् परस्परानुरागेण मिथः समवायाद् गान्धर्वः। (नीतिवा. ३१–९; योगशा. स्वो. विव. १–४७)। ३. परस्परानुरागेण मिथः समवायाद् गान्धर्वः। (ध. बि. मु. वृ. १–१२)।

१ जो देव रक्त-अवदात, गम्भीर, प्रियदर्शन, सुन्दर, उत्तम मुखाकृति से सम्पन्न, सुन्दर स्वरवाले, मुकुट के धारक और हार से विभूषित होते हैं वे गान्धर्व कहलाते हैं। २ माता-पिता और बन्धुजनों की अनुमति के बिना आपस के अनुराग से वर-कन्या के परस्पर सम्मिलन को गान्धर्व विवाह कहते हैं।

गायक—रूपाजीवावृत्त्युपदेष्टा गायकः। (नीतिवा. १४–२४)।

वेश्याओं के लिए आजीविका के उपदेश वाले को गायक कहते हैं।

गारव—गारवम् ऋद्धि-रस-सातासक्तिः, तेन परिवारे लोभात् परकीयस्य प्रियवचनादीनाम् आत्मसात्करणं वा, गन्ध-माल्य-ताम्बूलादिसेवनम्, अनिष्टरसत्यागेष्टरसादरौ, यथेष्टभोजन-शयनादितत्परत्वं च। (भ. आ. मूला. ६१३)।

ऋद्धि, रस और सात—सुखसामग्री—में आसक्ति रखना, इसका नाम गारव है। अथवा परिवार में लोभ के वशीभूत होने से प्रियवचन आदि के द्वारा दूसरे की वस्तु को अपने आधीन करना तथा गन्ध व ताम्बूल (पान) आदि का सेवन करना (ऋद्धि-गारव), अनिष्ट रस का त्याग व अभीष्ट रस में अनुराग रखना (रस-गारव) तथा इच्छानुसार भोजन एवं शयन आदि में तत्पर रहना (सात-गारव); यह गारव का लक्षण है।

गार्द्ध्य—प्राप्तेष्टवस्तुषु गार्द्ध्यं अभिरक्षणादिकार्यं गृद्धिलक्षणम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१०)।

प्राप्त हुई इष्ट वस्तुओं के विषय में गृद्धिस्वरूप संरक्षणादि कार्य करना, इसे गार्द्ध्य कहते हैं। यह लोभ का पर्याय नाम है।

गिल्ली—फिरिक्कीओ गिल्लीओ णाम। का फिरिक्की णाम? चुंदेण वट्टुलागारेण घडिदणेमि-तुंबा-धारसरलट्ठकट्ठा फिरिक्को णाम।

फिरिक्की को गिल्ली कहते हैं। जो गोल आकार वाले चुंद (?) से रचित नेमि और तुम्ब (गाड़ी की नाभि) को आश्रय देने वाली सीधी आठ लकड़ियों युक्त एक विशेष जाति की गाड़ी फिरिक्की कहलाती है।

गुण—१. द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः। (त. सू. ५, ४०)। २. ××× एगदव्वस्सिया गुणाः। (उत्तरा. २८-६)। ३. अन्वयिनो गुणाः। (स. सि. ५–३८)। ४. सहवर्तिनो गुणाः। (आव. नि. हरि. वृ. ९७८, पृ. ४४५)। ५. गुणो णाम पज्जायादि-परोप्परविरुद्धो अविरुद्धो वा। (धव. पु. १, पृ. १८); सहभुवो हि गुणाः। (धव. पु. १, पृ. १७४); जाव-दव्वभाविणो गुणाः। (धव. पु. ९, पृ. १६७; न्यायकु. पृ. २०७)। ६. गुणाः शक्तिविशेषाः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–३७)। ७. अनेकान्तात्मकस्य वस्तुनोऽन्वयिनो विशेषा गुणाः। (पंचा. का. अमृत. वृ. १०)। ८. गुण्यते पृथक् क्रियते द्रव्यं द्रव्यान्तराद्यैस्ते गुणाः। (आलापप. ४, पृ. १४०)। ९. सरिसो जो परिणामो अणाइणिहणो हवे गुणो सो हि। सो सामण्णसरूवो उप्पज्जदि णस्सदे णेव। (कार्तिके. २४१)। १०. गुणाः सहभाविनो जीवस्य ज्ञानादयः, पुद्गलस्य रूपादयः। (सिद्धिवि. वृ. ३–२०, पृ. २२३, पं. १)। ११. गुणाश्च सहभुवो धर्माश्चेतनस्य सुख-ज्ञान-वीर्यादयः ××× अचेतनस्य रूप-रसादयः। ××× सहवृत्तयो गुणाः। (न्यायवि. विव. १–११५, पृ. ४२८–२९)। १२. द्रव्यान्वयिनो गुणाः। निर्गुणाश्चैतनाद्यास्ते ××× ॥ (आचा. सा. ३–८)। १३. गुणः सहभावी धर्मः। (प्र. न. त. ५–७)। १४. यावद्द्रव्यभाविनः सकलपर्यायानुवर्तिनो गुणाः वस्तुत्व-रूप-रस-गन्ध-स्पर्शादयः। (न्यायदी. पृ. १२१)। १५. सहभूता गुणा ज्ञेया सुवर्णे पीतता यथा। (भावसं. वा. ३७४)। १६. गुण्यते विशिष्यते पृथक् क्रियते द्रव्यं द्रव्यात् यैस्ते गुणाः (त. वृत्ति श्रुत. ५–३८)। १७. द्रव्याश्रया गुणाः स्युर्विशेषमात्रास्तु निर्विशेषाश्च। करतलगतं यदेतैर्व्यक्तमिवालक्ष्यते वस्तु ॥ अयमर्थो विदितार्थः समप्रदेशाः समं विशेषा ये। ते ज्ञानेन विभक्ताः क्रमतः श्रेणीकृता गुणा ज्ञेयाः। (पंचाध्या. १, १०४–५)। १८. अहो द्रव्याश्रयत्वाच्च गुणा निर्गुणलक्षणाः। (जम्बू. च. ८–२४)। १९. अन्वयिनः किल नित्या गुणाश्च निर्गुणावयवो (वा) ह्यनन्तांशाः। द्रव्याश्रया विनाशप्रादुर्भावाः स्वशक्तिभिः शश्वत् ॥ (अध्यात्म-क. २–६)।

१ जो द्रव्य के आश्रय से रहा करते हैं तथा स्वयं अन्य गुणों से रहित होते हैं वे गुण कहलाते हैं।

गुणगुरु—गुणैर्ज्ञान-संयमादिभिर्गुरवो महान्तो गुणगुरवः। (सा. ध. स्वो. टी. १–११)।

ज्ञान व संयमादि गुणों से जो महान् होते हैं उन्हें गुणगुरु कहते हैं।

गुणप्रतिपन्न—गुणं संजमं संजमासंजमं वा पडिवण्णो गुणपडिवण्णो। (धव. पु. १५, पृ. १७४)।

जो जीव संयम अथवा संयमासंयम गुण को प्राप्त हैं उन्हें गुणप्रतिपन्न कहा जाता है।

गुणप्रत्यय-अवधिज्ञान—देखो क्षयोपशमनिमित्त। १. अणुव्रत-महाव्रतानि सम्यक्त्वाधिष्ठानानि गुणः

कारणं यस्यावधिज्ञानस्य तद् गुणप्रत्ययकम् । (धव. पु. १३, पृ. २९१) । २. गुणप्रत्ययं तु सम्यग्दर्शन-गुणनिमित्तमसंयतसम्यग्दृष्टेः, संयमासंयमगुणहेतुकं संयतासंयतस्य, संयमगुणनिबन्धनं संयतस्य; सत्य-न्तरंगहेतौ बहिरंगस्य गुणप्रत्ययस्य भावे भावात् । (प्रमाणप. पृ. ६९) ।

१ सम्यक्त्व से अधिष्ठित अणुव्रत और महाव्रत रूप गुण जिस अवधिज्ञान के कारण हैं वह गुणप्रत्यय अवधिज्ञान कहलाता है ।

गुणधारणा— अपगतव्रतातिचारेतरोपचितकर्मवि-धरणार्थमनशनादिगुणसंधारणा प्रत्याख्यानस्य । (आव. नि. हरि. वृ. ७९, पृ. ५१) ।

विनष्ट हुए व्रतातिचारों से भिन्न अन्य अतिचारों के द्वारा संचित कर्म को दूर करने के लिए अनशनादि गुणों को धारण करना, इसका नाम गुणधारणा है । यह प्रत्याख्यान नामक छठे आवश्यक का अर्था-धिकार है ।

गुणपुरुष—तथा गुणाः व्यायाम-विक्रम-धैर्य-सत्त्वा-दिकास्तत्प्रधानः पुरुषो गुणपुरुषः । (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. ४, १, ५७) ।

व्यायाम, विक्रम, धैर्य और सत्त्व आदि गुणों से युक्त पुरुष को गुणपुरुष कहते हैं ।

गुणप्रमाण—१. गुणनं गुणः, स एव प्रमाणहेतु-त्वाद् द्रव्यप्रमाणात्मकत्वाच्च प्रमाणं प्रमीयते गुणै-र्द्रव्यमिति । (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ९९) । २. गुणो ज्ञानादिः, स एव प्रमाणं गुणप्रमाणम्, प्रमीयते च गुणैर्द्रव्यम्, गुणाश्च गुणरूपतया प्रमीयन्ते अतः प्रमा-णता । (अनुयो. मल. हेम. वृ. पृ. २१०) ।

१ प्रमाण के हेतु और द्रव्यप्रमाणस्वरूप होने के कारण गुणों को गुणप्रमाण कहा जाता है ।

गुणवत्त्व—क्रोधादिमत्त्वात् गुणवत्त्वं ज्ञानाद्यात्मक-त्वाद् वा, परमाण्वादावपि गुणवत्त्वमेकवर्णादित्वात् समानम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. २–७) ।

जीव द्रव्य के ज्ञानादिगुणों से और पुद्गल के वर्णादि गुणों से युक्त होने के कारण उनके गुणवत्त्व है ।

गुणवत्प्रतिपत्ति—गुणा ज्ञानादयः मूलोत्तराख्या वा, तेऽस्य विद्यन्ते इति गुणवान्, तस्य गुणवतः प्रतिपत्तिर्वन्दनाध्ययनस्य । (आव. नि. हरि. वृ. ७९, पृ. ५१) ।

ज्ञानादि गुणों अथवा मूलगुणों या उत्तरगुणों से युक्त गुणवान् के वन्दना व नमस्कारादिरूप आदर-सत्कार को गुणवत्प्रतिपत्ति कहते हैं । यह वन्दना अध्ययन (आवश्यक) का अर्थाधिकार है ।

गुणव्रत—१. दिग्व्रतमनर्थदण्डव्रतं च भोगोपभोग-परिमाणम् । अनुबृंहणाद् गुणानामाख्यान्ति गुणव्र-तान्यार्याः ॥ (रत्नक. ३–२१) । २. अणुव्रताना-मेवोत्तरगुणभूतानि व्रतानि गुणव्रतानि दिग्व्रत-भोगोपभोगपरिमाणकरणानर्थदण्डविरतिलक्षणानि, एतानि च भवन्ति त्रीण्येव । (श्रा. प्र. टी. ६) । ३. भोगोपभोगसंहारोऽनर्थदण्डव्रतान्वितः । गुणानुबृंहणाद् ज्ञेयो दिग्व्रतेन गुणव्रतम् ॥ (ह. पु. ५८–१४४) । ४. उत्तरगुणरूपं व्रतं गुणव्रतम्, गुणाय चोपकाराय अणुव्रतानां व्रतं गुणव्रतम् । (योग. शा. स्वो. विव. ३–१) । ५. दिग्देशानर्थ-दण्डेभ्यो विरतिस्तु गुणव्रतम् । भोगोपभोगसंख्यानं केचिदाहुर्गुणव्रतम् ॥ (कीव. च. ७–१७) । ६. गुणार्थमणुव्रतानामुपकारार्थं व्रतं गुणव्रतम् । (सा. ध. स्वो. टी. ४–४) । ७. यद्गुणायोपकारायाणु-व्रतानां व्रतानि तत् । गुणव्रतानि × × × ॥ (सा. ध. ५–१) । ८. गुणाय चोपकारायाऽहिंसादी-नां व्रतानि तत् । गुणव्रतानि × × × ॥ (धर्मसं. श्रा. ७–२) ।

१. अणुव्रतों के उपकारक होने से दिग्व्रत, अनर्थ-दण्डव्रत और भोगोपभोगपरिमाणव्रत को गुणव्रत कहा जाता है ।

गुणश्रेणि—१.गुणो गुणगारो, तस्स सेढी ओली पंती गुणसेढी णाम । (धव. पु. १२, पृ. ८०) । २. गुणश्रेणी चैवं—सामान्यतः किल कर्म बह्वल्प-मल्पतरमल्पतमं चेत्येवं निर्जरणाय रचयति, यदा तु परिणामविशेषात् तत्र तथैव रचिते कालान्तरवेद्य-मल्पं बहु बहुतरं बहुतमं चेत्येवं शीघ्रतरक्षपणाय रचयति तदा सा गुणश्रेणीत्युच्यते । (औपपा. अभय. वृ. सू. ४३, पृ. ११३) । ३. उपरितनस्थितेर्विशुद्धि-वशादपवर्तनाकरणेनावतारितस्य दलिकस्यान्तर्मुहूर्त-प्रमाणमुदयक्षणादुपरि क्षिप्रतरक्षपणाय प्रतिक्षणम-संख्येयगुणवृद्ध्या विरचनं गुणश्रेणिरित्युच्यते । (कर्मस्त. गो. वृ. २, पृ. ४) ।

३ परिणामों की विशुद्धि की वृद्धि से अपवर्तना-करण के द्वारा उपरितन स्थिति से हीन करके अन्तर्मुहूर्त काल तक प्रतिसमय उत्तरोत्तर असंख्यात

गुणित वृद्धि के क्रम से कर्मप्रदेशों की निर्जरा के लिये जो रचना होती है उसे गुणश्रेणी कहते हैं।

गुणसंक्रम—१. गुणसंकमो अवज्झंतिगाण असुभाणऽपुव्वकरणाई। (कर्मप्र. संक. ६६, पृ. १०५)। २. गुणेण संकमो गुणसंकमो समए समए असंखेज्जगुणेण संकमणं गुणसंकमो वुच्चति असुभाणं कम्माणं। (कर्मप्र. चू. संक. ६६, पृ. १०५)। ३. अप्पमत्तादो उवरिमगुणठाणेसु बंधविरहिदपयडीणं गुणसंकमो सव्वसंकमो च होदि। (धव. पु. १६, पृ. ४०९)। ४. समयं पडि असंखेज्जगुणाए सेढीए जो पदेससंकमो सो गुणसंकमो त्ति भण्णदे। (जयध. ६, पृ. १७२)। ५. शुभप्रकृतिष्वशुभप्रकृतिदलिकस्य प्रतिक्षणमसंख्येयगुणवृद्धया विशुद्धिवशान्नयनं गुणसंक्रमः। (कर्मस्त. गो. वृ. २, पृ. ४)। ६. असुभाण पएसग्गं बज्झंतीसुं असंखगुणणाए। सेढीए अपुव्वाई छुभंति गुणसंकमो एसो॥ (पंचसं. च. संक. ७७, पृ. ७२)। ७. अशुभप्रकृतीनां प्रदेशाग्रं असंख्येयगुणवृद्धया अपूर्वकरणप्रवृत्ते[प्रभृते]रपूर्वकरणाद्या अबध्यमानानां बध्यमानासु यत् कर्मदलं संक्रामयन्त्येष गुणसंक्रमः इति। (पञ्चसं. स्वो. वृ. संक. ७७, पृ. ७२)। ८. पडिसमयमसंखगुणं दव्वं संकमदि अप्पसत्थाणं। बंधुज्झियपयडीणं बंधंतसजादिपयडीसु॥ (ल.सा. ३९७)। एत्तो गुणो अबंधे पयडीणं अप्पसत्थाणं। (गो. क. ४१६)। ९. अपूर्वकरणादयोऽपूर्वकरणप्रभृतयो अबध्यमानानामशुभप्रकृतीनां सम्बन्धि कर्मदलिकं प्रतिसमयमसंख्येयगुणतया बध्यमानासु प्रकृतिषु यत् प्रक्षिपन्ति स गुणसंक्रमः, गुणेन प्रतिसमयमसंख्येयलक्षणेन गुणकारेण संक्रमो गुणसंक्रमः। (कर्मप्र. मलय. वृ. संक. ६६, पृ. १०६)। १०. अबध्यमानानामशुभप्रकृतीनां सम्बन्धि प्रदेशाग्र प्रतिसमयमसंख्येयगुणनया श्रेण्या बध्यमानासु प्रकृतिष्वपूर्वकरणादयः—अपूर्वकरणगुणस्थानकादयो यत् छुभन्ति—संक्रमयन्ति स गुणसंक्रमः। गुणेन प्रतिसमयमसंख्येयलक्षणेन गुणकारेण संक्रमो गुणसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. संक. ७७, पृ. ७३)। ११. प्रतिसमयमसंख्येयगुणश्रेणिक्रमेण यत्प्रदेशसंक्रमणं तद् गुणसंक्रमणं नाम। (गो. क. जी. प्र. टी. ४१३)।

३ अप्रमत्त गुणस्थान से आगे के गुणस्थानों में बन्ध से रहित प्रकृतियों का गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम होता है। ५ विशुद्धि के वश प्रतिसमय असंख्यात गुणित वृद्धि के क्रम से अबध्यमान अशुभ प्रकृतियों के द्रव्य को जो शुभ प्रकृतियों में दिया जाता है, इसका नाम गुणसंक्रम है।

गुणस्थान—१. जेहिं दु लक्खिज्जंते उदयादिसु संभवेहिं (गो. क.—उवसमआदीसु जणिद)भावेहिं। जीवा ते गुणसण्णा णिद्दिट्ठा सव्वदरसीहिं॥ (पंचसं. १-३; गो. जी. ८; गो. क. ८१२)। २. तत्र गुणाः ज्ञान-दर्शन-चारित्ररूपा जीवस्वभावविशेषाः, स्थानं पुनरत्र तेषां शुद्धयशुद्धिप्रकर्षापकर्षकृतः स्वरूपभेदः, तिष्ठन्त्यस्मिन् गुणा इति कृत्वा यथाऽध्यवसायस्थानमिति, गुणानां स्थानं गुणस्थानमिति। (कर्मस्त. गो. वृ. २, पृ. २)। ३. ××× गुणसण्णा सा य मोह-जोगभवा। (गो. जी. २)।

१ कर्मों की उदयादि अवस्थाओं में होने वाले जिन भावों से जीव देखे जाते हैं उनकी 'गुण' यह संज्ञा है—वे गुणस्थान कहलाते हैं। २ शुद्धि-अशुद्धि के प्रकर्ष-अपकर्ष के द्वारा जो जीव के स्वभावभूत ज्ञान,दर्शन और चारित्ररूप गुणों के स्वरूप में भेद किया जाता है, इसे गुणस्थान कहते हैं।

गुणाधिक—१. सम्यग्ज्ञानादिभिः प्रकृष्टा गुणाधिकाः। (स. सि. ७-११)। २. सम्यग्ज्ञानादिभिः प्रकृष्टा गुणाधिकाः। सम्यग्ज्ञान-दर्शनादयो गुणास्तैः प्रकृष्टा गुणाधिका इति विज्ञायन्ते। (त. वा. ७, ११, ६)।

१ सम्यग्ज्ञान आदि गुणों में जो अपने से अधिक हैं उन्हें गुणाधिक कहते हैं।

गुप्त—गुत्ती णाम मणसा असोभणं संकप्पं वज्जयंतो वाया य कज्जमेत्तं भासंतो। (दशवै. चू. ८, पृ. २८०)।

मन में उत्पन्न होने वाले दुष्ट संकल्प को छोड़ कर वचन से केवल आवश्यक कार्य के लिये भाषण करने वाले पुरुष को गुप्त कहते हैं।

गुप्ति (गुत्ती)—१. सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः। (त. सू. ९-४)। २. यतः संसारकारणादात्मनो गोपनं सा गुप्तिः। (स. सि. ९-२)। ३. सम्यगिति विधानतो ज्ञात्वाभ्युपेत्य सम्यग्दर्शनपूर्वकं त्रिविधस्य योगस्य निग्रहो गुप्तिः। (त. भा. ९-४)। ४. छेत्तस्स वदी णयरस्स खाइया अहव होइ पायारो। तह पावस्स णिरोहो ताओ गुत्तीओ साहुस्स।

(भ. आ. ११८६)। ५. संसारकारणाद्गोपनाद् गुप्तिः। यतः संसारकारणात् आत्मनो गोपनं भवति सा गुप्तिः। (त. वा. ९, २, १)। ६. गुप्यतेऽनयेति, संरक्ष्यते ऽनयेत्यर्थः। (त. भा. हरि. वृ. ९, २)। ७. गोपनं गुप्तिः, स्त्रियां क्तिन् [पा. ३, ३, ९४], आगन्तुककर्म-कचवरनिरोध इति हृदयम्। (आव. नि. हरि. वृ. १०३)। ८. सावद्ययोगेभ्यः आत्मनो गोपनं गुप्तिः। (भ. आ. विजयो. १६); संसारस्य द्रव्य-क्षेत्र-काल-भव-भावपरिवर्तनस्य कारणं कर्म ज्ञानावरणादि, तस्मात् संसारकारणादात्मनो गोपनं रक्षा गुप्तिरित्याख्यायते, भावे क्तिः। अपादानसाधनो वा—यतो गोपनं सा गुप्तिः, गोपयतीति कर्तृसाधनो वा क्तिन्। (भ. आ. विजयो. ११५)। ९. संसारकारणगोपनाद् गुप्तिः। (त. श्लो. ९–२); योगानां निग्रहः सम्यग्गुप्तिः। (त. श्लो. ९–४)। १०. गुत्ती जोगणिरोहो ××× । (कार्तिके. ९७)। ११. योगानां निग्रहः सम्यग्गुप्तिरित्यभिधीयते। (त. सा. ६–४)। १२. निश्चयेन सहजशुद्धात्मभावनालक्षणे गूढस्थाने संसारकारणरागादिभयात् स्वस्यात्मनो गोपनं प्रच्छादनं झम्पनं प्रवेशनं रक्षणं गुप्तिः, व्यवहारेण बहिरङ्गसाधनार्थं मनोवचन-कायव्यापारनिरोधो गुप्तिः।(बृ. द्रव्यसं. टी. ३५, पृ.८७)। १३. सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्राणि गुप्यन्ते रक्ष्यन्ते यकाभिस्ताः गुप्तयः। अथवा मिथ्यात्वासंयमकषायेभ्यो गोप्यते रक्ष्यते आत्मा यकाभिस्ता गुप्तय इति। (मूला. वृ. ५–१३६)। १४. दोषेभ्यो गोपनं रक्षा व[व्र]तानां गुप्तिरिष्यते। (आचा. सा. ५, १३७)। १५. गोपनं गुप्तिः—मनःप्रभृतीनां कुशलानां प्रवर्तनमकुशलानां च निवर्तनमिति, आह च—मणगुत्तिमाइयाओ गुत्तीओ तिन्नि समयकेऊहिं। पवियारेयररूवा णिद्दिसाओ जओ भणियं॥ (स्थानां. अभय. वृ. ३, १, १२६)। १६. गोपनानि गुप्तयः—मनःप्रभृतीनामशुभप्रवृत्तिनिरोधनानि शुभप्रवृत्तिकरणानि च। (समवा. अभय. वृ. सू. ३, पृ. ६)। १७. गोपनं गुप्तिः—कर्मकचवरागमनिरोधः। (धर्मसं. मलय. वृ. ११७५, पृ. ३८९)। १८. गोप्तुं रत्नत्रयात्मानं स्वात्मानं प्रतिपक्षतः। पापयोगान्निगृह्णीयाल्लोकपंक्त्यादिनिस्पृहः॥ प्राकार-परिखावप्रैः पुरवद्रत्नभासुरम्। पापापायाद्यात्मानं मनोवाक्कायगुप्तिभिः॥ (अन. ध. ४, १५४–५५)।

१९. सावद्ययोगेभ्यः आत्मनो गोपनं रक्षणं निवारणं गुप्तिः। (भ. आ. मूला. १६)। २०. भवकारणात् मनोवाक्कायव्यापारात् आत्मनो गोपनं रक्षणं गुप्तिः। (त. वृत्ति श्रुत. ९–२); यः सम्यग्योगनिग्रहो मनोवाक्कायव्यापारनिरोधनं सा गुप्तिरित्युच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ९–४)। २१. योगानां मनोवचनकायानां निरोधो गोपनं गुप्तिः। (कार्तिके. टी. ९७)।

१ सम्यक् प्रकार से—सम्यग्दर्शनपूर्वक—मन, वचन व काय योगों के निग्रह करने को गुप्ति कहते हैं। २ संसार के कारण से—मिथ्यात्वादि से—आत्मा के संरक्षण का नाम गुप्ति है।

गुप्तिकर—गोपनं गुप्तिः कर्म-कचवरागमनिरोधः, तत्करणशीलो गुप्तिकरः। (धर्मसं. मलय. वृ. ११७५, पृ. ३८९)।

कर्मरूपी कचरे को भीतर न आने देने रूप गुप्ति के पालन करने वाले पुरुष को गुप्तिकर कहते हैं।

गुरु—१. अधोगमनहेतुर्गुरुः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५, २३)। २. गृणाति शास्त्रार्थमिति गुरुः। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ५; आ. प्र. टी. १)। ३. गृणन्ति शास्त्रार्थमिति गुरवः, धर्मोपदेशादिदातारः इत्यर्थः। (आव. नि. हरि. वृ. १७९)। ४. दीक्षादाताऽध्यापयिता श्रुताचार्यविवाचनः। दोषच्छेदी श्रुतान्ता[न्त्या]र्थो गुरुरित्यभिधीयते॥ यो यो गुणाधिको मूलगणगच्छादालंकृतः। स सर्वोऽप्युच्यते जैनैर्गुरुरित्युक्तितत्समर्थः॥ (नीतिसा. ८४–८५)। ५. रत्नत्रयविशुद्धः सन् पात्रस्नेही परार्थकृत्। परिपालितधर्मो हि भवाब्धेस्तारको गुरुः। (क्षत्रचू. २–३०)। ६. गृणाति शास्त्रार्थमिति व्युत्पत्त्या प्राप्तयथार्थाभिधानः स्व-परतंत्रवेदी पराशयवेदकः परहितनिरतो यतिविशेषो गुरुः। (उपदेशप. मु. वृ. २९)। ७. गुरुः स एव यो ग्रन्थैर्मुक्तो बाह्यैरिवान्तरैः। (धर्मसं. २१–१२९)। ८. महाव्रतधरा धीरा भैक्षमात्रोपजीविनः। सामायिकस्था धर्मोपदेशका गुरवो मताः॥ (योगशा. २–८); गृणन्ति सद्भूतं शास्त्रार्थमिति गुरवः। (योगशा. स्वो. विव. २–८)। ९. निरम्बरो निरारम्भो नित्यानन्दपदार्थिनः। धर्मदिक् कर्मधिक् साधुर्गुरुरित्युच्यते बुधैः॥ (रत्नमाला ८)। १०. गृणन्ति जीवादितत्त्वमिति गुरवः गौतमादयः। (श्राव. हरि. वृ. मल. हेम. टि. पृ. १)।

११. गृणाति यथावस्थितः प्रवचनार्थमिति गुरुः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १, पृ. ३)। १२. गृणन्ति यथावस्थितं शास्त्रार्थमिति गुरवो धर्मोपदेशदातारः। (आव. मलय. वृ. १७६)। १३. अर्थाद् गुरुः स एवास्ति श्रेयोमार्गोपदेशकः। भगवांस्तु यतः साक्षान्नेता मोक्षस्य वर्त्मनः॥ तेभ्योऽर्वागपि छद्मस्थरूपास्तद्रूपधारिणः। गुरवः स्युर्गुरोर्न्यायान्नान्योऽवस्थाविशेषभाक्॥ अस्त्यवस्थाविशेषोऽत्र युक्तिस्वानुभवागमात्। शेषसंसारिजीवेभ्यस्तेषामेवातिशायनात्॥ (लाटीसं. ४, १४२–४४; पंचाध्या. २, ६२०–२२)।

१ जो गुण अधोगमन का कारण होता है वह गुरु कहलाता है। ३ जो शास्त्र के अर्थ को ग्रहण कराता है—उसका व्याख्यान आदि करता है—उसे गुरु कहा जाता है। ४ जो दीक्षा देता है, अध्यापन कराता है, आचार्यादि वाचना को कर चुका है, निर्दोष होकर अभ्यन्तर प्रयोजन को सिद्ध करने वाला होता है; तथा जो गुणों में अधिक होता हुआ मूल, गण एवं गच्छ आदि से अलंकृत होता है उसे गुरु जानना चाहिए।

गुरुगति—पाषाणायःस्फालानां गुरुगतिः। (त. वा. ५, २४, २१)।

पाषाण और लोहखण्डों की गति को गुरुगति कहते हैं। यह दस प्रकार की क्रियाओं में से एक है।

गुरुत्व—गुरुत्वं वज्रादपि गुरुतरशरीरतया इन्द्रादिभिरपि प्रकृष्टबलैर्दुःसहता। (योगशा. स्वो. विव. १–८, पृ. ३७)।

जिस ऋद्धि के प्रभाव से वज्र से भी अतिशय महान् शरीर वाला होने से बलिष्ठ इन्द्रादि के द्वारा भी दुर्धर हो उसे गुरुत्व ऋद्धि कहते हैं।

गुरु नामकर्म—जस्स कम्मस्स उदएण सरीरपोग्गलाणं गुरुअभावो होदि तं गुरुअणामं। (धव. पु. ६, पृ. ७५)।

जिस कर्म के उदय से शरीरगत पुद्गलों में भारीपन हुआ करता है उसे गुरुनामकर्म कहते हैं।

गुरुविनय—१. श्रुतग्रहणं कुर्वतो गुरोर्विनयः कार्यः, विनयः अभ्युत्थान-पादधावनादिः। (दशवै. नि. हरि. वृ. १८४, पृ. १०४)। २. औचित्याद् गुरुवृत्तिर्बहुमानस्तत्कृतज्ञताचित्तम्। आज्ञायोगस्तत्सत्यकरणता चेति गुरुविनयः॥ (षोडश. १३–२)।

२ यथायोग्य गुरु की वैयावृत्ति आदि करना, गुरु के प्रति निर्मल अन्तःकरण से सद्भावना रखना, गुरु के द्वारा किये उपकार का सदा स्मरण रखना, उनकी आज्ञा का परिपालन करना तथा जिस कार्य के लिए कहा गया हो उसे यथार्थता से पूरा करना; यह सब गुरुविनय कहलाती है।

गुरूपास्ति—१. निर्व्याजया मनोवृत्त्या सानुवृत्त्या गुरोर्मनः। प्रविश्य राजवच्छश्वद् विनयेनानुरञ्जयेत्॥ (सा. ध. २-४६)। २. क्रियते गन्धपुष्पाद्यैर्गुरुपादाब्जपूजनम्। पादसंवाहनाद्यं च गुरूपास्तिर्मतास्त्यसौ॥ (भावसं. ५९८)।

१ निश्छल मनोवृत्तिपूर्वक राजा के समान गुरु की इच्छानुसार उसके मन को अनुरंजायमान करना, इसका नाम गुरूपास्ति है। २ गन्ध-पुष्प आदि के द्वारा गुरु के चरणों की पूजा के साथ पादमर्दन आदि करना, इसे गुरूपास्ति कहा जाता है।

गुह्यभाषण—तथा गुह्यं गूहनीयं न सर्वस्मै यत्कथनीयं राजादिकार्यसम्बद्धं तस्यानधिकृतेनैवाकारेङ्गितादिभिर्ज्ञात्वाऽन्यस्मै प्रकाशनं गुह्यभाषणम्। यथा—एते हीदमिदं च राजविरुद्धादिकं मंत्रयन्ते। अथवा गुह्यभाषणं पैशुन्यम्। यथा द्वयोः प्रीतौ सत्यामेकस्याकारादिनोपलभ्याभिप्रायमितरस्य तथा कथयति यथा प्रीतिः प्रणश्यति। (योगशा. स्वो. विव. ३–९१, पृ. ५५१)।

राजकार्यादि से सम्बद्ध जो बात सबसे नहीं कही जा सकती है ऐसी गुप्त बात को आकार व शारीरिक चेष्टा आदि से जानकर दूसरे से कहना कि 'ये राजा के विरुद्ध इस इस प्रकार का विचार कर रहे हैं', यह गुह्यभाषण कहलाता है। अथवा दो के मध्यगत प्रीति को नष्ट करने के लिए एक दूसरे की चुगली करना, इसे गुह्यभाषण कहते हैं। यह सत्याणुव्रत का एक अतिचार है।

गूढब्रह्मचारी—१. गूढब्रह्मचारिणः कुमारश्रमणाः सन्तः स्वीकृतागमाभ्यासा बन्धुभिर्दुःसहपरीषहैरात्मना नृपतिभिर्वा निरस्तपरमेश्वररूपा गृहवासरता भवन्ति। (चा. सा. पृ. २१; सा. ध. स्वो. टी. ७–१९)। २. कुमारश्रमणाः सन्तः स्वीकृतागमविस्तराः। बान्धवैर्धरणीनाथैर्दुःसहैर्वा परीषहैः॥ आत्मनैवाथवा त्यक्तपरमेश्वररूपकाः। गृहवासरता

ये स्युस्ते गूढब्रह्मचारिणः ॥ (धर्मसं. श्रा. ६–१६ व २०)।

जो कुमार अवस्था में साधुवेष को धारण कर आगम का अभ्यास करते हैं तथा पीछे बन्धु जनों या राजादि के आग्रह से, दुःसह परीषहों से डरकर, अथवा स्वयं ही साधुवेष को छोड़कर गृहस्थाश्रम को स्वीकार करते हैं उन्हें गूढ ब्रह्मचारी कहते हैं।

गूहन—तस्थ गूहणं किंचि कहणं भण्णइ। (दशवै. चू. पृ. २८५)।

छिपाने या कुछ प्रकट न करने को गूहन कहते हैं।

गृद्ध्रपृष्ठमरण—१. गेद्धपट्ठं णाम मृतशरीरमनुप्रविश्य गृद्ध्रद्वाराऽऽत्मानं भक्षयति। (उत्तरा. चू. पृ. १२६)। २. शस्त्रग्रहणेन यद् भवति तद् गिद्धपुट्ठमित्युच्यते। (भ. आ. विजयो. २५)। ३. गृध्रैः स्पृष्टं स्पर्शनं यस्मिंस्तद् गृध्रस्पृष्टम्, यदि वा गृध्राणां भक्ष्यं पृष्ठमुपलक्षणत्वादुदरादि च तद्भक्ष्यकरि-करभादिशरीरानुप्रवेशेन महासत्त्वस्य मुमूर्षोर्यस्मिंस्तत् गृद्ध्रपृष्ठम्। (स्थाना. अभय. वृ. २, ४, १०२); गद्धादिभक्खणं गद्धपट्ठमुब्बंधणादि वेहासं। एते दोन्नि वि मरणा कारणजाए अणुन्ना वा ॥ (स्थाना. अभय. वृ. पृ. ६४ उद्.)। ४. हस्तिकलेवरादिषु प्रविश्य मरणं गृद्ध्रपृष्ठमरणम्। (भ. आ. मूला. २५, पृ. ९०)। ५. गृध्राः प्रतीताः, ते आदिर्येषां शकुनिका-शिवादीनां तैर्भक्षणम्, गम्यमानत्वादात्मनः, तन्निवारणादिना तद्भक्ष्यकरि-करभादिशरीरानुप्रवेशेन च गृध्रादिभक्षणम्, ××× गृध्रैः स्पृष्टं स्पर्शनं यस्मिन् तद् गृध्रस्पृष्टम्, यदि वा गृध्राणां भक्ष्यं पृष्ठमुपलक्षणत्वादुदरादि च मर्तुर्यस्मिन् तद् गृध्रपृष्ठं, स ह्यलक्तकपूणिकापुटप्रदानेनात्मानं गृध्रादिभिः पृष्ठादौ भक्षयतीति। (प्रव. सारो. वृ. १०१६, पृ. ३००)।

१ मृत शरीर में प्रविष्ट होकर गीध के द्वारा अपना भक्षण कराने से जो मरण होता है उसे गृद्ध्रपृष्ठमरण कहा जाता है।

गृद्ध्रोलीन (गिद्धोलीण)—गिद्धोलीणं गृद्ध्रस्योर्ध्वंगमनमिव बाहू प्रसार्यावस्थानम्। (भ. आ. विजयो. व मूला. टी. २२१)।

गीध के ऊर्ध्वगमन के समान दोनों भुजाओं को फैला कर अवस्थित होने को गृद्ध्रोलीन कहा जाता है।

गृहकर्म—गिहाणि जिणघरादीणि, तेसु कयपडिमाओ गिहकम्मं, हय-हत्थि-णर-वराहादिसरूवेण घडिदघराणि गिहकम्ममिदि वुत्तं होदि। (धव. पु. ९, पृ. २४९–५०); गोपुराणं सिहरेहिंतो अभेदेण कट्ट-पत्थरादीहि चिदपडिमाओ गिहकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. १०); जिणहरादीणं चंदसालादिसु अभेदेण घडिदपडिमाओ गिहकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. २०२); मट्टियपिंडेण पासादेसु घडिदरूवाणि गिहकम्माणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ६); गृह (गिह) कट्टियाहि कयकुड्डा उवरि वंसिकच्छण्णा गिहा णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३९)।

जिनालय आदि को गृह कहा जाता है। उनमें जो मूर्तियों की रचना की जाती है, इसे गृहकर्म कहते हैं। अभिप्राय यह है कि घोड़ा, हाथी, मनुष्य और शूकर आदि के आकार से जो गृह रचे जाते हैं, इसे गृहकर्म कहा जाता है।

गृहकल्प—अण्णो पासंडिकओ गिहकप्पो गंथपरिकलिओ ॥ (भावसं. दे. १३२)।

ग्रन्थ परिग्रह संयुक्त वेष को गृहकल्प कहते हैं। यह कल्प पाखंडियों द्वारा किया गया है।

गृहत्यागक्रिया—गृहत्यागस्ततोऽस्य स्याद् गृहवासाद् विरज्यतः। योग्यं सूनुं यथान्यायमनुशिष्य गृहोज्झनम् ॥ (म. पु. ३९–७६)।

गृहवास से विरक्त होकर योग्य पुत्र को न्यायानुसार शिक्षा देते हुए गृह के परित्याग करने को गृहत्यागक्रिया कहते हैं।

गृहपति — गृहपति-वैदेहिकौ ग्रामकूटश्रेष्ठिनौ। (नीतिवा. १४–११)।

ग्रामकूट—गांव के मुखिया—को गृहपति कहा जाता है।

गृहमेधी—१. त्रि-चतुःपञ्चभिर्युक्ता गुण-शिक्षाणुभिर्व्रतैः। तत्त्वधी-रुचिसम्पन्ना श्रावका गृहमेधिनः ॥ (अमितश्रा. ७–२२)। २. पञ्चाणुव्रतसम्पन्ना गुण-शिक्षाव्रतोज्ज्वलाः। सम्यग्दर्शन-विज्ञाना श्रावका गृहमेधिनः ॥ (धर्मस. श्रा. ७–१५)।

१ जो सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान से सम्पन्न होकर

पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतों को धारण करते हुए कुछ अंश में पाप से सहित होते हैं उन्हें गृहमेधी—गृहस्थ श्रावक—कहा जाता है।

गृहस्थ—१. गृहम् अगारम्, तत्र तिष्ठन्तीति गृहस्थाः। (सूत्रकृ. शी. वृ. १-१४, पृ. २६५)। २. क्षान्तियोषिति यो सक्तः सम्यग्ज्ञानातिथिप्रियः। स गृहस्थो भवेन्नून मनोदैवतसाधकः ॥(उपासका. ८७३)। ३. नित्य-नैमित्तिकानुष्ठानस्थो गृहस्थः। (नीतिवा. २-१८)।

२ जो क्षमारूप स्त्री में आसक्त रहकर सम्यग्ज्ञानरूप अतिथि से प्रेम करता है तथा मनरूप देवता का साधक—उसे वश में रखने वाला—है उसे गृहस्थ कहते हैं। ३ श्रावकोचित नित्य और नैमित्तिक अनुष्ठानों के करने वाले मनुष्य को गृहस्थ कहते हैं।

गृहस्थधर्म—देखो गृहिधर्म। गृहे तिष्ठतीति गृहस्थः, तस्य धर्मो नित्य-नैमित्तिकानुष्ठानरूपः। (ध. बि. मु. वृ. १-१)।

घर में जो रहता है वह गृही या गृहस्थ कहलाता है। उसका धर्म नित्य और नैमित्तिक अनुष्ठान है।

गृहस्थाचार्य — क्रियास्वन्यासु शास्त्रोक्तमार्गेण करणं मता। (?) कुर्वन्नेवं क्रियां जैनो गृहस्थाचार्य उच्यते ॥ (रत्नमाला ५०)।

गृहस्थोचित अन्य क्रियाओं को शास्त्रोक्त मार्ग से कराने वाले आचार्य को गृहस्थाचार्य कहते हैं।

गृहिणी—गृहिणी कौलीन्यादिगुणालंकृता पत्नी। (सा. ध. स्वो. टी. १-११)।

कुलीनता आदि गुणों से अलंकृत पत्नी को गृहिणी कहते हैं।

गृहिधर्म—देखो गृहस्थधर्म। १ पंच य अणुव्वयाइं गुणव्वयाइं च होंति तिन्नेव। सिक्खावयाइं चउरो गिहिधम्मो बारसविहो अ ॥ (बशवै. नि. ६, २, २४६)। २. सोऽपि द्वादशव्रतधारण-यतिजनोपासनार्हद्दर्शन-दान-शील-तपोभावनासंश्रयादिभिरुपचीयमानः। (श्रा. वि. पृ. २)।

१ पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत इन बारह व्रतों के पालन को गृहिधर्म कहते हैं।

गृहिधर्मयोग्य गृही— १. संस्कारचतुर्दशकसंस्कृतो गृही गृहिधर्माय कल्पते। (श्रा. वि. पृ. ४२); धम्मरयणस्स जुग्गो अक्खुद्दो रूववं पगइसोमो। लोअप्पिओ अकूरो भीरू असढो सुदक्खिणो ॥ लज्जालुओ दयालू मज्झत्थो सोमदिट्ठी गुणरागी। सक्कहसपक्खजुत्तो सुदीहदंसी विसेसन्नू ॥ वुड्ढाणुगो विणीओ कयन्नुओ परहिअत्थकारी अ। तह चेव लद्धलक्खो इगवीसगुणो हवइ सड्ढो ॥ (श्रा. वि. पृ. ४२-४३ उद्.)। २. न्यायसंपन्नविभवः शिष्टाचारप्रशंसकः। कुल-शीलसमैः सार्द्धं कृतोद्वाहोऽन्यगोत्रजैः ॥ पापभीरुः प्रसिद्धं च देशाचारं समाचरन्। अवर्णवादी न क्वापि राजादिषु विशेषतः ॥ अनतिव्यक्तगुप्ते च स्थाने सुप्रतिवेश्मिके। अनेकनिर्गमद्वारविवर्जितनिकेतनः ॥ कृतसङ्गः सदाचारैर्मातापित्रोश्च पूजकः। त्यजन्नुपप्लुतं स्थानमप्रवृत्तश्च गर्हिते ॥ व्ययमायोचितं कुर्वन् वेषं वित्तानुसारतः। अष्टभिर्धीगुणैर्युक्तः शृण्वानो धर्ममन्वहम् ॥ अजीर्णे भोजनत्यागी काले भोक्ता च सात्म्यतः। अन्योन्याप्रतिबन्धेन त्रिवर्गमपि साधयन् ॥ यथावदतिथौ साधौ दीने च प्रतिपत्तिकृत्। सदानभिनिविष्टश्च पक्षपाती गुणेषु च ॥ अदेशाकालयोश्चर्यां त्यजन् जानन् बलाबलम्। वृत्तस्थज्ञानवृद्धानां पूजकः पोष्यपोषकः ॥ दीर्घदर्शी विशेषज्ञः कृतज्ञो लोकवल्लभः। सलज्जः सदयः सौम्यः परोपकृतिकर्मठः ॥ अन्तरङ्गारिषड्वर्गपरिहारपरायणः। वशीकृतेन्द्रियग्रामो गृहिधर्माय कल्पते ॥ (योगशा. १, ४७-५६)।

२ न्याय से—स्वामि-मित्रद्रोहादि से रहित होकर—धनका उपार्जन करने वाला, सदाचारप्रशंसक, समान कुल व शील वालों के साथ विवाह को करने वाला, पाप से भयभीत, देश के अनुकूल आचरण करने वाला, परनिन्दा से रहित; जो गृह न अतिव्यक्त हो—गृहान्तरों से दूरवर्ती हो—और न अतिगुप्त—गृहान्तरों से अतिशय घिरा हुआ हो—जहां पड़ोस अच्छा हो, तथा जो जाने-आने के बहुत द्वारों से रहित हो ऐसे गृह में रहने वाला; सत्संगति में तत्पर, माता-पिता का पूजक, निरुपद्रव स्थान में निवसित, निन्द्य आचरण से दूरवर्ती, आय के अनुसार व्यय एवं धन के अनुसार वेष करने वाला, आठ बुद्धिगुणों से सम्पन्न, प्रतिदिन धर्म को सुनने वाला, अजीर्ण होने पर भोजनत्यागी, समय पर सात्म्य—प्रकृतिके अनुकूल—भोजन

करने वाला, परस्पर के विरोध से रहित धर्मादि तीन पुरुषार्थों का साधक; अतिथि, साधु एवं दीन जन का यथोचित उपकार करने वाला, दुरभिनिवेश—दुष्ट अभिप्राय—से सदा दूर रहने वाला, गुणों का पक्षपाती, देश-काल के प्रतिकूल आचरण से रहित, बलाबल का ज्ञाता, व्रती व ज्ञानी जन का पूजक, पोष्यवर्ग—माता-पिता आदि—का पोषक, दीर्घदर्शी, विशेषज्ञ, कृतज्ञ, लोकवल्लभ, लज्जालु, दयालु, सौम्य—क्रूरता से रहित आकृति का धारक, पर-उपकारक, अन्तरङ्ग शत्रुरूप षड्वर्ग—काम, क्रोध, लोभ, मान, मद और हर्ष—का परित्याग करने वाला तथा जितेन्द्रिय; इन गुणों से युक्त मनुष्य गृहस्थधर्म का धारण करने वाला होता है।

गृहिलिङ्ग—गृहिलिङ्गं दीर्घकेश-कच्छाबन्धादिः। (त. भा. सि. वृ. १०–७)।

लम्बे केश रखने और कच्छा (कटिवस्त्र) बांधने आदि रूप गृहस्थों के वेष को गृहिलिङ्ग कहते हैं।

गृहिलिङ्गसिद्ध—१. गृहिलिङ्गे स्थिताः सन्तो ये सिद्धा ते गृहिलिङ्गसिद्धाः। (आव. नि. मलय. वृ. ७८)। २. गृहिलिङ्गे सिद्धाः गृहिलिङ्गसिद्धाः मरुदेवीप्रभृतयः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १–४, पृ. २२)।

१ गृहस्थ के वेष में स्थित होते हुए जिन्होंने सिद्धपद प्राप्त किया है उन्हें गृहिलिङ्गसिद्ध कहते हैं।

गृहिसंक्लिष्ट—गृहिसम्बन्धिनां तु द्विपद-चतुष्पद-धन-धान्यादीनां त(तृ)प्तिकरणप्रवृत्तो गृहिसंक्लिष्टः। एवंभूतः संसक्तोऽतिशयेनाविशुद्धत्वात संक्लिष्टोऽभिधीयते। (आव. ह. वृ. मल. हेम. टि. पृ. ८४)।

जो गृहस्थ सम्बन्धी दास-दासी आदि द्विपद, गाय-भैंस आदि चतुष्पद और धन-धान्यादि की तृप्ति—सन्तोषार्थ उनके संग्रह—में संलग्न रहता है, वह विशुद्धिरहित होने से गृहिसंक्लिष्ट कहलाता है।

गृहीतग्रहणाद्धा—अप्पिदपोग्गलपरियट्टब्भंतरे गहिदपोग्गलाणं चेय गहणकालो गहिदगहणद्धा णाम। (धव. पु. ४, पृ. ३३८)।

विवक्षित पुद्गलपरिवर्त के भीतर केवल गृहीत पुद्गलों के ग्रहण का जो काल है उसे गृहीतग्रहणाद्धा काल कहा जाता है।

गृहीतमिथ्यादर्शन—१. परोपदेशतो जातं तत्त्वार्थानामरोचनम्। गृहीतमुच्यते सद्भिर्मिथ्यादर्शनमङ्गिनाम्॥ (पंचसं. अमित. १–३०७)। २. संसर्गाज्जायते यच्च गृहीतं तच्चतुर्विधम्। (धर्मसं. श्रा. ४–३३)।

१ जो दूसरे के उपदेश से तत्त्वार्थ का अश्रद्धान होता है उसे गृहीतमिथ्यादर्शन कहते हैं।

गृहीशिता—शुभवृत्तिक्रियामंत्रविवाहैः सोत्तरक्रियैः॥ अनन्यसदृशैरेभिः श्रुतवृत्तिक्रियादिभिः। स्वमुन्नतिं नयन्नेष तदार्हति गृहीशिताम्॥ (म. पु. ३८, १४५,–४६); विशुद्धस्तेन वृत्तेन ततोऽभ्येति गृहीशिताम्। वृत्ताध्ययनसम्पत्त्या परानुग्रहणक्षमः॥ प्रायश्चित्तविधानज्ञः श्रुति-स्मृति-पुराणवित्। गृहस्थाचार्यतां प्राप्तस्तदा धत्ते गृहीशिताम्॥ (म. पु. ३९, ७३–७४)।

जो उत्तर क्रियाओं के साथ उत्तम वृत्ति, उत्तम क्रिया, मन्त्र और विवाह आदि के द्वारा उन्नति करता है वह गृहीशिता—गृहस्थों की प्रमुखता—के योग्य होता है।

गोचार—१. यथा सलील-सालंकारवरयुवतिभिरुपनीयमानघासो (चा. सा.—घासे) गौर्न तदङ्गगतसौन्दर्यनिरीक्षणपरः, तृणमेवात्ति, यथा वा तृणोलूप (चा. सा—तृणोलपं) नानादेशस्थं यथालाभमभ्यवहरति, न योजनासम्पदमवेक्षते तथा भिक्षुरपि भिक्षापरिवेषकजनमृदुललितरूप-वेष-विलासावलोकननिरुत्सुकः शुष्क-द्रवाहारयोजनाविशेषं चानवेक्षमाणः यथागतमश्नाति इति गौरिव चारो गोचार इति व्यपदिश्यते, तथा गवेषणेति च। (त. वा. ९, ६, १६; चा. सा. पृ. ३५)। २. कान्ताताण्यलावण्यलीलालोकन-जल्पन-। स्मेरास्याब्जपदन्यासविलासाद्यनिरीक्षणः। गौर्यथाऽत्ति तृणव्रातं क्षिप्तं भुञ्जीत यत्नतः। तथाऽन्नाद्यमनास्वाद्य गोचरज्ञो यथोचितम्॥ (आचा. सा. ५, १२५–२६)। ३. गोर्बलीवर्दस्येव चारोऽभ्यवहारो गोचारः प्रयोक्तृजनसौन्दर्यनिरीक्षणविमुखतया यथालाभमनपेक्षितस्वादोचितसंयोजनाविशेषं चाभ्यवहरणात्। (अन. ध. स्वो. टी. ९–४९)।

१ जैसे गाय घास डालने वाली स्त्री के अंगगत सौन्दर्य को नहीं देखकर केवल घास का ही भक्षण करती है अथवा अनेक देशों में स्थित जो भी तृणसमूह उपलब्ध होता है उसका ही उपभोग करती है, उसकी योजना को नहीं देखती उसी प्रकार साधु भी

आहार परोसने वाले के अंग व वेष-भूषा आदि पर दृष्टि न रखकर जैसा भी भोजन प्राप्त होता है उसे ग्रहण करते हैं। इसीलिये उसे गौ के समान वृत्ति होने से गोचार या गोचरी वृत्ति कहते हैं।

गोतीर्थ—गोतीर्थमिव गोतीर्थम्—क्रमेण नीचो नीचतरः प्रवेशमार्गः। (जीवाजी. मलय. वृ. ३, २, १७१ पृ. ३२५)।

जहां पर गाय-भैंस आदि पानी पीते हैं और जो ऊपर से नीचे की ओर ढालू होता है ऐसे नदी व तालाब आदि के घाट को गोतीर्थ कहते हैं। इस गोतीर्थ के समान जो लवण समुद्र के उभय पार्श्व भागों में क्रम से नीचे नीचे प्रवेशमार्ग से सहित स्थान है वह 'गोतीर्थ' नाम से प्रसिद्ध है।

गोत्र—१. उच्चैर्नीचैश्च गूयते शब्द्यत इति वा गोत्रम्। (स. सि. ८–४)। २. गूयते तदिति गोत्रम्। गूयते शब्द्यते तदिति गोत्रम्। (त. वा. ६, २५, ५); उच्चैर्नीचैश्च गूयते शब्द्यतेऽनेति गोत्रम्। (त. वा. ८, ४, २)। ३. गोत्रं उच्चनीचभेदलक्षणम्, तद् गच्छति प्राप्नोत्यात्मेति गोत्रम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–५); यदुदयाज्जीवो गच्छत्युच्चैर्नीचैश्च जातीरुच्चावचास्तद् गोत्रम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–१३)। ४. तथा गां वाचं त्रायत इति गोत्रम्, कश्चिदपि हि क्रिया कर्मव्युत्पत्त्यर्था, नार्थक्रियार्था इत्युच्चैर्नीचादिनिबन्धनमदृष्टमित्यर्थः। (श्रा. प्र. टी. ११)।५. गमयत्युच्च-नीचकुलमिति गोत्रम्, उच्च-नीचकुलेसु उप्पादओ पोग्गलक्खंधो मिच्छत्तादिपच्चएहि जीवसंबद्धो गोदमिदि उच्चदे। (धव. पु. ६, पृ. १३; पु. १३, पृ. २०)। ६. संताणकमेणागयजीवायरणस्स गोदमिदि सण्णा। (गो. क. १३)। ७. गोत्रं तु यथार्थकुलं वा। (विपाक. अभय. वृ., पृ. ८); गोत्रं आन्वयिकी संज्ञेति। (विपाक. अभय. वृ., पृ. ११)। ८. गोत्रं नाम तथाविधैकपुरुषप्रभवो वंशः। (योगशा. स्वो. विव. १–४७)। ९. गां त्रायत इति गोत्रम्, शुभाशुभां वाचमुच्चारणकालात्सरार्थप्रतिपत्तिजनकत्वात् पालयतीति यावद्, गूयते शुभाशुभता प्राणिनां यद्वशात् तद्वा गोत्रम्। (पंचसं. स्वो. वृ. ३-११६, पृ. ३३-३४)। १०. तथा गूयते शब्द्यते उच्चावचैः शब्दैर्यत्तद् गोत्रं उच्च-नीचकुलोत्पत्तिलक्षणः पर्यायविशेषः, तद्विपाकवेद्य कर्मापि गोत्रं कार्ये कारणोपचारात्, यद्वा कर्मणोऽपादानविवक्षा गूयते शब्द्यते उच्चावचैः शब्दैरात्मा यस्मात्कर्मण उदयात्तद् गोत्रम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २२–२८८, पृ. ४५४; प्रव. सारो. वृ. १२५०, पृ. ३५६)। ११. गूयते शब्द्यते उच्चावचैः शब्दैरात्मा यस्मात् कर्मणस्तद् गोत्रम्। (धर्मसं. मलय. वृ. ६०८)।

२ जिसके द्वारा जीव ऊंच और नीच कहा जाता है वह गोत्र कर्म कहलाता है। ५ मिथ्यात्व आदि कारणों के द्वारा जीव के साथ सम्बन्ध को प्राप्त हुआ जो कर्म-पुद्गलस्कन्ध उच्च अथवा नीच (लोकनिन्द्य) कुल में उत्पन्न कराता है, उसे गोत्र कहते हैं। ६ सन्तानक्रम से आये हुए आचरण का नाम गोत्र है।

गोदोहिका—१. गोदोहिगा गोदोहने आसनमिवासनम्। (भ. आ. विजयो. २२४)। २. पार्ष्णिभ्यां तु भुवस्त्यागे तस्याद् गोदोहिकासनम्। (योगशा. ४–१३२)। ३. गोदोहिगा गोदोहे आसनमिव पार्ष्णिद्वयमुत्क्षिप्याग्रपादाभ्यामासनम्। (भ. आ. मूला. २२४)।

१ गोदोहन के समय जिस प्रकार दोनों एड़ियों को ऊपर उठा कर बैठा जाता है, इस प्रकार के आसनविशेष को गोदोहिका कहा जाता है।

गोनिषद्या—देखो गोदोहिका। गोणिसेज्जा जंघाद्वयं संकोच्य गोरिवासनम्। (भ. आ. मूला. २२४)।

दोनों जंघाओं को संकुचित करके गाय के समान बैठने को गोनिषद्या कहते हैं।

गोनिषद्यार्धपर्यङ्क (गोणिसेज्जाद्धपलियंक)—गोणिसेज्जअद्धपलियंकं गोनिषद्या गवासनमिव अर्द्धपर्यंकम्। (भ. आ. विजयो. २२४)।

गाय के बैठने के समान अर्धपर्यंक आसन को गोनिषद्यार्धपर्यंक कहते हैं।

गोपुर—पायाराणं बारे घडिदगिहा गोवुरं णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३९)।

प्राकारों के द्वार पर जो गृह बनाये जाते हैं उन्हें गोपुर कहा जाता है।

गोमूत्रिकागति—१. गोमूत्रिकेव गोमूत्रिका। क उपमार्थः? यथा गोमूत्रिका बहुवक्रा तथा त्रिविग्रहा गतिर्गोमूत्रिका चातुःसामयिकी। (त. वा. २, २८, ४; धव. पु. १, पृ. ३००)। २. गोमुत्तिओ तिविग्गहो। (धव. पु. ४, पृ. ३०)।

गोमूत्र की तरह टेढ़ी-मेढ़ी तीन विग्रह वाली गति गोमूत्रिका गति कहलाती है। यह गति चार समय में परिपूर्ण होती है।

गोबरपीठ—छाणेण लेविदूण जाणि पीढा[ढा]णि किज्जंति ताणि गोवरपीढाणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४०)।

गोबर से लेप करके जो पीठ किये जाते हैं वे गोबर-पीठ कहलाते हैं।

गोवृत्तिक—गोवृत्तिकाः गोश्चर्यानुकारिणः। (अनु-यो. हरि. वृ. पृ. १७)।

गायों की चर्या का अनुकरण करने वाले अर्थात् जो गायों के समान निर्गमन, प्रवेश, स्थान और आसन आदि क्रियाओं को करते हैं तथा गायों के समान भोजन भी करते हैं वे गोवृत्तिक साधु कहलाते हैं।

गोवृषमुद्रा—बद्धमुष्टेर्दक्षिणहस्तस्य मध्यमातर्ज-न्योर्विस्फारितप्रसारणेन गोवृषमुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३२)।

दाहिने हाथ की मुट्ठी बांध करके मध्यमा और तर्जनी अंगुलि फैला कर पसारने को गोवृषमुद्रा कहते हैं।

गोसर्ग—देखो गोसर्गिककाल।

गौण—से किं तं गोण्णे? २ खमइत्ति खवणो तवइत्ति तवणो जलइत्ति जलणो पवइत्ति पवणो से तं गोण्णे। (अनुयो. सू. १३०, पृ. १४०)।

क्षमाशील होने से क्षमण, तापकारक होने से तपन, जलाने से ज्वलन और बहने से पवन; इन नामों को क्रमशः क्षमादि गुण के अनुसार निष्पन्न होने से गौण नाम कहा जाता है।

गौण काल—गौणकालस्तु पर्यायस्थितिः स्यात् समयादिका। (आचा. सा. ३–२३)।

पर्यायों की स्थितिस्वरूप समय व आवली आदि को गौण काल या व्यवहार काल कहते हैं।

गौण प्रत्यक्ष—गौणं तु संव्यवहारनिमित्तमसर्व-पर्यायद्रव्यविषयमिन्द्रियानिन्द्रियप्रभवमस्मदाद्यध्यक्षं विशदमुच्यते। (सन्मति. अभय. वृ. २–१, पृ. ५५२)।

इन्द्रिय और मन के आश्रय से उत्पन्न होने वाला हम जैसों का जो प्रत्यक्ष निर्मल होकर समीचीन व्यवहार का कारण है तथा सब द्रव्यों और उनकी पर्यायों को विषय नहीं करता है—द्रव्य की कुछ ही पर्यायों को ग्रहण करता है—उसे गौण प्रत्यक्ष कहते हैं।

गौण्य—१. गुणानां भावो गौण्यम्। तद् गौण्यं पदं स्थानमाश्रयो येषां नाम्नां तानि गौण्यपदानि। यथा आदित्यस्य तपनो भास्कर इत्यादीनि नामानि। (धव. पु. १, पृ. ७४); गुणेण णिप्पण्णं गोण्णं। जहा सूरस्स तवण-भक्खर-दिणयरसण्णा। (धव. पु. ६, पृ. १३५)। २. गुणेण णिप्पण्णं गोण्णं। जहा सूरस्स तवण-भक्खर-दिणयरसण्णाओ। वड्ढमाण-जिणिंदस्स सव्वण्हु-वीयराय-अरहंत-जिणादिसण्णा-ओ। (जयध. १, पृ. ३१)।

१ जो पद गुण के आश्रय से निष्पन्न होते हैं, उन्हें गौण्य पद कहा जाता है। जैसे—सूर्य के तपन और भास्कर आदि नाम।

गौतम—गौतमाः— लघुतराक्षमालार्चितविचित्र-पादपतनादिशिक्षाकलापवद्वृषभकोपायतः कणभि-क्षाग्राहिणः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १७)।

अतिशय छोटी अक्षमाला से लिप्त विचित्र पैरों के पतनादि की शिक्षा से युक्त बैल के आश्रय से भिक्षा के ग्रहण करने वाले तापसों को गौतम कहा जाता है।

गौरव—गुणावबोधप्रभवं हि गौरवम् ××× ॥ (द्वात्रिंशिका ६–२८)।

गुणों के ज्ञान से जो महानता उत्पन्न होती है उसे धर्म का गौरव कहते हैं।

गौरववन्दनक—१. ××× गारवं सिक्खाबि-णीओऽहं। (प्रव. सारो. १६२)। २. शिक्षा वन्दन-कप्रदानादिसामाचारीविषया, तस्यां विनीतः कुशलो-ऽहमित्यवगच्छन्त्स्वमी सर्वेऽपि साधव इत्यभिप्रायवान् यथावदावर्ताद्याराधयन् यत्र वन्दते तद् गौरववन्द-नकमित्यर्थः। (प्रव. सारो. वृ. १६२, पृ. ३७)।

वन्दना देने आदि की सामाचारी (अनुष्ठानविशेष) विषयक शिक्षा में 'मैं विनीत व दक्ष हूं' ऐसा सभी साधु समझ लें; इस अभिप्राय से जो यथायोग्य आवर्त आदि का आराधन करते हुए जहां वन्दना की जाती है, यह गौरववन्दनक दोष कहलाता है। यह वन्दना के ३२ दोषों में १४वां दोष है।

गौरववन्दनादोष—१. गारवं गौरवम् आत्मनो माहात्म्या[स्यमा] सनादिभिराविःकृत्य रस-सुख-हेतोर्वा यो वन्दनां करोति तस्य गौरववन्दनादोषः।

(मूला. वृ. ७–१०७)। २. गौरवं स्वस्य महिमन्याहारादावथ स्पृहा ॥ (अन. ध. ८–१०३)। ३. गौरवाद्वन्दनकसमाचारीकुशलोऽहमिति गर्वादन्येऽप्यवगच्छन्तु मामिति यथावदावर्तादीनाराधयतो वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)।

१ आसन आदि के द्वारा अपने गौरव को प्रकट करके अथवा रस और सुख के हेतु से आचार्य की वन्दना करने वाले के गौरव नामक वन्दनादोष होता है।

गौसर्गिककाल—गवां पशूनां सर्गो निर्गमो यस्मिन् काले स कालो गोसर्गः। गोसर्ग एव गौसर्गिको द्विघटिकोदयादूर्ध्वंकालो द्विघटिकासहितः मध्याह्नात् पूर्वः। (मूला. वृ. ५–७३)।

गायों के निकलने के काल को गौसर्गिक काल कहते हैं, अर्थात् दो घड़ी सूर्योदय के पश्चात् और मध्याह्न से दो घड़ी पूर्व के काल का नाम गौसर्गिक काल है।

ग्रन्थ—१. ग्रथ्यतेऽनेनास्मादस्मिन्निति वाऽर्थ इति ग्रन्थः। (आव. नि. हरि. वृ. १३०, पृ. ८७)। २. विप्रकीर्णार्थग्रथनाद् ग्रन्थः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. २२)। ३. गणहरदेवविरइददव्वसुदं गंथो। (धव. पु. ६, पृ. २६०); अरहंतवुत्तत्थो गणहरदेवगंथिओ सद्दकलाओ गंथो। (धव. पु. ६, पृ. २६८); आयरियाणमुवएसो गंथो। (धव. पु. १४, पृ. ८)। ४. ग्रथ्नन्ति रचयन्ति दीर्घीकुर्वन्ति संसारमिति ग्रन्थाः। (भ. आ. विजयो. व मूला. ४३)।

१ जिसके द्वारा, जिससे अथवा जिसमें अर्थ को गूंथा जाता है वह ग्रन्थ कहलाता है। ४ जो संसार को लंबा करते हैं उन्हें ग्रन्थ (परिग्रह) कहा जाता है।

ग्रन्थकर्ता—बीजपदणिलीणत्थपरूवयाणं दुवालसंगाणं कारओ गणहरभडारओ गंथकत्तारओ। × × × बीजपदाणं वक्खाणओ त्ति। (धव. पु. ६, पृ. १२७)।

बीजपदों में निहित अर्थ के प्ररूपक बारह अंगों के कर्ता व बीजपदों के व्याख्याता गणधर भट्टारक को ग्रन्थकर्ता कहा जाता है।

ग्रन्थकृति—जा सा गन्थकदी णाम सा लोए वेदे समये सद्दपबंधणा अक्खरकव्वादीणं जा च गंथरचणा कीरदे सा सव्वा गंथकदी णाम। (ष. खं. ४, १, ६७—धव. पु. ६, पृ. ३२१)।

लोक, वेद अथवा समय विषयक जो शब्दप्रबन्ध रूप रचना की जाती है, तथा अक्षरात्मक काव्यादिकों की भी जो रचना की जाती है, उसे ग्रन्थकृति कहते हैं। लोक से यहाँ हस्ती, अश्व, तंत्र, कौटिल्य एवं वात्सायन आदि शास्त्र; वेद से द्वादशांग और समय से नैयायिक-वैशेषिकादि दर्शन अभीष्ट रहे हैं।

ग्रन्थसम—गणहरदेवविरइददव्वसुदं गंथो, तेण समं सह वट्टदि उप्पज्जदि त्ति बोहिय-बुद्धाइरियेसु ट्ठिदबारहंगसुदणाणं गंथसमं। (धव. पु. ६, पृ. २६०); अरहंतवुत्तत्थो गणहरदेवगंथिओ सद्दकलाओ गंथो णाम। तत्तो समुप्पण्णो भद्दबाहुआदियेरेसु वट्टमाणो कदिअणियोगो गंथेण सह उत्तीदो गंथसमं णाम। (धव. पु. ६, पृ. २६८)।

अरहन्त के द्वारा जिसका अर्थ कहा गया है तथा गणधर देव के द्वारा जो ग्रथित किया गया है, ऐसे शब्दसमूह का नाम ग्रन्थ है। उस शब्दसमूह रूप ग्रन्थ से जो बोधितबुद्ध आचार्यों के—भद्रबाहु आदि स्थविरों के—द्वादशांग श्रुत का ज्ञान रहा है, वह ग्रन्थ के साथ उत्पन्न होने से ग्रन्थसम कहलाता है।

ग्रन्थि—१. गंठि त्ति सुदुब्भेतो कक्खड-घण-रूढ-गूढगण्ठिव्व। जीवस्स कम्मजणितो घणरायद्दोसपरिणामो ॥ (विशेषा. भा. ११९२)। २. राग-द्वेषपरीणामो दुर्भेदो ग्रन्थिरुच्यते। (योगशा. स्वो. विव. १–१७)।

१ जिस प्रकार किसी वृक्षविशेष की कठोर गांठ अतिशय दुर्भेद्य होती है उसी प्रकार कर्मोदय से उत्पन्न जो जीव के घनीभूत राग-द्वेष परिणाम उस गांठ के समान दुर्भेद्य होते हैं, उन्हें ग्रन्थि कहा जाता है।।

ग्रन्थिम—गंथणकिरियाणिप्फण्णं फुल्लमादिदव्वं गंथिमं णाम। (धव. पु. ६, पृ. २७२)।

ग्रथन क्रिया से सिद्ध होने वाले पुष्पमाला आदि रूप द्रव्य को ग्रन्थिम कहा जाता है।

ग्रहण—१. ग्रहणं शास्त्रार्थोपादानम्। (नीतिवा. ५–४७; योगशा. स्वो. विव. १–५१, पृ. १५२)। २. ग्रहणं सद्गुरूपदिष्टार्थविज्ञानम्। (भ. आ. मूला. ४३१)।

१ शास्त्र के अर्थ के उपादान—आत्मसात् करने—

को ग्रहण कहा जाता है। यह आठ बुद्धिगुणों में से एक है।

ग्रहसम—प्रथमतो वंश-तन्त्र्यादिभिर्यः स्वरो गृहीतस्तत्समेन स्वरेण गीयमानं ग्रहसमम्। (अनुयो. मल. हेम. वृ. गा. ५०, पृ. १३२)।

बांसुरी व वीणा आदि से निकले हुए स्वर को पहले ग्रहण करके पीछे उसी स्वर के समान स्वर से गाये जाने वाले गीत को ग्रहसम कहते हैं।

ग्राम—१. तत्र ग्रसति बुद्ध्यादीन् गुणान् इति ग्रामः। (दशवै. हरि. वृ. ४–६, पृ. १४७)। २. वृतिपरिवृतो ग्रामः (धव. पु. १३, पृ. ३३६)। ३. ग्रामो जनपदाश्रितः सन्निवेशविशेषः। (प्रश्नव्या. अभय. वृ. पृ. १७५)। ४. ग्रामो जनपदाध्यासितः। (औपपा. अभय. वृ. ३२, पृ. ७९)। ५. वृत्यावृतो ग्रामः। (नि. सा. टी. ५८)। ६. ग्रसति बुद्ध्यादीन् गुणानिति, यदि वा गम्यः शास्त्रप्रसिद्धानामष्टादशानां कराणामिति ग्रामः। (जीवाजी. मलय. वृ. सू. ३६, पृ. ३९, तथा सू. १४७, पृ. २७९)।

१ जो बुद्धि आदि गुणों को ग्रसता है—जहां कृषक आदि मन्दबुद्धि जन रहते हैं, विशेष बुद्धिमान् जन नहीं रहते—उसे ग्राम कहते हैं। २ कांटों की वृति (बारी) से घिरे हुए घरों के समुदाय को ग्राम कहा जाता है। ६ जो शास्त्रप्रसिद्ध अठारह प्रकार के करों (टैक्सों) का गम्य है वह ग्राम कहलाता है।

ग्रामदाह—ग्रामदाहोऽग्निना दाहे ग्रामस्य × × ×। (अन. ध. ५–५७); ग्रामदाहो नाम भुक्तिविघ्नः स्यात्। क्व सति? अग्निना दाहे ग्रामस्य—स्वाध्यासितग्रामे दह्यमाने सति। (अन. ध. स्वो. टी. ५–५७)।

अपने द्वारा अधिष्ठित गांव के जलने को ग्रामदाह कहते हैं। यह भोजन के अन्तरायों में से एक है।

ग्राहकशुद्ध दान—१. तत्र ग्राहकशुद्धं तु यत्र गृहीता चारित्रगुणयुक्तः। (विपाक. अभय. वृ. २–१, पृ. ६३)। २. सावद्ययोगविरतो गौरवत्रयवर्जितः। त्रिगुप्तः पंचसमितो राग-द्वेषविनाकृतः॥ निर्ममो नगरवसत्यङ्गोपकरणादिषु। ततोऽष्टादशशीलाङ्गसहस्रधरणोद्धुरः॥ रत्नत्रयधरो धीरः समकाञ्चनलोष्ठकः। शुभध्यानद्वयस्थास्नुर्जिताक्षः कुक्षिसंबलः॥ निरन्तरं यथाशक्तिनानाविधतपःपरः। संयमं सप्तदशधा धारयन्नविखण्डितम्॥ अष्टादशप्रकारं च ब्रह्मचर्यं समाचरन्। यत्रेदृक् ग्राहको दानं तत् स्याद् ग्राहकशुद्धिमत्॥ (त्रि. श. पु. च. १, १, १७८ से १८२)।

२ जो सर्वसावद्य योगसे विरत, तीन प्रकारके गौरव से रहित, तीन गुप्तियों व पांच समितियों से युक्त, राग-द्वेष से रहित; नगर, वसति, शरीर और उपकरणादि विषयक ममता से रहित; अठारह हजार शीलों के धारण में कुशल, रत्नत्रय का धारक, सुवर्ण व ढेले को समान समझने वाला, दो उत्तम ध्यानों (धर्म्य व शुक्ल) का ध्याता, यथाशक्ति निरन्तर नाना प्रकार के तप में निरत, निर्दोष सात प्रकार के संयम का धारक और अठारह प्रकार के ब्रह्मचर्य का परिपालक होता है; ऐसा साधु जिस दान का ग्राहक हो उसे ग्राहकशुद्ध दान कहा जाता है।

ग्रीवाधोनयन— × × × शिरोधेर्बहुधाप्यधः॥ (अन. ध. ८–११९); बहुधा बहुभिः प्रकारैः, अप्यधः अधस्तादपि बहुधा ग्रीवानयनम् × × × ग्रीवाधोनयनं दोषः। (अन. ध. स्वो. टी. ८-११९)।

कायोत्सर्ग करते समय बार-बार शिर के नीचा करने को ग्रीवाधोनयन दोष कहते हैं। यह कायोत्सर्ग के ३२ दोषों में २१वां दोष है।

ग्रीवोर्ध्वनयन— × × × ऊर्ध्वं नयनं शिरोधेः × × ×॥ (अन. ध. ८–११९); शिरोधेर्ग्रीवाया ऊर्ध्वं नयनं × × × ग्रीवोर्ध्वनयनं दोषः। (अन. ध. स्वो. टी. ८–११९)।

कायोत्सर्ग करते समय ग्रीवा के ऊपर करने को ग्रीवोर्ध्वनयन दोष कहते हैं।

ग्रैवेयक— १. लोकपुरुषस्य ग्रीवास्थानीयत्वात् ग्रीवाः, ग्रीवासु भवानि ग्रैवेयकाणि विमानानि, तत्साहचर्यादिन्द्रा अपि ग्रैवेयकाः। (त. भा. ४, १९, २)। २. लोकपुरुषग्रीवास्थाने भवानि ग्रैवेयकाणि विमानानि। (आव. नि. हरि. वृ. ५० व ६५)। ३. ग्रैवेयकास्तु लोकपुरुषस्य ग्रीवाप्रदेशविनिविष्टा ग्रीवाभरणभूता ग्रैवा ग्रीव्या ग्रैवेया ग्रैवेयका इति। (त. भा. सि. ४–२०)।

१ लोकरूप पुरुष के ग्रीवास्थान पर अवस्थित विमानों को ग्रैवेयक कहा जाता है। उन विमानों

में रहने से वहां के इन्द्र भी ग्रैवेयक कहलाते हैं।

ग्लान—१. रुजादिक्लिष्टशरीरो ग्लानः। (स. सि. ६-२४; श्लो. वा. ६-२४; चा. सा. पृ. ६६; भावप्रा. टी. ७८)। २. रुजादिविक्लिष्टशरीरो ग्लानः। रुजादिभिः क्लिष्टशरीरो ग्लान इत्युच्यते। (त. वा. ६, २४, ७)। ३. ग्लानो मन्दोऽपटुर्व्याध्यभिभूतः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-२४)। ४. ग्लानो रोगादिभिरसमर्थः। (स्थाना. अभय. वृ. ३, ४, २०८)। ५. रोगादिक्लिष्टशरीरो ग्लानः। (योगशा. स्वो. विव. ४-९०)। ६. रोगादिपीडितशरीरो ग्लानः। (त. वृत्ति श्रुत. ६-२४; कार्तिके. टी. ४५७)।

१ जिसका शरीर रोग आदि से अभिभूत हो उसे ग्लान कहा जाता है। ३ जो मन्द, अपटु व व्याधि से पराभूत है वह ग्लान कहलाता है।

घटिका—१. जलभाजनादिबहिरङ्गनिमित्तभूतपुद्गलप्रकटीक्रियमाणा घटिका। (पंचा. का. अमृ. वृ. २५)। २. द्वात्रिंशत्कलाभिर्घटिका। (नि. सा. वृ. ३१)। ३. पञ्चदशकलाः घटिका। (काव्यानु. ५-६४)।

१ जलपात्र आदि रूप बाह्य निमित्तभूत पुद्गलों के द्वारा जो प्रगट की जाती है उसे घटिका(कालविशेष) कहा जाता है। २ बत्तीस कला प्रमाण काल को घटिका या घड़ी कहते हैं। ३ पन्द्र कलाओं की एक घटिका होती है।

घटोत्पादानुभाग — छदव्वाणं सत्ती अणुभागो णाम। ××× [मट्टिया] पिंड-दंड-चक्क-चीवर-जल-कुंभारादीण घडुप्पायणाणुभागो। (धव. पु. १३, पृ. ३४९)।

छह द्रव्यों की शक्ति का नाम अनुभाग है। जैसे—मिट्टी का पिण्ड, दण्ड, चक्र, चीवर, जल और कुम्हार; इन सब में संयुक्त रूप से जो घट के उत्पादनविषयक शक्ति है; यह उनका घटोत्पादन-अनुभाग है।

घण्टामुद्रा — अधोमुखवामहस्ताङ्गुलीर्घण्टाकाराः प्रसार्य दक्षिणेन मुष्टिं बद्ध्वा तर्जनीमूर्ध्वां कृत्वा वामहस्ततले नियोज्य घण्टावच्चालनेन घण्टामुद्रा। (निर्वाणक. १९, ६, ८, पृ. ३१)।

बायें हाथ की अंगुलियों को नीचे की ओर मुख करके घण्टा के आकार में पसार कर उसके नीचे दाहिने हाथ की मुट्ठी बांधकर और तर्जनी को ऊंची उठाकर बाईं हथेली के नीचे रखकर घण्टा के समान हिलाने को घण्टामुद्रा कहते हैं।

घन—१. ताल-घण्टा-लालनाद्यभिघातजो घनः। (स. सि. ५-२४; त. वा. ५, २४, ६)। २. घनः कांस्यभाजन-काष्ठशलाकादिजन्यः। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ५-२४)। ३. घनं तालसमुत्थितम्। (पद्मपु. २४-२०)। ४. घणो णाम जयघंटादिघणदव्वाणं संघादुट्ठाविदो सद्दो। (धव. पु. १३, पृ. २२१)। ५. कांस्यतालादिजो घनः। (त. श्लो. ५-२४)। ६. घनं कंसिकादि। (रायप. अभय. वृ. पृ. ९६)। ७. ताल-कंसतालनाद्यभिघातजातः। (त. वृत्ति श्रुत. ५-२४)।

१ ताल (कंसिका), घण्टा और लालन आदि के ताडन से जो शब्द होता है उसे घन कहते हैं। २ कांसे के बर्तन आदि से उत्पन्न होने वाले शब्द का नाम घन है।

घनलोक—१. स(प्रतरलोकः) एवाऽपरया जगच्छ्रेण्या संवर्गितो घनलोकः। (त. वा. ३, ३८, ८)। २. सत्तरज्जुघणपमाणो लोगो घणलोगो। (धव. पु. ४, पृ. १८); रज्जू सत्तगुणिदा जगसेढी, सा वग्गिदा जगपदरं, सेढीए गुणिदजगपदरं घणलोगो त्ति परियम्मसुत्तेण सव्वाइरियसंमदेण विरोहपसंगादो च। (धव. पु. ४, पृ. १८४ उद्.; धव. पु. ७, पृ. ३७२ उद्.)।

२ सात राजु प्रमाण आकाश की प्रदेशपंक्ति को जगश्रेणी, जगश्रेणी के वर्ग को जगप्रतर और जगप्रतर को जगश्रेणी से गुणित करने पर घनलोक होता है।

घनाङ्गुल—१. ××× घणे घणंगुलं लोगो। (ति. प. १-१३२)। २. तत्प्रतराङ्गुलमपरेण सूच्यङ्गुलेनाभ्यस्तं घनाङ्गुलम्। (त. वा. ३, ३८, ८)। ३. पदरंगुलं उस्सेधेण गुणिदे घणगुलं होदि। (धव. पु. ४, पृ. ४३)।

२ प्रतरांगुल को दूसरे सूच्यंगुल से गुणित करने पर घनाङ्गुल होता है।

घातक्षुद्रभवग्रहण—णिसेयखुद्दाभवग्गहणादो आवलियाए असंखेज्जदिभागेणूणजीवणियकालो णिसेयखुद्दाभवग्गहणस्स संखेज्जे भागे घादिदूण दुविदसंखे-

उवरिमभागो वा घादखुद्दाभवग्गहणं। (धव. पु. १४, पृ. ३६२)।

निषेकक्षुद्रभवग्रहण से आवली के असंख्यातवें भाग कम जो जीवनकाल है उसे, अथवा निषेकक्षुद्रभवग्रहण के संख्यात बहुभागों को घातकर स्थापित संख्यातवें भाग को घातक्षुद्रभवग्रहण कहते हैं।

घातसत्त्वस्थान (घादसंतट्ठाण)—घादसंतट्ठाणं णाम बंधसरिसग्रट्ठंक-उव्वंकाणं विच्चाले हेट्ठिम-उव्वंकादो अणंतगुणं उवरिमअट्ठंकादो अणंतगुणहीणं होदूण चेट्ठदि। (धव. पु. १२, पृ. १३०)।

बन्धसदृश अष्टांक और ऊर्वक के मध्य में अधस्तन ऊर्वक से अनन्तगुणा और उपरिम अष्टांक से अनन्तगुणा हीन होकर जो सत्त्वस्थान अवस्थित होता है उसे घातसत्त्वस्थान कहते हैं।

घातिकर्म—१. णाणावरण-दंसणावरण-मोहणीय-अंतराइयाणि घादिकम्माणि, केवलणाण-दंसण-सम्मत्त-चरित्त-वीरियाणमणेयभेयभिण्णाणं जीवगुणाणं विरोहित्तणेण तेसिं घादिववदेसादो। (धव. पु. ७, पृ. ६२)। २. तत्र घातीनि चत्वारि कर्माण्यन्वर्थसंज्ञया। घातकत्वाद् गुणानां हि जीवस्यैवेति वाक्स्मृतिः॥ (पंचाध्या. २–९९८)।

१ क्रम से केवलज्ञान, केवलदर्शन, सम्यक्त्व व चारित्र तथा वीर्य रूप जीवगुणों के घातक ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय इन चार कर्मों को घातिकर्म कहा जाता है।

घुणाक्षरन्याय—१. स घुणाक्षरन्यायो यन्मूर्खेषु मंत्रपरिज्ञानम्। (नीतिवा. १०–९३, पृ. १३४)। २. घुणः कृमिविशेषः, स शनैः काष्ठं भक्षयति, तेन तस्य भक्ष्यमाणस्य विचित्रा रेखा भवन्ति; तासां मध्यात् काचिद्रेखा ऽक्षराकारा भवति। (नीतिवा. टी. १०–९३)।

घुन के कीड़े द्वारा खाये जाने वाले काष्ठ में किसी अक्षर के आकार के बन जाने के समान—जो प्रायः असम्भव है—यदि कदाचित् कोई कार्य सिद्ध हो जाता है तो उसे 'घुणाक्षरन्याय से सिद्ध माना जाता है।

घृतस्रावी—१. रिसिपाणितलणिखित्तं रुक्खाहारादियं पि खणमेत्ते। पावेदि सप्पिरूवं जीए सा सप्पियासवी रिद्धी॥ अहवा दुक्खप्पमुहं सवणेण मुणिवरिंदवयणस्स। उवसामदि जीवाणं एसा सप्पियासवी रिद्धी॥ (ति. प. ४, १०८६–८७)। २. येषां पाणिपात्रगतमन्नं रूक्षमपि सर्पीरसवीर्य-विपाकानाप्नोति, सर्पिरिव वा येषां भाषितानि प्राणिनां सतर्पकाणि भवन्ति ते सर्पिरास्राविणः। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०४)। ३. येषां पाणिपात्रगतमन्नं रूक्षमपि घृतरसपरिणामि भवति, वचनानि श्रोतृणां घृतपानस्वादं जनयन्ति, ते घृतस्राविणः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से हाथ पर रखा हुआ रूक्ष भी आहार आदि क्षण मात्र में घृत रसवाला हो जाता है, अथवा जिसके प्रभाव से साधु के मुख से निकले हुए दिव्य वचन के सुनने से दुखी जनों का दुःख आदि नष्ट हो जाता है उसे घृतस्रावी या सर्पिस्रावी ऋद्धि कहते हैं।

घृतास्रव—घृतमिव वचनमास्रवन्तीति घृतास्रवाः। (आव. नि. मलय. वृ. ७५, पृ. ८०)।

जिनके वचन घी के समान निकलते हैं वे घृतास्रव कहलाते हैं।

घोटकदोष—१. घोटकस्तुरगः, स यथा एकं पादमुत्क्षिप्य विनम्य वा तिष्ठति तथा यः कायोत्सर्गेण तिष्ठति तस्य घोटकसदृशो घोटकदोषः। (मूला. वृ. ७–१७१)। २. आकुञ्चितैकपादस्य घोटकस्येव स्थानं घोटकदोषः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०)। ३. कायोत्सर्गमलोऽस्त्येकमुत्क्षिप्याङ्घ्रि वराश्ववत्। तिष्ठतोऽश्वः ××× ॥ (अन. ध. ८–११२)।

१ घोड़े के समान एक पांव को उठाकर जो कायोत्सर्ग से स्थित होता है, यह घोटक नामका कायोत्सर्ग का दोष है।

घोरगुण—घोरा रउद्दा गुणा जेसिं ते घोरगुणा। कधं चउरासीदिलक्खगुणाणं घोरत्तं ? घोरकज्जकारिसत्तिजणणादो। (धव. पु. ९, पृ. ९३)।

जो महर्षि घोर—भयानक कार्यों को करने वाली शक्ति के जनक—गुणों से संयुक्त होते हैं वे घोरगुण ऋद्धि के धारक होते हैं।

घोरतप—१. जलसूलप्पमुहाणं रोगेणच्चंतपीडिअंगा वि। साहंति दुद्धरतवं जीए सा घोरतवरिद्धी॥ (ति. प. ४–१०५५)। २. वात-पित्त-श्लेष्म-सन्निपातसमुद्भूतज्वर-कास-श्वासाक्षिशूल-कुष्ठ-प्रमे-

हादिविविधरोगसंतापितदेहा अप्यप्रच्युताऽनशनकायक्लेशादितपसो भीमश्मशानाद्रिमस्तक-गुहा-दरी-कन्दर-शून्यग्रामादिषु प्रदुष्टयक्ष-राक्षस-पिशाचप्रनृत्तवेतालरूपविकारेषु परुषशिवारुतानुपरतसिंहव्याघ्रादिव्यालमृगभीषणस्वनघोरचौरादिप्रचरितेष्वभिरुचितावासाश्च घोरतपसः। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०३)। ३. उववासेसु छम्मासोववासो ओमोदरियासु एक्ककवलो, उत्तिपरिसंखासु चच्चरे गोयराभिग्गहो, रसपरिच्चागेसु उण्हजलजुदोयणभोयणं, विवित्तसयणासणेसु वय-वग्घ-तरच्छ-छवलादिसावयसेवियासु सज्झ-विज्झडईसु णिवासो, कायकिलेसेसु तिव्वहिमवासादिणिवदंतविसएसु अब्भोकासरुक्खमूलादावणजोगग्गहणं। एवमब्भंतरतवेसु वि उक्किट्ठतवपरूवणा कायव्वा। एसो वारहविहो वि तवो कायरजणाणं सज्झसजणणो त्ति घोरतवो। सो जेसिं ते घोरतवा। (धव. पु. ९, पृ. ९२)। ४. वात-पित्त-श्लेष्म-सन्निपातसमुद्भूतज्वर-कासाक्षिशूल-कुष्ठ-प्रमेहादिविविधरोगसन्तापितदेहा अप्यप्रच्युतानशनादितपसोऽनशने षण्मासोपवासाः, अवमौदर्ये एककवलाहाराः, वृत्तिपरिसंख्याने चत्वरगोचराव[भि]ग्रहाः, रसपरित्यागे उष्णजलधौतोदनभोजिनः, विविक्तशयनासने भीमश्मशान-गिरिगुहा-दरी-कन्दर-शून्यग्रामादिषु प्रदुष्टयक्ष-रक्षः-पिशाच-प्रनृत्यत्प्रेत-वेतालरूपविकारेषु पु[प]रुष-शिवारुतानुपरत-सिंह-व्याघ्रादि-व्याल-मृगभीषणस्वनघोरचौरादिप्रचलितेष्वभिरुचितावासाः, कायक्लेशेऽतितीव्रशीतातपवर्षानिपातप्रदेशेष्वभ्रावकाशातापनवृक्षमूलयोगग्राहिणः। (चा. सा. पृ. १००)। ५. सिंह-शार्दूलाद्याकुलेषु गिरिकन्दरादिषु भयानकश्मशानेषु च प्रचुरतरशीतवातादियुक्तेषु गत्वा दुर्धरोपसर्गसहनपरा घोरतपसः। (प्रा. योगिभ. टी. १५, पृ. २०३)। ६. सिंह-व्याघ्रर्क्ष-चित्रक-तरक्षुप्रभृतिक्रूरश्वापदाकुलेषु गिरिकन्दरादिषु स्थानेषु भयानकश्मशानेषु च प्रचुरतरशीतवातातपादियुक्तेषु स्थानेषु स्थित्वा दुर्धरोपसर्गसहनपरा ये मुनयस्ते घोरतपसः। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६)।

२ वात, पित्त, कफ एवं संनिपात आदि के आश्रयसे उत्पन्न हुए ज्वर, कास, श्वास, अक्षिरोग, शूल, कोढ़ और प्रमेह आदि अनेक प्रकार के रोगों से पीड़ित होने पर भी जो अनशन एवं कायक्लेशादि तप से भ्रष्ट नहीं होते हैं; भयानक श्मशान, पर्वतशिखर, गुफा एवं शून्य ग्राम आदि में रहते हुए जो शृगाल और सिंहादि के भयावह शब्दों को सुनकर भयभीत नहीं होते, तथा जो उन हिंस्र पशुओं और चोर आदि की बाधा को प्रसन्नतापूर्वक सहते हैं वे घोरतपस्वी कहे जाते हैं।

घोरपराक्रमतप – १. णिरुवमवड्ढंततवा तिहुवणसंहरणकरणसत्तिजुदा। कंटयसिलग्गिपव्वयधूमुक्कापहुदिवरिसणसमत्था॥ सहस त्ति सयलसायरसलिलुप्पीलस्स सोसणसमत्था। जायंति जीए मुणिणो घोरपरक्कमतव त्ति सा रिद्धी॥ (ति. प. ४, १०५६–५७)। २. ते (घोरतपसः) एव गृहीततपोयोगवर्द्धनपराः घोरपराक्रमाः। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०३)। ३. ते (घोरतपसः) एव गृहीततपोयोगवर्द्धनपराः त्रिभुवनोपसंहरण-महीवलयग्रसन-सकलसागरसलिलसंशोषण-जलाग्निशिला-शैलादिवर्षणशक्तयो घोरपराक्रमाः। (चा. सा. पृ. १००)। ४. भूत-प्रेत-वेताल-राक्षस-शाकिनीप्रभृतयो यान् दृष्ट्वा बिभ्यन्ति ते घोरपराक्रमाः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६)।

१ जिनका अनुपम तप उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होता है, जो तीनों लोकों के संहार करने की शक्ति से युक्त होते हुए कांटों, पत्थरों, अग्नि, पर्वत, धूम और उल्का आदि के बरसाने में समर्थ होते हैं; तथा जो सहसा समुद्र के समस्त जल को सुखा सकते हैं, ऐसे मुनि घोरपराक्रमतप ऋद्धि के धारक होते हैं।

घोरब्रह्मचारित्व—१. जीए ण होंति मुणिणो खेत्तम्मि वि चोरपहुदिबाधाओ। कालमहाजुद्धादी रिद्धी सा घोरबह्मचारित्ता॥ उक्कस्सक्खउवसमे चारित्तावरणमोहकम्मस्स। जा दुस्सिमणं णासइ रिद्धी सा घोरबह्मचारित्ता॥ अथवा—सव्वगुणेहिं अघोरं महेसिणो बह्मसद्दचारित्तं। विप्फुरिदाए जीए रिद्धी सा घोरबह्मचारित्ता॥ (ति. प. ४, १०५८ से १०६०)। २. चिरोषिताऽस्खलितब्रह्मचर्यवासाः प्रकृष्टचारित्रमोहनीयक्षयोपशमात् प्रणष्टदुःस्वप्नाः। घोरब्रह्मचारिणः। (त. वा. ३, ३६, ३; चा. सा. पृ. १००)। ३. चिरोषित-[ता-]स्खलितब्रह्मचर्याऽऽवासाः प्रकृष्टचारित्रमोहक्षयोपशमात् प्रणष्टदुःस्वप्ना घोरब्रह्मचारिणः। अथवा अघोरब्रह्मचारिण

इति पाठे अघोरं शान्तं ब्रह्म चारित्रं येषां ते अघोर-गुणब्रह्मचारिणः । (चा. सा. पृ. १००) । ४. सिंह-व्याघ्रादिसेवितपादपद्माः घोरगुणब्रह्मचारिणः । (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६) ।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से मुनि के द्वारा अधिष्ठित क्षेत्र में भी चोर आदि की बाधायें तथा महामारी व महायुद्धादि नहीं होते वह घोरब्रह्मचारित्व ऋद्धि कहलाती है । चारित्रमोहनीय के उत्कृष्ट क्षयोपशम के होने पर जो ऋद्धि दुःस्वप्नों को नष्ट किया करती है उसे घोरब्रह्मचारित्व ऋद्धि जानना चाहिए । अथवा जिस ऋद्धि के प्रगट हो जाने पर महर्षि का ब्रह्मचारित्व सब गुणों के आश्रय से अघोर (शान्त या अखण्डित) रहता है उसका नाम अघोरब्रह्मचारित्व ऋद्धि है ।

घोष—घोसो णाम घस्समाणदव्वजणिदो । (धव. पु. १३, पृ. २२१) ।

घिसे जाने वाले द्रव्य से जो शब्द उत्पन्न होता है उसे घोष कहा जाता है ।

घोषविशुद्धिकरणता—घोषविशुद्धिकरणता उदात्तानुदात्तादिस्वरशुद्धिविधायिता । (उत्तरा. नि. वृ. ५८, पृ. ३९) ।

उच्चारण में उदात्त और अनुदात्त आदि स्वरों की शुद्धि करना, यह घोषविशुद्धिकरणता नाम की एक (चौथी) श्रुतसम्पत् है ।

घोषसम—घोसेण दव्वाणिओगद्दारेण समं सह वट्टदि उप्पज्जदि त्ति घोससमं णाम अणियोगसुदणाणं ××× उदात्त-अणुदात्त-सरिदसरभेएण पढणं घोससममिदि के वि आइरिया परूवेंति । (धव. पु. ९, पृ. २६१); तस्स कदिअणिओगद्दारस्स एगाणिओगो घोसो । तत्तो समुप्पण्णो कदिअणिओगो, तत्तो असमुप्पज्जिय एदेण समो त्ति घोससमो । (धव. पु. ९, पृ. २६९); बारहंगसद्दागमं सुणेंतस्स जस्स सुदपरिवड्ढत्थविसयमेव सुदणाणं समुप्पण्णं सो घोससमं । (धव. पु. १४, पृ. ८-९) ।

घोष का अर्थ द्रव्यानुयोगद्वार है, उसके साथ रहने या उत्पन्न होने से अनुयोग श्रुतज्ञान घोषसम कहलाता है । द्वादशांगरूप द्रव्यश्रुत को सुनते हुए जिसके मुख से सम्बद्ध अर्थ को विषय करने वाला ही श्रुतज्ञान उत्पन्न हुआ है वह घोषसम कहलाता है ।

घ्राण—१. वीर्यान्तराय-मतिज्ञानावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामलाभावष्टम्भात् आत्मना ××× घ्रायतेऽनेनेति घ्राणम् । (स. सि. २-१९) । २. वीर्यान्तराय-प्रतिनियतेन्द्रियावरण-(घ्राणेन्द्रियावरण-)क्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामलाभावष्टम्भात् ××× जिघ्रत्यनेनेति घ्राणम् । (त. वा. २, १९, १) । ३. वीर्यान्तराय-घ्राणेन्द्रियावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामलाभावष्टम्भात् जिघ्रत्यनेनात्मेति घ्राणम् । (धव. पु. १, पृ. २४३) । ४. घ्रायते गन्धः उपादीयते आत्मना अनेनेति घ्राणम्, जिघ्रति गन्धमिति घ्राणम् । (त. वृत्ति श्रुत. २-१९) ।

१ जिसके द्वारा आत्मा वीर्यान्तराय और घ्राणेन्द्रियमतिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से और अंगोपांग नामकर्म के साहाय्य से वस्तुगत सुगन्ध और दुर्गन्ध को ग्रहण किया करता है उसे घ्राणेन्द्रिय कहते हैं ।

घ्राणनिरोध—१. पयडीवासणगंधे जीवाजीवप्पगे सुहे असुहे । रागद्देसाकरणं घाणनिरोहो मुणिवरस्स । (मूला. १-१९) । २. जीवगते अजीवगते च प्रकृतिगन्धे वासनागन्धे च सुखरूपेऽसुखरूपे च यदेतद् राग-द्वेषयोरकरणं मुनिवरस्य तत् घ्राणेन्द्रियनिरोधव्रतं भवतीत्यर्थः । (मूला. वृ. १-१९) । ३. प्रकृतिप्रयोगगन्धे जीवाजीवोभयाश्रये । शुभेऽशुभे मनःसाम्यं घ्राणेन्द्रियजयं विदुः ॥ (आचा. सा. १-३०) ।

१ जीव या अजीवगत प्राकृतिक या प्रयोगरूप सुगन्ध में राग नहीं करने को, तथा दुर्गन्ध में द्वेष नहीं करने को घ्राणनिरोध कहते हैं ।

घ्राणनिर्वृत्ति—अतिमुक्तकपुष्पसंस्थाना अङ्गुलस्यासंख्येयभागप्रमिता घ्राणनिर्वृतिः । (धव. पु. १, पृ. २३५) ।

अतिमुक्तक पुष्प के आकार जो अंगुल के असंख्यातवें भाग प्रमाण पुद्गल की रचना होती है वह घ्राण इन्द्रिय की बाह्यनिर्वृत्ति है ।

घ्राणेन्द्रियव्यञ्जनावग्रह — सुगंधो दुग्गंधो च बहुभेयभिण्णो घाणिंदियविसयो, तेसु सुगंध-दुग्गंधपोग्गलेसु आगंतूण अविमुत्तयपुप्फसंठाणट्ठिदघाणिंदियम्मि पविट्ठेसु जं पढममुप्पज्जदि सुगंध-दुग्गंध-

दव्वविसयविण्णाणं सो घाणिंदियवंजणोग्गहो णाम। (धव. पु. १३, पृ. २२२)।

घ्राण इन्द्रिय का विषय अनेक प्रकार का सुगन्ध और दुर्गन्ध है। सुगन्ध और दुर्गन्ध रूप पुद्गलों के अतिमुक्तक पुष्प के आकार स्वरूप घ्राण इन्द्रिय के भीतर प्रविष्ट होने पर जो उक्त सुगन्ध और दुर्गन्ध द्रव्यविषयक प्रथम ज्ञान उत्पन्न होता है उसे घ्राणेन्द्रियव्यंजनावग्रह कहते हैं।

घ्राणेन्द्रियव्यञ्जनावग्रहावरणीयकर्म — तस्स (घाणिंदियवंजणोग्गहस्स) जमावारयं कम्मं तं घाणिंदियवंजणोग्गहावरणीयं णाम। (धव. पु. १३, पृ. २२५)।

जो कर्म घ्राणेन्द्रियव्यञ्जनावग्रह को आच्छादित करता है उसे घ्राणेन्द्रियव्यञ्जनावग्रहावरणीय कर्म कहते हैं।

घ्राणेन्द्रियार्थावग्रह—घाणिंदियादो उक्कस्सखओवसमं गदादो एत्तियमद्धाणमंतरिय ट्ठिददव्वम्मि जं गंधणाणमुप्पज्जदि सो घाणिंदियअत्थोग्गहो। (धव. पु. १३, पृ. २२८)।

उत्कृष्ट क्षयोपशम को प्राप्त घ्राण इन्द्रिय से इतने मात्र (सं. पं. प. ६ यो., असं. पं. प. ४०० ध., च. प. २०० ध., त्री. प. १०० ध.) क्षेत्र का अन्तर करके स्थित द्रव्य के गन्ध का जो ज्ञान उत्पन्न होता है उसे घ्राणेन्द्रिय-अर्थावग्रह कहते हैं।

घ्राणेन्द्रियार्थावग्रहावरणीय कर्म—तस्स घाणिंदियअत्थोग्गहस्स) जमावारयं कम्मं तं घाणिंदियअत्थोग्गहावरणीयं णाम। (धव. पु. १३, पृ. २२८)।

घ्राणेन्द्रिय-अर्थावग्रह के निरोधक कर्म को घ्राणेन्द्रियअर्थावग्रहावरणीय कहते हैं।

घ्राणेन्द्रियावायज्ञान— ××× एवं सव्वेसिं अवायावरणीयाण पुध पुध परूवणा जाणिय कायव्वा (घाणिंदिय-ईहाणाणेण अवगयलिंगावट्टंभवलेण एगवियप्पम्मि उप्पण्णणिच्छओ घाणिंदिय-अवायो णाम)। (धव. पु. १३, पृ. २३२)।

घ्राणेन्द्रिय-ईहाज्ञान से अवगत लिंग के बल से एक विकल्प में उत्पन्न हुए निश्चय का नाम घ्राणेन्द्रिय-अवाय है।

घ्राणेन्द्रियावायावरणीय—तस्स (घाणिंदियावायस्स) आवारयं कम्मं घाणिंदियावायावरणीयं। (धव. पु. १३, पृ. २३२)।

उस (घ्राणेन्द्रिय-अवायज्ञान) का आवारक कर्म घ्राणेन्द्रियावायावरणीय कर्म कहलाता है।

घ्राणेन्द्रियेहाज्ञान—घाणिंदिएण गंधमवग्गहिदूण एसो गंधो किं गुणरूवो किमगुणरूवो किं दुस्सहाओ किमदुस्सहाओ किं जच्चंतमावण्णो त्ति पंचण्णं वियप्पाणमण्णदमवियप्पलिंगण्णेसणं एदेण होदव्वमिदि पच्चयपज्जवसाणं घाणिंदियगदईहा। (धव. पु. १३, पृ. २३१)।

घ्राण इन्द्रिय के द्वारा गन्ध का अवग्रह करके 'यह गन्ध क्या गुणरूप है क्या अगुणरूप है, क्या दुष्ट स्वभाव वाला है, क्या अदुष्ट (उत्तम) स्वभाव वाला है, अथवा क्या आत्यन्तर स्वभाव को प्राप्त है; इन पांच विकल्पों में से किसी एक विकल्प के हेतु को खोजकर 'यह यह गुण-अगुणादिरूप होना चाहिए, इस प्रकार का जो अन्त में ज्ञान होता है उसे घ्राणेन्द्रियजनित ईहाज्ञान कहते हैं।

घ्राणेन्द्रियेहावरणीय कर्म—तिस्से (घाणिंदियईहाए) आवारयं कम्मं घाणिंदियईहावरणीयं। (धव. पु. १३, पृ. २३१)।

घ्राणेन्द्रियजनित ईहाज्ञान को जो आच्छादित करता है उसे घ्राणेन्द्रियेहावरणीय कर्म कहते हैं।

चक्रकदूषण—त्रिभिरावर्तनं चक्रकदूषणम्। त्रितयादिसिद्धाव्यवधानेन त्रितयाद्यपेक्षा चक्रकत्वम्, अथवा पूर्वस्य पूर्वापेक्षितमध्यमापेक्षितोत्तरापेक्षितत्वम्, अथवा स्वापेक्षणीयापेक्षितसापेक्षत्वनिबन्धनप्रसङ्गत्वमिति। (प्र. र. मा. टि. ३–६५ पृ. २२८)।

तीन आदि की सिद्धि के लिए अव्यवधान से उन्हीं तीन आदि की अपेक्षा रहना, यह चक्रकदूषण कहलाता है। जैसे—सर्वज्ञाभाव की सिद्धि के लिए कर्ता का अस्मरण हेतु—कर्ता के अस्मरण से सर्वज्ञाभाव सिद्ध हो, सर्वज्ञाभाव सिद्ध होने पर वेद का प्रामाण्य सिद्ध हो, और वेद के प्रामाण्य से कर्ता का अस्मरण सिद्ध हो; इस प्रकार चक्र के समान तीनों के एक दूसरे पर आश्रित रहने से उनमें से एक की भी सिद्धि सम्भव नहीं है।

चक्रमुद्रा—वामहस्ततले दक्षिणहस्तमूलं सन्निवेश्य करशाखा विरलीकृत्य प्रसारयेदिति चक्रमुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३२)।

बायें हाथ के तल पर दाहिने हाथ के मूल को रख-

कर अंगुलियों को विरल करते हुए पसारने पर चक्रमुद्रा होती है।

चक्रवर्ती—१. छक्खंडभरहणाहो बत्तीससहस्समउड-बद्धपहुदीओ। होदि हु सयलचक्की ××× ॥ (ति. प. १–४८)। २. चक्रवर्तिनः चतुर्दशरत्नाधिपाः षट्खण्डभरतेश्वराः। (आव. नि. हरि. वृ. ७०, पृ. ४८)। ३. षट्खण्डभरतनाथं द्वात्रिंशद्-धरणिपतिसहस्राणाम। दिव्यमनुष्यं विदुरिह भोगागारं सुचक्रधरम्॥ (धव. पु. १, पृ. ५८ उद्.)।

१ षट्खण्ड भरतक्षेत्रके अधिपति और बत्तीस हजार मुकुटबद्ध आदि राजाओं के स्वामी को चक्रवर्ती कहते हैं।

चक्षुरिन्द्रिय—१. [वीर्यान्तराय-मतिज्ञानावरण-क्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामलाभावष्टम्भात् आत्मा] चष्टेरनेकार्थत्वाद् दर्शनार्थविवक्षायां चष्टे अर्थान् पश्यत्यनेनेति चक्षुः। (स. सि. २–१९; त. वा. २, १९, १)। २. चष्टे पश्यत्यर्थान् आत्माऽनेनेति चक्षुः। (त. वृत्ति श्रुत. २–१९)।

१ वीर्यान्तराय और चक्षुरिन्द्रियमतिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से तथा अंगोपांग नामकर्म के आलम्बन से आत्मा जिसके द्वारा पदार्थों को देखता है उसे चक्षुरिन्द्रिय कहते हैं।

चक्षुरिन्द्रियार्थावग्रह—चक्खिदियादो एत्तियाणि जोयणाणि अंतरिय ट्ठिददव्वे जं णाणमुप्पज्जदि सो चक्खिदियअत्थोग्गहो। (धव. पु. १३, पृ. २२७)।

चक्षु-इन्द्रिय से इतने (यथासम्भव ४७२६३$\frac{7}{20}$ आदि) योजन के अन्तर से स्थित द्रव्य के विषय में जो ज्ञान (अवग्रह) उत्पन्न होता है उसे चक्षु-इन्द्रिय-अर्थावग्रह कहते हैं।

चक्षुरिन्द्रियार्थावग्रहावरणीय—तस्स(चक्खिदिय-त्थोग्गहस्स) जमावरणं तं चक्खिदिय-अत्थोग्गहावरणीयं णाम कम्मं। (धव. पु. १३, पृ. २२७)।

चक्षु-इन्द्रिय-अर्थावग्रह के आवारक कर्म का नाम चक्षुइन्द्रिय-अर्थावग्रहावरणीय है।

चक्षुरिन्द्रियावायज्ञान — चक्खिदिय-ईहाणाणेण अवगयलिंगावट्ठंभबलेण एगवियप्पम्मि उप्पण्णणिच्छओ चक्खिदिय-अवाओ णाम। (धव. पु. १३, पृ. २३२)।

चक्षु-इन्द्रिय-ईहाज्ञान से जाने गये लिंग के आश्रय से जो एक विकल्पविषयक निश्चय उत्पन्न होता है उसे चक्षु-इन्द्रिय अवायज्ञान कहते हैं।

चक्षुरिन्द्रियावायावरणीय— तस्स (चक्खिदिया-वायणाणस्स) आवारयं कम्मं चक्खिदिय-अवाया-वरणीयं। (धव. पु १३, पृ. २३२)।

चक्षु-इन्द्रिय-अवायज्ञान के आवारक कर्म को चक्षु-इन्द्रिय-अवायावरणीय कहते हैं।

चक्षुरिन्द्रियेहाज्ञान—चक्खिदिएण अवगहिदत्थ-विसेसाकंखण विसेसुवलंभणिमित्तविचारो ईहेत्ति घेत्तव्वा। (धव. पु. १३, पृ. २३१)।

चक्षु-इन्द्रिय-अवग्रह के द्वारा जाने गये पदार्थ के विषय में जो विशेष आकांक्षा—विशेषज्ञान का कारणभूत विचार—होता है उसका नाम चक्षु-इन्द्रिय-ईहाज्ञान है।

चक्षुरिन्द्रियेहावरणीय—तिस्से (चक्खिदियेहा-णाणस्स) आवारयं कम्मं चक्खिदिय-ईहावरणीयं णाम। (धव. पु. १३. पृ. २३१)।

चक्षु-इन्द्रिय-ईहाज्ञान के आवारक कर्म को चक्षु-इन्द्रिय-ईहावरणीय कहा जाता है।

चक्षुर्दर्शन—देखो चक्षुर्दर्शनोपयोग। १. चक्खूण जं पयासइ दीसइ तं चक्खुदंसणं विंति। (प्रा. पचसं. १–१३९; धव. पु. १, पृ. ३८२ व पु. ७, पृ. १०० उद्.; गो. जी. ४८४)। २. तत्र चक्षुर्दर्शनं ताव-च्चक्षुरिन्द्रियावरणक्षयोपशमे द्रव्येन्द्रियानुपघाते च तत्परिणामवतः आत्मनो भवति। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १०३)। ३. चक्षुषा सामान्यस्यार्थस्य ग्रहणं चक्षु-र्दर्शनम्। (धव. पु. १, पृ. ३७९); चक्षुर्ज्ञानोत्पा-दकप्रयत्नानुविद्धस्वसंवेदने रूपदर्शनक्षमोऽहमिति सम्भावनाहेतुश्चक्षुर्दर्शनम्। (धव. पु. ६, पृ. ३३); ××× को सो परमत्थत्यो? वुच्चदे—जं यत्, चक्खूणं चक्षुषाम्, पश्यति दृश्यते वा, तं तत् चक्खु-दंसणं चक्षुर्दर्शनमिति वेंति ब्रुवते। चक्खिदियणा-णादो जो पुव्वमेव सुवसत्तीए सामण्णाए अणुहओ चक्खुणाणुप्पत्तिणिमित्तो तं चक्खुदंसणमिदि। (धव. पु. ७, पृ. १०१); चक्खुविण्णाणुप्पायणकारणं सगसंवेयणं चक्खुदंसणं णाम। (धव. पु. १३ पृ. ३५५); बज्झत्थेसु पडिबद्धसगसत्तिसंवेयणं चक्खुदंसणं। (धव. पु. १५, पृ. १०)। ४. स खल्वनादिदर्शनावरणकर्मावच्छन्नप्रदेशः सन् यत्तदा-वरणक्षयोपशमाच्चक्षुरिन्द्रियावलम्बाच्च मूर्तद्रव्यं

विकल्पं सामान्येनावबुध्यते तच्चक्षुर्दर्शनम् । (पंचा. का. अमृत वृ. ४२) । ५. आत्मा हि जगत्त्रय-कालत्रयवर्तिसमस्तसामान्यग्राहकसकलविमलकेवलदर्शनस्वभावस्तावत् पश्चादनादिकर्मबन्धाधीनः सन् चक्षुर्दर्शनावरणक्षयोपशमाद् बहिरङ्गद्रव्येन्द्रियालम्बनाच्च मूर्तसत्तासामान्यं निर्विकल्पं संव्यवहारेण प्रत्यक्षमपि निश्चयेन परोक्षरूपेणैकदेशेन यत्पश्यति तच्चक्षुर्दर्शनम् । (बृ. द्रव्यसं. टी. ४) । ६. चक्षुर्ज्ञानोत्पादकप्रयत्नानुविद्धगुणीभूतविशेषसामान्यालोचनं चक्षुर्दर्शनं रूपदर्शनक्षमं । (मूला. वृ. १२, १८८) । ७. चक्षुर्दर्शनावरणक्षयोपशमे सति बहिरङ्गचक्षुर्द्रव्येन्द्रियावलम्बनेन यन्मूर्तं वस्तु निर्विकल्पसत्तावलोकेन पश्यति तच्चक्षुर्दर्शनम् । (पंचा. का. जय. वृ. ४२) । ८. चक्षुषा सामान्यग्राही बोधश्चक्षुर्दर्शनम् । (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. १५) । ९. रूपसामान्यपरिच्छेदश्चक्षुर्दर्शनम् । (जीवाजी. मलय. वृ. १३, पृ. १८) । १०. चक्षुषा चक्षुरिन्द्रियेण दर्शनं रूपसामान्यग्रहणं च चक्षुर्दर्शनम् । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३१२, पृ. ५२७) ।

१ नेत्रों को जो दिखता है—चाक्षुष ज्ञान के पूर्व में ही जो चाक्षुष ज्ञानकी उत्पत्ति में निमित्तभूत अपनी सामान्य स्वसंवेदन रूप शक्ति का अनुभव होता है—उसे चक्षुर्दर्शन कहते हैं । २ चक्षु-इन्द्रियावरण के क्षयोपशम और द्रव्येन्द्रिय के अनुपघात में जो तत्परिणामवान्—चक्षुर्दर्शन गुण परिणामयुक्त—आत्मा के जो सामान्य का ग्रहण होता है उसे चक्षुर्दर्शन कहते हैं ।

चक्षुर्दर्शनावरण—१. नयनं लोचनं चक्षुरिति पर्यायाः, ततश्च नयनदर्शनावरणं चक्षुर्दर्शनावरणं वेति चक्षुःसामान्योपयोगावरणमित्यर्थः । (श्रा. प्र. टी. १४) । २. नयनाभ्यां दर्शनं नयनदर्शनम्, यस्यावरणं नयनदर्शनावरणम् । (पंचसं. स्वो. वृ. ३-४, पृ. १०९) । ३. ××× चक्खू आवरइ चक्खुआवरणं । (कर्मवि. ग. २५) । ४. चक्षुषा सामान्यग्राही बोधश्चक्षुर्दर्शनम्, तस्यावरणं चक्षुर्दर्शनावरणम् । (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. १५) । ५. नयनं चक्षुस्तद्दर्शनावरणं चक्षुर्दर्शनावरणम्, चक्षुर्निमित्तसामान्योपयोगावरणमित्यर्थः । (धर्मसं. मलय. वृ. ६११, पृ. २२९) ।

१ चक्षु इन्द्रिय से होने वाले सामान्य उपयोग का जो आवरण करता है उसे चक्षुर्दर्शनावरण कहते हैं ।

चक्षुर्दर्शनावरणीय — देखो चक्षुर्दर्शनावरण । एतद् (चक्षुर्दर्शनम्) आवृणोतीति चक्षुर्दर्शनावरणीयम् । (धव. पु. ६, पृ. ३३); तस्स (चक्खुदंसणस्स) आवारयं कम्मं चक्खुदंसणावरणीयं । (धव. पु. १३, पृ. ३५५) ।

चक्षुर्दर्शन के आवारक कर्म का नाम चक्षुर्दर्शनावरणीय है ।

चक्षुर्दर्शनोपयोग—१. तत्र (चक्षुर्दर्शनम्) चक्षुर्दर्शनावरणीयकर्मक्षयोपशमतः अवबोधव्यापृतिमात्रसारं सूक्ष्मजिज्ञासारूपमवग्रहप्राग्जन्ममतिज्ञानावरणक्षयोपशमसम्भूतं सायाम्यमात्रग्राह्यवग्रहव्यंग्यं स्कन्धावारोपयोगवत् । (त. भा. हरि. वृ. २-५) । २. पश्यत्यनेनात्मेति चक्षुः, सर्वमेवेन्द्रियमात्मनः सामान्य-विशेषावबोधस्वभावस्य करणद्वारं, तद्द्वारकं च सामान्यमात्रोपलम्भनमात्मपरिणतिरूपं चक्षुर्दर्शनम् । (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८-८) । ३. चक्षुर्दर्शनोपयोग इति चक्षुरालोचनाकारपरिणाम आत्मनस्तादात्म्यकत्वं तद्रूपता । (त. भा. सिद्ध. वृ. २-९) ।

१ चक्षु इन्द्रिय के द्वारा आत्मपरिणतिरूप जो सामान्य मात्र की उपलब्धि होती है उसका नाम चक्षुर्दर्शन है ।

चक्षुर्निरोधव्रत—१. सच्चित्ताचित्ताणं किरियासंठाणवण्णभेएसु । रागादिसंगहरणं चक्खुणिरोहो हवे मुणिणो ॥ (मूला. १-१७) । २. चेतनेतरवस्तूनां हर्षामर्षकरक्रिया । वर्ण-संस्थानभेदेषु चक्षुःरोधोऽविकारधीः ॥ (आचा. सा. १-२८) ।

१ चेतन व अचेतन पदार्थों की क्रिया (नृत्य-गीतादि), आकार और वर्णभेद के विषय में राग-द्वेष रूप आसक्ति को दूर करना—उसे न उत्पन्न होने देना, यह मुनि का चक्षुनिरोधव्रत—चक्षु-इन्द्रिय के विजय स्वरूप मूलगुण है ।

चक्षुःस्पर्श—चक्षुषा स्पृश्यते गृह्यमाणतया युज्यत इति चक्षुःस्पर्शं स्थूलपरिणतिमत्पुद्गलद्रव्यम् । (उत्तरा. नि. वृ. १८६, पृ. १९६) ।

चक्षु के द्वारा ग्रहण किये जाने के योग्य स्थूल परिणाम वाले पुद्गल द्रव्य को चक्षुःस्पर्श कहते हैं ।

चङ्क्रमण—१. इतस्ततो गमनम् । (भ. आ. विजयो. ६४९) । २. चंकमणं इतस्ततो परिचरणम् । (भ. आ. मूला. ६४९) ।

इधर-उधर घूमने को चंक्रमण कहते हैं।

चञ्चलत्व—चञ्चलत्वं क्वचिदप्यवस्थितचित्तत्वाभावः। (योगशा. स्वो. विव. २-८४)।

चित्त की कहीं पर भी स्थिरता के न रहने का नाम चञ्चलत्व या चञ्चलता है।

चण्डालीक—चण्डः कोपस्तद्वशादलीकम् अनृतभाषणं चण्डालीकम्। भयालीकाद्युपलक्षणमेतत्। यद्वा—चण्डेनाऽऽलमस्य चण्डेन वा कलितश्चण्डालः, स चातिक्रूरत्वाच्चण्डालजातिस्तस्मिन् भवं चाण्डालिकं कर्मेति गम्यते। (उत्तरा. सू. शा. वृ. १-१०, पृ. ४७)।

चण्ड नाम क्रोध का है, उसके वश जो असत्य भाषण किया जाता है वह चण्डालीक कहलाता है। अथवा—क्रोध के कारण वह कलंकित होता है इससे या चण्ड (क्रोध) से युक्त होने से उसे चण्डाल कहा जाता है। इस प्रकार अतिशय क्रूर कर्म के कारण चण्डाल जाति प्रसिद्ध हुई। इस चण्डाल जाति में होने वाले कर्म को चाण्डालिक कहा जाता है।

चतुरङ्गजल्प—चत्वारि वादि-प्रतिवादि-प्राश्निक-परिषद्बललक्षणानि अङ्गानि यस्य स चतुरङ्गो जल्पः। (सिद्धिवि. वृ. ५, २; पृ. ३१३, पं. १२-१३)।

वादिबल, प्रतिवादिबल, प्राश्निकबल और परिषद्बल इन चार अङ्गों से युक्त जल्प को चतुरङ्गजल्प कहा जाता है।

चतुरस्रनाम—१. जस्सुदएणं जीवे चउरंसं नाम होइ संठाणं। तं चउरंसं नामं × × ×॥ (कर्मवि. ११३)। २. चतुरस्रं चतुष्कोणं। (संग्रहणी दे. वृ. २७२)।

१ पैर के अंगूठे से लेकर सिर के बालों तक जितना ऊंचाई का प्रमाण हो उतना ही प्रमाण दोनों भुजाओं के फैलाने पर तिरछा भी हो, इसे चतुरस्र कहा जाता है। जिस कर्म का उदय होने पर इस प्रकार के आकार वाला जीव का शरीर होता है उसे चतुरस्र नामकर्म कहते हैं।

चतुरिन्द्रियजातिनाम—१. जस्स कम्मस्स उदएण जीवाणं चउरिंदियभावेण समाणत्तं होदि तं कम्मं चउरिंदियजादिणामं। (धव. पु. ६ पृ. ६८)। २. चतुर्णां स्पर्शन-रसना-घ्राण-चक्षुर्ज्ञानानाम् आवरणक्षयोपशमात् चतुर्विज्ञानभाजः चतुरिन्द्रियाः। × × × चतुरिन्द्रियाणां जातिनाम चतुरिन्द्रियजातिनाम। (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. १७)। ३. यदुदयाज्जन्मी चतुरिन्द्रिय इत्यभिधीयते तच्चतुरिन्द्रियजातिनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)।

१ जिस कर्म के उदय से जीवों के चतुरिन्द्रियरूप से समानता होती है उसे चतुरिन्द्रिय जातिनामकर्म कहते हैं। २ स्पर्शनादि चार इन्द्रियों से होने वाले चार ज्ञानों के आवरण के क्षयोपशम से जो जीव चार ज्ञानों से युक्त होते हैं वे चतुरिन्द्रिय कहे जाते हैं। चतुरिन्द्रियों का जातिनामकर्म चतुरिन्द्रिय जातिनामकर्म कहलाता है।

चतुरिन्द्रिय जीव—१. फासिंदियादिचउहिं इंदिएहिं जुत्तो जीवो चतुरिंदिओ णाम। (धव. पु. ७, पृ. ६५)। २. एते स्पर्शन-रसना-घ्राण-चक्षुरिन्द्रियावरणक्षयोपशमात् श्रोत्रेन्द्रियावरणोदये नोइन्द्रियावरणोदये च सति स्पर्श-रस-गन्ध-वर्णानां परिच्छेत्तारश्चतुरिन्द्रिया अमनसो भवन्तीति। (पंचा. का. अमृत. वृ. ११६)।

१ स्पर्शन आदि चार इन्द्रियों से युक्त जीव चतुरिन्द्रिय कहलाता है। २ स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षुइन्द्रियावरणकर्म के क्षयोपशम से तथा श्रोत्रेन्द्रियावरण और नोइन्द्रियावरण कर्म का उदय होने पर स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण के जानने वाले जीवों को चतुरिन्द्रिय कहते हैं। वे मन से रहित होते हैं।

चतुरिन्द्रियलब्धि— जिब्भा-फास-घाण-चक्खिंदियावरणाणं खओवसमेण समुप्पण्णा सत्ती चउरिंदियलद्धी। (धव. पु. १४, पृ. २०)।

जिह्वा, स्पर्श, घ्राण और चक्षु इन्द्रियावरणों के क्षयोपशम से जो शक्ति उत्पन्न होती है उसका नाम चतुरिन्द्रियलब्धि है।

चतुर्गतिनिगोद—जे देव-णेरइय-तिरिक्ख-मणुस्सेसुप्पज्जिऊण पुणो णिगोदेसु पविसिय अच्छंति ते चदुगइणिगोदा भण्णंति। (धव. पु. १४, पृ. २३६)।

जो निगोद जीव देव, नारकी, तिर्यंच और मनुष्यों में उत्पन्न होकर पुनः निगोद जीवों में प्रविष्ट होते हैं वे चतुर्गतिनिगोद कहलाते हैं।

चतुर्थ असत्य—देखो असत्य (चतुर्थ)। गर्हितमवद्यसंयुतमप्रियमपि भवति वचनरूपं यत्। सामा-

ष्येन भेधा मतमिदमनृतं तुरीयं तु ॥ (पु. सि. ९५)।
गर्हित, सावद्य और अप्रिय वचनों के बोलने को असत्य कहते हैं। यह असत्य का चौथा भेद है।

चतुर्थ मूलगुण—दिव्वादिमेहुणस्स य विवज्जणं सव्वहा चउत्थो उ। (धर्मसं. हरि. ८६०)।
देवी आदि (मानुषी आदि) के साथ मैथुनकर्म का सर्वथा परित्याग कर देना, यह साधु का चौथा मूल गुण है।

चतुर्थी प्रतिमा—चतुरो मासांश्चतुष्पर्व्यां पूर्वप्रतिमानुष्ठानसहिताऽखण्डितंपोषधं पालयतीति चतुर्थी। (योगशा. स्वो. विव. ३-१४८)।
चार मास पर्यन्त चारों पर्वों में पूर्व प्रतिमाओं के अनुष्ठान के साथ अखण्ड पोषधव्रत का पालन करना, यह श्रावक की ग्यारह प्रतिमाओं में चौथी प्रतिमा है।

चतुर्दशपूर्वित्व—१. सयलागमपारगया सुदकेवलिणामसुप्पसिद्धा जे। एदाण बुद्धिरिद्धी चोद्दसपुव्वित्ति णामेण ॥ (ति. प. ४-१००१)। २. सम्पूर्णश्रुतकेवलिता चतुर्दशपूर्वित्वम्। (त. वा. ३, ३६, ३)। ३. सयलसुदणाणधारिणो चोद्दसपुव्विणो। (धव. पु. ९, पृ. ७०)।
१ सम्पूर्ण श्रुत—चौदह पूर्वों—के पारगामी होकर जो श्रुतकेवली के नाम से प्रसिद्ध हैं, उनकी बुद्धि ऋद्धि को चतुर्दशपूर्वित्व कहते हैं।

चतुर्मुख — चतुर्मुखं यस्माच्चतसृष्वपि दिक्षु पन्थानो निस्सरन्ति। (जीवाजी. मलय. वृ. ३, २, १४२, पृ. २५८)।
जिस स्थान से चारों दिशाओं को मार्ग जाते हैं उसे चतुर्मुख या चौराहा कहते हैं।

चतुर्मुखमह—१. चतुर्मुखं मुकुटबद्धैः क्रियमाणा पूजा, सैव महामहः सर्वतोभद्रः। (चा. सा. पृ. २१)। २. भक्त्या मुकुटबद्धैर्या जिनपूजा विधीयते। तदाख्या सर्वतोभद्र-चतुर्मुख-महामहाः ॥ (सा. ध. २, २७); तत्र सर्वत्र प्राणिवृन्दे कल्याणकरणात् सर्वतोभद्रः, चतुर्मुखमण्डपे विधीयमानत्वाच्चतुर्मुखः, अष्टाह्निकापेक्षया गुरुत्वान्महामहः। (सा. ध. स्वो. टी. २-२७)। ३. पूजा मुकुटबद्धैर्या क्रियते सा चतुर्मुखः ॥ (धर्मसं. श्रा. ९-३०)। ४. नृपैर्मुकुटबद्धाद्यैः सन्मण्डपे चतुर्मुखे। विधीयते महापूजा स स्याच्चतुर्मुखो महः ॥ (भावसं. वाम. ५५६)। ५. चतुर्मुखं मुकुटबद्धैः क्रियमाणा पूजा, सैव महामहः। (कार्तिके. टी. ३९१)।
१ मुकुटबद्ध राजाओं के द्वारा जो जिनपूजा की जाती है उसे चतुर्मुखमह कहते हैं। २ प्राणी मात्र के प्रति कल्याणकारक होने से उसी को सर्वतोभद्र और अष्टाह्निक पूजन से बड़ी होने के कारण महामह भी कहते हैं।

चतुर्विंशतिस्तव—१. उसहादिजिणवराणं णामणिरुत्तिं गुणाणुकित्तिं च। काऊण अच्चिदूण य तिसुद्धिपणमो थवो णेओ ॥ (मूला. १-२४)। २. चतुर्विंशतिस्तवः तीर्थंकराणामनुकीर्तनम्। (त. वा. ६, २४, ११)। ३. चतुर्विंशतीनां तीर्थकृतामप्यन्येषां च स्तवाभिधायी चतुर्विंशतिस्तवः। (त. भा. हरि. वृ. १-२०)। ४. चउवीसत्थओ चउवीसण्हं तित्थयराणं वंदणविहाणं तण्णाम-संठाणुस्सेह-पंचमहाकल्लाण-चोत्तीसअइसयसरूवं तित्थयरवंदणाए सहलत्तं च वण्णेदि। (धव. पु. १, पृ. ९६); चवुवीसत्थओ उसहादिजिणिंदाणं तच्चेइय-चेइयहराणं च कट्टिमाकट्टिमाणं दव्व खेत्त-काल-भावपमाणादिवण्णणं कुणदि। (धव. पु. ९, पृ. १८८)। ५. चउवीसतित्थयरविसयदुण्णये णिराकरिय चउवीसं पि तित्थयराणं थवणविहाणं णाम-ट्ठवणा-दव्व-भाव-भेएण भिण्णं तप्फलं च चउवीसत्थओ परूवेदि। (जयध. १, पृ. १०८)। ६. सावद्ययोगविरहं सामायिकमेकभावगं चित्तम्। गुणकीर्तिस्तीर्थकृतां चतुरादेर्विंशतिस्तवकः ॥ (ह. पु. ३४, १४३)। ७. चतुर्विंशतीनां पूरणस्याराादुपकारिणो यत्र स्तवः शेषाणां च तीर्थकृतां वर्ण्यते स चतुर्विंशतिस्तवः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १-२०)। ८. चतुर्विंशतिस्तवस्तीर्थंकरपुण्यगुणानुकीर्तनमिति। (चा. सा. पृ. २६)। ९. वृषभादीनां चतुस्त्रिंशदतिशयप्रातिहार्य-लाञ्छन-वर्णादिव्यावर्णं कंचतुर्विंशतिस्तवम्। (श्रुतभ. टी. २४, पृ. १७९)। १०. चतुर्विंशतेस्तीर्थंकराणां नामोत्कीर्तनपूर्वकं स्तवो गुणकीर्तनम्, तस्य च कायोत्सर्गे मनसाऽनुध्यानं शेषकालं व्यक्तवर्णपाठः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०)। ११. तत्तत्कालसम्बन्धिनां चतुर्विंशतेस्तीर्थंकराणां नामस्थापना-द्रव्य-भावानाश्रित्य पञ्चमहाकल्याण-चतुस्त्रिंशदतिशयाष्टप्रातिहार्य-परमौदारिकदिव्यदेह-समवसरणसभा-धर्मोपदेशनादि-तीर्थंकरत्वमहिमस्तुतिश्च-

र्विंशतिस्तवः, तत्प्रतिपादकं शास्त्रमपि चतुर्विंशतिस्तव इत्युच्यते। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. टी. ३६७)।

१ नामनिर्युक्ति के साथ वृषभादि चौबीस तीर्थंकरों के गुणों का कीर्तन करते हुए मन, वचन, काय की शुद्धिपूर्वक पूजा व प्रणाम करने को चतुर्विंशतिस्तव कहते हैं।

चतुश्शरीरी जीव—चत्तारि सरीराणि जेसिं ते चदुसरीरा। के ते? ओरालिय-वेउव्विय तेजा-कम्मइयसरीरेहि ओरालिय-आहार-तेजा-कम्मइयसरीरेहि वा वट्टमाणा। (धव. पु. १४, २३८)।

औदारिक, वैक्रियिक, तैजस और कार्मण अथवा औदारिक, आहारक, तैजस और कार्मण इन चार शरीरों के साथ वर्तमान जीव चतुःशरीरी कहलाते हैं।

चतुःशिरःक्रियाकर्म—सव्वकिरियाकम्मं चदुसिरं होदि। तं जहा—सामाइयस्स आदीए जं जिणिंदं पडि सीसणमणं तमेगं सिरं। तस्सेव अवसाणे जं सीसणमणं तं विदियं सीसं। त्थोस्सामिदंडयस्स आदीए जं सीसणमणं तं तदियं सिरं। तस्सेव अवसाणे जं णमणं तं चउत्थं सिरं। एवमेगं किरियाकम्मं चदुसिरं होदि। × × × अथवा सव्वं पि किरियाकम्मं चदुसिरं चदुप्पहाणं होदि, अरहंत-सिद्ध-साहु-धम्मे चेव पहाणभूदे कादूण सव्वकिरियाकम्माणं पउत्तिदंसणादो। (धव. पु. १३, पृ. ८९–९०)।

सब क्रियाकर्म चतुःशिर होता है। यथा—सामायिक के आदि में जो जिनेन्द्र देव को सिर नमाया जाता है वह एक सिर है। उसी के अन्त में सिर नमाना, यह दूसरा सिर है। 'थोस्सामि' दण्डक के आदि में सिर नमाना, यह तीसरा सिर है। तथा उसी के अन्त में नमस्कार करना, यह चौथा सिर है। इस प्रकार एक क्रियाकर्म चतुःशिर होता है। × × × अथवा सभी क्रियाकर्म चतुःशिर अर्थात् चतुःप्रधान होता है; क्योंकि अरहन्त, सिद्ध, साधु और धर्म को प्रधान करके सब क्रियाकर्मों की प्रवृत्ति देखी जाती है।

चतुष्क—चतुष्कं चतुष्पथयुक्तम्। (जीवाजी. मलय. वृ. ३, २, १४२, पृ. २५८)।

चार मार्गों से संयुक्त स्थान को चतुष्क कहते हैं।

चतुष्पदसिंहप्रधानोत्तर—चतुष्पदमनन्यसाधारणशौर्य-धैर्यादियोपेतः सिंहः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. १–१, पृ. ४)।

अनुपम शौर्य एवं धीरता आदि से संयुक्त सिंह चतुष्पदसिंहप्रधानोत्तर माना जाता है।

चत्वर—चत्वरं बहुरथ्यापातस्थानम्। (जीवाजी. मलय. वृ. ३, २, १४२, पृ. २५८)।

जहां पर बहुत गलियां आकर मिलती हैं, उस स्थान को चत्वर कहते हैं।

झल्लरीसंस्थान—मज्झम्हि सयभुरमणोदहिपरिक्खित्तदेसेण चंदमण्डलमिव समंतदो असंखेज्जजोयणंरुंदेण जोयणलक्खबाहल्लेण झल्लरीसमाणत्तादो [झल्लरीसंठाणो मज्झिमलोओ] । (धव. पु. ४, पृ. २१) ।

स्वयंभूरमण समुद्र से वेष्टित चन्द्रमण्डल के समान गोल, असंख्यात योजन विस्तृत तथा एक लाख योजन बाहल्यवाले (ऊंचे) क्षेत्र को झालर के आकार होने से झल्लरीसंस्थान (मध्यलोक) कहा जाता है।

झषावर्त—१. उट्ठित-निवेसितो उव्वत्तइ मच्छउव्व जलमज्झे । वंदिउकामो वान्नं झषो व परियत्तए तुरियं ॥ (प्रव. सारो. १५६) । २. उत्तिष्ठन् निविशमानो वा जलमध्ये मत्स्य इव उद्वर्तते—उद्वेल्लति यत्र तन्मत्स्योद्वृत्तम्, अथवा एकमाचार्यादिकं वन्दित्वा तत्समीप एवापरं वन्दनार्हं कंचन वन्दितुमिच्छंस्तत्समीपं जिगमिषुरुपविष्ट एव झष इव मत्स्य इव त्वरितमङ्गं परावृत्य यद्गच्छति तन्मत्स्योद्वृत्तम्, इत्थं च यदङ्गपरावर्तनं तज्झषावर्तमित्यभिधीयते । (प्रव. सारो. वृ. १५६, पृ. ३७) ।

२ जिस प्रकार जल में मछली घूमती है उसी प्रकार वन्दना करते समय जहां उठते हुए या बैठते हुए घूमकर वन्दना की जाती है, अथवा एक आचार्य आदि की वन्दना करके उनके समीपवर्ती

किसी दूसरे आचार्य की वन्दना करने के लिए बैठे-बैठे ही शीघ्रता से घूम कर जो जाना है, इसे झषोद्वृत्त कहते हैं, इस प्रकार से जो शरीर का परावर्तन किया जाता है, वह एक झषावर्त नामक कृतिकर्म का दोष है।

झुषिर (शुषिर)—तत्र शाल्यादिपलालतृणमयो झुषिरः। (व्यव. मलय. वृ. ८–८, पृ. ३)।

शाल्य आदि के पलाल (पुआल) तृणरूप संस्तर को शुषिर कहते हैं।

झोव—यस्मिन् प्रक्षिप्ते समो भागहारो भवति स राशिः समकरणो झोवः। (व्यव. भा. १–१८६, पृ. ६७)।

जिस राशि के मिलाने पर भागहार सम होता है उसे झोव राशि कहते हैं।

टंक—सिलामयपव्वएसु उक्किण्णवावी-कूव-तलाय-जिणघरादीणि टंकाणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४९५)।

शिलामय पर्वतों पर उकेरी गई बावड़ी, कुआं, तालाब और जिनगृह आदि टंक कहलाते हैं।

टोलगतिवन्दनक—१. टोल्लोव्व उप्फिडंतो स्रोस क्कहिसक्कणं कुणइ ॥ (प्रव. सारो. १५७)। २. उत्ष्वष्कणं अग्रतः सरणम्, अभिष्वष्कणं पश्चादपसरणम्, ते उत्ष्वष्कणाभिष्वष्कणे, टोलवत् तिड्डवत् उत्प्लुत्य उपप्लुत्य करोति यत्र तट्टोलगतिवन्दनकम्। (आव. हरि. वृ. मल. हे. टि. पृ. ८७)। ३. अवष्वष्कणं पश्चाद् गमनम्, अभिष्वष्कणम् अभिमुखगमनम्, ते अवष्वष्कणाभिष्वष्कणे, टोलोव्व तिड्डवदुत्प्लवमानः करोति यत्र तट्टोलगतिवन्दनकम्। (प्रव. सारो. वृ. १५७, पृ. ३६)।

१ टिड्डी अथवा शलभ (पतंगा) के समान उछल उछल करके कभी आगे और कभी पीछे वन्दना करने को टोलगतिवन्दनक कहते हैं।

डमरकर—काय-वाङ्मनोभिर्विचित्रं ताडनं डमरम्, तत्करणशीलो डमरकरः। (आव. मलय. वृ. १०८६, पृ. ५९७)।

काय, वचन और मन के द्वारा विचित्र प्रकार के ताडन (डमर) करने वाले व्यक्ति को डमरकर कहते हैं। यह अप्रशस्त भावकर है।

डमरुक मुद्रा—दक्षिणकरेण मुष्टिं बध्वा कनिष्ठिकाङ्गुष्ठौ प्रसार्य डमरुकवच्चालयेदिति डमरुकमुद्रा। (निर्वाणक. १९, ८, १४, पृ. ३३)।

दाहिने हाथ की मुट्ठी बांध कर कनिष्ठा और अंगुष्ठ को पसार कर डमरु के समान चलाने को डमरुकमुद्रा कहते हैं।

डायस्थिति—१. जत्तो ठितिठाणट्ठितो तीए चेव पगतीए उक्कोसितं ठितिं बंधति सा डायट्ठिति वुच्चति। (कर्मप्र. चू. उद्व. क. ६, पृ. १४६)। २. उक्कोस डायठिई ××× । (पंचसं. उद्व. क. १५)। ३. यतः स्थितिस्थानादपवर्तनाकरणवशेन उत्कृष्टां स्थितिं याति तावती स्थितिर्डायस्थितिरित्युच्यते। ××× यतः स्थितिस्थानान्मण्डूकप्लुतिन्यायेन डायां—फालां दत्वा या स्थितिर्बध्यते ततः प्रभृति तदन्ता तावती स्थितिर्बद्धा डायस्थितिरिहोच्यते। सा चोत्कर्षतोऽन्तःसागरोपमकोटीकोट्यूनसकलकर्मस्थितिप्रमाणा वेदितव्या। (पंचसं. मलय. वृ. बं. क. ११२, पृ. ६२)। ४. यतो यस्याः स्थितेरारभ्य परमः उत्कृष्टो बन्धो भवति—उत्कृष्टां स्थितिं बध्नाति, तस्याः प्रभृति सर्वाऽपि स्थितिर्डायस्थितिरित्युच्यते। सा चोत्कर्षतः किञ्चिदूना—किञ्चिदूनकर्मस्थितिप्रमाणा वेदितव्या। (पंचसं. मलय. वृ. उद्व. क. १५)।

१ जहां स्थितिस्थान में स्थित होकर उसी प्रकृति की उत्कृष्ट स्थिति को बांधता है उस स्थिति का नाम डायस्थिति है। ४ जिस स्थिति से लगाकर उत्कृष्ट स्थिति का बन्ध होता है उससे लेकर समस्त स्थिति को डायस्थिति कहते हैं।

डड्डर—डड्डरं महता शब्देनोच्चारयतो वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०)।

उच्च स्वर से उच्चारण करते हुए वन्दना करना, यह वन्दना का एक डड्डर नामका दोष है।

तटच्छेद—दोहि वि तडेहि णदीपमाणपरिच्छेदो, अथवा दव्वाणं सयमेव छेदो तडच्छेदो णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४३६)।

दोनों तटों से नदीके प्रमाणके जानने का नाम तटच्छेद है, अथवा द्रव्यों का जो स्वयं ही छेद—खण्डन—होता है उसे तटच्छेद जानना चाहिए।

तत—१. चर्मतननिमित्तः पुष्कर-भेरी-दर्दुरादिप्रभवस्ततः। (स. सि. ५–२४)। २. ततं तंत्रीसमुत्थानमवनद्धं मृदंगजम्। (पद्मपु. २४–२०)। ३. चर्मतननात्ततः पुष्कर-भेरी-दर्दुरादिप्रभवः। (त.

भा. ५, २४, ५; त. श्लो. ५-२४) । ४. ततो णाम वीणा-तिसरि- आलावणि-वव्वीस-खुक्खुणादि-जणिदो । (धव. पु. १३ पृ. २२१) । ५. ततो मृदंग-पणवाद्यातोद्यसमुत्थः । (त. भा. हरि. वृ. ५-२४) । ६. ततो मृदंग पटहादिसमुद्भवः । (त. भा. सिद्ध. वृ. ५-२४) । ७. ततं मृदंगपटहादि । (रायप. मलय. वृ. पृ. ६६) । ८. ततः शब्दः चर्मतननेन सञ्जातः । योऽसौ पुष्करः पटहः भेरी दुन्दुभिः दर्दुरो जल्लावादिविशेषः ततः 'र बाब' इति देश्याम्, इत्यादिकः तत इति कथ्यते । (त. वृत्ति श्रुत. ५-२४) ।

१ चमड़ा के तनने के निमित्त से भेरी, मृदंग और दर्दुर (एक बाजा) आदि से निकलने वाले शब्द को तत कहते हैं ।

तत्त्व—देखो तत्त्वार्थ । १. एकान्तदृष्टिप्रतिषेधि तत्त्वं प्रमाणसिद्धं तदतत्स्वभावम् । (स्वयंभू ४१); य एव नित्य-क्षणिकादयो नया मिथोऽनपेक्षाः स्व-परप्रणाशिनः । त एव तत्त्वं विमलस्य ते मुनेः परस्परेक्षाः स्व-परोपकारिणः ॥ (स्वयंभू. ६१); विधेयं वार्यं चानुभयमुभयं मिश्रमपि तत्, विशेषैः प्रत्येकं नियमविषयैश्चापरिमितैः । सदान्योऽन्यापेक्षैः सकलभुवनज्येष्ठगुरुणा, त्वया गीतं तत्त्वं बहुनयविवक्षेतरवशात् ॥ (स्वयंभू ११८) । २. तत्त्वं त्वनेकान्तमशेषरूपं, द्विधा भवार्थव्यवहारवत्त्वात् । (युक्त्यनु. ४७); प्रतिक्षणं स्थित्युदयव्ययात्मतत्त्वव्यवस्थं सदिहार्थरूपम् ॥ (युक्त्यनु. ४६) । ३. तस्य भावस्तत्त्वम् । तस्य कस्य ? योऽर्थो यथावस्थितस्तथा तस्य भवनमित्यर्थः । (स. सि. १-२) । ४. चित्तं सदसदात्मैकं तत्त्वं साधयति स्वतः । (लघीय. ६); द्रव्य-पर्यायात्मकम् उत्पाद-व्यय-ध्रौव्ययुक्तं वस्तु तत्त्वम् । (लघीय. स्वो. विवृ. ६) । ५. तदिति विधिः, तस्य भावस्तत्त्वम् ××× तत्त्वं श्रुतं ज्ञानम् । (धव. पु. १३, पृ. २८५-८६) । ६. चेतनोऽचेतनो वार्थो यो यथैव व्यवस्थितः । तथैव तस्य यो भावो याथात्म्यं तत्त्वमुच्यते ॥ (तत्त्वानु. १११) । ७. योऽर्थो यथावस्थितस्तस्यार्थस्य तथाभावो भवनं तत्त्वम् । (त. वृत्ति श्रुत. १-२) । ८. जीवादीनां पदार्थानां याथात्म्यं तत्त्वमिष्यते । (जम्बू. च. ३-१७) ।

१ जो एकान्त दृष्टि का निषेधक होकर तदतत् स्वभाव वाला है—नयविवक्षा से परस्पर विरोधी नित्य-अनित्य व एक-अनेक आदि धर्मों का समन्वय करने वाला है—उसे प्रमाणसिद्ध तत्त्व समझना चाहिए ।

तत्त्वज्ञ—तत्त्वज्ञः वस्तुतत्त्ववेदी । (पञ्चव. वृ. ११, पृ. ४) ।

वस्तुस्वरूप के जानने वाले को तत्त्वज्ञ कहते हैं ।

तत्त्वज्ञान—देखो तत्त्वाभिनिवेश । १. तत्त्वज्ञानं च जीवादितत्त्वयाथात्म्यनिश्चयः । (अनगा. ६, १६) । २. तत्त्वज्ञानमूहापोहविज्ञानविशुद्धमिदमित्थमेवेति निश्चयः । (योगशा. स्वो. विव. १-५१)।

१ जीवादि तत्त्वों की यथार्थता के निश्चय को तत्त्वज्ञान कहा जाता है । २ ऊहापोह रूप विशिष्ट ज्ञान से अतिशय शुद्ध 'यह ऐसा ही है' इस प्रकार का जो निश्चय होता है, उसका नाम तत्त्वज्ञान है । यह बुद्धि के शुश्रूषादि आठ गुणों में अन्तिम है ।

तत्त्वनिर्णिनीषु—तथैव तत्त्वं प्रतितिष्ठापयिषुस्तत्त्वनिर्णिनीषुः । (प्र. न. त. ८-४) ।

साधन और दूषण द्वारा तत्त्व के प्रतिष्ठापन की इच्छा रखने वाले पुरुष को तत्त्वनिर्णिनीषु कहते हैं ।

तत्त्वानुरूपत्व—तत्त्वानुरूपत्वं विवक्षितवस्तुस्वरूपानुसारिता । (समवा. अभय. वृ. ३५, पृ. ६०; रायप. मलय. वृ. पृ. १६) ।

विवक्षित वस्तुस्वरूप के अनुसरण करने को तत्त्वानुरूपत्व कहते हैं । यह ३५ सत्यवचनातिशयों में १५वां है ।

तत्त्वाभिनिवेश—देखो तत्त्वज्ञान । विज्ञानोहापोहानुगमविशुद्धमित्थमेवेति निश्चयस्तत्त्वाभिनिवेशः । (ललितवि. पृ. ४३; ध. बि. १-३३; नीतिवा. ५-५३) ।

विज्ञान, ऊहापोह और अनुगम से विशुद्ध जो 'यह ऐसा ही है' इस प्रकार का निश्चय होता है उसे तत्त्वाभिनिवेश कहते हैं । यह एक बुद्धि का गुण है ।

तत्त्वार्थ—देखो तत्त्व । १. तस्य भावस्तत्त्वम् । तस्य कस्य ? योऽर्थो यथावस्थितस्तथा तस्य भवनमित्यर्थः, अर्यत इत्यर्थो निश्चीयत इति यावत्, तत्त्वेनार्थस्तत्त्वार्थः । अथवा ××× तत्त्वमेवार्थस्तत्त्वार्थः । (स. सि. १-२) । २. तत्त्वेनार्यत इति तत्त्वार्थः । अर्यते गम्यते ज्ञायते इत्यर्थस्तत्त्वेनार्थस्तत्त्वार्थः । (त. वा. १, २, ६) । ३. तत्त्वेनाव-

स्थितो भावस्तत्त्वेनैवार्थमानक: । तत्त्वार्थ: सकलो-ऽन्यस्तु मिथ्यार्थ इति गम्यते ॥ ××× तेन एत-दुक्तं भवति—यत्वेन जीवादित्वेनावस्थित: प्रमाण-नयैर्जीवत्वेनैवार्यमाणस्तत्त्वार्थ: सकलो जीवादि: । (त. श्लो. १, २, ५) । ४. मानेनार्थ्यंत इत्यर्थ-स्तत्त्वं भावः स्वरूपतः । (आचा. सा. ३–६) ।

१ जो पदार्थ जिस रूप से अवस्थित है उसी रूप से निश्चित वह तत्त्वार्थ कहलाता है ।

तत्त्वार्थाधिगम—तत्त्वम् अविपरीतोऽर्थ: सुख-दुःख-हेतुः, अधिगम्यते अनेनास्मिन्निति तत्त्वार्थाधिगम: । (त. भा. हरि. वृ. का. २२, पृ. ११) ।

सुख-दुख का कारणभूत यथावस्थित पदार्थ जिसके द्वारा या जिसमें जाना जाता है उसका नाम तत्त्वार्थाधिगम है ।

तत्त्वावबोध—पदार्थस्वरूपपरिज्ञानं तत्त्वावबोध: । (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–३७) ।

पदार्थस्वरूप के परिज्ञान का नाम तत्त्वावबोध है ।

तत्पुरुष—तत्पुरुषः समानाधिकरण: कर्मधारय:, धवलश्चासौ वृषभश्च विशेषण-विशेष्यबहुलमिति तत्पुरुषः । धवलत्वं विशेषणं वृषभेण विशेष्येण सह समस्यति, द्वे पदे एकमर्थं ब्रुवते इति समानाधिकर-णत्वम् । (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ७३) ।

समानाधिकरणयुक्त कर्मधारय समास को जिसमें विशेषण-विशेष्य की बहुलता रहती है, तत्पुरुष समास कहते हैं । जैसे—'धवलवृषभ' यहां धवल विशेषण और वृषभ विशेष्य है तथा दोनों पदों का एक ही अर्थ होने से उनमें सामानाधिकरण भी है ।

तत्प्रतिबद्ध—तत्प्रतिबद्धं च वृक्षस्थगुन्द-पक्वफला-दिलक्षणम् । (श्रा. प्र. टी. २८६) ।

वृक्ष में स्थित गोंद और पके हुए फलादि को तत्प्रतिबद्ध कहते हैं । यह पौषधोपवास का एक अतिचार है ।

तत्प्रतिरूपकव्यवहार—तथा तत्प्रतिरूपव्यवहर-णम्—तेनाधिकृतेन प्रतिरूपं सदृशं तत्प्रतिरूपम्, तेन व्यवहरणं यदत्र घटते व्रीह्यादि-घृतादिषु पलञ्जी-वसादि, तस्य तत्र प्रक्षेपेण विक्रयः । (श्रा. प्र. टी. २६८) ।

अधिकृत वस्तु के साथ उसके समान किसी अन्य अल्पमूल्य वाली वस्तु को, जहां जो मिश्रित होती हो—जैसे व्रीहि (एक प्रकार का धान्य) में कणरहित धान्य का तथा घी में चर्बी को, मिलाकर व्यवहार करना—बेचना, इसे तत्प्रतिरूपकव्यवहार कहते हैं । यह अचौर्याणुव्रत का एक अतिचार है ।

तत्सेवी—१. पासत्थो पासत्थस्स अणुगदो दुक्कड परिकहेइ । एसो वि मज्झसरिसो सव्वत्थ वि दोससंचइओ ॥ जाणादि मज्झ एसो सुहसीलत्तं च सव्वदोसे य । तो एस मे ण दाहिदि पायच्छित्तं महल्लित्ति ॥ आलोचिदं असेसं सव्वं एदं मए त्ति जाणादि । सो पवयणपडिकुद्धो[ट्ठो] दसमो आलो-चणादोसो ॥ (भ. आ. ६०१–३) । २. अस्या-पराधेन ममातिचार: समान:, तमयमेव वेत्ति, अस्मै यद्दत्तं तदेव मे युक्तं लघूकर्तव्यमिति स्वदुश्चरित-संवरणं दशमो (पा.—'दशमस्तत्सेवित') दोष: । (त. वा. ९, २२, २; चा. सा. पृ. ६२) । ३. पर-गृहीतस्यैव प्रायश्चित्तस्यानुमतेन स्वदुश्चरितसंवर-णम् । (त. श्लो. ९–२२) । ४. तत्सेवी य आत्मना दोषै: संपूर्णस्तस्य यो महाप्रायश्चित्तभयादात्मीय-दोषं प्रकटयति तस्य तत्सेवी नामा दशम आलोचना-दोषो भवेत् । (मूला. वृ. ११–१५) । ५. मादृशो वेत्त्यसावेव ममागोऽस्मै यदर्पितम् । तन्ममेति स्व-दोषोक्तिरस्मै तत्सेवितं मतम् ॥ (आचा. सा. ६, ३७) । ६. ××× समास्तत्सेवितं त्वसौ । (अन. ध. ७–४३) । ७. शिष्यो यमपराधमालोचयिष्यति तमेव सेवते यो गुरुरसौ तत्सेवी । तत्समीपे यदपरा-धालोचनमेष ममातिचारेण तुल्यस्ततो न किमपि मे प्रायश्चित्तं दास्यत्यल्पं वा दास्यति । न च मां खर-ण्टयिष्यति यथा विरूपं कृतं त्वयेति बुद्ध्या तदा-लोचनं तत्सेवी एष दशमः (तत्सेवी) आलोचना-दोष: । (व्यव. मलय. वृ. ३४२, पृ. १९) । ८. यत्पापं गुर्वग्रे प्रकाशितं तत्सर्वथा न मुंचति पुनरपि तदेव कुरुते स तत्सेवी कथ्यते । अथवा य आचार्य-स्तं दोषं करोति तदग्रे पापं प्रकाशयति, निर्दोषा-चार्याग्रे पापं न प्रकाशयतीति तत्सेवी दोष: । (भाव-प्रा. टी. ११८) ।

२ मेरा अपराध इसके अपराध के समान ही है, इसे यही जानता है, गुरु ने जो प्रायश्चित्त इसे दिया है वही मुझे कर लेना चाहिए । यह सोचकर अपने दुराचरण को प्रकाशित नहीं करना, यह आलोचना

का तत्सेवी नाम का दसवाँ दोष है। ७ जिस जिस अपराध की आलोचना करेगा उसी का सेवन करने वाला जो गुरु है वह तत्सेवी है, उसके समीप आलोचना करने पर चूंकि यह मेरे अतिचार के समान है इसलिए वह मुझे कुछ प्रायश्चित्त नहीं देगा या बहुत थोड़ा देगा तथा 'तुमने यह निकृष्ट कार्य किया है' ऐसा कहकर मुझे तिरस्कृत नहीं करेगा, इस विचार से जो आलोचना की जाती है वह तत्सेवी नाम का दसवां आलोचनादोष है।

तथाकार—१. वायणपडिच्छणाए उवदेसे सुत्त-अत्थ-कहणाए। अवितह मेदत्ति पुणो पडिच्छणाए तथाकारो॥ (मूला. ४–१३३)। २. वायणपडिसुणणाए उवएसे सुत्त-अत्थकहणाए। अवितहमेयंति तहा पडिसुणणाए तहक्कारो॥ (आव. नि. ६८९)। ३. तथाकरणं तथाकारः, स च सूत्रप्रश्नगोचरो यथा भवद्भिरुक्तं तथेदमित्येवंस्वरूपः। (आव. नि. हरि. वृ. ६६६, पृ. २५९); तथाकार इति कोऽर्थ इति ? आह—अवितथमेतत् यदाहुर्यूयमिति। (आव. नि. हरि. वृ. ६८९, पृ. २६५)। ४. वाचनाप्रतिश्रवणे उपदेशे सूत्रार्थयोजने गुरुणा क्रियमाणे अवितथमेतदिति कृत्वा पुनरपि यच्छ्रवणं तत्तथाकारः। (मूला. वसु. वृ. ४–१३३)। ५. तत्त्वाख्यानोपदेशादौ नान्यथा भगवद्वचः। तत्तथेत्यादरेणोक्तिस्तथाकारो गुणाकरः॥ (आचा. सा. २–८)।

१, २ वाचना के सुनने में, उपदेश के विषय में तथा सूत्र और अर्थ के कथन में 'आपका कथन यथार्थ है, इस प्रकार फिर से जो उसका श्रवण किया जाता है, यह तथाकार कहलाता है। तथाकार का अभिप्राय यही है कि जैसा आप तत्त्व का व्याख्यान कर रहे हैं वह यथार्थ है। इस प्रकार का तथाकार उक्त वाचनाप्रतिश्रवण आदि के विषय में करना चाहिये। यह दस प्रकार के समाचार के अन्तर्गत है।

तदानीतादान—देखो चौरार्थादान। तदा तच्छब्देन स्तेनपरामर्शः, स्तेनैरानीतमाहृतं कनक-वस्त्रादि, तस्यादानं ग्रहणं मूल्येन मुधिकया वा तदानीतादानम्। स्तेनानीतं हि काणक्रयेण मुधिकया वा प्रच्छन्नं गृह्णंश्चौरो भवति, ततश्चौर्यकरणाद् व्रतभङ्गः, वाणिज्यमेव मया क्रियते न चौरिकेत्यध्यवसायेन व्रतसापेक्षत्वान्न तद्भङ्ग इति भङ्गाभङ्गरूपोऽतिचारः। (योगशा. स्वो विव. ३–९१; पृ. ५५२–५३)।

'तदानीत' में तत् शब्द से चोर को ग्रहण किया गया है, उसके द्वारा लाये गये सुवर्ण व वस्त्र आदि को मूल्य देकर अथवा बिना मूल्य दिये ही लेना, इसका नाम तदानीतादान है। यह अचौर्याणुव्रत का अतिचार इसलिये है कि चोरी से लाये गये सुवर्णादि को छिप करके मूल्य से या बिना मूल्य दिये ही ग्रहण करता है, इस प्रकार चोर होने के कारण व्रत को भंग करता है, तथा 'मैं तो व्यापार करता हूं, चोरी नहीं करता' इस प्रकार व्रत की अपेक्षा रखने से व्रत का भंग नहीं भी होता है।

तदाहृतादान—देखो तदानीतादान। १. अप्रयुक्तेनाननुमतेन च चोरेणानीतस्य ग्रहणं तदाहृतादानम्। (स. सि. ७–२७, चा. सा. पृ. ६)। २. स्तेनैराहृतस्य द्रव्यस्य मुधा क्रयेण वा ग्रहणं तदाहृतादानम्। (त. भा. ७–२२)। ३. चोरानीतग्रहणं तदाहृतादानम्। अप्रयुक्तेनाननुमतेन चोरेणानीतस्य ग्रहणं तदाहृतादानं प्रत्येतव्यम्। (त. वा. ७, २७, २)। ४. तदाहृतादानमिति तच्छब्देन स्तेनपरामर्शः, तैराहृतम् आनीतं कनक-वस्त्रादि, तस्यादानम्—ग्रहणं मूल्येन मुधिकया वा। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७-२२)। ५. तथा तैराहृतस्य कुङ्कुमादिद्रव्यस्यादानं संग्रहः। (ध. बि. मु. वृ. ३–२५)। ६. चोरेण चोराभ्यां चोरैर्वा यद्वस्तु चोरयित्वा आनीतं तद्वस्तु यत् मूल्यादिना गृह्णाति तत् तदाहृतादानम्। (त. वृत्ति श्रुत. ७–२७)। ७. अप्रेरितेन केनापि दस्युना स्वयमाहृतम्। गृह्यते धन-धान्यादि तदाहृतादानं स्मृतम्॥ (लाटीसं. ६–५०)।

१ अपनी प्रेरणा या सम्मति के बिना चोर के द्वारा लाये हुए द्रव्य के ग्रहण करने को तदाहृतादान कहते हैं।

तदुभय—१. [तदुभय-] संसर्गे सति विशोधनात्तदुभयम्। (स. सि. ९–२२; त. श्लो. ९–२२)। २. तदुभयसंसर्गे सति शोधनात्तदुभयम्। किञ्चित् कर्म आलोचनमात्रादेव शुद्ध्यति, अपरं प्रतिक्रमणेन, इतरत् पुनः तदुभयसंसर्गे सति शुद्धिमुपयातीति तदुभयमित्युपदिश्यते। (त. वा. ९, २२, ४)। ३. अभिव्यक्तप्रतीकारं मिथ्या मे दुष्कृतादिभिः। प्रतिक्रान्तिस्तदुभयं संसर्गे सति शोधनात्॥ (त. सा.

७–२१)। ४. किञ्चित्कर्माऽऽलोचनमात्रादेव शुद्ध्यत्य-परं प्रतिक्रमणेनेतरं[त्तु] दुःस्वप्नादिकं तदुभयसंसर्गेण शुद्धिमुपयाति। (चा. सा. पृ. ६२)। ५. उभयं आलोचन-प्रतिक्रमणे संसर्गदोषे सति विशोधनात्तदुभयम्। (मूला. वृ. ११–१६)। ६. स्यात्तदुभयमालोचना-प्रतिक्रमणद्वयम्। दुःस्वप्नदुष्टचिन्तादिमहा-दोषसमाश्रयम्॥ (आचा. सा. ६–४२)। ७. दुः-स्वप्नादिकृतं दोषं निराकर्तुं क्रियेत यत्। आलोचन-प्रतिक्रान्तिद्वयं तदुभयं तु तत्॥ (अन. ध. ७, ४८)।

२ आलोचना और प्रतिक्रमण इन दोनों का सम्बन्ध होने पर जो आत्मशुद्धि होती है उसे तदुभय प्रायश्चित्त कहते हैं।

तदुभयकल्पिक—तदुभयकप्पियजुत्तो तिगम्मि एगाहिगेसु ठाणेसु। णियधम्मऽवज्जभीरु ओवम्मं अज्जवहिरेहिं॥ (बृहत्क. ४०१)।

जो एक अधिक तीन स्थानों में—सूत्र में, सूत्र व अर्थ उभय में तथा सूत्र, अर्थ व उभय इन तीनों में—युक्त है अर्थात् उनके ग्रहण करने में समर्थ है उसका नाम तदुभयकल्पिक है। 'प्रियधर्म' से प्रियधर्मा, दृढधर्मा, प्रियधर्मा-दृढधर्मा तथा न प्रियधर्मा न दृढधर्मा ये चार भंग अभिप्रेत हैं। इनमें चौथा भंग अवस्तुस्वरूप है, अतः उसे छोड़कर शेष तीन भंगों में जो युक्त है वह तदुभयकल्पिक कहलाता है, जो पाप से भयभीत होता ही है। यहां आर्यवज्र का उदाहरण है।

तदुभयप्रत्ययिक-अजीवभावबन्ध—जे दोहिं वि कारणेहिं (मिच्छत्तासंजमकसायजोगेहिंतो तेहि विणा वि) समुप्पण्णा तेसिं तदुभयपच्चइयो अजीवभाव-बंधो त्ति सण्णा। (धव. पु. १४, पृ. २३)।

जो अजीवभाव मिथ्यात्वादि कारणों से और उनके बिना भी—दोनों ही प्रकार से—उत्पन्न होते हैं, उनका नाम तदुभयप्रत्ययिक-अजीवभावबन्ध है।

तदुभयप्रत्ययिक-जीवभावबन्ध— कम्माणमुदय-उदीरणाहिंतो तदुवसमेण च जो उप्पज्जइ भावो सो तदुभयपच्चइयो जीवभावबंधो णाम। (धव. पु. १४, पृ. १०)।

जो जीवभाव कर्मों के उदय और उदीरणा से तथा उनके उपशम से भी उत्पन्न होता है उसका नाम तदुभयप्रत्ययिक जीवभावबन्ध है।

तदुभयवक्तव्यता—जत्थ दो वि परूवेऊण पर-समओ दूसिज्जदि ससमओ थाविज्जदि सा तदुभय-वत्तव्वदा णाम। (धव. पु. १ पृ. ८२)।

जहां स्वसमय और परसमय दोनों की ही प्ररूपणा करके परसमय को दूषित और स्वसमय को स्थापित किया जाता है उसका नाम तदुभयवक्तव्यता है।

तदुभयाचार—शब्दार्थशुद्ध्या पाठादि तदुभया-चारः। (मूला. वृ. ५–७२)।

शब्द और अर्थ की शुद्धि के साथ पाठ आदि के करने को तदुभयाचार कहते हैं।

तदुभयार्ह—तदुभयारिहं जं पडिसेविय गुरुणो आ-लोइज्जइ गुरुसंदिट्ठो य पडिक्कमइ त्ति पच्छा मिच्छा दुक्कडं ति भणइ, एयं तदुभयारिहं। (जीतक. चू. पृ. ६)।

जिस दोष का सेवन कर गुरु के समक्ष आलोचना करता है, गुरु का सन्देश पाकर प्रतिक्रमण करता है, तथा पीछे 'मेरा दुष्कृत मिथ्या हो' यह कहता है, वह तदुभयार्ह कहा जाता है।

तद्भवमरण—१. तब्भवमरणं जो जंमि भवग्गहणे मरति णेरइयभवग्गहणादि। (उत्तरा. चू. ५, पृ. १२७)। २. तद्भवमरणं भवान्तरप्राप्त्य-(चा. सा. 'प्ति'-) नन्तरोपश्लिष्टं पूर्वभवविगमनम्। (त. वा. ७, २२, २; चा. सा. पृ. २३)। ३. भवान्तरप्राप्तिरनन्तरोपसृष्टपूर्वभवविगमनम्। (भ. आ. वि-जयो. २५; भावप्रा. ३२)। ४. मोत्तुं अकम्मभूमिय नर-तिरये सुरगणे य नेरइये। सेसाणं जीवाणं तब्भ-वमरणं च केसिंचि॥ (प्रव. सारो. १०१२; स्थाना. अभय. वृ. १०२ उद्.)। ५. यस्मिन् भवे वर्तते जन्तुस्तद्भवयोग्यमेवायुर्बद्ध्वा पुनर्म्रियमाणस्य मरणं तद्भवमरणम्। एतच्च संख्यातायुष्कनर-तिरश्चामेव, तेषामेव हि तद्भवायुर्बन्धो भवतीति। (स्था-ना. अभय. वृ. २, ४, १०२, पृ. ८१)। ६. भुज्य-मानायुश्चरमसमये मरणं तद्भवमरणम्। (भ. आ. मूला. २५)।

१ जो जिस भवग्रहण में मरता है वह तद्भवमरण कहलाता है। जैसे—नारकभवग्रहण आदि। २ भवा-न्तरप्राप्ति के अनन्तर पूर्व भव का जो विनाश होता है उसे तद्भवमरण कहा जाता है। ४ अकर्मभूमिज (भोगभूमिज) मनुष्य, तिर्यंच, देवगण और नार-

क्रियों को छोड़कर शेष जीवों—कर्मभूमिज मनुष्य और तिर्यंचों में—किन्हीं का तद्भवमरण होता है, अर्थात् वे मरकर पुनः उसी भव में उत्पन्न होते हैं।

तद्भाव—१. कस्तद्भावः ? प्रत्यभिज्ञानहेतुता। तदेवेदमिति स्मरणं प्रत्यभिज्ञानम्। तदकस्मान्न भवतीति योऽस्य हेतुः स तद्भावः। भवनं भावः, तस्य भावः तद्भावः। येनात्मना प्राग्दृष्टं वस्तु तेनैवात्मना पुनरपि भावात् तदेवेदमिति प्रत्यभिज्ञायते। (स. सि. ५-३१, त. वा. ५, ३१, १)। २. प्रत्यभिज्ञानहेतुत्वं तद्भावस्तु निगद्यते। (त. सा. ३–१४)। ३. तेषां धर्मादीनां द्रव्याणां येन स्वरूपेण भवनं भावः तद्भावः। (त. वृत्ति श्रुत. ५–४२)।

१ 'यह वही है' इस प्रकार के प्रत्यभिज्ञान का जो कारण है उसे तद्भाव कहते हैं। तद्भाव का अभिप्राय यह है कि जो वस्तु जिस रूप से पूर्व में देखी गई है उसी रूप में उसका फिर भी बना रहना, इसका नाम तद्भाव है।

तद्विहीनाभ्यन्तर सचित्तस्थान—जं तं तव्विहीणमब्भंतरं सच्चित्तट्ठाणं तं केवलणाण-दंसणहराणं अमोक्खठिदि-बंधपरिणयाणं सिद्धाणं अजोगिकेवलीणं वा जीवदव्वं। (धव. पु. १०, पृ. ४३५)।

केवलज्ञान और केवलदर्शन के धारक तथा मोक्ष व स्थितिबन्ध से अपरिणत सिद्धों या अयोगिकेवलियोंका जीवद्रव्य तद्विहीन (संकोच-विकोचविहीन) अभ्यन्तर सचित्तनोआगमद्रव्यस्थान कहलाता है।

तद्व्यतिरिक्त द्रव्यलेश्या—तव्वदिरित्तदव्वलेस्सा पोग्गलखंधाणं चक्खिंदियगेज्झो वण्णो। (धव. पु. १६, पृ. ४८४)।

चक्षु इन्द्रिय के द्वारा ग्रहण करने योग्य जो पुद्गलस्कन्धों का वर्ण होता है उसका नाम तद्व्यतिरिक्त द्रव्यलेश्या है।

तद्व्यतिरिक्त द्रव्यवर्गणा—तव्वदिरित्तदव्ववग्गणा दुविहा—कम्मवग्गणा णोकम्मवग्गणा चेदि। (धव. पु. १४, पृ. ५२)।

कर्मवर्गणा और नोकर्मवर्गणा को तद्व्यतिरिक्त द्रव्यवर्गणा कहा जाता है।

तद्व्यतिरिक्त द्रव्यानन्त—जं तं तव्वदिरित्तदव्वाणंतं तं दुविहं—कम्माणंतं णोकम्माणंतमिदि। (धव. पु. ३, पृ. १५)।

कर्मानन्त और नोकर्मानन्त को तद्व्यतिरिक्त द्रव्यानन्त कहा जाता है।

तद्व्यतिरिक्त द्रव्यार्हत्—तीर्थकरनामकर्म तद्व्यतिरिक्तद्रव्यार्हन्। (भ. आ. विजयो. ४६)।

तीर्थंकरनामकर्म को तद्व्यतिरिक्त द्रव्य-अर्हत् कहा जाता है।

तद्व्यतिरिक्त द्रव्यासंख्यात—जं तं तव्वदिरित्तदव्वासंखेज्जयं तं दुविहं—कम्मासंखेज्जयं णोकम्मासंखेज्जयं चेदि। (धव. पु. ३, पृ. १२४)।

कर्मासंख्यात और नोकर्मासंख्यात को तद्व्यतिरिक्त द्रव्यासंख्यात कहा जाता है।

तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकाल—ववगददो-गंध-पंचरसट्ठफास-पंचवण्णो कुंभारचक्कहेट्ठिमसिलव्व वत्तणालक्खणो लोगागासपमाणो अत्थो तव्वदिरित्त-णोआगमदव्वकालो णाम। (धव. पु. ४, पृ. ३१४, ३१५)।

जो दो गन्ध, पांच रस, आठ स्पर्श और पांच वर्ण से रहित है; कुम्हार के चाक के नीचे की कील के समान वर्तनास्वरूप है, तथा लोकाकाश के प्रमाण है, वह तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकाल कहलाता है।

तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यदृष्टिवाद—दिट्ठिवादसुदहेदुभूददव्वाणि आहारादीणि तव्वदिरित्त-णोआगमदव्वदिट्ठिवादो। (धव. पु. ६, पृ. २०४)।

दृष्टिवाद श्रुत के हेतुभूत आहारादि द्रव्य तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यदृष्टिवाद कहलाते हैं।

तद्व्यतिरिक्त नोकर्मद्रव्यासंख्यात—दीव-समुद्दादि णोकम्मासंखेज्जयं। (धव. पु. ३, पृ. १२४)।

द्वीप व समुद्र आदि को तद्व्यतिरिक्त नोकर्मद्रव्यासंख्यात कहा जाता है।

तद्व्यतिरिक्त नोकर्मानन्त—जं तं णोकम्माणंतं तं कडय-रुजगदीव-समुद्दादि एयपदेसादिपोग्गलदव्वं वा। (धव. पु. ३, पृ. १५)।

कटक, रुचक, द्वीप व समुद्र आदि अथवा एक प्रदेशी आदि रूप पुद्गल द्रव्य; ये तद्व्यतिरिक्त नोकर्मानन्त कहलाते हैं।

तद्व्यतिरिक्त परीषह—ताभ्यां ज्ञशरीर-भव्यशरीराभ्यां व्यतिरिक्तः पृथग्भूतः तद्व्यतिरिक्तः, स च प्रकृतत्वात् द्रव्यपरीषहो भवेत्। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ७२)।

ज्ञशरीर और भव्यशरीर से व्यतिरिक्त परीषह को तद्व्यतिरिक्तद्रव्यपरीषह कहते हैं।

तद्व्यतिरिक्त संयमलब्धिस्थान—(उप्पादट्ठाण-पडिवादट्ठाणवदिरित्ताणि) सेससव्वाणि चेव चरित्तट्ठाणाणि तव्वदिरित्त (संजमलद्धि) ट्ठाणाणि। (धव. पु. ६, पृ. २८३)।

उपपादस्थान और प्रतिपातस्थानों को छोड़कर शेष सब चारित्रस्थान तद्व्यतिरिक्त संयमलब्धिस्थान कहलाते हैं।

तनुक्लेश—देखो कायक्लेश। तथा तनुः कायः, तस्याः क्लेशः शास्त्राविरोधेन बाधनं तनुक्लेशः। (योगशा. स्वो. विव. ४-८९, पृ. ३११)।

तनु का अर्थ शरीर है, उसे आगमाविरोध से बाधा पहुंचाना; इसका नाम तनुक्लेश है।

तनुचिकित्सा—तनुचिकित्सा ज्वरादिनिराकरणं कण्ठोदरशोधनकारणं च। (मूला. वृ. ६-३३)।

ज्वर आदि के निराकरण तथा कण्ठ व उदर की शुद्धि का जो कारण है उसका नाम तनुचिकित्सा है।

तन्तुचारण—१. मक्कडयतंतुपंतीउवरिं अदि-लघुओ तुरिदपदक्खेवे। गच्छेदि मुणिमहेसी सा मक्कडतंतुचारणा रिद्धी॥ (ति. प. ४-१०४५)। २. तन्तुमस्पृश्य तन्तूपरि गमनं तन्तुचारणत्वम्। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से महर्षि अतिशय लघु—गुरुता से रहित—होकर मकड़ी के तन्तु के ऊपर से पादक्षेप करते हुए गमन करने में समर्थ होते हैं उसे तन्तुचारण ऋद्धि कहते हैं।

तन्त्र—१. तन्यतेऽनेनास्मादस्मिन्निति वा अर्थ इति तन्त्रम्। (आव. नि. हरि. वृ. १३०, पृ. ८७)। २. स्वमण्डलपालनाभियोगस्तन्त्रम्। (नीतिवा. ३०-४६, पृ. ३५६)।

१ जिसके द्वारा, जहां से अथवा जहां पर अर्थ को विस्तृत किया जाता है वह तंत्र कहलाता है। यह सूत्र या ग्रन्थ का पर्यायवाची नाम है।

तप—१. विसय-कसायविणिग्गहभावं काऊण झाण-सज्झाए। जो भावइ अप्पाणं तस्स तवं होदि णियमेण॥ (द्वादशानु. ७७)। २. चरणम्मि तम्मि जो उज्जमो य आउंजणा य जो होई। सो चेव जिणेहिं तवो भणिदो असढं चरंतस्स॥ (भ. आ. १०)। ३. अनिगूहितवीर्यस्य मार्गाविरोधिकायक्लेशस्तपः। (स. सि. ६-२४; त. वा. ६, २४, ७); कर्मक्षयार्थं तप्यते इति तपः। (स. सि. ९-६; त. वा. ९, ६, १७); अनशनावमौदर्यादिलक्षणं तपः। (स. सि. ९-२२)। ४. तवो णाम तावयति अट्ठविहं कम्मगंठिं, नासेतित्ति वुत्तं भवइ। (दशवै. चू. १, पृ. १५)। ५. कर्मनिर्दहनात्तपः। यथाग्निः संचितं तृणादि दहति तथा कर्म मिथ्यादर्शनाद्यर्जितं निर्दहतीति तप इति निरुच्यते। देहेन्द्रियतपाद्वा। अथवा देहस्येन्द्रियाणां च तापं करोतीत्यनशनादि[अतः] तप इति निरुच्यते। (त. वा. ९, १९, २०-२१); तपोऽनशनादि। अनशनावमौदर्य-वृत्तिपरिसंख्यानादि तपोऽवगन्तव्यम्। (त. वा. ९, २२, ७)। ६. तपतीति तपः, कर्तर्यसुन्, संयमात्मनः शेषाशयविशोधनार्थं बाह्याभ्यन्तरतापनं तपः, शरीरेन्द्रियतापात् कर्मनिर्दहनाच्च तपः। अपरः प्राह—विशेषेण कायमनस्तापविशेषात् तपः। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ९-६)। ७. तापयत्यनेकभवोपात्तमष्टप्रकारं कर्मेति तपोऽनशनादि। (दशवै. सू. हरि. वृ. १-१, पृ. २१)। ८. विशिष्टज्ञान-संवेग-शमसारमतस्तपः। क्षायोपशमिकं ज्ञेयमव्याबाधसुखात्मकम्॥ (तपोऽष्टक ११-८)। ९. तापयत्यनेकभवोपात्तमष्टप्रकारं कर्मेति तपः। (आव. नि. हरि. वृ. १०३, पृ. ७२; धर्मसं. मलय. वृ. ११७५); कर्म तापयतीति तपः—पृथिव्यादिसंघट्टनादौ निर्विम(कृ)तिकादि। (आव. नि. हरि. वृ. १४१८, पृ. ७६४)। १०. तिण्हं रयणाणमाविब्भावट्ठमिच्छाणिरोहो तवो। (धव. पु. १३, पृ. ५४-५५); खवणायंबिल-णिव्वियडि-पुरिमंडलेयट्ठाणाणि तवो णाम। (धव. पु. १३, पृ. ६१)। ११. मनोऽक्षग्राम-कायानां तपनात् सन्निरोधनात्। तपो निरुच्यते तज्ज्ञैस्तदिदं द्वादशात्मकम्॥ (म. पु. २०-२०४)। १२. तपो ह्यनागताघौघप्रवर्तननिरोधनम्। तज्जन्महेतुसंघातप्रतिपक्षयतो यथा (?)॥ भविष्यत्कालकूटादिविकारौघनिरोधनम्। मंत्र-ध्यानविधानादि स्फुटं लोके प्रतीयते॥ नृणामप्यघसम्बन्धो राग-द्वेषादिहेतुकः। दुःखादिफलहेतुत्वादतिभुक्तिविषादिवत्॥ तद्विरोधिविरागादिरूपं तप इहोच्यते। तदसिद्धावतज्जन्मकारणप्रतिपक्षता॥ (त. श्लो. ३७-४०, पृ. १६); अनिगूहितवीर्यस्य सम्यग्मार्गाविरोधतः। कायक्लेशः समाख्यातं विशुद्धं शक्तितस्तपः॥ (त. श्लो. ६, २४, ९)। १३. अन-

शनादिपरित्यागात्मिका क्रिया अनपेक्षितदृष्टफला द्वादशविधा तपः। (भ. आ. विजयो. टी. ४६)। १४. परं कर्मक्षयार्थं यत्तप्यते तत्तपः स्मृतम्। (उ. सा. ६–१९)। १५. इह-परलोयसुहाणं णिरवेक्खो जो करेदि समभावो। विविहं कायकिलेसं तवधम्मो णिम्मलो तस्स॥ (कार्तिके. ४००)। १६. तपो ऽनशनादिद्वादशविधानुष्ठानम्। (चा. सा. पृ. २२); रत्नत्रयाविर्भावार्थमिच्छानिरोधस्तपः। अथवा कर्मक्षयार्थं मार्गाविरोधेन तप्यते इति तपः। (चा. सा. पृ. ५९); गुणालंकृतेन कृतापराधेनोपवासैकस्थाना-चाम्ल-निर्विकृत्यादिभिः क्रियमाणं तप इत्युच्यते। (चा. सा. पृ. ६३)। १७. अनिगूहितवीर्यस्य कायक्लेशस्तपः स्मृतम्। तच्च मार्गाविरोधेन गुणाय गदितं जिनैः॥ अथवा—अन्तर्बहिर्मलप्लोषादात्मनः शुद्धिकारणम्। शारीरं मानसं कर्म तपः प्राहुस्तपोधनाः॥ (उपासका. ९२२–२३)। १८. इन्द्रिय-मनसोर्नियमानुष्ठानं तपः। (नीतिवा. १–२०)। १९. तत्तपो यत्र जन्तूनां सन्तापो नैव जातुचित्। (क्षत्रचू. ६–१४)। २०. तपति दहति शरीरेन्द्रियाणि तपः बाह्याभ्यन्तरलक्षणं कर्मदहनसमर्थम्। (मूला. वृ. ५–२); कर्मक्षयार्थं तप्यन्ते शरीरेन्द्रियाणि तपः। (मूला. वृ. ११–५)। २१. समस्तरागादिपरभावेच्छात्यागेन स्वस्वरूपे प्रतपनं विजयनं तपः। (प्रव. सा. जय. वृ. १–७९)। २२. तपः प्राहुरनुष्ठानं मानसाक्षनियामकम्। (आचा. सा. ६–३)। २३. कर्ममलविलयहेतोर्बोधदृशा तप्यते तपः प्रोक्तम्। तद् द्वेधा द्वादशधा जन्माम्बुधियानपात्रमिदम्॥ (पद्म. पं. १–९८)। २४. × × × सो वि तवो विसयणिग्गहो जत्थ। (लि. सा. वृ. ६ उद्धृत)। २५. तपस्तु च्छेदग्रन्थानुसारेण जीतकल्पानुसारेण वा येन केनचित् तपसा विशुद्धिर्भवति तत् तद् देयमासेवनीयं च। (योगशा. स्वो. विव. ४–९०, पृ. ३१२)। २६. यत्तापयति कर्माणि तत्तपः परिकीर्तितम्। (जि. स. पु. च. १, १, १९७)। २७. तपो मनोऽक्ष-कायाणां तपनात् सन्निरोधनात्। निरुच्यते दृगाद्याविर्भावायेच्छानिरोधनम्॥ यद्वा मार्गाविरोधेन कर्मोच्छेदाय तप्यते। अर्जयत्यक्ष-मनसोस्तत्तपो नियमक्रिया॥ (अन. ध. ७, २–३)। २८. तप इन्द्रिय-मनसोर्नियमानुष्ठानम्। (भ. आ. मूला. टी. २)।

१ विषय-कषायों का निग्रह करके ध्यान व स्वाध्याय में निरत होते हुए आत्मचिन्तन करने का नाम तप है। ४ जो आठ प्रकार की कर्मग्रन्थि—कर्मरूप गांठ—को सन्तप्त करता है—उसे नष्ट करता है, उसे तप कहा जाता है। ५ जो शरीर और इन्द्रियों को सन्तप्त करता हुआ कर्म को नष्ट करता है वह तप कहलाता है।

तप-आचार—१. द्वादशविधेऽपि तपसि × × × साभ्यन्तर-बाह्ये ऽनशनादि-प्रायश्चित्तादिलक्षणे कुशलदृष्टे—तीर्थकरोपलब्धे—अग्लान्या, न राजवेष्टिकल्पेन यथाशक्त्या वा अनाजीवको निःस्पृहः फलान्तरमधिकृत्य यो ज्ञातव्यो ऽसौ तप-आचारः, आचार-तद्वतोरभेदात्। (दशवै. नि. हरि. वृ. १८१, पृ. १०६)। २. तपाचारः—बारसविहम्मि वि तवे सब्भिंतर-बाहिरे जिणुवदिट्ठे। अगिलाए अणाजीवी णायव्वो सो तवायारो॥ (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ९७ उद्.)। ३. अनशनादिक्रियासु वृत्तिस्तप-आचारः। (भ. आ. विजयो. ४६); चतुर्विधाहारत्यजनं न्यूनभोजनं वृत्तेः परिसंख्यानं रसानां त्यागः कायसंतापनं विविक्तावास इत्येवमादिकस्तपःसंज्ञित आचारः। (भ. आ. विजयो. ४१९)। ४. [तप-आचारः] द्वादशविधतपोविशेषानुष्ठितः। (समवा. अभय. वृ. १३६, पृ. १००)। ५. कायक्लेशाद्यनुष्ठानं तप-आचारः। (मूला. वृ. ५–२)। ६. अनशनादितपश्चरणपरिणतिस्तप-आचारः। (भ. आ. मूला. ४१९)।

१ अनशनादिरूप छह बाह्य और प्रायश्चित्तादि रूप छह अभ्यन्तर, इस प्रकार बारहों प्रकार के तप में उत्साहपूर्वक अथवा यथाशक्ति अनाजीवक (निःस्पृह) होकर फलान्तर की अपेक्षा से जो ज्ञातव्य है, उसका नाम तप-आचार है। यहां आचार और आचारवान् (जीव) में अभेद की विवक्षा रही है। ३ अनशनादिरूप क्रियाओं में प्रवृत्त होने को तप-आचार कहते हैं।

तप-आराधना—बारहविहतवयरणे कीरइ जा उज्जमो ससत्तीए। सा भणिया जिणसुत्ते तवम्मि आराहणा णूणं॥ (आरा. सा. ७)।

अपनी शक्ति के अनुसार बारह प्रकार के तप के आचरण में जो उद्यम किया जाता है, उसे तप-आराधना कहते हैं।

तप-प्रायश्चित्त—उपवासादि पूर्वोक्तं षड्विधं बाह्यं तपस्तपो नाम प्रायश्चित्तम् । (त. वृत्ति श्रुत. ९–२२) ।

उपवासादिरूप छह प्रकार के बाह्य तप का नाम तप प्रायश्चित्त है ।

तपविद्या (तपोविद्या)—छट्ठट्ठमादिउववासविहाणेहि साहिदाओ तवविज्जाओ । (धव. पु. ९, पृ. ७७) ।

षष्ठ व अष्टम उपवासादि के करने से जो विद्यायें सिद्ध की जाती हैं वे तपविद्यायें कहलाती हैं ।

तपविनय (तपोविनय)—१. उत्तरगुणउज्जोगो सम्मं अहियासणा य सद्धा य । आवासयाणमुचिदाण अपरिहाणीयणुस्सेहो ॥ भत्ती तवोधियम्हि य तवम्हि अहीलणा य सेसाणं । एसो तवम्हि विणओ जहुत्तचारित्तसाहुस्स ॥ (मूला. ५, १७३–७४) । २. तपोऽधिके तपसि च भक्तिः, अनासादना च परेषां तपोविनयः । (भ. आ. विजयो. १०); अनशनादितपोजनितक्लेशसहनं तपोविनयः । (भ. आ. विजयो. ३००) । ३. महातपःस्थिते साधौ तपःकार्ये ससंयमे । भक्तिमात्यन्तिकीं प्राहुस्तपसो विनयं बुधाः ॥ (अमित. श्रा. १३–१३) । ४. बालोऽयं वुड्ढोऽयं संकप्पं वज्जिऊण तवसीणं । जं पणिवायं कीरइ तवविणयं तं वियाणीहि ॥ (वसु. श्रा. ३२४) । ५. यथोक्तमावश्यकमावहन् सहन् परीषहानुत्तरगुणेषु चोत्सहन् । भजंस्तपोवृद्धतपांस्यहेलयन् तपोलघूनेति तपोविनीतताम् ॥ (अन. ध. ७–७५) । ६. द्वादशभेदे तपसि अनशनावमौदर्यादिद्वादशप्रकारे तपसि अनुष्ठानम् उत्साहः उद्योगः, तथा आतापनाद्युत्तरगुणेषु उद्यमः उत्साहः, समता-स्तव-वन्दना-प्रतिक्रमण-प्रत्याख्यान-कायोत्सर्गाणाम् आवश्यकानामपरिहाणिः, तथा यस्यावश्यकस्य यावन्तः पठिताः कायोत्सर्गाः तावन्त एव कर्तव्याः, न तेषां हानिर्वृद्धिर्वा कार्या, द्वादशविधतपोऽनुष्ठाने भक्तिरनुरागः तपस्विनां भक्तिः, इति तपसि विनयः । (कार्तिके. टी. ४५६); अनशनादिद्वादशभेदभिन्नतपोविधानेषु अखेदेन प्रवृत्तिः तदाचरणे उत्साहः आहारेन्द्रिय-कषायाणां राग-द्वेषयोश्च परित्यागः इत्यादितपोविनयः । (कार्तिके. टी. ४५७) ।

१ उत्तरगुणों के परिपालन में उत्साह रखना, इसमें होने वाले परिश्रम को निराकुलतापूर्वक सहना, उसमें श्रद्धा—निर्मल परिणाम—रखना, उचित आवश्यकों की हानि-वृद्धि न होने देना, जो तप में अधिक हैं उनमें और तप में भक्ति (अनुराग) रखना, और शेष—तप से हीन—साधुओं की अवहेलना न करना; यह सब तप का विनय कहलाता है ।

तपस्वी—१. विषयाशावशातीतो निरारम्भोऽपरिग्रहः । ज्ञान-ध्यान-तपोरक्तस्तपस्वी स प्रशस्यते ॥ (रत्नक. १०) । २. महोपवासाद्यनुष्ठायी तपस्वी । (स. सि. ९–२४; त. श्लो. ९–२४; त. वृत्ति श्रुत. ९–२४; भावप्रा. टी. ७८) । ३. विकृष्टोग्रतपोयुक्तस्तपस्वी । (त. भा. ९–२४) । ४. तव-संजमे तवस्सी × × × ॥ (व्यव. भा. पी. २–१२) । ५. महोपवासाद्यनुष्ठायी तपस्वी । महोपवासादिलक्षणं तपोऽनुतिष्ठति यः स तपस्वी । (त. वा. ९, २४, ५) । ६. विचित्रं अनशनादिलक्षणं तपो विद्यते येषां ते तपस्विनः, सामान्यसाधवो वा । (आव. नि. हरि. वृ. १७९, पृ. ११९) । ७. आचाम्लवर्द्धन-सर्वतोभद्र-सिंहनिष्क्रीडित-शातकुम्भ-मन्दरपंक्ति-विमानपंक्ति-नन्दीश्वरपंक्ति-जिनगुणसम्पत्ति-श्रुतज्ञान-कनकावलि-मुक्तावलि-मृदङ्गमध्य-वज्रमध्य-कर्मक्षपण-त्रैलोक्यसारादिमहोपवासानुष्ठायी तपस्वी । (चा. सा. पृ. ६६) । ८. ज्ञानैर्मनो वपुर्वृत्तैर्नियमैरिन्द्रियाणि च । नित्यं यस्य प्रदीप्तानि स तपस्वी न वेषवान् ॥ (उपासका. ८७७) । ९. तपस्वी क्षपकः । (स्थाना. अभय. वृ. ३, ४, २०८, पृ. १५९) । १०. तपस्वी—अष्टमादिक्षपकः । (औपपा. अभय. वृ. २०, पृ. ४३) । ११. तपो विकृष्टमष्टमादस्यास्तीति तपस्वी । (योगशा. स्वो. विव. २–१६); विकृष्टं दशमादि किञ्चिन्न्यूनषण्मासान्तं तपः कुर्वंस्तपस्वी । (योगशा. स्वो. विव. ४-९०, पृ. ३१४)। १२. तपःसंयमे—तपःप्रधानसंयमे—वर्तमानस्तपस्वी, तपोऽस्यास्तीति तपस्वीति व्युत्पत्तेः । (व्यव. मलय. वृ. पी. २–१२, पृ. ६) । १३. महोपवासादितपोऽनुष्ठानं विद्यते यस्य स तपस्वी । (त. वृत्ति श्रुत. ९–२४) । १४. महोपवास-कायक्लेशादितपोऽनुष्ठानं विद्यते यस्य स तपस्वी । (कार्तिके. टी. ४५९) ।

१ जो विषयों की इच्छा के वशीभूत न होकर आरम्भ व परिग्रह से रहित होता हुआ ज्ञान व ध्यान

में उद्यत रहता है वह तपस्वी प्रशंसा का पात्र होता है। २ जो महोपवासादिरूप तप का आचरण करता है वह तपस्वी कहलाता है। ३ जो विप्रकृष्ट—दशमादि कुछ कम छह मास तक—अनशनरूप तप से युक्त होता है उसे तपस्वी कहा जाता है।

तपःसमाधि—१. भवइ अ इत्थ सिलोगो—विविहगुणतवोरए य निच्चं भवइ निरासए निज्जरट्ठिए। तवसा धुणइ पुराणपावगं जुत्तो सया तवसमाहिए ॥ (दशवै. सू. ६, ४, ४ पृ. २५७)। २. तपःसमाधिनापि विकृष्टतपसोऽपि न ग्लानिर्भवति तथा क्षुत्तृष्णादिपरीषहेभ्यो नोद्विजते, तथा अभ्यस्ताभ्यन्तरतपोध्यानाश्रितमनाः स निर्वाणस्थ इव न सुख-दुःखाभ्यां बाध्यते। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १, १०, १०६, पृ. १८८)।

१. जो अनेक गुणयुक्त तप में सदा रत रहता है, इहलोकादि की आशा से रहित है, तथा कर्मनिर्जरा का अभिलाषी है; वह विशुद्ध तप से पुरातन कर्म को नष्ट करता हुआ और नवीन कर्म को न बांधता हुआ तपःसमाधि में युक्त होता है।

तपःसंयम—तपः अनशनादिः, तत्प्रधानः संयमः—पञ्चाश्रवविरमणादिस्तपःसंयमः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ३–१५६, पृ. १४४)।

अनशनादिरूप तप की प्रधानता युक्त संयम—पांच आस्रवों से विरति आदि—का नाम तपःसंयम है।

तपःसिद्ध—१. न किलम्मइ जो तवसा सो तवसिद्धो दढप्पहारिव्व। (आव. नि. ९५२)। २. न क्लाम्यति—न क्लमं गच्छति—यः सत्त्वस्तपसा बाह्याभ्यन्तरेण स एवम्भूतस्तपःसिद्धः अग्लानित्वाद्, दृढप्रहारिवत्। (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. ९५२)।

२ जो बाह्य और अभ्यन्तर तप से संक्लेश को प्राप्त न हो उसे तपःसिद्ध कहते हैं। जैसे—दृढता से प्रहार करने वाला पुरुष उत्साहयुक्त होने से कभी खेद को नहीं प्राप्त होता।

तपोऽर्ह—तवारिहं जम्मि पडिसेविए निव्वीयाइओ छम्मासपज्जवसाणो तवो दिज्जइ एवं तवारिहं। (जीतक. चू. पृ. ६)।

जिस अपराध के सेवन करने पर निर्विकृति आदि छह मास तक बतलाने वाला तप दिया जाता है वह अपराध तप प्रायश्चित्त के योग्य (तपोऽर्ह) होता है।

तपोदानकथा—यादृशं स्यात्तपोदानमनीदृग्गुणोदयम्। कथनं तादृशस्यास्य तपोदानकथोच्यते ॥ (म. पु. ४–६)।

अनुपम गुणों की अभिवृद्धि से युक्त तप और दान की कथा करने को तपोदानकथा कहते हैं।

तपोमानवशार्तमरण—तपो मयानुष्ठीयते, मत्तो मत्सदृशश्चरणे नास्ति इति संकल्पयतस्तपोमानवशार्तमरणम्। (भ. आ. विजयो. २५)।

जैसा महान् तपश्चरण मैं करता हूं वैसा दूसरा नहीं कर सकता, इस प्रकार के संकल्प या अभिमान के साथ होने वाले मरण को तपोमानवशार्तमरण कहते हैं।

तपोविद्या—देखो तपविद्या।

तपोविनय—देखो तपविनय।

तप्ततप—१. तत्ते लोहकडाहे पडिअंबुकणं व जीए भुत्तण्णं। झिज्जदि धाऊहिं सा णियझाणाए तत्ततवा ॥ (ति. प. १०५३)। २. तप्तायसकटाहपतितजलकणवदाशुशुष्काल्पाहारतया मल-रुधिरादिभावपरिणामविरहिताभ्यवहाराः तप्ततपसः। (त. वा. ३, ३६, ३)। ३. तप्तं दग्धं विनाशितं मूत्र-पुरीष-शुक्रादि येन तपसा तदुपचारेण तप्ततपः। जेसिं भुत्तचउव्विहाहारस्स तत्तलोहपिंडागरिसिदपाणियस्सेव णीहारो णत्थि ते तत्ततवा। (धव. पु. ९, पृ. ९१)। ४. येषां पाणिपात्रगतमन्नं (?) मल-रुधिरादिभावपरिणामविरहिताभ्यवहरणात्तप्ततपसः। (चा. सा. पृ. १००)। ५. तप्तायःपिण्डपतितजलकणवद् गृहीताहारशोषणान्नीहाररहितास्तप्ततपसः। (प्रा. योगिभ. टी. १५, पृ. २०३)। ६. तप्तायसपिण्डपतितजलबिन्दुवत् गृहीताहारशोषणपरा नीहाररहिताः ये ते तप्ततपसः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से तपी हुई लोह की कड़ाही पर गिरी हुई जल की बूंदों के समान खाया हुआ आहार शीघ्र सूख जाने से मल व रुधिर आदिरूप परिणत नहीं होता वह तप्ततप ऋद्धि कहलाती है।

तम—१. तमो दृष्टिप्रतिबन्धकारणं प्रकाशविरोधि। (स. सि. ५–२४)। २. पूर्वोपात्ताशुभकर्मो-

तमः। (त. वा. ५, २४, १); तमो दृष्टिप्रतिबन्धकारणम्। दृष्टेः प्रतिबन्धकं वस्तु तम इति व्यपदिश्यते, यदपहरन् प्रदीपः प्रकाशको भवति। (त. वा. ५, २४, १५)। ३. तमो दृष्टिप्रतिबन्धकारणं केषांचित्। (त. श्लो. ५-२४)। ४. दृष्टिप्रतिबन्धकोऽन्धकारस्तमः। (बृ. द्रव्यसं. टी. १६; कार्तिके. टी. २०६)। ५. तमयति खेदयति जनलोचनानीति तमः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ५७, पृ. ३८)। ६. प्रकाशविपरीतं चक्षुःप्रतिबन्धनिमित्तं तमोऽपि पुद्गलविकारः। (त. वृत्ति श्रुत. ५-२४)।

१ जो प्रकाश का विरोधी होकर दृष्टि के प्रतिबन्ध का कारण है—पदार्थों के देखने में बाधा उत्पन्न करता है—उसे तम कहते हैं। ३ जो किन्हीं (मनुष्यादि) जीवों की दृष्टि में बाधक होता है उसे तम कहा जाता है। ५ जो प्राणियों के नेत्रों को पीड़ित करता है—पदार्थों के दर्शन में बाधक होता है—वह तम (अन्धकार) कहलाता है।

तर्क—१. सम्भवप्रत्ययस्तर्कः प्रत्यक्षानुपलम्भतः। अन्यथा सम्भवासिद्धेरनवस्थानुमानतः॥ (प्रमाणसं. १२); समक्षविकल्पानुस्मरणपरामर्शसम्बन्धाभिनिबोधस्तर्कः प्रमाणम्। (प्रमाणसं. स्वो. विव. १२)। २. तर्को हेतुर्ज्ञापकमित्यनर्थान्तरम्। (धव. पु. १३, पृ. ३४६)। ३. सम्बन्धं व्याप्तितोऽर्थानां विनिश्चित्य प्रवर्तते। येन तर्कः स संवादात् प्रमाणं तत्र गम्यते॥ येन हि प्रत्ययेन प्रतिपत्ता साध्य-साधनार्थानां व्याप्त्या सम्बन्धं निश्चित्यानुमानाय प्रवर्तते स तर्कः। त. श्लो. १, १३, ८४); ××× स्वविषयभूतस्य साध्य-साधनसम्बन्धाज्ञाननिवृत्तिरूपे साक्षात् स्वार्थनिश्चयने फले साधकतमस्तर्कः, परम्परया तु स्वार्थानुमाने हानोपादानोपेक्षाज्ञाने वा प्रसिद्ध एवेति। (त. श्लो. १, १३, ११५)। ४. यावान् कश्चिद् धूमः स सर्वः पावकजन्मैव, अपावकजन्मा न भवतीति सकलदेश-कालव्याप्तसाध्य-साधनसम्बन्धोहापोहलक्षणो हि तर्कः प्रमाणयितव्यः। (प्रमाप. पृ. ७०)। ५. 'यदिदं तदियता कालेन सामग्रीविशेषेण वा इत्थम्भूतकार्यकारि' इति चिन्ता तर्कः। (सिद्धिवि. वृ. १-२३, पृ. १०६)। ६. कः पुनरयं तर्को नाम इति चेत् व्याप्तिज्ञानम्। व्याप्तिर्हि साध्य-साधनयोरविनाभावः, तद्ग्राहि ज्ञानं तर्कोऽभिधीयते। (न्यायकु. ३-१०, पृ. ४१८-१६)। ७. तर्कस्त्वेवमेव भवति, नान्यथेति व्याप्तिपरिज्ञानात्मा प्रमाणम्। (प्रमाणनि. पृ. ३५)। ८. उपलम्भानुपलम्भसम्भवं त्रिकालीकलितसाध्य-साधनसम्बन्धाद्यालम्बनमिदमस्मिन् सत्येव भवतीत्याद्याकारं संवेदनमूहापरनामा तर्कः। (प्र. न. त. ३, ५)। ९. उपलम्भानुपलम्भनिमित्तं व्याप्तिज्ञानमूहः। (प्रमाणमी. १, २, ५)। १०. अन्वय-व्यतिरेकाभ्यां व्याप्तिज्ञानं दर्शन-स्मरणाभ्यां गृहीतप्रत्यभिज्ञाननिबन्धनं तर्कः चिन्ता। यथाग्नौ सत्येव धूमस्तदभावे न भवत्येवेति। (लघीय. अभय. वृ. ३-१०, पृ. २६); चिन्ता तर्कः। (लघीय. अभय. वृ. ४-४, पृ. ४५)। ११. व्याप्तिज्ञानं तर्कः। साध्य-साधनयोर्गम्य-गमकभावप्रयोजको व्यभिचारगन्धासहिष्णुः सम्बन्धविशेषो व्याप्तिरविनाभाव इति च व्यपदिश्यते। (न्या. दी. पृ. ६२)।

३ जिस ज्ञान के द्वारा व्याप्ति से साध्य-साधनरूप अर्थों के सम्बन्ध का निश्चय करके अनुमान में प्रवृत्ति होती है उसे तर्क कहा जाता है।

तर्कशास्त्र — दुर्गमदुर्मत-महाकर्दमशोषणप्रवणार्कं तर्कशास्त्रम्। (गद्यचि. २, पृ. ५४)।

जो दुर्गम मिथ्या मतरूप महान् कीचड़ के सुखा देने में सूर्य के समान समर्थ होता है वह तर्कशास्त्र कहलाता है।

तर्काभास—१. असम्बद्धे तज्ज्ञानं तर्काभासम्। (परीक्षा. ६-१०)। २. असत्यामपि व्याप्तौ तदवभासस्तर्काभासः। (प्र. न. त. ६-३५)। ३. असम्बद्धे व्याप्तिग्रहणं तर्काभासः। (लघीय. अभय. वृ. ४-४, पृ. ४६)।

१ व्याप्तिरूप सम्बन्ध के न रहने पर भी उसका ज्ञान होना, यह तर्काभास है।

तर्जा—तर्जा हस्तादिना चौर्यं प्रति प्रेषणादिसंज्ञाकरणम्। (प्रश्नव्या. अभय. वृ. पृ. ६३)।

हाथ आदि से चोरी करने के लिए भेजने आदि का संकेत करने को तर्जा कहते हैं।

तर्जित—१. तर्जितम्—न कुप्यसि नापि प्रसीदसि काष्ठशिव इत्येवमादि तर्जयन् निर्भर्त्सयन् वन्दते, अङ्गुल्यादिभिर्वा तर्जयन्। (आव. नि. हरि. वृ. १२०६)। २. न वि कुप्पसि न पसीयसि कट्ठसिवो

वेव तज्जियं एयं। सीसंगुलिमाईहिं य तज्जेइ गुरुं पणिवयंतो ॥ (प्रव. सारो. १५६)। ३. काष्ठघटितशिवदेवताविशेष इवावन्द्यमानो न कुप्यसि तथा वन्द्यमानोऽप्यविशेषज्ञतया न प्रसीदस्येवं तर्जयन् वन्दते—निर्भर्त्सयन् यत्र वन्दते तत्तर्जितमुच्यते, यदि वा मेलापकमध्ये वन्दनकं मां दापयन् तिष्ठस्याचार्य ! परं ज्ञास्यते तवैकाकिन इत्यभिप्रायवान् यदा शीर्षेणाङ्गुल्या वा प्रदेशिनीलक्षणया तर्जयन् गुरुं प्रणिपतन्—वन्दमानस्तर्जयन् वन्दते तदा तर्जितं भवति। (आव. हरि. वृ. मल. हेम. टि. ६६, पृ. ८१)। ४. अन्यांस्तर्जयन्नन्येषां भयमुत्पादयन् यदि वन्दनां करोति तदा तर्जितदोषस्तस्य, अथवाऽऽचार्यादिभिरङ्गुल्यादिना तर्जितः शासितो "यदि नियमादिकं न करोषि निर्वासयामो भवन्तम्" इति तर्जितो यः करोति तस्य तर्जितदोषः। (मूला. वृ. ७-१०८)। ५. तर्जितमवन्द्यमानो न कुप्यसि वन्द्यमानश्चाविशेषज्ञतया न प्रसीदसि इति निर्भर्त्सयतो यद्वा बहुजनमध्ये मां वन्दनं दापयंस्तिष्ठसि, ज्ञास्यते मया तवैकाकिन इति धिया तर्जन्या शिरसा वा तर्जयतो वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०)। ६. तर्जितं तर्जनान्येषां स्वेन स्वस्याथ सूरिभिः ॥ (अन. ध. ८-१०५)।

३ काष्ठ से निर्मित शिव (महादेव) के समान तुम वन्दना न करने पर न तो कोपित होते हो और न वन्दना के करने पर प्रसन्न ही होते हो, इस प्रकार सिर व अंगुलि आदि से निर्भर्त्सना करते हुए गुरु की वन्दना करने पर तर्जित नाम का दोष होता है। अथवा हे आचार्य ! मेलाके मध्य में तुम मुझसे वन्दना कराते हुए स्थित रहते हो, मैं तुम्हें अकेले में देखूंगा; इस अभिप्राय के साथ सिर या अंगुलि से भर्त्सना करते हुए जो वन्दना की जाती है, यह उस वंदना का तर्जित नामक दोष है। ६ अन्य साधुओं की तर्जना करते हुए—उन्हें भयभीत करते हुए—वन्दना करना अथवा आचार्य (संघ) के द्वारा स्वयं तर्जित (शासित) होकर वंदना करना, यह वन्दना का एक तर्जित नाम का दोष है।

तलवर—१. तलवरः परितुष्टनरपतिप्रदत्तपट्टबन्धभूषितः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १६)। २. तलवरः परितुष्टनरपतिप्रदत्तपट्टबन्धविभूषितो राजस्थानीयः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १६-२०५, पृ. ३३०)। ३. तलवरो नाम परितुष्टनरपतिप्रदत्तरत्नालंकृतसौवर्णपट्टविभूषितशिराः। (जीवाजी. मलय. वृ. ३, २, १४७, पृ. २८०)।

१ प्रसन्न हुए राजा के द्वारा दिये गये सुवर्णमय पट्टबन्ध से जो भूषित होता है उसे तलवर कहते हैं।

तस्कर—संक्लेशाभिनिवेशेन तृणमप्यन्यभर्तृकम्। अदत्तमाददानो वा ददानस्तस्करो ध्रुवम् ॥ (सा. ध. ४-४७)।

रागादि के वश होकर जिसका कि स्वामी अन्य है, ऐसे तृण आदि को—तुच्छ वस्तु को—भी बिना दिये स्वयं ग्रहण करने वाला अथवा दूसरे को देने वाला तस्कर (चोर) कहलाता है।

तस्करप्रयोग—देखो चौरप्रयोग। तस्कराश्चौरास्तेषां प्रयोगो हरणक्रियायां प्रेरणमभ्यनुज्ञा 'हरत यूयम्' इति तस्करप्रयोगः। (धा. प्र. टी. २६८)।

'तुम अमुक वस्तु का अपहरण करो' इस प्रकार चोरों को चोरी करने के लिए प्रेरित करना, इसे तस्करप्रयोग कहा जाता है।

तादात्विक—यः किमप्यसंचिन्त्योत्पन्नमर्थं व्ययति (योगशा.—अपव्येति) स तादात्विकः। (नीतिवा. २-७)।

जो कुछ भी विचार न करके उत्पन्न धन का अपव्यय करता है उसे तादात्विक कहते हैं।

ताप—१. परिवादादिनिमित्तादाविलान्तःकरणस्य तीव्रानुशयस्तापः। (स. सि. ६-११; त. श्लो. ६-११)। २. परिवादादिनिमित्तादाविलान्तःकरणस्य तीव्रानुशयस्तापः। परिवादः परिभवः, परुषवचनश्रवणादिनिमित्तापेक्षया कलुषान्तःकरणस्य तीव्रानुशयः परिणामः ताप इत्यभिधीयते। (त. वा. ६, ११, ३)। ३. तापस्तत्फलभूतो देहपीडाविशेषः। (त. भा. हरि. वृ. ६-१२)। ४. उभयनिबन्धनभाववादस्ताप इति। (ध. वि. २-३७)। ५. अभिमतद्रव्यवियोगादिपारिभाव्यादाविलान्तःकरणस्य तीव्रानुशयपरिणामस्तापः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-१२)। ६. तापनं तापः, निन्दाकारणात् मानभंगविधानाच्च कर्कशवचनादेश्च संजातः आविलान्तःकरणस्य कलुषितचित्तस्य तीव्रानुशयोऽतिखेदेन पश्चात्तापः खेदः इत्यर्थः। (त. वृत्ति श्रुत. ६-११)। ७. आतापनामकर्मोदयात् रविमण्डलानामुष्णः प्रकाशस्तापः। (जम्बूद्वी. शा. वृ. १२६, पृ. ४११)।

१ चिन्ता आदि के निमित्त से व्याकुलचित्त होते हुए जो तीव्र पश्चात्ताप होता है उसका नाम ताप है। ३ शोक के कारणभूत जो शरीर में पीड़ा होती है उसे ताप कहा जाता है। ४ कष (देखो 'कषाय' शब्द) और क्षेम का कारण जो परि-वर्तनशील विचित्र जीवादि पदार्थ हैं उनके ताप (निश्चय) का नाम ताप है। ७ आताप नाम-कर्म के उदय से सूर्यमण्डलों का जो उष्ण प्रकाश होता है उसे ताप कहते हैं।

तापस—१. बाह्यव्रत-विद्याभ्यां लोकदम्भहेतुस्ताप-सः। (नीतिवा. १४–१२, पृ. १७३)। २. तापस × × × जे जडिला ते उ तावसा गीया। (प्रव. सारो. ७३२)।

१ बाहिरी व्रत और विद्या के द्वारा जो लोगों के ठगने में कारण (वंचक) होता है वह तापस कह-लाता है। २ जटाधारी वनवासी पाखण्डी साधुओं को तापस कहते हैं।

ताल—तालस्तु कंसिकादिशब्दविशेषः। (अनुयो. मल. हेम. वृ. १२७, पृ. १३२)।

कंसिका (एक बाजा) आदि के विशेष शब्द को ताल कहते हैं।

तालसम—यत्परस्पराभिहतहस्ततालस्वरानुसारिणा स्वरेण गीयते तत्तालसमम्। (अनुयो. मल. हेम. वृ. १२७, पृ. १३२)।

परस्पर आहत हाथों की ताली के स्वर का अनु-सरण करने वाले स्वर से जो गाया जाता है उसका नाम तालसम है।

तिक्त—१. श्लेष्मादिदोषहन्ता तिक्तः। (अनुयो. हरि. वृ., पृ. ६०)। २. श्लेष्मशमनकृत् तिक्तः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–२३)।

१ कफ आदि दोषों के नाशक रस को तिक्त कहते हैं।

तिक्तनाम—१. जस्स कम्मस्स उदएण सरीरपो-ग्गला तित्तरसेण परिणमंति तं तित्तं णाम। (धव. पु. ६, पृ. ७५)। २. यस्य कर्मण उदयेन शरीर-पुद्गलास्तिक्तरसस्वरूपेण परिणमन्ति तत्तिक्तनाम। (मूला. वृ. १२–१९४)। ३. तत्र यदुदयात् जन्तु-शरीरेषु तिक्तो रसो भवति—यथा मरिचादीनाम् —तत्तिक्तरसनाम। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३-२९३, पृ. ४७३)।

१ जिस नामकर्म के उदय से शरीरगत पुद्गल तिक्त रसस्वरूप से परिणत होते हैं वह तिक्त नामकर्म कहलाता है। ३ जिसके उदय से प्राणियों के शरीर में मिर्च आदिकों के समान तीखा रस होता है उसे तिक्त नामकर्म कहते हैं।

तिरोभाव— तिरोभावस्तु सन्तानरूपेणावस्थितो वैस्रसिको विनाश एवाविलक्षणः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–७)।

सन्तानरूप से अवस्थित आदि स्वरूप (सादि) वैस्र-सिक (स्वाभाविक) विनाश को ही तिरोभाव कहते हैं।

तिर्यक्प्रचय—१. प्रदेशप्रचयो हि तिर्यक्प्रचयः। (प्रव. सा. अमृत. वृ. २–४९)। २. स च प्रदेश-प्रचयलक्षणस्तिर्यक्प्रचयः। (प्रव. सा. जय. वृ. २–४९)।

१ प्रदेशों के समुदाय को—जैसे आकाश आदि के अनन्त आदि प्रदेशों को—तिर्यक्प्रचय कहते हैं।

तिर्यक्सामान्य—१. तिर्यक्सामान्यं नानाद्रव्येषु पर्यायेषु च सादृश्यप्रत्ययग्राह्यं सदृशपरिणामरूपम्। (युक्त्यनु. टी. ४०, पृ. ९०)। २. सदृशपरिणाम-स्तिर्यक्। (परीक्षा. ४–४)। ३. प्रतिव्यक्ति तुल्या परिणतिस्तिर्यक्सामान्यम्, शबल-शाबलेयादिपिण्डेषु गोत्वं यथा। (प्र. न. त. ५–४)। ४. तिर्यक्सा-मान्यं च गवादिषु सदृशपरिणामात्मकम्। (स्याद्वाद-र. ३–५)। ५. परिणामः समस्तिर्यक् खण्ड-मुण्डादि-गोषु वा। गोत्वं विशेषः पर्याय-व्यतिरेकद्विभेदवान्॥ (आचा. सा. ४–५)। ६. तिर्यक्सामान्यं च गवा-दिषु गोत्वादिस्वरूपसदृशपरिणामात्मकम्। (रत्ना-करा. ३–५, पृ. ३ उद्.); तिर्यगुल्लेखिनाऽनुवृत्ता-कारप्रत्ययेन गृह्यमाणं तिर्यक्सामान्यम्। (रत्नाकरा. ५–४, पृ. ७४ उद्.)। ७. सामान्यं सदृशपरिणाम-लक्षणं तिर्यक्सामान्यम्। (लघीय. अभय. वृ. पृ. ६७)।

१ अनेक द्रव्यों व पर्यायों में जो सादृश्यज्ञान का विषयभूत सदृश परिणाम पाया जाता है उसे तिर्यक्सामान्य कहा जाता है। ३ प्रत्येक व्यक्ति में जो समान परिणाम होता है उसका नाम तिर्यक्-सामान्य है—जैसे शबल (चितकबरी) एवं शाबलेय आदि विभिन्न गायों में पाया जाने वाला गोत्व—सास्ना (गले के नीचे लटकती चमड़ी)।

तिर्यक्सूरि—१. तिरियसूरी य तिर्यगवस्थितं दिनकरं कृत्वा गमनम्। (भ. आ. विजयो. २२२)। २. तिरियसूरि सूर्यं पार्श्वतः कृत्वा गमनम्। (भ. आ. मूला. २२२)।

सूर्य को पार्श्व में (एक ओर) करके गमन करने को तिर्यक्सूरि कहते हैं।

तिर्यगतिक्रम— १. बिलप्रवेशादेस्तिर्यगतिक्रमः। (स. सि. ७–३०; त. श्लो. ७–३०)। २. बिलप्रवेशादिस्तिर्यगतीचारः। भूमिबिल-गिरिदरीप्रवेशादिस्तिर्यगतीचारो द्रष्टव्यः। (त. वा. ७, ३०, ४)। ३. भूमिबिल-गिरिदरीप्रवेशादिस्तिर्यगतिक्रमः। (चा. सा. पृ. ८)।

१ भूमिगत बिल और पर्वत की गुफा आदि में प्रवेश करके दिग्व्रत की सीमा का उल्लंघन करना, यह तिर्यगतिक्रम नामक दिग्व्रत का अतिचार है।

तिर्यगायु—देखो तिर्यग्योनि। १. जेसिं कम्मक्खंधाणमुदएण तिरिक्खभवस्स अवट्ठाणं होदि तेसिं तिरिक्खाउअमिदि सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ४८, ४९); जं कम्मं तिरिक्खभवं धारेदि तं तिरिक्खाउअं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३६२)। २. यन्निमित्तं तिर्यग्योनिषु जीवति जीवः स तैर्यग्योनम् (तिर्यगायुः)। (त. वृत्ति श्रुत. ८–१०)।

१ जिस कर्म के उदय से जीव का तिर्यंच पर्याय में अवस्थान होता है उसे तिर्यगायु कर्म कहते हैं।

तिर्यग्—तिरियंति कुडिलभावं विगयसुसण्णा णिकट्ठमण्णाणा। अच्चंतपावबहुला तम्हा तिरिक्खया भणिया॥ (प्रा. पंचसं. १–६१; धव. पु. १, पृ. २०२, उद्.; गो. जी. १४७)।

जो कुटिलता—मन, वचन व काय की विरूपता—को प्राप्त हैं, जिनकी आहारादि संज्ञाएँ प्रगट हैं, जो अतिशय अज्ञानी हैं, तथा अत्यन्त पापी हैं वे तिर्यग् (तिर्यंच) कहलाते हैं।

तिर्यग्गति—सकलतिर्यक्पर्यायोत्पत्तिनिमित्ता तिर्यग्गतिः। अथवा तिर्यग्गतिकर्मोदयापादिततिर्यक्पर्यायकलापस्तिर्यग्गतिः। अथवा तिरो वक्रं कुटिलमित्यर्थः, तदञ्चन्ति व्रजन्तीति तिर्यञ्चः, तिरश्चां गतिः तिर्यग्गतिः। (धव. पु. १, पृ. २०२)।

समस्त तिर्यंच पर्यायों की उत्पत्ति में जो निमित्त है उसे तिर्यग्गति कहते हैं, अथवा तिर्यग्गति नामकर्म के उदय से प्राप्त होने वाली तिर्यंच अवस्थाओं के समूह को तिर्यग्गति कहते हैं, अथवा तिर्यंच जीवों की गति को तिर्यग्गति समझना चाहिए।

तिर्यग्गतिनाम—१. जस्स कम्मस्स उदएण तिरियभावो जीवाणं होदि तं कम्मं तिरियगदि त्ति उच्चदि। (धव. पु. ६, पृ. ६७); जं कम्मं जीवाणं तिरिक्खभावणिव्वत्तयं तं तिरिक्खगदिणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६३)। २. यदुदयाज्जीवस्तिर्यग्गतिभावस्तत्तिर्यग्गतिनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)।

१ जिस नामकर्म के उदय से जीवों के तिर्यंचपना प्राप्त होता है उसे तिर्यग्गतिनामकर्म कहते हैं।

तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वीनाम—जस्स कम्मस्स उदएण तिरियगइं गयस्स जीवस्स विग्गहगईए वट्टमाणयस्स तिरियगइपाओग्गसंठाणं होदि तं तिरियगइपाओग्गाणुपुव्वीणाम। (धव. पु. ६, पृ. ७६)।

जिस कर्म के उदय से तिर्यंचगति को प्राप्त हुए जीव के विग्रहगति में वर्तमान होने पर तिर्यंचगति के योग्य आकार होता है उसे तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्म कहते हैं।

तिर्यग्दिग्व्रत—१. तिर्यक् दिशस्तिर्यग्दिशः—पूर्वादिकास्तासां सम्बन्धि तासु वा व्रतं तिर्यग्व्रतम्, एतावती दिग् पूर्वेणावगाहनीया, एतावती दक्षिणेनेत्यादि, न परत इत्येवंभूतमिति भावार्थः। (आव. नि. हरि. वृ. ६, पृ. ८२७)। २. एवंभूतं तिर्यग्दिक्परिमाणकरणं तिर्यग्दिग्व्रतम्—एतावती दिक् पूर्वेणावगाहनीया एतावती दक्षिणेनेत्यादि, न परत इत्येवमात्मकम्। एतदित्थं त्रिधा दिक्षु परिमाणकरणम्। (श्रा. प्र. टी. २८०)।

१ पूर्व दिशा में इतनी दूर और दक्षिण दिशा में इतनी दूर जाऊंगा, उससे आगे न जाऊंगा; इत्यादि-रूप से तिर्यग्दिशाओं—पूर्वादिक तिरछी दिशाओं में—जाने का प्रमाण करने को तिर्यग्दिग्व्रत कहा जाता है।

तिर्यग्योनि—देखो तिर्यगायु। १. तिरश्चां योनिस्तिर्यग्योनिः, तिर्यग्गतिनामकर्मोदयापादितं जन्म। (स. सि. ३–३९)। २. तिर्यङ्नामकर्मोदयापादितं जन्म तिर्यग्योनिः। तिर्यग्गतिनाम्नः कर्मण उदयेनापादितं जन्म तिर्यग्योनिरिति व्यपदिश्यते। (त. वा. ३, ३९, १); तिरोभावात्तिर्यग्योनिः। (त. वा. ४, २७, ३)। ३. तिर्यङ्नामकर्मोदयापादितजन्म तिर्यग्योनिः। (त. श्लो. ३–४०)।

१ तिर्यग्गति नामकर्म के उदय से प्राप्त जन्म को तिर्यग्योनि कहते हैं।

तिर्यग्लोक—तिरियलोगो णाम जोयणलक्खसत्तभागमेत्तसूचिअंगुलबाहल्लजगपदरमेत्तो। (धव. पु. ४, पृ. ३७); तिरियलोगपमाणं जोयणलक्खसत्तभागबाहल्लं जगपदरं। (धव. पु. ४, पृ. ४१)।

एक लाख योजन के सातवें भाग मात्र सूच्यंगुल के बाहल्यरूप जगप्रतर को तिर्यग्लोक कहते हैं।

तिर्यग्वणिज्या—१. गो-महिष्यादीन् अमुत्र (चा.सा. 'अत्र') गृहीत्वा अन्यत्र देशे व्यवहारे कृते भूरिवित्तलाभ इति तिर्यग्वणिज्या। (त. वा. ७, २१, २१; चा. सा. पृ. ९)। २. यस्माद् देशात् सुरभि-महिषी-बलीवर्द-क्रमेलक-गर्दभादीन् यदि अन्यत्र देशे विक्रीणीते तदा महान् लाभो भवतीति तिर्यग्वणिज्यानामको द्वितीयः पापोपदेशो भवति। (त. वृत्ति श्रुत. ७–२१)।

१ इस देश के गाय-भैंस आदि पशुओं को लेकर दूसरे देश में बेचने पर अधिक लाभ होगा, इस प्रकार का उपदेश देने को तिर्यग्वणिज्या नाम का पापोपदेश कहते हैं।

तिर्यग्व्यतिक्रम—देखो तिर्यगतिक्रम। १. तिर्यक् पूर्वादिदिक्षु योऽसौ भागो नियमितः प्रदेशः, तस्य व्यतिक्रमः (तिर्यग्भागव्यतिक्रमः)। (योगशा. स्वो. विव. ३–९७)। २. सुरंगादिप्रवेशस्तिर्यग्व्यतिक्रमः। (त. वृत्ति श्रुत. ७–३०)। ३. सुरंगादिप्रवेशस्तिर्यग्व्यतिक्रमः तिर्यग्दिशः अतिलङ्घनम् अतिचारः। (कार्तिके. टी. ३४२)।

१ तिरछी पूर्वादिक दिशाओं के जितने भाग में जाने का नियम किया गया है उसके उल्लंघन करने को तिर्यग्व्यतिक्रम कहते हैं। यह दिग्व्रत का एक अतिचार है।

तिर्यञ्च—देखो तिर्यग्गति। १. असेसकम्मुदयाविणाभावितिरिक्खगइणामकम्मोदइल्ला तिरिक्खा णाम। (धव. पु. १४, पृ. २३९)। २. कुटिला ये तिरोऽञ्चन्ति विवेकविकलाशयाः। मायाकर्मबलोत्पन्नास्ते तिर्यञ्चः प्रकीर्तिताः॥ (पंचसं. अमित. १–१३८, पृ. २०)। ३. तिरस्तिर्यगञ्चन्ति गच्छन्ति, यदि वा तिरोहिताः स्वकर्मवशवर्तिनः सर्वासु गतिषु गच्छन्त्युत्पद्यन्त इति तिर्यञ्चः। (संग्रहणी दे. वृ. १, पृ. ३)।

१ समस्त कर्मों के उदय के अविनाभावी तिर्यग्गति नामकर्म के उदय से युक्त जीव तिर्यञ्च कहलाते हैं। ३ जो वक्र गमन करते हैं अथवा अन्तर्हित होकर अपने कर्म के अनुसार सभी गतियों में जाते हैं—उत्पन्न होते हैं—वे तिर्यञ्च कहलाते हैं।

तीक्ष्ण—द्रव्यहेतोः कृच्छ्रेण कर्मणा यः स्वजीवितविक्रयी स तीक्ष्णोऽसहनो वा। (नीतिवा. १४–१५, पृ. १७४)।

धनादि द्रव्य के लिए अत्यन्त कष्टप्रद कार्य करके अपने जीवन को बेचने वाले गुप्तचर को तीक्ष्ण या असहन चार कहते हैं।

तीर्थ—देखो तीर्थंकर। १. तीर्थमपि स्वं जननसमुद्रत्रासितसत्त्वोत्तरणपथोऽग्रम्। (बृ. स्वयंभू. १०९)। २. तित्थं चाउव्वण्णो संघो सो पढमए समोसरणे। उप्पण्णो उ जिणाणं वीरजिणिंदस्स बीयंमि॥ (आव. नि. २८७)। ३. तित्थंति पुव्वभणियं संघो जो णाण-चरणसंघातो। इह पवयणं पि तित्थं तत्तोऽणत्थंतरं जेण॥ (विशेषा. १३८७)। ४. तत्र येनेह जीवा जन्म-जरा-मरणसलिलं मिथ्यादर्शनाविरतिगम्भीरं महाभीषणकषायपातालं सुदुर्लङ्घ्यमोहावर्तरौद्रं विचित्रदुःखौघदुष्टश्वापदं राग-द्वेषपवनविक्षोभितं संयोग-वियोग-वीचीयुक्तं प्रबलमनोरथवेलाकुलं सुदीर्घसंसार-सागरं तरन्ति तत्तीर्थमिति। (ललितवि. पृ. १८); तीर्यतेऽनेनेति तीर्थम्। (ललितवि. पृ. ९०; आव. नि. हरि. वृ. ८०, पृ. ५९)। ५. तत्र येनेह जीवा जन्म-जरा-मरणसलिलं मिथ्यादर्शनाविरतिगम्भीरं विचित्रदुःखगण-करि-मकरं राग-द्वेषपवनप्रक्षोभितमनन्तसंसारसागरं तरन्ति तत्तीर्थमिति। तच्च यथावस्थितसकलजीवाजीवादिपदार्थप्ररूपकम् अत्यन्तानवद्यान्याविशालचरण-करणक्रियाधारम्, अचिन्त्यशक्तिसमन्विताविसंवादिप्रकल्पं चतुस्त्रिंशदतिशयसमन्वितपरमगुरुप्रणीतं प्रवचनम्। एतच्च संघः प्रथमगणधरो वा। तथा चोक्तम्—"तित्थं भंते तित्थं? तित्थकरे तित्थं? गोयमा! अरिहा नियमा ताव तित्थंकरे, तित्थं पुण चाउव्वण्णो समणसंघो पढमगणहरो वा" इत्यादि। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ५०)। ६. एदेहि (सम्मद्दंसण-णाण-चरित्तेहि) संसार-सायरं तरंति त्ति एदाणि तित्थं। (धव. पु. ८, पृ. ९२); तित्थं दुवालसंगं × × ×। (धव. पु. ९, पृ. ३११)।

७. गुरुस्तूपायो भवेत्तीर्थं पुरुषास्तन्निषेविणः ।। (म. पु. २-३९); संसाराब्धेरपारस्य तरणे तीर्थमिष्यते। (म. पु. ४-८)। ८. तरन्ति संसार-महार्णवं येन निमित्तेन तत्तीर्थम्। (युक्त्यनु. टी. ६२)। ९. तरन्ति संसारं येन भव्यास्तत्तीर्थम्। (भ. आ. विजयो. ३०२)। १०. धर्मसमवायिनः कार्यसमवायिनश्च पुरुषास्तीर्थम् ।। (नीतिवा. २-५)। ११. दृष्ट-श्रुतानुभूतविषयसुखाभिलाषरूपनीरप्रवेश-रहितेन परमसमाधिपोतेनोत्तीर्णसंसार-समुद्रत्वात् अन्येषां तरणोपायभूतत्वाच्च तीर्थम्। (प्रव. सा. जय. वृ. १-३)। १२. तीर्थं संसारनिस्तरणोपायम्। (आप्तमी. वसु. वृ. १)। १३. भवोदधिं भव्यास्तरन्त्यनेनेति तीर्थम्। (चारित्रभ. टी. ८)। १४. तीर्थं नद्यादेरिव संसारस्य तरणे सुखावतारो मार्गः। (योगशा. स्वो. विव. २-१६); तीर्यते संसार-समुद्रोऽनेनेति तीर्थम्, प्रवचनाधारश्चतुर्विधसंघः प्रथमगणधरो वा। (योगशा. स्वो. विव. ३, १२४)। १५. तीर्यते संसार-समुद्रोऽनेनेति तीर्थम्, तच्च सङ्घः इत्युक्तम्। इह तु तदुपयोगानन्यत्वात् प्रवचनं तीर्थमुच्यते। (आव. नि. मलय. वृ. १२७, पृ. १२९); तीर्थं नाम चातुर्वर्णः श्रमणसंघः। (आव. नि. मलय. वृ. २३३, पृ. २०२); तीर्थं नाम प्रवचनम्। तच्च निराधारं न भवतीति चतुर्वर्णः सङ्घ उच्यते। (आव. नि. मलय. वृ. २८७, पृ. २०९)। १६. तीर्यते संसार-सागरोऽनेनेति तीर्थम्। (आव. भा. मलय. वृ. १९६, पृ. ५९२)।

१ संसार-समुद्र से दुखी प्राणियों के पार उतारने वाले श्रेष्ठ मार्ग को तीर्थ कहते हैं। २ चातुर्वर्ण संघ को तीर्थ कहा जाता है। यह तीर्थ ऋषभादि २३ तीर्थंकरों के प्रथम ही समवसरण में उत्पन्न हुआ, किन्तु वीर जिनेन्द्र के द्वितीय समवसरण में उत्पन्न हुआ। ५ प्रवचनरूप चातुर्वर्ण्य श्रमणसंघ अथवा प्रथम गणधर को तीर्थ माना जाता है।

तीर्थंकर—१. तित्थयरे भगवंते अणुत्तरपरक्कमे अमियनाणी। तिण्णे सुगइगइगए सिद्धिपहपदेसए वंदे ।। (आव. नि. ८०)। २. चरण-करणसंपन्ना परीसहपरायणा महाभागा। तित्थयरा भगवंतो × × ×।। (बृहत्क. भा. ११९५)। ३. तीर्थंकरणशीलास्तीर्थंकराः। (आव. नि. हरि. वृ. ८० व ७४२)। ४. तीर्थंकरः—तरन्ति संसारं येन भव्यास्तत्तीर्थम्। कैवल [केवल] तरन्ति श्रुतेन गणधरैर्वालम्बनभूतैरिति श्रुतं गणधरा वा तीर्थम्। तदुभयकरणात्तीर्थकरः, × × × अथवा 'तिसु तिट्ठदि त्ति तित्थं' इति व्युत्पत्तौ तीर्थशब्देन मार्गो रत्नत्रयात्मकः उच्यते, तत्करणात्तीर्थंकरो भवति। (भ. आ. विजयो. ३०२)। ५. 'तीर्थंकरत्वेऽपि' अष्टमहाप्रातिहार्यपूजोपचारभाजि प्राणिविशेषे × × × यथायं भुवनाद्भुतभूतविभूतिभाजनं भुवनैकप्रभुः प्रभूतभक्तिनिर्भरामरनिकरनिरन्तरनिषेव्यमाणचरणो भगवांस्तीर्थंकरो वर्तते। (ललितवि. पं. पृ. ९४, ९५)। ६. तीर्यते संसार-समुद्रोऽनेनेति तीर्थम्, तत्करणशीलास्तीर्थंकराः। (जीवाजी. मलय. वृ. २-१४२, पृ. २५५)।

१ जो अनुपम पराक्रम के धारक—क्रोधादि कषायों के उच्छेदक, अपरिमित ज्ञानी—केवलज्ञान से सम्पन्न, तीर्ण—संसार-समुद्र के पारंगत, सुगतिगतिगत—उत्तम पञ्चम गति को प्राप्त—और सिद्धिपथ के उपदेशक हैं, वे तीर्थंकर कहलाते हैं। उन्हें निर्युक्तिकार नमस्कार करते हैं। ४ जिसके आश्रय से भव्य जीव संसार से पार उतरते हैं—मुक्त होते हैं—वह तीर्थ कहलाता है। कितने ही भव्य श्रुत अथवा गणधरों के आश्रय से तरते हैं, अतः श्रुत और गणधर भी तीर्थ कहलाते हैं। उक्त दोनों प्रकार के—श्रुत व गणधररूप—तीर्थ को जो किया करते हैं वे तीर्थंकर कहलाते हैं। अथवा रत्नत्रयस्वरूप मोक्षमार्ग को भी तीर्थ कहा जाता है। उसके करने से तीर्थंकर कहे जाते हैं।

तीर्थंकरनाम—१. आर्हन्त्यकारणं तीर्थंकरत्वनाम। (स. सि. ८-११; त. श्लो. ८-११; त. वृत्ति श्रुत. ८-११)। २. तीर्थंकरत्वनिर्वर्तकं तीर्थंकरनाम। (त. भा. ८-१२)। ३. अर्हन्त्यकारणं तीर्थंकरत्वं नाम। यस्योदयादार्हन्त्यमचिन्त्यविभूतिविशेषयुक्तमुपजायते तत्तीर्थंकरत्वनामकर्म प्रतिपत्तव्यम्। (त. वा. ८, ११, ४०)। ४. यस्य कर्मण उदयात् तीर्थं दर्शन-ज्ञान-चरणलक्षणं प्रवर्तयति, यति-गृहस्थधर्मं च कथयति आक्षेप-संक्षेप-संवेग-निर्वेदद्वारेण भव्यजनसंसिद्धये, सुरासुर-मनुजपतिपूजितश्च भवति तत्तीर्थंकरनामेति। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८-१२)। ५. तत्र तीर्थंकरणशीलाः तीर्थंकराः, अचिन्त्यप्रभावमहापुण्यसंज्ञितत्नामकर्म-

विपाकः। (ललितवि. पृ. १८) । ६. तीर्थंकरनाम यदुदयात् सदेव-मनुष्यासुरस्य जगतः पूज्यो भवति। (श्रा. प्र. टी. २४; धर्मसं. मलय. वृ. ६२१) । ७. जस्स कम्मस्स उदएण जीवस्स तिलोगपूजा होदि तं तित्थयरं णाम। (धव. पु. ६, पु. ६७); तित्थयरणामकम्मुदयजणिदअट्ठमहापाडिहेर - चोत्तिसदिसयसहिया तित्थयरा। (धव. पु. ६, पु. २४६); जस्स कम्मस्सुदएण जीवो पंच महाकल्लाणाणि पाविदूण तित्थं दुवालसंगं कुणदि तं तित्थयरणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६६) । ८. उदए जस्स सुरासुरनरवइनिवहेहिं पूइओ होइ। त तित्थयरं नामं तस्स विवागो उ केवलिणो ॥ (कर्मवि. ग. १४६) । ९. यदुदयादष्टमहाप्रातिहार्ययुक्ताश्चतुस्त्रिंशदतिशया अनुभूयन्ते तत्तीर्थकरनाम। (पंचसं. स्वो. वृ. ३,१२७, पृ. ३८) । १०. यस्य कर्मण उदयेन परमार्हन्त्यं त्रैलोक्यपूजाहेतुर्भवति तत्परमोत्कृष्टं तीर्थंकरनाम। (मूला. वृ. १२-१९६) । ११. यदुदयाज्जीवः सदेव-मनुजासुरलोकपूज्यमुत्तमोत्तमपदं धर्मतीर्थस्य प्रवर्तयितृत्वमवाप्नोति तत्तीर्थंकरनाम। (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. ८८) । १२. यदुदयवशात् अष्टमहाप्रातिहार्यप्रमुखाश्चतुस्त्रिंशदतिशयाः प्रादुष्यन्ति तत्तीर्थकरनाम। (प्रव. सारो. वृ. १२६६; प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३-२९३, पृ. ४७५) ।

१ जो कर्म अरहन्त अवस्था की प्राप्ति का कारण है वह तीर्थंकर नामकर्म कहलाता है। ४ जिस कर्म के उदय से दर्शन-ज्ञान-चारित्रस्वरूप तीर्थ का प्रवर्तन किया जाता है, आक्षेप, संक्षेप, संवेग एवं निर्वेद द्वार से भव्य जनों की सिद्धि के लिए मुनिधर्म व गृहस्थधर्म का उपदेश दिया जाता है; तथा सुरेन्द्र, असुरेन्द्र एवं चक्रवर्ती से पूजित होता है उसे तीर्थंकरनाम कहा जाता है।

तीर्थंकरसिद्ध—१. तीर्थंकरसिद्धाः तीर्थंकरत्वमनुभूय सिद्धाः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२४) । २. तथा तीर्थंकराः सन्तो ये सिद्धास्ते तीर्थंकरसिद्धाः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ७, पृ. १९) ।

१ तीर्थंकर होकर सिद्ध होने वाले जीवों को तीर्थंकरसिद्ध कहते हैं।

तीर्थंकरसिद्धकेवलज्ञान—तीर्थंकराः सन्तो ये सिद्धास्तेषां केवलज्ञानं तीर्थंकरसिद्धकेवलज्ञानम्। (आव. मलय. वृ. ७८, पृ. ८४) ।

तीर्थंकर होकर सिद्ध होनेवाले जीवों के केवलज्ञान को तीर्थंकरसिद्धकेवलज्ञान कहते हैं।

तीर्थंकरादत्त—तीर्थंकरादत्तं यत्तीर्थंकरैः प्रतिषिद्धमाधाकर्मिकादि गृह्यते। (योगशा. स्वो. विव. १-२२) ।

तीर्थङ्करों के द्वारा निषिद्ध आधाकर्मिक आदि का ग्रहण करना, इसे तीर्थंकरादत्त कहते हैं।

तीर्थक्षत्रिय—मन्त्र्यादिपदमारूढा जीवने तीर्थक्षत्रियाः ॥ (धर्मसं. श्रा. ६-२२७) ।

जीवननिर्वाह के लिए राज-मन्त्री आदि के पदों पर काम करनेवालों को तीर्थक्षत्रिय कहते हैं।

तीर्थयात्रा—सा तीर्थयात्रा यस्यामकृत्यनिवृत्तिः। (नीतिवा. २७-५०) ।

अकार्य से निवृत्त होना, यही तीर्थयात्रा है।

तीर्थव्यवच्छेदसिद्ध—तीर्थस्य व्यवच्छेदः सुविधिस्वाम्याद्यपान्तरालेषु, तत्र ये जातिस्मरणादिनाऽपवर्गमार्गमवाप्य सिद्धास्ते तीर्थव्यवच्छेदसिद्धाः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ७, पृ. १९) ।

सुविधि स्वामी आदि तीर्थंकरों के अन्तरालों में तीर्थ का विच्छेद हुआ है, उसमें जो जातिस्मरणादि के द्वारा मोक्षमार्ग को प्राप्त करके सिद्ध हुए हैं वे तीर्थव्यवच्छेदसिद्ध कहलाते हैं।

तीर्थसंकथा—चेष्टितं जिननाथानां तस्योक्तिस्तीर्थसंकथा ॥ (म. पु. ४-८) ।

जिननाथ (तीर्थङ्करादि) के चेष्टित—जीवनवृत्त—के कहने को तीर्थसंकथा कहते हैं।

तीर्थसिद्ध—१. तत्र तीर्थे चतुर्विधश्रमणसंघे उत्पन्ने सति ये सिद्धाः ते तीर्थसिद्धाः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२४, पृ. २३१) । २. तीर्यते संसार-सागरोऽनेनेति तीर्थं यथावस्थितसकलजीवाजीवादिपदार्थसार्थप्ररूपकं परमगुरुप्रणीतं प्रवचनम्, तच्च निराधारं न भवति इति संघः प्रथमगणधरो वा वेदितव्यः। उक्तं च—तित्थं भन्ते, तित्थं तित्थकरे तित्थं ? गोयमा, अरिहा ताव (नियमा) तित्थकरे, तित्थं पुण चाउवण्णो समणसङ्घो पढमगणहरो वेति। तस्मिन्नुत्पन्ने ये सिद्धास्ते तीर्थसिद्धाः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ७, पृ. १९) ।

२ जिसके द्वारा संसाररूपी समुद्र को पार किया जाता है वह तीर्थ कहलाता है, जो यथावस्थित जीवाजीवादि पदार्थसमूह के प्ररूपक परमगुरु प्रणीत

प्रवचनस्वरूप है। वह चूंकि निराधार सम्भव नहीं है, अतएव संघ अथवा प्रथम गणधर को तीर्थ समझना चाहिए। इस तीर्थ के उत्पन्न होने पर जो सिद्ध हुए हैं वे तीर्थसिद्ध कहलाते हैं।

तीर्थसिद्धकेवलज्ञान—ये तीर्थंकराणां तीर्थे वर्तमाने सिद्धास्तेषां यत्केवलज्ञानं तत्तीर्थसिद्धकेवलज्ञानम्। (आव. नि. मलय. वृ. ७८, पृ. ८४)।

तीर्थंकरों के तीर्थ के रहते हुए जो सिद्ध हुए हैं उनके केवलज्ञान को तीर्थसिद्धकेवलज्ञान कहा जाता है।

तीर्थंकर—देखो तीर्थंकर।

तीव्रभाव—१. बाह्याभ्यन्तरहेतूदीरणवशादुद्रिक्तः परिणामस्तीव्रः (स. सि. ६–६)। २. अतिप्रवृद्ध-क्रोधादिवशात् तीव्रनात्तीव्रः। बाह्याभ्यन्तरहेतूदीरणवशादुद्रिक्तः परिणामः तीव्रनात् स्थूलभावात् तीव्रः इत्युच्यते। (त. वा. ६, ६, १)। ३. अति-प्रवृद्धक्रोधादिवशात्तीव्रः स्थूलत्वादुद्रिक्तः परिणामः। (त. श्लो. ६–६)। ४. बहिरन्तःकारणोदीरणवशात्तीव्र [व] ते स्थूलो भवति उद्रेकं प्राप्नोति उत्कटो भवति यः परिणामः स तीव्रः इत्युच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ६–६)।

१ अन्तरंग और बहिरंग कारणों की उदीरणा के वश उत्पन्न होनेवाले उत्कट परिणाम को तीव्रभाव कहते हैं।

तीव्र-मन्दभाव—तत्थ तिव्व-मंदभावो णाम— "सम्मत्तुप्पत्ती वि य सावय-विरदे अणंतकम्मंसे। दंसणमोहक्खवए कसाय-उवसामए य उवसंते॥ खवए य खीणमोहे जिणे य णियमा भवे असंखेज्जा। तव्विवरीदो कालो संखेज्जगुणाए सेढीए॥" एदेसि सुत्तुद्दिट्ठपरिणामाणं पगरिसापगरिसत्तं तिव्व-मंद-भावो णाम। (धव. पु. ५, पृ. १८६-८७)।

'सम्मत्तुप्पत्ती वि य' आदि गाथासूत्रों में निर्दिष्ट परिणामों की प्रकर्षता और अप्रकर्षता को तीव्र-मन्दभाव कहा जाता है।

तुच्छ—तुच्छास्त्वसारा मुद्गफलीप्रभृतय इति। (श्रा. प्र. टी. २८६)।

असार वस्तु—जैसे मूंग की फली आदि—को तुच्छ कहते हैं।

तुला—पलशतं तुला। (त. वा. ३, ३८, ३)।

सौ पल प्रमाण माप को तुला कहते हैं।

तुषित—तुष्यन्ति विषयसुखपराङ्मुखाः भवन्ति तुषिताः। त. वृत्ति श्रुत. ४–२५)।

जो विषयसुखों से पराङ्मुख होकर आत्म-सुख में सन्तुष्ट रहते हैं ऐसे ब्रह्मलोकान्तवासी विशेष लौकान्तिक देवों को तुषित कहते हैं।

तुष्टि—१. × × × तुष्टिस्तद्देशवृत्तिता। (द्वात्रिं. सिद्ध. ११–१५)। २. तुष्टिः दत्ते दीयमाने च प्रहर्षः। (सा. ध. स्वो. टी. ५–४७)।

२ आहारादि के दे देने पर और देते समय भी उत्कृष्ट हर्ष को प्राप्त होना, यह तुष्टि नाम का एक दाता का गुण है।

तृणसंस्तर—णिस्संधी य अपोल्लो णिरुवहदो समधिवास्सणिज्जंतु। सुहपडिलेहो मउओ तणसंथारो हवे चरिमो॥ (भ. आ. ६४४)।

जो तृणसंस्तर (तृण से निर्मित बिस्तर) गांठ से रहित, निश्छिद्र, अखण्डित तृणों से निर्मित, जिसके ऊपर सोना-बैठना आदि भली भांति हो सकता है—जो खुजली आदि का करनेवाला न हो, तथा जन्तु रहित, सरलता से प्रतिलेखन योग्य और कोमल हो, वह अन्तिम (चतुर्थ) तृणसंस्तर होता है।

तृणस्पर्शपरीषहजय—१. तृणग्रहणमुपलक्षणं कस्यचिद् व्यधनदुःखकारणस्य, तेन शुष्कतृण-परुषशर्करा-कण्टक-निशितमृत्तिका-शूलादिव्यधनकृतपादवेदनाप्राप्तौ सत्यां तत्राप्रणिहितचेतसश्चर्या-शय्या-निषद्यासु प्राणिपीडापरिहारे नित्यमप्रमत्तचेतसस्तृणादिस्पर्शबाधापरिषहविजयो वेदितव्यः। (स. सि. ९–९)। २. तृणादिनिमित्त[मिल]वेदनायां मनसोऽप्रणिधानं तृणस्पर्शजयः। यथाभिनिर्वृत्ताधिकरणशायिनः शुष्कतृण-पत्र-भूमि-कण्टक-फलक-शिलातलादिषु प्रासुकेष्वसंस्कृतेषु व्याधि-मार्गगमन-शीतोष्णजनितश्रमविनोदार्थं शय्यां निषद्यां वा भजमानस्य तृणादिबाधितमूर्तेरुत्पन्नकण्डूविकारस्य दुःखमनभिचिन्तयतः तृणादिस्पर्शबाधावशीकृतत्वात् तृणस्पर्शसहनमवगन्तव्यम्। (त. वा. ९, ९, २२; चा. सा. पृ. ५५)। ३. अभूताल्पाणुचेलत्वे कादाचित्कं तृणादिषु। तत्संस्पर्शोद्भवं दुःखं सहेन्नेच्छेच्च तान् मृदून्॥ (आव. नि. हरि. वृ. ९१८, पृ. ४०१ उद्.)। ४. अशुषिरतृणस्य दर्भादेः परिभोगोऽनुज्ञातो गच्छनिर्गतानां गच्छवासिनां च, तत्र येषां शयनमनुज्ञातं निष्पन्नानां तेषां (निषण्णानां ते तान् ?) दर्भान् भूसा-

मास्तीर्य संस्तारकोत्तरपट्टको च दर्भाणामुपरि विधाय शेरते, चौरापहृतोपकरणो वा प्रतनुकसंस्तारकादिपट्टो वाऽत्यन्तजीर्णत्वात् तथापि तं परुषकुशदर्भादितृणस्पर्शं सम्यगधिसहते यस्तस्य तृणस्पर्शपरीषहजयः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–९)। ५. तृणादिनिमित्त[मित]वेदनायां मनसोऽप्रणिधानं तृणस्पर्शजयः। (त. श्लो. ९-९)। ६. तृणस्पर्शः शुष्कतृण-परुषशर्करा-कण्टक-निशितमृत्तिकाकृतशरीरपादवेदनासहनम्। (मूला. वृ. ५–५८)। ७. श्रान्तः सन् श्रुतभावनाऽनशनसद्ध्यानाऽध्वयानादिभिः, स्तोकं कालमतिश्रमापहृतये शय्या-निषद्ये भजन्। शुद्धोर्वीतृण-पत्रसंस्तर-शिलापट्टेषु तत्पीडनः, कण्डूयादिसहो भवेदिह तृणस्पर्शक्षमी संयमी॥ (आचा. सा. ७–१२)। ८. तृणादिषु स्पर्शखरेषु शय्यां भजन्निषद्यामथ खेदशान्त्यै। संक्लिश्यते यो न तदर्तिजातखर्जुस्तृणस्पर्शतितिक्षुरेषः। (अन. ध. ६–१०५)। ९. यो मुनिः शुष्कतृणपत्रपरुषशर्करोपलनिशितकण्टकमृत्तिकाशूलकटफलकशिलादिव्यधनविहितपादवेदनोऽपि सन् तत्राविहितचेताः चर्यायां शय्यायां निषद्यायां च जन्तुपीडां परिहरन् निरन्तरमेवाप्रमत्तचेताः तृणस्पर्शपरीषहसहः स हि वेदितव्यः। (त. वृत्ति श्रुत. ९–९)।

१ सूखे तृण, कठोर कंकड़, कांटे, तीखी मिट्टी और कील आदि के चुभने पर पैरों में वेदना के होते हुए जो उस ओर ध्यान न देकर चर्या (गमन), निषद्या (बैठना) और शय्या में प्राणिरक्षा के लिये सदा सावधान रहता है वह तृणस्पर्शबाधापरीषह का विजयी होता है।

तृतीय प्रतिमा—त्रीन् मासानुभयकालमप्रमत्तः पूर्वोक्तप्रतिमानुष्ठानसहितः सामायिकमनुपालयतीति तृतीया। (योगशा. स्वो. विव. ३–१४८)।

प्रमादरहित होकर दोनों कालों में पूर्व दो प्रतिमाओं के अनुष्ठानपूर्वक तीन मास तक सामायिक के परिपालन को तीसरी सामायिक प्रतिमा कहते हैं।

तृतीय मूलगुण—एवं चिय गामादिसु अप्प-बहु (अदत्त) विवज्जणं तइओ। (धर्मसं. हरि. ८५९)।

इसी प्रकार क्रोधादि के वश होकर ग्राम व नगरादि में बिना दी हुई थोड़ी-बहुत वस्तु के ग्रहण करने के त्याग को तीसरा (अचौर्य) मूलगुण कहते हैं।

तृषा—१. पिपासा च तृषा। (रत्नक. टी. ६)। २. असातावेदनीयतीव्र-तीव्रतर-मन्द-मन्दतरपीडया समुपजाता तृषा। (नि. सा. वृ. ६)।

२ असातावेदनीय की तीव्र, तीव्रतर, मन्द अथवा मन्दतर पीड़ा से जो प्यास की बाधा होती है उसका नाम तृषा है।

तृषापरीषहजय—देखो पिपासापरीषहजय व पिपासासहन। १. तृषा—चारित्रमोहनीय-वीर्यान्तराया-पेक्षाऽसातावेदनीयोदयादुदकपानेच्छा × × × तत्सहनं तृषापरीषहजयः। (मूला. वृ. ५–५७)। २. पक्षश्चण्डकरः स्थलस्थितपयःसंचारिणः प्राणिनो भ्रष्टप्लुष्टतनूंस्तनोति नितरां यस्मिंस्तपे तापने; तस्मिन् स्निग्धविरुद्धभोजनज्वराऽऽतापादिपुष्यत्तृषां त्यक्ते निःस्पृहतामृतेन कृतधीर्मुष्णाति तृष्णाजयः॥ (आचा. सा. ७–४)। ३. पथीनानियतासनोदवसितः स्नानाद्यपासी यथा-लब्धाशी क्षपणाद्यपित्तकृ-दवव्याणज्वरोष्णादिजाम्। तृष्णां निष्कुषिताम्बरीषवद्भुवां देहेन्द्रियोन्माथिनीं सन्तोषोद्धकरीरपूरितवरध्यानाम्बुपानाज्जयेत्॥ (अन. ध. ६–९०)।

२ सन्तापजनक जिस ग्रीष्म ऋतु में तीक्ष्ण सूर्य स्थलचर और जलचर जीवों के शरीर को अतिशय जलाया करता है उस (ग्रीष्म ऋतु) में चिक्कण भोजन के विपरीत (रूखे) भोजन से उत्पन्न ताप (ज्वर) आदि से वृद्धिगत प्यास की बाधा को जो मनस्वी साधु निःस्पृहतारूप अमृत से शान्त करता है वह तृषापरीषहजयी होता है।

तृष्—तृषः अभिष्वङ्गलक्षणायाः × × ×। (आव. नि. हरि. वृ. १०६७, पृ. ४९८)।

इन्द्रियविषयों में आसक्ति रखना, इसका नाम तृष् (तृष्णा) है।

तेज—१. मूलोष्णवती प्रभा तेजः। (धव. पु. ८, पृ. २००)। २. इतस्ततो विक्षिप्तं जलादिसिक्तं वा प्रचुरभस्मप्राप्तं वा मनाक् तेजोमात्रं तेजः कथ्यते। (त. वृत्ति श्रुत. २–१३)।

१ मूल में जो अग्नि आदि की उष्ण प्रभा हुआ करती है उसका नाम तेज है।

तेजकाय—१. तेऊ चित्तमंतमक्खाया अणेगजीवा पुढोसत्ता अन्नत्थ सत्थपरिणएणं। (दशवै. सू. ४,

१, पृ. १३६)। २. भस्मादिकं परित्यक्तशरीरं तेजस्कायः। (त. वृत्ति श्रुत. २-१३)।

१ तेजकाय या तेजकायिक जीव वे कहे जाते हैं जो चैतन्ययुक्त ('चित्तमंत' पाठान्तर में 'अल्प चेतना वाले') होकर अनेक हैं व पृथक्-पृथक् हैं। २ अग्निकायिक जीव के द्वारा छोड़े गये भस्म आदिरूप कायको तेजकाय कहते हैं।

तेजकायिक— १. तेज उष्णलक्षणं प्रतीतम्, तदेव कायः शरीरं येषां ते तेजःकायाः, तेजःकाया एव तेजःकायिकाः। (दशवै. सू. हरि. वृ. ४-१, पृ. १३८)। २. तेजः कायत्वेन गृहीतं येन सः तेजस्कायिकः। (त. वृत्ति श्रुत. २-१३)।

१ तेज नाम उष्ण का है, वही जिन जीवों का शरीर है वे तेजकाय या तेजकायिक कहलाते हैं। २ जिस जीव ने तेज—अग्नि आदि—को शरीर के रूप में धारण कर रक्खा है वह तेजकायिक कहलाता है।

तेजजीव—विग्रहगतौ प्राप्तो जीवः तेजोमध्येऽवतरिष्यन् तेजोजीवः प्रतिपाद्यते। (त. वृत्ति श्रुत. २-१३)।

विग्रहगति में विद्यमान जो जीव आगे जाकर अग्नि-शरीर को धारण करने वाला है उसे तेजोजीव कहते हैं।

तेजोजराशि—जम्हि रासिम्हि चदुहि अवहिरिज्जमाणे तिण्णि हुांति सो तेजोजं। (धव. पु. ३, पृ. २४९); जो रासी चदुहि अवहिरिज्जमाणो × × × तिगग्गो सो तेजोजो। (धव. पु. १०, पृ. २३); चदुहि अवहिरिज्जमाणे जत्थ तिण्णि एंति सो तेजोजो। (धव. पु. १४, पृ. १४७)।

जिस राशि में ४ का भाग देने पर ३ शेष रहें वह तेजोज राशि कहलाती है।

तेजोलेश्या—१. जाणइ कज्जाकज्जं सेयासेयं च सव्वसमपासी। दय-दाणरदो य विदू लक्खणमेयं तु तेउस्स॥ (प्रा. पंचसं. १-१५०; धव. पु. १, पृ. ३८९ उद्.; गो. जी. ५१५)। २. दृढमित्रता-सानुक्रोशत्व-सत्यवाद-दानशीलात्मीयकार्यसम्पादनपटु-विज्ञानयोग-सर्वधर्मसमदर्शनादि तेजोलेश्यालक्षणम्। (त. वा. ४, २२, १०)। ३: जाणइ कज्जमकज्जं सेयमसेयं च सव्वसमपासी। दय-दाणरओ मउओ तेऊए कीरए जीवो॥ (धव. पु. १६, पृ. ४९१ उद्.)। ४. सम्यग्दृष्टिरविद्विष्टो हिताहितविवेचकः। वदान्यः सदयो दक्षस्तेजोलेश्यो महामनाः॥ (पंचसं. अमित. १-२७९, पृ. ३५)।

१ कार्य-अकार्य व सेव्य-असेव्य का जानना, सबको समानरूप से देखना, दया-दान में निरत रहना, तथा विद्वत्ता ('मिदू' पाठ के अनुसार सरल परिणाम); ये सब तेजोलेश्या के लक्षण हैं। २ दृढमित्रता, दयार्द्रता, सत्यभाषित्व, दानशीलता, आत्मीय कार्य में कुशलता, विवेकिता और सर्वधर्मसमदर्शित्व आदि तेजोलेश्या के लक्षण हैं।

तैजस—१. तेयप्पहगुणजुत्तमिदि तेजइयं। (ष. खं. ५, ६, २४०—पु. १४, पृ. ३२७)। २. यत्तेजोनिमित्तं तेजसि वा भवं तत्तैजसम्। (स. सि. २-३६)। ३. तेजसो विकारस्तैजसं तेजोमयं तेजः स्वतत्त्वं शापानुग्रहप्रयोजनम्। (त. भा. २-४९, पृ. २१४)। ४. तेजोनिमित्तत्वात्तैजसम्। यत्तेजोनिमित्तं तत्तैजसमिदम्, तेजसि भवं वा तैजसमित्याख्यायते। (त. वा. २, ३६, ८); शंखधवलप्रभालक्षणं तैजसम्। (त. वा. २, ४९, ८); शङ्खधवलप्रभालक्षणं तैजसम्। तद् द्विविधम्—निःसारणात्मकमितरच्च। औदारिक-वैक्रियिकाहारकदेहाभ्यन्तरस्थं देहस्य दीप्तिहेतुरनिःसरणात्मकम्। यतेरुग्रचारित्रस्यातिक्रुद्धस्य जीवप्रदेशसंयुक्तं बहिर्निष्क्रम्य दाह्यं परिवृत्यावतिष्ठमानं निष्पावहरितफलपरिपूर्णां स्थालीमग्निरिव पचति, पक्त्वा च निवर्तते, अथ चिरमवतिष्ठते अग्निसाद् दाह्यार्थो भवति, तदेतन्निःसरणात्मकम्। (त. वा. २, ४९, ८)। ५. तेजोभावस्तैजसं रसाद्याहारपाकजननं लब्धिनिबन्धनं च, × × ×। उक्तं च—× × × सव्वस्स उम्हसिद्धं रसादिआहारपागजणणं च। तेयगलद्धिनिमित्तं तेयगं होइ नायव्वं॥७॥ (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ८७)। ६. इहोष्मभावलक्षणं तेजः सर्वप्राणिनामाहारपाचकम्, तस्य तेजसो विकारस्तैजसं तेजःसमावस्थान्तरापत्तिः। (त. भा. हरि. वृ. २-५०); तेजोगुणद्रव्यारब्धमुष्णगुणमाहारपरिपाचनक्षमं तैजःशरीरम्। (त. भा. हरि. वृ. ८, १२)। ७. तेजोमयं तैजसम्। (आव. नि. हरि. वृ. ४३, पृ. ३६ तथा १४३४ पृ. ७९७)। ८. तेजइयणोकम्मसंचिदपदेसपिंडो तेजासरीरं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३१०); शरीरस्कन्धस्य पद्मरागमणि

वर्णस्तेजः, शरीरान्निर्गतरश्मिकला प्रभा, तत्र भवं तैजसं शरीरम्; तेजःप्रभागुणयुक्तमिति यावत् । (धव. पु. १४, पृ. ३२८)। ९. तेजोनिमित्तत्वात्तैजसम् । (त. श्लो. २-३६)। १०. तेज इत्यग्निः, तेजोगुणोपेतद्रव्यवर्गणासमारब्धं तैजोविकारस्तेज एव वा तैजसमुष्णगुणं शापानुग्रहसामर्थ्याविर्भावनम्, तदेव यदोत्तरगुणप्रत्यया लब्धिरुत्पन्ना भवति तदा परं प्रति दाहाय विसृजति रोष-विषाध्मातमानसो गोशालादिवत्, प्रसन्नस्तु शीततेजसाऽनुगृह्णाति । यस्य पुनरुत्तरगुणलब्धिरसती तस्य सततमभ्यवहृताहारमेव पाचयति, यच्च तत् पाचनशक्तियुक्तं तत्तैजसमवसेयम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. २, ३७); उष्णभावलक्षणं तेजः संसिद्धं सर्वप्राणिषु पाचकमन्धसः, तस्यैवंविधस्य तेजसो विकारस्तैजसमवस्थान्तरापत्तिरिति । (त. भा. सिद्ध. वृ. २-४९)। ११. तैजसमन्तस्तेजः शरीरोष्मा यतो भुक्तान्नादिपाको भवतीति । (न्यायकु. ७-७६, पृ. ८५२)। १२. तेजसां तेजःपुद्गलानां विकारस्तैजसम्, तत् मौष्मलिङ्गं भुक्ताहारपरिणमनकारणम्, ततश्च विशिष्टतपःसमुत्थलब्धिविशेषस्य पुंसस्तेजोलेश्याविनिर्गमः । (जीवाजी. मलय. वृ. १३, पृ. १४; प्रज्ञाप. मलय. वृ. २०–२६७)। १३. तैजसनामकर्मोदयात् तेजोवर्गणया तैजसशरीरम् । (गो. जी. जी. प्र. ६०६)। १४. तैजसनामकर्मोदयनिमित्तं वपुस्तेजःसम्पादकं यत्तत्तैजसम्, तेजसि वा भवं तैजसम् । (त. वृत्ति श्रुत. २–३६)।

१ जो शरीर तेज—शरीर-स्कन्ध का पद्मरागमणि जैसा वर्ण—और प्रभा—शरीर से निकलने वाली किरणकला—गुण से युक्त होता है उसे तैजस कहा जाता है। ६ समस्त प्राणियों के आहार का पाचक जो उष्णतारूप तेज है उसके विकार को तैजस शरीर कहते हैं।

तैजसशरीरनाम—१. जस्स कम्मस्स उदएण तेजइयवग्गणक्खंधा णिस्सरणाणिस्सरण-पसत्थापसत्थप्पयत्तेयासरीरसरूवेण परिणमंति तं तेयासरीरं णाम, कारणे कज्जुवयारादो । (धव. पु. ६, पृ. ६९)। २. यदुदयात्तैजसवर्गणापुद्गलस्कन्धा निःसरणानिःसरणप्रकामप्राप्तसमस्त-प्रत्येकस्वरूपेण भवन्ति तत्तैजसशरीरं नाम । (मूला. वृ. १२–१९३)। ३. यदुदयात् तैजसशरीरप्रायोग्यानादाय तैजसशरीररूपतया परिणमयति परिणमय्य च जीवप्रदेशैः सह परस्परानुगमरूपतया सम्बन्धयति तत्तैजसशरीरनाम । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–२९३, पृ. ४६९)।

१ जिस कर्म के उदय से तैजस वर्गणा के स्कन्ध निःसरण-अनिःसरणरूप (शरीर से बाहर निकलने व न निकलने वाले) और प्रशस्त-अप्रशस्त तैजसशरीरस्वरूप से परिणत होते हैं वह कारण में कार्य के उपचार से तैजसशरीर नामकर्म कहलाता है।

तैजसशरीरबन्धननाम—१. जस्स कम्मस्स उदएण तेजासरीरपरमाणू अण्णोण्णेण बंधमागच्छंति तं तेजासरीरबंधणणामं । (धव. पु. ६, पृ. ७०)। २. यदुदयात्तैजसपुद्गलानां गृहीतानां गृह्यमाणानां च परस्परं कार्मणपुद्गलैश्च सह सम्बन्धस्तत्तैजसबन्धननाम । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–२९३, पृ. ४७०)।

१ जिस कर्म के उदय से तैजसशरीर के परमाणु परस्पर बन्धन को प्राप्त होते हैं वह तैजसशरीरबन्धन नामकर्म कहलाता है। २ जिसके उदय से गृहीत और गृह्यमाण तैजस पुद्गलों का परस्पर में व कार्मण पुद्गलों के साथ सम्बन्ध होता है उसे तैजसबन्धन नामकर्म कहते हैं।

तैजसशरीरसंघातनाम—जस्स कम्मस्स उदएण तेयासरीरक्खंधाणं सरीरभावमुवगयाणं बंधणणामकम्मोदएण एगबंधणबद्धाणं मट्ठत्तं होदि तं तेयासरीरसंघादं णाम । (धव. पु. ६, पृ. ७०)।

जिस कर्म के उदय से शरीर अवस्था को प्राप्त हुए तथा बन्धननामकर्म के उदय से एकबन्धनबद्ध हुए तैजसशरीरस्कन्धों के मृष्टता (चिक्कणता) होती है उसे तैजसशरीरसंघातनामकर्म कहते हैं।

तैजससमुद्घात—देखो तैजस। १. जीवानुग्रहोपघातप्रवणतेजःशरीरनिर्वर्तनार्थस्तैजससमुद्घातः। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७७)। २. तेजासरीरसमुग्घादो णाम तेजइयसरीरविउव्वणं । (धव. पु. ४, पृ. २७)। ३. स्वस्य मनोऽनिष्टजनकं किञ्चित्कारणान्तरमवलोक्य समुत्पन्नक्रोधस्य संयमनिधानस्य महामुनेर्मूलशरीरमत्यज्य सिन्दूरपुञ्जप्रभो दीर्घत्वेन द्वादशयोजनप्रमाणः सूच्यंगुलसंख्येयभागमूलविस्तारो नवयोजनाग्रविस्तारः काहलाकृतिपुरुषो

वामस्कन्धान्निर्गत्य वामप्रदक्षिणेन हृदये निहितं विरुद्धं वस्तु भस्मसात्कृत्य तेनैव संयमिना सह स च भस्म व्रजति द्वीपायनवत्, असावशुभस्तेजःसमुद्घातः। लोकं व्याधि-दुर्भिक्षादिपीडितमवलोक्य समुत्पन्नकृपस्य परमसंयमनिधानस्य महर्षेर्मूलशरीरमत्यज्य शुभ्राकृतिः प्रागुक्तदेहप्रमाणः पुरुषो दक्षिण-प्रदक्षिणेन व्याधिदुर्भिक्षादिकं स्फोटयित्वा पुनरपि स्वस्थाने प्रविशति, असौ शुभरूपस्तेजःसमुद्घातः। (बृ. द्रव्यसं. १०, पृ. २१)। ४. तैजसेन हेतुभूतेन समुद्घातस्तैजससमुद्घातः तैजसशरीरनामकर्माश्रयः। (जीवाजी. मलय. वृ. ११, पृ. १७)।

१ जीवों के अनुग्रह और निग्रह करने में समर्थ ऐसे तैजसशरीर के कारणभूत समुद्घात को तैजस-समुद्घात कहते हैं। ३ अपने मन को अनिष्ट प्रतीत होने वाले किसी कारणान्तर को देखकर जिसे क्रोध उत्पन्न हुआ है ऐसे संयम के धारक महामुनि के मूल शरीर को न छोड़कर सिन्दूर-समूह के समान प्रभा वाला, बारह योजन प्रमाण दीर्घ, सूच्यंगुल के संख्यातवें भाग प्रमाण मूल विस्तार से व नौ योजन प्रमाण अग्र विस्तार से सहित और काहल (एक बाजा) के समान आकृति का धारक जो पुरुष उक्त मुनि के बायें कन्धे से निकल कर वाम प्रदक्षिण से मन में स्थित विरुद्ध वस्तु को निर्मूल जलाकर उसी संयमी मुनि के साथ स्वयं भी भस्मसात् हो जाता है—जैसे द्वीपायन नामक मुनि, यह अशुभ तैजससमुद्घात है। लोक को रोग या अकाल से पीड़ित देखकर दयार्द्र हुए संयमी महर्षि के मूल शरीर को न छोड़कर धवल आकृति वाला पूर्वोक्त शरीर के प्रमाण पुरुष दक्षिण-प्रदक्षिण से उक्त रोग व अकाल आदि को नष्ट करके फिर भी अपने स्थान में प्रविष्ट हो जाता है, यह शुभरूप तैजससमुद्घात है।

तैर्यग्योन—देखो तिर्यग्योनि। १. क्षुत्पिपासाशीतोष्णादिकृतोपद्रवप्रचुरेषु तिर्यक्षु यस्योदयाद् वसनं तत्तैर्यग्योनम्। क्षुत्पिपासा-शीतोष्ण-दंशमशकादि-विविधव्यसनविधेयीकृतेषु तिर्यक्षु यस्योदयाद् वसनं भवति तत्तैर्यग्योनमायुरवगन्तव्यम्। (त. वा. ८, १०, ५)। २. क्षुत्पिपासाशीतोष्णवातादिकृतोपद्रव-प्रचुरेषु तिर्यक्षु यस्योदयाद् वसनं तत्तैर्यग्योनम्। (त. श्लो. ८-१०)।

१ जिस कर्म के उदय से भूख, प्यास, शीत और उष्ण आदि के अनेक उपद्रवों के सहने वाले तिर्यंचों में रहना पड़ता है उसे तैर्यग्योन (तिर्यगायु) कहते हैं।

तोरण—पुराणं पुराणं [गोपुराणं] पासादाणं वंदणमालबंधणट्ठं पुरदो ट्ठविदरुक्खविसेसा तोरणं णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३९)।

नगरगत गोपुरों के प्रासादों के वन्दनमाला बांधने के लिए जो वृक्षविशेष (कदलीस्तम्भ आदि) स्थापित किये जाते हैं वे तोरण कहलाते हैं।

तौष्टिक—तुष्टिर्दत्तवतो यस्य ददतश्च प्रवर्तते। देयासक्तमतेः शुद्धास्तमाहुस्तौष्टिकं जिनाः॥ (अमित. श्रा. ९-५)।

जो पूर्व में दे चुका है अथवा वर्तमान दे रहा है उसके देय द्रव्य में अनासक्त बुद्धि होने से सन्तोष रहता है, इसी से उसे तौष्टिक कहा जाता है।

त्यक्तकृत्य— चियत्ते त्ति— संजमाहिकारियाणि छड्डेऊण सेवइ स त्यक्तकृत्यः। (जीतक. चू. १, पृ. ३, पं. १८)।

जो संयमोचित कार्यों को छोड़कर सेवन करता है, अर्थात् रोगादि के कारण या असमर्थ अवस्था में अपवादरूप से जिनका सेवन करना पड़ा उनको यदि नीरोग व समर्थ होते हुए फिर भी सेवन करता है, तो वह त्यक्तकृत्य कहलाता है।

त्यक्तदेह—१. त्यक्तदेहम्—जीवसंसर्गसमुत्थशक्ति-जनिताहारादिपरिणामप्रभवपरित्यक्तोपचयम्। × × × उक्तं च वृद्धैः—आहारसत्तिजणिताऽऽहार-सुपरिणामजोवचयसुण्णं। भण्णइ हु चत्तदेहं देहोवरओत्ति एगट्ठा॥४॥ (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १४)। २. जीविद-मरणासाहि विणा सरूवोवलद्धिणिमित्तं व (?)चत्तबज्झंतरंगपरिग्गहस्स कदलीघादेणियरेण वा पदिदसरीरं चत्तदेहमिदि। (धव. पु. १, पृ. २६); भत्तपच्चक्खाणिंगिणि-पाओवगमणविहाणेहि छंडिद-सरीरो साहू × × × चत्तदेहो णाम। (धव. पु. ९, पृ. २६९)। ३. आयुषो भवमवेत्य आत्मनैव यत्त्यक्तं तत्त्यक्तशब्देनोच्यते। (भ. आ. विजयो. टी. ७५३)। ४. घादेण अघादेण व पडिदं चागेण चत्तमिदि। (गो. क. ५८)। ५. त्यक्तं भक्ता-दिकत्यागैर्घाताघातगतात्मकम्। (आचा. सा. ९-१२)। ६. त्यक्तं प्रायोपगमनेङ्गिनी-भक्तप्रत्या-

ध्यानवैद्यसमाधिमरणविसृष्टम् । (लघीय. अभय. वृ. ७६, पृ. ६८)।

१ जीव के सम्बन्ध से उत्पन्न हुई शक्ति के आश्रय से जो आहारादि का परिणमन होता है उसके प्रभाव से होने वाली वृद्धि के त्याग से शरीर के छूटने पर उसे त्यक्तदेह कहा जाता है। २ जीवन व मरण की अभिलाषा के बिना आत्मस्वरूप की प्राप्ति के निमित्त बाह्य व अभ्यन्तर परिग्रह का परित्याग कर देने वाले साधु का कदलीघात या अन्य प्रकार से जो शरीर छूटता है उसे त्यक्तदेह कहते हैं।

त्यक्तदोष—१. बहुपरिसाडणमुज्झिय आहारो परिगलंत दिज्जंतं । छंडिय भुंजणमहवा छंडियदोसो हवे णेओ ॥ (मूला. ६–५६)। २. आहारं परिगलन्तं दीयमानं तक्र-घृतोदकादिभिः परिस्रवन्तं छिद्रहस्तैश्च बहुपरिसातनं च कृत्वाहारं यदि गृह्णाति त्यक्त्वा चैकमाहारमपरं भुंक्ते यस्तस्य त्यक्तदोषो भवति। (मूला. वृ. ६–५६]।

१ दाता के द्वारा देते समय नीचे गिरने वाले छाछ, घी व जल आदि के लेने को, अथवा स्वयं अपने ही छेदयुक्त हाथों में से नीचे गिरते हुए भी देखकर आहार के ग्रहण करने को त्यक्त अशनदोष कहते हैं।

त्याग—१. णिव्वेग[य]तियं भावइ मोहं चइऊण सव्वदव्वेसु । जो तस्स हवे चागो इदि भणिदं जिणवरिंदेहिं ॥ (द्वादशानु. ७८)। २. त्यागो दानम्, तच्छक्तितो यथाविधि प्रयुज्यमानं त्यागः। (स. सि. ६–२४); संयतस्य योग्यं ज्ञानादिदानं त्यागः। (स. सि. ९–६); ३. बाह्याभ्यन्तरोपधिशरीरान्नपानाद्याश्रयो भावदोषपरित्यागस्त्यागः। (त. भा. ९–६)। ४. चागो णाम वेयावच्चकरणेण आयरियोवज्झायादीणं महंती कम्मनिज्जरा भवइ, तम्हा वत्थ-पत्त-ओसहादीहिं साहूण संविभागकरणं कायव्वंति। (दशवै. चू. १, पृ. १८)। ५. परप्रीतिकरणातिसर्जनं त्यागः। आहारो दत्तः पात्राय तस्मिन्नहनि तत्प्रीतिहेतुर्भवति, अभयदानमुपपादितमेकभवव्यसननोदनकरम्, सम्यग्ज्ञानदानं पुनः अनेकभवशतसहस्रदुःखोत्तरणकारणम्। अत एतत् त्रिविधं यथाविधि प्रतिपद्यमानं त्यागव्यपदेशभाग्भवति। (त. वा. ६, २४, ६); परिग्रहनिवृत्तिस्त्यागः। परिग्रहस्य चेतनाचेतनलक्षणस्य निवृत्तिस्त्याग इति निश्चीयते। (त. वा. ९, ६, १८)। ६. शक्तितस्त्याग उद्गीतः प्रीत्या स्वस्यातिसर्जनम्। नात्मपीडाकरं नापि सम्यगननतिसर्जनम् ॥ (त. श्लो. ६, २४, ८); परिग्रहनिवृत्तिस्त्यागः। × × × दानं वा स्वयोग्यं त्यागः। (त. श्लो. ९-६)। ७. बाह्याभ्यन्तरपरित्यजनं त्यागः। (युक्त्यनु. टी. ६)। ८. जो चयदि मिट्ठभोज्जं उवयरणं राय-दोससंजणयं। वसदिं ममत्तहेदुं चायगुणो सो हवे तस्स ॥ (कार्तिके. ४०१)। ९. न चोज्झनमात्रं त्यागशब्देनोच्यते। किं तर्हि? दानं विशिष्टसंप्रदानकमित्यर्थः। (त. भा. सिद्ध. ७–३३)। १०. संयतप्रायोग्याहारादिदानं त्यागः। (भ. आ. विजयो. टी. ४६)। ११. त्यागस्तु धर्मशास्त्रादिविश्राणनमुदाहृतम्। (त. सा. ६–१९)। १२. त्यागः संयतस्य योग्यज्ञानादिदानं त्यागः। (मूला. वृ. ११–५)। १३. व्याख्या यत्क्रियते श्रुतस्य यतये यद्दीयते पुस्तकम्। स्थानं संयमसाधनादिकमपि प्रीत्या सदाचारिणा ॥ स त्यागः × × × ॥ (पद्म. पं. १–१०१)। १४. शक्त्या दोषैकमूलत्वान्निवृत्तिरुपधेः सदा। त्यागो ज्ञानादिदानं वा सेव्यः सर्वगुणाग्रणीः ॥ (अन. ध. ६–५२)। १५. आहाराभय-ज्ञानानां त्रयाणां विधिपूर्वकमात्मशक्त्यनुसारेण पात्राय दानं शक्तितस्त्याग उच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. २–२४); संयमिनां योग्यं ज्ञान-संयम-शौचोपकरणादिदानं त्यागः। (त. वृत्ति श्रुत. ९–६)।

१ जो सब द्रव्यों में मोह को छोड़कर संसार, शरीर और भोग सम्बन्धी निर्वेद का चिन्तन करता है उसके त्याग होता है। २ संयत (साधु) के योग्य ज्ञान आदि के देने को त्याग कहते हैं। ३ बाह्य व अभ्यन्तर उपधि, शरीर और अन्न-पान आदि के आश्रय से होनेवाले भावदोष—मूर्छा, स्नेह व गृद्धि आदि—के परित्याग का नाम त्याग धर्म है।

त्यागी—१. जे य कंते पिए भोए, लद्धे वि पिट्ठि कुव्वइ। साहीणे चयई भोए, से हु चाइत्ति वुच्चइ ॥ (दशवै. सू. २–३)। २. मार्गपादप इव स त्यागी यः सहते सर्वेषां संबाधाम्। (नीतिवा. ३२–३२, पृ. ३८१)। ३. यथा—मार्गपादपः सर्वैरभ्यागतैः पत्र-पुष्प-फलैरपचित्यमानोऽपि उपद्रवं

सहते तथा त्यागवानपि भोजन-शयनादिभिः संबाध्यमानोऽप्यभ्यागतैः सहत । तथा च गुरुः—यथा मार्गतरुस्तद्वत् सहते य उपद्रवम् । अभ्यागतस्य लोकस्य स त्यागी नेतरः स्मृतः ॥ (नीतिवा. टी. ३१-३२) ।

१ जो शोभायमान व प्रिय भोगों को प्राप्त करके भी स्वाधीनतापूर्वक उनको पीछे करता है—उनसे विमुख होता है—और स्वेच्छा से छोड़ देता है वही त्यागी कहलाता है । २ जो मार्ग में स्थित वृक्ष के समान सभी अभ्यागतों की बाधा को—उपद्रव को—सहता है उसे त्यागी समझना चाहिए ।

त्रयी—१. जातिर्जरा मृतिः पुंसां त्रयी संसृतिकारणम् । एषा त्रयी यतस्त्रय्याः क्षीयते सा त्रयी मता ॥ (उपासका. ८८५) ।

जन्म, जरा और मरणरूप त्रयी (तीन) जीवों के संसार का कारण है । उसका जिस त्रयी—सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र—के द्वारा विनाश होता है उसे यथार्थ त्रयी कहते हैं ।

त्रस—से जे पुण इमे अणेगे बहवे तसा पाणा । तं जहा—अंडया पोयया जराउया रसया संसेइमा संमुच्छिमा उब्भिया उववाइया । जेसिं केसिंचि पाणाणं अभिक्कंतं पडिक्कंतं संकुचियं पसारियं रुयं भंतं तसियं पलाइयं आगइ-गइविन्नाया । जे य कीड-पयंगा जा य कुंथु-पिपीलिया सव्वे बेइंदिया सव्वे तेइंदिया सव्वे चउरिंदिया सव्वे पंचिंदिया सव्वे तिरिक्खजोणिया सव्वे नेरइया सव्वे मणुआ सव्वे देवा सव्वे पाणा परमाहम्मिआ एसो खलु छट्ठो जीवनिकाओ तसकाउ त्ति पवुच्चइ ।(दशवै. सू. ४-१, पृ. १३६)। २. त्रसनामकर्मोदयवशीकृतास्त्रसाः । (स. सि. २, १२) । ३. त्रसनामकर्मोदयापादितवृत्तयस्त्रसाः । त्रसनामकर्मणो जीवविपाकिनः उदयापादितवृत्तिविशेषाः त्रसाः इति व्यपदिश्यन्ते । (त. वा. २, १२, १) । ४. तत्थ तसंतीति तसा । (दशवै. चू. ४, पृ. १४७) । ५. परिस्पन्दादिमन्तः त्रसनामकर्मोदयात् त्रस्यन्तीति त्रसाः । (त. भा. हरि. वृ. २-१२)। ६. त्रसनामकर्मोदयापादितवृत्तयस्त्रसाः । (धव. पु. १, पृ. २६५-६६; त. श्लो. २-१२; त. वृत्ति श्रुत. २-१२) । ७. त्रस्यन्तीति त्रसाः—त्रसनामकर्मोदयाः द्वीन्द्रियादयः । (सूत्रकृ. शी. वृ. २, ६, ४, पृ. १४०) । ८. त्रसनामकर्मोदयात् त्रस्यन्तीति त्रसाः द्वीन्द्रियादयः । (स्थाना. अभय. वृ. २-५७, पृ. ३९; व २, १, ७३, पृ. ५६) । ९. त्रसन्ति उष्णाद्यभितप्ताः सन्तो विवक्षितस्थानादुद्विजन्ति गच्छन्ति च छायाद्यासेवनार्थं स्थानान्तरमिति त्रसाः । अनया च व्युत्पत्त्या त्रसास्त्रसनामकर्मोदयवर्तिन एव परिगृह्यन्ते, न शेषाः । (जीवाजी. मलय. वृ. ९, पृ. ९) ।

१ बहुत से त्रस प्राणी ये हैं—अण्डज (पक्षी आदि), पोत—हाथी आदि, जरायुज—गाय, भैंस व मनुष्य आदि; रसज—तक्र आदि में होने वाले पायकृमि के आकार के अतिशय सूक्ष्म जीव, संस्वेदज—खटमल व जूं आदि, सम्मूर्च्छिम—शलभ व चींटी आदि, उद्भिज-पतंगादि और औपपातिक—देव-नारकी । इनमें किन्हीं के अभिमुख गमन, प्रतिकूल गमन, शरीरसंकोचन, प्रसारण, इधर-उधर गमन दुख से उद्वेजन, पलायन और गति-अगति का ज्ञान भी होता है । कृमी आदि सब दोइन्द्रिय, कुन्थु आदिक सब तीन इन्द्रिय, पतंग आदि सब चौइन्द्रिय तथा गाय आदि तिर्यंच, सब नारकी, सब मनुष्य और सब देव ये पंचेन्द्रिय होते हैं । ये सब त्रस माने गये हैं । २ त्रसनामकर्म के वशीभूत जीव (द्वीन्द्रियादि) त्रस कहलाते हैं ।

त्रसनाम—१. यदुदयाद् द्वीन्द्रियादिषु जन्म तत् त्रसनाम । (स. सि. ८-११; त. श्लो. ८-११) । २. त्रसभावनिर्वर्तकं त्रसनाम । (त. भा. ८-१२) । ३. यदुदयाद् द्वीन्द्रियादिषु जन्म तत् त्रसनाम । यस्योदयाद् द्वीन्द्रियादिषु प्राणिषु जंगमेषु जन्म लभते तत् त्रसनाम । (त. वा. ८, ११, २१) । ४. त्रस्यन्तीति त्रसाः—द्वि-त्रि-चतुःपंचेन्द्रियलक्षणाः प्राणिनः, यस्मात् तस्य कर्मण उदयात् तेषु परिस्पन्दोऽञ्जसा लक्ष्यते, स तादृशो गमनादिक्रियाविशेषो यस्य कर्मण उदयाद् भवति तत् त्रसत्वनिर्वर्तकं त्रसनाम । (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८-१२) । ५. त्रसनाम यदुदयाच्चलनं स्पन्दनं च भवति । (श्रा. प्र. टी. २२) । ६. जस्स कम्मस्स उदएण जीवाणं तसत्तं होदि तस्स कम्मस्स तसेत्ति सण्णा । (धव. पु. ६, पृ. ६१); जस्स कम्मस्सुदएण जीवाणं संचरणासंचरणभावो होदि तं कम्मं तसणामं । (धव. पु. १३, पृ. ३६५) । ७. त्रसन्ति उष्णाद्यभितप्ताः छायाद्यभिसर्पणेनोद्विजन्ते तस्मादिति त्रसा द्वीन्द्रियादयः, तत्पर्यायविपाकवेद्यं कर्मापि

त्रसनाम। (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. ८७)। ८. द्वीन्द्रियादिषु जन्मनिमित्तं त्रसाख्यं नाम। (भ. आ. मूला. टी. २१२१)। ९. त्रसन्ति उष्णाद्यभितप्ताः सन्तो विवक्षितस्थानादुद्विजन्ते गच्छन्ति च छाया-द्यासेवनार्थं स्थानान्तरमिति त्रसा द्वीन्द्रियादयः, तत्पर्यायपरिणतिवेद्यं नामकर्मापि त्रसनाम। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–२९३, पृ. ४७४)। १०. त्रसनाम यदुदयाज्ज्वलन-स्पन्दने भवतः, चंक्रमणमेवान्ये। (धर्मसं. मलय वृ. ६१९, पृ. २३३)। ११. यदुदयेन द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय-पञ्चेन्द्रियेषु जन्म भवति तत् त्रसनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

१ जिस कर्म के उदय से द्वीन्द्रियादि जीवों में जन्म होता है उसे त्रसनामकर्म कहते हैं। २ जो कर्म त्रसभाव (त्रस पर्याय) को उत्पन्न करने वाला है उसे त्रसनामकर्म कहा जाता है।

त्रसनाली—१. लोयबहुमज्झदेसे तरुम्मि सारं व रज्जुपदरजुदा। तेरसरज्जुच्छेहा किंचूणा होदि तसनाली॥ उववाद-मारणंतियपरिणदतस लोयपूरणेण गदो। केवलिणो अवलंबिय सव्वजगो होदि तसनाली॥ (ति. प. २–६ व ८)। २. लोयबहुमज्झदेसे रुक्खे सारव्व रज्जुपदरजुदा। चोद्दसरज्जुत्तुंगा तसणाली होदि गुणणामा॥ (त्रि. सा. १–१४३)।

१ वृक्ष के मध्यगत सार के समान लोक के बहुमध्य भाग में स्थित एक राजु लम्बे-चौड़े और कुछ कम (३२१६२२४१⅔ धनुष) तेरह राजु ऊंचे क्षेत्र को त्रसनाली कहते हैं। अथवा उपपाद और मरणान्तिकगत त्रस और लोकपूरणसमुद्घातगत केवलीकी अपेक्षा समस्त लोक को ही त्रसनाली समझना चाहिए।

त्रसरेणु—१. अट्ठ उड्ढरेणूओ सा एगा तसरेणू। (भगवती. ६, ७, १; जम्बूद्वी. २–१९)। २. तिसियमेत्तहदेहिं तुडिरेणूहिं पि तसरेणू। (ति. प. १–१०४)। ३. अष्टौ त्रुटिरेणवः संहताः एकस्त्रसरेणुः। (त. वा. ३, ३८, ६)। ४. पुरस्तदादिवायुना प्रेरितः त्रस्यति—गच्छतीति त्रसरेणुः। (अनुयो. चू. पृ. ५४)। ५. ते अष्टौ त्रसरेणुः। (संग्रहणी दे. वृ. २४५, पृ. १११); त्रस्यति पूर्वादिवातप्रेरितो गच्छति यो रेणुः स त्रसरेणुः। (संग्रहणी दे. वृ. २४५, पृ. १११)। ६. अष्टावूर्ध्वरेणव एकस्त्रसरेणुः, त्रसरेणुर्नाम यः पौरस्त्यादिवायुप्रेरितः सन् चलनकर्मा भवति, त्रस्यति पौरस्त्यादिवायुप्रेरितः सन् गच्छतीति त्रसः, स चासौ रेणुरिति व्युत्पत्तेः। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. २-७४, पृ. ४३–४४)। ७. अष्टभिः परमाणुभिः (?) एकस्त्रसरेणुः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३८)।

१ आठ ऊर्ध्व रेणुओं का एक त्रसरेणु होता है। २ आठ त्रुटिरेणुओं के समुदाय को त्रसरेणु कहते हैं। ७ आठ परमाणुओं से एक त्रसरेणु होता है।

त्रसस्थिति— पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियबेसागरोवमसहस्समेत्ता तसट्ठिदी। (धव. पु. ५, पृ. ६५)।

पूर्वकोटिपृथक्त्व से अधिक दो हजार सागरोपम प्रमाण त्रसस्थिति है।

त्राण—त्राणम् अनर्थप्रतिहननम्, तद्धेतुत्वात् त्राणम्। (औपपा. अभय. वृ. ९, पृ. १५)।

अनर्थ के विघात का नाम त्राण है, उसके कारण होने से श्रमण भगवान् महावीर को त्राण कहा गया है।

त्रायस्त्रिंश—१. मंत्रि-पुरोहितस्थानीयाः त्रायस्त्रिंशाः, त्रयस्त्रिंशदेव त्रायस्त्रिंशाः। (स. सि. ४, ४)। २. त्रायस्त्रिंशा मंत्रि-पुरोहितस्थानीयाः। (त. भा. ४–४)। ३. मंत्रि-पुरोहितस्थानीयास्त्रायस्त्रिंशाः। यथेह राज्ञां मंत्रि-पुरोहिताः हितानुशासिनस्तथा तत्रेन्द्राणां त्रायस्त्रिंशा वेदितव्याः। (त. वा. ४, ४, ३)। ४. त्रयस्त्रिंशति जाता त्रायस्त्रिंशाः ××× महत्तर-पितृ-गुरूपाध्यायतुल्याः। (त. श्लो. ४–४)। ५. त्रायस्त्रिंशास्त्रयस्त्रिंशदेव देवाः प्रकीर्तिताः। पुरोधोमंत्र्यमात्यानां सदृशास्ते दिवौकसाम्॥ (म. पु. २२-२५)। ६. त्रयस्त्रिंशदेव त्रयस्त्रिंशत्संख्याका एव त्रायस्त्रिंशाः, ××× ते पुनरिन्द्राणां राज्यभरचिन्तादिशान्तिक-पौष्टिकादिकर्मकारिणो मंत्रि-पुरोहितस्थानीयाः। (संग्रहणी. दे. वृ. १, पृ. ४)। ७. त्रायस्त्रिंशा मंत्रि-पुरोहितप्राया हरेः पुनः। (त्रि. श. पु. च. २, ३, ७७२)। ८. तथा त्रयस्त्रिंशदेव त्रयस्त्रिंशत्संख्याका एव त्रायस्त्रिंशाः, त्रायस्त्रिंशा इन्द्राणां मंत्रि-पुरोहितस्थानीयाः। (बृहत्सं. मलय. वृ. २)। ९. त्रयस्त्रिंशदेव संख्या येषां ते त्रायस्त्रिंशा मंत्रि-पुरोहितसमानाः। (त. वृत्ति श्रुत. ४–४)।

१ इन्द्रों के मंत्री व पुरोहित के समान जो देव संख्या में तेतीस ही होते हैं वे त्रायस्त्रिंश कहलाते हैं।

त्रासनी—बद्धमुष्टेर्दक्षिणहस्तस्य प्रसारिततर्जन्या वामहस्ततलताडनेन त्रासनी। (निर्वाणक. १६, ९, १८)।

दाहिने हाथ की मुट्ठी बांधकर और तर्जनी को पसार कर बाईं हथेली पर ताड़ने को त्रासनी मुद्रा कहते हैं।

त्रिक—त्रिकोणं स्थानं त्रिकं यत्र रथ्यात्रयं मिलति। (जीवाजी. मलय. वृ. ३–१४२, पृ. २५८)।

जिस स्थान पर तीन ओर से मार्ग आकर मिलते हैं उसे त्रिक कहते हैं।

त्रिकावनत (तियोणद)—ओणदं अवनमनम्, भूमावासनमित्यर्थः। तं च तिण्णि वारं कीरदे त्ति तियोणदमिदि भणिदं। तं जहा—सुद्धमणो धोदपादो जिणिददंसणजणिदहरिसेण पुलइदंगो संतो जं जिणस्स अग्गे बइसदि तमेगमोणदं। जमुट्ठिऊण जिणिदादीणं विण्णत्ति काद्रण बइसणं तं विदियमोणदं। पुणो उट्ठिय सामाइयदंडएण अप्पसुद्धिं काऊण सकसायदेहुस्सग्गं करिय जिणाणंतगुणे ज्झाइय चउवीसतित्थयराणं वंदणं काऊण पुणो जिण-जिणालय-गुरवाणं संथवं काऊण जं भूमीए बइसणं तं तदियमोणदं। एवं एक्केक्कम्हि किरियाकम्मे कीरमाणे तिण्णि चेव ओणमणाणि होंति। (धव. पु. १३, पृ. ८९)।

'ओणद' का अर्थ अवनमन अर्थात् भूमि में बैठना है, वह चूंकि तीन बार किया जाता है, अतः उसे तिओणद—त्रिकावनत—कहा जाता है। यथा—पादप्रक्षालनपूर्वक शुद्ध मन से जिनेन्द्र के दर्शन करके हर्ष से रोमांचित होता हुआ जो जिनदेव के आगे बैठता है, यह एक अवनमन है। फिर उठ करके जिनेन्द्र आदि की विज्ञप्ति करके बैठना, यह दूसरा अवनमन है। पश्चात् उठ करके सामायिकदण्डक से आत्मशुद्धि करके कषाय के साथ शरीर से ममत्व छोड़ता हुआ जिनेन्द्रों के अनन्त गुणों का ध्यान करता है, फिर चौबीस तीर्थंकरों की वन्दना करके पश्चात् जिन, जिनालय व गुरु की स्तुति करता हुआ जो भूमि में बैठता है; यह तीसरा अवनमन है। इस प्रकार एक-एक क्रियाकर्म करते हुए तीन अवनमन होते हैं।

त्रिपुरान्तक—जन्म-मृत्यु-जराख्यानि पुराणि ध्यान-वह्निना। दग्धानि येन देवेन तं नौमि त्रिपुरान्तकम्॥ (आप्तस्व. २५)।

जन्म, जरा और मरणरूप तीन पुरों को ध्यानरूपी अग्नि से भस्म करने वाले अरिहंतदेव को त्रिपुरान्तक कहते हैं।

त्रिलोचन—तृतीयज्ञान नेत्रेण त्रैलोक्यं दर्पणायते। यस्यालब्धचेष्टायां स त्रिलोचन उच्यते॥ (आप्तस्व. २८)।

केवलज्ञानरूप तृतीय नेत्र से तीन लोकों के जानने देखने वाले अरिहन्तों को त्रिलोचन कहते हैं।

त्रिवलित—१. त्रिवलितं शरीरस्य त्रिषु कटि-हृदय-ग्रीवाप्रदेशेषु भंगं कृत्वा ललाटदेशे वा त्रिवलिं कृत्वा यो विदधाति वन्दनां तस्य त्रिवलितदोषः। (मूला. वृ. ७–१०८)। २. त्रिवलितं कटि-ग्रीवा-हृद्भंगो भ्रुकुटिर्नवा॥ (अन. ध. ८–१०६)।

१ कटि, हृदय और ग्रीवा को भंग कर (झुकाकर) अथवा ललाट पर त्रिवली पाड़ करके आचार्यादि की वन्दना करने को त्रिवलित दोष कहते हैं।

त्रिशिखमुद्रा—संमुखहस्ताभ्यां वेणीबन्धं विधाय मध्यमाङ्गुष्ठ कनिष्ठिकानां परस्परयोजनेन त्रिशिखमुद्रा। (निर्वाणक. १६, ९, १०)।

सामने की ओर दोनों हाथों को जोड़कर मध्यमा, अंगुष्ठ और कनिष्ठिका अंगुलियों के परस्पर जोड़ने को त्रिशिखमुद्रा कहते हैं।

त्रिस्थानबन्धक—एत्थ असादाणुभागो पुव्वं व सेडिआगारेण ठइदूण चत्तारिभागेसु कदेसु तत्थ पढमभागो णिंबसमो एगट्ठाणं, विदियभागो कंजीरसमो विदियट्ठाणं, तदियभागो विससमो तदियट्ठाणं। तत्थ तिण्णि ठाणाणि जम्हि अणुभागबंधे सो तिट्ठाणो णाम, तस्स बंधया जीवा तिट्ठाणबंधा। (धव. पु. ११, पृ. ३१२–१४)।

असातावेदनीय के अनुभाग को श्रेणिके आकार से स्थापित कर चार भाग करने पर प्रथम स्थान नीम के समान, दूसरा कांजीर के समान, तीसरा विष के समान और चौथा हलाहल के समान है। इन चार स्थानों में से तीन स्थान जिस अनुभागबन्ध में होते हैं वह त्रिस्थानबन्ध और उसके बन्धक त्रिस्थानबन्धक कहलाते हैं।

त्रिःकृत्वा (तिक्खुत्त) — पदाहिण-णमंसणादि-किरियाणं तिण्णिवारकरणं तिक्खुत्तं णाम। अथवा एकम्हि चेव दिवसे जिण-गुरु-रिसिवंदणाओ तिण्णि-

वारं किज्जदि त्ति तिक्खुत्तं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ८९)।

प्रदक्षिणा और नमस्कार आदि क्रियाओं के तीन बार करने का नाम तिक्खुत्त या त्रिःकृत्वा है। अथवा एक ही दिन में जो तीन बार जिन, गुरु और ऋषियों की वन्दना की जाती है उसे तिक्खुत्त जानना चाहिए।

त्रीन्द्रियजातिनाम—१. जस्स कम्मस्स उदएण जीवाणं तीइंदियभावेण समाणत्तं होदि तं तीइंदियजादिणाम। (धव. पु. ६, पृ. ६८)। २. यदुदयाज्जीवस्त्रीन्द्रिय इति शब्द्यते तत् त्रीन्द्रियजातिनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

१ जिस कर्म के उदय से जीवों के त्रीन्द्रिय अवस्था से समानता होती है उसे त्रीन्द्रिय जातिनामकर्म कहते हैं।

त्रीन्द्रिय जीव—१. कुंथु-पिपीलिय-मंक्कुण-विच्छिय-जूविदगोव-गोम्ही य। उत्तिंग-मट्टियाई णेया तेइंदिया जीवा॥ (प्रा. पंचसं. १–७१; धव. पु. १, पृ. २४३ उद्.)। २. त्रीणि इन्द्रियाणि (स्पर्शन-रसन-घ्राणानि) येषां ते त्रीन्द्रियाः। (धव. पु. १, पृ. २४२); त्रीन्द्रियजातिनामकर्मोदयात् त्रीन्द्रियः। (धव. पु. १, पृ. २४८ व २६४); तं चेव वाणिदियं फास-जिब्भिदियाविणाभावेण तेइंदियजादिणामकम्मोदयाविणाभावेण वा तेइंदियो णाम। तेण जुत्तो जीवो वि तेइंदियो होदि। (धव. पु. ७, पृ. ६५)। ३. स्पर्शन-रसन-घ्राणेन्द्रियावरणक्षयोपशमात् शेषेन्द्रियावरणोदये नोइन्द्रियावरणोदये च सति स्पर्श-रस-गन्धानां परिच्छेत्तारस्त्रीन्द्रिया अमनसो भवन्तीति। (पंचा. का. अमृत. वृ. ११५)। ४. त्रयाणां स्पर्शन-रसन-घ्राणेन्द्रियज्ञानानां (आवरणक्षयोपशमात् तन्निज्ञानभाजः) त्रीन्द्रियाः। (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. १७)।

३ स्पर्शन, रसना और घ्राण इन्द्रियावरणकर्म के क्षयोपशम से तथा शेष इन्द्रियावरण और नोइन्द्रियावरण कर्म का उदय होने पर स्पर्श, रस और गन्ध के जानने वाले जीवों कोत्रीन्द्रिय जीव कहते हैं।

त्रुटित—चतुरशीतिः त्रुटिताङ्गशतसहस्राणि एकं त्रुटितम्। (जीवाजी. मलय. वृ. २-१७८, पृ. ३४५; ज्योतिष्क. मलय. वृ. २–६६, पृ. ४०)।

चौरासी लाख त्रुटितांगों का एक त्रुटित होता है।

त्रुटिताङ्ग—१. चतुरशीतिः पूर्वशतसहस्राणि एकं त्रुटिताङ्गम्। (जीवाजी. मलय. वृ. २–१७८, पृ. ३४५)। २. चतुरशीतिमहाकुमुदशतसहस्राण्येकं त्रुटिताङ्गम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. २–६८, पृ. ४०)।

१ चौरासी लाख पूर्व वर्षों को एक त्रुटितांग कहते हैं। २ चौरासी लाख महाकुमुदों को एक त्रुटितांग कहते हैं।

त्रुटिरेणु—१. अट्ठट्ठे गुणिदेहि सण्णासण्णेहि होदि तुडिरेणू। (ति. प. १–१०४)। २. अष्टौ संज्ञासंज्ञा एकस्त्रुटिरेणुः। (त. वा. ३, ३८, ६)। ३. ताभिरप्यष्टसंज्ञाभिः त्रुटिरेणुः स्फुटीकृतः। (ह. पु. ७–३८)।

१ आठ संज्ञासंज्ञों का एक त्रुटिरेणु होता है।

त्रेता, त्रेतौज—१. चतुर्विभक्ते × × × त्रिशेषः त्रेतासंज्ञः। (पंचसं. स्वो. वृ. बं. क. ५८, पृ. ५०)। २. केचिद् विवक्षिता राशयश्चत्वारः स्थाप्यन्ते, तेषां चतुर्भिः भागो ह्रियते, भागे च हृते सति × × × यस्य त्रयः शेषाः स त्रेतौजो, यथा पञ्चदश। (पंचसं. मलय. वृ. ब. क. ५८, पृ. ५०)।

१ जिस राशि में चार का भाग देने पर तीन शेष रहें उसे त्रेता या त्रेतौज कहा जाता है। जैसे—१५÷४=३, शेष ३।

त्रैलोक्यगुरु—त्रैलोक्यवासिसत्त्वेभ्यो गृणन्ति शास्त्रार्थमिति त्रैलोक्यगुरवः। (पञ्चसू. हरि. वृ. पृ. १)।

जो त्रिलोकवासी प्राणियों को शास्त्र के अर्थ को कहते हैं, उन्हें त्रैलोक्यगुरु कहते हैं।

त्र्यस्र—त्र्यस्रं त्रिकोणम्। (संग्रहणी दे. वृ. २७२)।

त्रिकोण वस्तु को त्र्यस्र कहते हैं।

त्र्योजकल्योज—जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे एगपज्जवसिए, जे णं तस्स रासिस्स अवहारसमया तेओया से तं तेओगकलिओगे। (भगवती ३५, १, १)।

जिस राशि में चार का भाग देने पर एक शेष रहे और उसके अपहार समय त्र्योज हों उसे त्र्योजकल्योज राशि कहते हैं।

त्र्योजकृतयुग्म—जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे चउपज्जवसिए, जे णं तस्स रासि-

स्स अवहारसमया तेओगे से तं तेओगकडजुम्मे। (भगवती. ३५, १, १)।

जिस राशि में चार का भाग देने पर चार शेष रहें—कुछ भी शेष न रहे—और उसके अपहार समय त्र्योज हों उसे त्र्योजकृतयुग्म कहते हैं।

त्र्योजत्र्योज—जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे तिपज्जवसिए, जे णं तस्स रासिस्स अवहारसमया तेओया से तं तेओगतेओगे। (भगवती ३५, १, १)।

जिस राशि में चार का भाग देने पर तीन शेष रहें और अपहार समय त्र्योज हों उसे त्र्योजत्र्योज कहते हैं।

त्र्योजद्वापरयुग्म—जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे दुपज्जवसिए, जे णं तस्स रासिस्स अवहारसमया तेओया से तं तेओगदावरजुम्मे। (भगवती. ३५, १, १)।

जिस राशि में चार का भाग देने पर दो शेष रहें और उसके अपहार समय त्र्योज हों उसे त्र्योजद्वापरयुग्म कहते हैं।

त्वक् (तय)—तयो णाम रुक्खाणं गच्छाणं कंधाणं वा वक्कलं। (धव. पु. १३, पृ. १९)।

वृक्ष, गच्छ और स्कन्ध के वकला को त्वक् (त्वचा) कहा जाता है।

त्वक्पानक (तयापाणए)—से किं तं तयापाणए? जण्णं अंबं वा अंबाडगं वा जहा पओगपदे जाव बोरं वा तिंदुरुयं वा तरुणागं वा आमगं वा आसगंसि आवीलेति वा पवीलेति वा ण य पाणियं पियइ से तं तयापाणए। (भगवती सं. ३, १५, २७, पृ. ३८८)।

जो आम अथवा आंवला इस प्रकार प्रयोगपद (प्रज्ञापना १६–२०५, पृ. ३२८) में कहे अनुसार बेर पर्यन्त तथा तिन्दुरुक (तेंदू) भी, ये चाहे तरुण—अपक्के—हों या कच्चे हों, उन्हें मुख में डालकर थोड़ा चबाने या अधिक चबाने, किन्तु पानी न पीवे; वह त्वचापानक (त्वचा पानी) कहलाता है।

त्वक्स्पर्श (तयफास)—जं दव्वं तयं वा णोतयं वा पुसदि सो सव्वो तयफासो णाम। (धव. पु. १३, पृ. १९)।

जो द्रव्य त्वक् और नोत्वक् का स्पर्श करता है वह सब त्वक्स्पर्श कहलाता है।

दक्षत्व—दक्षत्वम् आशुकारित्वम्। × × × दक्खत्तं किरियाणं जं करणमहीणकालंमि॥ (आव. नि. हरि. वृ. ८४३, पृ. ३४६)।

जिस प्रकार बाण व आवरण (कवच) आदि सामग्री से युक्त योद्धा जयलक्ष्मी को प्राप्त करता है उसी प्रकार जीवरूप योद्धा यथासम्भव व्रतादिरूप बाणादि सामग्री से सुसज्जित होकर कर्मरूप शत्रु पर विजय प्राप्त करता हुआ मोक्षलक्ष्मी को प्राप्त करता है। उस सामग्री के अन्तर्गत एक दक्षत्व भी है। युद्ध में आवश्यक कार्य को शीघ्रता से सम्पन्न करना, इसका नाम दक्षत्व है। इसी प्रकार कर्मरूप शत्रु पर विजय प्राप्त करने में आवश्यक क्रियाओं को ठीक समय पर करने रूप दक्षत्व की भी आवश्यकता रहती है।

दक्षिणत्व—दक्षिणत्वं सरलता। (औपपा. मलय. वृ. १०, पृ. २२; रायप. मलय. वृ. ४, पृ. २७)।

सरलता को दक्षिणत्व कहते हैं। यह ३५ वचनातिशयों में छठा है।

दण्ड (मापविशेष)—१. बेरिक्कूहिं दंडो × × ×। (ति. प. १–११५)। २. दो कुच्छीओ दंडं धणू जुगे नालिआ अक्खे मुसले। (अनुयो. सू. १३३, पृ. १५७)। ३. दंडं धणुं जुगं नालिया य अक्ख मुसलं च चउहत्था। (ज्योतिष्क. २–७६, पृ. ४१)। ४. दण्डः किष्कुद्वयं दण्डः धनुर्नाड्या समा मताः। (ह. पु. ७–४६)। ५. चउरयणि दंड मणि भवहि। (म. पु. पुष्प. १, पृ. २४)। ६. × × × बे किक्कूहि य हुवे तहा दंडो। (जं. दी. प. १३–३३)। ७. दण्डो हि चतुःकरः। (समवा. अभय. वृ. ९६, पृ. ९१)। ८. चत्वारो हस्ता दण्डो धनुर्वा युगं वा नालिका वा ऽक्षो वा मुसलं वा। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. २-७६, पृ. ४४)। ९. चतुर्भिः हस्तैर्मपित एको दण्डः। × × × चतुर्भी रत्निभिः दण्डः कथ्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३८)।

१ दो रिक्कुओं (किष्कुओं) का एक दण्ड होता है। २ दो कुक्षियों (कुक्षि=२ हाथ) का एक दण्ड होता है। ३ दण्ड, धनुष, युग, नालिका, अक्ष व मुसल ये समानार्थक नाम हैं।

दण्ड (अपराधप्रतीकार)—१. वधः परिक्लेशोऽर्थहरणं दण्डः। (नीतिवा. २९-७४, पृ. ३३३)। २. दण्ड्यते—ज्ञानाद्यैश्वर्यापहारतोऽसारीक्रियते प्राण्यनेनेति दण्डः। (स्थाना. अभय. वृ. १-३, पृ. १३)। ३. दण्डः शरीर-धनयोरपहारः। (विपाक. अभय. वृ. ४, पृ. ४२)। ४. यत्र शत्रोर्वधः क्रियते, परिक्लेशो वार्थहरणं वा क्रियते स दण्ड उच्यते। तथा च जैमिनिः—वधस्तु क्रियते यत्र परिक्लेशोऽथवा रिपोः। अर्थस्य ग्रहणं भूरिदण्डः स परिकीर्तितः॥ (नीतिवा. टी. २९-७४)।

१ शत्रु का वध करना, उसे कष्ट देना, अथवा उसकी सम्पत्ति का अपहरण करना; इसका नाम दण्ड है।

दण्डनीति—यथादोषं दण्डप्रणयनं दण्डनीतिः। (नीतिवा. ९-२, पृ. १०९)।

अपराध के अनुसार दण्ड की व्यवस्था करना, यह दण्डनीति कहलाती है।

दण्डपारुष्य—वधः परिक्लेशोऽर्थहरणं वा क्रमेण दण्डपारुष्यम्। (नीतिवा. १६-३०, पृ. १७९)।

अपराधी का वध करने, क्लेश पहुंचाने या धन के अपहरण करने को दण्डपारुष्य—दण्ड की कठोरता—कहते हैं।

दण्डमुद्रा—दक्षिणहस्तेन मुष्टिं बध्वा तर्जनीं प्रसारयेदिति दण्डमुद्रा। (निर्वाणक. १९, ७, १)।

दाहिने हाथ की मुट्ठी को बांध कर तर्जनी के पसारने को दण्डमुद्रा कहते हैं।

दण्डसमुद्घात— १. तत्थ दंडसमुग्घादो णाम पुव्वसरीरबाहल्लेण तत्तिगुणबाहल्लेण वा सविक्खंभादो सादिरेयतिगुणपरिट्ठएण केवलिजीवपदेसाणं दंडागारेण देसूणचोद्दसरज्जुविसप्पणं। (धव. पु. ४, पृ. २८); पढमसमये दंडं करेदि। तम्हि ट्ठिदीए असंखेज्जे भागे हणदि। सेसस्स च अणुभागस्स अप्पसत्थाणमणंते भागे हणदि। (धव. पु. ६, पृ. ४१२); तत्थ पढमसमए देसूणचोद्दसरज्जुआयामेण सगदेहविक्खंभादो तिगुणविक्खंभेण सगदेहविक्खंभेण वा विक्खंभतिगुणपरिरएण एगसमएण वेदणीयट्ठिदिं खंडिदूण विणासिदसंखेज्जाभागं अप्पसत्थाणं कम्माणं अणुभागस्स धादिदअणंताभागं दंडं करेदि।(धव. पु. १०, पृ. ३२०); सजोगिजिणो अंतोमुहुत्तावसेसे आउए दंड-कवाड-पदर-लोगपूरणाणि करेदि। तत्थ जं पढमसमए देसूणचोद्दसरज्जुउस्सेहं सगवि-क्खंभपमाणवट्टपरिवेढ[ढ]मप्पाणं कादूण ट्ठिदीए अ-संखेज्जे भागे अणुभागस्स अणंते भागे घादेदूण चेट्ठदि तं दंडं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ८४)। २. अंतोमुहुत्ताउवे सेसे केवली समुग्घादं करेमाणो पुव्वाहिमुहो उत्तराहिमुहो वा होदूण काउस्सग्गेण वा करेदि, पलियंकासणेण वा। तत्थ काउस्सग्गेण दंडसमुग्घादं कुणमाणस्स मूलसरीरपरिणाहेण देसूणचोद्दसरज्जुआयामेण दंडायारेण जीवपदेसाणं विसप्पणं दंडसमुग्घादो णाम। (जयध. प. १२३८; धव. पु. ६, पृ. ४१२, टि. ४)।

१ अन्तर्मुहूर्त मात्र आयु के शेष रह जाने पर सयोगकेवली दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घातों को करते हैं। इनमें प्रथमतः दण्डसमुद्घात के करने में उनके जो आत्मप्रदेश अपने शरीर के विस्तार प्रमाण अथवा उससे तिगुने विस्तार प्रमाण, विस्तार से तिगुनी परिधिवाले तथा चौदह राजु प्रमाण लम्बे दण्ड के आकार में निकलते हैं; इसका नाम दण्डसमुद्घात है।

दण्डायतशयन—१. दण्डवदायतं शरीरं कृत्वा शयनम्। (भ. आ. विजयो. २२५)। २. दण्डवदायतं शरीरं कृत्वा शेते इत्येवं व्रतं यस्य स दण्डायतशायी साधुस्तत्साहचर्यात्तच्छयनमपि तथोक्तं दण्डायतशयनम्। (भ. आ. मूला. २२५)।

१ दण्ड के समान शरीर को लम्बा करके सोने को दण्डायतशयन कहते हैं।

दण्डासन—श्लिष्टांगुली श्लिष्टगुल्फौ भूश्लिष्टोरू प्रसारयेत्। यत्रोपविश्य पादौ तद्दण्डासनमुदीरितम्॥ (योगशा. स्वो. विव. ४-१३१, पृ. ३३८)।

जिस आसन में बैठ करके दोनों पैरों की अंगुलियों, गुल्फों (गांठों) और जंघाओं को संसृष्ट (संबद्ध) करते हुए उनको फैलाते हैं उसे दण्डासन कहते हैं।

दण्डुकक्ल—से किं तं दंडुक्कले? दण्डुक्कले णामं जेणं दंडदिट्ठंतेणं आदिल्ल-मज्झवसाणाणं (आदिल्ल-मज्झवसाण) पण्णवणा, एसमुदयमेत्ताभिधाणाइं, णत्थि सरीरातो परं जीवो त्ति भववति वोच्छेयं वदति से तं दंडुक्कले। (ऋषिभाषित २०, पृ. १५)।

दण्ड के दृष्टान्त द्वारा जीव के आदि, मध्य और अन्त की प्ररूपणा करना व यह कहना कि शरीर को छोड़कर अन्य कोई जीव नहीं है, इस प्रकार जीव

के अभाव को बतलाना, इसे दंडुक्कल (दण्डोत्कल) कहा जाता है। यह पांच उत्कलभेदों में प्रथम है।

दत्ति—तत्र करस्थालादिभ्यो ऽव्यवच्छिन्नधारया या पतति भिक्षा सा दत्तिरभिधीयते, भिक्षाविच्छेदे च द्वितीया दत्तिः, सिक्थमात्रेऽपि पात्रे पतिते भिन्नैव दत्तिरिति। (प्रव. सारो. वृ. १६७)।

हाथ के थाल आदि से अखण्ड धारापूर्वक जो भिक्षा गिरती है उसे दत्ति कहते हैं, भिक्षा का विच्छेद होने पर दूसरी दत्ति कहलाती है, पात्र में सीथ मात्र के भी गिरने पर भिन्न ही दत्ति मानी जाती है। इस प्रकार एक-दो आदि दत्तियों की संख्या के अनुसार जो भोजन ग्रहण किया जाता है वह दस प्रकार के प्रत्याख्यान में परिमाणकृत प्रत्याख्यान माना जाता है।

दत्ति-ग्रासपरिमाण—१. दत्ति-ग्रासपरिमाणं एकेनैव दीयमानं द्वाभ्यामेवेति दानक्रियापरिमाणम्, आनीतायामपि भिक्षायाम् इयत एव ग्रासान् गृह्णामि इति वा परिमाणम्। (भ. आ. विजयो. २१९)। २. दत्ति-ग्रासपरिमाणं एकेनैव दायकेन द्वाभ्यां वा दीयमानस्य ग्रहणं दत्तिपरिमाणम्, आनीतायामपि भिक्षायां इयत इव ग्रासान् ग्रहीष्यामि इति ग्रासपरिमाणम्। (भ. आ. मूला. २१९)।

एक ही दाता के द्वारा अथवा दो ही दाताओं के द्वारा दिये जाने वाले भोजन को ग्रहण करूंगा, इस प्रकार के दानक्रिया के प्रमाण को दत्तिपरिमाण कहते हैं। लाई गई भिक्षा में भी इतने ही ग्रासोंको ग्रहण करूंगा, इस प्रकार ग्रासों का प्रमाण करने को ग्रासपरिमाण कहा जाता है।

दन्तकर्म—हत्थिदंतेसु किण्णपडिमाओ दंतकम्मं। (धव. पु. ९, पृ. २५०); हत्थिदंतुक्किण्णपडिमाओ दंतकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. १०); हत्थिदंतुक्किण्णजिणिदपडिमाओ दंतकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. २०२); दंतिदंतादिसु अहिदरूवाणि दंतकम्माणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ६)।

हाथी के दांतों पर उकेरी गई प्रतिमाओं को दन्तकर्म कहते हैं।

दन्तवाणिज्य—१. दन्तवाणिज्जं—पुव्विं चेव पुलिंदाणं मुल्लं देइ दंते देज्जाहित्ति, पच्छा पुलिंदा हत्थि घाएंति अचिरा सो वाणियओ एहितित्ति काउं। (आ. प्र. टी. २८८)। २. दन्त-केश-नखास्थि-त्वग्रोम्णो ग्रहणमाकरे। त्रसांगस्य वाणिज्यार्थं दन्तवाणिज्यमुच्यते। (योगशा. ३-१०७, पृ. ५६६; त्रि. श. पु. च. ६, ३, ३४१)। ३. दन्तवाणिज्यं यत्पूर्वमेव पुलिन्दाणां मूल्यं ददाति दन्तान् मे यूयं दद्यातेति, ततस्ते हस्तिनो घ्नन्ति अचिरादसौ वाणिजक एष्यतीति कृत्वा। (धर्मबिन्दु वृ. ३-२९)। ४. दन्तवाणिज्यं हस्त्यादिदन्ताद्यवयवानां पुलिन्दादिषु द्रव्यदानेन तदुत्पत्तिस्थाने वाणिज्यार्थं ग्रहणम्। (सा. ध. स्वो. टी. ५-२२)।

१ दांतों को देने के लिए जो पहिले ही भीलों को मूल्य दे दिया जाता है उसके लिए भील पीछे 'वह शीघ्र ही आने वाला होगा' इस विचार से हाथी का घात करते हैं, यह दन्तवाणिज्य कहलाता है।

१ जिस कर्म के उदय से शरीरगत पुद्गल दुर्गन्धयुक्त होते हैं उसे दुरभिगन्ध या दुर्गन्ध नामकर्म कहते हैं।

दुर्ग—१. यस्याभियोगात् परे दुःखं गच्छन्ति दुर्जनोद्योगविषया वा स्वस्यापदो गमयतीति दुर्गम्। (नीतिवा. २०-१, पृ. १९८)। २.× × × तथा च शुक्रः—यस्य दुर्गस्य संप्राप्तेः शत्रवो दुःखमाप्नुयुः। स्वामिनं रक्षयत्येव व्यसने दुर्गमेव तत्॥ दंष्ट्राविरहितः सर्पो यथा नागो मदच्युतः। दुर्गेण रहितो राजा तथा गम्यो भवेद् रिपोः॥

जिसके रहने से शत्रु दुःख को प्राप्त होते हैं अथवा जो शत्रुओं के रोकने के उद्योगविषयक अपनी आपत्तियों को जतलाता है वह दुर्ग कहलाता है। यह दुर्ग का निरुक्त लक्षण है।

दुर्गन्धनाम—देखो दुरभिगन्धनाम।

दुर्जन—× × × दुर्जना दोषविलकाः। (म. पु. १-८४)।

दोषरूप धन से सम्पन्न—दूसरों के दोषों के देखने वाले—पुरुषों को दुर्जन कहते हैं।

दुर्णय—१. तथा चोक्तम्—× × × दुर्णयस्तन्निराकृतिः॥ तत्प्रत्यनीकप्रतिक्षेपो दुर्णयः। (अष्टश. १०६)। २. भेदाभेदात्मके ज्ञेये भेदाभेदाभिसन्धयः। ये तेऽपेक्षाऽनपेक्षाभ्यां लक्ष्यन्ते नय-दुर्नयाः॥ (लघीय. ५-३०, पृ. ६०५)। ३. सावधारणानि वाक्यानि दुर्णयाः। (धव. पु. ९, पृ. १८३)। ४. प्रविवेकेण गुण-पर्यायेषु मिथ्यात्वप्रतिपत्त्या द्रव्यार्थावधारणं क्वचित् केषुचित् वा प्रत्यभिज्ञाविसंवादात् सर्वेण तद्विसंवादात् पर्यायावधारणं च दुर्णयः तत्प्रतिक्षेपात्। (सिद्धिवि. स्वो. वृ. १०-९, पृ. ६६८, पं. २७-२८); सर्वथा द्रव्यप्रतिक्षेपे पर्यायप्ररूपणकमोऽयं दुर्णयः। (सिद्धिवि. स्वो. वृ. १०-२७, पृ. ६६९, पं. २६); निरपेक्षाः परविषयनिषेधकाः नयाः दुर्णयाः। (सिद्धिवि. स्वो. वृ. १०-२७, पृ. ६६१, पं. १४); विज्ञेया दुर्णयास्ते च कुमतिभूताः। (सिद्धिवि. स्वो. वृ. १०-२८, पृ. ६६१, पं. २५)।

५. अपेक्षातो निष्क्रान्तो निरस्तो वा अपेक्षा येनासौ निरपेक्षः—दुर्नयः। (न्यायकु. ६–७१, पृ. ७११)। ६. इतरेतराकांक्षारहितस्तु दुर्नयः। (आव. नि. मलय. वृ. ५४, पृ. ३७०)।

२ भेदाभेदस्वरूप वस्तु में जो अनपेक्षा से—विपक्ष धर्म की अपेक्षा न करके—भेद-अभेद का अभिप्राय होता है, इसे दुर्नय कहा जाता है।

दुर्दर—देखो दर्दुरदोष।

दुर्दिन—दुर्दिनः पतदुदकाभ्रसंयुक्तो दिवसः। (मूला. वृ. २–७८)।

जल बरसाते हुए मेघों से व्याप्त दिन को दुर्दिन कहते हैं।

दुर्ध्यान—दुरिति शब्दो वैकृते वर्तते, विकृतो वर्णो दुर्वर्ण इति यथा, एवं विकृतं ध्यानं विकारान्तरमापन्नं दुर्ध्यानमिति। अथवा ऋद्धौ दुःशब्दः, ऋद्धिवियुक्ता यवना दुर्यवनम्, दुष्कं (ष्टं ?) बीजमिति, एवं ध्यानलक्षणविनिर्मुक्तं दुर्ध्यानम्। अनीप्सायां वा दुःशब्दः, अनीप्सितोऽस्या भग इति दुर्भगा कन्या, एवमनीप्सितं दुर्ध्यानमिति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–२८)।

ध्यान के साथ उपयुक्त 'दुर्' शब्द विकार अर्थ का वाचक है—जैसे दुर्वर्ण, अतः विकृत ध्यान का नाम दुर्ध्यान है। अथवा 'दुर्' का अर्थ ऋद्धि से विहीन है, तदनुसार ऋद्धि से रहित ध्यान को दुर्ध्यान जानना चाहिए। अनिच्छित अर्थ में भी 'दुर्' का उपयोग होता है—जैसे दुर्भगा कन्या, इस प्रकार जो ध्यान अभीष्ट नहीं है वह दुर्ध्यान कहलाता है।

दुर्भगनाम—१. यदुदयाद् रूपादिगुणोपेतोऽप्यप्रीतिकरस्तद् दुर्भगनाम। (स. सि. ८–११, त. श्लो. ८–११; भ. आ. विजयो. २१२४; मूला. वृ. १२–१९६)। २. दौर्भाग्यनिर्वर्तकं दुर्भगनाम। (त. भा. ८–१२)। ३. यदुदयाद् रूपादिगुणोपेतोऽपि अप्रीतिकरस्तद् दुर्भगनाम। रूपादिगुणोपेतोऽपि सन् यस्योदयात् परेषामप्रीतिहेतुर्भवति तद् दुर्भगनाम। (त. वा. ८, ११, २४)। ४. दौर्भाग्यं नामानिष्टो मनसो योऽप्रियः दुर्भगस्तद्भावो दौर्भाग्यं यस्य कर्मण उदयादिति। (त. भा. हरि. वृ. ८–१२)। ५. तद्विपरीतं च दुर्भगनामेति। (श्रा. प्र. टी. २३)। ६. इत्थी-पुरिसाणं दूहवभावणिव्वत्तयं दूहवं णाम। (धव. पु. ६, पृ. ६५); जस्स कम्मस्सुदएण जीवो दूहवो होदि तं दूहवं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३६६)। ७. यतोऽप्रीतिकरोऽन्येषां नाम्ना दुर्भगनाम तद्। (ह. पु. ५८–२७)। ८. सौभाग्यविपरीतलक्षणं दुर्भगनाम। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१२)। ९. दुर्भगनामकर्मोदयादुपकारं कुर्वन्नपि जनाप्रियो भवति। (पंचसं. स्वो. वृ. ३, १२६, पृ. ३८)। १०. दूहगकम्मुदए पुण दुहओ सो सयललोयस्स। (कर्मवि. ग. १४४)। ११. दुर्भगनाम यदुदयादुपकारकृदपि जनस्य द्वेष्यो भवति। उक्तं च—उवगारकारगो वि हु न रुच्चए दुब्भगस्सुदए। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७४; प्रव. सारो. वृ. १२६५)। १२. तद्विपरीतं दुर्भगनाम। उक्तं च—उपकारकारगो वि हु ण रुच्चइ दुब्भगस्सुदए। (धर्मसं. मलय. वृ. ६२०)। १३. यदुदयेन रूपलावण्यसहितोऽपि दृष्टः श्रुतो वा परेषामप्रीतिजनको भवति तद् दुर्भगनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)। १४. यदुदयात् रूपादिगुणोपेतेऽपि अप्रीतिं विदधाति जनः तद् दुर्भगनाम। (गो. क. जी. प्र. ३३)।

१ जिस कर्म के उदय से रूपादि गुणों से सम्पन्न होकर भी प्रीतिकर नहीं होता उसे दुर्भग नामकर्म कहते हैं। २ दुर्भगता के जनक कर्म को दुर्भग नामकर्म कहा जाता है। ११ जिस कर्म के उदय से उपकार करने वाला भी व्यक्ति लोगों को अप्रिय होता है उसे दुर्भग नामकर्म कहते हैं।

दुर्भिक्ष—सालि-वीहि-जव-गोधूमादिधण्णाणं दुल्लहत्तं दुब्भिक्खं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३३६)।

सालि, व्रीहि, जौ और गेहूं आदि की दुर्लभता का नाम दुर्भिक्ष है।

दुर्विनीत—१. यो युक्तायुक्तयोरविवेकी विपर्यस्तमतिर्वा स दुर्विनीतः। (नीतिवा. ५–४०, पृ. ५७)। २. तथा च नारदः—युक्तायुक्तविवेकं यो न जानाति महीपतिः। दुर्वृत्तः स परिज्ञेयो यो वा वाममतिर्भवेत्॥ (नीतिवा. टी. ५–४०, पृ. ५७)।

योग्य-अयोग्य के विवेक से रहित अथवा विपरीत बुद्धि वाले राजा को दुर्विनीत कहते हैं।

दुर्वृष्टि—अतिवृष्टयवृष्टिलिङ्गा स्वपतक्षारत्वादिगुणेन सस्यसम्पादने अक्षमा वा दुर्वृष्टिः। (धव. पु. १३, पृ. ३३६)।

अधिक वर्षा का होना या वर्षा का न होना, अथवा

जाने में वर्तमान आरता आदि गुण के कारण जो आगम के अध्ययन में असमर्थ रहती है उसे दुर्बुद्धि कहा जाता है।

दुष्ट—दुष्टः कषायविषय[विष] दूषितः। (आचा. शि. पृ. ७४)।

कषायरूप विष से दूषित मनुष्य को दुष्ट कहते हैं।

दुष्पक्वाहार—१. असम्यक्पक्वो दुःपक्वः। (स. सि. ७–३५)। २. दुष्पक्वास्त्वर्धस्विन्नाः। (श्रा. प्र. टी. २८६)। ३. असम्यक् पक्वो दुष्पक्वः। अन्तस्तण्डुलभावेनातिक्लेदनेन वा दुष्ठु पक्व आहारो दुष्पक्व इत्युच्यते। (त. वा. ७, ३५, ६)। ४. दुष्पक्वं मन्दपक्वमभिन्नतन्दुल-फल-लोष्ट-यव-गोधूम-स्थूलमण्डककण्डुकादि, तस्याभ्यवहारः ऐहिक-प्रत्यवायकारी यावता चांशेन सचेतनस्तावता पर-लोकमप्युपहन्तीति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–३०)। ५. सान्तस्तन्दुलभावेनातिक्लेदनेन वा दुष्टः पक्वो दुष्पक्वाहारः। (चा. सा. पृ. ११)। ६. तथा दुष्पक्वो मन्दपक्वः, स चासाहारश्च दुष्पक्वाहारः। स चार्धस्विन्नपृथुक-तन्दुल-यव-गोधूम-स्थूलमण्डक-कर्कटकफलादिरैहिकप्रत्यवायकारी, यावता चांशेन सचेतनस्तावता परलोकमुपहन्ति, पृथुकादेर्दुष्पक्वतया सम्भवत्सचेतनावयत्वात्, पक्वत्वेनाचेतन इति भुञ्जा-नस्यातिचारः पञ्चमः। (योगशा. स्वो. विव. ३–६८)। ७. असम्यक् पक्वो दुःपक्वः अस्विन्नः, अतिक्लेदनेन वा दुष्टः पक्वो दग्धपक्वः दुःपक्वः, तस्य आहारः दुःपक्वाहारः। (त. वृत्ति श्रुत. ७, ३५)। ८. आहारं स्निग्धग्राहित्व(?) दुर्जरं जठ-राग्निना। असंख्यातकतस्तस्य दोषो दुष्पक्वसंज्ञकः। (लाटीसं. ६–२१८)।

१ ठीक से न पके हुए आहार को दुष्पक्वाहार कहते हैं। २ आधे पके हुए आहार का नाम दुष्पक्वाहार है। ६ मन्द पके हुए (अधपके) आहार को दुष्पक्वाहार कहते हैं। जैसे—अधपके पृथुक (शाक-विशेष), चावल, जौ, गेहूं, स्थूलमण्डक (मोटी रोटी ?) और ककड़ी आदि जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं ऐसे दुष्पक्व आहार के ग्रहण करने पर दुष्पक्वाहार नाम का भोगोपभोगपरिमाणव्रत का अतिचार होता है।

दुष्प्रतिलेखासंयम—दुःप्रतिलेखो दुष्ठु प्रमार्जनं जीवघात-मर्दनाविकारकम्, तस्य संयमनं यत्नेन प्रतिलेखनं जीवप्रमर्दमन्तरेण दुष्प्रतिलेखसंयमः। (मूला. वृ. ५–२२०)।

भली भांति प्रमार्जन न करके इस प्रकार से प्रमार्जन करना कि जिससे जीवों का विघात हो अथवा उन्हें पीड़ा पहुंचे, इसका नाम दुष्प्रतिलेख है। उसका संयमन करना—प्रयत्नपूर्वक सावधानी से प्रतिलेखन करना, इसे दुष्प्रतिलेखासंयम कहा जाता है।

दुष्प्रत्युपेक्षण—दुष्टमुद्भ्रान्तचेतसः प्रत्युपेक्षणं दुष्प्रत्युपेक्षणम्। (श्रा. प्र. टी. ३२३)।

व्याकुलचित्त होकर देखी गई भूमि पर शय्या व संस्तर बिछाना और मल-मूत्रादि का क्षेपण करना, यह दुष्प्रत्युपेक्षण नाम का प्रोषधोपवास का एक अतिचार है।

दुष्प्रमृष्टदोष—आलोक्याऽसम्यक् प्रतिलिख्य तद् गृह्णतो निक्षिपतो वा तृतीयो दुष्प्रमृष्टसंज्ञो दोषः। (भ. आ. मूला. ११९८)।

देखकर भलीभांति प्रमार्जन न करते हुए किसी वस्तु के उठाने या रखने को दुष्प्रमृष्टदोष कहते हैं। यह आदाननिक्षेपसमिति का तीसरा दोष है।

दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरण—दुष्प्रमृष्टमुपकरणादि निक्षिप्यमाणं दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरणम्, स्थापनाधि-करणं वा दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरणम्। (भ. आ. विजयो. ८१४)।

रखे जाने वाले उपकरणादि के अच्छी तरह प्रमा-र्जन किये बिना या असावधानी से प्रमार्जन करते हुए रख देने को अथवा जहां उन्हें स्थापित करना है उस स्थान का प्रमार्जन न करके ही स्थापित करने को दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरण कहते हैं।

दुष्प्रयुक्तकायक्रिया—१. प्रमत्तसंयतस्यानेककर्तव्य-तासु बहुप्रकारा दुष्प्रयोगकायक्रिया। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–६)। २. दुष्प्रयुक्तस्य दुष्टप्रयोगवतो दुष्प्र-णिहितस्येन्द्रियाण्याश्रित्येष्टानिष्टविषयप्राप्तौ मनाक् संवेग-निर्वेदगमनेन तथा अनिन्द्रियमाश्रित्याशुभमनः-संकल्पद्वारेणापवर्गमार्गं प्रति दुर्व्यवस्थितस्य, प्रमत्तसंयतस्येत्यर्थः, कायक्रिया दुष्प्रयुक्तकायक्रिया। (स्थाना. अभय. वृ. २–६०, पृ. ३८)। ३. दुष्टं प्रयुक्तं प्रयोगः कायादीनां यस्य स दुःप्रयुक्तः, तस्य कायिकी दुःप्रयुक्तकायिकी, एवं प्रमत्तस्यापि

भवति, प्रमत्ते सति कायदुःप्रयोगसम्भवात् । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २२-२७१, पृ. ४३५-३६) ।

१ प्रमत्तसंयत के अनेक कर्तव्य कार्यों के विषय में जो बहुत प्रकार से योगों की दुष्प्रवृत्ति होती है उसे दुष्प्रयोगकायक्रिया कहते हैं । २ दुष्ट प्रयोग वाला—असावधान—व्यक्ति इन्द्रियों के आश्रय से इष्ट-अनिष्ट विषयों की प्राप्ति होने पर जो किंचित् संवेग और निर्वेद को प्राप्त होता है तथा मन का आश्रय करके अशुभ संकल्प द्वारा मोक्षमार्ग के प्रति अव्यवस्थित रहता है उस प्रमत्तसंयतके शरीर से होने वाली प्रवृत्ति का नाम दुष्प्रयुक्तकायक्रिया है ।

दुष्प्रयोगकायक्रिया—देखो दुष्प्रयुक्तकायक्रिया ।

दुहिता—दोग्धि च केवलं जननीं स्तन्यार्थमिति दुहिता । (उत्तरा. नि. शा. वृ. १-५७, पृ. ३८) ।

जो केवल दूध के लिए माता का दोहन करती है उसका नाम दुहिता (पुत्री) है । यह दुहिता का निरुक्त लक्षण है ।

दुःकथा— दुःकथा दुष्टा—चित्तकालुष्यकारिणी, कथा काम-क्रोधादिकथा राजादिकथा वा । (सा. ध. ६-१४) ।

चित्त को कलुषित करने वाली काम-क्रोधादि की या राजादि की कथा (चर्चा) करने को दुःकथा कहते हैं ।

दुःख—१. असद्वेद्येऽन्तरङ्गहेतौ सति बाह्यद्रव्यादि-परिपाकनिमित्तवशादुत्पद्यमानः परितापरूपः परिणामः दुःखमित्याख्यायते । (स. सि. ५-२०); पीडालक्षणः परिणामो दुःखम् । (स. सि. ६-११; त. श्लो. ६-११) । २. तथा असद्वेद्योदयात् आत्म-परिणामो यः संक्लेशप्रायः स दुःखम् । (त. वा. ५, २०, २); पीडालक्षणः परिणामो दुःखम् । विरोधि-द्रव्योपनिपाताभिलषितवियोगानिष्ट-निष्ठुरश्रवणादि-बाह्यसाधनापेक्षादसद्वेद्योदयादुत्पद्यमानः पीडालक्षणः परिणामो दुःखमित्याख्यायते । (त. वा. ६, ११, १) । ३. तत्र दुःखयतीति दुःखं बाधालक्षणं शारीरादिः । (त. भा. हरि. वृ. ६-१२) । ४. असादं दुक्खं । (धव. पु. ६, पृ. ३५); अणिट्ठत्थसमागमो इट्ठत्थ-वियोगो च दुक्खं णाम । (धव. पु. १३, पृ. ३३४); सिरोवेयणादी दुक्खं णाम । (धव. पु. १५, पृ. ६) । ५. तत्र दुःखयतीति दुःखं [illegible] लक्षणं विरोधिद्रव्यान्तरो-पनिपातादभिमतवियोगानिष्टश्रवणादसद्वेद्योदयापन्नः पीडालक्षणः परिणाम आत्मनो दुःखमित्यर्थः । (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-१२) । ६. पारतन्त्र्यं हि दुःखम् । (त. श्लो. २४१, पृ. ५०); पीडालक्षणः परिणामो दुःखम् । (त. श्लो. ६-११) । ७. जं णोकसाय-विग्घचउक्काण बलेण दुक्खपहुदीणं । असुहपयडीणु-दयभवं इंदियखेदं हवे दुक्खं ॥ (ल. सा. ६१०) । ८. दुःखम् असातोदयरूपं तत्कारणं च । (सूत्रकृ. सू. शी. वृ. १, १२, २१)। ९. दुःखमप्रीतिः । (नीतिवा. ६-१७) । १०. यस्मिन् वस्तुनि दृष्टे आच्छादिते वा ऽप्रीतिर्वैराग्यं भवति तद् दुःखमभिधीयते श्रेष्ठे-ऽपि च वस्तुनि । तथा च शुक्रः—यत्र नो जायते-ऽप्रीतिर्दृष्टे वाच्छादितेऽपि वा । तच्छ्रेष्ठमपि दुःखाय प्राणिनां सम्प्रजायते ॥ (नीतिवा. टी. ६, १७) । ११. दुःखयतीति दुःखं वेदनालक्षणः परि-णामः । (त. वृत्ति श्रुत. ६-११) ।

१ अन्तरंग में असातावेदनीय कर्म का उदय होने पर बाह्य द्रव्यादि के परिपाक का निमित्त मिलने से जो चित्त में परिताप (पीड़ा) परिणाम होता है उसे दुःख कहते हैं ।

दुःखविपाक—से किं तं दुहविवागा ? दुहविवागेसु णं दुहविवागाणं नगराइं उज्जाणाइं वणसंडाइं चेइ-याइं समोसरणाइं रायाणो अम्मापियरो धम्मा-यरिया धम्मकहाओ इहलोइय-परलोइया इड्ढि-विसेसा निरयगमणाइं संसारभवपवंचा दुहपरंपराओ दुकुलपच्चायाईओ दुलहबोहियत्तं आघविज्जइ से तं दुहविवागा । (नन्दी. सू. ५५, पृ. २३४) ।

जिसमें दुःखके विपाक से युक्त जीवोंके नगर, उद्यान, वनखण्ड, चैत्य, समवसरण (एकत्र मिलाप), राजा, माता-पिता, धर्माचार्य, धर्मकथा, ऐहलौकिक व पार-लौकिक ऋद्धिविशेष, नरकगतिगमन, संसारभवप्रपंच (६०-७० वर्ष की अवस्था), दुःख की परम्परा, निम्न कुल में उत्पत्ति और बोधि की दुर्लभता, इत्यादि की प्ररूपणा की जाती है वह दुःखविपाक कहलाता है ।

दुःपक्वाहार—देखो दुष्पक्वाहार ।

दुःप्रयुक्तकायिकी—देखो दुष्प्रयुक्तकायक्रिया ।

दुःश्रुति—१. आरम्भसङ्गसाहसमिथ्यात्वद्वेषराग-मदमदनैः । चेतः कलुषयतां श्रुतिरवधीनां दुःश्रुतिर्भ-वति ॥ (रत्नक. ७९) । २. हिंसा-रागादिप्रवर्धन-दुष्टकथाश्रवण-शिक्षण-व्यापृतिरशुभश्रुतिः । (स.

सि. ७–२१; त. वा. ७, २१, १४)। ३. हिंसादिकथाश्रवणासीक्ष्ण्यात् [दृ] तिलक्षणात्स्यादशुभश्रुतेः × × ×। (त. श्लो. ७–२१)। ४. हिंसारागादिसंवर्धिदुःकथाश्रुति-शिक्षया। पापबन्धनिबन्धो यः स स्यात् पापाशुभश्रुतिः॥ (ह. पु. ५८–१५२)। ५. जं सवणं सत्थाणं भंडण-वसियरण-कामसत्थाणं। परदोसाणं च तहा अणत्थदंडो हवे चरिमो॥ (कार्तिके. ३४८)। ६. रागादिवर्धनानां दुष्टकथानामबोधबहुलानाम्। न कदाचन कुर्वीत श्रवणार्जन-शिक्षणादीनि॥ (पु. सि. १४५)। ७. रागादिप्रवृद्धितो दुष्टकथाश्रवण-शिक्षणव्यापृतिरशुभश्रुतिः। (चा. सा. पृ. १०)। ८. चित्तकालुष्यकृत्काम-हिंसाद्यर्थश्रुतश्रुतिम्। न दुःश्रुतिमपध्यानं नार्तरौद्रात्म चान्वियात्॥ (सा. ध. ५–९); × × × दुःश्रुतिं कामादिशास्त्रश्रवणलक्षणां × × ×। (सा. ध. स्वो. टी. ५–९)। ९. यत्राऽधीते श्रुते कामोच्चाटनक्लेशमूर्च्छनैः। अशुभं जायते पुंसामशुभश्रुतिरिष्यते॥ (धर्मसं. श्रा. ७–१३)। १०. हिंसाप्रवर्तकं शास्त्रम् अश्वमेधादि, रागप्रवर्तकशास्त्रं कुक्कोकनामादि, द्वेषप्रवर्तकं शास्त्रं नानाप्रकारम्, मधु-मांसादिप्रवर्तकं शास्त्रं स्मृत्यादि, तेषां शास्त्राणां कथनं शिक्षणं व्यापारश्च दुःश्रुतिरुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७–२१)।

१ आरम्भ, परिग्रह, पराक्रम, मिथ्यात्व, राग, द्वेष, अभिमान और विषयाकांक्षा इनके द्वारा—इन्हें उत्पन्न करके—जो शास्त्र चित्त को कलुषित करने वाले हैं उनके सुनने को दुःश्रुति कहते हैं। २ हिंसा और राग-द्वेष आदि के बढ़ाने वाली कथाओं के सुनने व शिक्षा देने आदि में प्रवृत्त होना; इसका नाम दुःश्रुति है।

दुःषमदुःषमा—एक्कवीसं वाससहस्साइं कालो दुसमदुसमा। (भगव. ६, ७, ५)।

इक्कीस हजार वर्ष वाले काल को दुःषमदुःषमाकाल कहते हैं।

दुःषमसुषमा—१. एगा सागरोवमकोडाकोडीओ बायालीसए वाससहस्सेहिं ऊणिया कालो दुसमसुसमा। (भगव. ६, ७, ५)। २. ततः क्रमेण हानौ सत्यां दुःषमसुषमा भवति एकसागरोपमकोटाकोटी द्विचत्वारिंशद्वर्षसहस्रोना। (त. वा. ३, २७, ५)।

१ ब्यालीस हजार वर्षों से हीन एक कोड़ाकोड़ि सागर प्रमाण काल का नाम दुःषमसुषमा है।

दुःषमा—१. एक्कवीसं वाससहस्साइं कालो दुसमा। (भगव. ६, ७, ५)। २. ततः क्रमेण हानौ सत्यां दुःषमा भवति एकविंशतिवर्षसहस्राणि। (त. वा. ३, २७, ५)।

१ इक्कीस हजार वर्ष प्रमाण काल का नाम दुःषमाकाल है।

दुःस्वरनाम—१. तद्विपरीतं (यन्निमित्तम् अमनोज्ञस्वरनिर्वर्तनं तत्) दुःस्वरनाम। (स. सि. ८–११; त. श्लो. ८–११)। २. दौःस्वर्यनिर्वर्तकं दुःस्वरनाम। (त. भा. ८–१२)। ३. तद्विपरीतं दुःस्वरनाम। तद्विपरीतफलत्वात् तद्विपरीतम् अमनोज्ञस्वरनिर्वर्तनकरं दुःस्वरनाम। (त. वा. ८, ११, २६)। ४. तथा दुःस्वरं चैवेति सुस्वरनामोक्तविपरीतम्। (श्रा. प्र. टी. २३)। ५. तद्विपरीतं दुःस्वरनाम। यत्तु श्रूयमाणमसुखमावहति तद् दुःस्वरनामेति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१२)। ६. अमहुरो सरो दुस्सरो, जहा गद्दहुट्ट-सियालादीणं। जस्स कम्मस्स उदएण जीवे दुस्सरो होदि तं कम्मं दुस्सरं णाम। (धव. पु. ६, पृ. ६५); जस्स कम्मस्सुदएण खरोट्टाण व कण्णसुहो सरो ण होदि तं दुस्सरं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३६६)। ७. अनिष्टं स्वरहेतुर्यत्प्रोक्तं दुःस्वरनाम तत्। (ह. पु. ५८–२७१)। ८. दूसरउदए वि सरो अपंतो होइ जणवेसो। (कर्मवि. ग. १४५)। ९. यदुदयात् दुःस्वरताऽमनोज्ञस्वरनिर्वर्तनं तत् दुःस्वरनाम। (मूला. वृ. १२–१९५)। १०. यदुदयात् खरभिन्नहीनदीनः स्वरो भवति तद् दुःस्वरनाम। (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. १९; प्रव. सारो. वृ. १२६५)। ११. दुःस्वरनाम यदुदयात् काकोलूकस्वरकल्पः स्वरो भवति। (धर्मसं. मलय. वृ. ६२०)। १२. दुःस्वरनाम यदुदयात् स्वरः श्रोतृणामप्रीतये भवति। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–२९३, पृ. ४७४)। १३. अमनोज्ञस्वरनिर्वर्तकं दुःस्वरनाम। (भ. आ. मूला. २१२४)। १४. यदुदयात् अमनोज्ञस्वरनिर्वर्तनं भवति तद् दुःस्वरनाम। (गो. क. जी. प्र. टी. ३३)। १५. यदुदयेन खर-मार्जार-काकादिस्वरवत् कर्णशूलप्रायः स्वर उत्पद्यते तद् दुःस्वरनाम। (त. वृत्ति श्रुत, ८–११)।

१ जिसके उदय से सुस्वर के विपरीत—गधा व ऊंट आदि के समान—अमनोज्ञ स्वर उत्पन्न होता है उसे दुःस्वरनाम कहते हैं।

दूतदोष—देखो दूतीपिण्ड। १. जल-थल-आयास-गदं सय-परगामे सदेस परदेसे। संबंधिवयणणयणं दूदीदोसो हवदि एसो ॥ (मूला. ६-२६)। २. ग्रामान्नगरान्तराच्च देशादन्यदेशतो वा सम्बन्धिनां वार्तामभिधायोत्पादिता दूतकर्मोत्पादिता। (भ. आ. विजयो. २३०; कार्तिके. टी. ४४८-४९)। ३. स्वग्रामात् परग्रामं गच्छति जले नावा तथा स्वदेशात् परदेशं गच्छति जले नावा, तत्र तस्य गच्छतः कश्चिद् गृहस्थ एवमाह—भट्टारक मदीयं सन्देशं गृहीत्वा गच्छ। स साधुस्तत्सम्बन्धिनो वचनं नीत्वा निवेदयति यस्मै प्रहितम्। स परग्रामस्थः परदेशस्थश्च तद्वचनं श्रुत्वा तुष्टः सन् दानादिकं ददाति। तद्दानादिकं यदि साधुर्गृह्णाति तदा तस्य दूतकर्मणोत्पादनं दोषः। (मूला वृ. ६-२६)। ४. ××× दूतता मता। दूरबन्धुजनानां वाग्नयनानयनक्रिया। (आचा. सा. ८-३७)। ५. दूतोऽशनादेरादानं संदेशनयनादिना। तोषिताद्दातुः ××× ॥ (अन. ध. ५-२१)। ६. ग्रामान्तरादेशेषु संदेशं वार्त(?) वा संपाद्योत्पादिता दूतकर्मदुष्यः। (भ. आ. मूला. २३०)। ७. दूरबन्धुजनानां वचनानां नयनमानयनं च दूतत्वम्। (भावप्रा. टी. ७९)।

१ जल, स्थल अथवा आकाश का आश्रय लेकर अपने ग्राम से अन्य ग्राम को या अपने देश से अन्य देश को जाते हुए यदि किसी सम्बन्धी के सन्देश को ले जाता है तथा उससे सन्तुष्ट होकर अन्य ग्रामस्थ या देशस्थ मनुष्य यदि उसे दान देता है तो उस दान के ग्रहण करने पर दूत नामक उत्पादनदोष होता है। २ ग्राम, नगर अथवा देश आदि से अन्य ग्राम आदि में जाकर व किन्हीं सम्बन्धियों की बात को कहकर जो वसति प्राप्त की जाती है वह दूतदोष से दूषित होती है।

दूतीपिण्ड—तथा कार्यसंघटनाय दौत्यं विधत्ते इति दूतीपिण्डः। (आचारा. शी. वृ. २, १, २७३, पृ. ३२०)।

कार्य की सिद्धि के लिए दूत का काम करके भोजन प्राप्त करना, इसका नाम दूतीपिण्ड है।

दूर-अर्थ—१. दूराः देशविप्रकृष्टाः। (आ. मी. वसु. वृ. ५)। २. दूरार्था भाविनोऽतीता रामरावणचक्रिणः। (लाटीसं. ४-८)।

१ देश की अपेक्षा दूरवर्ती पदार्थों को दूर-अर्थ कहा जाता है।

दूरघ्राणत्व—घाणिंदिय-सुदणाणावरणाणं वीरियंतराया। उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ॥ घाणुक्कस्सखिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणगदाणि। जं बहुविहगंधाणि तं घादयदि दूरघाणत्तं ॥ (ति. प. ४, १०९१-९२)।

घ्राणेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्म के उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्म का उदय होने पर घ्राणेन्द्रिय के उत्कृष्ट विषय-क्षेत्र से बाहिर संख्यात योजनगत अनेक प्रकार के गन्ध के सूंघने की जो शक्ति प्राप्त होती है उसे दूरघ्राणत्व ऋद्धि कहते हैं।

दूरदर्शन—रूविदिय-सुदणाणावरणाणं वीरियंतराए। उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ॥ रूउक्कस्सखिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणठिदाइं। जं बहुविहदव्वाइं देक्खइ तं दूरदरिसिणं णाम ॥ (ति. प. ४, ९९६-९७)।

चक्षुरिन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय के उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्म का उदय होने पर चक्षुरिन्द्रिय के उत्कृष्ट विषयक्षेत्र से बाहिर संख्यात योजनों में स्थित बहुत प्रकार के पदार्थों के देखने की जो शक्ति प्राप्त होती है उसे दूरदर्शन ऋद्धि कहते हैं।

दूरश्रवणत्व—सोदिंदिय-सुदणाणावरणाणं वीरियंतरायाए। उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ॥ सोदुक्कस्सखिदीदो बाहिरसंखेज्जजोयणपएसे। चेट्ठंताणं माणुस-तिरियाणं बहुवियप्पाणं ॥ अक्खर-अणक्खरमए बहुविहसद्दे विसेससंजुत्ते। उप्पण्णे आयण्णइ जं भणिअं दूरसवणत्तं ॥ (ति. प. ४, ९९३-९५)।

श्रोत्रेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्म का उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्म का उदय होने पर श्रोत्रेन्द्रिय के उत्कृष्ट विषयक्षेत्र से बाहिर संख्यात योजन प्रमाण क्षेत्र में रहने वाले मनुष्य और तिर्यंचों के अक्षर-अनक्षरात्मक विविध प्रकार के शब्दों के उत्पन्न होने पर उनके सुनने की

को महान् सामर्थ्य प्राप्त होता है उसे दूरस्पर्शत्व ऋद्धि कहते हैं।

दूरस्वादित्व—१. जिब्भिंदिय-सुदणाणावरणाणं वीरियंतरायाए। उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मिम्मि॥ जिब्भुक्कस्सखिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणठियाणं। विविहरसाणं सादं जं जाणइ दूरसादित्तं॥ (ति. प. ४, ९८७-८८)। २. तपःशक्तिविशेषाविर्भावितासाधारणरसनेन्द्रिय-श्रुतावरण-वीर्यान्तरायक्षयोपशमांगोपांगनामलाभापेक्षस्याऽवधृतनवयोजनक्षेत्राद् बहिर्बहुयोजनविप्रकृष्टक्षेत्रादायातस्य रसस्याऽऽस्वादनसामर्थ्यम्। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०२)।

१ रसनेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्म का उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्म का उदय होने पर रसनेन्द्रिय के उत्कृष्ट विषयक्षेत्र से बाहिर संख्यात योजन दूर स्थित विविध रसों के स्वाद लेने की जो शक्ति प्राप्त होती है उसे दूरास्वादित्व ऋद्धि कहते हैं।

दूरस्पर्श—१. पासिंदिय-सुदणाणावरणाणं वीरियंतरायाए। उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मिम्मि॥ पासुक्कस्सखिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणठियाणि। अट्ठविहप्पासाणि जं जाणइ दूरपासत्तं॥ (ति. प. ४, ९८९-९०)। २. एवं (श्रोत्रेन्द्रियविषय इव) शेषेष्वपि इन्द्रियविषयेषु अवधृतक्षेत्राद् बहिर्बहुयोजनप्रकृष्टदेशादायातेषु ग्रहणसामर्थ्यं योज्यम्। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०२)।

१ स्पर्शनेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायकर्म के उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्म का उदय होने पर स्पर्शनेन्द्रिय के उत्कृष्ट विषयक्षेत्र से बाहिर संख्यात योजनों की दूरी पर स्थित आठों प्रकार के स्पर्श को जान लेने का जो सामर्थ्य प्राप्त होता है उसे दूरस्पर्शत्व ऋद्धि कहते हैं।

दूरापकृष्टि—१. जत्तो ट्ठिदिसंतकम्मादो सेसादो संखेज्जे भागे घेत्तूण ठिदिखंडए घादिज्जमाणे घादिदसेसं णियमा पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपमाणं होदूण चिट्ठदि तं सव्वपच्छिमं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागपमाणं ट्ठिदिसंतकम्मं दूरावकिट्टि त्ति भण्णदे। ××× पलिदोवमट्ठिदिसंतकम्मादो सुट्ठु दूरयरमोसारिय सव्वजहण्णपलिदोवमसंखेज्जभागसरूवेणावट्ठाणादो। पल्योपमस्थितिकर्मणोऽपसरणाद् दूरतरमपकृष्टत्वादतिकृशत्वाच्च दूरापकृष्टिरेषा स्थितिरित्युक्तं भवति। अथवा दूरतरमपकृष्टा तस्याः स्थितिकाण्डकमिति दूरापकृष्टिः। इतः प्रभृत्यसंख्येयान् भागान् गृहीत्वा स्थितिकाण्डकघातमाचरतीत्यतो दूरापकृष्टिरिति। (धव. पु. ६, पृ. २५५ का टिप्पण ३)। २. पल्ये उत्कृष्टसंख्यातेन भक्ते यल्लब्धं तस्मादेकैकहान्या जघन्यपरिमितासंख्यातेन भक्ते पल्ये यल्लब्धं तस्मादेकोत्तरवृद्ध्या यावन्तो विकल्पास्तावन्तो दूरापकृष्टिभेदाः। तेषु कश्चिदेव विकल्पो जिनदृष्टभावो दूरापकृष्टिसंज्ञितो वेदितव्यः। (ल. सा. टी. १२०)।

१ कर्म के जिस स्थितिसत्त्व के अवशेष संख्यात बहुभाग को ग्रहण कर स्थितिकाण्डक का घात करते हुए घात करने से शेष रहा नियम से पल्योपम के असंख्यातवें भाग प्रमाण होकर स्थित होता है, पल्योपम के संख्यातवें भाग प्रमाण उस सर्वान्तिम स्थितिसत्कर्म का नाम दूरापकृष्टि है।

दूषण—१. वादिना प्रमाणमुपन्यस्तम्, तच्च प्रतिवादिना दुष्टतयोद्भावितं पुनर्वादिना परिहृतम्, तदेव तस्य साधनं भवति प्रतिवादिनश्च दूषणमिति। (प्र. र. मा. ६-७३)। २. साधनदोषोद्भावनं दूषणम्। (प्रमाणमी. २, १, २८)।

१ वादी ने किसी प्रमाण को प्रस्तुत किया, पर प्रतिवादी ने उसे सदोष बतलाया, तत्पश्चात् वादी ने प्रतिवादी के द्वारा प्रदर्शित दोष का निराकरण कर दिया; इस प्रकार से उक्त प्रमाण वादी के लिए सहेतु और प्रतिवादी के लिए दूषण हो जाता है। २ साधन में दोष के प्रगट करने को दूषण कहते हैं।

दूषणाभास — अभूतदोषोद्भावनानि दूषणाभासा जात्युत्तराणि। (प्रमाणमी. २, १, २९)।

साधन में जो दोष सम्भव नहीं हैं उनके उद्भावन को दूषणाभास कहते हैं। इनको जात्युत्तर भी कहा जाता है।

दृष्ट दोष (आलोचनादोष)— १. जं होदि अण्णदिट्ठं तं आलोचेदि गुरुसयासम्मि। अदिट्ठं गूहंतो मायिल्लो होदि णायव्वो॥ दिट्ठं व अदिट्ठं वा जदि ण कहेइ परमेण विणएण। आयरिय पायमूले तदिओ आलोयणादोसो॥ (भ. आ. ४, ५७४-७५)।

२. अन्यादृष्टदोषगूहनं कृत्वा प्रकाश(चा. सा. 'दृष्ट') दोषनिवेदनं मायाचारस्तृतीयो (चा. सा. 'यो यद्-दृष्टदोष:') दोष: । (त. वा. ९, २२, २; चा. सा. पृ. ६१) । ३. परादृष्टदोषगूहनेन प्रकटदोषनिवेदनम् । (त. श्लो. ९-२२) । ४. परिर[ल]क्षितागः-संकीर्तिः स्याद् दृष्टं × × × ॥ (आचा. सा. ६-११) । ५. यद् दृष्टं अन्यैर्यदवलोकितं दोषजातं तदालोचयत्यदृष्टमवगूहयति यस्तस्य तृतीयो दृष्ट-नामाऽऽलोचनादोष: । (मूला. वृ. ११-१५) । ६. यद् दृष्टमपराधजातं क्रियमाणमाचार्यादिना तदेवालोचयति नापरमिति तृतीय:(दृष्ट:) आलोचना-दोष: । (व्यव. भा. मलय. वृ. १-३४२, पृ. ११) । ७. यद् दृष्टं दूषणस्यान्यदृष्टस्यैव प्रथा गुरो: । (अन. ध. ७-४१) ।

१ जो दोष दूसरे के द्वारा देखा जा चुका है उसकी आलोचना गुरु के पास में करता है, पर अदृष्ट दोष को छिपाता है; ऐसा करने वाला वह साधु मायाचारी होता है । आचार्य के पादमूल में यदि दृष्ट दोष के समान अदृष्ट दोष को भी विनयपूर्वक नहीं कहता है तो वह तीसरे दृष्ट नामक आलोचना-दोष से लिप्त होता है ।

दृष्ट दोष (वन्दनादोष)—१. दृष्टम्-आचार्यादिभि: दृष्ट: सन् सम्यग्विधानेन वन्दनादिकं करोत्यन्यथा स्वेच्छयाऽथवा दिगवलोकनं कुर्वन् वन्दनादिकं यदि विदधाति तदा तस्य दृष्टो दोष: । (मूला. वृ. ७-१०९) । २. दृष्टं पश्यन् दिश: स्तौति पश्यत्स्वन्येषु सुष्ठु वा । (अन. ध. ८-१०८) ।

१ आचार्य आदि के द्वारा देख लेने पर यदि विधिपूर्वक वन्दना करता है, अन्यथा मनमाने ढंग से वन्दना करता है; अथवा दिशाओं का अवलोकन करता हुआ यदि वन्दना आदि करता है तो वह दृष्ट दोष का भागी होता है ।

दृष्टादृष्टवन्दनक—१. अंतरिओ तमसे वा न वंदई वंदई उ दीसंतो । एयं दिट्ठमदिट्ठं × × × ॥ (प्रव. सारो. १६६) । २. बहुषु वन्दमानेषु साध्वादिना केनचिदन्तरित:, तमसि वा—सान्धकारप्रदेशे व्यवस्थितो मौनं विधायोपविश्य वाऽऽस्ते, न तु वन्दते, दृश्यमानस्तु वन्दते, एतद् दृष्टादृष्टं वन्दनकमभिधीयते । (आव. ह. वृ. मल. हेम. टि. पृ. ८९; प्रव. सारो. वृ. पृ. १६६) । ३. दृष्टादृष्टं तमसि स्थित: केनचिदन्तरित एवमेवास्ते, दृष्टस्तु वन्दत इति । (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०) ।

२ जब बहुत साधु जन वन्दना कर रहे हों तब किसी साधु आदि से व्यवहित होकर, अथवा अन्धकारपूर्ण प्रदेश में स्थित होकर, अथवा मौनपूर्वक बैठ कर स्थित होता है; पर वन्दना नहीं करता है । किसी के द्वारा देखा जाने पर वन्दना करता है । इस प्रकार से वन्दना करने न करने में दृष्टादृष्टवन्दनक दोष होता है ।

दृष्टान्त—१. यत्र लौकिकानां परीक्षकाणां च बुद्धिसाम्यं स दृष्टान्त:, तत्थ लोइयगहणेण गोवालादी सत्थबाहिरो जणो गहिओ, परिक्खगगहणेण जेहिं सहसत्थाणि णायादीणि सत्थाणि अधीतानि ते परिक्खगा, एतेसिं लोइयाणं परिक्खगाणं च जंमि अत्थे बुद्धिविसंवादो न भवइ सो दिट्ठंतो । (दशवै. चू. पृ. ३८) । २. सम्बन्धो यत्र निर्ज्ञात: साध्य-साधनधर्मयो: । स दृष्टान्त × × × ॥ (न्यायवि. २-११) । ३. दृष्टमर्थमन्तं नयतीति दृष्टान्त:, अतीन्द्रियप्रमाणादृष्टं संवेदननिष्ठां नयतीत्यर्थ: । (दशवै. नि. हरि. वृ. ५२, पृ. ३४) । ४. तत्र साध्य-साधनान्वय-व्यतिरेकप्रदर्शनमाहरणम्, दृष्टान्त इति । (आव. नि. हरि. वृ. ८६); दृष्टमर्थमन्तं नयतीति दृष्टान्त: । × × × साध्योपमाभूतस्तु दृष्टान्त: । उक्तं च—यत: साध्यस्योपमाभूत: स दृष्टान्त इति कथ्यते । (आव. नि. हरि. वृ. ९४८; नन्दी. हरि. वृ., पृ. ६२) । ५. तत्र दृष्टमर्थमन्तं नयतीति दृष्टान्त: । लौकिकपरीक्षकाणां यस्मिन्नर्थे बुद्धिसाम्यं स दृष्टान्त इत्यन्ये । (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १५) । ६. दृष्टावन्तौ धर्मौ स्वभावावग्नि-धूमयोरिव साध्य-साधकयोर्वादि-प्रतिवादिभ्यां कर्तुं भूताभ्यामविवादेन यत्र वस्तुनि स दृष्टान्त: । (पंचा. का. जय. वृ. २७)। ७. प्रतिबन्धप्रतिपत्तेरास्पदं दृष्टान्त: । (प्र. न. त. ३-४०) । ८. साध्यव्याप्तिप्रदर्शन-विषयो दृष्टान्त: । (उपदे. मु. वृ. ४८) । ९. स (दृष्टान्त:) व्याप्तिदर्शनभूमि: । (प्रमाणमी. १, २, २०) । १०. दृष्ट: अन्त: परिच्छेदो विवक्षितसाध्य-साधनयो: सम्बन्धस्याविनाभावरूपस्य प्रमाणेन यत्र ते दृष्टान्ता: । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २०-२१४, पृ. ४३२) । ११. व्याप्तिसम्प्रतिपत्तिप्रदेशो दृष्टान्त: । (न्यायदी. १०४) ।

१ जिस अर्थ के विषय में लौकिक जनों—तत्त्व से बहिर्भूत ग्वाला आदि—और परीक्षक जनों में—व्याकरण एवं न्यायादि शास्त्रों के ज्ञाता विद्वानों में—बुद्धि की समानता हो—किसी प्रकार का विसंवाद न हो, उसे दृष्टान्त कहते हैं। २ जहाँ साध्य और साधन धर्मों का सम्बन्ध जाना जाता है वह दृष्टान्त कहलाता है।

दृष्टान्ताभास—१. ××× तदाभासाः साध्यादिविकलादयः। (न्यायवि. २–२११)। २. साध्य-साधनोभयविकला दृष्टान्ताभासाः। (लघीय. अभय. वृ. ४–३, पृ. ४६)।

१ साध्य आदि (साधन) से रहित दृष्टान्तों को दृष्टान्ताभास कहते हैं।

दृष्टि-अविष, दृष्टिनिर्विष—१. रोग-विसेहिं पहुदा दिट्ठीए जीए झत्ति पावंति। णीरोग-णिव्विसत्तं सा अणिदा दिट्ठिणिव्विसा रिद्धी॥ (ति. प. ४–१०७६)। २. येषामालोकनमात्रादेवातितीव्रविषदूषिता अपि सन्तः विगतविषा भवन्ति ते दृष्टयविषाः। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०३; चा. सा. पृ. ६६)। ३. अथवा ××× दृष्टिविषाणां विषमविषं येषां ते दृष्टयविषाः। (चा. सा. पृ. ६६)।

१ जिसके प्रभाव से रोग व विष से व्याप्त प्राणी देखने मात्र से ही शीघ्र नीरोग व विष से रहित हो जाते हैं उसे दृष्टिनिर्विषा ऋद्धि कहते हैं। ३ अथवा जिनके देखने मात्र से दृष्टिविष सर्पों का विष विषरूपता से रहित हो जाता है वे दृष्टयविष कहलाते हैं।

दृष्टिपात—देखो दृष्टिवाद।

दृष्टिराग—१. तत्र त्रयाणां त्रिषष्टयधिकानां प्रावादुकशतानामात्मीयात्मीयदर्शनानुरागो दृष्टिरागः। यथोक्तम्—असियसयं किरियाणं अकिरियवाईणमाहु चुलसीई। अन्नाणिय सत्तट्ठी वेणइयाणं च बत्तीसा॥ जिणवयणबाहिरमई मूढा णियदंसणाणुराएण। सव्वण्णुकहियमेते मोक्खपहं न उ पवज्जंति॥ (आव. नि. हरि. वृ. ९१८)। २. दृष्टिरागः पुनरयं दर्शनिनां निज-निजदर्शनेषु युक्तिपथावतारासहेऽपि कम्बललाक्षारागवत् प्रायेणोत्सारयितुमशक्यः पूर्वराग (स्नेहराग-कामराग) इत्यपेक्षयातिदुरन्तभावः प्रतिबन्धो निरूप्यते स इति। (उपदे. मु. वृ. १८९)।

१ तीन सौ तिरेसठ प्रवादियों का अपने-अपने दर्शन-विषयक जो राग है उसे दृष्टिराग कहते हैं।

दृष्टिवाद—१. से किं तं दिट्ठिवाए? दिट्ठिवाए णं सव्वभावपरूवणा आघविज्जइ। (नन्दी. सू. ५६, पृ. २३५)। २. कौत्कल-काणेविद्धि-कौशिक-हरिश्मश्रु-मांछ (धव. 'मांद्ध') पिक-रोमश-हारीत-मुण्डाश्वलायनादीनां क्रियावाददृष्टीनामशीतिशतम्, मरीचिकुमारकपिलोलूक-गार्ग्य-व्याघ्रभूति-वाद्वलि-माठर-मौद्गल्यायनादीनामक्रियावाददृष्टीनां चतुरशीतिः, साकल्य-वल्कल-कुथुमि-सात्यमुग्रि-नारायण-कठ (धव. 'कण्व')-माध्यंदिन-मौद-पैप्पलाद-बादरायणाम्बष्ठि-कृदौविकायन- (धव. 'बादरायण-स्वेष्टकृदैतिकायन') वसु-जैमिन्यादीनामज्ञानिकदृष्टीनां सप्तषष्टिः, वशिष्ट-पाराशर-जतुकर्णि- (धव. 'कर्ण') - वाल्मीकि-रोमहर्षिणि (धव. 'हर्षणी')-सत्यदत्त-व्यासैलापुत्रौपमन्यवैन्द्रदत्तायस्थूणादीनां वैनयिकदृष्टीनां द्वात्रिंशत्। एषां दृष्टिशतानां त्रयाणां त्रिषष्ठ्युत्तराणां प्ररूपणं निग्रहश्च दृष्टिवादे क्रियते। (त. वा. १, २०, १२; धव. पु. १, पृ. १०७; धव. पु. ९, पृ. २०३-२०४)। ३. दृष्टीनां अज्ञानिकादीनां यत्र प्ररूपणा कृता स दृष्टिवादः, तासां व यत्र पातः। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. १–२०); दृष्टयो दर्शनानि, वदनं वादः, दृष्टीनां वादः दृष्टिवादः, दृष्टीनां वा पातो यत्रासौ दृष्टिपातः, सर्वनयदृष्टय एवेहाख्यायन्त इत्यर्थः, तथा चाह—दृष्टिवादेन दृष्टिपातेन दृष्टिवादे दृष्टिपाते वा सर्वभावप्ररूपणा आख्यायते। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. १०६)। ४. दिट्ठीओ वददीदि दिट्ठिवादं ति गुणणामं। (धव. पु. १, पृ. १०९)। ५. दृष्टयो दर्शनानि नयाः, उच्यन्ते अभिधीयन्ते पतन्ति वा अवतरन्ति यस्मिन्नसौ दृष्टिवादो दृष्टिपातो वा द्वादशमङ्गम्। (स्थाना. अभय. वृ. ४, १, २६२)। ६. दिट्ठीणं तिण्णिसया तेसट्ठीणं पि मिच्छवायाणं। जत्थ णिराकरणं खलु तण्णामं दिट्ठिवादंगं॥ (अंगप. १–७३)।

१ जिस श्रुत में सब भावों (पदार्थों) की प्ररूपणा की जाती है वह दृष्टिवाद अंग कहलाता है। २ जिसमें कौत्कल, काणेविद्धि, कौशिक, हरिश्मश्रु, मांछपिक, रोमश, हारीत और मुण्डाश्वलायन आदि

१८० क्रियावाददृष्टियों; मरीचिकुमार, कपिल, उलूक, गार्ग्य, व्याघ्रभूति, वाद्वलि, माठर और मौद्गलायन आदि ८४ अक्रियावाददृष्टियों; साकल्य, वल्कल, कुथुमि, सात्यमुग्रि, नारायण, कठ, माध्यंदिन, मौद, पैप्पलाद, बादरायण, अम्बष्ठि, कृदौविकायन, वसु और जैमिनि आदि ६७ अज्ञानिकदृष्टियों; तथा वशिष्ठ, पाराशर, जतुकर्ण, वाल्मीकि, रोमहर्षिणि, सत्यदत्त, व्यास, एलापुत्र, औपमन्यु, इन्द्रदत्त और अयस्थूण आदि ३२ वैनयिकदृष्टियों; इन ३६३ दृष्टियों की प्ररूपणा और उनका निग्रह किया जाता है उसे दृष्टिवाद अंग कहा जाता है।

दृष्टिविषा—१. जीए जीओ दिट्ठो महासिणा रोसभरिदहिदएण। अहिदट्ठं व मरिज्जदि दिट्ठिविसा णाम सा रिद्धी ॥ (ति. प. ४–१०७६)। २. उत्कृष्ट तपसो यतयः क्रुद्धा यमीक्षन्ते स तदैवोग्रविषपरीतो म्रियते ते दृष्टिविषाः। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०४; चा. सा. पृ. ६६)। ३. दृष्टिरिति चक्षुर्मनसोर्ग्रहणम्, तत्रोभयत्र दृष्टिशब्दप्रवृत्तिदर्शनात्। तत्साहचर्यात् कर्मणोऽपि। रुट्ठो जदि जोएदि चिंतेदि किरियं करेदि वा 'मारेमि'त्ति तो मारेदि, अण्णं पि असुहकम्मं संरंभपुव्वावलोयणेण कुणमाणो दिट्ठिविसो णाम। (धव. पु. ६, पृ. ८६)। ४. तपोबला मुनयः क्रुद्धाः सन्तो यमक्षिगतमीक्षन्ते स पुमान् तत्क्षणादेव तीव्रविषपरीतः पंचत्वं प्राप्नोति, एवंविधं सामर्थ्यं येषां ते दृष्टिविषाः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से कोधित महर्षि के द्वारा देखा गया जीव सर्पदष्ट के समान मरण को प्राप्त हो जाता है उसे दृष्टिविषा ऋद्धि कहते हैं।

दृष्टिसंमोह—गुणतस्तुल्ये तत्त्वे संज्ञाभेदागमान्यथादृष्टिः। भवति यतोऽसावधमो दोषः खलु दृष्टिसंमोहः। (षोडशक ४–११)।

गुण—उपकारफल—की अपेक्षा विवक्षित दो वस्तुओं में तत्त्व के समान होने पर भी जिस दोष के कारण प्राणी नामभेद के आश्रय से आगम के विषय में विपरीत बुद्धि को प्राप्त होता है वह निकृष्ट दृष्टिसंमोह दोष है। अथवा अहिंसा एवं प्रशम आदि के तत्त्वों के अन्य दर्शनों में भी समान होने पर जिस दोष के कारण परिभाषाभेदमात्र से प्राणी आगमों में अन्यथा भाव को प्राप्त होता है उसका नाम दृष्टिसंमोह है।

देयशुद्ध दान—देयं शुद्धं द्विचत्वारिंशद्दोषरहितं भवेत्। (त्रि. श. पु. च. १, १, १८३)।

ब्यालीस दोषों से रहित आहार आदि को शुद्ध देय—देने योग्य द्रव्य—कहा जाता है।

देव (सुर)—१. देवगतिनामकर्मोदये सत्यभ्यन्तरे हेतौ बाह्यविभूतिविशेषैः द्वीपाद्रि-समुद्रादिषु यथेष्टं दीव्यन्ति क्रीडन्तीति देवाः। (स. सि. ४–१)। २. देवा णाम दीवं आगासं, तंमि आगासे जे वसंति ते देवाः। (दशवै. चू. पृ. १५)। ३. देवगतिनामकर्मोदये सति द्युत्याद्यर्थाविरोधाद् देवाः। अन्तरङ्गहेतौ देवगतिनामकर्मोदये सति बाह्यद्युत्यादिक्रियासम्बन्धमन्तर्नीय दीव्यन्तीति देवाः इति व्यपदिश्यन्ते। (त. वा. ४, १, १)। ४. तत्र दीव्यन्तीति देवाः, निरुपमक्रीडामनुभवन्तीत्यर्थः। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. २६)। ५. कीडंति जदो णिच्चं गुणेहिं अट्ठहिं दिव्वभावेहिं। भासंतदिव्वकाया तम्हा ते वण्णिया देवा ॥ (प्रा. पंचसं. १–६३; धव. पु. १, पृ. २०३ उद्.; गो. जी १५०)। ६. अणिमाद्यष्टगुणावष्टम्भबलेन दीव्यन्ति क्रीडन्तीति देवाः। (धव. पु. १, पृ. २०३)। ७. देवगतिनामकर्मोदये सति दीव्यन्तीति देवाः। (त. श्लो. ४-१)। ८. केसट्ठि-मंस-नह-रोम-रुहिर-वस-चम्म-मुत्त-पुरिसेहिं। रहिया निम्मलदेहा सुगंधिनीसासगयलेवा ॥ अंतमुहुत्तेणं चिय पज्जत्ता तरुणपुरिससंकासा। सव्वंगभूसणधरा अजरा निरुजा समा देवा ॥ अणिमिसनयणा मणकज्जसाहणा पुप्फदामअमिलाणा। चउरंगुलेण भूमिं न छिवंति सुरा जिणा विंति ॥ (संग्रहणी, १४६–४८)।

१ अभ्यन्तर हेतुभूत देवगति नामकर्म का उदय होने पर जो बाह्य वैभव के साथ द्वीप, पर्वत एवं समुद्र आदि प्रदेशों में इच्छानुसार क्रीडा किया करते हैं वे देव कहलाते हैं। २ दिव नाम आकाश का है, उसमें जो रहते हैं, उन्हें देव कहा जाता है।

देव (अर्हन्)—देखो जिनदेव। १. दीव्यते—स्तूयते भक्तिभरनिर्भरामरप्रभुप्रभृतिभिर्भव्यैरनवरतमिति देवः, स च क्लेश-कर्म-विपाकाशयैः[कायैः]रपरामृष्टः पुरुषविशेषः। (ध. बि. मु. वृ. १–१८)। २. सर्वज्ञो

विगतरागादिदोषस्त्रैलोक्यपूजितः । यथास्थितार्थवादी च देवोऽर्हन् परमेश्वरः ॥ (योगशा. २–४) ।

१ 'दीव्यते स्तूयते इति देवः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार जिसकी स्तुति भक्ति से परिपूर्ण देवेन्द्रादि के द्वारा की जाती है तथा जो क्लेश, कर्म, विपाक और आशय से रहित होता है ऐसे आप्त को देव कहा जाता है।

देवगतिनाम— १. अणिमाद्यष्टगुणाद्यष्टम्भबलेन दीव्यन्ति क्रीडन्तीति देवाः । देवानां गतिः देवगतिः । अथवा देवगतिनामकर्मोदयोऽणिमादिदेवाभिधान-प्रत्ययव्यवहारनिबन्धनपर्यायोत्पादको देवगतिः । देवगतिनामकर्मोदयजनितपर्यायो वा देवगतिः, कार्ये कारणोपचारात् । (धव. पु. १, पृ. २०३); जस्स कम्मस्स उदएण देवभावो जीवाणं होदि तं कम्मं देवगदि त्ति उच्चदि । (धव. पु. ६, पृ. ६७); देवभावणिव्वत्तयं कम्मं देवगदिणामं । (धव. पु. १३, पृ. ३६३) । २. यदुदयाज्जीवो देवभावस्तद् देवगतिनाम । (त. वृत्ति श्रुत. ८–११) ।

१ अणिमा-महिमा आदि आठ गुणों के आश्रय से जो क्रीड़ा किया करते हैं उन देवों की गति को देवगति कहते हैं।

देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी—१. यदा छिन्नायुर्मनुष्यस्तिर्यग्वा पूर्वेण शरीरेण वियुज्यते तदैव देवभावं प्रत्यभिमुखस्य तस्य पूर्वशरीरसंस्थानानिवृत्तिकारणं विग्रहगतावुदेति तद् देवगतिप्रायोग्यानुपूर्व्यं नाम । (त. वा. ८, ११, ११) । २. जस्स कम्मस्स उदएण देवगइं गयस्स जीवस्स विग्गहगईए वट्टमाणस्स देवगइपाओग्गसंठाणं होदि तं देवगदिपाओग्गाणुपुव्वीणामं । (धव. पु. ६, पृ. ७६) ।

१ मनुष्य या तिर्यंच जीव विवक्षित आयु के समाप्त हो जाने से जब पूर्व शरीर से रहित होकर देव भव के अभिमुख होता है तब उसके विग्रहगति में पूर्वशरीर गत आकार के अविनाश के कारणभूत जिस कर्म का उदय रहता है उसे देवगतिप्रायोग्यानुपूर्व्य कहा जाता है। २ जिस कर्म के उदय से देवगति को प्राप्त हुए जीव का विग्रहगति में देवगति प्रायोग्य आकार होता है उसे देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी कहते हैं।

देवगतिप्रायोग्यानुपूर्व्य— देखो देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी।

देवच्छन्द—१. वसहीए मज्झम्मिहे देवच्छंदो दुजोयणुच्छेहो । इगिजोयणवित्थारो चउजोयणदीहसंजुत्तो ॥ सोलसजोयणुच्छेहं समचउरस्सं तदद्धवित्थारं । लोयविणिच्छयकत्ता देवच्छंदं परूवेइ ॥ (ति. प. ४, १८६५–६६) । २. अर्हदायतनमध्यदेशनिवेशिनः षोडशयोजनायाम-तदर्धविष्कम्भोच्छ्राया रत्नमया देवच्छन्दाः ॥ (त. वा. ३, १०, १३, पृ. १७८) । ३. देवच्छंदो हेमो दुग-इग-चउवाससदीहदमो ॥ (त्रि. सा. ९८४) । ४. फलिहमणिभित्तिणिवहा णाणामणि-रयणजालपरियरिया ॥ वेरुलियखंभपउरा सोवाणतिएहि संजुत्ता ॥ दिव्वामोदसुयंधा देवछंदे त्ति णामदो णेया । वरगब्भघरा दिट्ठा पइण्णकुसुमच्चणसणाहा ॥ (जं. दी. प. ५, २५–२६) ।

१ वसति के भीतर गर्भगृह में जो देवच्छन्द होता है वह दो योजन ऊंचा, एक योजन विस्तृत और चार योजन लम्बा होता है। 'लोकविनिश्चयकर्ता' के मतानुसार वह सोलह योजन ऊंचा और उससे आधे (८ यो.) विस्तार वाला समचतुष्कोण हुआ करता है। २ जिनालय के मध्य में सोलह योजन लम्बे और इससे आधे (आठ-आठ योजन) विस्तार व ऊंचाई से सहित देवच्छन्द हुआ करते हैं। (यह देवच्छन्द का विस्तारादि उत्कृष्ट जिनभवनों का है। मध्यम व जघन्य जिनभवनों के देवच्छन्द का विस्तारादि यथायोग्य उससे हीन समझना चाहिए।)

देवदेव—एदेहिं बाहिरेहिं य अब्भंतरगुणगणेहि संजुत्तो । सो होदि देवदेवो जो मुक्को कम्मकलुसादो ॥ (जं. दी. प. १३–११०) ।

जो इन प्रातिहार्यादिरूप बाह्य गुणों से तथा अनन्तचतुष्टयादिरूप अभ्यन्तर गुणों से युक्त और कर्म-कालिमा से रहित हो उसे देवदेव कहा जाता है।

देवभाव— देवगदिणामकम्मोदएण अणिमादिगुणं पीदो देवभावो होदि । (धव. पु. १४, पृ. ११)। देवगति नाम कर्मके उदय से अणिमा आदि गुणों को प्राप्त होना, इसका नाम देवभाव (देवत्व) है।

देवमूढ़ता—१. ईसर-बंभा-विण्हू-अज्जा-खंदादिया य जे देवा । ते देवभावहीणा देवत्तणभावणे मूढो ॥ (मूला. ५–६३) । २. वरोपलिप्सयाशावान् रागद्वेषमलीमसाः । देवता यदुपासीत देवतामूढमुच्यते ॥ (रत्नक. १–२३) । ३. क्षुधाद्यष्टादशदोषरहित-मनन्तज्ञानाद्यनन्तगुणसहितं वीतरागसर्वज्ञस्वरूप-

-मजानन् ख्याति-पूजा-लाभ-रूप-लावण्य-सौभाग्य-पुत्र-कलत्र-राज्यादिविभूतिनिमित्तं राग-द्वेषोपहतार्त्त-रौद्रपरिणतक्षेत्रपाल-चण्डिकादिमिथ्यादेवानां यदाराधनं करोति जीवस्तद् देवतामूढत्वम् । (बृ. द्रव्यसं. टी. ४१) । ४. ब्रह्मोमापति-गोविन्द-शाक्येन्दु-तपनादिषु । मोह-कादम्बरीमत्तेष्वाप्तधीर्देवमूढता ॥ (आचा. सा. ३–४६) । ५. ऐहिकाशावशित्वेन कुत्सितो देवतागणः । पूज्यते भक्तितो यद्वं सा देवमूढता मता ॥ (भावसं. वाम. ४०५) । ६. सदोषा देवता लक्ष्म्याद्यर्थं सेव्येत यन्नरा: । यवादि देवतामूढमरार्गैर्विश्ववेदिभि: ॥ (धर्मसं. श्रा. ४–४०) । ७. राग-द्वेषमलीमसदेवानां सेवा देवमूढता ॥ (कार्तिके. ३२६) । ८. अदेवे देवबुद्धि: स्यादधर्मे धर्मधीरिह । अगुरौ गुरुबुद्धिर्या ख्याता देवादिमूढता ॥ (लाटीसं. ४–११७; पञ्चाध्या. २–५६५) ।

१ ईश्वर (महादेव), ब्रह्मा, विष्णु, आर्या (भगवती) और स्कन्द (कार्तिकेय) आदि जो वस्तुतः देवत्व से रहित हैं—जिनमें न आप्तता है और न जो चार प्रकार के देवों के भी अन्तर्गत हैं—उन्हें देवता मानना; इसका नाम देवमूढता है । २ वरप्राप्ति की इच्छा से आशावान् होकर जो राग-द्वेष से मलिन देवताओं की उपासना की जाती है, इसे देवमूढता कहा जाता है ।

देवर्षि—१. देवर्षयो गगनगमनर्द्धिसंयुक्ता: । (चा. सा. पृ. २२) । २. नभस्तलविसर्पी यो देवर्षि: परमागमे । (धर्मसं. श्रा. ९–२८७) ।

१ आकाश-गमन ऋद्धि से संयुक्त भिक्षुओं को देवर्षि कहते हैं ।

देवागम— देवास्त्रिदशास्तेषां स्वर्गावतरण-जन्म-निष्क्रमण-केवलज्ञानोत्पत्ति-मुक्तिगमनस्थानेषु आगमनम् आगम: अवतार: देवागम: । (आप्तमी. वसु. वृ. १) ।

तीर्थंकरों के गर्भ, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान की प्राप्ति और मुक्तिगमन इन पांच कल्याणकों में देवों के आगमन को देवागम कहते हैं ।

देवाधिदेव—एवं वुच्चइ देवाधिदेवा: ? देवाधिदेवा गोयमा ! जे इमे अरहंता भगवंतो उप्पण्णणाण-दंसणधरा जाव सव्वदरिसी ते तेणट्ठेणं जाव देवाधिदेवा । (भगवती. १२, ९, ५, खण्ड ३, पृ. १८६) ।

जो अरहन्त भगवान् उत्पन्न हुए केवलज्ञान और केवलदर्शन के धारक होकर सर्वदर्शी (सर्वज्ञ) होते हैं उन्हें देवाधिदेव कहा जाता है ।

देवायु—१. शारीर-मानससुखप्रायेषु देवेषु जन्मोदयात् देवायुष: । (त. वा. ८, १०, ८; त. श्लो. ८–२०) । २. जेसिं कम्मक्खंधाणमुदएण उड्ढगमणसहावस्स जीवस्स देवभवम्मि अवट्ठाणं होदि तेसिं देवाउअमिदि सण्णा । (धव. पु. ६, पृ. ४८-४९); जं कम्मं देवभवं धारेदि तं देवाउअं णाम । (धव. पु. १३, पृ. ३६२) ।

१ जिस कर्म के उदय से शारीरिक और मानसिक सुखों से परिपूर्ण देवों में जन्म होता है उसे देवायु कहते हैं ।

देवावर्णवाद—१. सुरा-मांसोपसेवाद्याघोषणं देवावर्णवाद: । (स. सि. ६–१३; त. श्लो. ६–१३) । २. सुरामांसोपसेवाद्याघोषणं देवावर्णवाद: । सुरां मांसं चोपसेवन्ते देवा:, आह (अहि)ल्यादिषु सक्तचेतस: इत्याद्याघोषणं देवावर्णवाद: । (त. वा. ६, १३, १२) । ३. तेषां (चतुर्विधानां देवानां) चावर्णवाद:— ××× परस्परप्रवीचारा: खलु देवा: षण्ढवत्, अपरे बलवन्तोऽल्पबलं देवमप्यभियुज्य मैथुनमासेवन्ते स्तब्धलोचनपुटास्तथात्यन्तासद्भूतदोषप्रख्यापनशुक्र-शोणितबल्युपहाराशिनो देवा:, अहल्यायै जार इन्द्र: कृतभगसहस्र: छात्रैर्भर्षित इत्याद्यशिष्टव्यवहाराद्यघोषणं देवानामवर्णवाद: । (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–१४) ।

२ देव सुरा (मद्य) और मांस का सेवन करते हैं तथा अहिल्या (एक ऋषिपत्नी) आदि में आसक्तचित्त रहते हैं, इत्यादि रूप से देवों में दोषों के कथन को देवावर्णवाद कहते हैं ।

देश— १. ××× तस्स (खंधस्स) दु अद्धं भणंति देसो त्ति । (पंचा. का. ७५; मूला. ५-३४; गो. जी. ६०४)। २. ग्रामादीनामवधृतपरिमाणप्रदेशो देश: । (स. सि. ७–२१; त. श्लो. ७–२१) । ३. देश: त्रिभागश्चतुर्भागादि: । (उत्तरा. चू. ३६, पृ. २८१) । ४. कृत्स्नो धर्मास्तिकाय:, तदर्द्धं देश: । (त. भा. ५, २४, ७); कुतश्चिद्दिश्यते इति देश: । कुतश्चिदवयवात् दिश्यते इति देश: प्रदेश:, एकदेश इत्यर्थ: । (त. भा. ७, २, १); ग्रामादीनामवधृतपरिमाण: प्रदेशो देश: । ग्राम-नगर-गुहापवरकादी-

नामवतुलपरिमाणानां प्रदेशो देशः। (स. का. ७, २१, ३)। ५. नानाव्रीहि-कोद्रव-कङ्गु-गोधूमादि-निष्पत्तिभाग्देशः। (भा. प्र. टी. ३२५)। ६. × × × तस्स य अद्धं च वुच्चदे देसो। (भावसं. दे. ३०४)। ७. भर्तुर्दण्ड-कोशवृद्धि च दिशति ददातीति देशः। (नीतिवा. १९-२, पृ. १९१)। ८. सयलं मुणेहि खंधं अद्धं देसो × × ×। (वसु. श्रा. १७)। ९. ततो हीनाणुतो यावदर्द्धं देशः × × ×। (आचा. सा. ३-१९)।

१ स्कन्ध के आधे भाग को देश कहते हैं। २ देशव्रत में ग्रामादि के आश्रय से जितने प्रदेश का नियम किया जाता है वह प्रदेश देश कहलाता है। ३ तीसरे और चौथे आदि भाग को देश कहा जाता है। ४ किसी अवयवविशेष से जिसका निर्देश किया जाता है उसका नाम देश है। जैसे—अणुव्रत में हिंसादि से देशतः निवृत्ति। ५ व्रीहि, कोदों, कांगनी और गेहूं आदि अनेक धान्यों की उत्पत्ति के स्थान को देश (खेत) कहते हैं। ७ राजा के सैन्य और कोश की वृद्धि को जो देता है वह देश कहलाता है।

देशक— संसार-ज्वरसंतापच्छेदि यद्वचनामृतम्। पीयते भव्यलोकेन प्रीत्या नित्यं स देशकः॥ (आचा. सा. २-३४)।

जिसका वचनरूप अमृत (उपदेश) संसाररूप ज्वर के सन्ताप को नष्ट करता है उसे देशक—उपाध्याय—कहा जाता है।

देशकथा—तथा देशकथा—यथा दक्षिणापथः प्रचुरान्नपानः स्त्रीसंभोगप्रधानः, पूर्वदेशो विचित्रवस्त्र-गुड-खण्ड-शालि-मद्यादिप्रधानः, उत्तरापथे शूराः पुरुषाः जविनो वाजिनो गोधूमप्रधानानि धान्यानि सुलभं कुंकुमं मधुराणि द्राक्षा-दाडिम-कपित्थादीनि, पश्चिमदेशे सुखस्पर्शानि च वस्त्राणि सुलभा इक्षवः शीतं वारीत्येवमादिः। (योगशा. स्वो. विव. ३-७९)।

विभिन्न देशों की—उनमें उत्पन्न होने वाले धन धान्यादि की—कथा करने को देशकथा कहते हैं। जैसे—दक्षिण देश बहुत अन्न-पान से परिपूर्ण है; पूर्व देश में अनेक प्रकारके वस्त्र, गुड़, खांड, चावल, एवं मदिरा आदि पदार्थ प्रचुरता से उपलब्ध होते हैं; उत्तर देश में पुरुष शूरवीर, घोड़े वेगशाली, गेहूं आदि प्रमुख धान्य, सुलभ केसर और मीठे अंगूर व अनार आदि होते हैं; तथा पश्चिम देश में सुखप्रद स्पर्शवाले वस्त्र और सुलभ गन्ने आदि पाये जाते हैं; इत्यादि।

देशकरणोपशमना— १. पगइ-ठिई-अणुभागप्पएस-मूलुत्तराहिपविभत्ता। देसकरणोवसमणा तीए समियस्स अट्ठपयं। (कर्मप्र. उपश. ६६)। २. दंसणमोहणीये उवसामिदे उदयादिकरणेसु काणि वि करणाणि उवसंताणि, काणि वि करणाणि अणुवसंताणि, तेणेसा देसकरणोवसामणा त्ति भण्णदे। (कसायपा. टि. २, पृ. ७०७)। ३. देसकरणोपसमणा भण्णति, पगइ-ठिति-अणुभाग-पदेसाणमज्झवसाणविसेसेणं थोवं उवसामिज्जति ण सव्वं; तम्हा देसकरणोपसमणा वुच्चति। (कर्मप्र. चू. उपश. ६६)। ४. देशतः करणाभ्यां यथाप्रवृत्तापूर्वकरणसंज्ञाभ्यां कृत्वा प्रकृत्यादीनामुपशमना देशकरणोपशमना। इदमुक्तं भवति—यथाप्रवृत्तकरणापूर्वकरणाभ्यां यत् प्रकृत्यादिकं देशतः उपशमयति, न सर्वात्मना, सा देशकरणोपशमना। (कर्मप्र. मलय. वृ. उपश. ६६)।

२ दर्शनमोहनीय का उपशम कर देने पर उदयादि करणों में कुछ करणों का तो उपशम हो जाता है और कुछ करणों का उपशम नहीं भी होता है, इसी से उसे देशकरणोपशामना कहा जाता है। ४ अध्यवसानविशेष से अधःकरण और अपूर्वकरण परिणामों के द्वारा जो प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश का अल्प मात्रा में उपशम किया जाता है उसे देशकरणोपशमना कहते हैं।

देशकाल—देशः प्रस्तावोऽवसरो विभागः पर्याय इत्यनर्थान्तरम्, तस्य कालो देशकालः, अभीष्टवस्त्ववाप्त्यवसरकाल इति भावः। (आव. मलय. वृ. ६६०)।

देश, प्रस्ताव, अवसर, विभाग और पर्याय ये समानार्थक शब्द हैं। इस प्रकार के देश का जो काल है उसे देशकाल अर्थात् अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति का अवसरकाल कहा जाता है।

देशकांक्षा—१. तस्स देसकंखा जहा कोई एगं कुतित्थियमतं कंखइ, ण सेसाणि मताणि, एसा देसकंखा। (दशवै. चू. वृ. ९५)। २. देशविषया एकमेव सौगतं दर्शनमाकांक्षति चित्तजयोऽत्र प्रतिपादितो-

अन्यमेव च प्रधानो मुक्तिहेतुरिति अतो घटमानकमिदं न दूरापेतमिति । (श्रा. प्र.टी. ८७)। ३. देशकांक्षा स्वैकादिदर्शनविषयः । यथा सुगतेन भिक्षूणामक्लेशको धर्म उपदिष्टः स्नानान्न-पानाच्छादन-शयनीयादिषु सुखानुभवनद्वारेण । (योगशा. स्वो. विव. २-१७)।

१ किसी एक ही कुतीर्थिक—मिथ्यादृष्टिप्रणीत—मत की अभिलाषा करना, अन्य मतों की नहीं, इसका नाम देशकांक्षा है ।

देशक्रम—युगपद्भाविनां देशप्रत्यासत्तिरूपो देशक्रमः । (न्यायकु. १-५, पृ. १५१)।

युगपत् उत्पन्न होने वाले पदार्थों की देश सम्बन्धी समीपता को देशक्रम कहते हैं ।

देशघातिस्पर्द्धक—१. स्वस्य ज्ञानादेर्गुणस्य देशं मतिज्ञानादिलक्षणं घातयन्तीत्येवं शीलानि देशघातीनि । (कर्मप्र. मलय. वृ. २-४४)। २. स्वघात्यज्ञानादेर्गुणस्य देशं मतिज्ञानादि लक्षणं घातयन्तीत्येवंशीलानि देशघातीनि । (पंचसं. संक्रम. मलय. वृ. ५२)। ३. विवक्षितैकदेशेनात्मगुणप्रच्छादिकाश्च देशघातिस्पर्द्धकानि । (धन. ध. स्वो. टी. २-४६, ४७)। ४. उक्तशेषा घातिकर्मप्रकृतयः पंचविंशतिर्देशघातिन्यः, तासां ज्ञानादिगुणैकदेशघातित्वात् । (कर्मप्र. यशो. वृ. १-१, पृ. ११)।

१ अपने ज्ञानादिगुणों के मतिज्ञानादिरूप देश का जो घात करते हैं वे देशघाती कहलाते हैं ।

देशचारित्र—अगारिणां गृहस्थानां देशतः एकदेशविरतिलक्षणम् (देशचारित्रम्) । (योगशा. स्वो. विव. १-४६)।

हिंसादि पापों से की जाने वाली एकदेशविरति का नाम देशचारित्र है, जो गृहस्थों के होता है ।

देशछन्दकथा—देशे मगधादौ छन्दो गम्यागम्यविभागो, यथा लाटदेशे मातुलभगिनी गम्या, अन्यत्रागम्येति । (स्थाना. अभय. वृ. २८३, पृ. २००)।

गम्य-अगम्य (भोग्याभोग्य) के विभाग का नाम छन्द है । मगधादि देश में गम्यागम्य—स्त्री के सेव्यासेव्य—की कथा करने को देशछन्दकथा कहते हैं । जैसे—लाट देश में मामा की बहन (पुत्री ?) भोग्य मानी जाती है, अन्य देश में नहीं ।

देशजिन— अवरे (अरहंत-सिद्धव्यदिरित्ता) आइरिय-उवज्झाय-साहू देसजिणा, तिव्वकसाइंदिय-मोहविजयादो । (धव. पु. ९, पृ. १०)।

आचार्य, उपाध्याय और साधु ये तीव्रकषाय, इन्द्रियों और मोह के जीत लेने से देशजिन कहलाते हैं ।

देशज्ञानावरणीय—देशम्—ज्ञानस्याऽऽभिनिबोधिकादिकमावृणोतीति देशज्ञानावरणीयम् । (स्थाना. अभय. वृ. २, ४, १०५)।

जो ज्ञान के देशभूत आभिनिबोधिक आदि को आच्छादित करता है उसे देशज्ञानावरणीय कहते हैं ।

देशत्यागी—देशस्य जन्मक्षेत्रादेस्त्यागो देशत्यागः, स यस्मिन्नविनये प्रभुगालीप्रदानादस्ति स देशत्यागी । (स्थाना. अभय. वृ. ३, ३, १८७)।

स्वामी को गाली देने आदि रूप जिस अविनय में जन्मक्षेत्रादि का त्याग होता है वह देशत्यागी नामक अविनयरूप मिथ्यात्वक्रिया है ।

देशना—१. छद्दव्व-णवपदत्थोवदेसो देसणा णाम । (धव. पु. ६, पृ. २०४)। २. दिश्यते परस्मै प्रतिपाद्यते इति देशना उपदेश्यमानो धर्मो धर्मोपदेशनं वा देशना । (अन. ध. स्वो. टी. १-५)।

१ छह द्रव्य और नौ पदार्थों के उपदेश को देशना कहते हैं । २ दिश्यते इति देशना अर्थात् जिस धर्म का दूसरे के लिए प्रतिपादन किया जाता है उस धर्म को अथवा उसके उपदेश को देशना कहा जाता है ।

देशनालब्धि—१. तीए देसणाए परिणदआइरियादीणमुवलंभो, देसिदत्थस्स गहण-धारण-विचारणसत्तीए समागमो अ देसणलद्धी णाम । (धव. पु. ६, पृ. २०४)। २. छद्दव्व-णवपयत्थोपदेसयरसूरिपहुदिलाहो जो । देसिदपदत्थधारणलाहो वा तदियलद्धी दु ॥ (ल. सा. ६)। ३. यथार्थतत्त्वोपदेश-तदुपदेशकाचार्याद्युपलब्धिरुपदिष्टार्थग्रहण-धारणा-विचारणशक्तिर्वा दैशनिकी लब्धिः । (पंचसं. अमित. १-२८७, पृ. ३६; अन. ध. स्वो. टी. २, ४६-४७)। ४. ××× षड् द्रव्याणि जीव-पुद्गल-धर्माधर्म-कालाकाशानि, पञ्चास्तिकाया अत्रान्तर्भूताः । नव पदार्थाः जीवाजीवास्रव-बन्ध-संवर-निर्जरा-मोक्ष-पुण्य-पापानि, सप्ततत्त्वान्यत्रैवान्तर्भूतानि, तेषामुपदेशकराः आचार्योपाध्यायादयः, तेषां लाभो अस्तद्व-

नाप्राप्तिः चिरातीतकाले उपदेशितपदार्थधारणलाभो वा स देशनालब्धिः। (ल. सा. टी. प्र. ६)।

१ देशना से परिणत—उसमें व्यापृत—आचार्य आदि की उपलब्धि तथा उपदेशित तत्त्व के ग्रहण, धारण एवं चिन्तन की शक्ति के समागम को देशनालब्धि कहते हैं।

देशनिर्जरा—संसारे संसरंतस्स खओवसमगदस्स कम्मस्स। सव्वस्स वि होदि जगे XXX॥ मूला. ८-५५)।

चतुर्गतिमय संसार में परिभ्रमण करने वाले सर्व संसारी जीवों के क्षयोपशम को प्राप्त हुए कर्म की जो निर्जरा होती है उसे देशनिर्जरा कहते हैं और वह सभी संसारी जीवों के होती है।

देशनेपथ्यकथा—देशे मगधादौ XXX नेपथ्यं स्त्री-पुरुषाणां वेषः स्वभाविको विभूषाप्रत्ययश्चेति। स्थाना. अभय. वृ. ४, २, २८२)।

मगधादि देश में स्त्री-पुरुषों की स्वाभाविक वेशभूषा की चर्चा करने को देशनेपथ्यकथा कहते हैं।

देशपरिक्षेपी नैगम—देशो विशेषः परमाण्वादिगतस्तं परिक्षेप्तुं शीलमस्येति देशपरिक्षेपी, विशेषग्राहीत्यर्थः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १-३५)।

देश से अभिप्राय परमाणु आदिगत विशेष का है, उसे ग्रहण करने वाले विशेषग्राही नैगमनय को देशपरिक्षेपी नैगमनय कहते हैं।

देशपार्श्वस्थ—१. सेज्जायरकुलनिस्सिय ठवणकुलपलोयणाभिहडे य। पुव्विं पच्छा संथव निइअग्गपिंडभोइपासत्थो। (व्यव. भा.३-२३०, पृ. १११)। २. नित्यपिण्डमग्रपिण्डं च यो भुंक्ते स देशतः पार्श्वस्थः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ३-२३०)।

२ नित्यपिण्ड और अग्रपिण्ड के खाने वाले साधु को देशपार्श्वस्थ कहते हैं।

देशप्रकृतिविपरिणामना—जासिं पयडीणं देसो णिज्जरिज्जदि अधट्ठिदिगलणाए सा देसपयडिविपरिणामणा णाम। (धव. पु. १५, पृ. २८३)।

अधःस्थितिगलन से जो प्रकृतियों का एक देश निर्जीर्ण होता है उसका नाम देशप्रकृतिविपरिणामना है।

देशप्रत्यक्ष—क्षायोपशमिकमपरं देशप्रत्यक्षमक्षयं क्षयि च॥ (पंचाध्या. ६९७); देशप्रत्यक्षमिहाप्यवधि-मनःपर्ययं च यज्ज्ञानम्। देशं नोइन्द्रिय-मनउत्थात् प्रत्यक्षमितरनिरपेक्षात्॥ (पंचाध्या. १, ६९९)।

अवधि और मनःपर्यय ज्ञान जो क्षायोपशमिक हैं वे ईषत् इन्द्रियरूप मन के आलम्बन से उत्पन्न होने के कारण देशप्रत्यक्ष कहलाते हैं। प्रकृत देशप्रत्यक्ष अप्रतिपाती होने से अविनश्वर और प्रतिपाती होने से विनश्वर भी है।

देशप्रत्यासत्तिकृत संयोगसम्बन्ध—देसपच्चासत्तिकओ णाम दोण्हं दव्वाणमवयवफासं काऊण जमच्छणं सो देसपच्चासत्तिकओ संजोगो। (धव. पु. १४, पृ. २७)।

दो द्रव्य परस्पर अवयवों का स्पर्श करके जो स्थित रहते हैं, इसे देशप्रत्यासत्तिकृत संयोग कहा जाता है।

देशयति—पंच य अणुव्वदाइं सत्त य सिक्खाउ देसजदिधम्मो। सव्वेण य देसेण य तेण जुदे होदि देसजदी॥ (भ. आ. २०६७)।

पांच अणुव्रतों और सात शिक्षाव्रतों को देशयतिधर्म कहा जाता है। इससे जो पूर्णतया अथवा एकदेशरूप से युक्त होता है उसे देशयति कहते हैं।

देशविकल्पकथा—देशे मगधादौ XXX विकल्पः—सस्यनिष्पत्तिः वप्र-कूपादि-देवकुल-भवनादिविशेषश्चेति, तत्कथा। (स्थाना. अभय. वृ. ४, २, २८२)।

विकल्प का अर्थ धान्य की उत्पत्ति व कोट, कुआं, देवगृह और भवन आदि की विशेषता है। उनकी मगधादि देशविशेष की अपेक्षा चर्चा करना, यह देशविकल्पकथा कहलाती है।

देशविचिकित्सा—तत्थ देसवितिगिच्छा सोहणं साहूणं जइ पुण जीवाउलो न लोगो दिट्ठो होंतो तो सुट्ठुयरं होन्तंति एवमाइ देसवितिगिच्छा भण्णइ। (दशवै. चू. २, पृ. ६५)।

साधुओं को यदि जीवों से व्याप्त लोक न दिखता तो बहुत अच्छा होता, इस प्रकार के विचार करने को देशविचिकित्सा कहते हैं।

देशविधिकथा—देशे मगधादौ विधिः—विरचना भोजन-मणिभूमिकादीनाम्, भुज्यते वा यद्यत्र प्रथमतयेति देशविधिः, तत्कथा देशविधिकथा। (स्थाना. अभय. वृ. २, ४, २८२)।

विधि का सर्व भोजन व मणिमय भूमिका आदि की रचना है, यह देशविधि है। अथवा जो जहां प्रथमतया खाया जाता है। अभिप्राय यह है कि अमुक देश में अमुक प्रकार की भोजनपद्धति आदि है तथा अमुक देश के लोग पहले अमुक वस्तु को खाते हैं, इत्यादि प्रकार से विभिन्न देशों के भोजन आदि की विधि की कथा करने को देशविधिकथा कहते हैं।

देशविप्रकृष्ट—देशविप्रकृष्टा मुष्टिस्थादि द्रव्यम्। (धा. श्री. वसु. वृ, ५)।

मुट्ठी में स्थित आदि द्रव्य को देशविप्रकृष्ट कहते हैं।

देशविरत—देशो देशयति। १. दंसण वय सामाइय पोसह सचित्त रायभत्ते य। बम्हारंभ परिग्गह अणुमण उद्दिट्ठ देशविरदेदे॥ (चारित्रप्रा. २१; द्वादशानु. ६९; प्रा. पंचसं. १–१३६; गो. जी. ४७३)। २. सर्वासंयमप्रत्याख्यानस्यासमर्थः हिंसाद्येकदेशाद्विरतः स्थूलभूतप्राणातिपातादिपंचकाद् देशविरतः। (भ. आ. विजयो. २०६८)। ३. देशविरतस्तु पूर्वोक्तैस्त्रिभिः पदैः शुद्धः एकव्रतादियुक्तो यावदुत्कृष्टोऽनुमतिसेवको भवति। (पंचसं. स्वो. वृ. उपश. ३०)। ४. स्थूलहिंसादिपंचकान्मनोवाक्काय-कृतादिना व्यावृत्तो देशविरतः। (भ. आ. मूला. २०७८)। ५. एकव्रतविषयस्थूलसावद्ययोगादौ सर्वव्रतविषयानुमतिवर्जसावद्ययोगान्ते करणत्रय-योगत्रयविषयसर्वसावद्ययोगस्य, देशे विरतमस्यास्तीति देशविरतः। (कर्मस्त. गो. वृ. २, पृ. ३)। ६. यस्तु देशतो विरतः स देशविरतः। (पंचसं. मलय. वृ. उपश. ३०, पृ. १६७)।

१ दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषध, सचित्तविरत, रात्रिभक्तविरत, अब्रह्मविरत, आरम्भविरत, परिग्रहविरत, अनुमतिविरत और उद्दिष्टविरत ये ग्यारह देशविरत श्रावक माने गये हैं। २ सर्व असंयमभाव के छोड़ने में असमर्थ जो व्यक्ति हिंसादि पांच पापों के एकदेश से विरत होता है उसे स्थूल हिंसादि पांच पापों से देशविरत कहते हैं। ३ ज्ञान, ग्रहण और अनुपालन इन तीन पदों से शुद्ध एक व्रत आदि—प्रथम प्रतिमा से लेकर—उत्कृष्ट अनुमतिसेवक तक देशविरत कहलाता है।

देशविरति—१. ग्रामादीनामवधृतपरिमाणः प्रदेशो देशः। ततो बहिर्निवृत्तिर्देशविरतिव्रतम्। (स. सि. ७–२१)। २. ग्रामादीनां अवधृतपरिमाणः प्रदेशो देशः। ग्राम-नगर-गृहापवरकादीनामवधृतपरिमाणानां प्रदेशो देशः इत्युच्यते। × × × विरमणं विरतिः, निवृत्तिरिति यावत्, देशाद् विरतिः देशविरतिः। (त. वा. ७, २१, ३–४)। ३. ग्रामादीनां प्रदेशस्य परिमाणकृतावधिः। बहिर्गतनिवृत्तिर्वा तद् देशविरतिर्व्रतम्॥ (ह. पु. ५८–१४४)। ४. ग्रामादीनामवधृतपरिमाणप्रदेशो देशः। × × × ततो विरतिर्व्रतम्। (त. श्लो. ७–२१)। ५. तत्रापि च परिमाणं ग्रामापण-भवन-पाटकादीनाम्। प्रविधाय नियतकालं करणीयं विरमणं देशात्॥ (पु. सि. १३९)। ६. मदीयस्य गृहान्तरस्य तडागस्य वा मध्यं मुक्त्वा देशान्तरं न गमिष्यामीति तन्निवृत्तिर्देशविरतिः। (चा. सा. पृ. ९)। ७. देशावधिमपि कृत्वा यो नाक्रामति सदा पुनस्त्रेधा। देशविरतेर्द्वितीयं गुणव्रतं तस्य जायेत॥ (अमित. श्रा. ६–७८)। ८. यदि विज्ञानतः कृत्वा देशावधिमहर्निशम्। नोल्लङ्घ्यते पुनः पुंसां द्वितीयं तद् गुणव्रतम्॥ (सुभा. सं. ७९६)। ९. यद् देशस्यावधि कृत्वा गम्यते न दिवानिशम। ततः परं बुधैरुक्तं द्वितीयं तद् गुणव्रतम्॥ (प. प. १९–७७, पृ. २७४)। १०. वयभंगकारणं होइ जम्मि देसम्मि तत्थ णियमेण। कीरइ गमणणियत्ती तं जाण गुणव्वयं विदियं॥ (वसु. श्रा. २१५)। ११. कृत्वा कालावधिं शक्त्या कियत्प्रदेशवर्जनम्। तद् देशविरतिर्नाम व्रतं द्वितीयकं विदुः॥ (भावसं. वाम. ४६०)। १२. गन्तव्यायामपि दिशि नियतदेशात् ग्राम-नदी-क्षेत्र-योजन-वन-गृह-कटकादिलक्षणात् परतो विरमणं देशविरतिव्रतम्। (त. वृत्ति श्रुत. ७–२१)। १३. इयन्तीं क्ष्मां गमिष्यामि कृतसंख्यां दिशं तथा। इत्युक्त्वा गम्यते यत्तत् द्वितीयं स्याद् गुणव्रतम्॥ (पू. उपासका. २९)।

१ ग्राम-नगरादि के जितने प्रदेश का प्रमाण निश्चित किया गया है उसका नाम देश है; उसके बाहिर गमन का परित्याग करना, इसे देशविरतिव्रत कहा जाता है।

देशविषय मिथ्यादृष्टिप्रशंसा—देशविषयं तु इदमेव बुद्धवचनं साङ्ख्य-कणादादिवचनं वा तत्त्वमिति। (योगशा. स्वो. विव. २–१७)।

यह बुद्ध का वचन, सांख्य का वचन अथवा कणाद

आदि का वचन ही तत्त्व (यथार्थ) है, इस प्रकार मिथ्यामत की प्रशंसा करना, यह देशविषयक मिथ्यादृष्टिप्रशंसा है।

देशव्यतिरेक—स यथा चैको देशः स भवति नान्यो भवति स चाप्यन्यः। सोऽपि न भवति स देशो भवति स देशश्च देशव्यतिरेकः॥ (पंचाध्या. १–१४७)।

जो एक देश है वह वही है, दूसरा नहीं है, और जो दूसरा देश है वह दूसरा ही है, अन्य नहीं है; इस प्रकार के व्यतिरेक को देशव्यतिरेक कहते हैं।

देशव्रत (एक गुणव्रत)—देखो देशविरतिव्रत। १. देशव्रतं नाम अपवरक-गृह-ग्रामसीमादिषु यथाशक्ति प्रविचाराय परिमाणाभिग्रहः। तत्परतश्च (सर्वभूतेष्वर्थतोऽनर्थतश्च) सर्वसावद्ययोगनिक्षेपः। (त. भा. ७–१६)। २. देशे भागेऽवस्थापनं प्रतिदिनं प्रतिप्रहरं प्रतिक्षणमिति × × × दिक्परिमाणस्यैकदेशो देशस्तद्विषयं व्रतं देशनियमस्तच्च प्रयोजनापेक्षमेकादिदिक्कं सर्वदिक्कम्। (त. भा. हरि. वृ. ७–१६)।

१ अपवरक (गृह का एक भाग), गृह और ग्राम की सीमादिक में यथाशक्ति गमनादि के लिए—उसके नियमनार्थ—परिमाण का नियम करना, यह देशव्रत कहलाता है। कृत परिमाण के बाहिर प्रयोजन व उसके बिना भी समस्त प्राणियों में पूर्ण सावद्ययोग का परिहार हो जाता है, यह इस व्रत का फल है।

देशव्रत (पंचम गुणस्थान)—१. पच्चक्खाणुदयादो संजमभावो ण होदि णवरिं तु। थोववदो होदि तदो देसवदो होदि पंचमओ॥ (गो. जी. ३०)। २. सम्यग्दृष्टिः सन् भूमिरेखादिसमानक्रोधादिद्वितीयकषायोदयाभावे सत्यभ्यन्तरे निश्चयनयेनैकदेशरागादिरहितस्वाभाविकसुखानुभूतिलक्षणेषु बहिर्विषयेषु पुनरेकदेशहिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहनिवृत्तिलक्षणेषु एकादशनिलयेषु वर्तते स पञ्चमगुणस्थानवर्ती श्रावकः। (बृ. द्रव्यसं. टी. १३)। ३. प्रत्याख्यानावरणकषायाणां सर्वघातिस्पर्धकोदयाभावलक्षणे क्षये तेषामेव सदवस्थालक्षणे उपशमे च देशघातिस्पर्धकोदयादुत्पन्नत्वाद् देशसंयमः क्षायोपशमिकः। (गो. जी. म. प्र. ३०)। ४. देशेन एकदेशेन त्रसवधनिवृत्त्याश्रयेण संयतो विरतो देशसंयतः। (गो. जी. जी. प्र. ३१)।

१ प्रत्याख्यानावरण कषाय का उदय होने से पूर्ण संयम तो नहीं होता, पर स्तोक (देशतः) व्रत होता है, इसी से पांचवें गुणस्थानको देशविरत कहा जाता है।

देशव्रती—यश्च[प्र्या-]प्रत्याख्यानावरणसंज्ञिद्वितीयकषायक्षयोपशमे जाते सति पृथिव्यादिपञ्चस्थावरवधे प्रवृत्तोऽपि यथाशक्त्या त्रसवधे निवृत्तः स पञ्चमगुणस्थानवर्ती श्रावकः। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४५)।

अप्रत्याख्यानावरण कषाय का क्षयोपशम होने पर पृथिवी आदि पांच प्रकार के स्थावरों के घात में प्रवृत्त होता हुआ भी जो यथाशक्ति त्रस जीवों की हिंसा से विरत रहता है वह देशव्रती (पांचवें गुणस्थानवर्ती) श्रावक कहलाता है।

देशशंका—१. तत्थ देससंका जहा समाणे जीवत्ते कहमेस भविओ इमो अभविउ त्ति, ण पुण चितेइ जहा भावा हेउगेज्झा अहेउगेज्झा य, तत्थ हेउगेज्झा जहा जीवस्स अत्थित्तं एवमादी, अहेउगेज्झा जहा भविया अभविया य, (केवलि)नेयो भावोत्ति, एसा देससंका। (दशवै. चू. २, पृ. ९२)। २. देशशङ्का देशविषया यथा किमयमात्मासंख्येयप्रदेशात्मकः स्यादथ निःप्रदेशो निरवयवः स्यादिति। (श्रा. प्र. टी. ८७)। ३. देशशङ्का एकैकवस्तुधर्मगोचरा। (योगशा. स्वो. विव. २–१६)।

१ जीवत्व के समान होने पर यह भव्य है और यह अभव्य है, ऐसा क्यों; इस प्रकार की शंका देशशंका कही जाती है। वह यह विचार नहीं करता कि कुछ भाव हेतु से ग्राह्य हैं और कुछ बिना हेतु के, उनमें हेतुग्राह्य जैसे जीव के अस्तित्व आदि भाव। अहेतुग्राह्य जैसे भव्यत्व-अभव्यत्व, ये भाव केवलज्ञानगम्य हैं।

देशसत्य—१. ग्राम-नगर-राज-गण-पाखण्ड-जाति-कुलादिधर्माणामुपदेष्टृ यद्वचस्तद् देशसत्यम्। (त. वा. १, २०, १२; धव. पु. १, पृ. ११८; चा. सा. पृ. ९)। २. यद् ग्राम-नगराचार-राज-धर्मोपदेशकृत्। गणाश्रमपदोद्भासि देशसत्यं तु तन्मतम्॥ (ह. पु. १०–१०५)। ३. सर्वदेशैकवाग् देशसत्यमोदनपाकवाक्। यथा वृत्या वृतो ग्राम इति ग्रामादिवर्णनम्। (आचा. सा. ५–३३)।

१ ग्राम, नगर, राजा, गण, पाखण्ड, जाति और कुल

आदि अर्थों के उपदेशक वचन को देशसत्य कहते हैं।

देशसंयम—देखो देशव्रत। १. देशविरते प्रत्याख्यानावरणकषायाणां सर्वघातिस्पर्धकोदयाभावलक्षणे क्षये तेषामेव हीनानुभागरूपतया परिणतानां सदवस्थालक्षणे उपशमे च देशघातिस्पर्धकोदयसहिते उत्पन्नं देशसंयमरूपचारित्रं क्षायोपशमिकम्। (गो. जी. म. प्र. ११)। २. देशसंयतापेक्षया प्रत्याख्यानावरणकषायाणाम् उदयागतदेशघातिस्पर्धकानन्तबहुभागानुभागोदयेन सहानुदयागतक्षीयमाणविवक्षितोदयनिषेकसर्वघातिस्पर्धकानन्तबहुभागानामुदयाभावलक्षणक्षये तेषामुपरितननिषेकाणां अनुदयप्राप्तानां सदवस्थालक्षणोपशमे च सति समुद्भूतत्वात् चारित्रमोहं प्रतीत्य देशसंयमः क्षायोपशमिकभावः। (गो. जी. जी. प्र. १३)।

१ प्रत्याख्यानावरण कषायों के सर्वघातिस्पर्धकों का उदयाभावस्वरूप क्षय, हीन अनुभागरूप से परिणत उन्हीं का सदवस्थारूप उपशम और देशघातिस्पर्धकों का उदय होने पर देशविरत (पांचवें) गुणस्थान में देशसंयमरूप क्षायोपशमिक चारित्र होता है।

देशसंवर—शेषकाले (बादर-सूक्ष्मयोगनिरोधकालात् प्राक्) चरणप्रतिपत्तेरारभ्य देशसंवरपरिणतिभागात्मा भवति। ××× देशसंवरस्तु सामायिकादिचारित्रवतां सत्यपि परिस्पन्दवत्त्वे विदिततत्त्वानां संसारजलधेरुत्तरीतुमभिवाञ्छतां प्रधानसंवराभावेऽपि न्यस्तसमस्तप्रमादस्थानानां देशसंवरः समस्त्येवेति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–१)।

बादर व सूक्ष्म योगों के निरोध से पूर्व चारित्रप्राप्ति से लेकर आत्मा देशसंवर से युक्त हो जाता है। सामायिक आदि चारित्र वाले जीव यद्यपि परिस्पन्दन से युक्त होते हैं, फिर भी तत्त्वों के ज्ञाता होकर वे चूंकि संसार से पार होने के इच्छुक होते हैं, इसीलिए प्रधान संवर के न होने पर भी समस्त प्रमादस्थानों का उनके देशसंवर होता ही है।

देशस्नान — देशस्नानमधिष्ठानशौचातिरेकेणाक्षिपक्ष्मप्रक्षालनमपि। (दशवै. सू. हरि. वृ. ३२, पृ. ११६)।

अधिष्ठानप्रदेश की पवित्रता के अतिरिक्त आंखों के पलकों के धोने को भी देशस्नान कहा जाता है।

देशाख्यान — तदेकदेशदेशाद्रि-द्वीपाब्ध्यादिप्रपञ्चनम्। देशाख्यानम्। ××× ॥ (म. पु. ४–५)।

लोक के एकदेशभूत देश, पर्वत, द्वीप और समुद्रादि का विस्तारपूर्वक कथन करने को देशाख्यान कहते हैं।

देशाभिहृत— एकदेशादागतमोदनादिकं देशाभिघटकम्। (मूला. वृ. ६–१९)।

एक देश से आये हुये ओदन (भात) आदि भोज्य सामग्री के ग्रहण करने को देशाभिघट (देशाभिहृत) दोष कहते हैं।

देशामर्शक—जेणेदं सुत्तं देसामासयं, तेण उत्तासेसलक्खणाणि एदेण उत्ताणि। एदं देसामासियसुत्तं कुदो ? एगदेसपदुप्पायणेण एत्थतणसयलत्थस्स सूचयत्तादो। एदं देसामासियसुत्तं, तेणेदेण आमासियत्थेण अणामासियत्थो उच्चदे। (धव. पु. १, पृ. ८ का टिप्पण नं १)।

जो सूत्र आमृष्ट—स्पृष्ट या विवेचित—अर्थ के साथ उससे सम्बद्ध अन्य समस्त अर्थ का सूचक होता है उसे देशामर्शक कहते हैं।

देशावकाशिकव्रत—देखो देशविरति। १. देशावकाशिकं स्यात् कालपरिच्छेदनेन देशस्य। प्रत्यहमणुव्रतानां प्रतिसंहारो विशालस्य ॥ (रत्नक. ९२)। २. दिसिव्वयगहियस्स दिसापरिमाणस्स पइदिणं परिमाणकरणं देसावगासियं। (श्राव. ६–१०)। ३.[देशः]दिग्व्रतगृहीतदिक्परिमाणस्यैकदेशः अंशः, तस्मिन्नवकाशः—गमनादिचेष्टास्थानं देशावकाशिकस्तेन निर्वृत्तं देशावकाशिकम्। (श्राव. वृ. ६-१०, पृ. ८३५)। ४. पुव्वपमाणकदाणं सव्वदिसीणं पुणो विसंवरणं। इंदियविसयाण तहा पुणो वि जो कुणदि संवरणं। वासादिकयपमाणं दिणे दिणे लोह-कामसमणट्ठं। सावज्जवज्जणट्ठं तस्स चउत्थं वयं होदि ॥ (कार्तिके. ३६७–६८)। ५. देशेऽवकाशो देशावकाशः, तत्र भवं देशावकाशिकम्। इदमुक्तं भवति-पूर्वगृहीतस्य दिग्व्रतस्य योजनशतादिकस्य यत्प्रतिदिनं संक्षिप्ततरं योजन-गव्यूति-पत्तन-गृहमर्यादादिकं परिमाणं विधत्ते तद् देशावकाशिकमित्युच्यते। (सूत्रकृ. शी. वृ. २, ७, ७९, पृ. १८२)। ६. देशे विभागे प्राक्प्रतिपन्नदिग्व्रतस्य योजनशतादिपरिमाणरूपस्य अवकाशो गोचरो यस्य प्रतिदिनं प्रत्याख्येयतया तत्तथा। (ध. बि. मु. वृ. ३–१८)। ७. देशावकाशिक देशे मर्यादीकृतदेशमध्येऽपि स्तोकप्रदेशेऽवकाशो नियतकालमवस्थानम्, सोऽस्यास्तीति

देशावकाशिकं शिक्षाव्रतम् । (रत्नक. टी. ४-२) । ८. दिग्व्रते परिमाणं यत्तस्य संक्षेपणं पुनः । दिने रात्रौ च देशावकाशिकव्रतमुच्यते ॥ (योगशा. ३, ८४; त्रि. श. पु. च. १, ३, ६४०); देशे दिग्व्रतगृहीतपरिमाणस्य विभागे अवकाशोऽवस्थानं देशावकाशः, सोऽत्रास्तीति देशावकाशिकम् । (योगशा. स्वो. विव. ३-८४) । ९. दिग्व्रतपरिमितदेशविभागे ऽवस्थानमस्ति मितसमयम् । यत्र निराहुर्देशावकाशिकं तद्व्रतं तज्ज्ञाः ॥ (सा. ध. ५-२५) । १०. दिग्व्रतादृतदेशस्य यत्संहारो गमस्य च । क्रियते सावधिः सीम्ना तत्स्याद् देशावकाशिकम् ॥ (धर्मसं. श्रा. ७-३४) ।

१ अणुव्रती श्रावक दिवसादिरूप काल के नियमपूर्वक जो प्रतिदिन दिग्व्रत में ग्रहण किये विशाल देश का संकोच किया करते हैं, इसे देशावकाशिकव्रत कहा जाता है । ५ दिग्व्रत में जो सौ योजनादि रूप दिशा का प्रमाण किया गया है उसमें प्रतिदिन संक्षेप करके एक योजन, कोश, ग्राम व गृह आदि का प्रमाण करना; यह देशावकाशिकव्रत कहलाता है ।

देशावधि—भवं प्रतीत्य यो जातो गुणं च प्राणिनामिह । देशावधिः स विज्ञेयो दृष्टिमोहाद् विपर्ययः ॥ (त. श्लो. १, ३२, ११३, पृ. २६७) ।

भव या गुण (क्षयोपशम) के आश्रय से जो जीवों के अवधिज्ञान होता है उसे देशावधि कहते हैं । वह दर्शनमोह के उदय से विपर्यय (विभंग) हुआ करता है ।

देशावधिमरण—यत्साम्प्रतमुदेत्यायुर्यथाभूतं तथाभूतमेव बध्नाति देशतो यदि तद् देशावधिमरणम् । (भ. आ. विजयो. २५; भा. प्रा. टी ३२) ।

वर्तमान समय में जैसा आयुकर्म उदय में आ रहा है, उसी प्रकार का यदि एक देश रूप से बांधता है तो इसे देशावधिमरण कहते हैं ।

देशावरण—देशं ज्ञानस्याऽऽभिनिबोधादिमावृणोतीति देशज्ञानावरणीयम् । ××× मत्याद्यावरणं तु घनातिच्छादितादित्येषत्प्रभाकल्पस्य केवलज्ञानदेशस्य कट-कुट्यादिरूपावरणतुल्यमिति देशावरणमिति । (स्थाना. अभय. वृ. २, ४, १०५, पृ. ८१) ।

ज्ञान के देशभूत आभिनिबोध आदि को जो आच्छादित करता है उसे देशज्ञानावरण कहते हैं । जिस प्रकार मेघों से आच्छादित सूर्य की थोड़ी सी प्रभा दृष्टिगोचर होती है उसी प्रकार ज्ञानावरण से आच्छादित ज्ञान के देशभूत मतिज्ञान आदि प्रगट रहते हैं । ज्ञान के देशभूत मतिज्ञानादि को आवृत करने वाले मतिज्ञानावरणादि थोड़ी सी सूर्यप्रभा के आच्छादक कट व कुटी आदि के समान हैं ।

देशावसन्न—आवस्सय-सज्झाए पडिलेहणझाण-भिक्खभत्तट्ठं । आगमणे णिग्गमणे ठाणे य निसीयण-तुयट्टे ॥ आवस्सयाइयाइं न करेइ अहवा विहीणमहियाइं । गुरुवयणबलाय तहा भणिओ देसावसन्नोत्ति । (प्रव. सारो. १०७-८); यदैतान्यावश्यक-स्वाध्यायादीनि स्थानानि सर्वथा न करोत्यथवा हीनाधिकानि करोति प्रतिषिद्धकालकरणादिदोषदुष्टानि वा करोति तदा देशावसन्नो भवतीत्यर्थः । (प्रव. सारो. वृ. १०७-८) ।

जो प्रतिक्रमणादि आवश्यक, स्वाध्याय, प्रतिलेखन, भिक्षा (गोचरी), ध्यान, भोजन, आगमन, निर्गमन, स्थान (कायोत्सर्गादि में अवस्थान), निषीदन (बैठना) और त्वग्वर्तन (शयन); इन आवश्यक क्रियाओं को या तो सर्वथा ही नहीं करता है या हीनाधिक रूप में करता है, अथवा निषिद्ध काल में उन्हें करता है वह देशावसन्न (साधु) कहलाता है जो वन्दना के अयोग्य होता है ।

देशोपशमना—१. मूलुत्तरकम्माणं पगडिट्ठितिमादि होइ चउमेया । देसकरणेहिं देसं समेइ जं देससमणातो ॥ (पंचसं. उपश. ६५, पृ. २०६) । २. देशोपशमना करणकृता करणरहिता च । ×× × तत्र या करणरहिता तस्या व्याख्या नास्ति, तद्वेतृणामभावात् । सा च गिरिनदीपाषाणवृत्तादिभाववत् संसारस्थजीवानां करण-विशिष्टगुणाभ्यां विनापि वेदनानुभवनादिकारणैर्भवति । (पंचसं. स्वो. वृ. उपश. १); मूलोत्तरकर्माणि प्रकृति-स्थित्यनुभाग-प्रदेशभेदाच्चतुर्धा भवन्ति, देशकरणैः (आभ्यां) यथाप्रवृत्तापूर्वकरणसंज्ञैः (आभ्यां) देशं किञ्चिन्मात्रं प्रकृति-स्थित्यादीनां यत उपशामयति अतो देशोपशमना भण्यते । (पंचसं. स्वो. वृ. उपश. ६५, पृ. २०६) । ३. देशोपशमना द्विधा करणकृता करणरहिता च । ××× करणानि यथाप्रवृत्तापूर्वानिवृत्तिसंज्ञानि, तैः कृता करणकृता ।

तद्विपरीता करणरहिता या संसारिणां जीवानां गिरिनदीपाषाणवृत्तादिसंभवत्यथाप्रवृत्तादिकरण-साध्यक्रियाविशेषमन्तरेणापि वेदनानुभवनादिभिः कारणैरुपजायते। तस्याश्च सम्प्रत्यनुयोगो व्यवच्छिन्नः, तद्वेतृणामभावात्। (पंचसं. मलय. वृ. उपश. १); यत् यस्मात्कारणाद् देशभूताभ्यामेकदेशभूताभ्यां यथाप्रवृत्तापूर्वकरणसंज्ञिताभ्यां करणाभ्यां प्रकृतिस्थित्यादीनां देशमेकदेशं शमयत्युपशमयति, ततो देशोपशमनाभिधीयते। (पंचसं. मलय. वृ. उपश. ६५)।

१ देशकरणरूप अधःप्रवृत्त और अपूर्वकरण परिणामों के द्वारा जो प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश का अल्प मात्रा में उपशम किया जाता है उसे देशकरणोपशमना कहा जाता है।

देहू—देहोऽपि औदारिक-वैक्रियिकाहारकवर्गणागत-पुद्गलपिण्डः, कर-चरण-शिरोग्रीवाद्यवयवैः परिणतो वा। (मूला. वृ. १२–२)।

औदारिक, वैक्रियिक और आहारक वर्गणाओं के पुद्गलपिण्ड को देह कहते हैं। अथवा हाथ, पैर, शिर और ग्रीवा आदि अवयवस्वरूप से परिणत पुद्गलपिण्ड को देह कहा जाता है।

दैव—१. योग्यता कर्म पूर्वं वा दैवमुभयमदृष्टम्। (अष्टश. ८८)। २. जमुदग्गं वेवेणं कम्मं परिणमइ इह पयासेण। तं दइवं ××× ॥ (उपदे. प. ३५०); बहुकम्मणिमित्तो पुण अज्भवसाओ उ दइवो त्ति ॥ (उपदे. प. ३५१)। ३. यदुदग्रमुत्कटरसतया प्राक् समुपार्जितं स्तोकेनापि कालेन परिमितेन कर्म सद्वेद्यादि परिणमति फलदानं प्रति प्रह्वीभवति इह जने प्रयासेन राजसेवादिना पुरुषकारेण, तद् दैवं लोके समुद्घुष्यते। (उपदे. प. मु. वृ. ३५०); अथवा ××× बहु प्रभूतं पुरुषकारमाश्रित्य कर्म निमित्तं यत्र स पुनरध्यवसाय इह नवोऽल्पार्थत्वादल्पो व्यवसायः पुनर्दैवमिति। यत्र हि कार्यसिद्धावल्पः कर्मणो भावो बहुश्च पुरुषप्रयासस्तत्कार्यं पुरुषकारसाध्यमुच्यते। यत्र पुनरेतद्विपर्ययस्तत् कर्मकृतमिति। (उपदे. प. मु. वृ. ३५१)।

१ योग्यता अथवा पूर्व कर्म को दैव कहते हैं, जिन्हें अदृष्ट कहा जाता है। २ पूर्वोपार्जित कर्म जो परिमित समय में ही तीव्र अनुभागस्वरूप से सातावेदनीय आदिरूप परिणत होता हुआ फल देने के उन्मुख होता है, इसका नाम दैव है। अथवा पुरुषार्थ की अपेक्षा जिस अध्यवसाय में बहुत कर्म निमित्त होता है उसे दैव कहा जाता है।

दैवकृत—अतर्कितोपस्थितमनुकूलं प्रतिकूलं वा दैवकृतम्। (अष्टश. ९१)।

अतर्कित—बिना किसी प्रकार के विचारादि के—जो अनुकूल या प्रतिकूल सामग्री प्राप्त होती है वह दैवकृत कहलाती है।

दैवविवाह—१. स दैवो विवाहो यत्र यज्ञार्थमृत्विजः कन्याप्रदानमेव दक्षिणा। (नीतिवा. ३१, ५, पृ. ३७४; ध. बि. मु. वृ. १–१२; योगशा. स्वो. विव. १–४७, पृ. १४७)। २. तथा च गुरुः—कृत्वा यज्ञविधानं तु यो ददाति च ऋत्विजः। समाप्तौ दक्षिणां कन्यां दैवं वैवाहिकं हि तत् ॥ (नीतिवा. टी. ३१–५)।

यज्ञ करके उसके समाप्त होने पर याज्ञिक के द्वारा ब्राह्मण को दक्षिणा के रूप में कन्या के देने को दैव विवाह कहते हैं।

दैवसिक—दिवसेन निर्वृत्तो दिवसपरिणामो वा दैवसिकः। (आव. हरि. वृ. ४, पृ. ५७१)।

दिन के आश्रय से या दिन प्रमाण जो प्रतिचार किया जाता है वह दैवसिक कहलाता है।

दोग्रन्थिकप्राभृत (दोगंथियपाहुड)—परमाणंदाणंदमेत्तीणं 'दोगंथिय' इत्ति ववएसो। तेसिं कारणदव्वाणं पि उवयारेण 'दोगंथिय' ववएसो। तत्थ[परमाणंद-] आणंदमेत्तीणं पट्ठवणाणुववत्तीदो तण्णिमित्तदव्वपट्ठवणं दोगंथियपाहुडं। (जयध. पु. १, पृ. ३२४)।

परमानन्द और आनन्द मात्र का नाम दोग्रन्थिक है। उनमें चूंकि परमानन्द और आनन्द मात्र का प्रस्थापन (प्रेषण) घटित होता नहीं है, अतएव उनके निमित्तभूत द्रव्यों के प्रस्थापन को दोग्रन्थिकप्राभृत कहा जाता है। यह नोआगम की अपेक्षा प्रशस्त भावप्राभृत माना गया है।

दोलायित—१. दोलायितं दोलामिवात्मानं चलाचलं कृत्वा शयित्वा वा यो विदधाति वन्दनां तस्य दोलायितदोषः। (मूला. वृ. ७–१०६)। २. दोलायितं चलन् कायो दोलावत् प्रत्ययोऽथवा। (अन. ध. ८–९९)।

१ हिचकी के समान अपने को चल-अचल करके अथवा बैठ कर वन्दना करने पर दोलायित दोष का भागी होता है। २ अथवा अस्थिर प्रत्यय—स्तुत्य, स्तुति एवं उसके फल विषयक सन्देह—का नाम दोलायित दोष जानना चाहिए।

दोष—१. अज्ञानादिर्दोषः स्व-परपरिणामहेतुः। (अष्टश. ४)। २. दोषः अज्ञानादि, × × × अथवा मोहान्तराया दोषाः। (आ. मी. वसु. वृ. ४)।

१ स्व-परपरिणाम जनित अज्ञान आदि दोष कहलाते हैं।

दोष (वन्दनादोष)—जह वेलंबगलिंगं जाणंतस्स नमओ हवइ दोसो। निद्धंधसमिय नाऊण वंदमाणे धुवो दोसो॥ (आव. नि. ११३७)।

विदूषक आदि विडम्बकों के द्वारा धारण किये गये साधु के वेष को जानते हुए भी नमस्कार करना तथा इसी प्रकार निर्लज्ज पार्श्वस्थ आदि को भी जानते हुए वन्दना करना, यह वन्दना का दोष है।

दोषज दुःख—दोषजं वात-पित्त-कफवैषम्यसम्भूतम्। (नीतिवा. ६–२१, पृ. ७३)।

वात, पित्त और कफ की विषमता से उत्पन्न होने वाले दुख को दोषज दुःख कहते हैं।

द्युति—१. शरीर-वसनाभरणादिदीप्तिः द्युतिः। (स. सि. ४–२०; त. वा. ४, २०, ४; त. श्लो. ४–२०)। २. द्युतिः शरीराभरणादिदीप्तिः। (औपपा. अभय. वृ. ३८, पृ. ८७)। ३. द्युतिः शरीराभरणादिप्रभा। (ध. बि. ७–८, पृ. ८७)। ४. शरीर-वस्त्राभरणादीनां द्युतिर्दीप्तिः। (त. वृत्ति श्रुत. ४–२०)।

१ शरीर, वस्त्र और आभूषण आदि की दीप्ति को द्युति कहते हैं।

द्यूत—अक्षपाशादिनिक्षिप्तं वित्ताज्जय-पराजयम्। क्रियायां विद्यते यत्र सर्वं द्यूतमिति स्मृतम्॥ (लाटीसं. २–११४)।

जिस क्रिया में चौसर के पांसे आदि पर निक्षिप्त धन से जय-पराजय होता है उसे द्यूत कहते हैं।

द्रव—रात्रिचतुःप्रहरैः प्रक्लिन्नमोदनो द्रव उच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७–३५)।

रात्रि के चार प्रहरों में पकाये गये भात को द्रव कहा जाता है।

द्रवशील—धावइ दुयं दुयं गच्छए य दरिओ व्व गोविसो सरए। सव्वद्दुय-दुयकारी फुट्टइ व ठिओ वि दप्पेणं॥ (बृहत्क. १२९९)।

जो शरद् ऋतु के अभिमानी बैल के समान अतिशय शीघ्रतापूर्वक बिना सोचे-विचारे दौड़ता है व जाता है, जो सभी क्रियाओं को बिना विचारे अतिशय शीघ्रता से करता है, तथा जो तीव्र अभिमान से स्थित भी रहता है, उसे द्रवशील कहा जाता है।

द्रविक—द्रविका नाम राग-द्वेषविनिर्मुक्ता, द्रवः संयमः सप्तदशविधानः कर्मकाठिन्यद्रवणकारित्वात्—विलयहेतुत्वात्, स येषां विद्यते ते द्रविकाः। (आचारा. शी. वृ. १, ७, ५८, पृ. ७०)।

कर्म की कठिनता को विलीन करने के कारण सत्तरह प्रकार के संयम को द्रव कहा जाता है। इस द्रव के धारक—राग-द्वेष से रहित—जीवों का नाम द्रविक है।

द्रव्य—१. अपरिच्चत्तसहावेणुप्पादव्वय-धुवत्तसंबद्धं। गुणवं च सपज्जायं जं तं दव्व त्ति वुच्चंति॥ (प्रव. सा. २–३)। २. दवियदि गच्छदि ताइं ताइं सब्भावपज्जयाइं जं। दवियं तं भण्णंते अणण्णभूदं तु सत्तादो॥ दव्वं सल्लक्खणियं उप्पादव्वय-धुवत्तसंजुत्तं। गुण-पज्जयासयं वा जं तं भण्णंति सव्वण्हू॥ (पंचा. का. ९–१०)। ३. सद् द्रव्यलक्षणम्। (त. सू. ५–२९); गुण-पर्ययवद् द्रव्यम्। (त. सू. ५, ३८)। ४. गुणैर्द्रोष्यते गुणान् द्रोष्यतीति वा द्रव्यम्। (स. सि. १–५)। ५. तदुभयं (गुण-पर्यायाः) यत्र विद्यते तद् द्रव्यम्। गुण-पर्याया अस्य सन्त्यस्मिन् वा सन्तीति गुण-पर्ययवत्। (त. भा. ५–३७)। ६. नयोपनयैकान्तानां त्रिकालानां समुच्चयः। अविभ्राड्भावसम्बन्धो द्रव्यमेकमनेकधा॥ (आ. मी. १०७)। ७. गुणाणमासओ दव्वं। (उत्तरा. २८, ६)। ८. दव्वं पज्जवविउयं दव्वविउत्ता य पज्जवा णत्थि। उप्पाय-ठिइ-भंगा हंदि दवियलक्खणं एयं॥ (सम्मति. १२)। ९. श्रूयते द्रव्यात्न पर्याया द्रव्यं वा पर्ययैर्विना। स्थित्युत्पत्तिनिरोधोऽयं द्रव्यलक्षणमुच्यते॥ (वरांग. २६–५५)। १०. द्रोष्यते गम्यते गुणैर्द्रोष्यति गमिष्यति गुणानिति वा द्रव्यम्। × × × अनागतपरिणामविशेषं प्रति गृहीताभिमुख्यं द्रव्यम्—यद्भाविपरिणामप्राप्ति प्रति योग्य-

तस्मादवार्थं तद् द्रव्यमित्युच्यते । (त. वा. १, ५, ३); द्रवति पर्यायानर्थते वा तैरित्यर्थो द्रव्यम् । (त. वा. १, १७, १); स्वपर्यायान् द्रवति द्रूयते वा तैरिति द्रव्यम् । (त. वा. १, २६, १); स्व-पर-प्रत्ययोत्पाद-विगमपर्यायैः द्रूयन्ते द्रवन्ति वा तानीति द्रव्याणि । (त. वा. ५, २, १) । ११. ××× द्रव्यमेकान्वयानुगम् ॥ ××× निश्चयात्मकम् ××× । (लघीय. ६६–६७) । १२. यद्रवद् द्रवति द्रोष्यत्येकानेकं स्वपर्ययम् । (न्यायवि. ११४) । १३. तदेकान्तानां विपक्षोपेक्षालक्षणानां त्रिकालविषयाणां समितिर्द्रव्यम् । (अष्टश. १०७) । १४. द्रवति द्रोष्यति अदुद्रवदिति वा द्रव्यम् । (लघीय. स्वो. वृ. २–३०) । १५. अनादिनिधनं द्रव्यमुत्पित्सु स्थास्नु नश्वरम् । स्वतोऽन्यतो विवर्तेत क्रमाद्धेतु-फलात्मना ॥ (सिद्धिवि. ३–१६, पृ. २१०, पं. ८–६) । १६. गुण-पर्ययवद् द्रव्यम् ××× । (न्यायवि. १–११५; प्रमाणसं. स्वो. वृ. ५६) । १७. द्रोष्यत्यदुद्रुवत्तांस्तान् पर्यायानिति द्रव्यम् । (धव. पु. १, पृ. ८३); द्रवति द्रोष्यति अदुद्रुवत् पर्यायानिति द्रव्यम् । अथवा द्रूयते द्रोष्यते अद्रावि पर्याय इति द्रव्यम् । (धव. पु. ३, पृ. २); 'उप्पाद-ट्ठिदि-भंगा हुंदि दवियलक्खणं' इच्चारिसादो त्ति । (धव. पु. ४, पृ. ३३६); स्वकासाधारणलक्षणापरित्यागेन द्रव्यान्तरासाधारणलक्षणपरिहारेण द्रवति द्रोष्यत्यदुद्रुवत् तांस्तान् पर्यायानिति द्रव्यम् । (धव. पु. १५, पृ. ३३) । १८. द्रवति गच्छति तांस्तान् पर्यायान्, द्रूयते गम्यते तैस्तैः पर्यायैरिति वा द्रव्यम् । (जयध. १, पृ. २११); तिकालगोयराणंतपज्जयाणं समुच्चओ अजहउत्तिलक्खणो धम्मी, तं चेव दव्वं । (जयध. १, पृ. २८६) । १९. द्रवति गच्छति तांस्तान् पर्यायानिति द्रव्यम् । ××× द्रव्यलक्षणं चेवम्—भूतस्य भाविनो वा भावस्य हि कारणं तु यल्लोके । तद् द्रव्यं तत्त्वज्ञैः सचेतनाचेतनं कथितम् ॥ (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ८ उद्.; आव. मलय. वृ. पृ. ६उद्.) । २०. स्व-परप्रत्ययोत्पाद-विगमपर्यायैर्द्रूयन्ते द्रवन्ति वा तानीति द्रव्याणि । (त. श्लो. ५, २) । २१. द्रव्यस्य लक्षणं गुण-पर्ययवत्त्वम् । (अष्टस. ७१, पृ. २२८); ततः सूक्तम्—त्रिकालवर्तिनयोपनयविषयपर्यायविशेषसमूहो द्रव्यमेकानेकात्मकं जात्यन्तरं वस्त्विति (अष्टस. १०७, पृ. २६०) । २२. समुत्पाद-व्यय-ध्रौव्यलक्षणं क्षीणकल्मषाः । गुण-पर्ययवद् द्रव्यं वदन्ति जिनपुङ्गवाः ॥ (त. सा. ५–१२१) । २३. द्रवति गच्छति सामान्यरूपेण व्याप्नोति तांस्तान् क्रमभुवः सहभुवश्च सद्भावपर्यायान् स्वभावविशेषानित्यनुगतार्थया निरुक्त्या द्रव्यं व्याख्यातम् । (पंचा. का. अमृत. वृ. ६); सद्द्रव्यलक्षणमुक्तलक्षणायाः सत्ताया अविशेषाद् द्रव्यस्य सत्स्वरूपमेव लक्षणम् । (पंचा. का. अमृत. वृ. १०); द्रव्यं हि गुणानां समुदायः । (पंचा. का. अमृत. वृ. ४४) । २४. निज-निजप्रदेशसमूहैरखण्डवृत्त्यास्वभाव - विभावपर्यायान् द्रवति द्रोष्यति अदुद्रुवदिति द्रव्यम् । (आलापप., पृ. १४०) । २५. दवदि दविस्सदि दविदं जं सब्भावेहिं विविहपज्जाए । (द्रव्यस्व. ३६) । २६. द्रूयते गुण-पर्यायैर्यद्यद् द्रवति तानथ । तद् द्रव्यं ××× ॥ (योगशा. २–५) । २७. द्रव्यं पूर्वोत्तरविवर्तवर्त्यन्वयप्रत्ययसमधिगम्यम् ऊर्ध्वतःसामान्यम् । (न्यायकु. १–५, पृ. ११७) । २८. यत्र सद्भिराधीयमाना गुणा संक्रामन्ति तद् द्रव्यम् । (नीतिवा. ५–४१, पृ. ५७) । २९. शुद्धगुण-पर्यायाधारभूतं शुद्धात्मद्रव्यं द्रव्यम् । (प्रव. सा. जय. वृ. २–२३) । ३०. अवस्थान्तरं द्रवति गच्छतीति द्रव्यम् । आ. मी. वसु. वृ. १०) । ३१. स्थित्युत्पत्ति-व्ययात्मा द्रवति द्रोष्यत्यदुद्रुवत । स्वपर्यायानिति द्रव्यमर्थस्तान् तान् विवक्षितान् ॥ गुणपर्ययवद्द्रव्यं स्याद् ××× ॥ (आचा. सा. ३, ७–८) । ३२. तत्र द्रव्यमन्वयिरूपम् । (धर्मसं. मलय. वृ. पृ. ३३८); अन्वयिरूपमिह द्रव्यमुच्यते । (धर्मसं. मलय. वृ., पृ. ३४१) । ३३. द्रवति द्रोष्यत्यदुद्रुवदिति द्रव्यम् । (लघीय. अभय. वृ., पृ. ६५) । ३४. द्रूयन्ते गम्यन्ते प्राप्यन्ते यथास्वं यथायथं यथात्मीयं पर्यायैर्यानि तानि द्रव्याणि, द्रवन्ति वा पर्यायैः प्रवर्तन्ते यानि तानि द्रव्याणि । (त. वृत्ति श्रुत. ५–२) । ३५. गुण-पर्ययवद् द्रव्यं लक्षणमेतत् सुसिद्धमविरुद्धम् । गुण-पर्ययसमुदायो द्रव्यं पुनरस्य भवति वाक्यार्थः ॥ गुणसमुदायो द्रव्यं लक्षणमेतावताऽप्युशन्ति बुधाः । समगुणपर्यायो वा द्रव्यं कैश्चिन्निरूप्यते वृद्धैः ॥ (पंचाध्या. १, ७२–७३) । ३६. गुण-पर्ययवद् द्रव्यं विगमोत्पाद-ध्रुवत्ववच्चापि । सल्लक्षणमिति

न स्याद् द्राव्यामेवैन वस्तु लक्ष्येद्दा ॥ (अध्यात्मक. २–५)।

१ जो अपने स्वभाव को न छोड़ता हुआ उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य से सम्बद्ध रहकर गुण और पर्याय से सहित होता है, उसे द्रव्य कहते हैं। ६ नय और उपनय के जो त्रिकालविषयक एकान्त हैं उनके समुदाय का नाम द्रव्य है, इसे वस्तु भी कहा जाता है। ७ जो गुणों का आश्रय होता है उसे द्रव्य कहा जाता है।

द्रव्यकरण—१. द्रव्यस्य द्रव्येण द्रव्यनिमित्तं वा करणम्—अनुष्ठानं द्रव्यकरणम्। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १, ५, सू. ३)। २. द्रव्यस्य द्रव्येण द्रव्ये वा करणं द्रव्यकरणमिति। (आव. भा. मलय. वृ. १५३, पृ. ५५८)।

१ द्रव्य का द्रव्य के द्वारा या द्रव्य के निमित्त अनुष्ठान करने को द्रव्यकरण कहते हैं।

द्रव्यकर्म—१. जाणि दव्वाणि सब्भावकिरियाणिप्फण्णाणि तं सव्वं दव्वकम्मं णाम। (षट्खं. ५, ४, १५—धव. पु. १३, पृ. ४३)। २. पोग्गलपिंडो दव्वं (कम्मं) × × × ॥ (गो. क. ६)।

१ जो द्रव्य स्वभावतः सद्भावक्रिया से निष्पन्न हैं, इस सबको द्रव्यकर्म कहा जाता है। जीव का जो ज्ञान-दर्शनस्वरूप से परिणमन है, यह जीवद्रव्य की सद्भावक्रिया है, पुद्गल का जो वर्ण-रसादिरूप परिणमन है, यह पुद्गलद्रव्य की सद्भावक्रिया है। इसी प्रकार धर्मादि द्रव्यों की भी सद्भावक्रिया जानना चाहिए। २ द्रव्य और भाव के भेद से कर्म दो प्रकार का है। उनमें ज्ञानावरणादि रूप से परिणत पुद्गल पिण्ड को द्रव्यकर्म कहा जाता है।

द्रव्यकाय—द्रव्यकायो ज्ञशरीर-भव्यशरीरव्यतिरिक्तः, शरीरत्वयोग्या अगृहीतास्तत्स्वामिना वा जीवेन मुक्ता यावत् तं परिणामं न मुञ्चन्ति तावद् द्रव्यकायः। (आव. सू. १, मलय. वृ. पृ. ५५७)।

ज्ञायकशरीर और भव्यशरीर से व्यतिरिक्त द्रव्यकाय कहलाता है। शरीर के योग्य अगृहीत अथवा उसके स्वामी जीव के द्वारा छोड़े गये पुद्गलस्कन्ध जब तक उस परिणाम (अवस्था) को नहीं छोड़ते हैं तब तक उन्हें द्रव्यकाय कहा जाता है।

द्रव्यकायोत्सर्ग—१. कायोत्सर्गव्यावर्णनीयप्राभृतज्ञोऽनुपयुक्तस्तच्छरीरं वा द्रव्यकायोत्सर्गः। (मूला. वृ. ७–१५१)। २. कायोत्सर्गव्यावर्णनीयप्राभृतज्ञोऽनुपयुक्तस्तच्छरीरं भाविजीवस्तद्व्यतिरिक्तो वा द्रव्यकायोत्सर्गः। (अन. ध. स्वो. टी. ८–७०)।

ज्ञायकद्रव्यसेवनद्वारेणागतातीचारनिर्हरणाय कायोत्सर्गः,

१ जो कायोत्सर्ग के वर्णन करने वाले प्राभृत का ज्ञाता हो करके वर्तमान में उसके उपयोग से रहित है ऐसे जीव को, अथवा उसके शरीर को द्रव्यकायोत्सर्ग कहते हैं।

द्रव्यकारक—द्रव्यस्य द्रव्येण द्रव्यभूतो वा कारको द्रव्यकारकः। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. ४)।

द्रव्य के, द्रव्य के द्वारा अथवा द्रव्यस्वरूप कारक को द्रव्यकारक कहते हैं।

द्रव्यकाल—१. चेयणमचेयणस्स व दव्वस्स ठिइ उ जा चउविगप्पा। सा होइ दव्वकालो अहवा दवियं तु तं चेव ॥ (आव. नि. ६६१)। २. दव्वस्स वत्तणा जा स दव्वकालो तदेव वा दव्वं। न हि वत्तणाविभिण्णं जम्हा दव्वं जओऽभिहियं ॥ सुत्ते जीवाजीवा समयाऽऽवलियादओ पवुच्चंति। दव्वं पुण सामन्नं भण्णइ दव्वट्ठयामेत्तं ॥ (विशेषा. २५२८–२९)। ३. वर्तनादिलक्षणो द्रव्यकालः। (आव. नि. हरि. वृ. ६६०, पृ. २२७)। ४. 'द्रव्य' इति वर्तनादिलक्षणो वाच्यः × × ×। तत्र चेतनस्य सुरादेर्द्रव्यस्य अचेतनस्य स्कन्धादेर्द्रव्यस्य या स्थितिः—या अवस्था चतुर्विकल्पा—चतुर्भङ्गा—सा द्रव्यकालो भवति, द्रव्यस्य कालो द्रव्यकाल इति षष्ठीतत्पुरुषो भेदे, अथवा तदेव सुरादिद्रव्यं काल उच्यते, पर्याय-पर्यायिणोरभेदोपचारात्। × × × द्रवतीति द्रव्यम्, तस्य द्रव्यस्य या वर्तना दव्वकालो—सा द्रव्यकालो भण्यते। वा—अथवा तदेव द्रव्यं कालो द्रव्यकाल इति कर्मधारयः समासः। × × × जीवाजीवाः समयादयोऽभिधीयन्ते, जीवादयः काल उच्यते इत्यर्थस्तस्माद् द्रव्यमेव कालो द्रव्यकाल इति। (विशेषा. भा. को. वृ. २५२८–२९, पृ. ६०६–७)।

१ चेतन-अचेतन द्रव्य की जो चार भंग (सादि-सपर्यवसान, सादि-अपर्यवसान, अनादि-अपर्यवसान व अनादि-सपर्यवसान) रूप स्थिति है, उसे द्रव्यकाल (द्रव्य का काल) कहा जाता है।

द्रव्यक्रीत—सचित्तं गो-बलीवर्दादिकं दत्त्वा संयतार्थं क्रीतम्, अचित्तं वा घृत-गुड-खण्डादिकं दत्त्वा क्रीतं (वेश्म) द्रव्यक्रीतम् । (भ. आ. २३०; कार्तिके. टी. ४४८-४६) ।

सचित्त गाय-बैल आदि को देकर अथवा अचित्त घी, गुड़ एवं खांड आदि को देकर ग्रहण की गई वसतिका द्रव्यक्रीत नामक उद्गम दोष से दूषित होती है ।

द्रव्यक्रोध—दव्वकोहो णाम भावकोधुप्पत्तिणिमित्तं दव्वं । (धव. पु. ७, पृ. ८२) ।

भावक्रोध की उत्पत्ति के कारणभूत द्रव्य को द्रव्यक्रोध कहते हैं ।

द्रव्यगत पिण्डदोष—द्रव्यमुद्गमादिदोषसहितमप्यधःकर्मणा युक्तं द्रव्यगतमित्युच्यते । (मूला. वृ. ६-६६) ।

उद्गमादि दोषसहित भी अधःकर्म से युक्त भोज्य-पदार्थ द्रव्यगत पिण्डदोष (आहारदोष) से दूषित होता है ।

द्रव्यगत स्वभाव—बाह्येतरोपाधिसमग्रतेयं कार्येषु ते द्रव्यगतः स्वभावः । (बृहत्स्व. स्तो. ६०) ।

कार्यों के विषय में अन्तरंग और बहिरंग कारणों की पूर्णता को द्रव्यगत स्वभाव कहा जाता है ।

द्रव्यचतुर्विंशति—द्रव्यचतुर्विंशतिश्चतुर्विंशतिर्द्रव्याणि, सचित्ताचित्त-मिश्रभेदभिन्नानि । (आव. भा. मलय. वृ. १६२, पृ. ५८६) ।

सचित्त, अचित्त और मिश्ररूप चौबीस द्रव्यों को द्रव्यचतुर्विंशति कहते हैं ।

द्रव्यचारित्र—द्रव्यचारित्रमभव्यस्य भव्यस्य वाऽनुपयुक्तस्य । (त. भा. सिद्ध. वृ. १-५) ।

अभव्य अथवा भव्य के उपयोग से रहित चारित्र को द्रव्यचारित्र कहा जाता है ।

द्रव्यच्छेदना—दवियं णाम उप्पाद-ट्ठिदि-भंगलक्खणं तं पि छेदणा होदि, दव्वादो दव्वंतरस्स परिच्छेददंसणादो । (धव. पु. १४, पृ. ४३५) ।

द्रव्य का लक्षण उत्पाद, स्थिति और भंग (व्यय) है । इस प्रकार का द्रव्य भी छेदनारूप है, क्योंकि एक द्रव्य (कुडव—धान्य के मापने का एक माप) से दूसरे द्रव्य (धान्य) का छेद—प्रमाण का ज्ञान होता देखा जाता है ।

द्रव्यजिन—१. पणुहसहचारपज्जाएण तीदाणागय-वट्टमाणमणुआणं पणुहववएसो व्व जिणाहारपज्जाएण तीदाणागय-वट्टमाणसरीराणं दव्वजिणत्तं पडिविरोहाभावादो (जिणाहारपज्जाएण तीदाणागद-वट्टमाणसरीरा दव्वजिणा) । (धव. पु. ६, पृ. ७) । २. दव्वजिणा जिणजीवा × × × ॥ (चैत्यवन्दनक भा. दे. गा. ५१) ।

१ जिनकी आधारभूत पर्याय के आश्रय से अतीत, अनागत और वर्तमान शरीर को द्रव्यजिन कहा जाता है । २ जिन जीवों—तीर्थंकरों (समवसरणस्थ तीर्थंकर को छोड़कर)—को द्रव्यजिन कहते हैं ।

द्रव्यजीव—१. यथेन्द्रार्थमानीतं काष्ठमिन्द्रप्रतिमा-पर्यायप्राप्ति प्रत्यभिमुखम् इन्द्रः इत्युच्यते तथा जीव-सम्यग्दर्शनपर्यायप्राप्ति प्रति गृहीताभिमुख्यं द्रव्यं द्रव्यजीवो द्रव्यसम्यग्दर्शनमिति चोच्यते । (त. वा. १, ५, ४) । २. द्रव्यं तद्गुणवियुक्तः । × × × विवक्षया ज्ञानादिगुणवियुक्तत्वं द्रव्यजीवः । (त. भा. हरि. वृ. १-५) । ३. द्रव्यजीवो नाम योऽयमस्मिन् शरीर आत्मा स यदा भावैर्ज्ञानादिभिर्वियुतो विवक्ष्यते स द्रव्यजीवः । (त. भा. सिद्ध. वृ. १-५) ।

१ जीवनपर्याय (मनुष्यादिविशेषरूप) की प्राप्ति के प्रति अभिमुख द्रव्य को द्रव्यजीव और सम्यग्दर्शनपर्याय की प्राप्ति के अभिमुख द्रव्य को द्रव्य-सम्यग्दर्शन कहा जाता है । २ विवक्षावश ज्ञानादिगुणों की वियुक्तता का नाम द्रव्यजीव है ।

द्रव्यज्ञान—तथा द्रव्यज्ञानमनुपयुक्ततावस्था । (त. भा. सिद्ध. वृ. १-५) ।

ज्ञान की उपयोग रहित अवस्था को द्रव्यज्ञान कहते हैं ।

द्रव्यतः इन्द्रियविवेक—१. रूपादिविषये चक्षुरादीनामादरेण कोपेन वा अप्रवर्तनम् इदं पश्यामि शृणोमि वा, तथा तस्या निविडकुचतटं पश्यामि, नितम्बरोमराजिं वा विलोकयामि, पृथुतरं जघनं स्पृशामि, कलं गीतं सावधानं शृणोमि, मुख-कमल-परिमलं जिघ्रामि, बिम्बाधरमास्वादयामि इति वचनानुच्चारणं वा द्रव्यतः इन्द्रियविवेकः । (भ. आ. विजयो., पृ. १६८) । २. रूपादिषु चक्षुरादीनां रागेण द्वेषेण वा अप्रवर्तनमिदं पश्यामीत्यादिरूपेणान्तर्विकल्पेन वाग्व्यापारेण वा द्रव्यतः इन्द्रियविवेकः । (भ. आ. मूला., पृ. १६८) ।

१ रूप-रसादिरूप इन्द्रिय विषयों में आदर (राग) से अथवा क्रोध (द्वेष) के वश प्रवृत्त न होना, इसे द्रव्यतः इन्द्रियविवेक कहते हैं अथवा इसे देखता हूं, उसे सुनता हूं, उस स्त्री के कुचों को देखता हूं, अथवा नितम्बगत रोमपंक्ति को देखता हूं, इत्यादि रूप से वचन का उच्चारण न करना; इसे द्रव्यतः इन्द्रियविवेक जानना चाहिए।

द्रव्यतः क्रमोत्तर—तत्र द्रव्यतः परमाणोर्द्विप्रदेशिकः ततोऽपि त्रिप्रदेशिकः एवं यावदन्तोऽनन्तप्रदेशिकः स्कन्धः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. १-१, पृ. ४)।

परमाणु की अपेक्षा द्विप्रदेशी स्कन्ध, उसकी अपेक्षा त्रिप्रदेशी स्कन्ध, इस प्रकार अन्तिम अनन्तप्रदेशी स्कन्ध तक उत्तरोत्तर बढ़ते हुए स्कन्धों को द्रव्यतः क्रमोत्तर कहते हैं।

द्रव्यतः लोभविवेक—द्रव्यतो लोभविवेको यत्रास्य लोभस्तदुद्दिश्य कराप्रसारणादिकः कायेन, ममेदमित्याद्यवचनं वाचा। (भ. आ. मूला., १६८)।

जिस वस्तु के विषय में इसे लोभ है उसको लक्ष्य बनाकर हाथ फैलाने आदिरूप काय से प्रवृत्ति नहीं करना तथा 'यह मेरा है' इत्यादि प्रकार से वचन का उच्चारण न करना, उसे द्रव्यतः लोभविवेक कहा जाता है।

द्रव्यतः न भावतः (हिंसा)—या पुनर्द्रव्यतो न भावतः सा खल्वीर्यादिसमितस्य साधोः कारणे गच्छत इति। उक्तं च—उच्चालियम्मि पाए इरियासमियस्स संकमट्ठाए। वावज्जेज्ज कुलिंगी मरिज्ज तं जोगमासज्जा॥ न य तस्स तण्णिमित्तो बंधो सुहुमो वि देसिओ समए। अणवज्जो उपओगेण सव्वभावेण सो जम्हा॥ [?] जम्हा सो अपमत्तो सा य पमाओ त्ति निद्दिट्ठा॥ (दशवै. नि. हरि. वृ. ४५)।

ईर्यासमिति से युक्त साधु जब कारणवश कहीं अन्यत्र जाता है तब वह पैरों को जो उठाता धरता है उसके आश्रय से द्वीन्द्रिय आदि क्षुद्र प्राणियों का मरण सम्भव है, फिर भी उसके आश्रय से उसे सूक्ष्म बन्ध भी आगम में नहीं कहा गया, कारण इसका यह है कि वह प्रमाद से रहित है, अर्थात् जीवरक्षा में सावधान है, और प्राणिहिंसा जो होती है वह प्रमाद से ही हुआ करती है। इस प्रकार उक्त साधु के द्वारा जीवहिंसा (द्रव्यतः) के होने पर भी वैसा भाव न होने से वस्तुतः (भावतः) हिंसा नहीं है। यही द्रव्यतः न भावतः हिंसा कहलाती है।

द्रव्यतीर्थ—१. दाहोपसमणं तण्हाछेदो मलपंकपवहणं चेव। तिहिं कारणेहिं जुत्तो तम्हा तं दव्वदो तित्थं॥ (मूला. ७-६२)। २. द्रव्यतीर्थं तीर्थकृतां जन्म-दीक्षा-ज्ञान-निर्वाण-स्थानम्। यदाह—जम्मं दिक्खा णाणं तित्थयराणं महाणुभावाणं। जत्थ य किर निव्वाणं आगाढं दंसणं होई॥ (योगशा. स्वो. विव. २-१६)।

१ सन्ताप की शान्ति, तृष्णा का विनाश और मलरूप कीचड़ का दूर करना; इन तीन कारणों से जो युक्त है—उनका कारण है—उसे द्रव्यतीर्थ कहते हैं। २ तीर्थंकरों के जन्म, दीक्षा, ज्ञान और निर्वाण स्थानों को द्रव्यतीर्थ कहा जाता है।

द्रव्यदिक्—तेरसपएसियं खलु तावइएसुं भवे पएसेसुं। जं दव्वं ओगाढं जहण्णयं तं दसदिसागं॥ (आचारा. नि. ४१, पृ. १२)।

आगम और नोआगम के भेद से द्रव्यदिक् दो प्रकार की है। उनमें दिशानिरूपक आगम का ज्ञाता होकर जो जीव वर्तमान में तद्विषयक उपयोग से रहित है उसे आगम द्रव्यदिक् कहते हैं। ज्ञायकशरीर और भव्यशरीर से भिन्न जो तेरह प्रदेशी द्रव्य तेरह प्रदेशवाले क्षेत्र में स्थित है वह नोआगम की अपेक्षा द्रव्यदिक् कहलाती है। वह दस दिशाओं का विभाग करनेवाली है।

द्रव्यद्रव्य—१. द्रव्यद्रव्यं नाम गुण-पर्यायवियुक्तं प्रज्ञास्थापितं धर्मादीनामन्यतमत्। केचिदप्याहुः—यद् द्रव्यतो द्रव्यं भवति तच्च पुद्गलद्रव्यमेवेति प्रत्येतव्यम्। अणवः स्कन्धाश्च, सङ्घातभेदेभ्य उत्पद्यन्त इति वक्ष्यामः। (त. भा. १-५)। २. द्रव्यद्रव्यमिति उभाभ्यां द्रव्यशब्दाभ्यां गुणादिभ्यो निष्कृष्य द्रव्यमात्रे स्थाप्यते। × × × केचित् पुनर्ब्रुवते यदिस्यणुकादि द्रव्यतो द्रव्यमिति। तृतीयार्थे पञ्चम्यर्थे वा तसिरुत्पाद्यः—द्रव्यैः सम्भूय यत् क्रियते, यथा बहुभिः परमाणुभिः सम्भूय स्कन्धस्त्रिप्रदेशिकादिरारभ्यते तद् द्रव्यद्रव्यम्। अथवा यद् द्रव्यात् तस्मादेव स्कन्धात् त्रिप्रदेशिकादेर्यदैकः परमाणुः पृथग्भूतो भवति तदा तस्माद् भिद्यमानात् त्रिप्रदेशिकात् स्कन्धात् परमाणुश्च निष्पद्यते द्विप्रदेशिकश्च स्कन्ध इति स परमाणुरपि द्रव्यद्रव्यं द्विप्रदेशिकोऽपि द्रव्यद्रव्यं भवतीति। तच्चैतद् द्रव्य-

द्रव्यं पुद्गलमेव भवतीति प्रत्येतव्यम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५, पृ. ४१–५०) ।

१ गुण और पर्याय से विहीन बुद्धि में स्थापित धर्माधर्मादिकों में से किसी एक को द्रव्यद्रव्य कहा जाता है । किन्हीं आचार्यों के मत से द्रव्य-द्रव्य—द्रव्य से द्रव्य—संघात और भेदके कारण पुद्गल द्रव्य ही होता है ।

द्रव्यधर्म—१. सचित्तेतरभेदस्स होइ दव्वस्स जो सलु सहावो । एसो उ दव्वधम्मोऽणुवउत्तस्सऽहुव सुयमाई ॥ (धर्मसं. १०) । २. द्रव्यस्य—अनुपयुक्तस्य—धर्मो मूलोत्तरगुणानुष्ठानं द्रव्यधर्मः । इहानुपयुक्तो द्रव्यम्; 'अनुपयोगो द्रव्यम्' इति वचनात् । द्रव्यमेव वा धर्मो द्रव्यधर्मः—धर्मास्तिकायः, ××× तिक्तादिर्वा द्रव्यस्य स्वभावो द्रव्यधर्मः । ××× गम्यादिधर्मः स्त्रीविषयो द्रव्यधर्मः । तत्र केषांचित् मातुलदुहिता गम्या, केषांचिदगम्येत्यादिः । (आव. नि. मलय. वृ. १०७५) ।

१ सचित्त—चेतन मनुष्य आदि—और अचित्त—धर्मास्तिकायादि—द्रव्यों के निज स्वभाव को द्रव्यधर्म कहते हैं । अथवा अनुपयुक्त—तत्तद्विषयक उपयोग से रहित—जीव का जो श्रुत आदि है उसे द्रव्यधर्म जानना चाहिए ।

द्रव्यनपुंसक—१. नपुंसकवेदोदययुक्ताङ्गोपाङ्गनामकर्मोदयात् स्मश्रु-कूर्च-स्तन-योन्यादिलिंगाभावविशिष्टदेहं द्रव्यनपुंसकं भवति । (गो. जी. म. प्र. २७१) । २. नपुंसकवेदोदयेन निर्माणनामकर्मोदययुक्ताङ्गोपाङ्गनामकर्मोदयेन उभयलिङ्गव्यतिरिक्तदेहाङ्कितो भवप्रथमसमयमादि कृत्वा तद्भवचरमसमयपर्यन्तं द्रव्यनपुंसकजीवो भवति । (गो. जी. जी. प्र. २७१) ।

१ नपुंसक वेद के उदय के साथ अंगोपांगनामकर्म के उदय से स्मश्रु, कूर्च, स्तन और योनि आदि चिह्नों से रहित देह को द्रव्यनपुंसक कहते हैं ।

द्रव्यनमस्कार—१. नमस्तस्मै इत्यादिशब्दोच्चारणं उत्तमाङ्गावनतिः कृताञ्जलिता च द्रव्यनमस्कारः । (भ. आ. विजयो. ७२२) । २. वाचा अर्हत्-सिद्धप्रमुखपरमेष्ठिस्वरूपशुद्धपरमात्मद्रव्यवस्तुस्तवगुणस्तवलक्ष्मीरोदारार्थविराजमानसकलशब्दब्रह्मबीजभूतमाक्षरस्तोत्ररूपः, कायेन पंचाङ्गनत्या प्रणमनरूपो द्रव्यनमस्कारः । (आरा. सा. टी. १, पृ. ४) ।

१ 'उसके लिए नमस्कार हो' इत्यादि शब्दों का उच्चारण करना, मस्तक का झुकाना और हाथों की अंजलिका बांधना—हाथों का जोड़ना, यह द्रव्यनमस्कार कहलाता है ।

द्रव्यनिक्षेप—१. अनागतपरिणामविशेषं प्रति गृहीताभिमुख्यं द्रव्यम् । (लघीय. स्वो. ७६, पृ. ७११) । २. यत्स्वतोऽभिमुखं वस्तु भविष्यत्पर्ययं प्रति । तद् द्रव्यं द्विविधं ज्ञेयमागमेतरभेदतः ॥ (त. श्लो. १, ५, ६०, पृ. १११) । ३. भाविनः परिणामस्य यत्प्राप्तिं प्रति कस्यचित् । स्याद् गृहीताभिमुख्यं हि तद् द्रव्यं ब्रुवते जिनाः ॥ (त. सा. १-१२)। ४. विवक्षितासाम्प्रतिकपर्यायविशेषस्थितिर्द्रव्यनिक्षेपः । (सिद्धिवि. वृ. १२–२, पृ. ७३६, पं. १३) । ५. आगामिगुणयोग्योऽर्थो द्रव्यन्यासस्य गोचरः । (उपासका. ८२७) । ६. द्रव्यं भविष्यत्पर्यायं गतापितविवर्ति च । (आचा. सा. ६–७) । ७. गुणैर्द्रुतं गतं प्राप्तं द्रव्यम्, गुणान् वा द्रुतं गतं प्राप्तं द्रव्यम्, गुणैर्द्रोष्यते द्रव्यम्, गुणान् द्रोष्यतीति द्रव्यम् । (त. वृत्ति श्रुत. १–५) । ८. वर्तमानतत्पर्यायादन्यद्द्रव्यम् । (परमा. त. १–६) ।

१ जो भावी परिणामविशेष (पर्याय) की प्राप्ति के प्रति अभिमुख हो—उसकी योग्यता को धारण करता हो—उसे द्रव्यनिक्षेप कहते हैं ।

द्रव्यनिबन्धन—निबध्यते तदस्मिन्निति निबन्धनम् । जं दव्वं जम्हि णिबद्ध तं णिबंधणं ति भणिदं होदि । ××× जं दव्वं जाणि दव्वाणि अस्सिदूण परिणमदि, जस्स वा दव्वस्स सहावो दव्वंतरपडिबद्धो तं दव्वणिबंधणं । (धव. पु. १५, पृ. १–२) ।

जो द्रव्य जिन द्रव्यों का आश्रय लेकर परिणमता है, अथवा जिस द्रव्य का स्वभाव द्रव्यान्तर से सम्बद्ध है उसका नाम द्रव्यनिबन्धन है ।

द्रव्यनिद्रा—तत्र द्रव्यनिद्रा निद्रावेदो वेदनमनुभवः, दर्शनावरणीयविशेषोदय इति यावत् । (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. ४२, पृ. ५६) ।

दर्शनावरणीयविशेष के उदय से जो निद्रा का वेदन या अनुभव होता है उसे द्रव्यनिद्रा कहते हैं ।

द्रव्यनिर्जरा—१. द्रव्यनिर्जरा नाम गृहीतानामशनपानादिद्रव्याणां एकदेशापगमनं वमनादि । (भ. आ. विजयो. १८४७; अन. ध. स्वो. टी. २–४२) । २. द्रव्यनिर्जरा मोक्षाधिकारसूच्या

व्रीह्यादीनाम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–४, पृ ४९)। ३. तदनुभाववीरसीभूतानामेकदेशसंक्षयः समुपात्तकर्मपुद्गलानां द्रव्यनिर्जरा । (पंचा. का. अमृत. वृ. १४४) । ४. तस्स कर्मणो गलनं यच्च सा द्रव्यनिर्जरा । (बृ. द्रव्यसं. ३६) । ५. तेन शुद्धोपयोगेन नीरसीभूतस्य चिरन्तनकर्मण एकदेशगलनं द्रव्यनिर्जरा । (पंचा. का. जय. वृ. १०८); तस्य शुद्धोपयोगस्य सामर्थ्येन नीरसीभूतानां पूर्वोपार्जितकर्मपुद्गलानां संवरपूर्वकभावेनैकदेशसंक्षयो द्रव्यनिर्जरा । (पंचा. का. जय. वृ. १४४) । ६. आत्मनो गलनं द्रव्यकर्मणां द्रव्यनिर्जरा । (भावा. सा. ३–३५) । ७. पूर्वनिबद्धकर्मणां निर्जरणं द्रव्यनिर्जरा । (परमा. त. ६–१) । ८. आत्मनः शुद्धभावस्य तपसोऽतिशयादपि । यः पातः पूर्वबद्धानां कर्मणां द्रव्यनिर्जरा ॥ (जम्बू. च. १३–१२८) । ९. शुद्धादुपयोगादिह निश्चयतपसश्च संयमादेर्वा । गलति पुरा बद्धं किल कर्मैषा द्रव्यनिर्जरा गदिता ॥ (अध्यात्मक. ४-१३)।

१ ग्रहण किये गये भोजन-पानादिरूप द्रव्यों का वमन-विरेचनादिरूप में एक देश निर्जीर्ण होना, इसका नाम द्रव्यनिर्जरा है। २ मोक्ष के अधिकार को छोड़कर जो व्रीहि (धान्यविशेष) आदि का विनाश होता है, यह द्रव्यनिर्जरा कहलाती है। ३ फलानुभवन के पश्चात् नीरस हुए पूर्वसंचित कर्मरूप पुद्गलों के एकदेश क्षय को द्रव्यनिर्जरा कहते हैं।

द्रव्यनिर्देश—द्रव्यस्यापि त्रिविधस्य सचित्तादेर्यद्विशिष्टमभिधानं स द्रव्यनिर्देशः । तत्र सचित्तद्रव्यविशेषस्य निर्देशो यथा गौरित्यादि, अचित्तद्रव्यविशेषस्य यथाऽयं दण्ड इत्यादि, मिश्रद्रव्यविशेषस्य यथाऽयं रथोऽश्वयुक्त इत्यादि । तेन सचित्तादिद्रव्यविशेषेण निर्देशो यथा गोमानित्यादि । (आव. नि. मलय. वृ. १४०) ।

सचित्तादि द्रव्यों का जो विशेषता से युक्त कथन किया जाता है उसे द्रव्यनिर्देश कहते हैं। सचित्त द्रव्य का निर्देश जैसे—'यह गाय है' इत्यादि, इसी प्रकार अचित्त द्रव्यविशेष का निर्देश जैसे—'यह दण्ड है' इत्यादि, तथा मिश्र द्रव्यविशेष का निर्देश जैसे—'यह घोड़ों से युक्त रथ है' इत्यादि। इस प्रकार सचित्त आदि द्रव्यविशेष से जो निर्देश किया जाता है—जैसे यह गाय वाला है, इत्यादि, इसे द्रव्यनिर्देश जानना चाहिए।

द्रव्यनिर्विचिकित्सागुण—भेदाभेदरत्नत्रयाराधकभव्यजीवानां दुर्गन्धबीभत्सादिकं दृष्ट्वा धर्मबुद्ध्या कारुण्यभावेन वा यथायोग्यं विचिकित्सापरिहरणं द्रव्यनिर्विचिकित्सागुणः । (बृ. द्रव्यसं. ४१) ।

भेद-अभेदरूप रत्नत्रय के धारक भव्य जीवों के दुर्गन्धित व बीभत्स शरीर आदि को देख करके धर्मबुद्धि से या करुणाभाव से ग्लानि नहीं करने को द्रव्यनिर्विचिकित्सागुण कहते हैं।

द्रव्यपक्व—उस्सेइमाइ तं चिय पक्किंधणजोगओ पक्कं ॥ (बृहत्क. नि. १०३४) ।

जो उत्स्वेदिम, संस्वेदिम, उपस्कृत और पर्यायरूप चार द्रव्य कहे गये हैं। उनको ईंधन के संयोग से पका लेने पर द्रव्यपक्व कहा जाता है।

द्रव्यपरिवर्तन—देखो कर्मद्रव्यपुद्गलपरिवर्तन व नोकर्मद्रव्यपरिवर्तन । १. अण्णं गिण्हदि देहं तं पुण मुत्तूण गिण्हदे अण्णं । घडिजंतं व य जीवो भमदि इमो दव्वसंसारे ॥ (भ. आ. १७७३) । २. णोकम्मपोग्गलपरियट्टणं कम्मपोग्गलपरियट्टणं च दव्वपरियट्टणं । (धव. पु. ४, पृ. ३२५) । ३. बंधदि मुंचदि जीवो पडिसमयं कम्मपुग्गला विविहा । णोकम्मपुग्गला वि य मिच्छत्त-कसाय-संजुत्तो ॥ (कार्तिके. ६७) । ४. द्रव्यसंसारो नाम शरीरग्रहण-मोक्षणाभ्यावृत्तिरसकृत् । (भ. आ. विजयो. ४४६) । ५. शुद्धात्मद्रव्यादितराणि च पूर्वापूर्वमिश्रपुद्गलद्रव्याणि ज्ञानावरणादिद्रव्यकर्मरूपेण शरीरपोषणार्थाशन-पानादि-पंचेन्द्रियविषयरूपेण चानन्तवारान् गृहीत्वा विमुक्तानीति द्रव्यसंसारः । (बृ. द्रव्यसं. टी. ३५, पृ. ८९) । ६. तत्र संसरणम्—इतश्चेतश्च परिभ्रमणं संसारः । तत्र संसारशब्दार्थज्ञस्तत्रानुपयुक्तो द्रव्याणां वा जीव-पुद्गललक्षणानां यथायोगं भ्रमणं द्रव्यसंसारः । (स्थानां. अभय. वृ. ४, १, २६१) । ७. नारकादिशरीराणां ग्रहण-मोक्षणाभ्यामसकृद्वृत्तिर्द्रव्यसंसारः । (भ. आ. मूला. ४३०) । ८. तावत्स द्रव्यसंसारो लक्ष्यो सूक्ष्मार्थदर्शिभिः । कर्म-नोकर्मरूपेण पुद्गलादानलक्षणः ॥ गृहीताश्चागृहीताश्च मिश्राश्चापि निसर्गतः । विद्यन्ते पुद्गलास्त्वेषा लोकेऽस्मिन् निश्चिताः स्फुटम् ॥ तद्विवक्षितजीवेन ते भेमापीह पुद्गलाः । कर्म-नोकर्मभावेन नीत्वा वारामनन्तशः ॥ मुक्तो-

त्यक्ताः पुनस्तथापि पुनर्नीत्वा पुनस्तथा । एवं समुदितः सर्वो द्रव्यसंसार उच्यते ॥ (जम्बू. च. १३, २७–३०)।

१ प्राणी एक शरीर को ग्रहण करता है, पश्चात् उसे छोड़ अन्य को ग्रहण करता है, फिर उसे भी छोड़ अन्य को ग्रहण करता है। इस प्रकार अरहट की घटिकाओं के समान उत्तरोत्तर पूर्व शरीर को छोड़कर अन्य-अन्य शरीर को ग्रहण करता हुआ संसार में जो परिभ्रमण करता है, इसका नाम द्रव्यपरिवर्तन है। ६ इधर उधर परिभ्रमण का नाम संसार है। संसार शब्द के अर्थ का ज्ञाता होकर जो तद्विषयक उपयोग से रहित होता है उसे द्रव्यसंसार कहते हैं, अथवा जीव व पुद्गल द्रव्यों का जो यथायोग्य परिभ्रमण होता है उसे द्रव्यसंसार जानना चाहिए। इसे द्रव्यपरिवर्तन भी कहा जाता है।

द्रव्यपर्याय—अनेकद्रव्यात्मिकाया ऐक्यप्रतिपत्तेर्निबन्धनकारणभूतो द्रव्यपर्यायः अनेकद्रव्यात्मिकैकयानवत् । (पंचा. का. जय. वृ. १६)।

अनेक द्रव्यस्वरूप एक यान (नौका आदि) के समान अनेक द्रव्यस्वरूप एकताप्रतिपत्ति (अभेदज्ञान) की कारणभूत पर्याय को द्रव्यपर्याय कहते हैं। वह अचेतन परमाणुओं के स्कन्धरूप सजातीय और भवान्तर्गत जीव की शरीरनोकर्मपुद्गल के साथ मनुष्यादि पर्यायस्वरूप असमान जातीय के भेद से दो प्रकार की है।

द्रव्यपर्यायार्थिकनैगम— १. द्रव्यार्थिकनयविषयं पर्यायार्थिकनयविषयं च प्रतिपन्नः द्रव्य-पर्यायार्थिकनैगमः। (जयध. १, पृ. २४५)। २. द्रव्य-पर्यायार्थिकनयद्वयविषयः नैगमोऽद्वंद्वजः। (धव. पु. ६, पृ. १८१)।

जो द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनों ही नयों के विषय को ग्रहण करता है उसे द्रव्यपर्यायार्थिक नैगमनय कहते हैं।

द्रव्यपाप—१, पुद्गलस्य कर्तृ नि (अन. 'कर्तृनि') श्चयकर्मतामापन्नोऽविशिष्टप्रकृतित्वपरिणामो जीवाऽशुभपरिणामनिमित्तो द्रव्यपापम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १३२; अन. ध. स्वो. टी. २–४०)। २. तन्निमित्तेन (भावपापनिमित्तेन) असद्वेद्याद्यशुभप्रकृतिरूपः पुद्गलपिण्डो द्रव्यपापम्। (पंचा. का. जय. वृ. १०८)।

जीव के अशुभ परिणाम के निमित्त से जो पुद्गल का विशिष्ट प्रकृतित्वरूप—ज्ञानावरणादि स्वभावरूप—परिणमन होता है उसे द्रव्यपाप कहते हैं। पुद्गल के इस परिणमन का कारण स्वयं पुद्गल है, परन्तु अज्ञानी जीव अपने को उसका कर्ता मान उसमें कर्मता का निश्चय करता है।

द्रव्यपापास्रव—तन्निमित्तो (भावपापास्रवनिमित्तो)ऽशुभकर्मपरिणामो योगद्वारेण प्रविशतां पुद्गलानां द्रव्यपापास्रवः। (पंचा. का. अमृत. वृ. १३६)।

भावपापास्रव के निमित्त से योगरूप द्वार से प्रविष्ट होते हुए पुद्गलों का जो अशुभ कर्मरूप परिणमन होता है उसे द्रव्यपापास्रव कहते हैं।

द्रव्यपुण्य—१. पुद्गलस्य कर्तृनिश्चयकर्मतामापन्नो विशिष्टप्रकृतित्वपरिणामो जीवशुभपरिणामनिमित्तो द्रव्यपुण्यम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १३२)। २. भावपुण्यनिमित्तेनोत्पन्नः सद्वेद्यादिशुभप्रकृतिरूपः पुद्गलपरमाणुपिण्डो द्रव्यपुण्यम्। (पंचा. का. जय. वृ. १०८)। ३. यावता (येन कारणेन) पुद्गलस्य कर्तृनिश्चयकर्मतामापन्नो विशिष्टप्रकृतित्वपरिणामो जीवशुभपरिणामनिमित्तो द्रव्यपुण्यम्। (अन. ध. स्वो. टी. २–४०)।

जीव के शुभ परिणामों के निमित्त से जो पुद्गल का विशिष्ट प्रकृतिरूप परिणमन होता है उसे द्रव्यपुण्य कहते हैं। पुद्गल के इस परिणमन का कारण स्वयं पुद्गल ही है, पर अज्ञानी जीव अपने को उसका कर्ता मान उसमें कर्मता का निश्चय करता है।

द्रव्यपुण्यास्रव— तन्निमित्तः (भावपुण्यास्रवनिमित्तः) शुभकर्मपरिणामो योगद्वारेण प्रविशतां पुद्गलानां द्रव्यपुण्यास्रवः। (पंचा. का. अमृत. वृ. १३५)।

योगरूप द्वार से प्रविष्ट होते हुए पुद्गलों का जो भावपुण्यास्रव के निमित्त से शुभ कर्मरूप परिणमन होता है उसे द्रव्यपुण्यास्रव कहते हैं।

द्रव्यपुद्गलपरावर्त— ओराल-विउव्वा-तेय-कम्म-भासाणपाण - मणएहिं ॥ फासेवि सव्वपोग्गल-मुक्का अह बायर परट्टो। अहव इमो दव्वाई ओराल-विउव्व-तेय-कम्मेहिं। नीसेसदव्वगहणंमि बायरो

होइ परियट्टो ॥ दव्वे सुहुमपरट्टो जाहे एगेण सह सरीरेणं । फासे वि सव्वपोग्गल अणुक्कमेणं नणु गणिज्जा ॥ (प्रव. सारो. १०४१-४३)।

एक जीव ने संसाररूप वन में भटकते हुए अनन्त भवों में औदारिक, वैक्रियिक, तैजस, कार्मण, भाषा, आनपान और मन इन सात के रूप में समस्त पुद्गलों को छूकर—उनका उपभोग करके—उन्हें छोड़ा। इस क्रिया में उसका जितना काल व्यतीत हुआ उतने कालविशेष का नाम एक बादर द्रव्यपुद्गलपरावर्त है। अथवा मतान्तर के अनुसार एक जीव के द्वारा सर्वलोकगत पुद्गलों को औदारिक, वैक्रियिक, तैजस और कार्मण इन चार शरीरों के रूप में ग्रहण करके छोड़ देने पर एक बादर द्रव्यपुद्गलपरावर्त होता है। सूक्ष्म द्रव्यपुद्गलपरावर्त—कोई एक जीव संसार में परिभ्रमण करता हुआ उक्त औदारिक आदि शरीरों में से एक किसी शरीर के रूप में अनुक्रम से समस्त पुद्गलों को ग्रहण करके उन्हें छोड़ता है। इसमें उसका जितना काल लगता है उसे सूक्ष्म पुद्गलद्रव्यपरावर्त कहा जाता है। इस सूक्ष्म पुद्गल द्रव्यपरावर्त में जो पुद्गल मध्य में विवक्षित शरीर से अन्य शरीररूप से परिणत होते हैं उनकी गणना नहीं है, किन्तु जब-जब विवक्षित शरीर रूप से वे परिणत होते हैं तभी उनकी गणना की जाती है। आहारकशरीर चूंकि एक जीव के अधिक से अधिक चार बार ही सम्भव है, अत एव उसका पुद्गलपरावर्त में उपयोग न होने से उसे उक्त शरीर के साथ नहीं ग्रहण किया गया है।

द्रव्यपुरुष—१. पुंवेदोदयविशिष्टांगोपांगनामकर्मोदयवशात् श्मश्रु-कूर्च-शिश्नादिलिंगांकितशरीरो जीवः द्रव्यपुरुषः भवति। (गो. जी. म. प्र. टी. २७१)। २. पुंवेदोदयेन निर्माणनामकर्मोदययुक्तांगोपांगनामकर्मोदयवशेन श्मश्रु-कूर्च-शिश्नादिलिंगांकितशरीरविशिष्टो जीवो भवप्रथमसमयमादिं कृत्वा तद्भवचरमसमयपर्यन्तं द्रव्यपुरुषो भवति। (गो. जी. जी. प्र. टी. २७१)।

१ पुंवेद के उदय से युक्त अंगोपांगनामकर्म के उदय के वश श्मश्रु, कूर्च और शिश्न आदि चिह्नों से अंकित शरीर को द्रव्यपुरुष कहते हैं।

द्रव्यपुलाक—दव्वपुलाओ पलंजि भण्णइ। (उत्तरा. चू. पृ. २४६)।

पलंजी—भूसा या पुआल (धान्य के निकाल लेने पर शेष रहे सूखे तृणों का समुदाय)—को द्रव्यपुलाक कहते हैं।

द्रव्यपूजा—१. गन्ध-पुष्प-धूपाक्षतादिदानम् अर्हदाद्युद्दिश्य द्रव्यपूजा। (भ. आ. विजयो. ४७)। २. वचोविग्रहसंकोचो द्रव्यपूजा निगद्यते। तत्र मानससंकोचो भावपूजा पुरातनैः ॥ गन्ध-प्रसून सान्नाद्य दीपधूपाक्षतादिभिः। क्रियमाणाऽथवा ज्ञेया द्रव्यपूजा विधानतः॥ (अमित. श्रा. १२, १२-१३)। ३. दव्वेण य दव्वस्स य जा पूजा जाण दव्वपूजा सा। (वसु. श्रा. ४४८)। ४. द्रव्यपूजाऽर्हदादीनुद्दिश्य गन्धाक्षतादिदानम्। (अन. ध. ९-११०; भ. आ. मूला. टी. ७)। ५. सचित्ताचित्त-मिश्रेण द्रव्यपूजा त्रिधा भवेत्। प्रत्यक्षमर्हदादीनां सचित्ताऽर्चा जलादिभिः॥ तेषां तु यच्छरीराणां पूजनं सा पराऽर्चना। यत् पुनः क्रियते पूजा द्वयोः सा मिश्रसंज्ञिका॥ (धर्मसं. श्रा. ९, ६२-६३)।

१ अर्हत्-सिद्धादि को लक्ष्य बनाकर गन्ध, पुष्प, धूप और अक्षत आदि के देने का नाम द्रव्यपूजा है। २ वचन और शरीर के संकोच को—उनके उस ओर लगाने को द्रव्यपूजा कहते हैं। ××× अथवा गन्ध, पुष्प, नैवेद्य, दीप और धूप आदि के द्वारा जो पूजा की जाती है वह द्रव्यपूजा कहलाती है।

द्रव्यपूति—गंधाइगुणसमिद्धं जं दव्वं असुहगंधदव्वजुयं। पूइत्ति परिहरिज्जइ तं जाणसु दव्वपूइत्ति॥ (पिण्डनि. २४४)।

सुगन्ध आदि गुणों से समृद्ध होकर भी जो द्रव्य पीछे अपवित्र गन्धद्रव्य से संयुक्त होकर पूति—दुर्गन्धयुक्त—हुआ है उसे द्रव्यपूति कहते हैं। यह भोजन सम्बन्धी १६ उद्गम दोषों में तीसरा है, जिसे छोड़ना चाहिए। प्रकृत पिण्डनिर्युक्ति में आगे (२४५-४६) इसके लिए एक उदाहरण भी दिया गया है।

द्रव्यप्रतिक्रमण—१. वास्तु-क्षेत्रादीनां बहुप्रकाराणां उद्गमोत्पादनैषणादोषदुष्टानां वसतीनाम् उपकरणानां भिक्षाणां च परिहरणम्, अयोग्यानां आहारादीनां गृद्धेर्दर्पस्य च कारणानां संक्लेशहेतूनां

वा निरसनं द्रव्यप्रतिक्रमणम् । (भ. आ. विजयो. ११६, पृ. २७५); सचित्तमचित्त-मिश्रमिति त्रिविकल्पं द्रव्यं तस्य परिहरणं द्रव्यप्रतिक्रमणम् । (भ. आ. विजयो. ४२१) । २. सावद्यद्रव्यसेवायाः परिणामस्य निवर्तनं द्रव्यप्रतिक्रमणम् । (मूला. वृ. ७–११५) ।

१ वास्तु क्षेत्र आदि दस प्रकार के परिग्रह; उद्गम, उत्पादन और एषणा दोष से दूषित वसतियों; उपकरणों और भिक्षाओं का परित्याग करना; तथा लोलुपता व अभिमान के कारणभूत अथवा संक्लेश के हेतुभूत अयोग्य आहारादि का छोड़ना, इसका नाम द्रव्यप्रतिक्रमण है । २ पापयुक्त द्रव्य के सेवनविषयक परिणाम के छोड़ने को द्रव्यप्रतिक्रमण कहा जाता है ।

द्रव्यप्रतिसेवना—तत्र या तस्य तस्य वस्तुनः प्रतिषेव्यमानता सा द्रव्यरूपा प्रतिषेवणा । (व्यव. भा. मलय. वृ. १–३९, पृ. १६) ।

विवक्षित वस्तु की प्रतिसेव्यमानता—प्रतिसेवन की योग्यता या कल्प्यता—को द्रव्यप्रतिसेवना कहा जाता है ।

द्रव्यप्रत्याख्यान—१. दव्वम्मि निण्हगाई × × × । (आव. नि. १०५३) । २. द्रव्यमिति द्वारपरामर्शः, निण्हगाइत्ति निह्नवादिप्रत्याख्यानम् । आदिशब्दाद् द्रव्ययोर्द्रव्याणां द्रव्यभूतस्य द्रव्यहेतोर्वा यत् प्रत्याख्यानं तद् द्रव्यप्रत्याख्यानमिति । (आव. नि. हरि. वृ. १०४०) । ३. द्रव्यतो भावतश्चैव प्रत्याख्यानं द्विधा मतम् । अपेक्षादिकृतं ह्याद्यमतोऽन्यच्चरमं मतम् ॥ अपेक्षाचाविधिश्चैवापरिणामस्तथैव च । प्रत्याख्यानस्य विघ्नास्तु वीर्याभावस्तथापरः ॥ उदग्रवीर्यविरहात् क्लिष्टकर्मोदयेन यत् । बाधते तदपि द्रव्यप्रत्याख्यानं प्रकीर्तितम् ॥ (अष्टक. ८, १–२ व ६) । ४. अयोग्याहारोपकरणद्रव्याणि न ग्रहीष्यामीति चिन्ताप्रबन्धो द्रव्यप्रत्याख्यानम् । (भ. आ. विजयो. ११६, पृ. २७६) । ५. द्रव्यप्रत्याख्यानं तु द्रव्यस्य द्रव्येण द्रव्याद् द्रव्ये द्रव्यभूतस्य वा प्रत्याख्यानं द्रव्यप्रत्याख्यानम्, तत्र सचित्ताचित्तमिश्रभेदस्य द्रव्यस्य प्रत्याख्यानं द्रव्यप्रत्याख्यानम्, द्रव्यनिमित्तं वा प्रत्याख्यानम् यथा धम्मिलस्स (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. २, ४, १७९) । ६. पापबन्धकारणद्रव्यं सावद्यं निरवद्यमपि तपोनिमित्तं त्यक्तं न भोक्तव्यं न भोजयितव्यं नानुमन्तव्यमिति द्रव्यप्रत्याख्यानम् । (मूला. वृ. ७–१३१) । ७. द्रव्ये द्रव्यविषयं प्रत्याख्यानं निह्नवः, द्रव्यस्य द्रव्ययोर्द्रव्याणां द्रव्यभूतस्य द्रव्यहेतोर्वा प्रत्याख्यानम् । (आव. नि. मलय. वृ. १०५३, पृ. ५७९) ।

१ द्रव्यविषयक प्रत्याख्यान व निह्नव—सत्यके अपलाप—आदि के प्रत्याख्यान का नाम द्रव्यप्रत्याख्यान है । ४ मैं अयोग्य आहार व उपकरण द्रव्य को ग्रहण नहीं करूँगा, इस प्रकार के विचार की निरन्तरता को द्रव्यप्रत्याख्यान कहते हैं । ५ द्रव्यका, द्रव्यके द्वारा, द्रव्यसे, द्रव्यके विषय में अथवा द्रव्यस्वरूप वस्तुके प्रत्याख्यानको द्रव्यप्रत्याख्यान कहते हैं । सचित्त, अचित्त व सचित्त-अचित्त द्रव्यके प्रत्याख्यान का अथवा द्रव्य के निमित्त किये जाने वाले प्रत्याख्यानको द्रव्यप्रत्याख्यान कहा जाता है । जैसे—धम्मिलल (धनुदेश) का प्रत्याख्यान ।

द्रव्यप्रमाण—प्रमिनो[णो]ति प्रमीयते वा परिच्छिद्यते येनार्थस्तत्प्रमाणम्, तत्र द्रव्यमेव प्रमाणं दण्डादिद्रव्येण वा धनुरादिना शरीरादेर्द्रव्यैर्वा दण्ड-हस्ताङ्गुलादिभिः द्रव्यस्य वा जीवादेः द्रव्याणां वा जीवधर्माधर्मादीनां द्रव्ये वा परमाण्वादौ पर्यायाणां द्रव्येषु वा तेष्वेव तेषामेव प्रमाणं द्रव्यप्रमाणम् । (स्थाना. अभय. वृ. ४, १, २५८) ।

'जो मापता है' इस विग्रह के अनुसार द्रव्य ही प्रमाण होता है अथवा जिसके द्वारा पदार्थ जाना जाता है उसका नाम प्रमाण है । तदनुसार धनुष आदि द्रव्य के द्वारा शरीरादि की ऊँचाई का प्रमाण जाना जाता है; दण्ड, हाथ व अंगुल आदि द्रव्यों के द्वारा एक जीवादि द्रव्यका अथवा जीव, धर्म व अधर्म आदि अनेक द्रव्यों का प्रमाण जाना जाता है; इसी प्रकार परमाणु आदि द्रव्यगत पर्यायों का प्रमाण जाना जाता है । इस क्रमसे द्रव्यप्रमाण अनेक प्रकार का सम्भव है ।

द्रव्यप्रमाणानुगम—यथावस्त्ववबोधः अनुगमः, केवलि-श्रुतकेवलिभिरनुगतानुरूवेणावगमो वा । द्रव्यप्रमाणस्य द्रव्यप्रमाणयोर्वा अनुगमः द्रव्यप्रमाणानुगमः । (धव. पु. ३, पृ. ८) ।

वस्तु के यथार्थ अवबोध का नाम अनुगम है । अथवा केवली और श्रुतकेवली के परम्परागत उपदेश के अनुसार जो वस्तु का बोध होता है वह अनुगम

कहलाता है। द्रव्य के प्रमाण का बोध कराने वाले अथवा द्रव्य और प्रमाण दोनों का ही बोध कराने वाले अधिकार को द्रव्यप्रमाणानुगम कहा जाता है। जैसे—षट्खण्डागमके प्रथम खण्डभूत जीवस्थानगत तृतीय अनुयोगद्वार इत्यादि।

द्रव्यप्राण—१. पुद्गलसामान्यान्वयिनो द्रव्यप्राणाः। (पंचा. का. अमृत. वृ. ३०)। २. द्रव्यप्राणाः इन्द्रिय-पंचक-बलत्रिकोच्छ्वासनिःश्वासायुःकर्मानुभवलक्षणाः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १८–२३२)। ३. चित्सामान्यानुविधायिपुद्गलपरिणामो द्रव्यप्राणाः। (अन. ध. ४–२२)। ४. पौद्गलिकद्रव्येन्द्रियादिव्यापाररूपाः द्रव्यप्राणाः। (गो. जी. जी. प्र. टी. १२९)।

१ पुद्गल सामान्य से अनुगत इन्द्रिय आदि को द्रव्यप्राण कहा जाता है। २ इन्द्रियां पांच, बल तीन, उच्छ्वास-निःश्वास और आयुकर्म; इनके अनुभवन स्वरूप द्रव्यप्राण कहलाते हैं।

से निष्पन्न (अन्वर्थक) पिण्ड नाम है। आचारांग में द्रव द्रव्यरूप जल को भी पिण्ड कहा गया है। यह समयकृत पिण्ड नाम है। भिक्षु या भिक्षुणी किसी गृहस्थ के घर जाकर जिस गुडपिण्ड या ओदनपिण्ड को प्राप्त करते हैं वह उभयकृत (गौण व समयकृत) पिण्ड नाम है। यह अन्वर्थक भी है और आगमप्रसिद्ध भी है। किसी पुरुषविशेष का शरीरावयवों के समुदाय की विवक्षा के बिना 'पिण्ड' यह नाम करना यह अनुभयज 'पिण्ड' कहा जायगा। कारण कि उसमें न अन्वर्थकता है और न आगमप्रसिद्धता भी है। इस तरह उक्त चारों प्रकार के पिण्ड को नामपिण्ड कहा जाता है।

नामपुरुष—नाम इति संज्ञा, तन्मात्रेण पुरुषो नामपुरुषः, यथा घटः पट इति। यस्य वा पुरुष इति नामेति। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १–५५)।

नाम मात्र से जो पुरुष है, अथवा जिसका 'पुरुष' यह नाम है, उसे नामपुरुष कहा जाता है।

नामपूजा— नामोच्चार्य जिनादीनां स्वच्छदेशे क्वचिज्जनैः। पुष्पादीनि विकीर्यन्ते नामपूजा भवेदसौ॥ (धर्मसं. श्रा. ९–८७)।

अरहन्त आदि के नामों का उच्चारण करके पुष्प आदि के अर्पण करने को नामपूजा कहते हैं।

नामप्रतिक्रमण—१. अयोग्यनाम्नामनुच्चारणं नामप्रतिप्रतिक्रमणम्। तर्हि दारिगा सामिणी इत्यादिकमयोग्यं नाम। (भ. आ. विजयो. ११६, पृ. २७५); भट्टिणी भट्टिदारिगा इत्याद्ययोग्यनामोच्चारणं कृतवतस्तत्परिहरणं नामप्रतिक्रमणम्। (भ. आ. विजयो. ४२१, पृ. ६१५)। २. नामप्रतिक्रमणं पापहेतुनामातीचारान्निवर्तनं प्रतिक्रमणदण्डकगतशब्दोच्चारणं वा। (मूला. वृ. ७–११५)।

१ भट्टिनी (स्वामिनी) व भट्टिनीदारिका आदि अयोग्य नामों का उच्चारण नहीं करना, अथवा उच्चारण करने पर उसका परिहार करना, इसे नामप्रतिक्रमण कहते हैं।

नामप्रत्ययस्पर्द्धकप्ररूपणा—१. सरीरणामकम्मस्स उदएणं परोप्परं बद्धाणं पोग्गलाणं फड्डगपरूवणा णामपच्चयफड्डगपरूवणा। (कर्मप्र. चू. ब. क. २१, पृ. ५४)। २. तथा नामप्रत्ययस्य—बन्धननामनिमित्तस्य शरीरदेशस्पर्द्धकस्य प्ररूपणा नामप्रत्ययस्पर्द्धकप्ररूपणा। अयमर्थः—शरीरबन्धननामकर्मोदयतः परस्परं बद्धानां शरीरपुद्गलानां स्नेहमधिकृत्य या स्पर्द्धकप्ररूपणा सा नामप्रत्ययस्पर्द्धकप्ररूपणा। (पञ्चसं. मलय. वृ. ब. क. १९, पृ. २१)।

१ शरीरनामकर्म के उदय से परस्पर में बन्ध को प्राप्त पुद्गलों के स्पर्द्धकों की प्ररूपणा करने को नामप्रत्ययस्पर्द्धकप्ररूपणा कहते हैं।

नामप्रत्याख्यान—अयोग्यं नाम नोच्चारयिष्यामीति चिन्ता नामप्रत्याख्यानम्। (भ. आ. विजयो. ११६)।

मैं आगे अयोग्य नाम का उच्चारण नहीं करूंगा, इस प्रकार का विचार करने को नामप्रत्याख्यान कहते हैं।

नामप्रमाण—से किं तं नामपमाणे ?, २ जस्स णं जीवस्स वा अजीवस्स वा जीवाणं वा अजीवाणं वा तदुभयस्स वा तदुभयाणं वा पमाणेत्ति नामं कज्जइ से तं णामपमाणे। (अनुयो. सू. १३०, पृ. १४४)।

एक जीव, एक अजीव, बहुत-बहुत जीव, बहुत-बहुत अजीव, एक-एक जीव-अजीव, अथवा बहुत-बहुत जीव-अजीव; इनमें से जिस का 'प्रमाण' यह नाम किया जाता है वह नामप्रमाण कहलाता है।

नामबन्ध—जो सो णामबंधो णाम सो जीवस्स वा, अजीवस्स वा जीवाणं वा, अजीवाणं वा, जीवस्स च अजीवस्स च, जीवस्स च अजीवाणं च, जीवाणं च अजीवस्स च, जीवाणं च अजीवाणं च जस्स णामं कीरदि बंधो त्ति सो सव्वो णामबंधो णाम। (षट्खं. ५, ६, ७—धव. पु. १४, पृ. ४)।

एक जीव; एक अजीव, बहुत जीव, बहुत अजीव, एक जीव एक अजीव, एक जीव बहुत अजीव, बहुत जीव एक अजीव, बहुत जीव बहुत अजीव, इन आठ में से जिसका 'बन्ध' यह नाम किया जाता है उसे नामबन्ध कहते हैं।

नामबन्धक—णामबंधया णाम 'बंधया' इदि सद्दो जीवाजीवादिअट्ठभंगेसु पयट्टंतो। (धव. पु. ७, पृ. ३)।

जीवाजीवादि आठ भंगों में जिनका 'बन्धक' यह नाम किया जाता है उन्हें नामबन्धक कहते हैं।

नामभाव—भावसद्दो बज्झत्थणिरवेक्खो अप्पाणम्हि चेव पयट्टो णामभावो होदि। (धव. पु. ५, पृ.

१८३); भावसद्दो णामभावो णाम। (धव. पु. १२, पु. १)।

बाह्य अर्थ की अपेक्षा न रखते हुए अपने आप में ही प्रवृत्त 'भाव' शब्द को नामभाव कहा जाता है।

नाममंगल—१. अरहाणं सिद्धाणं आइरिय-उवज्झयाइसाहूणं। णामाइं णाममंगलमुद्दिट्ठं वीयराएहिं॥ (ति. प. १–१६)। २. एगम्मि अणेगेसु व जीवद्व्वे व तव्विवक्खे वा। मंगलसम्ना नियता तं सन्नामंगलं होइ॥ (बृहत्क. भा. ६)। ३. तत्र यत् जीवस्याजीवस्योभयस्य वा मङ्गलमिति नाम क्रियते तन्नाममङ्गलम्। (आव. हरि. वृ. १, पृ. ४)। ४. तत्थ णाममंगलं णाम णिमित्तंतरणिरवेक्खा मंगलसण्णा। (धव. पु. १, पु. १७); बज्झत्थणिरवेक्खो मंगलसद्दो णाममंगलं। (धव. पु. १, पृ. १९)। ५. तत्र मङ्गलमिति नामैव नाममङ्गलम्। (उत्तरा. नि. शा. वृ. पृ. २)।

१ अरहंत आदि पांच परमेष्ठियों के नामों को नाममंगल कहते हैं। २ एक जीवद्रव्य, अनेक जीव द्रव्यों अथवा उनके विपक्षभूत एक-अनेक अजीव द्रव्यों में जो 'मंगल' यह संज्ञा नियत है उसे संज्ञामंगल या नाममंगल कहा जाता है।

नामलक्षण—१. लक्खणमिह जं णामं जस्स व लक्खिज्जए व जो जेणं। (विशेषा. भा. २६४५)। २. इह लक्षणमिति यन्नाम यदभिधानं वर्णविन्यासो वा तन्नामलक्षणम्, लक्ष्यतेऽनेनेति कृत्वा, यस्य वा पदार्थस्य लक्षणमिति संज्ञा विधीयते स नामलक्षणम्, अभेदात्, यो वा अभ्यादिर्येन नाम्ना विलुप्यते। (विशेषा. भा. वृ. २६४५—नि. ७५१)।

जिस किसी वस्तु का 'लक्षण' ऐसा नाम किया जाता है उसे, अथवा जिस (लक्षणशब्द) के द्वारा पदार्थ लक्षित होता है उसे भी नामलक्षण कहते हैं।

नामलेश्या—लेस्सासद्दो णामलेस्सा। (धव. पु. १६, पृ. ४८४)।

'लेश्या' शब्द को नामलेश्या कहा जाता है।

नामलोक—णामाणि जाणि काणिचि सुहासुहाणि लोगम्हि। णामलोगं वियाणाहि अणंतजिणदेसिदं। (मूला. ७–४५)।

लोक में जो कुछ भी शुभ-अशुभ नाम हैं उन्हें नामलोक जानना चाहिए।

नामवर्गणा—वग्गणासद्दो णामवग्गणा। (धव. पु. १४, पृ. ५२)।

'वर्गणा' यह शब्द नामवर्गणा कहलाता है।

नामवेदना—अट्ठविहदव्वज्झत्थाणालंबणो वेयणासद्दो णामवेयणा। (धव. पु. ६, पृ. ५)।

आठ प्रकार के बाह्य (जीवाजीवादि) अर्थ का आलम्बन न करने वाले 'वेदना' शब्द को नामवेदना कहते हैं।

नामव्रत—नामव्रतं कस्यचिद् व्रतमिति कृता संज्ञा। (भ. आ. विजयो. ११८५)।

किसी पदार्थ की जो 'व्रत' ऐसी संज्ञा की जाती है उसे नामव्रत कहा जाता है।

नामश्रुत—से किं तं नामसुयं? २ जस्स णं जीवस्स वा जाव सुएत्ति नामं कज्जइ से तं नामसुयं। (अनुयो. सू. ३०)।

एक जीव, एक अजीव, बहुत जीव, बहुत अजीव, एक-एक जीव-अजीव अथवा बहुत-बहुत जीव-अजीव; इनमें से जिसका 'श्रुत' यह नाम किया जाता है उसे नामश्रुत कहते हैं।

नामसत्य—१. नामसच्चं नाम जं जीवस्स अजीवस्स वा सच्चमिति नाम कीरइ। (दशवै. चू. पृ. २३६)। २. तत्र सचेतनेतरद्रव्यस्यासत्यप्यर्थे यद् व्यवहारार्थं संज्ञाकरणं तन्नामसत्यम्, इन्द्र इत्यादि। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७५; धव. पु. १, पृ. ११७; चा. सा. पृ. २६; कार्तिके. टी. ३९८)। ३. दशधा सत्यसद्भावे नामसत्यमुदाहृतम्। इन्द्रादिव्यवहारार्थं यत् संज्ञाकरणं हि तत्॥ (ह. पु. १०, ९८)। ४. नामसत्यं नाम कुलमवर्धयन्नपि कुलवर्धन इत्युच्यते, धनमवर्धयन्नपि धनवर्धन इत्युच्यते, अयक्षश्च यक्ष इति। (दशवै. नि. हरि. वृ. २०८, पृ. २७३)। ५. इन्द्रादिसंज्ञा स्वप्रवृत्तिनिमित्तजाति-गुण-क्रिया-द्रव्यनिरपेक्षा तच्छब्दाभिधेयसम्बन्धपरिणतिमात्रेण वस्तुनः प्रवृत्ता नामसत्यम्। (भ. आ. विजयो. व मूला. टी. ११९३)। ६. व्यवहारप्रसिद्ध्यर्थमर्थाभावो[वे]ऽपि लौकिकैः। कृतं नाम मतं नामसत्यं चन्द्रादिवन्नृषु॥ (आचा. सा. ५–२६)। ७. यथा भक्तादिनाम देशाद्यपेक्षया सत्यं भवति तथा पुनरन्यनिरपेक्षतयैव संव्यवहारार्थं कस्यचित्प्रयुक्तं संज्ञाकर्म नामसत्यम्। यथा कश्चित्पुरुषो जिनदत्त इति। (गो. जी. म. प्र. व जी प्र. टी. २२३)।

१ जीव अथवा अजीव का जो 'सत्य' ऐसा नाम

किया जाता है उसे नामसत्य कहते हैं। २ अर्थ के न होने पर भी सचेतन व अचेतन द्रव्य का व्यवहार के लिए जो नामकरण किया जाता है वह नामसत्य कहलाता है। जैसे इन्दनक्रिया के अभाव में भी किसी का 'इन्द्र' यह नाम।

नामसम—नाना मिनोतीति नाम। अणेगेहि पयारेहि अत्थपरिच्छित्ति णामभेदेण कुणदि त्ति एगादिअक्खराण बारसगाणिओगाणं मज्झट्ठिददव्वसुदणाणवियप्पा णाणमिदि वुत्तं होदि। तेण णामेण दव्वसुदेण समं सह वट्टदि उप्पज्जदि त्ति सेसाइरिएसु ट्ठिदसुदणाणं णामसमं। (धव. पु. ९, पृ. २६०); बुद्धिविहूणपुरिसभेएण एगक्खरादीहि ऊणकदिअणियोगो णाणा मिणोदीदि वुप्पत्तीदो णाममिदि भण्णदे। तेण सह वट्टमाणो भावकदिअणियोगो णामसमं णाम। (धव. पु. ९, पृ. २६९); आइरियपादमूले बारहंगसद्दागमं सोऊण जस्स अहिलप्पत्थविसयं चेव सुदणाणं समुप्पण्णं सो णामसमं। (धव. पु. १४, पृ. ८)।

जो नानारूप से जानता है उसे नाम कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि नामभेद से जो अनेक प्रकार से अर्थ का परिच्छेदन करता है उसको नाम कहते हैं। तदनुसार एक-दो आदि अक्षरस्वरूप बारह अंगों के अनुयोगों के मध्यवर्ती जितने द्रव्यश्रुतज्ञान के विकल्प हैं उन्हें नाम जानना चाहिए। इस नामरूप द्रव्यश्रुत के साथ शेष आचार्यों में वर्तमान या उत्पन्न होने वाला श्रुतज्ञान नामसम कहलाता है।

नामसंक्रम—संकमसद्दो णामसंकमो। (धव. पु. १६, पृ. ३३९)।

'संक्रम' शब्द को नामसंक्रम कहा जाता है।

नामसंख्या—से किं तं नामसंखा? २ जस्स णं जीवस्स वा जाव से तं नामसंखा। (अनुयो. सू. १४६, पृ. २३०)।

एक जीव व एक अजीव आदि में से जिसका 'संख्या' ऐसा नाम किया जाता है उसे नामसंख्या कहते हैं।

नामसामायिक—१. निमित्तनिरपेक्षा कस्यचिज्जीवादेरध्याहिता संज्ञा सामायिकमिति नामसामायिकम्। (भ. आ. विजयो. ११६)। २. शुभनामान्यशुभनामानि च श्रुत्वा राग-द्वेषादिवर्जनं नामसामायिकं नाम ××× अथवा जाति-द्रव्य-गुण-क्रियानिरपेक्षं संज्ञाकरणं सामायिकशब्दमात्रं [वा] नामसामायिकं नाम। (मूला. वृ. ७–१७; अन. ध. स्वो. टी. ८–१९)। ३. शुभेऽशुभे वा केनापि प्रयुक्ते नाम्नि मोहतः। स्वमवाग्लक्षणं पश्यन्न रतिं यामि नारतिम्॥ (अन. ध. ८–२१)। ४. इष्टानिष्टनामसु राग-द्वेषनिवृत्तिः सामायिकमित्यभिधानं वा नामसामायिकम्। (गो. जी. जी. प्र. टी. ३६७–६८)। ५. तत्थ इट्ठाणिट्ठणामेसु राय-दोसणिव्वत्ती सामाइयमिदि अहिहाणं वा णामसामाइयं। (अंगप. ३–१३, पृ. ३०५)।

१ किसी जीवादि पदार्थ की निमित्त की अपेक्षा न करके जो 'सामायिक' ऐसी संज्ञा की जाती है उसे नामसामायिक कहा जाता है। २ इष्ट और अनिष्ट नामों को सुन करके उनमें राग या द्वेष के नहीं करने को नामसामायिक कहते हैं। अथवा जाति, द्रव्य, गुण व क्रिया की अपेक्षा न करके जो 'सामायिक' संज्ञा की जाती है उसे नामसामायिक जानना चाहिए।

नामस्तव—१. चतुर्विंशतितीर्थंकराणां यथार्थानुगतैरष्टोत्तरसहस्रसंख्यैर्नामभिः स्तवनं चतुर्विंशतिनामस्तवः। ××× अथवा जाति-द्रव्य-गुण-क्रियानिरपेक्षं संज्ञाकर्म चतुर्विंशतिमात्रं नामस्तवः। (मूला. वृ. ७–४१)। २. अष्टोत्तरसहस्रस्य नाम्नामन्वर्थमर्हताम्। वीरान्तानां निरुक्तं यत्सोऽत्र नामस्तवो मतः॥ (अन. ध. ८–३९)।

१ चौबीस तीर्थंकरों का एक हजार आठ सार्थक नामों से जो स्तवन किया जाता है वह नामस्तव कहलाता है। अथवा जाति, द्रव्य, गुण और क्रिया की अपेक्षा न रखकर जो 'चतुर्विंशति' मात्र नामकरण किया जाता है उसे नामस्तव जानना चाहिए।

नामस्थापना[स्थान]—नामस्थापना[स्थानं] यो यस्य नाम्नः अर्हो योग्य इत्यर्थः। (उत्तरा. चू. पृ. २४०)।

जो स्थान जिस नाम के योग्य है उसे नामस्थान कहते हैं।

नामस्पर्श—जो सो णामफासो णाम सो जीवस्स वा, अजीवस्स वा, जीवाणं वा, अजीवाणं वा, जीवस्स च अजीवस्स च, जीवस्स च अजीवाणं च, जीवाणं च अजीवस्स च, जीवाणं च अजीवाणं च

जस्स णाम कीरदि फासेत्ति सो सव्वो णामफासो णाम। (षट्खं. ५, ३, ९—पु. १३, पृ. ८)।
एक जीव व एक अजीव आदि आठ में से जिसका 'स्पर्श' ऐसा नाम किया जाता है उसे नामस्पर्श कहते हैं।

नामाजीव—अजीव इति नाम यस्य चेतनस्याचेतनस्य वा क्रियते स नामाजीवः। (त. भा सिद्ध. वृ. १–५)।
जिस चेतन व अचेतन पदार्थ का 'अजीव' ऐसा नाम किया जाता है उसे नामअजीव कहते हैं।

नामानन्त— णामाणंतं जीवाजीव-मिस्सदव्वस्स कारणणिरवेक्खा सण्णा अणंता इदि। (धव. पु. ३, पृ. ११)।
जीव, अजीव और मिश्र द्रव्य की जो कारण की अपेक्षा बिना 'अनन्त' ऐसी संज्ञा की जाती है उसे नामानन्त कहते हैं।

नामानुयोग—१. नामस्स जोऽणुओगो अहवा जस्साभिहाणमणुओगो। नामेण व जो जोग्गो जोगो णामाणुओगो सो॥ (विशेषा. १३९६)। २. नामानुयोगो यस्य जीवादेरनुयोग इति नाम क्रियते, नाम्नो वा अनुयोगो नामानुयोगो नामव्याख्या, यदि वा नाम्नाऽनुरूपो योगो नामानुयोगः। (आव. नि. मलय. वृ. १२९)।
१ नाम का जो अनुयोग है उसे नामानुयोग (नामव्याख्या) कहते हैं। अथवा जिसका 'अनुयोग' ऐसा नाम है उसे नामानुयोग कहा जाता है। नाम के अनुरूप योग भी नामानुयोग कहलाता है।

नामान्तर—णामंतरसद्दो बज्झत्थे मोत्तूण अप्पाणम्हि पयट्टो। (धव. पु. ५, पृ. १–२)।
बाह्य अर्थ को छोड़कर अपने आप में प्रवृत्त 'अन्तर' शब्द को नामअन्तर कहते हैं।

नामाल्पबहुत्व—अप्पाबहुअसद्दो णामप्पाबहुअं। (धव. पु. ५, पृ. २४१)।
'अल्पबहुत्व' इस शब्द को नामअल्पबहुत्व कहा जाता है।

नामावश्यक—१. से किं तं नामावस्सयं? २ जस्स णं जीवस्स वा अजीवस्स वा जीवाणं वा अजीवाणं वा तदुभयस्स वा तदुभयाणं वा आवस्सए त्ति नामं कज्जइ से तं नामावस्सयं। (अनुयो. सू. ९)। २. तत्र नाम अभिधानम्, नाम च तदावश्यकं च नामावश्यकम्, आवश्यकाभिधानमित्यर्थः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ६)।
एक जीव, एक अजीव, बहुत जीव, बहुत अजीव, दोनों एक-एक तथा दोनों बहुत-बहुत; इनमें से जिसका 'आवश्यक' ऐसा नाम किया जाता है उसे नामावश्यक कहते हैं।

नामासंख्यात—णामासंखेज्जयं णाम जीवाजीवमिस्सस्सरूवेण ट्ठिदअट्ठभंगासंखेज्जाणं कारणणिरवेक्खा सण्णा। (धव. पु. ३, पृ. १२३)।
जीव, अजीव और मिश्ररूप से स्थित आठ संयोगी भंगों में जिसकी 'असंख्यात' ऐसी संज्ञा की जाती है उसे नामासंख्यात कहते हैं।

नामास्रव—नामास्रवो यस्य आस्रव इति नाम कृतं स नामास्रवः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५)।
जिसका 'आस्रव' ऐसा नाम किया गया है उसे नामास्रव कहते हैं।

नामोत्तर—तत्र नामोत्तरमिति नामैव, यस्य वा जीवादेरुत्तरमिति नाम क्रियते। (उत्तरा. नि. शा. वृ. १, पृ. ३)।
'उत्तर' इस नाम को ही नामोत्तर कहा जाता है। अथवा जिस किसी जीवादि का 'उत्तर' ऐसा नाम किया जाता है उसे नामोत्तर कहते हैं।

नामोपक्रम—तत्र नामतश्चिरतरकालभाविनः सन्निहितकाल एव करणं नामोपक्रमः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. १–२८, पृ. ३१)।
चिरतर काल में होने वाले कार्य के निकटवर्ती काल में करने को नामोपक्रम कहते हैं।

नारक—देखो नरत। १. नरकेषु भवा नारकाः। (त. भा. ३–३; त. वा. २, ५०, ३)। २. ण रमंति जदो णिच्चं दव्वे खेत्ते य काल-भावे य। अण्णोण्णेहि य णिच्चं तम्हा ते णारया भणिया॥ (प्रा. पंचसं. १–६०; धव. पु. १, पृ. २०२ उद्.; गो. जी. १४७)। ३. नरान् कायन्तीति नरकास्तेषु भवा नारकाः। (आव. नि. हरि. वृ. ६२८, पृ. २५१)। ४. नरान् कायन्तीति नरकाः, योग्यतया शब्दयन्तीत्यर्थः, तेषु भवा नारकाः। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. २९)। ५ नारकाः शर्करासन्निविष्टोष्ट्रिकाकृतयः, तेषु भवाः अतिप्रकृष्टदुःखोपेताः प्राणिनो नारकाः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–२२)। ६. न रमन्ते महादुःखा ये द्रव्यादिचतुष्टये। ये परस्परतो

जीवा नारकास्ते निरूपिताः ॥ (पंचसं. अमित. १-१४७) । ७. नरान् उपलक्षणात्तिरश्चोऽपि, योग्यतामतिक्रमेण कायन्त्याकारयन्तीति नारकाः सीमन्तकादयस्तेषु भवाः नारकाः नरकायुर्नरकगत्यादिकर्मोदयवर्तिनः । (संग्रहणी दे. वृ. १, पृ. २) । ८. ××× ये न रमन्ते—प्रीतिं न भजन्ते न सुख्यन्ति अन्योन्यैश्च परस्परं च न रमन्ते, तस्मात्ते नरताः, नरता एव नारताः, स्वार्थिकाण्विधानात्, इति भणिताः पूर्वसूरिभिः । ××× गतिनामकर्मोत्तरप्रकृतिविकल्पो नारकगतिनामकर्म, तदुदयाज्जाताः नारकाः । अथवा नरान् कायन्ति कदर्थयन्ति क्लेशयन्तीति नरकाणि अधोभूमिगतसीमन्तादिबिलानि, तेषु भवाः नारकाः, सहज शारीर-मानसागन्तुक-क्षेत्रजैर्दुःखैर्निरन्तरसंक्लेशितपरिणामाः बह्वारम्भ-परिग्रहत्वाद्यार्त-रौद्रध्यानार्जितनारकायुःकर्मोदयलब्धनारकभववृत्तयः सप्ताधोभूमिगताः पंचेन्द्रियजीवाः नारकाः इति संक्षेपतो ज्ञातव्याः । (गो. जी. म. प्र. टी. १४७) । ९. ××× अन्योन्यैः सह नूतन-पुरातननारकाः परस्परं च न रमन्ते, तस्मात् कारणात् ते जीवाः नरता इति भणिताः, नरता एव नारताः । ××× अथवा नरकेषु जाता नारकाः ××× अथवा नरान् प्राणिनः कायति पातयति कदर्थयति खलीकरोति बाधत इति नरकं कर्म, तस्यापत्यानि नारकाः, तेषां गतिः नारकगतिः । अथवा द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावेषु अन्योन्येषु च अरताः नरताः, तेषां गतिर्नरतगतिः । (गो. जी. जी. प्र. टी. १४७) ।

१ जो नरकों में होते हैं उन्हें नारक कहा जाता है । २ जो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव में तथा परस्पर में भी नहीं रमते हैं वे नारत या नारक कहलाते हैं । ३ जो नरों (मनुष्यों—जीवों) को क्लेश पहुंचाने वाले नरकों में उत्पन्न होते हैं वे नारक कहलाते हैं ।

नारककालावीचिमरण—जं णेरइया नेरइयकाले वट्टमाणा जाइं दव्वाइं णेरइयाउयत्ताए गहिताइं ताइं दव्वाइं आवीचि अणुसमयं णिरंतरं मरतीति कट्टु णेरइयकालावीचीमरणं । (उत्तरा. चू. ५, पृ. १२७) ।

नारककाल में वर्तमान नारकी जीवों ने जिन द्रव्यों को नारक आयु के रूप में ग्रहण किया है वे द्रव्य प्रत्येक समय में निरन्तर मरते हैं—निषेकक्रम से क्षीण होते हैं, इसी का नाम नारककालावीचिमरण है ।

नारकक्षेत्रावीचिमरण—जे णं णेरइया णेरइयखेत्ते वट्टमाणा जाइं दव्वाइं णेरइयाउयत्ताए गहिताइं ताइं दव्वाइं आवीचि अणुसमयं णिरंतरं मरतीति कट्टु णेरइयखेत्तावीचिमरणं । (उत्तरा. चू. ५, पृ. १२७) ।

नारकक्षेत्र में वर्तमान नारकी जीवों ने जिन द्रव्यों को नरकायु के रूप में ग्रहण किया है वे प्रत्येक समय में निरन्तर मरते हैं—निषेकक्रम से निर्जीर्ण होते हैं, इसी को नारकक्षेत्रावीचीमरण कहा जाता है ।

नारकद्रव्यात्यन्तिकमरण—जे णेरइयदव्वे वट्टमाणा जाइं दव्वाइं संपयं मरंति ताइं दव्वाइं अणागते कालेण पुणो ण मरिस्संति तं णेरइयदव्वातियंतियमरणं भवति । (उत्तरा. चू. ५, पृ. १२८) ।

नारकद्रव्य में वर्तमान नारक जीव जो द्रव्य इस समय मरते हैं—उन्हें छोड़ते हैं—उन्हें भविष्य में फिर से नहीं छोड़ेंगे, यह नारकद्रव्यात्यन्तिकमरण कहते हैं ।

नारकद्रव्यावधिमरण—णेरइया णेरइयदव्वे वट्टमाणा जाइं संपइं मरंति, जण्णं णेरइया ताइं दव्वाइं अणागते काले पुणो वि मरिस्संति नेरइए । (उत्तरा. चू. ५, पृ. १२८) ।

नारकद्रव्य में वर्तमान नारकी जिन द्रव्यों को इस समय निर्जीर्ण कर रहे हैं, आगामी काल में फिर भी उन्हीं द्रव्यों को निर्जीर्ण करेंगे, उसे नारकद्रव्यावधिमरण कहते हैं ।

नारकद्रव्यावीचीमरण—जं नेरइया णेरइयदव्वे वट्टमाणा जाइं दव्वाइं णेरइयाउयत्ताए गहिताइं ताइं दव्वाइं आवीचि अणुसमयं णिरंतरं मरतीति कट्टु णेरइयदव्वावीचिमरणं । (उत्तरा. चू. ५, पृ. १२७) ।

नारकद्रव्य में वर्तमान नारकी जीवों ने जिन द्रव्यों को नारक आयु के रूप में ग्रहण किया है उनकी अपेक्षा प्रतिसमय में मरण होता है—वे प्रत्येक

समय में निषेकक्रम से क्षय को प्राप्त होते हैं, यही नारकद्रव्यावीचीमरण कहलाता है।

नारकभवावीचीमरण—जं णं णेरइया णेरइयभवे वट्टमाणा जाइं दव्वाइं णेरइयाउयत्ताए गहिताइं ताइं दव्वाइं आवीचि अणुसमयं णिरंतर मरतीति कट्टु णेरइयभवावीचीमरणं। (उत्तरा. चू. ५, पृ. १२७)।

नारकभव में वर्तमान नारक जीवों ने जिन द्रव्यों को नारक आयु के रूप में ग्रहण किया है उन्हें जो प्रतिसमय निषेकक्रम से निर्जीर्ण किया जाता है, इसका नाम नारकभवावीचीमरण है।

नारकभावावीचीमरण—जण्णं णेरइयभावे वट्टमाणा जाइं दव्वाइं णेरइयाउयत्ताए गहिताइं ताइं दव्वाइं आवीची अणुसमयं णिरंतरं मरतीति कट्टु णेरइयभावावीचियमरणं। (उत्तरा. चू. ५, पृ. १२७)।

नारकभाव में वर्तमान नारकी जीवों ने जिन द्रव्यों को नारक आयु के रूप में ग्रहण किया है उन द्रव्यों को जो प्रत्येक समय में निरन्तर निषेकक्रम से निर्जीर्ण किया जाता है, इसका नाम नारकभावावीचीमरण है।

नारकानुपूर्वी—देखो नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्व्यनाम।

नारकायु—१. नरकेषु भवं नारकमायुः, × × × नरकेषु तीव्रशीतोष्णवेदनेषु यन्निमित्तं दीर्घजीवनं तन्नारकम् (आयुः)। (स. सि. ८–१०; त. श्लो. ८–१०)। २. नरकेषु तीव्रशीतोष्णवेदनेषु यन्निमित्तं दीर्घजीवनं तन्नारकायुः। नरकेषु तीव्रशीतोष्णवेदनाकरेषु यन्निमित्तं दीर्घजीवनं भवधारणं भवति तन्नारकायुः। (त. वा. ८, १०, ५)। ३. तत्र नरका उत्पत्तियातनास्थानानि पृथिवीपरिणतिविशेषाः, तत्सम्बन्धिनः सत्त्वा अपि तात्स्थ्यान्नरकाः, तेषामिदमायुर्नारकम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–११)। ४. जेसिं कम्मक्खंधाणमुदएण जीवस्स उड्ढगमणसहावस्स णेरइयभवम्मि अवट्ठाणं होदि तेसिं णिरयाउमिदि सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ४८); जं कम्मं णिरयभवं धारेदि तं णिरयाउअं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३६२)। ५. नरकेषु तीव्रशीतोष्णवेदनेषु दीर्घजीवनं नारकमायुः। (गो. क. जी. प्र. ३३)। ६. यदुदयात् तीव्रशीतोष्णदुःखेषु दीर्घकालं जीवति तत् नारकायुः। (त. वृत्ति श्रुत. ८–१०)।

१ जिस कर्म के निमित्त से तीव्र शीत-उष्ण की वेदना वाले नरकों में दीर्घ काल तक जीवित रहना पड़ता है उसे नारक आयु कहते हैं। ३ पृथिवी के विशेष परिणमन रूप उत्पत्ति व पीड़ा के स्थानों को नरक कहा जाता है। उन नरकों से सम्बद्ध जीव भी वहां स्थित रहने के कारण नरक कहलाते हैं। इन नरकों (नारक जीवों) की आयु का नाम नारक आयु है।

नारत—देखो नारक।

नाराचसंहनन—१. तदेवोभयं वज्राकारबन्धनव्यपेतमवलयबन्धनं सनाराचं नाराचसंहननम्। (त. वा. ८, ११, ६)। २. जस्स कम्मस्स उदएण वज्जविसेसणरहिदणारायणखीलियाओ हड्डसंधीओ हवंति तण्णारायणसरीरसंघडणं णाम। (धव. पु. ६, पृ. ७४)। ३. मर्कटबन्धः य उभयपार्श्वयोरस्थिबन्धः स किल नाराचः × × × नाराचनाम्नि तु मर्कटबन्ध एव केवलो न कीलिका न पट्टः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१२)। ४. यस्य कर्मण उदयेन वज्रविशेषणरहितोऽस्थिबन्धो नाराचकीलितो भवति तत्तृतीयम्। (मूला. वृ. १२–१९४)। ५. उभओ मक्कडबंधो नाराओ होइ विन्नेओ। (संग्रहणी ११७)। ६. यत्रास्थ्नोर्मर्कटबन्ध एव केवलस्तन्नाराचसंज्ञं तृतीयं संहननम्। (जीवाजी. मलय. वृ. १३, पृ. १५)। ७. यत्र त्वस्थ्नां मर्कटबन्ध एव केवलो भवति तत्संहननं नाराचम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७२)। ८. यत्रास्थ्नोर्मर्कटबन्ध एव केवलस्तन्नाराचम्। (संग्रहणी दे. वृ. ११७, पृ. ५८)। ९. यस्य कर्मण उदयेन वज्रविशेषणेन रहितनाराचकीलिता अस्थिसन्धयो भवन्ति तन्नाराचशरीरसंहननं नाम। (गो. क. जी. प्र. ३३)। १०. वज्राकारेण वलयेन च रहितं नाराचसंहनननाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

१ वज्राकार बन्धन और वलयबन्धन से रहित, पर नाराच से सहित हड्डियों का बन्धनविशेष जिस कर्म के उदय से होता है उसे नाराचसंहनन कहते हैं। ३ उभय पार्श्व भागों में जो हड्डियों का मर्कटबन्ध होता है उसका नाम नाराच है। नाराचसंहनन नामकर्म के उदय से कीलिका और पट्ट के

रहित केवल मर्कटबन्ध ही होता है।

नारी—१. णारिसओ णत्थि णरो णरस्स अण्णोत्ति उच्चदे णारी। (भ. आ. ९७८)। २. स्तन-योनिमती नारी ××× (पंचसं. अमित. १–१९५)।

१ जिसके समान नर (मनुष्य) का दूसरा अरि (शत्रु) नहीं है उसे नारी कहा जाता है। २. जो स्तन और योनि से सहित होती है उसे नारी कहते हैं।

नालिका—१. ते (लवाः) ऽष्टात्रिंशदर्धं च नालिका। (त. भा. ४–१५)। २. सत्तत्तरिदलिदलवा णाली ××× ॥ (ति. प. ४–२८७)। ३. अट्ठत्तीसं तु लवा अद्धलवो चेव नालिया होइ। (ज्योतिष्क. १–१०)। ४. अठतीस लवे अद्धलवं च घेत्तूण एगा णालिया हवदि। (धव. पु. ३, पृ. ६५); अट्ठत्तीसद्धलवा णाली ××× । (धव. पु. ३, पृ ६६ उद्धृ.; भावसं. दे. ३१३, गो. जी. ५७५; जं. दी. प. १३–६); साद्धअट्ठत्तीसलवेहि णाली णाम कालो होदि। (धव. पु. ४, पृ. ३१८)।

१ साढ़े अड़तीस (३८½) लव प्रमाण काल को नालिका या नाली कहते हैं।

नाली—देखो नालिका।

नावागति—१. जण्णं णावा पुव्ववेतालीओ दाहिणवेयालिं जलपहेणं गच्छति, दाहिणवेतालिओ वा अवरवेतालिं जलपहेणं गच्छति से तं णावागती। (प्रज्ञाप. सू. २०५, पृ. ३२७)। २. नावागतिर्यन्नावा महानद्यादौ गमनम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २०५, पृ. ३२९)।

१ नाव के द्वारा पूर्व वेताली से दक्षिण वेताली और दक्षिण वेताली से अपर वेताली को जलमार्ग से जाना, इसका नाम नावागति है।

नाश—नाशः पुनः स्वभावप्रच्यवनम्। (सिद्धिवि. वृ. ८–२०, पृ. ५५४)।

स्वभाव की प्रच्युति का नाम नाश है।

नासासंस्कार—अन्तर्मल-रोमापनोदादिको नासासंस्कारः। (भ. आ. मूला. ९३)।

नासिका के भीतर के मल और रोमों के दूर करने आदि को नासासंस्कार कहते हैं।

नास्ति-अवक्तव्य—१. आइट्ठोऽसब्भावे देसो देसो य उभयहा जस्स। तं णत्थि अवत्तव्वं च होइ दवियं वियप्पवसा ॥ (सन्मति, १–३९, पृ. ४७४)। २. परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैश्च युगपत्स्व-परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैश्चादिष्टं नास्ति चावक्तव्यं द्रव्यम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १४)।

१ द्रव्य के एक अंश या धर्म के असद्भाव में और दूसरे अंश के दोनों में—सद्भाव असद्भाव में—युगपत् विवक्षित होने पर 'नास्ति अवक्तव्य द्रव्य' नाम का छठा भंग होता है। २ परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से तथा युगपत् स्व और पर द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से विवक्षित द्रव्य को नास्ति-अवक्तव्य-द्रव्य कहा जाता है।

नास्तिक—देव-गुरु-धर्मरहिते पुंसि नास्तिप्रत्ययः। (धीतिवा. २५–६५, पृ. २५५)।

देव, गुरु और धर्म से रहित—उनके ऊपर श्रद्धा न रखने वाले—पुरुष के विषय में जो 'नास्ति' प्रत्यय होता है उसे नास्तिक कहा जाता है।

नास्तिद्रव्य—१ अत्यंतरभूएहि णियएहि य ××× । (सन्मति. १–३६, पृ. ४४१)। २. परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैरादिष्टं नास्तिद्रव्यम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १४)।

१ अर्थान्तरभूत—घट से भिन्न पट आदि—की विवक्षा में 'नास्ति घटः' ऐसा दूसरा भंग होता है। २ पर द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा से द्रव्य का कथन करने पर 'नास्ति द्रव्य' कहा जाता है।

निकाच—निकाचो निकाचनं छंदनं निमन्त्रणमित्येकार्थाः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ५–४९)।

निकाच, निकाचन, छंदन और निमंत्रण ये समानार्थक हैं।

निकाचना—देखो निकाचिता। १. तस्सेव (पुव्वबद्धस्स कम्मस्सेव) तत्तसंकोट्टियलोहसलागासंबंधसरिसकिरिता निकायणा। (कर्मप्र. चू. बं. क. २, पृ. १८)। २. तथा 'कच बन्धने' नितरां कच्यते—स्वयमेव बन्धमायाति कर्म जीवस्य तथाविधसंक्लिष्टाध्यवसायपरिणतस्य तत्प्रयुङ्क्ते जीव एव, तथानुकूल्येन भवनात्, ततः प्रयोक्तृव्यापारे णिच्, ततो निकाच्यते अवश्यं वेद्यतया व्यवस्थाप्यते जीवेन यया सा निकाचना। अथवा 'कच बन्धने' इति चौरादिकोऽप्यस्ति, ततो निकाच्यते अवश्यं वेद्यतया निबध्यते यया कर्म सा निकाचना जीववीर्यविशेषपरिणतिः। (कर्मप्र. मलय. वृ. ब. क. २, पृ. १९; पंचसं.

मलय. वृ. १, पृ. २)। ३. निकाचना पुन: सर्वकरणायोग्यत्वमिति। (धर्मसं. हरि. वृ. ११, पृ. १५)।

१ पूर्वस्पृष्ट कर्म की जो तपाकर घन से कूटी गई लोहे की शलाकाओं के सम्बन्ध के समान क्रिया होती है उसे निकाचना कहते हैं। ३ कर्म की सब करणों के अयोग्य अवस्था का नाम निकाचना है।

निकाचित—१. जं पदेसग्गं ण सक्कमोकड्डिदुमुक्कड्डिदुमण्णपयडिसंकामेदुमुदए दादुं वा तण्णिकाचिदं णाम। (धव. पु. ९, पृ. २३६); जं पदेसग्गं ओकड्डिदुं णो सक्कं उक्कड्डिदुं णो सक्कं अण्णपयडिं संकामिदुं णो सक्कं उदए दादुं णो सक्कं तं पदेसग्गं णिकाचिदं णाम। (धव. पु. १६, पृ. ५१७); जं पदेसग्गं ण वि ओकड्डिज्जदि [ण वि उक्कड्डिज्जदि] ण वि संकामिज्जदि ण वि उदए दिज्जदि तं णिकाचिदं णाम। (धव. पु. १६, पृ. ५७६)। २. × × × चउसु वि दादुं कमेण णो सक्कं। × × × णिकाचिदं होदि जं कम्मं॥ (गो. क. ४४०)। ३. उदयावल्यां निक्षेप्तुं संक्रमयितुमुत्कर्षयितुमपकर्षयितुं चाशक्यं तन्निकाचितं नाम। (गो. क. जी. प्र. टी. ४४०)।

१ कर्म के जिस प्रदेशपिण्ड का न अपकर्षण हो सकता है, न उत्कर्षण हो सकता है, न अन्य प्रकृति रूप संक्रमण हो सकता है, और न उदय हो सकता है उसे निकाचित कहा जाता है।

निकाचिता—देखो निकाचित। निकाचिता तु स्पृष्टानन्तरभाविनी, × × × बद्धं नामात्मप्रदेशैः सह श्लिष्टम्। यथा सूचयः कलापीकृताः परस्परेण बद्धा कथ्यन्ते, ता एवाग्नौ प्रक्षिप्तास्ताडिताः समभिव्यज्यमानान्तराः स्पृष्टा इति व्यपदिश्यन्ते, ता एव यदा पुनः पुनः प्रताप्य घनं घनेन ताडिताः प्रनष्टस्वविभागा एकपिण्डतामितास्तदा निकाचिता इति व्यपदेशमश्नुवते, एवं कर्माप्यात्मप्रदेशेषु योजनीयम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. १-३, पृ. ३८)।

जिस प्रकार लोहे की शलाकाओं को एकत्रित करने पर वे परस्पर बद्ध कही जाती हैं, फिर उन्हीं को आग में डालकर ताड़ित करने पर अन्तर के स्पष्ट रहते हुए स्पृष्ट कहा जाता है, तत्पश्चात् उन्हीं को जब बार-बार तपा कर घन से खूब ताडित करते हैं तब अन्तर से रहित होकर वे एकपिण्ड बन जाती हैं, उनकी इस अवस्था को निकाचित कहा जाता है। इसी प्रकार कर्म भी क्रम से आत्मप्रदेशों से बद्ध व स्पृष्ट होते हुए निकाचित अवस्था को प्राप्त होते हैं।

निकाय—१. देवगतिनामकर्मोदयस्य स्वधर्मविशेषापादितभेदस्य सामर्थ्यान्निचीयन्त इति निकायाः संघाताः। (स. सि. ४-१)। २. स्वधर्मविशेषापादितसामर्थ्यात् निचीयन्ते इति निकायाः। देवगतिनामकर्मोदयस्वधर्मविशेषापादितसामर्थ्यान्निचीयन्त इति निकायाः, संघाताः इत्यर्थः। (त. वा. ४, १, ३)। ३. स्वधर्मविशेषापादितसामर्थ्यान्निचीयन्त इति निकायाः। (त. श्लो. ४-१)।

१ अपने धर्मविशेष से प्राप्त अनेक भेदों वाले देवगति नामकर्म के उदय के प्रभाव से जो समुदाय को प्राप्त होते हैं वे निकाय कहलाते हैं।

निकायकाय—नियतो नित्यः कायो निकायः, नित्यता चास्य त्रिष्वपि कालेषु भावात्। अधिको वा कायो निकायः, यथा अधिकदाहो निदाह इति। आधिक्यं चास्य धर्माधर्मास्तिकायापेक्षया स्वभेदापेक्षया वा। तथाहि—एकादयो यावदसंख्येयाः पृथिवीकायिकास्तावत्कायस्त एव स्वजातीयान्यप्रक्षेपापेक्षया निकाय इति, एवमन्येष्वपि विभाषा। इत्येवं जीवनिकायसामान्येन निकायकायो भण्यते। अथवा जीवनिकायः पृथिव्यादिभेदभिन्नः षड्विधोऽपि निकायो भण्यते तत्समुदायः, एवं च निकायकाय इति। (आव. नि. हरि. वृ. १४३६, पृ. ७६८)।

नित्य काय अथवा अधिक काय का नाम निकाय है। पृथिवीकायादिगत यह अधिकता धर्म-अधर्म अस्तिकायों की अपेक्षा अथवा अपने भेदों की अपेक्षा समझना चाहिए। एक से लेकर असंख्येय पृथिवीकायिक तक काय कहलाते हैं। वे ही अपनी जातिगत अन्य भेदों के प्रक्षेप की अपेक्षा निकाय कहलाते हैं। यही क्रम अन्य जलकायिकादिकों के विषय में जानना चाहिए। इस प्रकार से बने हुए छहों निकायों के समुदाय को निकायकाय कहा जाता है।

निकृति—१. निकृतिर्वञ्चना। मणि-सुवर्ण-रूप्याभासदानतो द्रव्यान्तरादानं निकृतिः। (धव. पु. १२, पृ. २८५)। २. निक्रियतेऽनया परः परिभूयत इति निकृतिः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८-१०)।

३. प्रतिसन्धानकुशलता धने कार्ये वा कृताभिलाषस्य वंचना निकृतिः। (भ. आ. विजयो. २५)।

१ निकृति का अर्थ धोखा देना है, अभिप्राय यह है कि बनावटी (नकली) मणि, सोना अथवा चांदी देकर बदले में अन्य द्रव्य के ग्रहण करने को निकृति कहा जाता है। ३ दूसरों के ठगने की कुशलता को निकृति कहते हैं। अथवा धन या कार्य की अभिलाषा रखने वाला जो दूसरों को ठगता है उसे निकृति समझना चाहिए।

निकृतिवाक्—वणिग्व्यवहारे याममवार्थं निकृतिप्रवण आत्मा भवति सा निकृतिवाक्। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७५; धव. पु. १, पृ. ११७)।

व्यापार में जिस वचन के आश्रय से आत्मा ठगने में तत्पर होता है उसे निकृतिवाक् कहा जाता है।

निक्षिप्तदोष—१. सच्चित्तपुढवि-आऊ-तेऊ-हरिदं च बीय-तसजीवा। जं तेसिमुवरि ठविदं णिक्खित्तं होदि छब्भेयं॥ (मूला. ६–४६)। २. निक्षिप्तः स्थापितः, सचित्तादिषु परिनिक्षिप्तमाहारं यदि गृह्णाति साधुस्तदा तस्य निक्षिप्तदोषः। (मूला. वृ. ६–४६)। ३. सचित्तपद्मपत्रादौ क्षिप्तं निक्षिप्तसंज्ञितम्। (आचा. सा. ८–४७)। ४. पृथिव्युदकतेजोवायु-वनस्पतिषु त्रसेषु च यदन्नाद्यचित्तमपि स्थापितं तन्निक्षिप्तम्। (योगशा. स्वो. विव. १-३८, पृ. १३७)। ५. ××× निक्षिप्तमाहितम्। सचित्तक्ष्माग्नि-वार्बीज-हरितेषु त्रसेषु च॥ (अन. ध. ५, ३०)। ६. सचित्तपृथिव्यादेस्त्रसानां वा उपरि पीठफलकादिकं स्थापयित्वा अत्र शय्या कर्तव्येति या दीयते वसतिः सा निक्षिप्ता। (भ. आ. मूला. टी. २३०)। ७. सचित्तपद्मपत्रादौ यत्क्षिप्तं तन्निक्षिप्तम्। (भावप्रा. टी. ९९)। ८. सचित्तपृथिव्यप्तेजोवायु-वनस्पति-बीजानां त्रसानामुपरि स्थापितं पीठ-फलकादिकम् 'अत्र मया[त्वया]शय्या कर्तव्या' या दीयते वसतिः सा निक्षिप्ता। (कार्तिके. टी. ४४८–४९)।

१ जो पृथिवी, जल, तेज, हरित, बीजकाय और त्रसकाय सचित्त हैं उनके ऊपर स्थापित भोज्य पदार्थ के ग्रहण करने पर निक्षिप्तदोष होता है। वह पृथिवी आदि के भेद से छह प्रकार का है। ८ सचित्त पृथिवी आदि के ऊपर आसन या पटिया आदि को स्थापित कर 'यहां आप शयन कीजिए' इस प्रकार से जो वसति दी जाती है वह निक्षिप्त दोष से दूषित होती है।

निक्षेप—१. निक्षिप्यत इति निक्षेपः स्थापना। (स. सि. ६–९)। २. विस्तरेण लक्षणतो विधानतश्च अधिगमार्थं न्यासो निक्षेप इत्यर्थः। (त. भा. १–५)। ३. तथा निक्षिप्यते अनेनेति अस्मिन् वेति निक्षेपणं वा निक्षेपः, 'क्षिप प्रेरणे' इति नियतो निश्चितो वा क्षेपः निक्षेपः, न्यासः स्थापनेति यावत्। (उत्तरा. चू. १, पृ. ९)। ४. निक्षिप्यत इति निक्षेपः। ××× अथवा ××× निक्षिप्तिर्निक्षेपः। (त. वा. ६, ९, १)। ५. ज्ञानं प्रमाणमात्मादेरुपायो न्यास इष्यते। (लघीय. ५२); तदधिगतानां वाच्यतामापन्नानां वाचकेषु भेदोपन्यासः न्यासः। (लघीय. स्वो. वि. ७४)। ६. निक्षेपोऽनन्तकल्पश्चतुरवरविधः प्रस्तुतव्याक्रियार्थः, तत्त्वार्थज्ञानहेतुर्द्वयनयविषयः संशयच्छेदकारी। शब्दार्थप्रत्ययाङ्कं विरचयति यतस्तद्यथाशक्ति भेदं, वाच्यानां वाचकेषु श्रुतविषयविकल्पोपलब्धेस्ततः सः॥ (सिद्धिवि. १२–१, पृ. ७३८)। ७. तथा निक्षेपणं निक्षिप्यतेऽनेनास्मादस्मिन्निति वा निक्षेपः न्यासः स्थापनेति पर्यायाः। (आव. नि. हरि. वृ. ७९, पृ. ५४; अनुयो. हरि. वृ. पृ. २७)। ८. णिच्छये णिण्णये खिवदि त्ति णिक्खेवो। (धव. पु. १, पृ. १०; पु. १३, पृ. ३; पु. १४, पृ. ५१); संशये विपर्यये अनध्यवसाये वा स्थितं तेभ्योऽपसार्य निश्चये क्षिपतीति निक्षेपः। अथवा बाह्यार्थविकल्पो निक्षेपः, अप्रकृतनिराकरणद्वारेण प्रकृतप्ररूपको वा। उक्तं च—अपगयनिवारणट्ठं पयदस्स परूवणाणिमित्तं च। संसयविणासणट्ठं तच्चत्थवधारणट्ठं च। (धव. पु. ४, पृ. २); बज्झत्थवियप्पपरूवणा णिक्खेवो णाम, अणधिगदत्थणिराकरणदुवारेण अधिगदत्थपरूवणा वा। (धव. पु. ९, पृ. १४०, १४१); संशय-विपर्ययानध्यवसायस्थितं जीवं निश्चये क्षिपतीति निक्षेपः, अप्रकृतापोहनमुखेन प्रकृतप्ररूपणाय अर्पितवाचकस्य वाच्यप्रमाणप्रतिपादनं वा निक्षेपः। (धव. पु. १३, पृ. ३८); संशयविपर्ययानध्यवसायेभ्योऽपसार्य निश्चये क्षिपतीति निक्षेपः, बाह्यार्थविकल्पप्ररूपको वा। (धव. पु. १३, पृ. १९८)। ९. उपायः कारणम् आत्मादिज्ञानस्य नामादि न्यासो निक्षेप इष्यते। (न्यायकु.

५२, पृ. ६५७); नयधिगतानाम्—श्रुत-नयाधिगतानां द्रव्य-पर्यायरूपाणां जीवादीनाम्, वाच्यतामापन्नानाम्—साधारणस्वरूपाणाम्— × × × वाचकेषु जीवादिशब्देषु भेदेन संकर-व्यतिकरव्यतिरेकेणोपन्यासो जीवाद्यर्थानां प्ररूपणं न्यासो निक्षेप: इति यावत् । (न्यायकु. ७४, पृ. ८०४) । १०. धर्मिणि क्वचिद् धर्माणां नयाधिगतानां निक्षेपणं योजनम् अध्यारोपणं निक्षेप: । (सिद्धिवि. वृ. १२-१, पृ. ७३८) । ११. नियतं निश्चितं वा नामादिसम्भवत्पक्षरचनात्मकं क्षेपणं न्यसनं निक्षेप: । × × × अत्र संग्रहश्लोका:— × × × निक्षेपणं तु निक्षेपो नामादिन्यसनात्मक: ॥ × × × (उत्तरा. नि. शा. वृ. २८, पृ. १०); नियतं निश्चितं वा ऽऽसनम्—नामादिरचनात्मकं क्षेपण न्यास:, निक्षेप इत्यर्थ: । (उत्तरा. नि. शा. वृ. ६५, पृ. ७२) । १२. निक्षेपो नाम-स्थापना-द्रव्य-भावैर्वस्तुनो न्यास: । (समवा. अभय. वृ. १४०) । १३. निक्षेपणं निक्षेपो नामादिन्यास: । (व्यव. भा. मलय. वृ. १, पृ १) । १४. निक्षेपणं निक्षेपो नामादिभेदै: शास्त्रस्य न्यसनम् । (आव. नि. मलय. वृ. ७९) । १५. निक्षेपणं निक्षिप्यतेऽनेनास्मिन्नस्मादिति वा निक्षेप:—उपक्रमानीतव्याचिख्यासितशास्त्रस्य नामादिभिर्न्यसनमित्यर्थ:, निक्षेपो न्यास: स्थापनेति पर्याया: । (जम्बूद्वी. शा. वृ. पृ. ५) ।

१ जिसे रखा जाता है उसे निक्षेप कहा जाता है । यह अजीवाधिकरण का एक भेद है । २ लक्षण और विधान (भेद) पूर्वक विस्तार से जीवादि तत्त्वों के जानने के लिए जो न्यास—नाम-स्थापनादि के भेद से विरचना या निक्षेप—किया जाता है उसे निक्षेप कहते हैं । ६ द्रव्यार्थिक व पर्यायार्थिक इन दोनों नयों का विषयभूत जो तत्त्वार्थ के ज्ञान का हेतु है वह निक्षेप कहलाता है । उसका प्रयोजन प्रस्तुत की व्याख्या करके संशय को दूर करना है ।

निक्षेपणासमिति—देखो आदान-निक्षेपणसमिति । यत्किंचिद् वस्तु पुस्तक-कमण्डलुमुख्यं क्वचिन्निक्षिप्यते मुच्यते ध्रियते तन्निक्षेपस्थानं दृष्ट्वा तथैव प्रतिलिख्य च ध्रियते मयूरपिच्छस्यासन्निधाने मृदुवस्त्रेण कयाचित्तथा क्रियते निक्षेपणानाम्नी पञ्चमी समिति: । (चा. प्रा. टी. ३६) ।

पुस्तक या कमण्डलु आदि कोई भी वस्तु जब कहीं पर रखी जाती है तब उसके रखने के स्थान को देखकर उसका मयूरपिच्छी से प्रतिलेखन करना (झाड़ना), अथवा उसके पास में न रहने पर कोमल वस्त्र से प्रतिलेखन करना, इसका नाम निक्षेपणासमिति है ।

निक्षेपणी कथा—ततो निक्षेपणी तत्त्वमतनिक्षेपकोविदाम् । (पद्मपु. १०६–९२) ।

यथार्थ मत के निक्षेप—प्रतिष्ठापन— में दक्ष (समर्थ) कथा निक्षेपणी कथा कहलाती है ।

निक्खोदिम (निक्खोदिम) — पोक्खरणी-वावी-कूव-तलाय-लेण-सुरंगादिदव्वं णिक्खोदणकिरिया-णिप्फण्णं णिक्खोदिमं णाम । णिक्खोदणं खणणमिदि वुत्तं होदि । (धव. पु. ९, पृ. २७३) ।

पुष्करिणी, बावड़ी, कुआं, तालाब, लयन (पर्वतीय पाषाणगृह) और सुरंग आदि द्रव्य जो खोदने रूप क्रिया से सिद्ध होते हैं उनका नाम निक्खोदिम या णिक्खोदिम है ।

निगडदोष—१. निगडपीडित इव पादयोर्महदन्तरालं कृत्वा यस्तिष्ठति कायोत्सर्गेण तस्य निगडदोष: । (मूला. वृ. ७–१७१) । २. निगडितस्येव विवृतपादस्य मिलितपादस्य वा स्थानं निगडदोष: । (योगशा. स्वो. विव. ३–१३०, पृ. २५०) ।

१ सांकल के बन्धन से पीड़ित व्यक्ति के समान दोनों पैरों में भारी अन्तर कर जो कायोत्सर्ग से स्थित होता है वह निगड नामक कायोत्सर्ग दोष से लिप्त होता है । मूलाचार के अनुसार यह कायोत्सर्ग का सातवां और योगशास्त्र के अनुसार आठवां दोष है ।

निगम—१. निगमो वणिग्जननिवास: । (प्रश्नव्या. अभय. वृ. १७५) । २. निगम: प्रभूततरवणिग्वर्गावास: । (जीवाजी. मलय. वृ. १–३६, पृ. ४०) ।

१ जहां पर व्यापारी जन निवास करते हैं उसे निगम कहते हैं ।

निगमन—१. निगमणं नाम जत्थ पसाहिए अत्थे पडुच्चत्थहेऊणं पुणो कहणं कज्जइ एयं निगमणं । (दशवै. चू. १, पृ. ३९) । २. प्रतिज्ञायास्तु (उपसंहार:) निगमनम् । (परीक्षामु. ३–५१) । ३. प्रतिज्ञाया उपसंहार: साध्यधर्मविशिष्टत्वेन प्रदर्शनं निगमनम् । (प्र. र. मा. ३–५१) ।

४. साध्यधर्मस्य पुनर्निगमनम् । (प्र. न. त. ३, ४६)। ५. साध्यस्य निगमनम् । (प्रमाणमी. २, १, १५); साध्यधर्मस्य धर्मिण्युपसंहारो निगम्यन्ते पूर्वेषामवयवानामर्थोऽनेनेति निगमनम् । यथा तस्मा-दग्निमानिति । (प्रमाणमी. स्वो. वृ. २, १, १५) । ६. हेतुपूर्वकं पुन: पक्षवचनं निगमनम् । (न्यायदी. पृ. ७६) ।

१ जहां प्रसाधित अर्थ के विषय में अध्यात्म हेतुओं का फिर से कथन किया जाता है, इसे निगमन कहते हैं। २ प्रतिज्ञा के उपसंहार को—साध्यधर्मविशि-ष्टरूप से दिखलाने को—निगमन कहा जाता है।

निगमनाभास — १. उक्तलक्षणोल्लंघनेनोपनय-निगमनयोर्वचने तदाभासौ । × × × तस्मिन्नेव प्रयोगे तस्मात् कृतक: शब्द: इति, तस्मात् परिणामी कुम्भ इति च । (प्र. न. त. ६–८० व ६–८२) । २. अत्रापि साधनधर्मं साध्यधर्मिणि साध्यधर्मं वा दृष्टान्तधर्मिणि उपसंहरतो निगमनाभास: । (रत्ना-करा. ६–८२) ।

२ साधनधर्म के साध्यधर्मी में या साध्यधर्म के दृष्टान्तधर्मी में उपसंहार करने को निगमनाभास कहते हैं।

निगोद—१. निगोदा जीवाश्रयविशेषा: । (जीवा-जी. मलय. वृ. ५, २, २३८, पृ. ४२३) । २. नियतां गां भूमिं क्षेत्रं निवासमनन्तानन्तजीवानां ददातीति निगोदम् । (गो. जी. जी. प्र. टी. १९१; कार्तिके. टी. १२१) ।

१ जीवों के आश्रयविशेषों का नाम निगोद है। २ जो अनन्तानन्त जीवों को नियत गो (भूमि या क्षेत्र) को देता है उसे निगोद कहते हैं।

निगोदजीव—जेसिमणंताणंतजीवाणमेक्कं चेव सरी-रं भवदि साधारणरूवेण ते णिगोदजीवा भण्णंति। (धव. पु. ३, पृ. ३५७); अत्थि अणंता जीवा जेहि ण पत्तो तसाण परिणामो । भावकलंकइपउरा णिगोदवासं ण मुंचंति ।। (धव. पु. ४, पृ. ४७७ उद्.); णिगोदेसु जीवंति, णिगोदभावेण वा जीवंति त्ति णिगोदजीवा । (धव. पु. ७, पृ. ५०६) ।

जिन अनन्तानन्त जीवों का साधारण रूप से एक ही शरीर होता है वे निगोदजीव कहलाते हैं।

निगोदशरीर—देखो निगोद । निगोदं शरीरं येषां ते निगोदशरीरा: । (गो. जी. मं. प्र. व जी. प्र. टी. १९१; कार्तिके. टी. १२१) ।

जिन जीवों का शरीर निगोद होता है वे निगोद-शरीर (निगोदिया) कहलाते हैं।

निग्रह—१. तस्य (योगस्य) स्वेच्छाप्रवृत्तिनिवर्तनं निग्रह: । (स. सि. ९–४) । २. प्राकाम्याभावो निग्रह: । प्राकाम्यं यथेष्टं चारित्रम्, तस्याभावो निग्रह: इत्याख्यायते । (त. वा. ६, ४, २) । ३. आस्तां तावल्लाभादिरयमेव हि निग्रह: । न्या-येन विजिगीषूणां स्वाभिप्रायनिवर्तनम् ।। (न्यायवि. २–२१४) । ४. प्राकाम्याभावो निग्रह: । (त. श्लो. ९–४) । ५. स्वपक्षसिद्धिरेकस्य निग्रहोऽन्यवादिन: । (न्यायवि. वि. २–२१२, पृ. २४३) । ६. स: (स्वपक्षासिद्धिरूप: पराजय:) निग्रहो वादि-प्रति-वादिनो: । (प्रमाणमी. २, १, ३३) ।

१ योग की स्वच्छन्द प्रवृत्ति को दूर करना, इसका नाम योग का निग्रह या गुप्ति है। ३ लाभ सुवर्णा-दि की प्राप्ति अथवा पूजादि की प्राप्ति के अभाव को निग्रह कहा जाय, यह तो रहे; वस्तुत: वाद में विजयाभिलाषी प्रवादियों के अभिप्राय का निरा-करण करना, इसे निग्रह का स्वरूप समझना चाहिए।

निग्रहबुद्धि—द्वेषवशादुपवासादिना शरीरादे: कद-र्थनाभिप्रायो निग्रहबुद्धि: । (समाधि. टी. ६१) ।

द्वेष के वश उपवासादि के द्वारा शरीरादि के पीड़ित करने के अभिप्राय को निग्रहबुद्धि कहते हैं।

निग्रहस्थान— × × × तस्मान्निराकृतपक्षत्वमेव निग्रहस्थानम् । (सिद्धिवि. वि. ५–६, पृ. ३३२) ।

अपने पक्ष के निराकृत (खण्डित) हो जाने का नाम निग्रहस्थान है।

नित्य—१. तद्भावाऽव्ययं नित्यम् । (त. सू. ५, ३१) । २. यत् सतो भावान्न व्येति, न व्येष्यति तन्नित्यमिति । (त. भा. ५–३०) । ३. अनाद्य-नन्तसर्वकालैकस्वरूपं नित्यम् । (आ. मी. वसु. वृ. १०) । ४. द्रव्यलक्षणान्तरंगनिमित्तयोगान्नित्य-त्वम् । (स्वयंभू. टी. ४३) । ५. पूर्वावस्थाविगमे-ऽप्युत्तरपर्यायसमुत्पादे हि । उभयावस्थाव्यापि च तद्भावाव्ययमुवाच तन्नित्यम् ।। (अध्यात्मक. २–१९) ।

१ तद्भाव—वस्तुस्वभाव—का विनाश न होना, इसका नाम नित्य है। अभिप्राय यह है कि वस्तु

जिस रूप से पूर्व में देखी गई है उस रूप का सदा बना रहना, यही उस वस्तु की नित्यता है। २ जो वस्तु सत्—अन्वयी अंश—से विनष्ट नहीं होती है उसे नित्य कहा जाता है।

नित्यनिगोत, नित्यनिगोद—१. त्रिष्वपि कालेषु त्रसभावयोग्या ये न भवन्ति ते नित्यनिगोताः। (त. वा. २, ३२, २७)। २. जे सव्वकालं णिगोदेसु चेव अच्छंति ते णिच्चणिगोदा णाम। (धव. पु. १४, पृ. २३६)। ३. अत्थि अणंता जीवा जेहि ण पत्तो तसाण परिणामो। भावकलंकइपउरा णिगोदवासं ण मुंचंति॥ (धव. पु. ४, पृ. ४७७ उद्; गो. जी. १९७)। ४. त्रसत्वं ये प्रपद्यन्ते कालानां त्रितयेऽपि नो। ज्ञेया नित्यनिगोतास्ते भूरिपापवशीकृताः॥ (अन. ध. स्वो. टी. ४-२२ उद्.)। ५. यैर्निगोदजीवैस्त्रसानां द्वीन्द्रियादीनां परिणामः पर्यायः कदाचिदपि न प्राप्तः ते जीवा अनन्तानन्ता अनादौ संसारे निगोदभवमेवानुभवन्तो नित्यनिगोदसंज्ञा सर्वदा सन्ति। ××× एकदेशाभावविशिष्टसकलार्थवाचिना प्रचुरशब्देन कदाचिदष्टसमयाधिकषण्मासाभ्यन्तरे चतुर्गतिजीवराशेर्निर्गत्य अष्टोत्तरषट्शतजीवेषु मुक्तिं गतेषु तावन्तो जीवा नित्यनिगोदभवं विमुच्य चतुर्गतिभवं गच्छन्तीत्ययमर्थः प्रतिपादितो ज्ञातव्यः। (गो. जी. मं. प्र. व जी. प्र. टी. १९७)।

१ जो जीव तीनों ही कालों में त्रस पर्याय के योग्य नहीं होते हैं वे नित्यनिगोत या नित्यनिगोद कहलाते हैं। ५ गोम्मटसार जीवकाण्ड की उक्त गाथागत 'प्रचुर' शब्द के अनुसार आठ समय अधिक छह मासों के भीतर जब ६०८ जीव चतुर्गति सम्बन्धी जीवराशि में से निकल कर मुक्ति को प्राप्त हो जाते हैं तब उतने ही जीव नित्यनिगोद अवस्था को छोड़कर चतुर्गति जीवराशि में आ जाते हैं।

नित्यपिण्ड—प्रतिदिनं तवैतावन्मात्रं दास्यामि, मद्गृहे नित्यमागन्तव्यमिति निमंत्रितस्य नित्यं गृह्णतो नित्यपिण्डः। (प्रव. सारो. वृ. १०५, पृ. २५)।

आपके लिए मैं इतना आहार प्रतिदिन दूंगा, आप मेरे घर पर गोचरी के लिए प्रतिदिन आइये, इस प्रकार से निमंत्रित होकर प्रतिदिन गृहस्थ के घर जाने और आहार के ग्रहण करने पर नित्यपिण्ड नाम का दोष होता है।

नित्यपूजा—देखो नित्यमह। १. स्वगेहे चैत्यगेहे वा जिनेन्द्रस्य महामहः। निर्माप्यते यथाम्नायं नित्यपूजा भवत्यसौ॥ (भावसं. वाम. ५५५)। २. जलाद्यैर्धौतपूताङ्गैर्गृहान्नीतैर्जिनालयम्। यदर्च्यन्ते जिना युक्त्या नित्यपूजाऽभ्यधायि सा॥ (धर्मसं. श्रा. ९, २७)।

१ अपने घर पर अथवा चैत्यालय में जो आम्नाय के अनुसार जिनेन्द्र की पूजा की जाती है उसे नित्यपूजा कहते हैं।

नित्यमरण—नित्यमरणं समये समये स्वायुरादीनां निवृत्तिः। (त. वा. ७, २२, २; चा. सा. पृ. २३)।

प्रतिसमय जो आयु आदि का विनाश होता रहता है—उनकी उत्तरोत्तर हीनता होती जाती है—उसे नित्यमरण कहते हैं।

नित्यमह—देखो नित्यपूजा। १. तत्र नित्यमहो नाम शश्वत् जिनगृहं प्रति। स्वगृहान्नीयमानाऽर्चा गन्ध-पुष्पाक्षतादिका॥ चैत्य-चैत्यालयादीनां भक्त्या निर्मापणं च यत्। शासनीकृत्य दानं च ग्रामादीनां सदार्चनम्॥ या च पूजा मुनीन्द्राणां नित्यदानानुषङ्गिणी। स च नित्यमहो ज्ञेयो यथाशक्त्युपकल्पितः॥ (म. पु. ३८, २७-२९)। २. नित्यमहो नित्यं यथाशक्ति जिनगृहेभ्यो निजगृहाद् गन्ध-पुष्पाक्षतादिनिवेदनं चैत्य-चैत्यालयं कृत्वा ग्राम-क्षेत्रादीनां शासनदानं मुनिपूजनं च। (चा. सा. पृ. २१; कार्तिके. टी. ३९१)। ३. प्रोक्तो नित्यमहोऽन्वहं निजगृहान्नीतेन गन्धादिना पूजा चैत्यगृहेऽर्हतः स्वविभवैश्चैत्यादिनिर्मापणम्। भक्त्या ग्राम-गृहादिशासनविधादानं त्रिसन्ध्याश्रया सेवा स्वेऽपि गृहेऽर्चनं च यमिनां नित्यप्रदानानुगम्॥ (सा. ध. २-२५)। ४. तेषु नित्यमहो नाम स नित्यं यज्जिनोऽर्च्यते। नीतैश्चैत्यालयं स्वीयगेहाद् गन्धाक्षतादिभिः॥ (प्रतिष्ठासा. १-५)। ५. नित्यं स्वयं निजगृहाज्जल-चन्दनादि लात्वा जिनेन्द्रभवने किल भावशुद्ध्या। ईर्यापथप्रचलनेन शुभोपयोगादर्चा हि सा प्रतिदिनार्चनमुक्तमुच्चैः॥ (वसु. प्रति. १३-५५)।

१ निरन्तर अपने घर से जिनालय में गन्ध-पुष्पादि सामग्री को ले जाकर पूजा करना, प्रतिमा और

जिनालय आदि का भक्तिपूर्वक निर्माण कराना, राजनियमानुसार ग्रामादि का दान करना, तथा शक्ति के अनुसार दानपूर्वक सदा मुनि जनों की पूजा करना; इसे नित्यमह जानना चाहिए।

नित्यमित्र—१. यः कारणमन्तरेण रक्ष्यो रक्षको वा भवति तन्नित्यं मित्रम्। (नीतिवा. २३–२, पृ. २१६)। २. यः पुरुषः कारणं विना रक्ष्यो रक्ष्यते, वा विकल्पेन रक्षको भवति तन्नित्यं मित्रमुच्यते, तथा च नारदः—रक्ष्यते बध्यमानस्तु यश्चैनिष्कारणं नरः। रक्ष्येद्वा बध्यमानं तन्नित्यं मित्रमुच्यते। (नीतिवा. टी. २३–२, पृ. २१६)।

जो अकारण ही दूसरे के द्वारा रक्षणीय या दूसरे का रक्षक होता है उसे नित्यमित्र कहते हैं।

निदर्शन—निश्चयेन दर्श्यतेऽनेन दार्ष्टान्तिक एवार्थ इति निदर्शनम्। (दशवै. नि. हरि. वृ. १–५२, पृ. ३४)।

जहां पर दार्ष्टान्तिकरूप अर्थ निश्चय से दिखाया जाता है उसे निदर्शन (दृष्टान्त) कहते हैं।

निदा—तत्र नितरां निश्चितं वा सम्यक् दीयते चित्तमस्यां इति निदा, × × × सामान्येन चित्तवती सम्यग्विवेकवती वा इत्यर्थः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३१०, पृ. ५५७)।

जिस वेदना में अत्यन्त या निश्चितरूप से चित्त दिया जाता है वह निदा वेदना कहलाती है। अभिप्राय यह है कि सामान्य से चित्त वाली अथवा सम्यक् विवेकवाली वेदना को निदा कहा जाता है।

निदान—१. निदानं विषय-भोगाकांक्षा। (स. सि. ७–१८); भोगाकाङ्क्षया नियतं दीयते चित्तं तस्मिंस्तेनेति वा निदानम्। (स. सि. ७–३७; त. श्लो. ७–३७); भोगाकाङ्क्षातुरस्यानागतविषयप्राप्तिं प्रति मनःप्रणिधानं संकल्पश्चिन्ताप्रबन्धस्तुरीयमार्तं निदानम्। (स. सि. ९–३३)। २. कामोपहतचित्तानां पुनर्भवविषयसुखगृद्धानां निदानमार्तध्यानं भवति। (त. भा. ९–३४)। ३. परिच्छण्णकामभोगसंपउत्ते तस्स अविप्पओगाभिकंखी सतिसमण्णागए यावि भवइ, तस्स परिच्छंति वा पत्थणंति वा णिद्दिसि वा अभिलासोत्ति वा तेप्पत्ति वा कंखंति वा एगट्ठा। (दशवै. चू. १, पृ. ३०)। ४. देविंद-चक्कवट्टित्तणाइगुणरिद्धिपत्थणामइयं। अहमं णियाणचिंतणमण्णाणाणुगयमच्चंतं॥ (ध्यानश. ९)। ५. भोगाकाङ्क्षया नियतं दीयते चित्तं तस्मिंस्तेनेति वा निदानम्। विषयसुखोत्कर्षाभिलाषो भोगाकाङ्क्षा, तया नियतं चित्तं दीयते तस्मिंस्तेनेति वा निदानम्। (त. वा. ७, ३७, ६); सुषमात्रया प्रलम्भितस्याप्राप्तपूर्वप्रार्थनाभिमुख्यादनागतार्थप्राप्तिनिबन्धनं निदानम्। (त. वा. ९–३३)। ६. निदायते लूयतेऽनेनेति निदानम् अध्यवसायविशेषः, देवेश्वर-चक्रवर्ति-केशवादीनामृद्धिं विलोक्य तदीययोषितां वा सौभाग्यगुणमप्रदमासंध्यानाभिमुखीकृतः महामोहपाशसम्भूतः भूरितपश्चितापरिखेदितमनसाऽध्यवस्यति—ममाप्यमुष्य तपसः प्रभावादेवंविधा एव भोगा भवेयुर्जन्मान्तरे सौभाग्यादिगुणयोगश्चेत्येवं निदाति लुनाति अङ्कुरवत् छिनत्ति मोक्षं सुखमिति। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ७-१३); निपूर्वाद्दातेर्लवनार्थस्य ल्युटि रूपम्, निदायते लूयते येनात्मीहितमैकान्त्यन्तिका (सिद्ध. वृ. 'मैकान्तिकात्यन्तिका')नाबाधसुखलक्षणं तन्निदानम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ९–३४)। ७. निदानं दिव्यमानुषर्द्धिसन्दर्शन-श्रवणाभ्यां तदभिलाषानुष्ठानम्। (श्राव. नि. हरि. वृ. ४, १५७१)। ८. चक्कवट्टि-बल-णारायण-सेट्ठि-सेणावइ-पदादिपत्थणं णिदाणं। (धव. पु. १२, पृ. २८४)। ९. निदानविषयः स्मृतिसमन्वाहारः निदानम्। (त. श्लो. ९, ३३)। १०. निदानम्—अवखण्डनं तपसश्चारित्रस्य वा, यदि अस्य तपसो ममास्ति फलं ततो जन्मान्तरे चक्रवर्ती स्यामर्धभरताधिपतिर्महामण्डलिकः सुभगो रूपवानित्यादि। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७, १२)। ११. पुण्यानुष्ठानजातैरभिलषति पदं यज्जिनेन्द्रामराणां यद्वा तैरेव वांछत्यहितकुलकुजच्छेदमत्यन्तकोपात्। पूजा-सत्कारलाभप्रभृतिकमथवा याचते यद्विकल्पैः स्यादार्तं तन्निदानप्रभवमिह नृणां दुःखदावोग्रधाम॥ इष्टभोगादिसिद्ध्यर्थं रिपुघातार्थमेव वा। यन्निदानं मनुष्याणां स्यादार्तं तत्तुरीयकम्॥ (ज्ञाना. २५–३६, पृ. २६०)। १२. निदानं विषयभोगाकांक्षा। (चा. सा. पृ. ४); विषयसुखोत्कर्षाभिलाषभोगकांक्षतया नियतं चित्तं दीयते तस्मिन् तेनेति वा निदानम्। (चा. सा. पृ. २४)। १३. निर्विकारपरमचैतन्यभावनोत्पन्नपरमाह्लादैक-

कपकुक्कवपुरस्सास्वादमलभमानोऽयं जीवो दृष्ट-श्रुतानुभूतभोगेषु यन्नियतं निरन्तरं चित्तं ददाति तन्निदानशल्यम् । (बृ. द्रव्यसं. टी. ४२)। १४. इह लोके यदि मम पुत्राः स्युः, परलोके यद्यहं देवो भवामि, स्त्री-वस्त्रादिकं मम स्यादित्येवं चिन्तनं चतुर्थं (निदानं) आर्तध्यानम् । (मूला. वृ. ५–१६८) । १५. नानोपायचयेन नीचचरितैर्भ्रान्त्वा विशालामिलामाभीलं मकराकरं च बहुशो तुच्छेच्छया प्राप्य यत् । प्राप्यं पुण्यवता अनेन कनकं कान्तं च कान्तादिकं तत्कांक्षाक्षुभिता मतिर्बत निदानार्तं महातिप्रदम् ॥ (आचा. सा. १०–१७) । १६. निदानं देवादिऋद्धीनां दर्शन-श्रवणाभ्यामितो ब्रह्मचर्यादेरनुष्ठानाग्ममैता भूयासुरित्यध्यवसायः । (समवा. अभय. वृ. ३) । १७. ऋद्धिभोगादिप्रार्थना निदानम् । (स्थाना. अभय. वृ. २, ४, १०२); नितरां दीयते लूयते मोक्षफलमनिन्द्यब्रह्मचर्यादिसाध्यं कुशलकर्म-कल्पतरुवनमनेन देवर्द्ध्यादिप्रार्थनापरिणामनिशितासिनेति निदानम् । (स्थाना. अभय. वृ. ३, ३, १८२, पृ. १४६) । १८. देवेन्द्र-चक्रवर्त्यादिविभवप्रार्थनारूपं निदानम् । (योगशा. स्वो. विव. ३, ७३) । १९. निदानं भाविभोगाद्याकांक्षणम् । (रत्नक. टी. ५–८) । २०. निदानं तपःसंयमाद्यनुभावेन कांक्षाविशेषः । (सा. ध. ४–१); निदानमस्मात्तपसः सुदुश्चराज्जन्मान्तरे इन्द्रश्चक्रवर्ती धरणेन्द्रो वा स्यामहमित्येवमागामिनाभ्युदयाकांक्षा । (सा. ध. ८–४५) । २१. निदानं विषयसुखाभिलाषः । (त. वृत्ति श्रुत. ७–१८) । २२. निदानशल्यं विषयसुखाभिलाषः । (कार्तिके. टी. ३२६); निदानम् इहलोक-परलोकसुखाभिलाषलक्षणम् । (कार्तिके. टी. ३२६); दृष्ट-श्रुतानुभवेह-परलोकभोगाकांक्षाभिलाषः निदानं चतुर्थमार्तध्यानं स्यात् । (कार्तिके. टी. ४७३–७४) ।

१ विषयसुख की अभिलाषा रूप भोगाकांक्षा से जिसमें या जिसके द्वारा नियमित चित्त दिया जाता है वह निदान कहलाता है । × × × भोगाकांक्षा से व्याकुल हुआ प्राणी भविष्य में विषयसुख की प्राप्ति के लिए जो मन से अनेक प्रकार का विचार करता है, इसे निदान नामक चौथा आर्तध्यान कहा जाता है । २ मन में काम से पीड़ित होकर प्राणी जो सांसारिक सुख में गृद्धि को प्राप्त होते हैं, वह निदान नामक चौथा आर्तध्यान है । १० यदि इस तप या चारित्र का कुछ फल मुझे प्राप्त होने वाला है तो उसके प्रभाव से मैं भवान्तर में चक्रवर्ती, अर्धचक्री, महामाण्डलिक, सुभग और सुन्दर होऊं; इस प्रकार के विचार से जो अनुष्ठित तप व चारित्र का खण्डन करना है, इसका नाम निदान है । (यह शल्य के अन्तर्गत, आर्तध्यान के अन्तर्गत तथा सल्लेखना के अतिचारों के अन्तर्गत है ।)

निदानमरण— ऋद्धि-भोगादिप्रार्थना निदानम्, तत्पूर्वकं मरणं निदानमरणम् । (स्थाना. अभय. वृ. २, ४, १०२, पृ. ८६) ।

ऋद्धि और भोगों की अभिलाषा को निदान कहते हैं । इस निदानपूर्वक जो मरण होता है उसे निदानमरण कहते हैं ।

निद्रा—१. मद-खेद-क्लमविनोदार्थः स्वापो निद्रा । (स. सि. ८–७; त. श्लो. ८–७; मूला. वृ. १२, १८२) । २. यान्तं संस्थापयत्याशु स्थितमासयते शनैः । आसीनं शाययत्येव निद्रायाः शक्तिरीदृशी ॥ (वरांगच. ४–४३) । ३. मद-खेद-क्लमविनोदार्थः स्वापो निद्रा । मद-खेद-क्लमानां विनोदाय यः स्वापो सा निद्रा इत्युच्यते । × × × यत्सन्निधानादात्मा निद्रायते कुत्स्यते सा निद्रा । द्रायतेर्वा स्वप्नक्रियस्य निद्रा । (त. वा. ८, ७, २); निद्रा-निद्रानिद्रोदयात्तमोमहातमोऽवस्था । निद्राया उदयात् तमोऽवस्था × × × संजायते । (त. वा. ८, ७, १५) । ४. स्वापो निद्रा सुखप्रतिबोधलक्षणा । (त. भा. हरि. वृ. ८–८) । ५. णिद्दाए तिव्वोदएण अप्पकालं सुवइ, उट्ठाविज्जंतो लहुं उट्ठेदि, अप्पसद्देण वि चेअइ । (धव. पु. ६, पृ. ३२); जिस्से पयडीए उदएण अद्धजगंतओ सोवदि, धूलीए भरिया इव लोयणा होंति, गुरुवभारेणोट्ठद्धं व सिरमइभारियं होइ सा णिद्दा णाम । (धव. पु. १३, पृ. ३५४) । ६. मद-खेदविनोदार्थः स्वापो निद्राविकल्पतः । (ह. पु. ५८–२२७) । ७. × × × सुहपडिबोहो णिद्दा × × × ॥ (कर्मवि. २२) । ८. णिद्दुदये गच्छंतो ठाइ पुणो वइसइ पडेइ । (गो. क. २४) । ९. नितरां द्रान्ति—गच्छन्ति कुत्सितावस्थामिहामुत्र चानयेति निद्रा । (उत्तरा. नि. शा. वृ. ४, पृ. १९०) । १०. 'द्रा' कुत्सायां गतौ नियतं द्राति कुत्सिततत्वमविस्पष्टत्वं गच्छति चैतन्यमनयेति निद्रा

सुखप्रबोधा स्वापावस्था, नखच्छोटिकामात्रेणापि यत्र प्रबोधो भवति। तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि निद्रेति कार्येण व्यपदिश्यते। (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. १४)। ११. सुखप्रबोधा स्वापावस्था निद्रा। (जीवाजी. मलय. वृ. ३, २, ८९)। १२. नितरां द्राति—कुत्सितत्वमविस्पष्टत्वं गच्छति चैतन्यमनयेति निद्रा, ××× सुखप्रबोधा स्वापावस्था, यत्र नखच्छोटिकामात्रेणापि पुंसः प्रबोधः संपद्यते। तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि कारणे कार्योपचारान्निद्रा। (कर्मसं. मलय. वृ. ११०)। १३. 'द्रा' कुत्सायाम्, नियतं द्राति कुत्सितत्वमविस्पष्टत्वं गच्छति चैतन्यं यस्यां स्वापावस्थायां सा निद्रा, यदि वा 'द्रै स्वप्ने' निद्राणं निद्रा नखच्छोटिकामात्रेण यस्यां प्रबोध उपजायते सा स्वापावस्था निद्रा, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि निद्रा, कारणे कार्योपचारात्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–२९३, पृ. ४६७)। १४. दर्शनावरणीयकर्मोदयेन प्रत्यस्तमितज्ञानज्योतिरेव निद्रा। (नि. सा. वृ. ६)। १५. भुक्तान्नपरिणाम-मद-खेद-क्लमादेर्विनोदार्थो निद्राख्यदर्शनावरणकर्मविशेषविपाकनिमित्तो जीवस्येन्द्रियात्ममनोमरुत्सूक्ष्मावस्थालक्षणः स्वापो निद्रा। (भ. आ. मूला. २०६४)। १६. का निद्रा मूढता जन्तोः। (प्रश्नो. मा. ११)। १७. यदुदयात् मद-खेद-क्लमव्यपनोदार्थं स्वापः तन्निद्रादर्शनावरणम्। (गो. क. जी. प्र. टी. ३३)। १८. सर्वदोषिद्रकेवलज्ञान-दर्शननेत्रपरमात्मपदार्थविलक्षणनिद्रादर्शनावरणकर्मोदयेन स्वापलक्षणा निद्रा। (आरा. सा. टी. २६, पृ. ३५–३६)। १९. मद-खेद-क्लमविनाशार्थं स्वपनं निद्रा। (त. वृत्ति श्रुत. ८–७)।

१ मद, खेद व थकावट को दूर करने के लिए जो शयन किया जाता है उसे निद्रा कहते हैं। ४ जिस स्वाप (शयन) में सुखपूर्वक जागरण होता है उसका नाम निद्रा है। १० जिसमें चेतनता कुत्सितपने या अस्पष्टता को प्राप्त होती है उस स्वाप अवस्था को निद्रा कहा जाता है। अथवा जिसमें नखच्छोटिका मात्र से सुखपूर्वक जागरण हो जाता है उसे निद्रा कहते हैं। इसका वेदन कराने वाली कर्मप्रकृति (निद्रादर्शनावरण) को भी निद्रा कहा जाता है।

निद्राद्विकस्य जघन्य स्थितिसंक्रम—१. निद्दादुगस्स साहियआवलियदुगं तु साहिए तंसे। (पंचसं. सं. क. ४८)। २. निद्राद्विकस्य निद्रा-प्रचलारूपस्य स्वसंक्रमान्ते स्वस्थितेरुपरितनी या एकसमयमात्रा स्थितिः सा 'त्र्यंशे'—त्रस एव समयमात्रायाः स्थितेरनन्तरमधस्तन्यामावलिकाया अधस्तने त्रिभागे—साधिके—समयाधिके प्रक्षिप्यते स जघन्यः स्थितिसंक्रमः। इदमुक्तं भवति—क्षीणकषायवीतरागछद्मस्थो निद्राद्विकस्य द्वयोरावलिकयोस्तृतीयस्यावलिकाया असंख्येयतमे भागे वर्तमानः सर्वोपरितनीं समयमात्रां स्थितिमपवर्तनाकरणेनाधस्तन्यामावलिकायास्त्रिभागे समयाधिके यत्प्रक्षिप्यते स निद्राद्विकस्य जघन्यस्थितिसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४८, पृ. ५०–५१)।

क्षीणकषाय-वीतराग-छद्मस्थ संयत निद्रा और प्रचला की दो आवली तथा तृतीय आवली के असंख्यातवें भाग में वर्तमान होता हुआ समय प्रमाण सब उपरिम स्थिति को अपवर्तनाकरण के द्वारा जो अधस्तन आवली के तृतीय भाग में प्रक्षिप्त करता है उसे निद्रा व प्रचला इन दोनों का जघन्य स्थितिसंक्रमण कहते हैं।

निद्रानिद्रा—१. तस्याः (निद्रायाः) उपर्युपरि वृत्तिर्निद्रानिद्रा। (स. सि. ८–७; मूला. वृ. १२, १८८; त. श्लो. ८–७)। २. वृक्षाग्रे वाथ रथ्यायां तथा जागरणेऽपि वा। निद्रानिद्राप्रभावेन न दृष्टयुद्घाटनं भवेत्॥ (वरांगच. ४–५०)। ३. उपर्युपरि तद्वृत्तिर्निद्रानिद्रा। तस्या निद्राया उपर्युपरि पुनः पुनर्वृत्तिः निद्रानिद्रा इत्युच्यते। (त. वा. ८, ७, ३)। ४. णिद्दाणिद्दाए तिव्वोदएण रुक्खग्गे विसमभूमीए जत्थ वा तत्थ वा देसे घोरंतो अघोरंतो वा णिब्भरं सोवदि। (धव. पु. ६, पृ. ३१); जिस्से पयडीए उदएण अइणिब्भरं सोवदि, अण्णेहि उट्ठाविज्जंतो वि ण उट्ठइ, स णिद्दाणिद्दा णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३५४)। ५. उपर्युपरि तद्वृत्तिनिद्रानिद्राभिधीयते। (ह. पु. ५८–२२७)। ६. बीया पुण निद्दनिद्दा य॥ सा दुक्खबोहणीया ×××। (कर्मवि. ग. २२–२३)। ७. णिद्दाणिद्दुदयेण य ण दिट्ठिमुग्घादिदुं सक्को। (गो. क. २३)। ८. निद्रातोऽभिहितस्वरूपाया अतिशायिनी निद्रानिद्रा, शाकपार्थिवादिदर्शनात् 'मयूरव्यंसकादयः' इति मध्यमपदलोपी समासः, तस्यां हि चैतन्य-

पञ्चमगुणस्थानवर्ती श्रावक—यस्त्वप्रत्याख्यानावरणसंज्ञितद्वितीयकषायक्षयोपशमे जाते सति पृथिव्यादिपञ्चस्थावरवधे प्रवृत्तोऽपि यथाशक्त्या त्रसवधे निवृत्तः स पञ्चमगुणस्थानवर्ती श्रावको भण्यते । (बृ. द्रव्यसं. टी. ४५, पृ. १७१) ।

अप्रत्याख्यानावरण नामक द्वितीय कषाय का क्षयोपशम होने पर स्थावर जीवों के घात में प्रवृत्त होते हुए भी जो शक्ति के अनुसार त्रसजीवघात से निवृत्त हो चुका है उसे पंचमगुणस्थानवर्ती श्रावक कहते हैं ।

पञ्चम महाव्रत—देखो परिग्रहत्यागमहाव्रत ।

पञ्चम मूलगुण—पंचमगो गामाविसु अप्प-बहुविवज्जणेमेव ।। (धर्मसं. हरि. ८६०) ।

ग्राम, नगर अथवा वन आदि में थोड़े-बहुत—सभी प्रकार के—परिग्रह का परित्याग करना, यह साधुओं के प्राणातिपातविरति आदि मूलगुणों में पांचवां मूलगुण है ।

पञ्चमी प्रतिमा—पञ्चमासांश्चतुष्पर्व्यां गृहे तद्द्वारे चतुष्पथे वा परीषहोपसर्गादिनिष्कम्पकायोत्सर्गः पूर्वोक्तप्रतिमानुष्ठानं पालयन् सकलां रात्रिमास्त इति पञ्चमी । (योगशा. स्वो. विव. ३–१४८, पृ. १७१–७२) ।

पांच मास पर्यन्त चारों पर्वों (अष्टमी व चतुर्दशी) में घर पर, उसके द्वार पर अथवा चौराहे पर परीषह और उपसर्ग आदि में अडिग रहते हुए कायोत्सर्गपूर्वक पूर्व चार प्रतिमाओं के अनुष्ठान का परिपालन करना व समस्त रात्रि को बिताना, यह पांचवीं प्रतिमा है ।

पञ्चाग्निसाधक—कामः क्रोधो मदो माया लोभश्चेत्यग्निपञ्चकम् । येनेदं साधितं स स्यात्कृती पञ्चाग्निसाधकः ।। (उपासका. ८७१) ।

काम, क्रोध, मान, माया और लोभ, इन पांच अग्नियों को—अग्नि के समान सन्तापजनक दुर्गुणों को—जिसने शान्त कर दिया है, ऐसे साधु को पञ्चाग्निसाधक कहते हैं ।

पञ्चाङ्ग नमस्कार—'पञ्चाङ्ग' पञ्चाङ्गानि जानुद्वय-करद्वय-शिरोलक्षणानि भूस्पृष्टानि यत्र स पञ्चाङ्गः । (चैत्यव. भा. दे. ६, पृ. ५) ।

दो हाथ, दो घुटने और शिर को भूमि से लगाकर नमस्कार करने को पञ्चाङ्ग नमस्कार कहते हैं ।

पञ्चेन्द्रिय—१. सुर-णर णारय-तिरिया वण्ण-रस-फास-गंध-सद्दण्हू । जलचर-थलचर-खचरा बलिया पंचेंदिया जीवा ।। (पंचा. का. ११७) । २. पञ्चानां स्पर्शन-रसन-घ्राण-चक्षुःश्रोत्रज्ञानानामावरणक्षयोपशमात् पञ्चविधज्ञानभाजः पञ्चेन्द्रियाः । (शतक. मल. हेम. वृ. ३८; कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. १७) । ३. पञ्च स्पर्शन-रसन-घ्राण-चक्षुःश्रोत्र-

स्पर्शादीन्द्रियाणि येषां ते पञ्चेन्द्रियाः। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ४८)।

१ जो वर्ण, रस, स्पर्श, गन्ध और शब्द के ज्ञाता हैं ऐसे देव, मनुष्य, नारकी तथा जलचर, थलचर, नभचर व बलवान् तिर्यंच जीवों को पञ्चेन्द्रिय कहते हैं।

पञ्चेन्द्रिय जातिनाम—१. जस्स कम्मस्स उदएण जीवाणं पंचिदियजादिभावेण समाणत्तं होदि तं पंचिदियजादिणामकम्मं। (धव. पु. ६, पृ. ६८); पंचिदियभावणिव्वत्तयं जं कम्मं तं पंचिदियजादिणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६३)। २. यदुदयात् प्राणी पञ्चेन्द्रिय इति कथ्यते तत्पञ्चेन्द्रियजातिनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)।

१ जिस कर्म के उदय से जीवों में पंचेन्द्रिय जातिस्वरूप से समानता होती है उसे पंचेन्द्रिय जातिनामकर्म कहते हैं।

पञ्जर—तित्तिर-लावक-हरिणादिधरणार्थं विरचितं ग्रन्थिविशेषकलितरज्जुमयं जालं पञ्जरः। (गो. जी. मं. प्र. व जी. प्र. टी. ३०३।

तीतर, लावक (पक्षी विशेष) और हरिण आदि के पकड़ने के लिए रस्सी में गांठें लगाकर बनाये गये जाल को पञ्जर कहते हैं।

पटबुद्धि— पटवत् विशिष्टवक्तृवनस्पतिविसृष्टविविधप्रभूतसूत्रार्थ-पुष्प-फलग्रहणसमर्थतया बुद्धिः पटबुद्धिः। (औपपा. अभय. वृ. १५, पृ. २८)।

पट के समान विशिष्ट वक्तारूप वनस्पति (कपास) के द्वारा छोड़े गये (दिये गये) अनेक प्रकार के प्रचुर सूत्र-अर्थरूप पुष्प और फलों के ग्रहणविषयक सामर्थ्य से युक्त बुद्धि को पटबुद्धि कहा जाता है।

पटह—पटह आतोद्यविशेषः, स च किंचिदायत उपर्यधश्च समप्रमाणः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३३, ३१६, पृ. ५४२)।

कुछ लम्बे और ऊपर-नीचे समान प्रमाण वाले वादित्रविशेष (ढोल) को पटह कहते हैं।

पट्टन—वररयणाणं जोणी पट्टणणामं विणिद्दिट्ठं। (ति. प. १३९९)।

उत्तम रत्नों के योनिभूत (उत्पादक) स्थान का नाम पट्टन है।

पण्डित—१. देहविभिण्णउ णाणमउ जो परमप्पु णिएइ। परमसमाहिपरिट्ठियउ पंडिउ सो जि हवेइ॥ (परमा. १-१४)। २. पापाड्डीनः पण्डितः, पण्डा वा बुद्धिः, तया इतः अनुगतः पण्डितः। (उत्तरा. चू. पृ. १३१)। ३. पण्डिताः सम्यग्ज्ञानवन्तः, × × × अन्ये व्याचक्षते × × × पण्डिता वान्तभोगासेवनदोषज्ञाः। (दशवै. हरि. वृ. सू. २-११, पृ. ९९)। ४. एतत्पाण्डित्यप्रकर्षरहितं पाण्डित्यं यस्य स पण्डित उच्यते। (भ. आ. विजयो. २६)। ५. पण्डा हि रत्नत्रयपरिणता बुद्धिः संजाता अस्येति पण्डितः। (भ. आ. मूला. २६)। ६. पापात् डीनः—पलायितः पण्डितः। अथवा पण्डा बुद्धिः, सा संजाता अस्येति पण्डितः। (बृहत्क. भा. मलय. वृ. १९६)।

१ जो आत्मानुभूतिरूप परम समाधि में स्थित होकर शरीरसे भिन्न ज्ञानमय परमात्मा को जानता है उसे पण्डित—अन्तरात्मा—कहा जाता है। २ पाप से जो डीन अर्थात् दूर रहता है उसे पण्डित कहते हैं, अथवा 'पण्डा' नाम बुद्धि का है, उससे जो युक्त हो उसे पण्डित जानना चाहिए। ४ पण्डितपण्डित के पाण्डित्यप्रकर्ष से रहित—उसकी अपेक्षा हीन—पाण्डित्य से जो सहित हो वह पण्डित कहलाता है।

पण्डितपण्डित—अतिशयितं पाण्डित्यं यस्य ज्ञान-दर्शन-चारित्रेषु स पण्डितपण्डित इत्युच्यते। (भ. आ. विजयो. २६)।

ज्ञान, दर्शन और चारित्रविषयक पाण्डित्य जिसका अतिशय को प्राप्त है उसे पण्डितपण्डित कहा जाता है।

पण्डितमरण—देखो पण्डित। पंडिताण मरणं पंडितमरणम्, विरतानामित्यर्थः। (उत्तरा. चू. पृ. १२८)।

पण्डितों का—विरतों (संयतों) का—मरण पण्डितमरण कहलाता है।

पण्यस्त्री—पण्यस्त्री तु प्रसिद्धा या वित्तार्थं सेवते नरम्। तन्नाम दारिका दासी वेश्या पत्तननायिका। (लाटीसं. २-१२९)।

जो धन के लिए पुरुष का सेवन करती है वह पण्यस्त्री के नाम से प्रसिद्ध है।

पतङ्गवीथिका—यस्यां तु त्रि-चतुरादीनि गृहाणि

विमुच्याग्रतः पर्यटति सा पतङ्गवीथिका। पतङ्गः शलभः, तस्येव या वीथिका पर्यटनमार्गः सा पतङ्गवीथिका, पतङ्गो हि गच्छन्नुत्प्लुत्योत्प्लुत्यानियतया गत्या गच्छति, एवं गोचरभूमिरपि या पतङ्गोड्डयनाकारा सा पतङ्गवीथिकेति भावः। (बृहत्क. क्षे. वृ. १६४६)।

जिस गोचरभूमि में साधु तीन-चार घरों को छोड़ कर आगे जाता है वह पतंगवीथिका गोचरभूमि कहलाती है। जैसे पतंगा उछल उछल कर अनियत गति से गमन करता है उसी प्रकार गोचरी के लिए जाते हुए अनियत गति से जाना—कभी किसी गृह में तो कभी अन्य गृह में, इस प्रकार से अनियमित प्रवेश करना; इसे पतंगवीथिका गोचरभूमि कहते हैं। यह क्षेत्राभिग्रहविषयक ऋज्वी आदि आठ गोचरभूमियों में चतुर्थ है।

पतद्ग्रह—१. परिणमयइ जीसे तं पगईइ पडिग्गहो एसो। (कर्मप्र. सं. क. २)। २. परिणमयति जिस्से तं पगतीए पडिग्गहो एसो—यस्यां प्रकृतौ जीवस्तद्भावेन परिणमयति सो प्रकृतिः पगतीए संकममाणाए पडिग्गहो वुच्चति। (कर्मप्र. चू. सं. क. २)। ३. यस्यां प्रकृतौ आधारभूतायां तत्प्रकृत्यन्तरस्थं दलिकं परिणमयति आधारभूतप्रकृतिरूपतामापादयति एषा प्रकृतिराधारभूता पतद्ग्रह इव पतद्ग्रहः, संक्रम्यमाणप्रकृत्याधार इत्यर्थः। (कर्मप्र. मलय. वृ. सं. क. २)।

१ जीव जिस प्रकृति में विवक्षित प्रकृति के प्रदेशों को तद्रूप से परिणमाता है उस प्रकृति को पतद्ग्रह प्रकृति कहते हैं।

पतनान्तराय—भूमौ मूर्च्छादिना पाते पतनाख्यो ××× । (अन. ध. ५-५४)।

आहार करते समय मूर्च्छा आदि के कारण भूमि में गिर जाने पर पतन नाम का अन्तराय होता है।

पति—पाति रक्षति तामिति पतिः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ५७, पृ. ३८)।

जो उसकी—भार्या (स्त्री) की—रक्षा करता है वह पति कहलाता है।

पत्तन—देखो पट्टन। १. नावा पादप्रचारेण च यत्र गमनं तत्पत्तनं नाम। (धव. पु. १३, पृ. ३३५)। २. पत्तनं जलपथयुक्तं स्थलपथयुक्तं वा, रत्नभूमिरित्यन्ये। (प्रश्नव्या. अभय. वृ. पृ. १७५)। ३. पत्तनं जलपथोपेतमेव स्थलपथोपेतमेव वा। (औपपा. अभय. वृ. ३२, पृ. ७४)। ४. पत्तनानि जल-स्थलमार्गयोरन्यतरेण मार्गेण युक्तानि। (कल्प-सू. वि. वृ. ८८, पृ. १११)।

१ जहां नाव के द्वारा और पादप्रचार से (पैदल) जाना होता है उसे पत्तन कहते हैं। २ जलमार्ग से अथवा स्थलमार्ग से युक्त प्रदेश को पत्तन कहते हैं। दूसरे कितने ही आचार्य रत्नों की भूमि को पत्तन कहते हैं।

पत्नी—पत्नी पाणिगृहीता स्यात् ××× ॥ (लाटीसं. २-१७८)।

जिसके पाणि (हाथ) को ग्रहण किया गया है—जिसके साथ विधिपूर्वक विवाह हुआ है—उसे पत्नी कहा जाता है।

पत्र—प्रसिद्धावयवं वाक्यं स्वेष्टस्यार्थस्य साधकम्। साधुगूढपदप्रायं पत्रमाहुरनाकुलम् ॥ ××× मुख्यशब्दात्मकं वाक्यं लिप्यामारोप्यते जनैः। पत्रस्थत्वात् तत्पत्रमुपचारोपचारतः ॥ अथवा प्रकृतवाक्यस्य मुख्यत एव पत्रव्यपदेश इति निगदामः, पदानि त्रायन्ते गोप्यन्ते रक्ष्यन्ते परेभ्यः प्रतिवादिभ्यः स्वयं विजिगीषुणा यस्मिन् वाक्ये तत्पत्रमिति पत्रशब्दस्य निर्वचनसिद्धेः। ××× त्रायन्ते वा पदान्यस्मिन् परेभ्यो विजिगीषुणा। कुतश्चिदिति पत्रं स्याल्लोके शास्त्रे च रूढितः ॥ (पत्रप. पृ. १-२)।

जो प्रसिद्ध अवयवों से युक्त वाक्य अपने अभीष्ट अर्थ का साधक होता है तथा जिसमें प्रायः भली भांति पदों की गूढ़ता हो वह पत्र माना जाता है।

पत्रचारण—१. अविराहिदूण जीवे तल्लीणे बहुविहाण पत्ताणं। जा उवरि बच्चदि मुणी सा रिद्धी पत्तचारणा णामा ॥ (ति. प. ४-१०४०)। २. नानावृक्ष-गुल्म-वीरुल्लतावितानानाप्रवालतरुणपल्लवालम्बनेन पर्णसूक्ष्मजीवानविराधयन्तश्चरणोत्क्षेप-निक्षेपपटवः पत्रचारणाः। (योगशा. स्वो. विव. १-९, पृ. ४१)। ३. पत्रमस्पृश्य पत्रोपरि गमनं पत्रचारणत्वम्। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६)।

१ जिसके प्रभाव से मुनि पत्रगत जीवों की विराधना न करके उनके ऊपर से गमन करता है उसका नाम पत्रचारण ऋद्धि है।

पथ्य वचन—पथ्यं यदायतौ हितम्। (योगशा. स्वो. विव. १-२१, पृ. १२०)।

परिणाम में हित करने वाले वचनों को पथ्य वचन कहते हैं।

पद—१. सुप्तिङन्तं पदम्। (जैनेन्द्र. १।२।१०३)। २. पद्यते गम्यते परिच्छिद्यते इति पदम्। (धव. पु. १०, पृ. १९)। ३. वर्णसमुदायः पदम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५-२४)। ४. वर्णानामन्योन्यापेक्षाणां निरपेक्षः समुदायः पदम्। (न्यायकु. ६५, पृ. ७३७)। ५. पद्यते गम्यते येनार्थः तत्पदम्। (सिद्धिवि. वृ. ११-५, पृ. ७०३, पं. १२)। ६. वर्णानामन्योन्यापेक्षाणां निरपेक्षा संहितिः पदम्। (प्र. न. त. ४-१०); पद्यते गम्यते स्वयोग्योऽर्थोऽनेनेति पदम्। (स्या. र. ४-१०)। ७. स्वार्थप्रतिपादकानि पदानि। (उपदे. प. मु. वृ. ८-५६)। ८. पदं त्वर्थपरिसमाप्तिः पदमित्याद्युक्तिसद्भावेऽपि येन केनचिद् पदेनाष्टादशपदसहस्रादिप्रमाणा आचारादिग्रन्था गीयन्ते तदिह गृह्यते, तस्यैव द्वादशाङ्गश्रुतपरिमाणेऽधिकृतत्वाच्छ्रुतभेदानामेव चेह प्रस्तुतत्वात्तस्य च पदस्य तथाविधाम्नायाभावात् प्रमाणं न ज्ञायते, तत्रैकं पदं पदमुच्यते। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८, पृ. ४२; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ७, पृ. १९)। ९. वर्णानां परस्परापेक्षाणां निरपेक्षः समुदायः पदम् अव्ययानव्ययभेदभिन्नम्। (लघीय. अभय. वृ. ६४, पृ. ८७)। १०. × × × तत्पदं यत्र नापदः। (जम्बू. च. ४-१५१)।

१ सुबन्त (सु-औ-जस् आदि विभक्तिप्रत्ययान्त) और तिङन्त (तिप्-तस्-अन् आदि ङि तक) शब्द को पद कहते हैं। ३ वर्णों के समुदाय को पद कहा जाता है। ८ अर्थसमाप्ति को यद्यपि पद कहा जाता है, फिर भी जिस पद से अठारह हजार आदि पद प्रमाण आचारादि ग्रन्थ कहे गये हैं उसको यहां श्रुत के अधिकार में पद ग्रहण करना चाहिए। ६ पद (स्थान) वही उत्तम माना जाता है जो आपदाओं से रहित हो—ऐसा पद एक मात्र मोक्ष ही सम्भव है।

पदनिक्षेप—जहण्णुक्कस्सपदविसयणिच्छए लिवदि पादेदि त्ति पदणिक्खेवो णाम। भुजगारविसेसो पदणिक्खेवो, जहण्णुक्कस्सवड्ढि-हाणिपरूवणादो। (जयध.—कसायपा. सु. पृ. ७९ का टिप्पण)।

समुत्कीर्तना और स्वामित्व आदि अनुयोगद्वारों का जघन्य और उत्कृष्ट पदों के द्वारा निक्षेप अर्थात् निश्चय करने को पदनिक्षेप कहते हैं।

पदबद्ध—गेयपदैर्बद्धम्—विशिष्टविरचनया रचितं पदबद्धम्। (अनुयो. मल. हेम. वृ. गा. ४६, पृ. १३२)।

गाने के योग्य पदों के द्वारा जो विशिष्ट रचना की जाती है उसे पदबद्ध कहा जाता है।

पदमीमांसा— एदेसिं पदाणं (उक्कस्साणुक्कस्सादितेरसपदाणं) मीमांसा परिक्खा जत्थ कीरदि सा पदमीमांसा। (धव. पु. १०, पृ. १९); पदाणं मीमांसा परिक्खा गवेसणा पदमीमांसा। (धव. पु. १२, पृ. ३)।

उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य आदि पदों का जिस अनुयोगद्वार में विचार किया जाता है उसका नाम पदमीमांसा है।

पदविग्रह—१. "पायं पदविच्छेदो समासविसयो तयत्थणियमत्थं। पदविग्गहोत्ति भण्णइ सो सुद्धपदं ण संभवदि॥" इह प्रायेण यः समासविषयः पदयोः पदानां वा छेदो अनेकार्थसम्भवे इष्टार्थनियमनाय क्रियते स पदविग्रहः। (उत्तरा. चू. पृ. १४)। २. पदपृथक्करणं पदविग्रहः। (आव. नि. मलय. वृ. १०२७, पृ. ५५६)।

१ अनेक अर्थों की सम्भावना होने पर अभीष्ट अर्थ के नियमन के लिए जो प्रायः समासविषयक दो या दो से अधिक पदों का छेद किया जाता है वह पदविग्रह कहलाता है।

पदविभागी आलोचना—पव्वज्जादी सव्वं कमेण जं जत्थ जेण भावेण। पडिसेविदं तहा तं आलोचिंतो पदविभागी॥ (भ. आ. ५३५)।

प्रव्रज्या लेने के समय से लेकर आज तक जिसका जहां पर जिस भाव से सेवन किया गया है उसकी उसी भाव से क्रमशः आलोचना करने को पदविभागी आलोचना कहते हैं।

पदश्रुतज्ञान—१. तदो (अक्खरसमासादो) एगक्खरणाणे वड्ढिदे पदं णाम सुदणाणं होदि। (धव. पु. ६, पृ. २३); एगेगक्खरवड्ढिकमेण अक्खरसमासं सुदणाणं वड्ढमाणं गच्छदि जाव संखेज्जक्खराणि वड्ढिदाणि त्ति। पुणो संखेज्जक्खराणि घेत्तूण एगं पदसुदणाणं होदि। (धव. पु. १३, पृ. २६५)। २. एगक्खराद् उत्ति ए गेगेणक्खरेण

वड्ढंतो। संखेज्जे खलु उड्ढे पदणामं होदि सुदणाणं ॥ (गो. जी. ३३४)।

१ अक्षरसमास श्रुत के ऊपर एक अक्षरज्ञान की वृद्धि होने पर पद नाम का श्रुतज्ञान होता है।

पदश्रुतज्ञानावरणीय कर्म—पदसुदणाणस्स जमावरणं तं पदसुदणाणावरणीयं णाम। (धव. पु. १३, पृ. २७८)।

पदश्रुतज्ञान के आवारक कर्म को पदश्रुतज्ञानावरणीय कहते हैं।

पदसम—यत् गीतपदं नामिकादिकं यत्र स्वरे अनुपाति भवति तत् तत्रैव यत्र गीयते तत्पदसमम्। (अनुयो. सू. मल. हेम. वृ. गा. ५०, पृ. १३२)।

जो नामिक आदि पद जिस स्वर में उतरने वाला हो उसको उसी स्वर में जो गाया जाता है, यह पदसम कहलाता है।

पदसमास—१. एदस्स पदस्स सुदणाणस्सुवरि एगक्खरसुदणाणे वड्ढिदे पदसमासो णाम सुदणाणं होदि। एवमेगक्खरादिकमेण पदसुदणाणं वड्ढमाणं गच्छदि जाव संघाओ त्ति। (धव. पु. ६, पृ. २३); एदस्स मज्झिमपदसुदणाणस्सुवरि एगे अक्खरे वड्ढिदे पदसमासो णाम सुदणाणं होदि। पदस्स उवरि अण्णेगे पदे वड्ढिदे पदसमाससुदणाणं होदि त्ति वोत्तुं जुत्तं। पदस्सुवरि एगेगक्खरे वड्ढिदे ण पदसमाससुदणाणं होदि, अक्खरस्स पदत्ताभावादो त्ति? ण एस दोसो, पदावयवस्स अक्खरस्स वि पदव्ववएसे संते विरोहाभावादो। (धव. पु. १३, पृ. २६७)। २. द्व्यादिपदसमुदायस्तु पदसमासः। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८, पृ. ४२; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ७, पृ. १८)।

१ मध्यमपद श्रुतज्ञान के ऊपर एक अक्षर की वृद्धि होने पर पदसमास श्रुतज्ञान होता है। २ दो आदि पदों के समुदाय का नाम पदसमास है।

पदसमासज्ञानावरणीय कर्म—पदसमासणाणस्स जमावारयं कम्मं तं पदसमासणाणावरणीयं कम्मं। (धव. पु. १३, पृ. २७८)।

पदसमासश्रुतज्ञान के आवारक कर्म को पदसमासज्ञानावरणीय कहते हैं।

पदस्थ ध्यान—१. देवच्चणविहाणं जं कहियं देसविरयठाणम्मि। होइ पयत्थं झाणं कहियं तं वरजिणिंदेहिं ॥ एयपयमक्खरं वा जवियइ जं पंचगुरुसंबंधं। तं पि य होइ पयत्थं झाणं कम्माण णिद्दहणं ॥ (भावसं. ६२६–२७)। २. पदान्यालम्ब्य पुण्यानि योगिभिर्यद्विधीयते। तत् पदस्थं मतं ध्यानं विचित्रनयपारगैः ॥ (ज्ञाना. ३८-१, पृ. ३८७)। ३. यानि पंचनमस्कारपदानीति मनीषिणा। पदस्थं ध्यातुकामेन तानि ध्येयानि तत्त्वतः ॥ (अमित. श्रा. १५, ३१)। ४. जं झाइज्जइ उच्चारिऊण परमेट्ठिमंतपयममलं। एयक्खरादिविविहं पयत्थझाणं मुणेयव्वं ॥ (वसु. श्रा. ४६४)। ५. णिसिऊण पंचवण्णा पंचसु कमलेसु पंचठाणेसु। झाएह अट्ठकमेणं पयत्थझाणं इमं भणियं ॥ सत्तक्खरं च मंतं सत्तसु ठाणेसु णिससुसयवण्णं (?)। सिद्धसरूवं च सिरे एयं च पयत्थझाणुत्ति ॥ (ज्ञा. सा. २४–२५)। ६. यत्पदानि पवित्राणि समालम्ब्य विधीयते। तत्पदस्थं समाख्यातं ध्यानं सिद्धान्तपारगैः ॥ (योगशा. ८-१)। ७. स्वाध्याये यदि वा मंत्रे गुरु-देवस्तुतावपि। चित्तस्यैकाग्रता यत्तत्पदस्थं ध्यानमुच्यते ॥ (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २, पृ. १० उद्.)। ८. पंचानां सद्गुरूणां यत् पदान्यालम्ब्य चिन्तनम्। पदस्थध्यानमाम्नातं ध्यानाग्निध्वस्तकल्मषैः ॥ (भावसं. वाम. ६६२)। ९. महामंत्रे च मंत्रे च मालामंत्रेऽथवा स्तुतौ। स्वप्नादिलब्धमंत्रे वा पदस्थं ध्यानमुच्यते ॥ (बुद्धि-सा. ११८, पृ. २४)।

१ देशविरत गुणस्थान में निर्दिष्ट देवपूजा के विधान को पदस्थ ध्यान कहा जाता है। पांच परमेष्ठियों से सम्बद्ध एक अक्षर अथवा पद का जो जाप किया जाता है, यह भी पदस्थ ध्यान कहलाता है। ६ पवित्र पदों का आलम्बन लेकर जो ध्यान किया जाता है, इसका नाम पदस्थ ध्यान है। ७ स्वाध्याय, मंत्र और गुरु या देव की स्तुति में जो चित्त की एकाग्रता होती है वह पदस्थ ध्यान कहलाता है।

पदस्फोट — स्फोटति प्रकटीभवत्यर्थोऽस्मिन्निति स्फोटश्चिदात्मा, पदार्थज्ञानावरण-वीर्यान्तरायक्षयोपशमविशिष्टः पदस्फोटः। (श्रुतभ. टी. ४०, पृ. ६८)।

जिसमें अर्थ प्रगट होता है उस चेतन आत्मा का नाम स्फोट है। पदार्थज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्म के क्षयोपशम से विशिष्ट आत्मा को पदस्फोट कहते हैं।

पदानुसारी—१. एकपदस्यार्थं परत उपश्रुत्यादौ अन्ते मध्ये वा शेषग्रन्थार्थावधारणं पदानुसारित्वम्। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०१; चा. सा. पृ. ९३)। २. पदमनुसरति अनुकुरुते इति पदानुसारी बुद्धिः। बीजबुद्धीए बीजपदमवगंतूण एत्थ इदं एदेसिमक्खराणं लिंगं होदि त्ति ईहिदूण सयलसुदक्खर-पदाइमवगच्छंती पदाणुसारी। (धव. पु. ९, पृ. ६०)। ३. द्वादशांग-चतुर्दशपूर्वमध्ये एकं पदं प्राप्य तदनुसारेण सर्वं श्रुतं बुध्यन्ते पादानुसारिणः। (मूला. वृ. ९–९६)। ४. जो सुत्तपएण बहुं सुयमणुधावइ पयाणुसारी सो। (प्रव. सारो. १५०३)। ५. पदेन सूत्रावयवेनैकेनोपलब्धेन तदनुकूलानि पदशतान्यनुसरन्ति —अभ्यूहयन्तीत्येवंशीलाः पदानुसारिणः। (औपपा. अभय. वृ. १५, पृ. २८)। ६. आदावन्ते चैकपदग्रहणात् समस्तग्रन्थार्थस्यावधारणं यत्र बुद्धौ सा पदानुसारिबुद्धिः। (श्रुतभ. टी. ३) ७. पदानुसारी त्वेकपदावगमात् पदान्तराणामवगन्ता। (योगशा. स्वो. विव. १–८)। ८. या पुनरेकमपि सूत्रपदमवधार्य शेषमश्रुतमपि तदवस्थमेव श्रुतमवगाहते सा पदानुसारिणी। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २७३, पृ. ४२४; नन्दी. सू. मलय. वृ. १३)। ९. येषां पुनर्बुद्धिरेकमपि सूत्रपदमवधार्य शेषमश्रुतमपि तदवस्थमेव श्रुतमवगाहते ते पदानुसारिबुद्धयः। × × × जो सुत्तपएण बहुं सुयमणुधावइ पयाणुसारी सो। (आव. नि. मलय. वृ. ७५, पृ. ८०)।

१ किसी एक पद के अर्थ को दूसरे से सुनकर आदि, अन्त अथवा मध्य में शेष समस्त ग्रन्थ के ज्ञान लेने को पदानुसारी बुद्धि कहते हैं। ४ जो एक सूत्र-पद के द्वारा बहुत से श्रुत का अनुसरण करता है उसे पदानुसारी कहा जाता है।

पदार्थदोष—१. पदार्थदोषः यत्र वस्तुपर्यायवाचिनः पदस्यार्थान्तरपरिकल्पनाऽऽश्रीयते। (आव. नि. हरि. वृ. ८८४, पृ. ३७६)। २. पदार्थदोषो यत्र वस्तुपर्यायवाचिनः पदार्थस्यार्थान्तरपरिकल्पनाश्रयणम्, यथा द्रव्य-पर्यायवाचिनां सत्तादीनां द्रव्याद्यर्थान्तरपरिकल्पनमुलूकस्य। (आव. मलय. वृ. ८८४, पृ. ४८४)।

१ वस्तु के पर्यायवाची पद के अन्य अर्थ की कल्पना करना, इसे पदार्थदोष माना जाता है। यह ३२ सूत्रदोषों में ३१वां है।

पद्म—१. × × × तं पि गुणिदव्वं। चउसीदिलक्खवासे पउमं णामं समुद्दिट्ठं॥ (ति. प. ४-२९६)। २. चतुरशीतिपद्माङ्गशतसहस्राण्येकं पद्मम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६७; जीवाजी. मलय. वृ. १७८)।

१ चौरासी लाख वर्षों से गुणित पद्मांग प्रमाण एक पद्म होता है। २ चौरासी लाख पद्मों का एक पद्म नामक संख्याप्रमाण होता है।

पद्मप्रभ — निष्पङ्कतामङ्गीकृत्य पद्मस्येव प्रभा यस्याऽसौ पद्मप्रभः, तथा पद्मशयनदोहदो मातुर्देवतया पूरित इति, पद्मवर्णश्च भगवानिति पद्मप्रभः। (योगशा. स्वो. विव. ३–११४)।

निष्पङ्कता को स्वीकार कर—पद्म के पङ्कजत्व से रहित होकर—उस पद्म की प्रभा के समान प्रभा होने से छठे तीर्थंकर का नाम पद्म प्रसिद्ध हुआ। इसके अतिरिक्त उक्त तीर्थंकर की माता को पद्म (कमल) शय्या पर सोने का जो दोहला हुआ था उसे देवता ने पूर्ण किया था, इसलिए भी उन्हें पद्मप्रभ कहा गया है

पद्ममुद्रा—पद्माकारौ करौ कृत्वा मध्येऽङ्गुष्ठौ कर्णिकाकारौ विन्यसेदिति पद्ममुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३२)।

कमल के आकार दोनों हाथों को करके उनके बीच में कर्णिका के आकार दोनों अंगूठों की रचना को पद्ममुद्रा कहते हैं।

पद्मलेश्या—१. चाई भद्दो चोक्खो उज्जुयकम्मो य खमइ बहुयं पि। साहु-गुरुपूयणिरओ लक्खणमेयं तु पउमस्स॥ (प्रा. पंचसं. १–१५१; धव. पु. १, पृ. ३९० उद्; गो. जी. ५१६)। २. सत्यवाक्य-क्षमोपेत-पण्डित-सात्त्विक-दानविशारद-चतुरर्जुगुरु-देवतापूजाकरणनिरतत्वादि पद्मलेश्यालक्षणम्। (त. वा. ४, २२, १०, पृ. २३९)। ३. कसायाणुभागफद्दयाणमुदयमागदाणं जहण्णफद्दयप्पहुडि जाव उक्कस्सफद्दया त्ति ठइदाणं छब्भागविहत्ताणं बिदियभागो मंदतरो, तदुदएण जादकसाओ पम्मलेस्सा णाम। (धव. पु. ७, पृ. १०४); अहिंसादिसु कज्जेसु जीवस्स मज्झिमुज्जमं पम्मलेस्सा कुणइ। वुत्तं च—चाई भद्दो चोक्खो उज्जुवकम्मो य खमइ बहुअं पि। साहु-गुरुपूजणरदो पम्माए परिणओ जीवो। (धव.

पु. १६, पृ. ४९२)। ४. शक्तः क्षमी सदात्यागी देवतार्चनउद्यमी। शुचिः शीलसदानन्दः पद्मलेश्यः प्ररूपितः ॥ (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. ५, पृ. २०)।
१ त्यागी, भद्रपरिणामी, पवित्र, सरल व्यवहार करने वाला, क्षमाशील और साधु एवं गुरुजनों की पूजा में निरत; ये पद्मलेश्या के लक्षण हैं।

पद्माङ्ग—१. कुमुदं चउसीदिहदं पउमंगं होदि ××× (ति. प. ४-२९६)। २. चतुरशीतिमहानलिनशतसहस्राण्येकं पद्माङ्गम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६७; जीवाजी. मलय. वृ. १७८)।
१ चौरासी से गुणित कुमुद प्रमाण एक पद्मांग होता है। २. चौरासी लाख महानलिनों का एक पद्मांग नाम का संख्याप्रमाण होता है।

पद्मासन—१. जंघाया मध्यभागे तु संश्लेषो यत्र जंघया। पद्मासनमिति प्रोक्तं तदासनविचक्षणैः ॥ (योगशा. ४-१२९)। २. पद्मासनं श्रितौ पादौ जङ्घाभ्याम् ×××। (अन. ध. ८-८३)।
१ जंघा के मध्य भाग में जहां जंघा से संश्लेश (सम्बन्ध) होता है, वह पद्मासन कहलाता है।

परकायक्रिया—प्रदुष्टस्य मिथ्यादृष्टेरुद्यमो यः पराभिभवात्मको वाङ्मनसनिरपेक्षः सा तु परतः कायक्रिया। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-६)।
अतिशय दुष्ट मिथ्यादृष्टि जीव का जो वचन और मन की अपेक्षा से रहित दूसरे के तिरस्काररूप प्रयत्न होता है उसे परकायक्रिया कहा जाता है।

परकायशस्त्र— परकायशस्त्रं पाषाणाग्न्यादि। (आचारा. नि. शी. वृ. १, १, ५, १५०, पृ. ५५)।
वनस्पतिकाय से भिन्न पत्थर व अग्नि आदि परकायशस्त्र कहलाते हैं (द्रव्यनिक्षेपकी अपेक्षा)।

परकृतसंहरण — परकृतं चारण-विद्याधर-देवैः प्रत्यनीकतया ऽनुकम्पया चोत्क्षिप्यान्यत्र क्षेपणं संहरणम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. १०-७, पृ. ३०६)।
चारणऋद्धिधारक, विद्याधर या देवों के द्वारा शत्रुता या अनुकम्पा से प्रेरित होकर किसी के एक क्षेत्र से उठाकर अन्य क्षेत्र में छोड़ने को परकृतसंहरण कहते हैं।

परक्षेत्रसंसार—देखो क्षेत्रपरावर्त व क्षेत्रपरिवर्तन। १. सम्मूर्च्छन-गर्भोपपादजन्म-नवयोनिविकल्पाद्यालम्बनः परक्षेत्रसंसारः। (त. वा. ६, ७, ३; चा. सा. पृ. ८०)। २. परक्षेत्रपरिवर्तनमुच्यते— सूक्ष्मनिगोदः अपर्याप्तकः सर्वजघन्यावगाहनशरीरः लोकमध्याष्टप्रदेशान् स्वशरीरमध्याष्टप्रदेशान् कृत्वा उत्पन्नः क्षुद्रभवकालं जीवित्वा मृतः स एव पुनस्तेनैव अवगाहनेन द्विवारं तथा त्रिवारं तथा चतुर्वारं एवं यावत् घनाङ्गुलासंख्येयभागः तावद्वारं तत्रैवोत्पन्नः, पुनः एकैकप्रदेशाधिकभावेन सर्वलोकं स्वस्य जन्मक्षेत्रभावं नयति। तदेतत्सर्वं परक्षेत्रपरिवर्तनं भवति। (गो. जी. जी. प्र. टी. ५६०)।
१ सम्मूर्च्छन, गर्भ और उपपाद इन तीन जन्मों एवं सचित्तादि नौ योनिभेदों के आलम्बन से जो जन्म-मरणरूप संसरण (परिभ्रमण) होता है उसका नाम परक्षेत्रसंसार है।

परघातनाम—देखो पराघातनाम। १. यन्निमित्तः परशस्त्रादेर्व्याघातस्तत्परघातनाम। (स. सि. ८, ११)। २. यन्निमित्तः परशस्त्राद्याघातस्तत्परघातनाम। परशब्दोऽन्यपर्यायवाची, फलकाद्यावरणसन्निधानेऽपि यस्योदयात् परप्रयुक्तशस्त्राघातो भवति तत् परघातनाम। (त. वा. ८, ११, १४)। ३. परेषां घातः परघातः, जस्स कम्मस्स उदएण परघादहेदू सरीरे पोग्गला णिप्फज्जंति तं कम्मं परघादं णाम। (धव. पु. ६, पृ. ५९); जस्स कम्मस्सुदएण सरीरं परपीडाय होदि तं परघादणामं। (धव. पु. १३, पृ. ३६४)। ४. यन्निमित्तः परशस्त्राघातनं तत्परघातनाम। (त. श्लो. ८-११)। ५. परस्य घातः परघातः, यस्य कर्मण उदयात्परघातहेतवः शरीरपुद्गलाः सर्पदंष्ट्रा-वृश्चिकपुच्छादिभवाः, परशस्त्राघाता वा भवन्ति तत्परघातनाम। (मूला. वृ. १२, १९४)। ६. यत्कारणकः शर[पर] शस्त्राद्याघातस्तत्परघातनाम। (भ. आ. मूला. २१२४)। ७. परेषां घातः परघातः, यदुदयात् तीक्ष्णशृंग-नख-सर्पदाढादयो भवन्ति तत्परघातनाम। (गो. क. जी. प्र. ३३)। ८. यदुदयेन परशस्त्रादिना घातो भवति तत्परघातनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)।
१ जिसके निमित्त से दूसरे के शस्त्र आदि से घात होता है वह परघातनामकर्म कहलाता है। ३. जिस कर्म के उदय से दूसरे का घात करने वाले शरीर में पुद्गल—जैसे सर्प की दाढ़ें आदि—उत्पन्न होते हैं, उसे परघात नामकर्म कहते हैं।

परचरित्रचर—१. जो परदव्वम्मि सुहं असुहं

रागेण कुणदि जदि भावं। सो सगचरित्तभट्ठो परचरियचरो हवदि जीवो ॥ (पंचा. का. १५६)। २. यो हि मोहनीयोदयानुवृत्तिवशाद् रज्यमानोपयोगः सन् परद्रव्ये शुभमशुभं वा भावमादधाति स स्वकचरित्रभ्रष्टः परचरित्रचर इति उपगीयते। यतो हि स्वद्रव्ये शुद्धोपयोगवृत्तिः स्वचरितम्, परद्रव्ये सोपरागोपयोगवृत्तिः परचरितमिति। (पंचा. का. अमृत. वृ. १५६)।

१ जो जीव रागवश परद्रव्य में शुभ-अशुभ भाव को किया करता है वह अपने चरित्र से भ्रष्ट होकर परचरित्रचर कहलाता है।

परत्वापरत्व—१. परत्वापरत्वे त्रिविधे—प्रशंसाकृते क्षेत्रकृते कालकृते इति। तत्र प्रशंसाकृते परो धर्मः परं ज्ञानमपरोऽधर्मः अपरमज्ञानमिति। क्षेत्रकृते एकदिक्कालावस्थितयोर्विप्रकृष्टः परो भवति, सन्निकृष्टोऽपरः। कालकृते द्विरष्टवर्षाद् वर्षशतिकः परो भवति, वर्षशतिकाद् द्विरष्टवर्षोऽपरो भवति। (त. भा. ५–२२)। २. प्रतिसमीपदेशवर्तिनि प्रतिवृद्धे व्रतादिगुणहीने चाण्डाले परत्वव्यवहारो वर्तते, दूरदेशवर्तिनि गर्भरूपे व्रतादिगुणसहिते च अपरत्वव्यवहारो वर्तते(?)। ते द्वे अपि परत्वापरत्वे उक्तलक्षणे कालकृते ज्ञातव्ये। (त. वृत्ति श्रुत. ५–२२)।

१ परत्व व अपरत्व तीन प्रकार के हैं—प्रशंसाकृत, क्षेत्रकृत और कालकृत। प्रशंसा की अपेक्षा धर्म व ज्ञान को पर तथा अधर्म और अज्ञान को अपर माना जाता है। क्षेत्र की एक दिशा में स्थित दूरवर्ती को पर और निकटवर्ती को अपर कहा जाता है। काल की अपेक्षा १६ वर्ष वाले की अपेक्षा १०० वर्ष वाले में पर और १६ वर्ष वाले में अपर का व्यवहार होता है। २ अतिसमीपदेशवर्ती, अतिवृद्ध और व्रतादि गुणों से विहीन चाण्डाल में परत्व का व्यवहार होता है। दूरदेशवर्ती, शिशु और व्रतादि गुणों से सहित में अपरत्व का व्यवहार होता है। इन दोनों परत्व-अपरत्व को कालकृत जानना चाहिये।

परदारगमन—आत्मव्यतिरिक्तो योऽन्यः स परस्तस्य दाराः कलत्रं परदारास्तस्मिन् (तेषु) गमनं परदारगमनम्, गमनमासेवनरूपतया दृष्टव्यम् ॥ (श्राव. हरि. वृ. अ. ६, पृ. ८३२)।

अन्य की स्त्री के सेवन का नाम परदारगमन है।

परदृष्टिप्रशंसा—देखो अन्यदृष्टिप्रशंसा। एकान्तध्वान्तविध्वस्तवस्तुयाथात्म्यसंविदाम्। न कुर्यात् परदृष्टीनां प्रशंसां दृक्कलङ्किनीम् ॥ (अन. ध. २–८३)।

एकान्तरूप अन्धकार के द्वारा जिनका वस्तुस्वरूप का यथार्थ ज्ञान—अनेकान्तात्मक तत्त्व का समीचीन बोध—लुप्त हो गया है वे परदृष्टि कहे जाते हैं। उनकी प्रशंसा का नाम परदृष्टिप्रशंसा है जो सम्यग्दर्शन को मलिन करने वाली है।

परनिन्दा—परेषां भूताभूतदूषणपुरस्सरवाक्यं परनिन्दा। (नि. सा. वृ. ६२)।

दूसरों के विद्यमान या अविद्यमान दोषों के प्रकट करने को परनिन्दा कहते हैं।

परपरितापकारिणी क्रिया—परपरितापकारिणी पुत्र-शिष्य-कलत्रादिताडनम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–६)।

पुत्र, शिष्य और स्त्री आदि के ताड़न करने—उन्हें कष्ट पहुंचाने—को परपरितापकारिणी क्रिया कहते हैं।

परपरिवाद—१. परेषां परिवादः परपरिवादो विकत्थनम्। (स्थाना. अभय. वृ. ४९)। २. परपरिवादः विप्रकीर्णम् परेषां गुण-दोषवचनम्। (औपपा. अभय. वृ. ३४, पृ. ७९)। ३. परपरिवादः प्रभूतजनसमक्षं परदोषविकत्थनम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८०, पृ. ४३८)। ४. परपरिवादः विप्रकीर्णपरकीयगुण-दोषप्रकटनम्। (कल्पसू. वि. वृ. ११८, पृ. १७४)।

२ अन्य जनों के बिखरे हुए गुण-दोषों के कहने को परपरिवाद कहते हैं।

परप्रणेय— परकोप-प्रसादानुवृत्तिः परप्रणेयः। (नीतिवा. २९–९८, पृ. ३४१)।

दूसरों के कहने से कोप या प्रसाद का अनुसरण करने वाले राजा को परप्रणेय कहते हैं।

परप्राणातिपातजननी क्रिया—परप्राणातिपातजननी तु मोह-लोभ-क्रोधाविष्टा प्राणव्यपरोपलक्षणा क्रिया। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–६)।

मोह, लोभ या क्रोध के वशीभूत होकर दूसरे जीवों के प्राणों का घात करने को परप्राणातिपातजननी क्रिया कहते हैं।

परम—तत्र परमो यः खलु निखिलमलविलयवशोपलब्धविशुद्धज्ञानबलविलोकितलोकालोकः जगज्जन्तुचित्तसन्तोषकारणं पुरन्दरादिसुन्दरसुरसमूहाक्रियमाणप्रातिहार्यपूजोपचारः तदनु सर्वसत्त्वस्वभाषापरिणामिवाणीविशेषापादितैककालानेकसत्त्वसंशयसन्दोहापोहः स्वविहारपवनप्रसरसमुत्सारितसमस्तमहीमण्डलातिविततदुरितरजोराशिः सदाशिवादिशब्दाभिधेयो भगवानर्हन्निति, स परमः। (ध. बि. मु. वृ. १–१, पृ. १)।

जो समस्त कर्म-मल के विलीन हो जाने से प्राप्त हुए विशुद्ध केवलज्ञान के प्रभाव से लोक-अलोक को देखता है, समस्त संसारी प्राणियों के चित्त-सन्तोष का कारण है, इन्द्र आदि सुन्दर देवों के समूह द्वारा लाये गये प्रातिहार्यों से सेवित है, समस्त प्राणियों की भाषारूप परिणत होने वाली विशिष्ट वाणी के द्वारा एक ही समय में अनेक जीवों के सन्देह को दूर करता है, अपने विहाररूप वायु के प्रसार से समस्त भूमण्डलमें अत्यन्त विस्तृत पापरूप धूलि के समूह को नष्ट करता है, तथा जो सदाशिव आदि अनेक नामों से कहा जाता है; ऐसा अरहन्त देव ही परम (उत्कृष्ट आत्मा) मानने के योग्य है।

परमब्रह्म—१. अहिंसा भूतानां जगति विदितं ब्रह्म परमम्। (बृ. स्वयम्भू. ११९)। २. परमब्रह्मसंज्ञनिजशुद्धात्मभावनासमुत्पन्नसुखामृततृप्तस्य सत उर्वशी-रम्भा-तिलोत्तमाभिर्देवकन्याभिरपि यस्य ब्रह्मचर्यव्रतं न खण्डितं स परमब्रह्म भण्यते। (बृ. द्रव्यसं. टी. १४, पृ. ३७)।

१ समस्त प्राणियों की अहिंसा—हिंसा के अभाव—को परमब्रह्म कहते हैं। २ परमब्रह्म नामक अपनी शुद्ध आत्मा की भावना से उत्पन्न सुखस्वरूप अमृत से जो तृप्ति को प्राप्त है तथा जिसका ब्रह्मचर्यव्रत उर्वशी, रम्भा और तिलोत्तमादि देवकन्याओं के द्वारा भी खण्डित नहीं किया जा सका ऐसे परम पुरुष को परमब्रह्म कहते हैं।

परमभावजीव—जो खलु जीवसहावो णो उणिओ णो खयेण संभूदो। कम्माणं सो जीवो भणिओ इह परमभावेण॥ (द्रव्यस्व. नय. २१५)।

जो जीव का स्वभाव न उत्पन्न हुआ है और न कर्मों के क्षय से प्रादुर्भूत हुआ है उसे परमभाव से जीव कहा गया है।

परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक—गिण्हइ दव्वसहावं असुद्धसुद्धोपचारपरिचत्तं। सो परमभावगाही णायव्वो सिद्धिकामेण॥ (ल. न. च. २६; द्रव्यस्व. नय. १९)।

जो अशुद्ध और शुद्ध के उपचार से रहित द्रव्य के स्वभाव को ग्रहण करता है उसे परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय कहते हैं।

परमर्षि—१. परमर्षयः केवलज्ञानिनो निगद्यन्ते। (चा. सा. पृ. २२)। २. परमर्षिः जगद्वेत्ति केवलज्ञानचक्षुषा। (धर्मसं. श्रा. ९–२८६)।

१ केवलज्ञानी संयत जीवों को परमर्षि कहते हैं।

परमव्रत—ततः शुद्धोपयोगो यो मोहकर्मोदयावृते। चारित्रापरनामैतद् व्रतं निश्चयतः परम्॥ (लाटीसं. ४–२५८)।

मोहकर्म का अभाव हो जाने पर शुद्धोपयोगरूप जो चारित्र होता है उसे निश्चय से परमव्रत जानना चाहिए।

परमसमाधि— वयणोच्चारणकिरियं परिचत्ता वीयरायभावेण। जो झायदि अप्पाणं परमसमाही हवे तस्स॥ संजम-णियम-तवेण दु धम्मज्झाणेण सुक्कझाणेण। जो झायदि अप्पाणं परमसमाही हवे तस्स॥ (नि. सा. १२२–२३)।

वचन के उच्चारण की क्रिया को छोड़कर—वचनोच्चारण के बिना—वीतरागस्वरूप से जो आत्मा का ध्यान करता है उसके परम (निर्विकल्प) समाधि होती है। संयम, नियम और तप के आश्रय से जो धर्म और शुक्ल ध्यान के द्वारा आत्मा का ध्यान करता है उसके परमसमाधि होती है।

परमसुख—आत्मोपादानसिद्धं स्वयमतिशयवद्वीतबाधं विशालं वृद्धि-ह्रासव्यपेतं विषयविरहितं निःप्रतिद्वन्द्वभावम्। अन्यद्रव्यानपेक्षं निरुपममितं शाश्वतं सर्वकालम् उत्कृष्टानन्तसारं परमसुखमतस्तस्य सिद्धस्य जातम्। (सिद्धभ. ७)।

जो सुख परके सम्बन्ध से रहित होता हुआ एक आत्मारूप उपादान से उत्पन्न हुआ है, स्वयं अतिशयवान् है, बाधा से रहित है, वृद्धि-हानि से विहीन है, विषय से उत्पन्न नहीं हुआ है, प्रतिपक्ष से विरहित है, अन्य किसी भी बाह्य द्रव्य की अपेक्षा नहीं करता है, अनुपम व अपरिमित होता हुआ सदा रहने वाला है, तथा उत्कृष्ट व अनन्त प्रभाव से

मुक्त है; वही परमसुख कहलाता है और वह सिद्धात्मा के ही सम्भव है।

परमहंस—१. कर्मात्मनोर्विवेक्ता यः क्षीर-नीरसमानयोः। भवेत् परमहंसोऽसौ नाग्निवत्सर्वभक्षकः॥ (उपासका. ८७६)। २. तदेवैकदेशव्यक्तिरूपविवक्षितैकदेशशुद्धनिश्चयेन स्वशुद्धात्मसंवित्तिसमुत्पन्नसुखामृतजलसरोवरे रागादिमलरहितत्वेन परमहंसस्वरूपम्। (बृ. द्रव्यसं. टी. ५६)।

१ जैसे हंस मिले हुए क्षीर और नीर को पृथक् कर देता है उसी प्रकार जो क्षीर-नीर के समान मिले हुए कर्म और आत्मा की भिन्नता का अनुभव करता है वह परमहंस कहलाता है, किन्तु जो अग्नि के समान सर्वभक्षक हो वह परमहंस नहीं हो सकता।

परमागम—यदिदं जीवादिपदार्थस्वरूपनिरूपणं नय-प्रमाणाद्यधिगमोपायप्रापितयुक्तिबन्ध-मोक्षादिप्रतिपादनसमर्थमित्येवमादीनामतिशयज्ञानानामाकरः आर्हत आगमः रत्नानामिवोदधिः, अतोऽस्य परमागमत्वम्। (त. वा. ८, १, १६)।

नय और प्रमाण आदि जो अधिगम के उपायभूत हैं उनके आश्रय से प्राप्त युक्ति के बलसे बन्ध-मोक्षादि के प्रतिपादन में समर्थ जो जीवादि पदार्थों के स्वरूप का निरूपण है वह अतिशयित ज्ञान रूप रत्नों की खानिस्वरूप भगवान् अरहन्त के द्वारा प्रणीत है, इसीसे उसे परमागमता सिद्ध है।

परमाणु—१. ××× परमाणू चेव अविभागी। (पंचा. का. ७५; मूला. ५-३४); सव्वेसिं खंधाणं जो अंतो तं वियाण परमाणू। सो सस्सदो असद्दो एक्को अविभागी मुत्तिभवो॥ आदेसमत्तमुत्तो धादुचदुक्कस्स कारणं जो दु। सो णेओ परमाणू परिणामगुणो सयमसद्दो। (पंचा. का. ७७-७८); एयरस-वण्ण-गंधं दोफासं सद्दकारणमसद्दं। खंधंतरिदं दव्वं परमाणुं तं वियाणेहि॥ (पंचा. का. ८१; ति. प. १-९७—चतुर्थ च. 'तं परमाणुं भणंति बुधा')। २. अत्तादि अत्तमज्झं अत्तंतं णेव इंदिये गेज्झं। अविभागी जं दव्वं परमाणुं तं विआणाहि॥ (नि. सा. २६; त. सि. ५-२५ उद्.)। ३. अनादिरमध्योऽप्रदेशो हि परमाणुः। (त. भा. ५-११); उक्तं च—कारणमेव तदन्त्यं सूक्ष्मो नित्यश्च भवति परमाणुः। एकरस-गन्ध-वर्णो द्विस्पर्शः कार्यलिङ्गश्च॥ (त. भा. ५-२५ उद्.; षड्द. स. गु. वृ. ६४ उद्.)। ४. परमाणुरप्रदेशो वर्णादिगुणेषु भजनीयः। (प्रशमर. २०८)। ५. सत्थेणं सुतिक्खेणवि छेत्तुं भेत्तुं जं न किर सक्का। तं परमाणुं सिद्धा वयंति आइं पमाणाणं॥ (भगवती. ६, ७, ५, पृ. ८२७; जं. दी. प. १३-१२; संग्रहणी २४५)। ६. एगरस एगवण्णे एगे गंधे तहा दुफासे वा। परमाणु ××× ॥ (उत्तरा. नि. ३३, पृ. २३)। ७. परमश्चासावणुश्च परमाणुः निरंशः। (उत्तरा. चू., पृ. २८१)। ८. ××× अविभागी होदि परमाणू॥ सत्थेण सुतिक्खेणं छेत्तुं भेत्तुं च जं किरस्सक्कं। जल-यणलादिहिं णासं ण एदि सो होदि परमाणू॥ एक्क-रस-वण्ण-गंधं दो फासा सद्दकारणमसद्दं। खंधंतरिदं दव्वं तं परमाणुं भणंति बुधा॥ अंतादिमज्झहीणं अपदेसं इंदिएहि ण हु गेज्झं। जं दव्वं अविभत्तं तं परमाणुं कहंति जिणा॥ पूरंति गलंति जदो पूरण-गलणेहिं पोग्गला तेण। परमाणु च्चिय जादा इय दिट्ठं दिट्ठिवादम्हि॥ वण्ण-रस-गंध-फासे पूरण-गलणाइ सव्वकालम्हि। खंदं पि व कुणमाणा परमाणू पुग्गला तम्हा॥ आदेसमत्तमुत्तो धादुचउक्कस्स कारणं जादो। सो णेयो परमाणू परिणामगुणो य खंदस्स॥ (ति. प. १, ९५-१०१)। ९. अन्तादि-मध्यहीनः अविभागोऽतीन्द्रियः एकरस-वर्ण-गन्धः द्विस्पर्शः परमाणुः। (त. वा. ३, ३८, ६)। १०. 'अपदेसं णेव इंदिए गेज्झं' इदि परमाणूणं णिरवयवत्तं परियम्मे वुत्तमिदि ×××। (धव. पु १३, पृ. १८ उद्.); न विद्यन्ते द्वितीयादयः प्रदेशाः यस्मिन् सोऽप्रदेशः परमाणुः। (धव. पु. १४, पृ. ५४)। ११. आदि-मध्यान्त-निर्मुक्तं निर्विभागमतीन्द्रियम्। मूर्तमप्यप्रदेशं च परमाणुं प्रचक्षते॥ (ह. पु. ७-३२)। १२. अणवः कार्यलिङ्गाः स्युर्द्विस्पर्शाः परिमण्डलाः। एकवर्ण-रसा नित्याः स्युरनित्याश्च पर्ययैः॥ (म. पु. २४-१४८)। १३. आदि-मध्यान्तप्रदेशैः परिहीण एव परमाणुरिष्यते। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५-११)। १४. ××× अविभागी होइ परमाणू॥ (भावसं. दे. ३०४)। १५. आत्मादिरात्ममध्यश्च तथात्मान्तश्च नेन्द्रियैः। गृह्यते योऽविभागी च परमाणुः स उच्यते॥ (त. सा. ३-५९)। १६. उक्तानां स्कन्धपर्यायाणां योऽन्त्यो

भेदः स परमाणुः। (पंचा. का. अमृत. वृ. ७७)। १७. ××× परमाणुरनंशकः ॥ (योगप्रा. २-११)। १८. ××× अविभागी चेव परमाणू ॥ (गो. जी. ६०४)। १९. परमाणू अविहायउ असेसु। (जसहरच. ४-१२, पृ. ८३)। २०. अंतादि-मज्झहीणं अपदेसं णेव इंदिए गेज्झं। जं दव्वं अविभागी तं परमाणू मुणेयव्वा ॥ जस्स ण कोइ अणुदरो सो अणुओ होदि सव्वदव्वाणं। जावे परं अणुत्तं तं परमाणू मुणेयव्वा ॥ सत्थेण सुतिक्खेण य छेत्तुं भेत्तुं च जं किर ण सक्कं। तं परमाणुं सिद्धा भणंति आदिं पमाणेण। (जं. दी. प. १३, १६-१८)। २१. परमाणू अविभागी पुग्गलदव्वं जिणुद्दिट्ठं ॥ (वसु. श्रा. १७)। २२. अणुश्च पुद्गलोऽभेद्यावयवः प्रचयशक्तितः। कायश्च स्कन्धभेदोत्थश्चतुरस्रस्त्वतीन्द्रियः ॥ (आचा. सा. ३-१३)। २३. परमश्चासावात्यन्तिकोऽणुश्च सूक्ष्मः परमाणुः द्व्यणुकादिस्कन्धानां कारणभूतः। (स्थाना. अभय. वृ. ४५, पृ. २४); परमाणुः अस्कन्धपुद्गल इति। (स्थाना. अभय. वृ. १६६)। २४. अविभागिभूतं परमाणु। (गो. जी. जी. प्र. ६०४)।

१ जो समस्त स्कन्धों के अन्तिम भेदरूप होता हुआ एक, अविभागी, नित्य (अनादिनिधन) रूपादि परिणाम (मूर्ति) से उत्पन्न होने के कारण मूर्तिभव और शब्द से रहित है वह परमाणु कहलाता है।

परमात्मा—१. कम्मकलंकविमुक्को परमप्पा भण्णए देवो। (मोक्षप्रा. ५)। २. णिस्सेसदोसरहिओ केवलणाणाइपरमविभवजुदो। सो परमप्पा उच्चइ तव्विवरीओ ण परमप्पा ॥ (नि. सा. ७)। ३. ××× परमात्मातिनिर्मलः। (समाधि. ५)। ४. अप्पा लद्धउ णाणमउ, कम्मविमुक्कें जेण। मेल्लिवि सयलु वि दव्व परु, सो परु मुणहि मणेण ॥ (परमा. १-१५)। ५. मुक्तामुक्तैकरूपो यः कर्मभिः संविदादिना। अक्षयं परमात्मानं ज्ञानमूर्ति नमामि तम्। (स्वरूपसं. १)। ६. ××× परमप्पा दोसपरिचत्तो ॥ दोसा छुहाइ भणिया अट्ठारस होंति तिविहलोयम्मि। सामण्णा सयलजणे तेसिमभावेण परमप्पा ॥ (भावसं. २७२-७३)। ७. ससरीरा अरहंता केवलणाणेण मुणियसयलत्था। णाणसरीरा सिद्धा सव्वुत्तमसुक्खसंपत्ता ॥ णीसेसकम्मणासे अप्पसहावेण जा समुप्पत्ती। कम्मजभावखए वि य सा वि य पत्ती परा होदि ॥ (कार्तिके. १९८-९९)। ८. साकारं निर्गताकारं निष्क्रियं परमाक्षरम्। निर्विकल्पं च निष्कम्पं नित्यमानन्दमन्दिरम् ॥ विश्वरूपमविज्ञातस्वरूपं सर्वदोदितम्। कृतकृत्यं शिवं शान्तं निष्कलं करुणच्युतम् ॥ निःशेषभवसम्भूतक्लेश-द्रुमहुताशनम्। शुद्धमत्यन्तनिर्लेपं ज्ञान-राज्यप्रतिष्ठितम् ॥ विशुद्धादर्शसंक्रान्तप्रतिबिम्बसमप्रभम्। ज्योतिर्मयं महावीर्यं परिपूर्णं पुरातनम् ॥ विशुद्धाष्टगुणोपेतं निर्द्वन्द्वं निर्गतामयम्। अप्रमेयं परिच्छिन्नं विश्वतत्त्वव्यवस्थितम् ॥ यदग्राह्यं बहिर्भावैर्ग्राह्यश्चान्तर्मुखैः क्षणात्। तत्स्वभावात्मकं साक्षात् स्वरूपं परमात्मनः ॥ (ज्ञानार्णव ३१, २२-२७, पृ. ३१२); निर्लेपो निष्कलः शुद्धो निष्पन्नोऽत्यन्तनिर्वृतः। निर्विकल्पश्च शुद्धात्मा परमात्मेति वर्णितः ॥ (ज्ञानार्णव ३२-८, पृ. ३१७)। ९. ऽम्मट्ठगुणेहिं जुदो अणंतगुणभायणो णिरालंबो। णिच्छेओ णिब्भेओ अणिंदिदो मुणह परमप्पा ॥ (ज्ञा. सा. ३४)। १०. संपुण्णचंदवयणो जडमउडविवज्जिओ णिराहरणो। पहरण-जुवइविमुक्को संतियरो होइ परमप्पा ॥ (धम्मर. १२२)। ११. परमात्मा सकलप्राणिभ्य उत्तम आत्मा। (समाधि टी. ६)। १२. चिद्रूपानन्दमयो निःशेषोपाधिवर्जितः शुद्धः। अत्यक्षोऽनन्तगुणः परमात्मा कीर्तितः तज्ज्ञैः ॥ (योगशा. १२-८)। १३. गतनिःशेषोपाधिः परमात्मा कीर्तितस्तज्ज्ञैः। (अध्या. सा. २०-२१)। १४. यः केवलज्ञान-दर्शनोपयुक्तः शुद्धसिद्धः स परमात्मा सयोगी केवली सिद्धश्च सः परमात्मा उच्यते। (ज्ञा. सा. टी. १३-२)। १५. परा सर्वोत्कृष्टा मा अन्तरङ्ग-बहिरङ्गलक्षणा अनन्तचतुष्टयादिसमवसरणादिरूपा लक्ष्मीर्येषां ते परमाः, ते च ते आत्मानः परमात्मानः। (कार्तिके. टी. १९२)। १६. संसारिभ्यः परो ह्यात्मा परमात्मेति भाषितः। (आप्तस्व. १८)।

२ सर्व दोषों से रहित और केवलज्ञानादिरूप परमैश्वर्य से सम्पन्न शुद्ध आत्मा को परमात्मा कहते हैं।

परमानन्द—सुस्वास्थ्यं च परमानन्दः। (ध. वि. ८-५१)।

अतिशय स्वास्थ्य को परमानन्द कहते हैं।

परमानन्ददोग्रन्थिकप्राभृत— तत्थ परमाणंददोगंथियपाहुडं जहा जिणवइणा केवलणाण-दंसणति-

(वि)लोयणेहिं पयासियासेसभुवणेण उज्झियरायदोसेण भव्वाणमणवज्जबुहायरियपणालेण पट्ठविददुवालसंगवयणकलावो तदेगदेसो वा। (जयध. पु. १, पृ. ३२५)।
केवलज्ञान और केवलदर्शनरूप नेत्रों के द्वारा जिसने समस्त लोक को प्रकाशित किया है और जो राग-द्वेष दोषों से रहित हो चुका है ऐसे जिनेन्द्र के द्वारा निर्मल बुद्धि से सम्पन्न आचार्यरूप प्रणाली के द्वारा—आचार्यपरम्परा से—जिस द्वादशांगरूप अथवा उसके एकदेशरूप वाणी को प्रस्तुत किया गया है उसे परमानन्द-दोग्रन्थिकप्राभृत कहा जाता है।

परमार्थ काल—१. परमार्थकालः वर्तनालिङ्गः गत्यादीनां धर्मादिवत् वर्तनाया उपकारकः। स किस्वरूप इति चेत् उच्यते—यावन्तो लोकाकाशे प्रदेशास्तावन्तः कालाणवः परस्परं प्रत्यबन्धाः एकैकस्मिन्नाकाशप्रदेशे एकैकवृत्त्या लोकव्यापिनः मुख्योपचारप्रदेशकल्पनाऽभावान्निरवयवाः। (त. वा. ५, २२, २४, पृ. ४८२)। २. परमट्ठो कालाणू लोयपदेसे हि संठिया णिच्चं। एक्केक्के एक्केक्का अपएसा रयणरासिव्व ॥ (भावसं. दे. ३१०)। ३. तत्र यावन्तो लोकाकाशप्रदेशास्तावन्तः कालाणवः परस्परं प्रत्यबन्धा एकैकस्मिन्नाकाशप्रदेशे एकैकवृत्त्या लोकव्यापिनो मुख्योपचारप्रदेशकल्पनाभावान्निरवयवाः। (चा. सा. पृ. ८०)। ४. वर्तनालक्षणश्च परमार्थकालः इति। (बृ. द्रव्यसं. टी. २१)। ५. समयादिरूपसूक्ष्मव्यवहारकालस्य घटिकादिरूपस्थूलव्यवहारकालस्य च यद्युपादानकारणभूतकालस्तथापि समय-घटिकारूपेण या विवक्षिता व्यवहारकालस्य भेदकल्पना तया रहितस्त्रिकालस्थायित्वेनाद्यनिधनो लोकाकाशप्रदेशप्रमाणकालाणुद्रव्यरूपः परमार्थकालः। (पंचा. जय. वृ. २६)।
१ वर्तना जिसका हेतु है वह परमार्थकाल कहलाता है। जिस प्रकार धर्म आदि द्रव्य गति आदि के उपकारक हैं उसी प्रकार यह वर्तना का उपकारक है। लोकाकाश में जितने प्रदेश हैं उतने कालाणु परस्पर में बन्ध रहित हैं और एक एक आकाशप्रदेश पर एक एक स्थित होते हुए लोक को व्याप्त करते हैं।

परमार्थप्रत्याख्यान— ××× ततः संसार-शरीर-भोगनिर्वेगता निश्चयप्रत्याख्यानस्य कारणम्। पुनर्भाविकाले संभाविनां निखिलमोह-राग-द्वेषादिविविधविभावानां परिहारः परमार्थप्रत्याख्यानम्। अथवानागतकालोद्भवविविधान्तर्जल्पपरित्यागः शुद्धं निश्चयप्रत्याख्यानम्। (नि. सा. वृ. १०५)।
संसार, शरीर और भोगों से विरक्ति होना; यह निश्चय प्रत्याख्यान का कारण है। आगामी काल में उत्पन्न होने वाले समस्त राग-द्वेष-मोहादिरूप विविध विकारी भावों के परित्याग को परमार्थप्रत्याख्यान कहते हैं। अथवा भावी काल में उत्पन्न होने वाले विविध अन्तर्जल्प के परित्याग को शुद्ध निश्चय प्रत्याख्यान जानना चाहिये।

परमावगाढरुचि—१. परमावधि-केवलज्ञान-दर्शनप्रकाशितजीवाद्यर्थविषयात्मप्रसादाः परमावगाढरुचयः। (त. वा. ३, ३६, २)। २. केवलावगमालोकिताखिलार्थगता रुचिः। परमाद्यवगाढासौ श्रद्धेति परमर्षिभिः ॥ (म. पु. ७४–४४६)। ३. कैवल्यालोकितार्थे रुचिरिह परमावादिगाढेति रूढा। (आत्मानु. १४)। ४. अवधि-मनःपर्यय-केवलाधिकपुरुषप्रत्ययप्ररूढं परमावगाढम्। (उपासका. पृ. ११४)। ५. परमावगाढा अवधि-मनःपर्यय-केवलाधिकपुरुषप्रत्ययप्ररूढा। (अन. ध. २–६२)।
१ परमावधि, केवलज्ञान और केवलदर्शन से प्रकाशित जीवादि पदार्थविषयक आत्मप्रसन्नता जिनको प्राप्त है वे परमावगाढरुचि या परमावगाढसम्यग्दृष्टि कहलाते हैं।

परमावती—सत्त अवंतीगंगाओ सा एगा परमावती। (भगवती. १५–८८, पृ. २०५५)।
सात अवंती गंगाओं के परिमाणवाली गंगा को एक परमावती गंगा कहते हैं।

परमावधिज्ञान—परमा ओही मज्जाया जस्स णाणस्स तं परमोहिणाणं। किं परमं? असंखेज्जलोगमेत्तसंजमवियप्पा। (धव. पु. १३, पृ. ३२३)।
जिस ज्ञान की उत्कृष्ट मर्यादा असंख्यात लोक प्रमाण संयम के विकल्प हैं वह परमावधिज्ञान कहलाता है।

परमेश्वर—महत्त्वादीश्वरत्वाच्च यो महेश्वरतां गतः। त्रैधातुकविनिर्मुक्तस्तं वन्दे परमेश्वरम् ॥ (आप्तस्व. २७)।
जो महत्ता और ऐश्वर्य से युक्त होने के कारण

महेश्वरत्व को प्राप्त है वह त्रिविध कर्म-मल से रहित परमेश्वर कहलाता है।

परमेष्ठिमुद्रा—उत्तानहस्तद्वयेन वेणीबन्धं विधायाङ्गुष्ठाभ्यां कनिष्ठिके तर्जनीभ्यां च मध्यमे संगृह्यानामिके समीकुर्यादिति परमेष्ठिमुद्रा। यद्वा वामकराङ्गुलीरूर्ध्वीकृत्य मध्यमां मध्यमे कुर्यादिति द्वितीया (परमेष्ठिमुद्रा)। (निर्वाणक. पृ. ३३)।

दोनों हाथों को ऊंचा उठाकर और उन्हें वेणी सदृश बांधकर दोनों अंगूठों से दोनों कनिष्ठिकाओं को, तथा दोनों तर्जनियों से दोनों मध्यमा अंगुलियों को संगृहीत कर दोनों अनामिकाओं के समीकरण को परमेष्ठिमुद्रा कहते हैं।

परमेष्ठी—१. जो मिच्चु-जरारहिदो मद-विब्भम-सेद-खेद-परिहीणो। उप्पत्ति-रदिविहूणो सो परमेट्ठी वियाणाहि॥ (जं. दी. प. १३–८६)। २. परमे इन्द्रादीनां वन्द्ये पदे तिष्ठतीति परमेष्ठी। (रत्नक. टी. १–७)। ३. परमेष्ठी परमे इन्द्रादिवन्द्ये पदे तिष्ठतीति परमेष्ठी स्थानशील:। (समाधि. टी. ६)। ४. परमे इन्द्र-चन्द्र-नरेन्द्रपूजिते पदे तिष्ठतीति परमेष्ठी। (चारित्रप्रा. टी. १; भावप्रा. टी. १४६)।

१ जो मृत्यु, जरा, मद, विभ्रम, स्वेद और खेद से रहित होता हुआ उत्पत्ति और रति से विहीन है उसे परमेष्ठी जानना चाहिए।

परम्परसिद्धकेवलज्ञान—१. ततो द्वितीयादिसमयेष्वनन्तामप्यनागताद्धां परम्परसिद्धकेवलज्ञानमिति। (नन्दी. हरि. वृ., पृ. ५०)। २. सिद्धत्वद्वितीयादिसमयेषु वर्तमानं परम्परसिद्धकेवलज्ञानम्। (आव. नि. मलय. वृ. ७८, पृ. ८३)।

१ सिद्ध होने के दूसरे समय से लगाकर आगे अनन्त काल तक रहने वाले सिद्ध जीवों के केवलज्ञान को परम्परसिद्धकेवलज्ञान कहते हैं।

परम्परादृष्टान्त—यः खल्वनन्तरमुक्तोऽपि परोक्षत्वादागमगम्यत्वाद्दार्ष्टान्तिकार्थसाधनायालं न भवति तत्प्रसिद्धये चाध्यक्षसिद्धो योऽन्य उच्यते स परम्परादृष्टान्तः। (दशवै. नि. हरि. १४१)।

अव्यवहित पूर्व में कहा गया भी जो दृष्टान्त परोक्ष या आगमगम्य होने से अपने दार्ष्टान्तिक अर्थ की सिद्धि करने में समर्थ न हो तब उसकी सिद्धि के लिये जो प्रत्यक्षसिद्ध अन्य दृष्टान्त दिया जाता है उसे परम्परादृष्टान्त कहते हैं।

परम्पराबन्ध—बंधविदियसमयप्पहुदि कम्मपोग्गलक्खंधाणं जीवपदेसाणं च जो बंधो सो परंपरबंधो णाम। (धव. पु. १२, पृ. ३७०)।

बन्ध के दूसरे समय से लेकर जो कर्मरूप पुद्गल-स्कन्धों का और जीवप्रदेशों का बन्ध होता है उसे परम्पराबन्ध कहा जाता है।

परम्परालब्धि—लब्धीनां परम्परा यस्मादागमात् प्राप्यते, यस्मिन् तत्प्राप्त्युपायो निरूप्यते वा सा परम्परालब्धिः आगमः। (धव. पु. १३, पृ. २८३)।

जिस आगम से लब्धियों की परम्परा प्राप्त की जाती है, अथवा जिसमें उनकी प्राप्ति के उपाय की प्ररूपणा की जाती है उसे परम्परालब्धि कहते हैं। यह एक आगमविशेष है।

परम्परास्थापना—उब्भट्ठपरिन्नायं अन्नं लद्धं पओयणे घेत्थी। रिणभीया व अगारी दहित्ति दाहं सुए ठवणा॥ नवणीयमंथुतक्कं व जाव अत्तट्ठिया व गिण्हंति। देसूणा जाव घयं कुसणंपि य जत्तियं कालं॥ रसक्कब-पिंडगुला मच्छंडिय खंड-सक्कराणं च। होइ परंपरठवणा अन्नत्थ व जुज्जुए जत्थ॥ (पिण्डनि. २८१–८३)।

साधु के द्वारा किसी गृहिणी से दूध की याचना करने पर उसने थोड़ी देर से देने के लिए कहा। पश्चात् साधु को दूध अन्य घर से प्राप्त हो गया। उधर दूध को प्राप्त करके गृहिणी ने दूध ग्रहण करने के लिए प्रार्थना की। इस पर साधु ने कहा कि दूध मुझे प्राप्त हो गया है। यदि फिर कभी आवश्यकता हुई तो ले लूंगा। इस प्रकार साधु के कहने पर गृहिणी ने ऋण से भयभीत के समान उसका उपयोग स्वयं नहीं किया और दूसरे दिन दही देने के विचार से उसका दही बना लिया। पर साधु ने उसे नहीं लिया। इसी प्रकार आगे दही से मंथु (छांछ और मक्खन के बीच की अवस्था), मंथु से छांछ और छांछ से मक्खन बनाया गया, फिर भी अपने निमित्त स्थापित करने के कारण साधु ने उन्हें नहीं लिया। इसी प्रकार घी की याचना करने पर वह कुछ कम एक पूर्वकोटि काल प्रमाण (आयुस्थिति) स्थापित किया जा सकता है। पर साधु आधाकर्म जानकर उसे

नहीं ग्रहण करता। इस प्रकार से स्थापित करने पर परम्परास्थापना कहलाती है। इसी प्रकार ईख के रस से उत्तरोत्तर कक्कब, पिण्ड और गुड़ आदि को स्थापित किया जा सकता है।

परम्परोपनिधा— १. जत्थ दुगुण-चदुगुणादि-परिक्खा कीरदि सा परंपरोवणिधा। (**धव. पु. ११, पृ. ३५२**); जहण्णट्ठाणं पेक्खिदूण अणंत-भागब्भहियादिसरूवेण ट्ठिदट्ठाणाणं जा थोव-बहुत्त-परूवणा सा परंपरोवणिधा। (**धव. पु. १२, पृ. २१४**)। २. तत्र परम्परया उपनिधा मार्गणं परम्परोपनिधा। (**पंचसं. मलय. वृ. १-६**)।

१. जिस अधिकार में दुगुने व चौगुने आदि की परीक्षा की जाती है उसका नाम परम्परोपनिधा है। २. उपनिधा का अर्थ मार्गणा या अन्वेषण होता है, तदनुसार परम्परा से स्थानादिकों का जहां अन्वेषण किया जाता है, ऐसे प्रकरण को परम्परोपनिधा कहा जाता है।

परलोक—१. परलोको भवान्तरलक्षणः (**आव. नि. हरि. वृ. ५६६, पृ. २४१**)। २. पर उत्कृष्टो वीतरागचिदानन्दैकस्वभाव आत्मा, तस्य लोकोऽव-लोकनं निर्विकल्पसमाधौ वानुभवनमिति परलोक-शब्दस्यार्थः, अथवा लोक्यन्ते जीवादिपदार्थाः यस्मिन् परमात्मस्वरूपे यस्य केवलज्ञानेन वा स भवति लोकः, परश्चासौ लोकश्च परलोकः, व्यवहारेण पुनः स्वर्गा-पवर्गलक्षणः परलोको भण्यते। (**परमा. वृ. १-११०**) ३. परलोको भवान्तरगतिरन्यजन्म। (**प्रा. मो. वसु. वृ. ८**)।

१ अन्य भव में जीव के जाने को परलोक कहते हैं। २ वीतराग चिदानन्दरूप अनुपम स्वभाव वाले आत्मा का नाम पर है, उसका जो निर्विकल्प समाधि में अवलोकन या अनुभवन है उसे परलोक कहा जाता है। अथवा जिस परमात्मस्वरूप में या जिसके केवलज्ञान के द्वारा जीवादि पदार्थ देखे जाते हैं उसे परलोक जानना चाहिए। व्यवहारनय से स्वर्ग-अपवर्ग आदि को परलोक कहा जाता है।

परलोकभय—१. परलोकभयं परभवात् (यत् प्राप्यते)। (**आव. भा. हरि. वृ. १८४, पृ. ४८३**)। २. लोकः शाश्वत एक एव सकलव्यक्तो विविक्ता-त्मनः, चिल्लोकं स्वयमेव केवलमयं यल्लोकयत्येक-कः। लोकोऽयं न तवापरस्तव परस्तस्यास्ति तद्भीः कुतो, निःशंकं सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विन्दति॥ (**समय. क. १४६**)। ३. विजातीया-त्तिर्यग्देवादेः सकाशान्मनुष्यादीनां यद् भयं तत्परलो-कभयम्। (**ललितवि. मु. प., पृ. ३८**)। ४. यत् परभवादेवाप्यते, यथा मनुष्यस्य तिरश्चः, तिरश्चो मनुष्यात् तत्परलोकभयम्। (**आव. भा. मलय. वृ. १८५, पृ. ५७३**)। ५. परलोकभयम्—एवंविध-दुर्धरानुष्ठानाद्विशिष्टं फलं परलोके भविष्यति न वा। (**रत्नक. टी. ५-८**)। ६. नर-तिर्यग्भ्यां देवस्य, देव-तिर्यग्भ्यां नरस्य, देव-नराभ्यां तिरश्चः, देवान्नारकस्य च यद् भयं तत्परलोकभयम्। (**गु. गु. षट्. स्वो. वृ. श्लो. ६, पृ. २५**)। ७. मनुष्यस्य देवा-देर्भयं परलोकभयम्। (**कल्पसू. वि. वृ. १५, पृ. ३०**)। ८. परलोकः परत्रात्मा भाविजन्मान्तरांश-भाक्। ततः कम्प इव त्रासो भीतिः परलोकतोऽस्ति सा॥ भद्रं चेज्जन्म स्वर्लोके माभून्मे जन्म दुर्गतौ। इत्याद्याकुलितं चेतः साध्वसं पारलौकिकम्॥ (**पञ्चाध्यायी २, ५१६-१७; लाटीसं. ४-४० व ४१**)।

१ परभव के आश्रय से जो भय होता है उसका नाम परलोकभय है। २. लोक शाश्वत व एक ही है, जो सब को प्रगट है। शुद्ध चेतन आत्मा के केवलज्ञानस्वरूप लोक का स्वयं अकेला अवलोकन करता है। उस को छोड़कर दूसरा और कोई तेरा लोक है ही नहीं, तब भला उसका भय कहां से हो सकता है? नहीं हो सकता। इस प्रकार यहां निश्चयनय का आश्रय लेने वाले के लिए परलोक भय का निषेध किया गया है। ३ विजातीय तिर्यंच व देव आदि से मनुष्यों आदि को जो भय होता है वह परलोकभय कहलाता है। ५ इस प्रकारके दुर्धर अनुष्ठान का परलोक में कुछ विशेष फल होगा कि नहीं, इस प्रकार के भय को परलोकभय कहा जाता है।

परलोकसंवेजनीकथा—परलोगसंवेदणी जहा—इस्सा-विसाद-मद-कोह-माण-लोभादिएहिं दोसेहिं। देवावि समभिभूया तेसु वि कत्तो सुहं अत्थि॥ दट्ठु-जणविप्पओगो चेव चयं चेव देवलोगाउ। एतारि-साणि सग्गे देवा वि दुहाणि पावंति॥ जइ देवेसु एयारिसाइं दुक्खाइं पाविज्जंति, णरग-तिरिएसु पुण का कहा? (**दशवै. चू. पृ. १०८**)।

देव भी जब ईर्ष्या, विषाद, मद, क्रोध, मान और लोभादि दोषों से अभिभूत हैं; तब भला उनके सुख कहां से हो सकता है ? इष्ट जन का वियोग और देवलोक से च्युत होना, इस प्रकार के दुःखों को देव भी स्वर्ग में प्राप्त करते हैं। जब देवों में इस प्रकार के दुःख पाये जाते हैं तब मनुष्यों और तिर्यंचों का तो कहना ही क्या है, इस प्रकार की संवेगजनक कथा परलोकसंवेजनी कथा कहलाती है।

परलोकाशंसाप्रयोग—एवं परलोकाशंसाप्रयोगः, परलोको देवलोकः (तस्मिन्नाशंसाभिलाषः, तस्याः प्रयोगः) । (श्रा. प्र. टी. २०८) ।

परभव में देवलोक के पाने की इच्छा से व्रत-तप आदि के करने को परलोकाशंसाप्रयोग कहते हैं।

परवाद—मस्करी-कणभक्षाक्षपाद-कपिल-सौद्धोदनि-चार्वाक-जैमिनिप्रभृतयस्तद्दर्शनानि च प्रोद्यन्ते दूष्यन्ते अनेनेति परवादो राद्धान्तः । (धव. पु. १३, पृ. २७८) ।

जिस सिद्धान्त में मस्करी, कणभक्ष(कणाद), अक्षपाद, कपिल, शौद्धोदनिक (बुद्ध), चार्वाक और जैमिनि आदि एवं उनके सिद्धान्त को दूषित किया जाता है उसका नाम परवाद है।

परविवाहकरण—१. कन्यादानं विवाहः, परस्य विवाहः परविवाहः, परविवाहस्य करणं परविवाहकरणम् । (स. सि. ७–२८) । २. **सद्वेद्य-चारित्रमोहोदयाद् विवहनं विवाहः** । सद्वेद्यस्य चारित्रमोहस्य चोदयाद्विवहनं कन्यावरणं विवाह इत्याख्यायते । परविवाहस्य करणं परविवाहकरणम् । (त. वा. ७, २८, १; चा. सा. पृ. ६) । ३. परविवाहकरणमितीह स्वापत्यव्यतिरिक्तमपत्यं परशब्देनोच्यते, तस्य कन्याफललिप्सया स्नेहबन्धेन वा विवाहकरणमिति । (श्राव. हरि. वृ. अ. ६, पृ. ८२५) । ४. परविवाहकरणमन्यापत्यस्य कन्याफललिप्सया स्नेहसम्बन्धेन वा विवाहकरणम्, स्वापत्येष्वपि संख्याभिग्रहो न्याय्य इति । (श्रा. प्र. टी. २७३) । ५. परेषां स्वापत्यव्यतिरिक्तानां जनानां विवाहकरणं कन्याफललिप्सया स्नेहसम्बन्धादिना वा परिणयविधानं परविवाहकरणम् । इह च स्वापत्येष्वपि संख्याभिग्रहो न्याय्यः । (ध. बि. मु. वृ. ३–२६) । ६. परविवाहकरणं स्वापत्यव्यतिरिक्तानां कन्याफललिप्सया स्नेहसम्बन्धादिना वा परिणयविधानम् । (सा. ध. स्वो. टी. ४–५८) । ७. कन्यादानं विवाहः, परस्य स्वपुत्रादिकादन्यस्य विवाहः परविवाहः, परविवाहस्य करणं परविवाहकरणम् । (त. वृत्ति श्रुत. ७–२८) ।

१ कन्यादान का नाम विवाह है, दूसरे के विवाह के करने को परविवाहकरण कहा जाता है। ३ पर शब्द से यहां अपनी सन्तान को छोड़कर अन्य की सन्तान को ग्रहण किया गया है, कन्यादान के फल की इच्छा से, अथवा स्नेह के सम्बन्ध से अन्य के पुत्र-पुत्री के विवाह करने को परविवाहकरण कहते हैं। यह ब्रह्मचर्याणुव्रत का एक अतिचार है।

परविस्मापक—सुरजालमाइएहिं तु विम्हयं कुणइ तव्विहजणस्स । तेसु न विम्हयइ सयं आहट्ट-कुहेडएहिं च ॥ (बृहत्क. १३०१) ।

इन्द्रजाल, प्रहेली और वक्रोक्ति इत्यादि के द्वारा जो वैसे (मूर्ख) जनों को आश्चर्यचकित करता है, परन्तु स्वयं विस्मय को प्राप्त नहीं होता है, उसे परविस्मापक कहा जाता है।

परव्यपदेश—१. अन्यदातृदेयार्पणं परव्यपदेशः । (स. सि. ७–३६) । २. **अन्यदातृदेयार्पणं परव्यपदेशः** । अन्यत्र दातारः सन्ति, दीयमानोऽप्यन्यस्येति वा ऽर्पणं परव्यपदेश इति प्रतिपाद्यते । (त. वा. ७, ३६, ३) । ३. परव्यपदेश इति आत्मव्यतिरिक्तो योऽन्यः स परस्तद्व्यपदेश इति समासः, साधोः पौषधोपवासपारणकाले भिक्षार्थं समुपस्थितस्य प्रकटमन्नादि पश्यतः श्रावकोऽभिधत्ते परकीयमिदमिति नात्मीयमतो न ददामि, किंचिद्याचितो वाभिधत्ते विद्यमान एवाऽमुकस्येदमस्ति, तत्र गत्वा मार्गय तद्यूयमिति । (श्रा. प्र. टी. ३२७) । ४. अयमत्र दाता दीयमानोऽप्ययमस्येति समर्पणं परव्यपदेशः । (चा. सा. पृ. १४) । ५. परस्य आत्मव्यतिरिक्तस्य व्यपदेशः परव्यपदेशः, परकीयमिदमन्नादिकमित्येवमदित्सावतः साधुसमक्षं भणनं परव्यपदेशः । (ध. बि. मु. वृ. ३-३४) । ६. परव्यपदेशः परस्यान्यस्य सम्बन्धीदं गुड-खण्डादीति विशेषेणापदेशो व्याजाद्यदि वायमत्र दाता दीयमानोऽप्ययमस्येति समर्पणं चतुर्थः । (सा. ध. स्वो. टी. ५-५४) । ७. अपरदातृदेयस्यार्पणम् मम कार्यं वर्तते, त्वं देहीति परव्यपदेशः, परस्य व्यपदेशः कथनं परव्यपदेशः । अथवा परेऽत्र दातारो वर्तन्ते, नाहमत्र दायको वर्ते इति

परव्यपदेशः। अथवा परस्येदं भक्ताद्यासं देयम्, न मया इदमीदृशं वा देयमिति परव्यपदेशः। (त. वृत्ति श्रुत. ७-३६)। ८. आस्माकीनं सुसिद्धान्नं त्वं प्रयच्छेति योजनम्। दोषः परोपदेशस्य करणाख्यो व्रतात्मनः॥ (लाटीसं. ६-२२६)।

१ अन्य दाता की देय वस्तु का देना, इसका नाम परव्यपदेश है। २ दाता दूसरे स्थान पर हैं, दी जाने वाली यह भोज्य वस्तु भी अन्य की है, इस प्रकार कहते हुए देना; यह परव्यपदेश नाम का अतिथिसंविभागव्रत का अतिचार है। ३ पौषधोपवास की पारणा के समय भिक्षा के निमित्त उपस्थित हुए साधु को, जो प्रत्यक्ष में अन्न आदि को देख रहा है, श्रावक जो यह कहता है कि यह वस्तु दूसरे की है, मेरी नहीं है; इसलिए नहीं देता हूं। अथवा कुछ याचना करने पर यह कहता है कि यह अमुक की वस्तु है, अतएव आप वहां जाकर खोजिए, यह परव्यपदेश नाम से प्रसिद्ध अतिथिसंविभागव्रत का अतिचार है।

परशरीरसंवेजनी कथा—एवं परसरीरसंवेयणी वि—परसरीरं एरिसं चेव असुई, अहवा परस्स सरीरं वण्णेमाणो सोयारस्स संवेगमुप्पाएइ। (दशवै. नि. हरि. वृ. १६६, पृ. ११२)।

दूसरे का शरीर ऐसा ही (अपने शरीर समान ही) अपवित्र है, अथवा पर के शरीर का वर्णन करने वाला उपदेशक चूंकि श्रोता के संवेग को उत्पन्न करता है, इसलिए इस प्रकार की चर्चा को परशरीरसंवेजनी कथा कहते हैं।

परशुमुद्रा—पताकावत् हस्तं प्रसार्य अङ्गुष्ठयोजनेन परशुमुद्रा। यद्वा पताकाकारं दक्षिणकरं संहताङ्गुलिं कृत्वा तर्जन्यङ्गुष्ठाक्रमणेन परशुमुद्रा द्वितीया। (निर्वाणक. पृ. ३२)।

पताका (ध्वजा) के समान दाहिने हाथ को पसार कर तर्जनी से अंगूठे के मिलाने को परशुमुद्रा कहते हैं।

परसमय—१. जीवो सहावणियदो अणियदगुणपज्जओध परसमओ। (पंचा. का. १५५)। २. पुग्गलकम्मुवदेसट्ठिदं च तं जाण परसमयं। (समयप्रा. २)। ३. संसारिणो हि जीवस्य ज्ञानदर्शनावस्थितत्वात् स्वभावनियतस्याप्यनादिमोहनीयोदयानुवृत्तिरूपत्वेनोपरक्तोपयोगस्य सतः समुपात्तभावस्वरूप्यत्वादनियतगुणपर्यायत्वं परसमयः, परचरितमिति यावत्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १५५)।

१ जीव यद्यपि ज्ञान-दर्शनरूप स्वभाव में नियत है—अवस्थित है, फिर भी मोहनीय के उदय से विभाव में उपयोगयुक्त होकर प्राप्त परस्वरूप होने से जो अनियत गुण-पर्यायों—कर्मजनित रागादि-भावों—को अपना मानता है, इसी का नाम परसमय है।

परसमयरत—१. अण्णाणादो णाणी जदि मण्णदि सुद्धसंपओगादो। हवदि त्ति दुक्खमोक्खं परसमयरदो हवदि जीवो॥ (पंचा. का. १६५)। २. अर्हदादिषु भगवत्सु सिद्धिसाधनीभूतेषु भक्तिबलानुरञ्जिता चित्तवृत्तिरत्र शुद्धसम्प्रयोगः। अथ खल्वज्ञानलवावेशाद्यदि यावज्ज्ञानवानपि ततः शुद्धसम्प्रयोगान्मोक्षो भवतीत्यभिप्रायेण खिद्यमानस्तत्र प्रवर्तते तदा तावत् सोऽपि रागलवसद्भावात् परसमयरत इत्युपगीयते। अथ न किं पुनर्निरङ्कुशरागकलिकलङ्कितान्तरङ्गवृत्तिरितरो जन इति। (पञ्चा. का. अमृत. वृ. १६५)।

१ ज्ञानी होकर भी जो किंचित् अज्ञान के वश जब तक यह मानता है कि शुद्ध सम्प्रयोग से—अरहन्त आदि में भक्तिवश अनुरागयुक्त हुए चित्त के व्यापार से—दुःख से छुटकारा (मुक्ति) होता है, तब तक अज्ञान का लेश बना रहने से उसे परसमयरत जानना चाहिए।

परसमयवक्तव्यता—परसमयो मिच्छत्तं जम्हि पाहुडे अणियोगे वा वण्णिज्जदि परूविज्जदि पण्णाविज्जदि तं पाहुडमणियोगो वा परसमयवत्तव्वं, तस्स भावो परसमयवत्तव्वदा णाम। (धव. पु. १, पृ. ८२)।

परसमय का अर्थ मिथ्यात्व है, जिस प्राभृत अथवा अनुयोग में उक्त परसमय का वर्णन या प्रज्ञापन किया जाता है उस प्राभृत या अनुयोग का नाम परसमयवक्तव्य है, उसके भाव को परसमयवक्तव्यता कहा जाता है।

परसंग्रह—अशेषविशेषेष्वौदासीन्यं भजमानः शुद्धद्रव्यं सन्मात्रमभिमन्यमानः परसंग्रहः। (प्र. न. त. ७–१५; स्याद्वादमं. ३१७; नयप्र., पृ. १०२; जैनत., पृ. १२७)।

समस्त विशेषोंमें उदासीनता को स्वीकार करता हुआ

जो शुद्ध सन्मात्र द्रव्य को ग्रहण करता है उसे परसंग्रह नय कहते हैं।

परसंग्रहाभास—सत्ताद्वैतं स्वीकुर्वाणः सकलविशेषान् निराचक्षाणस्तदाभासः। (नयप्र. पृ. १०२)। सर्व विशेषों का निराकरण करके केवल सत्ताद्वैत को ही विषय करने वाले नय को परसंग्रहनयाभास कहते हैं।

परस्परपरिहारलक्षणविरोध—परस्परपरिहारस्थितिलक्षणस्तु विरोधः सहैकत्राम्रफलादौ रूप-रसयोरिवानयोः सम्भवतोरेव स्यान्न त्वसम्भवतोः सम्भवदसम्भवतोर्वा। (प्रमेयक. ४–१०, पृ. ५३३)। एक आम्रफल आदि में रूप और रस के समान जो सम्भव हों उनमें परस्परपरिहारस्थितिलक्षण विरोध हो सकता है, असम्भव अथवा सम्भव-असम्भव में वह नहीं होता है।

परस्पराश्रयचक्रक—यदि स्वपक्षे प्रत्यक्षवृत्या तत्र व्यापकानुपलब्धिर्निर्णीयेत्, विपक्षव्यावृत्त्या पक्षे प्रत्यक्षवृत्तिः, पक्षे प्रत्यक्षवृत्त्या च विपक्षव्यावृत्तिरिति परस्पराश्रयं चक्रकम्। (सिद्धिवि. वृ. ६–२२, पृ. ४०८, पं. ७–६)।

यदि अपने पक्ष (अक्षणिक) में प्रत्यक्षवृत्ति से व्यापक (क्रम-अक्रम) की अनुपलब्धि का, विपक्षव्यावृत्ति से पक्ष में प्रत्यक्षवृत्तिका और पक्ष में प्रत्यक्षवृत्ति से विपक्षव्यावृत्ति का निर्णय होता है तो इस प्रकार से परस्पराश्रय चक्रकदोष होने वाला है।

परंज्योति—परं निवारण परमातिशयप्राप्तं ज्योतिर्ज्ञानं यस्यासौ (परंज्योतिः) (रत्नक. १–७)। परं अर्थात् अतिशय को प्राप्त निवारण ज्ञान से युक्त आप्त को परंज्योति कहा जाता है।

पराघात—देखो परघातनाम। १. परत्रास-प्रतिघातादिजनकं पराघातनाम। (त. भा. ८–१२)। २. पराघातनाम यदुदयात् परानाहन्ति। (श्रा. प्र. टी. २१)। ३. यस्य कर्मण उदयात् कश्चिद्दर्शनमात्रेणैवौजस्वी वाक्सौष्ठवेन वाऽन्यसभामप्यभिगतः सभ्यानामपि त्रासमापादयति, आकर्षणं परप्रतिघातं वा करोति तत्पराघातनाम। (त. भा. हरि. वृ. ८–१२)। ४. यस्य कर्मण उदयात् कश्चिद्दर्शनमात्रेणैवौजस्वी वाक्सौष्ठवेनान्यां सभामप्यभिगतः सभ्यानामपि त्रासमापादयति परप्रतिभाप्रतिघातं वा करोति तत्पराघातनाम। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१२, पृ. १५७)। ५. स्वशरीर-बलप्रतापादिभिः परस्याभिभवनं पराघातः। (पंचसं. स्वो. वृ. ३–६)। ६. तय-विस-दंतविसाई अंगावयवो य जो उ अन्नेसिं। जीवाण कुणइ घायं सो परघायस्स उ विवागो॥ (कर्मवि. ग. १२०)। ७. यतोऽङ्गावयव एव विषात्मको दंष्ट्रा-त्वगादिः परेषामुपघातको भवति तत्पराघातनाम। (समवा. अभय. वृ. ४२)। ८. यदुदयाद् दुःप्रघृष्यतया शरीराकृतिः परानाहन्त्यभिभवति तत्पराघातनाम। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८, पृ. ५१)। ९. यदुदयात् पुनरोजस्वी दर्शनमात्रेण वाक्सौष्ठवेन वा महानृपसभामपि गतः सभ्यानामपि त्रासमापादयति प्रतिवादिनश्च प्रतिभाविघातं करोति तत्पराघातनाम। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७३; धर्मसं. मलय. वृ. ६१८; सप्तति. मलय. वृ. ६; पंचसं. मलय. वृ. ३–७, पृ. ११६; कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ७)। १०. यदुदयात् परानाहन्ति दुष्प्रधृष्यतया शरीराकृतेरभिभवति तत्पराघातनाम। (कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. २०)। ११. यदुदयादोजस्वी दर्शनमात्रेण वाक्सौष्ठवेन वा नृपसभामपि गतः सभ्यानामपि क्षोभमापादयति प्रतिपक्षप्रतिघातं च विधत्ते तत्पराघातनाम। (प्रव. सारो. वृ. १२५१)। १२. परानाहन्ति पराघातनाम, यस्य कर्मण उदये आत्मावयवैः परं हन्ति। (कर्मवि. पू. व्या. ७२, पृ. ३३)। १३. यदुदयात् परेषां दुष्प्रधर्षः महौजस्वी दर्शनमात्रेण वाक्सौष्ठवेन वा महाभूपसभामपि गतः सभ्यानामपि क्षोभमुत्पादयति प्रतिपक्षप्रतिभाप्रतिघातं च करोति तत्पराघातनाम। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ४३, पृ. ५३)।

१ जो दूसरों को कष्ट देनेवाला या उनका घात आदि करने वाला है उसे पराघातनामकर्म कहते हैं। ३ जिसके उदय से कोई दर्शन मात्र से ही ओजस्वी (दीप्तिमान्) होता है अथवा सभा में वचनचातुर्य से सभ्य जनों को भी दुःख देता है, आकर्षण या दूसरों का प्रतिघात करता है उसे पराघात नामकर्म कहते हैं।

पराङ्गनात्याग—मातृवत्परनारीणां परित्यागस्त्रिशुद्धितः। स स्यात् पराङ्गनात्यागो गृहिणां शुद्धचेतसाम्॥ (भावसं. वाम. ४५५)।

माता के समान परस्त्रियों के सेवन करने का मन,

वचन व काय से जो परित्याग किया जाता है वह परांगनात्यागव्रत कहलाता है।

पराजय—असिद्धिः पराजयः। (प्रमाणमी. २, १, ३४)।

वादी अथवा प्रतिवादी के अपने पक्ष की सिद्धि नहीं कर सकने का नाम पराजय है।

परात्मा—देखो परमात्मा। परात्मा संसारिजीवेभ्यः उत्कृष्ट आत्मा। (समाधित. टी. ६)।

संसारी जीवों से उत्कृष्ट आत्मा को परात्मा या परमात्मा कहा जाता है।

परानवकाङ्क्षक्रिया—तथा चानाद्रियमाणः परमपि नावकाङ्क्षतीति परानवकाङ्क्षक्रिया। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-६)।

अनादरको प्राप्त होकर जो दूसरे को भी नहीं चाहता है, इसका नाम परानवकाङ्क्षक्रिया।

परा प्राप्ति—णीसेसकम्मणासे अप्पसहावेण जा समुप्पत्ती। कम्मजभावखए वि य सा वि य पत्ती परा होदि। (कार्तिके. १९९)।

सब कर्मों के नष्ट हो जाने पर जो शुद्ध आत्मस्वभाव की प्राप्ति होती है उसे परा प्राप्ति कहते हैं। अथवा कर्मजनित औदयिकादि भावों का अभाव हो जाने पर जो प्राप्ति होती है उसे भी परा प्राप्ति कहा जाता है।

परार्थ (श्रुत)—परं पुनः शब्दप्रयोगरूपं परविप्रतिपत्तिनिराकरणफलत्वात् परार्थम्। (अन. ध. स्वो. टी. ३-५)।

जिस शब्दप्रयोग का फल दूसरों के विरोध को दूर करना है वह परार्थश्रुत कहलाता है। इसे द्रव्यश्रुत भी कहा जाता है।

परार्थ (गुण)—परार्थाः स्वात्मसम्बन्धिगुणाः शेषाः सुखादयः। (लाटीसं. ३-५३)।

ज्ञान के अतिरिक्त जो शेष सुखादि गुण हैं वे परार्थ गुण माने जाते हैं।

परार्थ करण— विहितानुष्ठानपरस्य तत्त्वतो योगशुद्धिसचिवस्य। भिक्षाटनादिसर्वं परार्थकरणं यतेर्ज्ञेयम्॥ (षोडशक. १३-५, पृ. ८७)।

आगमोक्त अनुष्ठान का यथार्थतः पालन करते हुए जो साधु मन, वचन व काय की शुद्धि से सहित है उसके भिक्षा के लिये विचरण आदि सबको परार्थकरण—दाता के पुण्यबन्ध का कारण होने से परोपकरण—जानना चाहिए।

परार्थप्रत्यक्ष— प्रत्यक्षपरिच्छिन्नार्थाभिधायि वचनं परार्थप्रत्यक्षं परप्रत्यक्षहेतुत्वात्। (प्र. न. त. ३-२४)।

प्रत्यक्ष से जाने हुए पदार्थ के प्रतिपादन करनेवाले वचन को परके प्रत्यक्ष में कारण होने से परार्थ प्रत्यक्ष कहा जाता है।

परार्थाधिगम—परार्थाधिगमः शब्दरूपः। (सप्तभं. पृ. १)

शब्दरूप ज्ञान को परार्थाधिगम कहते हैं।

परार्थानुमान—१. स्वनिश्चयवदन्येषां निश्चयोत्पादनं बुधैः। परार्थं मानमाख्यातं वाक्यं तदुपचारतः॥ साध्याविनाभुवो हेतोर्वचो यत्प्रतिपादकम्। परार्थमनुमानं तत्पक्षादिवचनात्मकम्॥ (न्यायाव. १० व १३)। २. तत्-(स्वार्थानुमान-) प्रतिपादकं वचो हेतुः, परार्थमित्यर्थः। (नन्दी. हरि. वृ., पृ. ६२)। ३. परार्थं तु तदर्थपरामर्शिवचनाज्जातम्। तद्वचनमपि तद्धेतुत्वात्। (परीक्षा. ३, ५०—५१)। ४. पक्ष-हेतुवचनात्मकं परार्थमनुमानमुपचारात्। (प्र. न. त. ३—२३)। ५. तत्प्रतिपादकं वचो हेतुः परार्थम्। (उपदे. मु. वृ. ४८)। ६. यथोक्तसाधनाभिधानजः परार्थम्। (प्रमाणमी. २, २, १)। ७. परोपदेशमपेक्ष्य साधनात्साध्यविज्ञानं तत्परार्थानुमानम्। प्रतिज्ञा-हेतुरूपपरोपदेशवशाच्छ्रोतुरुत्पन्नं साधनात्साध्यविज्ञानं परार्थानुमानमित्यर्थः। (न्यायदी., पृ. ७५)। ८. यल्लक्षणो मतो हेतुः स्वार्थसंवित्तये परम्। वाचाभिधीयमानस्तु परार्थं सानुमोच्यते॥ (प्रमाल. ५५)। ९. पक्ष-हेतुवचनात्मकं परार्थमनुमानमुपचारात्। (षड्द. स. गुण. वृ. ५५, पृ. २१०)।

१ अपने निश्चय के समान अन्य जनों के लिए निश्चय के उत्पादक वाक्य को उपचार से परार्थानुमान कहा जाता है। साध्य के अविनाभावी हेतु के प्रतिपादक वचन को परार्थानुमान कहते हैं जो पक्ष आदि के वचनस्वरूप है।

परावर्त—१. परावर्तोऽनन्तोत्सर्पिण्यवसर्पिण्यात्मकः। स च द्रव्यादिभेदभिन्नः प्रवचनादवसेयः। (आव. नि. हरि. वृ. ६६३)। २. परावर्तः पुद्गलपरावर्तः, स

थानन्तोत्सर्पिण्यवसर्पिणीप्रमाणः, ते अनन्ताः अतीतः कालः अनन्ता एवानागतः कालः। (आव. भा. मलय. वृ. २००, पृ. ५६३)।

१ परावर्त अनन्त उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी प्रमाण है जो द्रव्य-क्षेत्रादि के भेद से अनेक प्रकार का है।

परावर्त दोष—वीहीकूरादीहिं य सालीकूरादियं तु जं गहिदं। दातुमिति संजदाणं परियट्टं होदि णायव्वं ॥ (मूला. ६–१८)।

साधुओं को देने के लिए अपने व्रीहि धान के भात आदि को दूसरे के लिए देकर बदले में शालि धान के भात आदि का लेना और साधुओं को देना, यह संयतों (साधुओं) को परावर्त दोष का जनक होता है।

परावर्तन—ग्रन्थस्य पुनः पुनरभ्यसनं परावर्तनम्। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १०)।

ग्रन्थ के पुनः पुनः अभ्यास करने को परावर्तन कहते हैं।

परावर्तमान प्रकृति— १. विणिवारिय जा गच्छइ बंधं उदयं च अन्नपगईए। सा हु परियत्तमाणी × × × ॥ (पंचसं. च. ३–४४)। २. विनिवार्य या गच्छति बन्धमुदयं वा अन्यप्रकृतेः, सा हु परावर्तमाना × × × विनिवार्य विनिवर्त्यान्यस्याः प्रकृतेर्या स्वतो बन्धमुदयमुभयं वा याति सा परावर्तमाना। (पंचसं. च. स्वो. वृ. ३–४४)। ३. या प्रकृतिरन्यस्याः प्रकृतेबन्धमुदयं वा निवार्य स्वयं बन्धमुदयं वा गच्छति सा हु निश्चितं परावर्तमाना। (पंचसं. मलय. वृ. ३–४४)। ४. याः प्रकृतयोऽन्यस्याः प्रकृतेर्बन्धमुदयमुभयं वा विनिवार्य स्वकीयं बन्धमुदयमुभयं वा दर्शयन्ति ताः परावर्तमानाः। × × × यत् प्रत्यपादि— विणिवारिय जा गच्छइ बंधं उदयं च अन्नपगईए। सा हु परियत्तमाणी अणिवारंती अपरियत्ता ॥ (शतक. दे. स्वो. वृ. १, पृ. २)।

१ जो प्रकृति अन्य प्रकृति के बन्ध या उदय को रोक करके स्वयं ही बन्ध या उदय को प्राप्त होती है उसे परावर्तमान प्रकृति कहते हैं।

परावर्तित—देखो परावर्तदोष। यत्पुनः परावर्त्य गृही यतिभ्यो दत्ते तत् प्रा(परा)वर्तितम्। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २०, पृ. ४८)।

गृहस्थ जो किसी एक भोज्य वस्तु से दूसरी को परिवर्तित कर साधुओं के लिए देता है, इससे परावर्तित नाम का दोष उत्पन्न होता है।

परिकर्म—१. परिकर्म्म द्रव्यस्य गुणविशेषपरिणामकरणम्। (आव. नि. हरि. वृ. ७६, पृ. ५४; व्यव. भा. मलय. वृ. १, पृ. १; आव. नि. मलय. वृ. ७६, पृ. ६०)। २. परिकर्म नाम योग्यतापादनम्, तद्धेतुः शास्त्रमपि परिकर्म। (नन्दी. सू. मलय. वृ. ५६)। ३. ततः परितः सर्वतः कर्माणि गणितकरणसूत्राणि यस्मिन् तत्परिकर्म। (गो. जी. मं. प्र. टी. ३६१)। ४. तत्रावस्थितस्यैव द्रव्यस्य गुणविशेषापादनं परिकर्म। (जम्बूद्वी. शा. वृ. पृ. ५)।

१ द्रव्य के गुणविशेष का जो परिणमन किया जाता है, इसका नाम परिकर्म है। २ योग्यता को उत्पन्न करना, इसे व इसके कारणभूत शास्त्र को भी परिकर्म कहा जाता है। ३ जिस ग्रन्थ में गणितविषयक करणसूत्र उपलब्ध होते हैं वह परिकर्म कहलाता है।

परिकर्मकालोपक्रम—कालस्योपक्रमः परिकर्मणि चन्द्रोपरागादेर्यथावस्थितमर्वागेव परिज्ञानकरणम्। (व्यव. मलय. वृ. १, पृ. २)।

चन्द्रग्रहण आदि के नियत काल से पहले ही जान लेने को परिकर्मविषयक कालोपक्रम कहते हैं।

परिकर्मक्षेत्रोपक्रम—तत्र परिकर्मणि क्षेत्रोपक्रमो नावा समुद्रस्योल्लंघनं हल-कुलिकादिभिर्वा इक्ष्वादिक्षेत्रस्य परिकर्मणा। (आव. नि. मलय. वृ. ७६, पृ. ६१)।

नावसे जो समुद्र का उल्लंघन किया जाता है इसे परिकर्मविषयक क्षेत्रोपक्रम कहते हैं। अथवा हल व कुलिक आदि से जो ईख आदि के खेत का परिकर्म (संस्कार) किया जाता है, इसे परिकर्मक्षेत्रोपक्रम जानना चाहिये।

परिकर्ममिश्रद्रव्योपक्रम—१. मिश्रद्रव्योपक्रमः परिकर्मणि कटकादिभूषितपुरुषादिद्रव्यस्य गुणविशेषकरणम्। (व्यव. मलय. वृ. १, पृ. २)। २. मिश्रद्रव्योपक्रमः परिकर्मणि कटकादिविभूषितपुरुषादिद्रव्यस्य शिक्षापादनम्। (आव. नि. मलय. वृ. ७६, पृ. ६१)।

१ कटक आदि आभूषणों से विभूषित पुरुष के गुणविशेष के करने को परिकर्मविषयक मिश्रद्रव्योपक्रम कहते हैं।

परिकर्मसचित्तचतुष्पदद्रव्योपक्रम—१. तस्मिन् (परिकर्मणि) सचित्तचतुष्पदद्रव्योपक्रमो यथा हस्त्यादेः शिक्षापादनम् । (व्यव. मलय. वृ. १, पृ. २) । २. तथा चतुष्पदानां हस्त्यादीनां शिक्षागुण-विशेषकरणं चतुष्पदोपक्रमः । (आव. नि. मलय. वृ. ७६, पृ. ६१) ।

१ हाथी आदि चौपाये जानवरोंके लिए शिक्षा प्रदान करने को परिकर्मसचित्तचतुष्पदद्रव्योपक्रम कहते हैं ।

परिकर्मसचित्तद्विपदद्रव्योपक्रम—१. द्रव्यस्य गुणविशेषपरिणामकरणं परिकर्म, सचित्तद्विपदद्रव्यो-पक्रमो यथा पुरुषस्य वर्णादिकरणम् । (व्यव. मलय. वृ. १, पृ. १) । २. तत्र परिकर्मणि द्विपदोपक्रमो यथा पुरुषस्य वर्णादिकरणमथवा कर्ण-स्कन्धवर्द्ध-नादि । (आव. नि. मलय. वृ. ७६, पृ. ६१) ।

१ पुरुष के वर्ण आदि के करने को परिकर्मसचित्त-द्विपदद्रव्योपक्रम कहते हैं ।

परिकर्मसचित्तापदद्रव्योपक्रम—१. सचित्तापद-द्रव्योपक्रमो यथा वृक्षादेर्वृक्षायुर्वेदोपदेशात् वृद्धयावि-गुणकरणम् । (व्यव. मलय. वृ. १, पृ. २) । २. अपदानां वृक्षादीनां वृक्षायुर्वेदोपदेशाद्वार्द्धक्यादि-गुणापादनमपदोपक्रमः । (आव. नि. मलय. वृ. ७६, पृ. ६१) ।

१ वृक्ष आदि विषयक आयुर्वेद के उपदेशानुसार उनकी वृद्धि आदि गुणों के करने को परिकर्मविष-यक सचित्त-अपदद्रव्योपक्रम कहते हैं ।

परिकर्माचित्तद्रव्योपक्रम—१. अचित्तद्रव्योप-क्रमः परिकर्मणि यथा पद्मरागमणेः क्षार-मृत्-पुटपा-कादिना नैर्मल्यापादनम् । (व्यव. मलय. वृ., पृ. २) । २. अचित्तद्रव्योपक्रमः परिकर्मणि यथा पद्म-रागमणेः क्षार-मृत्पुटपाकादिना वैमल्यापादनम् । (आव. नि. मलय. वृ. ७६, पृ. ६१) ।

पद्मरागमणि आदि अचेतन पदार्थों के क्षार (राख) व मिट्टी आदि के द्वारा निर्मल करने को परिकर्मा-चित्तद्रव्योपक्रम कहते हैं ।

परिखा—१. परिखा व्यञ्जनमध्यावस्थितान्नम् । (भ. आ. २२०) । २. परिखा उपरि विशाला अधः सङ्कुचिता । (जीवाजी. मलय. वृ. ११७; जम्बूद्वी. शा. वृ. १२) । ३. परिखा व्यञ्जनमध्यस्थितकूरम् । (भ. आ. मूला. २२०) ।

१ व्यंजनों के मध्य में स्थित अन्न को परिखा कहते हैं । २ जो ऊपर विस्तृत और नीचे संकुचित होती है वह परिखा कहलाती है । इसका निर्माण दुर्ग के सब ओर सुरक्षा के लिए कराया जाता है ।

परिगृहीता—१. या एकपुरुषभर्तृका सा परिगृही-ता । (स. सि. ७–२८; त. वा. ७, २८, २) । २. एकपुरुषभर्तृका या स्त्री भवति सधवा विधवा वा सा परिगृहीता संबद्धा । (त. वृत्ति श्रुत. ७, २८) ।

१ जिस स्त्री का स्वामी एक पुरुष होता है उसे परिगृहीता कहते हैं ।

परिग्रह—१. मूर्च्छा परिग्रहः । (त. सू. ७–१७; श्वे. त. सू. ७–१२) । २. ममेदंबुद्धिलक्षणः परि-ग्रहः । (स. सि. ६–१५) । ३. चेतनावत्स्वचेतनेषु च बाह्याभ्यन्तरेषु द्रव्येषु मूर्च्छा परिग्रहः । (त. भा. ७–१२) । ४. लोभकषायोदयान्मूर्च्छा परिग्रहः । कषायवेदनीयस्य उदयात् मूर्च्छा संकल्पः परिग्रह इत्या-लोभख्यायते । (त. वा. ४, २१, ३); ममेदमिति संकल्पः परिग्रहः । ममेदं वस्तु, अहमस्य स्वामीत्या-त्मात्मीयाभिमानः संकल्पः परिग्रह इत्युच्यते । (त. वा. ६, १५, ३) । ५. मूर्च्छालक्षणा परिग्रहसंज्ञा । (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. २–२५); सचित्ता-चित्त-मिश्रेषु द्रव्यादिषु शास्त्राननुमतेषु ममत्वं परि-ग्रहः । (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ७–१) । ६. मुच्छा परिग्गहो त्ति य ××× ॥ (जयध. १, पृ. १०५ उद्.) । ७. गवाश्व-मणि-मुक्तादौ चेत-नाचेतने धने । बाह्योऽबाह्यो च रागादौ हेयो मूर्च्छा-परिग्रहः । (ह. पु. ५८–१३३) । ८. चेतनाचेतन-वस्तुस्पर्शिनो मूर्च्छाविशेषाः परिग्रहाः । (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–७) । ९. ममेदंभावो मोहोदयजः परिग्रहः । (भ. आ. विजयो. ५७) । १०. ममेद-मिति संकल्परूपा मूर्च्छा परिग्रहः । (त. सा. ४, ७७) । ११. या मूर्च्छा नामेदं विज्ञातव्यः परिग्रहो ह्येषः । मोहोदयादुदीर्णो मूर्च्छा तु ममत्वपरिणामः ॥ (पु. सि. १११) । १२. ममेदमिति संकल्पो बाह्या-भ्यन्तरवस्तुषु । परिग्रहो मतस्तत्र कुर्याच्चेतोनिकुञ्च-नम् ॥ (उपासका. ४३२) । १३. परिग्रहः पापा-दानोपकरणकांक्षा । (मूला. वृ. ११–६) । १४. परिग्रहः स्वस्वामिभावेन मूर्च्छा, सा च प्राणिनाम-तिलोभात् सकलवस्तुविषयापि प्रादुर्भवति । (प्रश्न.प.

मलय. वृ. २८०, पृ. ४३८); परिग्रहो धर्मोपकरण-वर्जवस्तुस्वीकारः धर्मोपकरणमूर्च्छा च। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८४, पृ. ४४६)। १५. ममेदमिति संकल्पश्चिदचिन्मिश्रवस्तुषु। ग्रन्थः ××× ॥ (सा. ध. ४–५६)। १६. लोभकषायस्योदयेन विषयेष्वासंगः परिग्रहः। (त. वृत्ति श्रुत. ४–२१); परिगृह्यते इति परिग्रहः ममेदम् इति बुद्धिलक्षणः। (त. वृत्ति श्रुत. ६–१५); परि समन्ताद् गृह्यते परिग्रहो मनोमूर्च्छालक्षणः ग्रहणेच्छालक्षणः परिग्रह उच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७–१); मूर्च्छनं मूर्च्छा, परिगृह्यते परिग्रहः, या मूर्च्छा सा परिग्रह इत्युच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७–१७)। १७. परि समन्ताद् ग्रहः ग्रहणरूपः परिग्रहः। तत्र द्रव्यतः धन-धान्यादि, भावतः परवस्त्विच्छापरिणामः। (ज्ञा. सा. वृ. २५, पृ. ८४)। १८. सर्वभावेषु मूर्च्छा-लक्षणः परिग्रहः। (शास्त्रवा. टी. ३, पृ. ५)।

२ 'यह मेरा है' इस प्रकार की जो ममत्वबुद्धि होती है उसे परिग्रह कहा जाता है। ३ चेतन-अचेतन बाह्य और अभ्यन्तर द्रव्यों में होने वाली ममत्व-बुद्धि का नाम परिग्रह है। १४ धर्मोपकरणों को छोड़कर अन्य वस्तुओं को स्वीकार करना तथा धर्मोपकरणों से ममत्वभाव रखना, यह परिग्रह का लक्षण है।

परिग्रहक्रिया—देखो पारिग्राहिकी क्रिया। बहू-पायार्जन-रक्षण-मूर्च्छालक्षणा परिग्रहक्रिया। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–६)।

विविध उपायों से भोगोपभोग की सामग्री के उपार्जन करने, उसका रक्षण करने और उसमें मूर्च्छा रखने को परिग्रहक्रिया कहते हैं।

परिग्रहत्याग प्रतिमा—१. बाह्येषु दशसु वस्तुषु ममत्वमुत्सृज्य निर्ममत्वरतः। स्वस्थः सन्तोषपरः परिचित्तपरिग्रहाद्विरतः॥ (रत्नक. ५–२४)। २. जो परिवज्जइ गंथं अब्भंतर-बाहिरं च साणंदो। पावं ति मण्णमाणो णिग्गंथो सो हवे णाणी॥ (कार्तिके. ३८६)। ३. परिग्रहविनिवृत्तः—क्रोधादिकषायाणामार्त-रौद्रयोर्हिंसादिपंचपापानां भयस्य च जन्मभूमिः दूरोत्सारितधर्म्य-शुक्लः परिग्रह इति मत्वा दशविधबाह्यपरिग्रहाद्विनिवृत्तः स्वच्छः सन्तोषपरो भवति। (चा. सा. पृ. १९)। ४. यो रक्षणोपार्जन-नश्वरत्वैर्ददाति दुःखानि दुरुत्तराणि। विमुच्यते येन परिग्रहोऽसौ गीतोपसर्गैरपरिग्रहोऽसौ॥ (अमित. श्रा. ७–७५)। ५. मोत्तूण वत्थ-मेत्तं परिग्गहं जो विवज्जए सेसं। तत्थ वि मुच्छं ण करेइ जाणइ सो सावओ णवमो। (वसु. श्रा. २९९)। ६. दशधा ग्रन्थमुत्सृज्य निर्ममत्वं भजन् सदा। सन्तोषामृतसन्तृप्तः स स्यात्परिग्रहोज्झितः॥ (भावसं. वाम. ५४१)। ७. योऽष्टव्रतवृद्धो ग्रन्थान् मुञ्चतीमे न मेऽहकम्। नैतेषामिति बुद्ध्या स परि-ग्रहविरक्तधीः॥ (धर्मसं. श्रा. ८–३९)।

१ जो क्षेत्र-वास्तु आदि दश प्रकार के बाह्य परिग्रह में ममता को छोड़कर निर्मम होता हुआ स्वस्थ होकर सन्तोष को धारण करता है वह परिग्रह से रहित—नौवीं प्रतिमा का धारक—होता है।

परिग्रहत्यागमहाव्रत—१. अहावरे पंचमे भंते महव्वए परिग्गहाओ वेरमणं—सव्वं भंते परिग्गहं पच्चक्खामि, से अप्पं वा बहुं वा अणुं वा थूलं वा चित्तमंतं वा अचित्तमंतं वा नेव सयं परिग्गहं परि-गिण्हिज्जा नेवऽन्नेहिं परिग्गहं परिगिण्हाविज्जा परिग्गहं परिगिण्हंते वि अन्ने न समणुजाणिज्जा जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि न कारवेमि करंतंपि अन्नं न समणुजा-णामि, तस्स भंते पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि। पंचमे भंते महव्वए उवट्ठि-ओमि सव्वाओ परिग्गहाओ वेरमणं। (दशवै. सू. ४–७, पृ. १४८–४९; पाक्षिकसू. पृ. २६)। २. सव्वेसिं गंथाणं तागो णिरवेक्ख भावणापुव्वं। पंचमवदमिदि भणिदं चारित्तभरं वहंतस्स॥ (नि. सा. ६०)। ३. ××× पंचम संगम्मि विरई य॥ (चा. प्रा. २९)। ४. जीवणिबद्धाबद्धा परिग्गहा जीवसंभवा चेव। तेसिं सक्कच्चागो इयरम्हि य णिम्ममोऽसंगो॥ (मूला. १–९); गामं णगरं रण्णं थूलं सच्चित्त बहु सपडिवक्खं। अज्झत्थ बाहिरत्थं तिविहेण परिग्गहं वज्जे॥ (मूला. ५–९६)। ५. अब्भंतर-बाहिरए सव्वे गंथे तुमं विवज्जेहि। कद-कारिदाणुमोदेहिं काय-मण-वयणजोगेहिं॥ (भ. आ. ११९७)। ६. बाह्याभ्यन्तरवर्तिभ्यः सर्वेभ्यो विर-तिर्यतः। स्वपरिग्रहदोषेभ्यः पंचमं तु महाव्रतम्॥ (ह. पु. २–१२१)। ७. पंचमगो गामादिसु अप्प-बहुविवज्जणेमेव। (धर्मसं. ८६०)। ८. बाह्यमा-भ्यन्तरं संगं कृत-कारित-मोदनैः। विमुंचस्व सदा

साधो मनोवाक्कायकर्मभिः ॥ (भ. आ. अमित. ग. ११५४)। ९. दश ग्रन्था मता बाह्या अन्तरङ्गाश्चतुर्दश। तान् मुक्त्वा भव निःसंगो भावशुद्धया भृशं मुने ॥ (ज्ञाना. १६-३, पृ. १७६)। १०. एतस्मान्मनसः कृत-कारितानुमोदितेन, वचसः कृत-कारितानुमोदितेन, कायस्य कृत-कारितानुमोदितेन च विरतिरपरिग्रहलक्षणं व्रतम्। (चा. सा. ४३)। ११. चेतनेतरबाह्यान्तरंगसंगविवर्जनम्। ज्ञान-संयमसंगो वा निर्ममत्वमसंगता ॥ (आचा. सा. १–२०); या मूर्च्छाच्छेदिनी संगे चेतोवृत्तिरसंगता। यया साऽऽत्यन्तिकी मुक्ति-श्रीरुपैति यतिं स्वयम् ॥ (आचा. सा. ५–६४)।

१ पांचवें महाव्रत में परिग्रह से विरत होना पड़ता है—मैं अल्प व बहुत, अणु व स्थूल तथा सचेतन व अचेतन सब प्रकार के परिग्रह को न स्वयं ग्रहण करूंगा, न दूसरों को ग्रहण कराऊंगा और उसे ग्रहण करते हुए दूसरों का अनुमोदन भी नहीं करूंगा। मैं मन, वचन एवं काय तीन प्रकार से न स्वयं करता हूं, न कराता हूं, और न करते हुए अन्य की अनुमोदना करता हूं। उसके लिये मैं निन्दा व गर्हा करता हूं तथा उसका परित्याग करता हूं। इस प्रकार के नियमपूर्वक पूर्ण रूप से परिग्रह का त्याग करना, यह पांचवां महाव्रत है। २ क्षेत्र, वास्तु, हिरण्य व सुवर्णादि दश प्रकार के बाह्य परिग्रह तथा मिथ्यात्व आदि चौदह प्रकार के अन्तरंग परिग्रह इस प्रकार समस्त परिग्रह के त्याग करने को परिग्रहत्याग महाव्रत कहते हैं।

परिग्रहपरिमाणाणुव्रत—१. × × × परिग्गहारंभपरिमाणं ॥ (चा. प्रा. २३)। २. धनधान्यादिग्रन्थं परिमाय ततोऽधिकेषु निःस्पृहता। परिमितपरिग्रहः स्यादिच्छापरिमाणनामापि ॥ (रत्नक. ३–१५)। ३. धन-धान्य-क्षेत्रादीनामिच्छावशात् कृतपरिच्छेदो गृहीति पञ्चममणुव्रतम्। (स. सि. ७–२०; चा. सा. पृ. ७)। ४. परिच्छिन्नधन-धान्य-क्षेत्राद्यवधिर्गृही। धन-धान्य-क्षेत्रादीनाम् इच्छावशात् कृतपरिच्छेदः गृहीति पञ्चममणुव्रतम्। (त. वा. ७, २०, ५)। ५. परिच्छिन्नधन-धान्य-क्षेत्राद्यवधिर्गृही प्रत्येतव्यः। (त. श्लो. ७–२०)। ६. अनन्तायाश्च गर्द्धायाः विरतिः। (पद्म. १४–१८५)। ७. स्वर्ण-दास-गृह-क्षेत्रप्रभृतेः परिमाणतः। बुद्धयेच्छापरिमाणाख्यं पंचमं तदणुव्रतम् ॥ (ह. पु. ५८–१४२)। ८. योऽपि न शक्यस्त्यक्तुं धन-धान्य-मनुष्य-वास्तु-वित्तादिः। सोऽपि तनूकरणीयो निवृत्तिरूपं यतस्तत्त्वम् ॥ (पु. सि. १२८)। ९. जो लोहं णिहणित्ता संतोस-रसायणेण संतुट्ठो। णिहणदि तिण्हा दुट्ठा मण्णंतो विणस्सरं सव्वं ॥ जो परिमाणं कुव्वदि धण-धण्ण-सुवण्ण-खित्तमाईणं। उवओगं जाणित्ता अणुव्वदं पंचमं तस्स ॥ (कार्तिके. ३३९–४०)। १०. वास्तु क्षेत्रं धान्यं दासी दासश्चतुष्पदं भाण्डम्। परिमेयं कर्तव्यं सर्वं सन्तोषकुशलेन ॥ (अमित. श्रा. ६–७३)। ११. सद्म-स्वर्ण-धरा-धान्य-धेनु-भृत्यादिवस्तुनः। या गृहीतिः प्रमाणेन पंचमं तदणुव्रतम् ॥ (सुभा. सं. ७८७)। १२. जं परिमाणं कीरइ धण-धण्ण-हिरण्ण-कंचणाईणं। तं जाण पंचमवयं णिद्दिट्ठमुवासयज्झयणे ॥ (वसु. श्रा. २१३)। १३. ममेदमिति संकल्पश्चिदचिन्मिश्रवस्तुषु। ग्रन्थस्तत्कर्शनात्तेषां कर्शनं तत्प्रमाव्रतम् ॥ (सा. ध. ४–५९)। १४. हिंसानृतवचःस्तेय-स्त्रीमैथुन-परिग्रहात्। देशतो विरतिर्ज्ञेया पञ्चधाणुव्रतस्थितिः ॥ (धर्मश. २१, १४२)। १५. चेतनेतरवस्तूनां यत्प्रमाणं निजेच्छया। कुर्यात् परिग्रहत्यागं स्थूलं तत्पंचमं व्रतम् ॥ (धर्मसं. श्रा. ६–७२)। १६. धन-धान्यादिवस्तूनां संख्यानं मुह्यतां विना। तदणुव्रतमित्याहुः पंचमं गृहमेधिनाम् ॥ (भावसं. वाम. ४५६)। १७. दासी-दास-रथान्येषां स्वर्णानां योषितां तथा। परिमाणव्रतं ग्राह्यं पंचमं तदणुव्रतम् ॥ (पू. उपासका. २७)। १८. तत्र हिंसानृत-स्तेयाब्रह्म-कृत्स्नपरिग्रहात्। देशतो विरतिः प्रोक्तं गृहस्थानामणुव्रतम् ॥ (पंचाध्या. २–७२०)। १९. मुनिभिः सर्वतस्त्याज्यं तृणमात्रपरिग्रहम्। तत्संख्या गृहिभिः कार्या त्रसहिंसादिहानये ॥ (लाटीसं. ६–८३)। २०. धण-धण्ण-दुपय-चउप्पय-खेत्तण्णछादियाण दव्वाणं। जं किज्जइ परिमाणं पंचमयं अणुव्वय होई। (धर्मर. १४७)।

१ परिग्रह और आरम्भ का प्रमाण करना, यह परिग्रहपरिमाण नामक पांचवां अणुव्रत है। २ धन व धान्य आदि दस प्रकार के बाहिरी परिग्रह का परिमाण करके उससे अधिक में इच्छा न रखने को परिग्रहपरिमाणाणुव्रत कहते हैं। इसका दूसरा नाम इच्छापरिमाण भी है।

परिग्रहपरिमाणाणुव्रतातिचार—१. क्षेत्रवास्तु-हिरण्यसुवर्ण-दासीदास-कुप्यप्रमाणातिक्रमाः। (त. सू. ७–२९)। २. अतिवाहनातिसंग्रह-विस्मय-लोभातिभारवहनानि। परिमितपरिग्रहस्य च विक्षेपाः पंच लक्ष्यन्ते॥ (रत्नक. ३–१६)। ३. तयाणंतरं च णं इच्छापरिमाणस्स समणोवासएणं पंच अइयारा जाणियव्वा, ण समायरियव्वा। तं जहा—खेत्त-वत्थुपमाणाइक्कमे हिरण्ण-सुवण्णपमाणाइक्कमे दुपय-चउप्पयपमाणाइक्कमे धण-धन्नपमाणाइक्कमे कुविय-पमाणाइक्कमे। (उवासगद. १–४९, पृ. १०)। ४. भेएण खित्त-वत्थू-हिरण्णमाईसु होइ नायव्वं। दुपयाईसु य सम्मं वज्जणमेयस्स पुव्वुत्तं॥ (श्रा. प्र. २७६)। ५. खेत्ताइ-हिरण्णाई-धणाइ-दुपयाइ-कुप्प-माणकमे। जोयणपमाणबंधणकारणभावेहिं णो कुणइ॥ (पंचाश. १–१८)। ६. वास्तुक्षेत्राष्टापद-हिरण्य-धनधान्य-दासदासीनाम्। कुप्यस्य भेदयोरपि परिमाणातिक्रमाः पञ्च॥ (पु. सि. १८७)। ७. हिरण्य-सुवर्णयोः क्षेत्र-वास्तुनोः धन-धान्ययोः। दासी-दासस्य कुप्यस्य मानाधिक्यानि पञ्च ते॥ (त. सा. ४–९०)। ८. परिग्रहविरमणव्रतस्य पञ्चातिक्रमा भवन्ति—क्षेत्रवास्तु-हिरण्यसुवर्ण-धनधान्य-दासीदास-कुप्यमिति। (चा. सा. पृ. ७)। ९. कृतप्रमाणाल्लोभेन धनादि.कसंग्रहः। पञ्चमाणुव्रतज्यानि करोति गृहमेधिनाम्॥ (उपासका. ४४४)। १०. धन-धान्यस्य कुप्यस्य गवादेः क्षेत्र-वास्तुनः। हिरण्य-हेम्नश्च संख्यातिक्रमोऽत्र परिग्रहे॥ (योगशा. ३–९५)। ११. वास्तु-क्षेत्रे योगाद् धन-धान्ये बन्धनात् कनक-रूप्ये। दानात् कुप्ये भावान्न गवादौ गर्भतो मितिमतीयात्॥ (सा. ध. ६-६४)।

१ क्षेत्र-वास्तु (खेत व गृह आदि), चांदी-सोना, धन-धान्य, (पशु व गेहूं आदि अन्न), दासी-दास और कुप्य (सूती व रेशमी वस्त्र आदि); इनका जो प्रमाण किया गया है उसका उल्लंघन करना ये पृथक् पृथक् परिग्रहपरिमाणव्रत के पांच अतिचार होते हैं। २ अतिवाहन, अतिसंग्रह, विस्मय, लोभ और अतिभारवहन ये पांच परिग्रहपरिमाणाणुव्रत के अतिचार हैं।

परिग्रहसंज्ञा—१. उवयरणदंसणेण य तस्सुवओगेण मुच्छियाए य। लोहस्सुदीरणाए परिग्गहे जायदे सण्णा॥ (प्रा. पंचसं. १–५५; गो. जी. १३७)। २. परिग्रहसंज्ञा—परिग्रहाभिलाषस्तीव्रलोभोदयप्रभव आत्मपरिणामः। इयमपि चतुर्भिः स्थानैरुत्पद्यते। तद्यथा—अविविक्तयाए १ लोहोदएणं २ मईए ३ तदट्ठोवओगेणं ४। (आव. सू. हरि. वृ. पृ. ५८०)। ३. परिग्रहसंज्ञा चारित्रमोहोदयजनिता परिग्रहाभिलाष इति। (स्थाना. अभय. वृ. ४, ४, ३५६, पृ. २७७)। ४. परिग्रहसंज्ञा लोभविपाकोदयसमुत्थ-मूर्च्छापरिणामरूपा। (जीवाजी. मलय. वृ. १३)। ५. स्यात् परिग्रहसंज्ञा च लोभोदयसमुद्भवा। अनाभोगाऽव्यक्तरूपा ××× ॥ (लोकप्र. ३–४४६)।

१ विषयभोग की सामग्री के देखने से, उधर उपयोग के जानेसे, आसक्ति से और लोभ कषाय की उदीरणा से ममत्वबुद्धिपूर्वक जो परिग्रहविषयक अभिलाषा होती है उसका नाम परिग्रहसंज्ञा है।

परिग्रहानन्दी रौद्रध्यान—१. सद्दाइविसयसाहण-धणसारक्खणपरायणमणिट्ठं। सव्वाभिसंकणपरोवघायकलुसाउलं चित्तं॥ (ध्यानश. २२)। २. बह्वारम्भ-परिग्रहेषु नियतं रक्षार्थमभ्युद्यते, यत्संकल्पपरम्परां वितनुते प्राणीह रौद्राशयः यच्चालम्ब्य महत्त्वमुन्नतमना राजेत्यहं मन्यते, तत्तुर्यं प्रवदन्ति निर्मलधियो रौद्रं भवाशंसिनाम्॥ (ज्ञाना. २६–२६, पृ. २६७)। ३. षड्विधे जीवनारणारम्भे कृताभिप्रायश्चतुर्थं रौद्रम्। (मूला. वृ. ५–१९९)। ४. ××× स्वं संरक्ष्य विपक्षदूरमुदिता तोषोग्रता या तु सं—रक्षानन्दमपि स्ववस्तुनिखिलं निर्वैरि कुर्व इति॥ (आचा. सा. १०–२१)।

१ शब्दादि विषयों के साधनभूत धन के संरक्षण में तत्पर रहने से जो कलुषित चित्त होता है वह विषयसंरक्षणानुबन्धी रौद्रध्यान कहलाता है। इसे परिग्रहानन्दी रौद्रध्यान भी कहा जाता है। इस ध्यान में 'कौन कब क्या करेगा' इस प्रकार की आशंका सभी के प्रति बनी रहती है, जिससे वह सभी के घात में व्याकुलचित्त रहता है। ३ छह प्रकार के जीवघातविषयक आरम्भ के अभिप्राय को चौथा रौद्रध्यान कहते हैं।

परिचित—यत्र यत्र प्रश्नः क्रियते तत्र तत्र आशुतमवृत्तिः परिचितम्, क्रमेणोत्क्रमेणानुभयेन च भावागमाम्भोधौ मत्स्यवच्चटुलतमवृत्तिर्जीवो भावागमश्च परिचितम्। (धव. पु. ९, पृ. २५२)।

जिस जिस विषय में प्रश्न किया जाता है उस उस विषय से सम्बद्ध आवागमरूप समुद्र में मछली के समान जिसकी चंचलतापूर्ण प्रवृत्ति शीघ्रतापूर्वक क्रम से, अक्रम से या अनुभयरूप से हुआ करती है उस जीव को और आवागम को भी परिचित कहा जाता है। यह आगम के नौ अर्थाधिकारों में तीसरा है।

परिचितसूत्रता—परिचितसूत्रता उत्क्रम-क्रमवाचनादिभिः स्थिरसूत्रता। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ५८, पृ. ३६)।

अक्रम या क्रम से प्रवृत्त वाचना आदि से सूत्र में स्थिरता का रहना, इसका नाम स्थिरसूत्रता है। यह चार प्रकार की श्रुत-सम्पत् में से एक है।

परिजित—देखो परिचित। अइतुरियाए गईए पडिक्खलणेण विणा आइद्धकुलालचक्कं व सगविसए परिब्भमणक्खमो कदिअणियोगो परिजिदं णाम। (धव. पु. ६, पृ. २६८)।

अतिशय शीघ्रगति से स्खलन के बिना जो कुम्हार के द्वारा प्रेरित चाक के समान अपने विषय में शीघ्र परिभ्रमण में समर्थ कृतिअनुयोग (विवक्षित अनुयोग) है उसका नाम परिजित है।

परिज्ञा—परिः समन्ताज्ज्ञानं पापपरित्यागेन परिज्ञासामायिकमिति। (आव. हरि. वृ. पृ. ८३४)।

परि अर्थात् सब ओर से पाप के परित्याग स्वरूप से जो ज्ञान होता है उसका नाम परिज्ञासामायिक है।

परिज्ञातकर्मा मुनि—जस्सेते लोगंसि कम्म-समारम्भा परिण्णाया भवंति से हु मुणी परिन्नायकम्मेत्ति बेमि। (आचारा. सू. १, १, १, १३, पृ. २५)।

जिस मुमुक्षु मुनि के कर्मसमारम्भ—क्रियाविशेष अथवा ज्ञानावरणादि आठ प्रकार के कर्म के उपादानहेतु—बन्ध के हेतुरूप से ज्ञात है वह परिज्ञातकर्मा मुनि कहलाता है। मुनि का निरुक्तार्थ है जगत् की त्रैकालिक अवस्था का जानने वाला।

परिणाम—१. तद्भावः परिणामः। (त. सू. ५, ४१)। २. द्रव्यात्मलाभमात्रहेतुकः परिणामः। (स. सि. २–१); धर्मादीनि द्रव्याणि येनात्मना भवन्ति स तद्भावस्तत्त्वं परिणाम इति आख्यायते। (स. सि. ५–४२)। ३. धर्मादीनां द्रव्याणां यथोक्तानां च गुणानां स्वभावः स्वतत्त्वं परिणामः। (त. भा. ५–४१)। ४. द्रव्यात्मलाभमात्रहेतुकः परिणामः। यस्य भावस्य द्रव्यात्मलाभमात्रमेव हेतुर्भवति नान्यन्निमित्तमस्ति स परिणाम इति परिभाष्यते। (त. वा. २, १, ५); द्रव्यस्य स्वजात्यपरित्यागेन प्रयोग-विस्रसालक्षणो विकारः परिणामः। द्रव्यस्य चेतनस्येतरस्य वा द्रव्या.धिक[illegible] अविवक्षातो न्यग्भूतां स्वां द्रव्यजातिमजहतः पर्यायार्थिकनयार्पणात् प्राधान्यं बिभ्रता केनचित् पर्यायेण प्रादुर्भावः पूर्वपर्यायनिवृत्तिपूर्वको विकारः प्रयोग-विस्रसालक्षणः परिणाम इति प्रतिपत्तव्यः। (त. वा. ५, २२, १०); धर्मादीनां येनात्मना भवनं स तद्भावः परिणामः। धर्मादीनि द्रव्याणि येनात्मना भवन्ति स तद्भावः, तत्त्वं परिणाम इत्याख्यायते। (त. वा. ५, ४२, १)। ५. परिणामः अध्यवसायविशेषः। (आव. नि. हरि. वृ. ८२३); परिः समन्तान्नमनं परिणामः सुदीर्घकालपूर्वापरार्थविलोकनादिजन्य आत्मधर्म इत्यर्थः। (आव. नि. हरि. वृ. ६३८)। ६. परिणमनं परिणामः अपरित्यक्तपूर्वावस्थस्यैव तद्भावगमनमिति भावार्थः। उक्तं च—परिणामो ह्यर्थान्तरगमनं न तु सर्वथा व्यवस्थानम्। न च सर्वथा विनाशः परिणामस्तद्विदामिष्टः॥ (अनुयो. हरि. वृ. उद्. पृ. ६४)। ७. को परिणामो? मिच्छत्तासंजम-कसायादी। (धव. पु. १५, पृ. १७२)। ८. द्रव्यस्य स्वजात्यपरित्यागेन परिस्पन्देतरप्रयोगजपर्यायस्वभावः परिणामः। तद्यथा—अङ्कुरावस्थस्य वनस्पतेर्मूल-काण्ड-त्वक्-पत्र-स्कन्ध-शाखा-विटप-पुष्प-फलसद्भाववलक्षणः परिणामः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–२२); अथवा कैश्चित् परिणामलक्षणमुक्तम्—अवस्थितस्य द्रव्यस्य धर्मान्तरनिवृत्तिर्धर्मान्तरप्रादुर्भावश्च परिणामः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–४१)। ९. स्वजातेरविरोधेन विकारो यो हि वस्तुनः। परिणामः स निर्दिष्टोऽपरिस्पन्दात्मको जिनैः॥ (त. सा. ३, ४६)। १०. द्रव्यात्मलाभहेतुकः परिणामः। (पंचा. का. अमृत. वृ. ५६)। ११. परीति सर्वप्रकारं नमनं जीवानामजीवानां च जीवत्वादिस्वरूपानुभवनं प्रति प्रह्वीभवनं परिणामः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ४८, पृ. ३३; षडशी. दे. स्वो. वृ. ६४)। १२. परिणामः अवस्थातोऽवस्थान्तरगमनम्। (स्थाना. अभय. वृ. ४, १, २६५)। १३. परिणामः-अवस्थातोऽवस्थान्तरगमनानि। (समवा. अभय. वृ. १४०)।

१४. परिणामः कारणस्यान्यथाभावः वाग्गोचरातीतः। (आ. मी. वसु. वृ. ७१)। १५. परि समन्तात् श्रमनं यथावस्थितवस्त्वनुसारितया गमनं परिणामः। (आव. नि. मलय. वृ. ८३८, पृ. ४१६); परिणमनं परिणामः—कथञ्चित् पूर्वरूपापरित्यागेनोत्तररूपापत्तिः। उक्तं च—नार्थान्तरगमो यस्मात् सर्वथैव न चागमः। परिणामः प्रमासिद्धः इष्टश्च खलु पण्डितैः॥ (आव. नि. मलय. वृ. १०४०, पृ. ५७६); द्रव्यपरिणतिस्वभावः सर्वः परिणामः। (आव. भा. मलय. वृ. १८६, पृ. ५७८)। १६. परिणमनं परिणामः, कथञ्चिदवस्थितस्य वस्तुनः पूर्वावस्थापरित्यागेनोत्तरावस्थागमनम्। (पञ्चसं. मलय. वृ. २–३, पृ. ४५)। १७. परिणामः स्वकार्यपर्यालोचनम्। (भग. व. स्वो. टी. ८–६८; भ. आ. मूला. ६५)। १८. परिणामो द्रव्यस्य स्वजात्यपरित्यागेन परिस्पन्देतरप्रयोगजपर्यायस्वभावः परिणामः। (षड्द. स. वृ. ४९, पृ. १६४)। १९. द्रव्याणां या परिणतिः प्रयोग-विस्रसादिजा। नवत्व-जीर्णताद्या च परिणामः स कीर्तितः॥ (लोकप्र. २८–८)। २०. द्रव्यस्य स्वभावान्तरनिवृत्तिः स्वभावान्तरोत्पत्तिश्च अपरिस्पन्दात्मकः पर्यायः परिणामः। (त. वृत्ति श्रुत. ५–२२)। २१. परिणामस्तु सत एव प्रदेशपरिणामादिनाऽन्यथाभावः। (अष्टस. यशो. वृ. पृ. १५७)।

२ जिसका कारण द्रव्य का आत्मलाभ मात्र है उसे परिणाम कहते हैं। धर्म आदि द्रव्य जिस स्वरूप से हैं उसका नाम तद्भाव है, यही तद्भाव परिणाम का लक्षण है। ३ धर्म आदि द्रव्यों और गुणों का जो स्वभाव या निज तत्त्व है उसे परिणाम कहा जाता है। ४ अध्यवसायविशेष का नाम परिणाम है। १७ अपने कार्य का जो पर्यालोचन किया जाता है उसे परिणाम जानना चाहिए (यह भक्तप्रत्याख्यान मरण को स्वीकार करनेवाले क्षपक के अर्हादि लिंगों में से एक है)।

परिणामक साधु—जो दव्व-खेत्तकय-काल-भावओ जं जहा जिणक्खायं। तं तह सद्दहमाणं जाणसु परिणामयं साधुं॥ (बृहत्क. ७९३)।

द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा जिनेन्द्र देव के द्वारा साधु के लिये जो कल्प्य-अकल्प्य (योग्य-अयोग्य) का कथन किया गया है उसका या उसी प्रकार से—उत्सर्ग-अपवाद के अनुसार—जो श्रद्धान करता है उसे परिणामक साधु जानना चाहिए।

परिणामतः आत्त पुद्गल—मिच्छत्तादिपरिणामेहि जे अप्पणो कदा ते परिणामदो अत्ता पोग्गला। (धव. पु. १६, पृ. ५१५)।

मिथ्यात्वादि परिणामों के द्वारा जो पुद्गल अपने किये गये हैं—जिन्हें ग्रहण किया गया है—वे परिणामतः आत्त पुद्गल कहलाते हैं।

परिणामयोगस्थान—१. पज्जत्तपढमसमयप्पहुडि उवरि सव्वत्थ परिणामजोगो चेव। (धव. पु. १०, पृ. ४२१)। २. परिणामजोगठाणा सरीरपज्जत्तगा दु चरिमो त्ति। (गो. क. २२०)।

१ पर्याप्त होने के प्रथम समय से लेकर आगे सर्वत्र परिणामयोग ही हुआ करता है।

परिणामविशुद्धप्रत्याख्यान—१. रागेण व दोसेण व मणपरिणामेण दूसिदं जं तु। तं पुण पच्चक्खाणं भावविसुद्धं तु णादव्वं॥ (मूला. ७–१४६)। २. रागपरिणामेन द्वेषपरिणामेन च न दूषितं न प्रतिहतं विपरिणामेन यत्प्रत्याख्यानं तत्पुनः प्रत्याख्यानं भावविशुद्धं तु ज्ञातव्यं। सम्यग्दर्शनादियुक्तस्य निःकांक्षस्य वीतरागस्य समभावयुक्तस्याहिंसादिव्रतसहितशुद्धभावस्य प्रत्याख्यानं परिणामशुद्धं भवेदिति। (मूला. वृ. ७–१४६)।

जो प्रत्याख्यान राग और द्वेषरूप चित्तवृत्ति से दूषित न हो उसे भावविशुद्ध या परिणामविशुद्ध प्रत्याख्यान जानना चाहिए।

परिणामानित्यता—तत्र परिणामानित्यता नाम मृत्पिण्डो हि विस्रसा-प्रयोगाभ्यामनुसमयमवस्थान्तरं प्रागवस्थाप्रच्युत्या समश्नुते। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–४)।

स्वभाव अथवा प्रयोग के वश मिट्टी का पिण्ड जो प्रत्येक समय में पूर्व पूर्व अवस्था को छोड़कर अन्य अन्य अवस्था को प्राप्त होता है, यही परिणाम-अनित्यता है।

परितापन—१. संतावजणणं परिदावणं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ४६)। २. प्राणिनः सन्तापकरणं परितापनं व्याह्रियते। (भ.वप्रा. टी. ६६)।

१ प्राणि के लिए सन्ताप पहुंचाने का नाम परितापन है।

परितापनिकी—परितापनं परितापः, पीडाकरणमित्यर्थः, तस्मिन् भवा तेन वा निर्वृत्ता, परितापनमेव वा परितापनिकी। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २७९, पृ. ४३५); परितापनिकी नाम खड्गाभिघातेन पीडाकरणम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८१, पृ. ४४८)।

खड्ग आदि के घातसे दूसरों के लिए पीडा पहुंचाना, यह परितापनिकी क्रिया कहलाती है।

परित्यजन दोष—देखो छोटितदोष। १. बहुपरिसाडणमुज्झिय आहारो परिगलंत दिज्जंतं। छंडिय भुंजणमहवा छंडियदोसो हवे णेओ॥ (मूला. ६, ५९)। २. छोडितं परित्यजनं भुंजानस्याप्यिरपाणिपात्रेणाहारस्य परिशातनं गलनं परित्यजनं यत्क्रियते तत्परित्यजननामाशनदोषः। (मूला. वृ. ६–४३)।

१ बहुत अन्न गिराकर भोजन करना, अथवा देते समय गिरते हुए को छोड़कर भोजन करना; यह परित्यजन नाम का दोष माना जाता है। इसे छोटित और त्यक्त दोष भी कहा जाता है।

परिदेवन—१. संक्लेशपरिणामावलम्बनं गुणस्मरणानुकीर्तनपूर्वकं स्व-परानुग्रहाभिलाषविषयमनुकम्पाप्रचुरं रोदनं परिदेवनम्। (स. सि. ६–११)। २. संक्लेशप्रवणं स्वपरानुग्रहाभिलाषविषयमनुकम्पाप्रायं परिदेवनम्। संक्लेशपरिणामालम्बनं स्व-परानुग्रहविषयम् अनुकम्पाप्रचुरं परिदेवनमिति परिभाष्यते। (त. वा. ६, ११, ६)। ३. परिदेवनं मुहुर्मुहुर्नष्टचित्ततयैव समन्ताद्विलपनम्। (त. भा. हरि. वृ. ६-१२)। ४. संक्लेशश्र[प्र]वणं स्व-परानुग्रहणं हा नाथेत्यनुकम्पाप्रायं परिदेवनम्, तच्चासद्वेद्योदये मोहोदये च सति बोद्धव्यम्। (त. श्लो. ६–११)। ५. संक्लेशप्रवणः स्व-परानुग्रहलाघनमनुकम्पाप्रायं परिदेवनम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–११)। ६. परिदेव्यते परिदेवनं संक्लेशपरिणामविहितावलम्बनं स्व-परोपकाराकांक्षालिंगं अनुकम्पाभूयिष्ठं रोदनमित्यर्थः। (त. वृत्ति श्रुत. ६–११)।

१ संक्लेश परिणाम के आश्रय से अपने व दूसरे के अनुग्रह से सम्बद्ध जो गुणों का स्मरण करते हुए रुदन किया जाता है, जिसे देखकर सुनने वाले का चित्त दयार्द्र हो उठता है, उसे परिदेवन कहते हैं।

परिधि—१. समवट्टवासवग्गे दहगुणिदे करणिपरिक्खेवो होदि। (ति. प. १–११७)। २. विक्खंभवग्गदहगुणकरणी वट्टस्स परिट्ठि[र]ओ होदि। (धव. पु. ४, पृ. २०६ उद्.; त्रि. सा. ९६); व्यासं षोडशगुणितं षोडशसहितं त्रि-रूप-रूपैर्भक्तम्। व्यासत्रिगुणितसहितं सूक्ष्मादपि तद् भवेत् सूक्ष्मम्॥ (धव. पु. ४, पृ. ४२ उद्.)। ३. वासो तिगुणो परिही ×××। (त्रि. सा. १७)।

१ समान गोल क्षेत्र के विस्तार का वर्ग करके उसे दस से गुणित करने पर जो प्राप्त हो उसका वर्गमूल निकालने पर परिधि का प्रमाण प्राप्त होता है। २ विस्तार को सोलह से गुणा करके उसमें सोलह जोड़ दे, तत्पश्चात् उसे तीन, एक और एक (११३) अर्थात् एक सौ तेरह से भाजित करके लब्ध में तिगुने विस्तार के जोड़ देने पर सूक्ष्म से भी सूक्ष्म परिधि का प्रमाण प्राप्त होता है।

परिनिर्वाप्यवाचना—परीति सर्वप्रकारं निर्वापयतो निरो निर्दग्धादिषु भृशार्थस्यापि दर्शनात् भृशं गमयतः—पूर्वदत्तालापकादि सर्वात्मना स्वात्मनि परिणमयतः शिष्यस्य सूत्रगताशेषविशेषग्रहणकालं प्रतीक्ष्य शक्त्यनुरूपप्रदानेन प्रयोजकत्वमनुभूय परिनिर्वाप्य वाचना—सूत्रप्रदानं परिनिर्वाप्यवाचना। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ५८, पृ. ३९)।

पूर्व में प्रदान किये गये आलाप आदि को जो सब प्रकार से अपने में परिणत कर रहा है—उसे पूर्णतया हृदयंगम करता है—ऐसे शिष्य को सूत्रगत समस्त विशेषताओं के ग्रहण योग्य काल की प्रतीक्षा करके शक्ति के अनुरूप सूत्र के प्रदान करने को परिनिर्वाप्यवाचना कहा जाता है।

परिनिर्वृत—परिनिर्वृतः कर्मकृतविकारविरहात् स्वस्थीभूतः। (स्थाना. अभय. वृ. ३–५३)।

कर्मकृत रागादि विकारों (दोषों) को दूर कर जो सर्वथा स्वस्थ हो चुका है—केवलज्ञानादिरूप आत्मस्वरूप में स्थित होता हुआ सिद्धि को प्राप्त कर चुका है—वह परिनिर्वृत (सिद्ध) कहलाता है।

परिनिर्वृति (परं निर्वाण)— भवबन्धनमुक्तस्य या अवस्था परमात्मनः। परिनिर्वृतिरिष्टा सा परं निर्वाणमिष्यते॥ (म. पु. ३९–२०६)।

संसाररूप बन्धन से मुक्त हुए जीव की जो उत्कृष्ट

अवस्था होती है उसे परिनिर्वृति कहते हैं। इसे परनिर्वाण भी कहा जाता है।

परिपिण्डित—देखो परिपीडित। १. यत्र संपिण्डितान् एकत्र मिलितानाचार्यादीनेकवन्दनकेनैव वन्दते, न पृथक् पृथक्, तत्परिपिण्डितं वन्दनकमुच्यते। अथवा वचनानि सूत्रोच्चारणगर्भाणि, करणानि कर-चरणादीनि, संपिण्डितानि अव्यवच्छिन्नानि, वचनकरणानि यस्य स तथा। उर्वोरुपरि हस्तौ व्यवस्थाप्य संपिण्डितकर-चरणौ अव्यक्तसूत्रोच्चारणपुरस्सरं यत्र वन्दते तद्वा परिपिण्डितमिति भावः। (आव. हृ. वृ. मल. हेम. टि. पृ. ८८; प्रव. सारो. वृ. १५७)। २. संपिंडिए व वंदइ परिपिंडियवयणकरणओ वावि। (प्रव. सारो. १५७)। ३. परिपिण्डितं प्रभूतानां युगपद्वन्दनम्, यद्वा कुक्षेरुपरि हस्तौ व्यवस्थाप्य परिपिण्डितकर-चरणस्याऽव्यक्तसूत्रोच्चारणपुरस्सरं वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०)।

१ एक स्थान पर सम्मिलित हुए अनेक आचार्यादिकों की पृथक्-पृथक् वन्दना न करके एक ही वन्दना के रूप से वन्दना करने को परिपिण्डितवन्दनक कहते हैं। अथवा जांघों के ऊपर दोनों हाथ रख करके हाथ-पैरों को संकुचित कर अव्यक्त सूत्रोच्चारणपूर्वक वन्दना करने को परिपिण्डितवन्दनक कहते हैं। यह वन्दना के ३२ दोषों में चौथा है।

परिपीडित दोष—१. परिपीडितं कर-जानुप्रदेशः परिपीड्य संस्पर्श्य यः करोति वन्दनां तस्य परिपीडितदोषः। (मूला. वृ. ७-१०६)। २. हस्ताभ्यां जानुनो स्वस्य संस्पर्शः परिपीडितम्। (अन. ध. स्वो. टी. ८-६६)।

२ दोनों हाथों से अपने जानु (घुटने) का स्पर्श करते हुए वन्दना करने को परिपीडित दोष कहते हैं। यह कृतिकर्म के ३२ दोषों में चौथा है।

परिपूणक समान शिष्य—१. परिपूणगम्मि य गुणा गलंति दोसा य चिट्ठंति ॥ (विशेषा. १४६३; नन्दी. हरि. वृ. पृ. २२, ११ उद्.)। २. परिपूणको नाम सुघरीचिटिकाविरचितो नीडविशेषः, तेन च किल घृतं गाल्यते, ततस्तत्र कचवरमवतिष्ठते, घृतं तु गलित्वाऽधः पतति, एवं परिपूणकसदृशः शिष्योऽप्युपचारात् परिपूणकः। तत्र हि श्रुतसम्बन्धिनो गुणा सर्वेऽपि घृतवद् गलन्ति, दोषास्तु घृतगतकचवरवदवतिष्ठन्ते, श्रुतस्य दोषानेव गृह्णाति, गुणांस्तु सर्वथा परिहरति असौ, अतोऽयोग्य इति भावः। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. १०५)। ३. परिपूणको नाम घृत-क्षीरगालनं सुगृहाभिधचटकाकुलायो वा, तेन ह्याभीर्यो घृतं गालयन्ति, ततो यथा स परिपूणकः कचवरं धारयति घृतमुज्झति तथा शिष्योऽपि यो व्याख्या-वाचनादौ दोषानभिगृह्णाति गुणांस्तु मुञ्चति स परिपूणकसमानः। × × ×। आह च चूर्णिकृत्—वक्खाणाइसु दोसं हिययंमि ठवेइ मुयइ गुणजालं। सो सीसो अ अजोग्गो भणितो परिपूणगसमाणो ॥१॥ (आव. नि. मलय. वृ. १३६, पृ. १४३)।

३ परिपूणक का अर्थ घी की छन्नी अथवा सुघरी नामक पक्षी का घोंसला होता है। जिस प्रकार ग्वालिनियां परिपूणक से जब घी को छानती हैं तब घी निकल जाता है और कचरा उसके भीतर रह जाता है, उसी प्रकार जो शिष्य परिपूणक के समान व्याख्या व वाचना आदि में दोषों को ग्रहण करता है और गुणों को छोड़ देता है उसे परिपूणक समान शिष्य कहा जाता है।

परिपूर्णेन्द्रियता—परिपूर्णेन्द्रियता अनुपहतचक्षुरादिकरणता। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ५८)।

चक्षु आदि इन्द्रियों की अविनाशिता—उनके विषयग्रहणसामर्थ्य—को परिपूर्णेन्द्रियता कहते हैं।

परिभाषा—१. परिभाषणं परिभाषा—कोपाविष्करणेन मा यास्यसीत्यपराधिनोऽभिधानम्। (आव. भा. हरि. वृ. ३, पृ. ११४)। २. इयमत्र भावना—कोपाविष्करणे नरे इतः स्थानान्मा यासीरित्येयं यत् परिभाषणम्। (आव. नि. मलय. वृ. १६६)।

१ क्रोध को प्रगट करके नहीं जाओगे, अर्थात् अब आगे क्रोध नहीं करना, इस प्रकार अपराधी से कहना, यह भरत की चार दण्डनीतियों में प्रथम परिभाषा नाम की दण्डनीति रही है।

परिभोग—देखो उपभोग। १. आच्छादन-प्रावरणालंकार-शयनासन-गृह-यान-वाहनादिः। (स. सि. ७-२१)। २. परित्यज्य भुज्यत इति परिभोगः। सकृद् भुक्त्वा परित्यज्य पुनरपि भुज्यते इति परिभोग इत्युच्यते—आच्छादन-प्रावरणालङ्कार-शयनासन-गृह-यान-वाहनादिः। (त. वा. ७, २१, १०)। ३. परिभुज्यत इति परिभोगो वस्त्रादि, पुनः पुनः

भुज्यत इति भावः। परिशब्दस्याभ्यावृत्त्यर्थत्वात्। ××× बहिर्भोगो वा परिभोगः, परिशब्दस्य बहिर्भावकत्वात्। (श्रा. प्र. टी. २८४)। ४. पुनः पुनः परिभुज्यत इति परिभोगः स्त्री-वस्त्राभरणादिः। (धव. पु. ६, पृ. ७८)। ५. अशन-पान-गन्ध-माल्यादि सकृद् भुक्त्वा पुनरपि भुज्यत इति परिभोगः। (चा. सा. पृ. १२)। ६. भूषादिः परिभोगः स्यात् पौनःपुन्येन सेवनात्। (उपासका. ७५१)। ७. मुहुर्यो भुज्यते लोके परिभोगः स उच्यते। (धर्मसं. ७-१७)। ८. आच्छादन-प्रावरण-भूषण-शय्यासन-गृह-यान-वाहन-वनितादिकः परिभोग उच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७-२१)। ९. परिभोगः समाख्यातो भुज्यते यत्पुनः पुनः। यथा योषिदलंकार-वस्त्रागार-गजादिकम्॥ (लाटीसं. ६-१४७)।

२ जिसे एक बार भोगकर छोड़ दिया जाता है तथा फिर से भी भोगा जाता है वह परिभोग कहलाता है—जैसे आच्छादन, वस्त्र, आभूषण, शयन, आसन, घर, सवारी और वाहन आदि।

परिभोगान्तराय—जस्स कम्मस्स उदएण परिभोगस्स विग्घं होदि तं परिभोगंतराइयं॥ (धव. पु. ६, पृ. ७८)।

जिस कर्म के उदय से परिभोग में विघ्न होता है वह परिभोगान्तराय कहलाता है।

परिमर्शन—१. समस्तशरीरस्य हस्तेन स्पर्शनं परिमर्शनम्। (भ. आ. विजयो. ६४६)। २. परिमर्शनं सर्वगात्रस्पर्शनम्। (भ. आ. मूला. ६४६)।

१ हाथ से समस्त शरीर के स्पर्श करने को परिमर्शन कहते हैं।

परिमितकाल सामायिक—स्वाध्यायादौ सामायिकग्रहणं परिमितकालम्। (त. वृत्ति श्रुत. ६, १८)।

स्वाध्याय आदि में जो सामायिक ग्रहण की जाती है वह परिमितकाल सामायिक कहलाती है।

परिवर्तदोष—देखो परिवर्तित। १. मदीये वेश्मनि तिष्ठन्तु भवान्, युष्मदीयं तावद् गृहं यतिभ्यः प्रयच्छेति गृहीतं परियट्टमित्युच्यते। (भ. आ. विजयो. २३०; कार्तिके. टी. ४४८-४९)। २. व्रीहिकूरादिभिः शालिकूरादेः परिवर्तनम्। यद्दास्यामीति यतये परिवर्तः प्रकीर्तितः॥ (आचा. सा. ८-३१)। ३. व्रीह्याद्यन्नेन शाल्यन्नाद्युपात्तं परिवर्तितम्। (अन. ध. ५-१४)। ४. मद्गृहे तिष्ठतु भवान्, स्वगृहं यतिभ्यः प्रयच्छेति गृहीतं परियट्टम्। (भ. आ. मूला. २३०)। ५. कस्यचिद् गृहस्थस्य व्रीहीन् दत्त्वा शालयो गृह्यन्ते, अथवा निजं कूरं दत्त्वा परकूरो गृह्यते, निजाभ्यूषान् दत्त्वा परेषामभ्यूषा गृह्यन्ते, एवं यत् परिवर्त्यते यतिभ्यो दीयते दास्यते वा स परिवर्तः कथ्यते। (भावप्रा. टी. ९९, पृ. २५०)।

१ आप मेरे घर में रहें और अपना घर साधुओं के रहने के लिए देवें। इस प्रकार कह कर साधु के लिए जो निवासस्थान ग्रहण किया जाता है वह परिवर्त नामक दोष से दूषित होता है। २ व्रीहि आदि से शालि धान के भात आदि को बदल कर साधु के लिये देना, वह परिवर्त नामक एक उद्गम दोष है।

परिवर्तन—१. परियट्टणं णाम परियट्टणंति वा अब्भसणंति वा गुणणंति वा एगट्ठा। (दशवै. चू. पृ. २८)। २. अविस्सरणट्ठं पुणो पुणो भावागमपरिमलणं परियट्टणं णाम। (धव. पु. ६, पृ. २६२); अवगयत्थस्स हियएण पुणो पुणो परिमलणं परियट्टणं णाम। (धव. पु. १४, पृ. ९)। ३. पूर्वाधीतस्य सूत्रादेरविस्मरणहेतवे। निर्जरार्थं च योऽभ्यासः स भवेत् परिवर्तना॥ (लोकप्र. ३०-९८)।

१ परिवर्तन, अभ्यसन और गुणन ये समानार्थक शब्द हैं। २ पठित भावागम का विस्मरण न हो, इसके लिये जो उसका बार बार परिशीलन किया जाता है इसे परिवर्तन कहते हैं।

परिवर्तना—देखो परिवर्तन।

परिवर्तमान परिणाम—जत्थ पुण ट्ठाइदूण परिणामंतरं गंतूण एग-दोआदिसमएहि आगमणं संभवदि ते परिणामा परियत्तमाणा णाम। (धव. पु. १२, पृ. २७)।

जिस परिणाम पर स्थित होकर दूसरे परिणाम को प्राप्त होते हुए एक-दो आदि समयों में पुनः उसी परिणाम को प्राप्त होना संभव है, ऐसे परिणामों को परिवर्तमान परिणाम कहते हैं।

परिवर्तित—देखो परिवर्त। १. यच्छाल्योदनादि कोद्रवादिना प्रातिवेशिकगृहे परिवर्त्य ददाति तत्परिवर्तितम्। (आचारा. सू. शी. वृ. २, १, २६६, पृ. ३१७)। २. स्वद्रव्यमर्पयित्वा परद्रव्यं तत्सदृशं

गृहीत्वा यद्दीयते तत्परिवर्तितम् । (योगशा. स्वो. विव. १–३८) ।

१ शालि धान के भात आदि को पड़ोसी के घर में कोदों (एक क्षुद्र धान्य) आदि से बदल कर देने पर परिवर्तित दोष होता है।

परिवाद—परिवादो मिथ्योपदेशोऽभ्युदय-निःश्रेयसार्थेषु क्रियाविशेषेष्वन्यस्यान्यथा प्रवर्तनम् । (रत्नक. टी. ३–१०) ।

स्वर्ग-मोक्ष की साधनभूत विशेष क्रियाओं के विषय में मिथ्या उपदेश देकर दूसरे को विपरीत प्रवर्ताना, इसका नाम परिवाद है। यह सत्याणुव्रत का एक अतीचार है।

परिव्राजक—परि समन्तात् पापवर्जनेन व्रजति गच्छतीति परिव्राजकः। (दशवै. हरि. वृ. पृ. ८४)।

जो 'परि' अर्थात् सब ओर पापों के परित्याग के साथ 'व्रजति' अर्थात् जाता है—प्रवृत्ति करता है—उसे परिव्राजक कहते हैं। यह परिव्राजक की सार्थक संज्ञा है।

परिशातनाकृति—तेसिं चेव अप्पिदसरीरपोग्गलक्खंधाणं संचएण विणा जा णिज्जरा सा परिसादणा कदी णाम । (धव. पु. ९, पृ. ३२७) ।

विवक्षित औदारिकादि शरीररूप पुद्गलस्कन्धों की संचय के बिना जो निर्जरा होती है उसे परिशातना कृति कहते हैं।

परिषह, परीषह—१. त एते बाह्याभ्यन्तरद्रव्यपरिणामाः शारीर-मानसप्रकृष्टपीडाहेतवः क्षुधादयो द्वाविंशतिः परीषहाः प्रत्येतव्याः । (त. वा. ९, ९, १) । २. परीति समन्तात् स्वहेतुभिरुदीरिता मार्गाच्यवननिर्जरार्थं साध्वादिभिः सह्यन्त इति परीषहाः । (उत्तरा. शा. वृ. २, पृ. ७२ उत्थानिका) । ३. परीषहाः क्षुत्तृट्शीतोष्णादयः । (मूला. वृ. ५, ११८) । ४. शारीर-मानसोत्कृष्टबाधाहेतून् क्षुदादिकान् । प्राहुरन्तर्बहिर्द्रव्यपरिणामान् परीषहान् ॥ (अन. ध. ६–८४) । ५. एते (क्षुदादयः) सर्वे वेदनाविशेषाः द्वाविंशतिपरीषहाः मुमुक्षुणा सहनीयाः । (त. वृत्ति श्रुत. ९–९) ।

१ शारीरिक एवं मानसिक उत्कृष्ट पीडा की हेतुभूत जो बाह्य व अभ्यन्तर परिणाम स्वरूप क्षुधादि हैं उन्हें परीषह कहा जाता है। ये संख्या में बाईस हैं।

परिष्ठापनासंयम—भक्त-पानादिकमनेषणीयं वस्त्र-पात्रादिकं चानुपकारकं संसक्तं वा निर्जन्तुके स्थण्डिले परिष्ठापयतः परिष्ठापनासंयमः । (योगशा. स्वो. विव. ४–९३) ।

नहीं ग्रहण करने के योग्य अन्न-पानादि को एवं शरीर के लिए अनुपयोगी अथवा सम्बद्ध ऐसे वस्त्र-पात्रादि को जन्तु रहित शुद्ध भूमि पर रखना, इसे परिष्ठापनासंयम कहते हैं।

परिहरण—वंतुच्चारसरिच्छं कम्मं सोउमवि कोविओ भीओ । परिहरइ सावि य दुहा विहि-अविहीए य परिहरणा ॥ (पिण्डनि. १९७) ।

जो आधाकर्म वान्ति या विष्ठा के समान है उसे सुनकर विद्वान् भयभीत होता हुआ जो विधि या अविधि के साथ उसका परित्याग करता है, यह उक्त आधाकर्म का परिहरण है।

परिहार—देखो पिच्छ । १. पक्ष-मासादिविभागेन दूरतः परिवर्जनं परिहारः । (स. सि. ९–२२; त. श्लो. ९–२२; मूला. वृ. ११–१६) । २. परिहारो मासिकादिः । (त. भा. ९–२२) । ३. पक्ष-मासादिविभागेन दूरतः परिवर्जनं परिहारः । पक्ष-मासादिविभागेन संसर्गमन्तरेण दूरतः परिवर्जनं परिहार इत्यवध्रियते । (त. वा. ९, २२, ९) । ४. परिह्रियते अस्मिन् सति वन्दनालापान्नपानप्रदानादिक्रियया साधुभिरिति परिहारः । स च मासादिकः षण्मासान्तः । (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–२२) । ५. परिहारस्तु मासादिविभागेन विवर्जनम् । (त. सा. ७–२६) । ६. त्रिविधद् दूरात्त्यजनं परिहारो निजगणानुपस्थानम् । सपरगणोपस्थानं पारञ्चिकमित्ययं त्रिविधः ॥ (अन. ध. ७–५६) । ७. पक्ष-मासादिभेदेन दूरतः परिवर्जनम् । (प्रायश्चित्तस. टी. ७–२१) । ८. दिवसादिविभागेनैव दूरतः परिवर्जनं परिहारः । (भावप्रा. टी. ७८) । ९. दिवस-पक्ष-मासादिविभागेन दूरतः परिवर्जनं परिहारो नाम प्रायश्चित्तम् । (त. वृत्ति श्रुत. ९–२२) ।

१ अपराधी साधु को पक्ष-मास आदि के लिए संघ से दूर करने—उससे कुछ सम्बन्ध न रखने—को परिहार प्रायश्चित्त कहते हैं। ४ जिस प्रायश्चित्त में साधु जन अपराधी साधु का वन्दना, सम्भाषण और अन्न-पानप्रदानादि क्रिया से परिहार कर देते हैं—उससे वन्दना व सम्भाषण आदि नहीं किया करते हैं—

वह परिहार प्रायश्चित्त कहलाता है। वह कम से कम एक मास और अधिक से अधिक छह मास तक होता है।

परिहारविशुद्धि—१. परिहरणं परिहारः प्राणिवधान्निवृत्तिः, तेन विशिष्टा शुद्धिर्यस्मिंस्तत्परिहारविशुद्धिचारित्रम्। (स. सि. ९-१८)। २. पंचसमिदो तिगुत्तो परिहरइ सदा वि जो हु सावज्जं। पंचजमेयजमो वा परिहारयसंजदो साहू। (प्रा. पंचसं. १-१३१; धव. पु. १, पृ. ३७२ उद्.; गो. जी. ४७२)। ३. परिहरतु विसुद्धं तु पंचजामं अणुत्तरं धम्मं। तिविहेण फासयंतो परिहारियसंजतो स खलु॥ (व्याख्याप्र. २५, ७, ३, पृ. २८४८)। ४. परिहारेण विशिष्टा शुद्धिर्यस्मिंस्तत्परिहारविशुद्धिचारित्रम्। परिहरणं परिहारः प्राणिवधान्निवृत्तिः, तेन विशिष्टा शुद्धिर्यस्मिंस्तत् परिहारविशुद्धिचारित्रं प्रत्येतव्यम्। (त. वा. ९, १८, ८)। ५. परिहारः तपोविशेषः, तेन विशुद्धं परिहारविशुद्धम्, परिहारो वा विशेषेण शुद्धो यत्र तत्परिहारविशुद्धम्। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. १०४)। ६. परिहरणं परिहारः तपोविशेषः, तेन विशुद्धिर्यस्मिंस्तत्परिहारविशुद्धिकम्। (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. ११४)। ७. परिहारप्रधानः शुद्धिसंयतः परिहारविशुद्धिसंयतः। त्रिंशद् वर्षाणि यथेच्छया भोगमनुभूय सामान्यरूपेण विशेषरूपेण वा संयममादाय द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावगतपरिमितापरिमितप्रत्याख्यानप्रतिपादकप्रत्याख्यानपूर्वमहार्णवं सम्यगधिगम्य व्यपगतसकलसंशयस्तपोविशेषात् समुत्पन्नपरिहारर्द्धिस्तीर्थकरपादमूले परिहारशुद्धिसंयममादत्ते। एवमादाय स्थान-गमन-चङ्क्रमणाशन-पानासनादिषु व्यापारेष्वशेषप्राणिपरिहरणदक्षः परिहारशुद्धिसंयतो नाम। (धव. पु. १, पृ. ३७०-३७१); सव्वसुही होदूण तीसं वस्साणि गमिय तदो वासपुधत्तेण तित्थयरपादमूले पच्चक्खाणणामधेयपुव्वं पढिदूण पुणो पच्छा परिहारसुद्धिसंजमं पडिवज्जिय ××× । (धव. पु. ७, पृ. १६७)। ८. परिहारस्तपोविशेषस्तेन विशुद्धं परिहारविशुद्धिकम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९-१८)। ९. विशिष्टपरिहारेण प्राणिघातस्य यत्र हि। शुद्धिर्भवति चारित्रं परिहारविशुद्धि तत्॥ (त. सा. ६-४७)। १०. प्राणिवधान्निवृत्तिः परिहारस्तेन विशुद्धिर्यस्मिन् तत्परिहारविशुद्धिचारित्रम्। (चा. सा. पृ. ३७)। ११. सावद्यपरिहारेण प्राप्यते यः समाहितैः। व्रत-गुप्ति-समित्याढ्यैः स परीहारसंयमः॥ (पंचसं. अमित. १-२४१)। १२. मिथ्यात्व-रागादिविकल्पमलानां प्रत्याख्यानेन परिहारेण विशेषेण स्वात्मनः शुद्धिर्नैर्मल्यं परिहारविशुद्धिश्चारित्रम्। (बृ. द्रव्यसं. टी. ३५)। १३. परिहारेण दोषाणां शुद्धिर्यस्मिन् स संयमः। परिहारविशुद्धिः स्याद् ऋद्धिरीदृग्विधस्य सा॥ (आचा. सा. ५-१४२)। १४. परिहारः प्राणिवधान्निवृत्तिः, तेन विशिष्टा शुद्धिर्यत्र तत्परिहारविशुद्धिसंयमं चारित्रम्। (प्रा. चारित्रभ. टी. ३, पृ. १६४)। १५. परिहरणं परिहारः—विशिष्टतपोरूपस्तेन विशुद्धिरस्मिन्निति परिहारविशुद्धिकम्। (उत्तरा. ने. वृ. २८-३२; षडशी. मलय. वृ. १५; पंचसं. मलय. वृ. १-८, पृ. ११; भगवती. दा. वृ. ८-२, पृ. १२०)। १६. परिहरणं परिहारः प्राणिवधान्निवृत्तिः, तेन विशिष्टा शुद्धिर्यस्मिन् स परिहारविशुद्धिः। (गो. जी. जी. प्र. ४७३)। १७. परिहरइ जो विसुद्धं पंचज्जामं अणुत्तरं धम्मं। तिविहेणं फासंतो परिहारियसंजओ स खलु॥ (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. ३, पृ.१३ उद्.)। १८. परिहरणं परिहारः प्राणिवधनिवृत्तिरित्यर्थः, परिहारेण विशिष्टा शुद्धिः कर्ममलकलंकप्रक्षालनं यस्मिन् चारित्रे तत्परिहारविशुद्धिचारित्रम्। (त. वृत्ति श्रुत. ९, १८)।

१ प्राणिघात के परिहार से जो विशिष्ट शुद्धियुक्त संयम होता है उसे परिहारविशुद्धिसंयम कहते हैं। २ जो साधु पांच समितियों व तीन गुप्तियों से युक्त होता हुआ सदा पाप का परित्याग करता है तथा पांच यमरूप भेद संयम अथवा एक ही सामायिकरूप अभेदसंयम से विभूषित होता है उसे परिहारविशुद्धिसंयत कहा जाता है। ३ जो परिहारपूर्वक अनुपम पांच यमरूप धर्म का मन-वचन-काय से स्पर्श करता है—परिपालन करता है—वह पारिहारिकसंयत कहलाता है।

परिहारिक संयत, परिहारियसंयत— देखो परिहारविशुद्धि।

परीक्षण—परीक्षणं परीक्षा गण-परिचारकादिगोचरा। (अन. ध. स्वो. टी. ७-९८)।

परीक्षण से परीक्षा का अभिप्राय है। वह भक्त-

प्रत्याख्यान के अन्तर्गत अहीदि लिंगों में से एक है।

परीक्षा—१. उद्दिष्टस्य लक्षितस्य च यथावल्लक्षणमुपपद्यते न वा इति प्रमाणतोऽर्थावधारणं परीक्षा। (न्यायकु. १–३, पृ. २१)। २. प्रमाणबलात्तल्लक्षणविप्रतिपत्तिपक्षनिरासः परीक्षा। (लघीय. अभय. वृ. पृ. ६)। ३. विरुद्धनानायुक्तिप्राबल्य-दौर्बल्यावधारणाय प्रवर्तमानो विचारः परीक्षा। (न्यायदी. पृ. ८)।

१ जो ज्ञान व संयम में लीन हैं, जिनकी दृष्टि दूसरी ओर नहीं है—जो एक मात्र आत्मा की ओर दृष्टि देते हैं, जितेन्द्रिय हैं, और धीर हैं; ऐसे लोक में जो सर्वश्रेष्ठ श्रमण (साधु) हैं वे पात्र माने गये हैं। जो सुख-दुःख, मान-अपमान और लाभ-अलाभ में सम—राग-द्वेष से रहित—हैं वे पात्र कहे गये हैं।

पात्रदत्ति—देखो पात्रदान । १. तपःश्रुतोपयोगीनि निरवद्यानि भक्तितः । मुनिभ्यो ऽन्नौषधावास-पुस्तकादीनि कल्पयेत् ॥ आर्यिकाः श्राविकाश्चापि सत्कुर्याद् गुणभूषणाः । चतुर्विधेऽपि संघे यत् फलमुप्तमनल्पशः ॥ धर्मार्थ-कामसध्रीची यथौचित्यमुपाचरन् । सुधीस्त्रिवर्गसम्पत्त्या प्रेत्य चेह च मोदते ॥ (सा. ध. २-६६ व ७३-७४) । २. महातपोधनेभ्यः प्रतिग्रहार्चनादिपूर्वकं निरवद्याहारदानं ज्ञान-संयमोपकरणादिदानं च पात्रदत्तिः । (कार्तिके. टी. ३६१) ।

१ जो निर्दोष आहार, औषध, आवास और पुस्तक आदि तपश्चरण व श्रुतके अभ्यासमें उपयोगी हैं उनका भक्तिपूर्वक मुनियों के लिए देना; यह पात्रदत्ति या पात्रदान कहलाता है। साथ ही आर्यिकाओं, श्राविकाओं एवं त्रिवर्ग (धर्म-अर्थ-काम) में सहायकों (कार्यपात्रों) का भी यथायोग्य आदर-सत्कार करना; यह भी पात्रदत्ति के अन्तर्गत है। २ महातपस्वियों को प्रतिग्रह (पडिगाहन) और पूजा के साथ निर्दोष आहार तथा ज्ञान एवं संयम के उपकरणों—शास्त्र व पीछी आदि—के देने का नाम पात्रदत्ति है।

पात्रदान—देखो पात्रदत्ति । १. महातपोधनायार्चाप्रतिग्रहपुरस्सरम् । प्रदानमशनादीनां पात्रदानं तदिष्यते । (म. पु. ३८-३७) । २. पात्रदत्तिर्महातपोधनेभ्यः प्रतिग्रहार्चनादिपूर्वकं निरवद्याहारदानं ज्ञानसंयमोपकरणादिदानं च । (चा. सा. पृ. २१) ।

१ महान् तपस्वी मुनि जनों के लिए पूजा व प्रतिग्रह के साथ भोजन आदि के देने को पात्रदान कहा जाता है।

पात्रविशेष—१. मोक्षकारणगुणसंयोगः पात्रविशेषः । (स. सि. ७-३९; त. श्लो. ७-३९; चा. सा. पृ. १५) । २. पात्रविशेषः सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र-तपःसम्पन्नता इति । (त. भा. ७-३४) । ३. **मोक्षकारणगुणसंयोगः पात्रविशेषः** । मोक्षकारणैः सम्यग्दर्शनादिभिः योगः पात्रविशेष इति प्रतीयते । (त. वा. ७, ३९, ५) ।

१ मोक्ष के कारणभूत गुणों के संयोग को पात्रविशेष—पात्र की विशेषता—माली जाती है। २ सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तप से सम्पन्न होना; यह पात्र की विशेषता है।

पाद—१. छहिं अंगुलेहिं वादो ××× । (ति. प. १-११४; जं. दी. प. १३-३२) । २. एएणं अंगुलपमाणेणं छ अंगुलाइं पाओ । (अनुयो. सू. १३३, पृ. १५७) । ३. ××× छच्च अंगुला पाओ । (जीवस. ६६; ज्योतिष्क. ७५) । ४. छ अंगुलाणि पादो । (व्याख्याप्र. ६, ७, ५, पृ. ८२६)। ५. तत्र षडङ्गुलः पादः । (त. वा. ३, ३८, ६) । ६. त्रिविधांगुलषट्कः स्यात् पादः ××× । (ह. पु. ७-४५) । ७. ××× छंगुलु पाउ । (म. पु. पुष्प. २-७, पृ. २४) । ८. अंगुलछक्कं पाओ ××× । (संग्रहणी २४७) । ९. पादः स्यादङ्गुलैः षड्भिः ××× । (लोकप्र. १-५९) । १०. षड्भिरङ्गुलैः पाद उच्यते । (त. वृत्ति श्रुत. ३, ३८) ।

१ छह अंगुल का एक पाद होता है। ६ उत्सेधांगुल प्रमाणांगुल और आत्मांगुल इन तीन प्रकार के अंगुलों के आश्रय से पृथक् पृथक् छह अंगुल प्रमाण उन उन नामों वाला एक पाद होता है।

पादग्रहण—पादेन ग्रहणे पादग्रहणं ××× । (अन. ध. ५-५८) ।

भूमि से पांव के द्वारा रत्न-सुवर्णादि के ग्रहण करने पर पादग्रहण नामक भोजन का अन्तराय होता है।

पादपतन—पादपतनं प्रणामादिगौरवम् । (प्रश्नव्या. अभय. वृ., पृ. १६३) ।

चरणों में गिरकर नमस्कारादि करने को पादपतन

कहते हैं। यह प्रणाम आदि की महानता का द्योतक है।

पादपोपगमन—देखो पादोपगममनमरण। १. निर्व्याघातं तु प्रव्रज्या-शिक्षापवादिक्रमेण जराजर्जरितशरीरः करोति— यदुपहितचतुर्विधाहारप्रत्याख्यानो निर्जन्तुकं स्थण्डिलमाश्रित्य पादप इवैकेन पार्श्वेन निपतत्यपरिस्पन्दस्तावदास्ते प्रशस्तध्यानव्यापृतान्तःकरणो यावदुत्क्रान्तप्राणस्तदेतत् पादपोपगमनाख्यमनशनम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ९–१९)। २. तत्रानशनिनः परित्यक्तचतुर्विधाहारस्याधिकृतचेष्टाव्यतिरेकेण चेष्टान्तरमधिकृत्यैकान्तनिष्प्रतिकर्मशरीरस्य पादपस्येवोपगमनं सामीप्येन वर्तनं पादपोपगमनमिति। (दशवै. नि. हरि. वृ. १–४७, पृ. २६)। ३. पादपस्योपगमनम्—अस्पन्दतयाऽवस्थानं पादपोपगमनम्। (औपपा. अभय. वृ. १८, पृ. ३८)।

१ जो चार प्रकार के आहार का परित्याग करता हुआ जन्तुरहित शुद्ध भूमिका आश्रय लेकर पादप (वृक्ष) के समान निश्चल रहता है व एक पार्श्वभाग से पड़ जाता है और प्रशस्त ध्यान में मन को लगाता हुआ तब तक उसी प्रकार से निश्चल रहता है जब तक प्राण नहीं निकल जाते। उसके इस अनशन को पादपोपगमन अनशन कहा जाता है।

पादान्तरपंचेन्द्रियागमन—पादान्तरेण पञ्चाक्षगमे तन्नामकोऽन्तरः॥ (अन. ध. ५–५१)।

दोनों पावों के अन्तराल से पंचेन्द्रिय प्राणी के आने पर पादान्तरपंचेन्द्रियागमन नामक भोजन का अन्तराय होता है।

पादपोपगमन अनशन—देखो पादपोपगमन।

पादोपगमनमरण—देखो पादपोपगमन अनशन। १. पायव इव (उवगमणं) पाओवगमनम्, हत्थाईहिं छिन्नो दुमो व न चलति। (उत्तरा. चू. ५, पृ. २९)। २. पादाभ्यामुपगमनं ढौकनम्, तेन प्रवर्तितं मरणं पादोपगमनमरणम्। ××× अथवा पाउग्गगमणमरणं इति पाठः। भवान्तकरणप्रायोग्यं संहननं संस्थानं च इह प्रायोग्यशब्देनोच्यते, अस्य गमनं प्राप्तिः, तेन कारणभूतेन यन्निर्वर्त्यं मरणं तदुच्यते पाउग्गगमनमरणमिति। (भ. आ. विजयो. २९)। ३. पादपो वृक्षः, तस्येव छिन्नपतितस्योपगमनम् अत्यन्तनिश्चेष्टतयाऽवस्थानं यस्मिन् तत् पादपोपगमनम्। (स्थाना. अभय. वृ. २, ४, १०२)। ४. पादाभ्यामुपगमनं ढौकनं संघान्निर्गत्य योग्यदेशस्याश्रयणम्, तेन प्रवर्तितं मरणं पादोपगमनमरणम्, स्व-परवैयावृत्त्यनिरपेक्षः प्राणत्याग उच्यते रूढिवशात्। यदा पाउग्गगमणमरणं इति पाठस्तदा प्रायोग्यस्य भवान्तकरणयोग्यस्य संहननस्य संस्थानस्य गमनेन प्राप्त्या निर्वर्त्यं मरणं प्रायोग्यगमनमरणम्। प्रायोगमनमित्यपीदमुच्यते, प्रायस्य सन्यासवदनशनस्योपगमनेन साध्यत्वात्। (भ. आ. मूला. २९)।

१ जिस प्रकार हाथ आदि से छेदा गया वृक्ष विचलित नहीं होता है उसी प्रकार जिस मरण में वृक्ष के समान शरीर को स्थिर रखा जाता है उसे पादोपगमनमरण कहा जाता है। २ पांवों से जाकर योग्य देश का आश्रय लेने पर जो मरण होता है उसे पादोपगमनमरण कहते हैं। अथवा—'पाउग्गगमनमरणं' ऐसा पाठ होने पर तदनुसार प्रायोग्य का अर्थ संसार के नष्ट करने योग्य—संहनन और संस्थान होता है और गमन का अर्थ प्राप्ति होता है, इस प्रकार संसार के विनाशक संहनन और संस्थान की प्राप्ति से जो मरण निर्मित होता है उसे प्रायोग्यमरण कहा जाता है। ४ मूलाराधनादर्पण टीका से भी यही अभिप्राय निकलता है। विशेष वहां इतना है कि उपलब्ध पाठ से पं. आशाधरने 'प्रायोगमन' की सूचना करते हुए 'प्राय' का अर्थ संन्यासयुक्त अनशन को ग्रहण किया है, उसके उपगमन (प्राप्ति) से सिद्ध होने वाले मरण को प्रायोगमन मरण जानना चाहिए। इसका एक अन्य नाम उन्होंने प्रायोपवेशन भी निर्दिष्ट किया है।

पाप—१. सम्मत्तेण सुदेण य विरदीए कसायणिग्गहगुणेहिं। जो परिणदो स पुण्णो तव्विवरीदेण पावं तु॥ (मूला. ५–३७)। २. यदशुभमथ तत्पापमिति भवति सर्वज्ञनिर्दिष्टम्॥ (प्रशमर. २१९)। ३. पाति रक्षति आत्मानं शुभादिति पापम्। (स. सि. ६–३); अस्मात् पुण्यसंज्ञककर्मप्रकृतिसमूहादन्यत्कर्म पापमित्युच्यते। (स. सि. ८–२६)। ४. तत्प्रतिद्वन्द्विरूपं पापम्। तस्य पुण्यस्य प्रतिद्वन्द्विरूपं पापमिति विज्ञायते। पाति रक्षत्यात्मानम् अस्माच्छुभपरिणामादिति पापाभिधानम्। (त. वा. ६, ३, ५)। ५. पापं तद्विपरीतं तु ×× ×। (षड्द. ५०)। ६. अशुभपरिणामो जीवस्य, तन्निमित्तः कर्मपरिणामः पुद्गलानां च

पापम् । (पंचा. अमृत. वृ. १०८) । ७. पापं चाशुभकर्मस्वरूपपरिणतपुद्गलप्रचयो जीवस्यासुखहेतुः । (मूला. वृ. ५–६) । ८. हिंसादिरशुभपरिणामः पापहेतुत्वात् पापम् । (आ. मी. वसु. वृ. ४०) । ९. पापम् अशुभं कर्म । (समवा. अभय. वृ. १, पृ. ६) । १०. पाशयति गुण्डयत्यात्मानं पातयति चात्मनः आनन्दरसं शोषयति क्षपयतीति पापम् ।(स्थाना. अभय. वृ. १–१२, पृ. १८) । ११. ते (कर्म-पुद्गलाः) एव अशुभाः पापम् । (षड्द्र. गु. वृ. ४७, पृ. १३७) । १२. पात्यवति रक्षति आत्मानं कल्याणादिति पापम् । (त. वृत्ति. श्रुत. ६–३) । १३. ××× पापं तस्य विपर्ययः । (विवेकवि. ८–२५१) । १४. पापमशुभप्रकृतिलक्षणम् । (प्रमाल. वृ. ३०५) । १५. पापं हिंसादिक्रियासाध्यमशुभं कर्म । (स्याद्वाम. २७) । १६. ××× पापं दुष्कर्म-पुद्गलाः । (षड्द्र. राज. १३) । १७. ××× अशुभं पापमुच्यते । (अध्यात्मसार १८–६०) ।

१ जो जीव सम्यक्त्व, श्रुत, विरति और कषाय-निग्रह इन गुणों के विपरीत मिथ्यात्वादि से परिणत है उसे पाप—पाप से संयुक्त (पाप का बन्धक)—कहा जाता है । २ अशुभ पुद्गल कर्म को पाप कहते हैं । ३ जो शुभ से रक्षा करता है—उत्तम कार्य में प्रवृत्त नहीं होने देता है—वह पाप कहलाता है ।

पापकर्म—असुहपयडीओ पावं । तत्थ घाइचउक्कं पावं । अघाइचउक्कं मिस्सं, तत्थ सुहासुहपयडीणं संभवादो । (धव. पु. १३, पृ. ३५२) ।

अशुभ प्रकृतियों को पाप कर्म कहा जाता है । उनमें चार घातिकर्म पाप तथा चार अघातिकर्म मिश्र —पाप-पुण्य उभयस्वरूप—हैं, क्योंकि उनमें शुभ और अशुभ दोनों ही प्रकार की प्रकृतियां सम्भव हैं ।

पापकर्म-अबन्धक—१. जदं चरे जदं चिट्ठे जदमासे जदं सये । जदं भुंजेज्ज भासेज्ज एवं पावं ण बज्झइ । (मूला. १०–१२२) । २. जयं चरे जयं चिट्ठे जयमासे जयं सये । जयं भुंजंतो भासंतो पाव कम्मं न बंधइ ।। सव्वभूयप्पभूअस्स सम्मं भूयाइं पासओ । पिहिआसवस्स दंतस्स पावं कम्मं न बंधइ ।। (दशवै. सू. श्लो. ८–९, पृ. १५६) ।

१ जो प्रयत्नपूर्वक—प्राणिरक्षा में सावधान होकर—चलता है, प्रयत्नपूर्वक स्थित होता है, प्रयत्नपूर्वक सोता है, प्रयत्नपूर्वक भोजन करता है तथा प्रयत्नपूर्वक भाषण करता है उसके पाप का बन्ध नहीं होता है । २ जो प्रयत्नपूर्वक—आगमोक्त विधि से ईर्यासमितिपूर्वक—चलता है, प्रयत्नपूर्वक बैठता है—बैठा हुआ हाथ-पांव आदि को न फैलाता है न सिकोड़ता है, सावधानी से सोता है, यत्नपूर्वक भोजन करता है, और यत्नपूर्वक भाषण करता है; वह पापकर्म को नहीं बांधता है । इसी प्रकार जो सभी प्राणियों को अपने समान देखता है—अपने समान ही उनके सुख-दुःख की कल्पना करता है, वह इन्द्रियों व मनका दमन करता हुआ कर्मास्रव को रोकता है, अतएव वह पापकर्म को नहीं बांधता है ।

पापकर्मबन्धक—अजयं चरमाणो अ (उ), पाणभूयाइं हिंसइ । बंधई पावयं कम्मं, तं से होइ कडुअं फलं ।। अजयं चिट्ठमाणो अ, पाणभूयाइ हिंसइ । बंधई पावयं कम्मं, तं से होइ कडुअं फलं ।। अजयं आसमाणो अ, पाणभूयाइ हिंसइ । बंधई पावयं कम्मं, तं से होइ कडुअं फलं ।। अजयं सयमाणो अ, पाणभूयाइ हिंसइ । बंधई पावयं कम्मं, तं से होइ कडुअं फलं ।। अजयं भुंजमाणो अ, पाण-भूयाइ हिंसइ । बंधई पावयं कम्मं, तं से होइ कडुअं फलं ।। (दशवै. सू. श्लो. ४, १–६, पृ. १५६) ।

जो प्रयत्न के बिना—सूत्राज्ञा के विपरीत—चलता है, बैठता है, बैठा हुआ भी उपयोग के बिना हाथ पैरों को फैलाता व सिकोड़ता है, असावधानी से दिन में सोता है, निष्प्रयोजन या कौवे आदि से भक्षित भोजन करता है, तथा कठोर आदि भाषण करता है; वह द्वीन्द्रियादि प्राणियों व एकेन्द्रियादि भूतों (जीवों) को पीड़ित करता है, इसीलिए वह कडुए फलवाले पापकर्म को बांधता है ।

पापकर्मोपदेश—देखो पापोपदेश । पापकर्मोपदेशः—कृष्याद्युपदेशः प्रयोजनं विनेति । (औपपा. अभय. वृ. ४०, पृ. १०१) ।

प्रयोजन के बिना ही कृषि आदि के उपदेश को पापकर्मोपदेश कहते हैं ।

पापजुगुप्सा—पापजुगुप्सा तु तथा सम्यक्त्वपरिशुद्धचेतसा सततम् । पापोद्वेगोऽकरणं तदचिन्ता चेत्यनुक्रमतः ।। (षोडशक. ४–५) ।

निर्मल अन्तःकरण से निरन्तर पाप से उद्विग्न रहना

—पूर्व में किये गये पाप के विषय में पश्चात्ताप करना, वर्तमान में पाप को न करना, तथा भविष्य में पाप का चिन्तन न करना, इस सबका नाम पापजुगुप्सा है। अथवा पापोद्वेग का अर्थ काय से पाप का परित्याग करना, वचन से उसका न कहना और मन से चिन्तन न करना; इसे पापजुगुप्सा समझना चाहिए।

पापप्रकृति—पापप्रकृतयः कटुकरसा अशुभा उच्यन्ते। (शतक. दे. स्वो. वृ. १)।

कडुए रस वाली कर्मप्रकृतियां पापप्रकृतियां कही जाती हैं।

पापश्रमण—१. आयरियकुलं मुच्चा विहरदि समणो य जो दु एगागी। ण य गेण्हदि उवदेसं पावस्समणो त्ति वुच्चदि दु ॥ (मूला. १०-६८)। २. सयं गेहं परिच्चज्ज परगेहंमि वावडे। निमित्तेणं ववहरइ पावसमणो त्ति वुच्चई ॥ दुद्ध-दही विगईओ आहारेइ अभिक्खणं। अरए य तवोकम्मे पावसमणो त्ति वुच्चई ॥ (सम्बोधस. ५३-५४)।

१ जो साधु आचार्यकुल को छोड़कर अकेला विहार करता है तथा उपदेश को नहीं ग्रहण करता है उसे पापश्रमण कहा जाता है। २ जो अपने घर को छोड़कर पर घर में व्यापृत होता है—आत्मा को छोड़कर पर पदार्थों में मुग्ध रहता है, निमित्तशास्त्र से आजीविका करता है, विकारजनक दूध-दही आदि का भक्षण करता है, तथा तपश्चरण में रत नहीं रहता है—उससे अरुचि रखता है; ऐसे साधु को पापश्रमण कहते हैं।

पापोपदेश—देखो पापकर्मोपदेश। १. तिर्यक्क्लेश-वणिज्या-हिंसारम्भ-प्रलम्भनादीनाम्। कथाप्रसङ्ग-प्रसवः स्मर्तव्यः पाप उपदेशः ॥ (रत्नक. ३-३०)। २. तिर्यक्क्लेश-वाणिज्य-प्राणिवधकारम्भादिषु पापसंयुक्तं वचनं पापोपदेशः। (स. सि. ७-२१)। ३. क्लेश-तिर्यग्वणिज्या-वधकारम्भादिषु पापसंयुतं वचनं पापोपदेशः। तद्यथा—अस्मिन् देशे दासा दास्यश्च सुलभास्तानमुं देशं नीत्वा विक्रये कृते महानर्थलाभो भवतीति क्लेशवणिज्या। गो-महिष्यादीन् अमुत्र गृहीत्वा अन्यत्र देशे व्यवहारे कृते भूरिवित्तलाभ इति तिर्यग्वणिज्या। वागुरिक-सौकरिक-शाकुनिकादिभ्यो मृग-वराह-शकुन्तप्रभृतयोऽमुस्मिन् देशे सन्तीति वचनं वधकोपदेशः। आरम्भकेभ्यः कृषीबलादिभ्यः क्षित्युदक-ज्वलन-पवन-वनस्पत्यारम्भोऽनेनोपायेन कर्तव्यः इत्याख्यानमारम्भकोपदेशः। इत्येवंप्रकारं पापसंयुक्तं वचनं पापोपदेशः। (त. वा. ७, २१, २१; चा. सा. पृ. ९-१०)। ४. पापोपदेशः पापकर्मोपदेशः, पापं यत्कर्म कृष्यादि तदुपदेशो यथा कृष्यादि कुर्विति। (श्रा. प्र. टी. २८९)। ५. पापोपदेश आदिष्टो वचनं पापसंयुतम्। यद्वणिग्वधकारम्भपूर्वसावद्यकर्मसु ॥ (ह. पु. ५८-१४८)। ६. क्लेश-तिर्यग्वणिज्यादिवचनलक्षणात् पापोपदेशात् ××× । (त. श्लो. ७-२१)। ७. विद्या-वाणिज्य-मषी-कृषि-सेवा-शिल्पजीविनां पुंसाम्। पापोपदेशदानं कदाचिदपि नैव वक्तव्यम्। (पु. सि. १४२)। ८. जो उवएसो दिज्जइ किसि-पसुपालण-वणिज्जपमुहेसु। पुरिसित्थीसंजोए अणत्थदण्डो हवे विदिओ ॥ (कार्तिके. ३४५)। ९. पापोपदेशो यद्वाक्यं हिंसा-कृष्यादिसंश्रयम्। तज्जीविभ्यो न तं दद्यान्नापि गोष्ठ्यां प्रसज्जयेत् ॥ (सा. ध. ५-७)। १०. वधकारम्भकादेशो वाणिज्यं तिर्यक्क्लेशयोः। एभिश्चतुर्विधैर्योगैर्मतः पापोदेशकः ॥ (धर्मसं. श्रा. ७-१०)।

१ गाय-भैंस आदि तिर्यंचों के व्यापारविषयक, क्लेशकर दासी-दास आदि के व्यापारविषयक, हिंसाविषयक, आरम्भविषयक और वंचनाविषयक कथावार्ता के प्रसंग से उत्पन्न होने वाले पाप के उपदेश को पापोपदेश कहा जाता है। ४ कृषि आदि कार्य पाप के कारण होने से पाप माने जाते हैं, ऐसी क्रियाओं के उपदेश का नाम पापोपदेश है—जैसे खेती करो, ऐसा उपदेश।

पामिच्च—देखो प्रामित्य।

पारञ्च—देखो पारञ्चिक। पारंचो नाम खेत्ततो देसतो वा निच्छुभइ। (दशवै. चू. पृ. २६)।

क्षेत्र या देश से पृथक् कर देना, इसे पारंच कहा जाता है।

पारञ्चिक—देखो अनुपस्थान। १. आचार्यादाचार्यान्तरप्रापणमातृतीयं पारञ्चिकम्। (त. वा. ९, २२, १०)। २. पुरुषविशेषस्य स्वलिङ्ग-राजपत्न्यासेवनायां पारञ्चिकं भवति, पारं प्रायश्चित्तान्तमञ्चति गच्छतीति पारञ्चिकम्। (आव. नि. हरि. वृ. १४१८, पृ. ७६४)। ३. जो सो पारंचिओ सो एवंविहो (अणवट्ठसंणिहो) चेव होदि, किंतु सा-

धम्मियवज्जियखेत्ते समाचरेयव्वो। एत्थ उक्कस्सेण छम्मासक्खवणं पि उवइट्ठं। एदाणि दो वि पायच्छित्ताणि णरिंदविरुद्धाचरिदे आयरियाणं नव-दस-पुव्वहराणं होदि। (धव. पु. १३, पृ. ६२-६३)। ४. सर्वगुणैः समग्रस्य देयं पारंचिकं भवेत्। व्युत्सृष्टस्यापि येनास्याशुद्धभावो न जायते। (प्रायश्चित्तस. ६-१५७)। ५. पारं अंचदि परदेसमेदि गच्छदि जदो तदो एसो। पारंचिगो त्ति भण्णदि पायच्छित्तं जिणमदम्मि॥ (छेदपिण्ड २८२)। ६. स्वधर्मरहितक्षेत्रे प्रायश्चित्ते पुरोदिते। चारः पारंचिकं जैनधर्मात्यन्तरतेर्मतम्॥ (आचा. सा. ६-६२)। ७. पारंचियारिहं—अञ्चु गइ-पूयणेसु; पारं अञ्चइ तवाईणं जम्मि पडिसेविए लिंग-खेत्त-कालविसिट्ठाणं, तं पारंचियारिहं। (जीतक. चू. गा. ४, पृ. ६)। ८. पारं तीरं तपसा अपराधस्य अञ्चति गच्छति ततो दीक्ष्यते यः स पाराञ्ची, स एव पाराञ्चिकस्तस्य यदनुष्ठानं तच्च पाराञ्चिकं लिंग-क्षेत्र-काल-तपोभिर्बहिष्करणम्। (जीतक. चू. वि. व्या. ६-२१, पृ. ३९)। ९. तथा पारमन्तं प्रायश्चित्तानाम्, तत उत्कृष्टतरप्रायश्चित्ताभावात्, अपराधानां वा पारमञ्चति गच्छतीत्येवंशीलं पाराञ्चि, तदेव पाराञ्चिकम्। तच्च महत्यपराधे लिंग-कुल-गण-संघेभ्यो बहिष्करणम्। (योगशा. स्वो. विव. ४-९०)। १०. यस्मिन् प्रतिसेविते लिंग-क्षेत्र-काल-तपसां पारमञ्चति तत् पाराञ्चितमर्हतीति पाराञ्चितम्। (व्यव. मलय. वृ. १-५३)।

१ एक आचार्य से तीसरे आचार्य तक अन्य आचार्यों के पास पहुंचाना, इसका नाम पारञ्चिक प्रायश्चित्त है। ३ राजा के विरुद्ध आचरण करने पर जो प्रायश्चित्त नौ-दस पूर्वों के धारक आचार्यों से कराया जाता है उसका नाम पारंचिक प्रायश्चित्त है। यह प्रायश्चित्त साधर्मिक जन से रहित क्षेत्र में कराया जाता है। इसमें अपराधी आचार्य मुनियों के आश्रम से अलग रहता है, उसे कोई भी साधु प्रतिवन्दना नहीं करता, गुरु को छोड़कर वह अन्य सबसे मौन रखता है, तथा उपवास, आचाम्ल पुरिमार्ध (निर्विकृतिक तपविशेष), एकस्थान और निर्विकृति आदि के द्वारा रस, रुधिर एवं मांस को सुखाता है। ५ इस प्रायश्चित्त में चूंकि अपराधी दूसरे देश को जाता है, अत एव इसका नाम पारंचिक या पारांचिक प्रायश्चित्त है। ८ 'पारं अञ्चति' इस निरुक्ति के अनुसार अपराधी तप के द्वारा अपराध के पार जाता है व तत्पश्चात् उसे पुनः दीक्षा दी जाती है, इससे उसे पारांची या पारांचिक कहा जाता है। उसके लिंग, क्षेत्र, काल और तप से बहिष्कृत करने रूप अनुष्ठान को भी पारांचिक कहा जाता है।

पारञ्चित—देखो पारञ्चिक।

पारञ्ची—धर्मस्य पारं तीरमञ्चति गच्छति, तेन कारणेन पुरुषः पारञ्ची स्मृतः। (प्रायश्चित्त. ७, २७)।

इस प्रायश्चित्त में अपराधी धर्म के पार (किनारे) जाता है, इससे वह पारंची कहलाता है।

पारमार्थिक नोकर्मद्रव्यक्षेत्र—पारमत्थियं णोकम्मदव्वखेत्तं आगासदव्वं। (धव. पु. ४, पृ. ७)।

पारमार्थिक नोकर्मद्रव्यक्षेत्र आकाश कहलाता है।

पारमार्थिक प्रत्यक्ष—देखो मुख्य प्रत्यक्ष। १. पारमार्थिकं पुनरुत्पत्तावात्ममात्रापेक्षम्। (प्र. न. त. २-१८)। २. परमार्थे भवं पारमार्थिकं मुख्यम्, आत्मसन्निधिमात्रापेक्षम्, अवध्यादि प्रत्यक्षमित्यर्थः। (रत्नाकरा. २-४); क्षय-क्षयोपशमविशेषविशिष्टमात्मद्रव्यमेवाऽव्यवहितं समाश्रित्य पारमार्थिकमेतदवध्यादिप्रत्यक्षमुन्मज्जति, न पुनः सांव्यवहारिकमिवेन्द्रियादिव्यवहितमात्मद्रव्यमाश्रित्येति भावः। (रत्नकरा. २-१८)। ३. सर्वतो विशदं पारमार्थिकं प्रत्यक्षम्। (न्यायदी. पृ. ३४)। ४. पारमार्थिकं त्वात्मसंनिधिमात्रापेक्षमवध्यादिप्रत्यक्षम्। (षड्दस. गु. वृ. ५५, पृ. २०८)। ५. स्वोत्पत्तावात्मव्यापारमात्रापेक्षं पारमार्थिकम्। (जैनत. पृ. ११८)।

१ जो ज्ञान अपनी उत्पत्ति में आत्मा मात्र की अपेक्षा करता है—इन्द्रियादि अन्य कारणों की अपेक्षा नहीं करता—उसे पारमार्थिक प्रत्यक्ष कहते हैं।

पारमार्थिकप्रत्यक्षाभास—पारमार्थिकप्रत्यक्षमिव यदाभासते तत्तदाभासम्। (प्र. न. त. ६-२९)।

जो पारमार्थिक प्रत्यक्ष के समान दिखता है, पर वस्तुतः पारमार्थिक प्रत्यक्ष नहीं है, वह परमार्थिकप्रत्यक्षाभास कहलाता है।

पाराञ्चिक—देखो पारञ्चिक।

पाराञ्चित—देखो पारञ्चित।

पारायण—पारायणं नाम सूत्रार्थ-तदुभयानां पारगमनम् । (व्यव. भा. मलय. वृ. ४–३) ।

सूत्र, अर्थ एवं दोनों के पारगमन को अर्थात् आद्योपान्त अध्ययन कर लेने को पारायण कहते हैं ।

पारिग्रहिकी—देखो परिग्रहक्रिया व पारिग्राहिकी क्रिया परिग्रहो धर्मोपकरणवर्ज्जवस्तुस्वीकारः धर्मोपकरणमूर्च्छा च, परिग्रह एव पारिग्रहिकी, परिग्रहेण निर्वृत्ता वा पारिग्राहिकी । (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८४, पृ. ४४७) ।

धर्मोपकरणों को छोड़कर अन्य वस्तु को स्वीकार करना व धर्मोपकरणों में भी अनुराग रखना, इसका नाम परिग्रह है । इस परिग्रह से होने वाली क्रिया को पारिग्रहिकी क्रिया कहा जाता है ।

पारिग्राहिकी क्रिया— देखो परिग्रहक्रिया । १. परिग्रहाविनाशार्था पारिग्राहिकी क्रिया । (स. सि. ६–५; त. वा. ६, ५, ११) । २. परिग्रहाविनाशार्था स्यात् पारिग्राहिकी क्रिया । (त. इलो. ६, ५, २४) । ३. परिग्रहाणामविनाशे प्रयत्नः पारिग्राहिकी क्रिया । (त. वृत्ति श्रुत. ६–५) ।

१ परिग्रह के अविनाश के लिये—उसके संरक्षण के निमित्त—जो क्रिया की जाती है उसे पारिग्राहिकी क्रिया कहा जाता है ।

पारिणामिकत्व—भावान्तरोपादानं पारिणामिकत्वमुच्यते । ××× परिणामयतीति परिणामकः, परिणामक एव पारिणामिकः । (त. वृत्ति श्रुत. ५–३७) ।

अवस्थान्तर की प्राप्ति को पारिणामिकत्व या पारिणामिकता कहा जाता है ।

पारिणामिक भाव— १. द्रव्यात्मलाभमात्रहेतुकः परिणामः । ××× परिणामः प्रयोजनमस्येति पारिणामिकः । (स. सि. २–१) । २. **द्रव्यात्मलाभमात्रहेतुकः परिणामः** । यस्य भावस्य द्रव्यात्मलाभमात्रमेव हेतुर्भवति, नान्यन्निमित्तं स परिणाम इति परिभाष्यते । ××× परिणामः प्रयोजनमस्येति पारिणामिकः । (त. वा. २, १, ५–६); **अन्यद्रव्यासाधारणास्त्रयः पारिणामिकाः** । ××× **कर्मोदय-क्षयोपशम-क्षयोपशमानपेक्षत्वात्** । नहि एवंविधं कर्मास्ति यस्योदयात् क्षयात् उपशमात् क्षयोपशमाद्वा जीवो भव्योऽभव्य इति चोच्यते । तदभावादनादिद्रव्यभवनसम्बन्धपरिणामनिमित्तत्वात् पारिणामिका इति व्यपदिश्यन्ते । (त. वा. २, ७, १–२) । ३. कर्मोदयोपशम-क्षय-क्षयोपशममन्तरेणोत्पन्नः पारिणामिकः । (धव. पु. १, पृ. १६१); जो चउहि (ओदइय-ओवसमिय-खइय-खओवसमिएहि) भावेहि पुव्वुत्तेहि वदिरित्तो जीवाजीवगओ सो पारिणामिओ णाम । (धव. पु. ५, पृ. १८५); जो कम्माणमुदय-उवसम-खइय-खओवसमेहि विणा अण्णेहिंतो उप्पण्णो परिणामो सो पारिणामिओ भण्णदि । (धव. पु. ५, पृ. १९६); भावो दु पारिणामिओ करणोभयवज्जियो होदि ॥ (धव. पु. ७, पृ. ६; धव. पु. १२, पृ. २७९ उद्.) । ४. परिणमनं परिणामो जीवत्वाद्याकारेण यद् भवनं सः पारिणामिकः । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५, पृ. ४८); पारिणामिकशब्देन च द्रव्यभावप्राणावस्थाख्यः परिणाम उच्यते । तथा सेधनयोग्यः परिणामो भव्यः, अभव्यस्तु न कदाचित् सेधनयोग्यः परिणाम इति । (त. भा. सिद्ध. वृ. २–१, पृ. १४०)। ५. द्रव्यात्मलाभहेतुः स्यात् परिणामोऽनपेक्षिणः ॥ एतत्प्रयोजना भावाः सर्वोपशमिकादयः । इत्यौपशमिकादीनां शब्दानामुपवर्णिता (निरुक्तिः) ॥ (त. इलो. २, १, ४-५)। ६. सकलकर्मोपाधिविनिर्मुक्तः परिणामे भवः पारिणामिकभावः । (नि. सा. वृ. ४१) । ७. परिणमनं परिणामः—कथञ्चिदवस्थितस्य वस्तुनः पूर्वावस्थापरित्यागेनोत्तरावस्थागमनम्, स एव तेन वा निर्वृत्तः पारिणामिकः । (प्रव. सारो. वृ. १२९०) । ८. कारणणिरवेक्खभवो सहावियो पारिणामिओ भावो। (भावत्रि. २३) । ९. स्वभावः परिणामः स्यात्तद्भवः पारिणामिकः । (भावसं. वाम. ९) । १०. कर्मोपशमादिनिरपेक्षः चेतनत्वादिः जीवस्य स्वाभाविको भावः पारिणामिको निगद्यते । (त. वृत्ति श्रुत. २–१) । ११. कृत्स्नकर्मनिरपेक्षः प्रोक्तावस्थाचतुष्टयात् । आत्मद्रव्यत्वमात्रात्मा भावः स्यात् पारिणामिकः ॥ (पंचाध्या. २–९६८) ।

१ जिस भाव का कारण द्रव्य का आत्मलाभ मात्र हो—अन्य कोई न हो—उसे पारिणामिक भाव कहते हैं । ७ कथंचित् अवस्थित वस्तु जो एक अवस्था को छोड़कर अगली दूसरी अवस्था को प्राप्त होती है, इसका नाम परिणाम है । इसी को अथवा इससे रचे गये को पारिणामिक कहा जाता है ।

पारिणामिकी—१. णिय-णियजादिविसेसे उप्पण्णा पारिणामिकी णामा ॥ (ति. प. ४, १०२०) । २. अणुमाण-हेउ-दिट्ठंतसाहिया वयविवागपरिणामा । हिअ-निस्सेअसफलवई बुद्धी परिणामिआ नाम ॥ (आव. नि. ९४८; नन्दी. सू. गा. ६९; उप. प. ४८) । ३. पारिणामिकी तु वयोविपाकलब्धजन्मा परमहित-निःश्रेयसफला पंचावयवादिसाधनानुसारिणी भवत्यभयकुमारादेरिव । (त. भा. हरि. वृ. ९–६) । ४. परिः समन्ताद्गमनं परिणामः—सुदीर्घकालपूर्वापरार्थावलोकनादिजन्य आत्मधर्म इत्यर्थः, स कारणमस्यास्तत्प्रधाना वा पारिणामिकी । (आव. नि. हरि. वृ. ९३८, पृ. ४१५) । ५. सग-सगजादिविसेसेण समुप्पण्णपण्णा पारिणामिया णाम । × × × जादिविसेसजणिदकम्मक्खओवसमसमुप्पण्णा पारिणामिया । (धव. पु. ९, पृ. ८२–८३) । ६. स्वकीय-स्वकीयजातिविशेषेण समुत्पन्ना पारिणामिकी चेति । (चा. सा. पृ. ९७) । ७. तथा परि—समन्तान्नमनम्— यथावस्थितवस्त्वनुसारितया गमनं परिणामः, सुदीर्घकालपूर्वापरार्थावलोकनादि जन्य आत्मधर्मविशेष इत्यर्थः, स कारणमस्याः पारिणामिकी, बुद्ध्यतेऽनयेति बुद्धिः । (आव. नि. मलय. वृ. ९३८) ।

१ अपनी अपनी विशेष जातिमें जो बुद्धि उत्पन्न होती है उसे पारिणामिकी बुद्धि कहा जाता है। २ जो बुद्धि अनुमान, हेतु और दृष्टान्त के द्वारा अभीष्ट की साधक होती है; आयु के परिपाक के अनुसार जिसका परिणमन होता है, तथा जो अभ्युदय और निःश्रेयस (मोक्ष) से सफल होती है; वह पारिणामिकी बुद्धि कहलाती है ।

पारितापनिकी क्रिया—१. दुःखोत्पत्तितन्त्रत्वात् पारितापिकी क्रिया । (स. सि. ६–५; त. वा. ६, ५, ८) । २. दुःखोत्पत्तिः स्वतंत्रत्वात् क्रियाऽन्या परितापिकी । (ह. पु. ५८–६७) । ३. दुःखोत्पादनतन्त्रत्वं स्यात्क्रिया पारितापिकी । (त. श्लो. ६, ५, १०) । ४. परितापो दुःखम्, दुःखोत्पत्तिनिमित्ता क्रिया पारितापिकी क्रिया । (भ. आ. विजयो. ८०७) । ५. परितापनं ताडनादिदुःखविशेषलक्षणम्, तेन निर्वृत्ता पारितापनिकी क्रिया । (स्थाना. अभय. वृ. ६०; समवा. अभय. वृ. ५) । ६. दुःखोत्पत्तौ परितप्तिपरवशत्वं पारितापिकी क्रिया । (त. वृत्ति श्रुत. ६–५) ।

१ जो दुःख की उत्पत्ति के अधीन किया की जाती है—उसकी उत्पत्ति का कारण है—उसे पारितापिकी क्रिया कहा जाता है । ५ ताड़नादि दुःखविशेष रूप परिताप से जो क्रिया निर्मित होती है उसका नाम पारितापनिकी या पारितापिकी क्रिया है ।

पारितापिकी क्रिया—देखो पारितापनिकी क्रिया ।

पारिव्राज्य—गार्हस्थ्यमनुपाल्यैवं गृहवासाद्विरज्यतः । यद्दीक्षाग्रहणं तद्धि पारिव्राज्यं प्रचक्ष्यते ॥ पारिव्राज्यं परिव्राजो भावो निर्वाणदीक्षणम् । तत्र निर्ममतावृत्त्या जातरूपस्य धारणम् ॥ (म. पु. ३९–१५६, १५७) ।

गृहस्थ धर्म का पालन करने के पश्चात् गृहवास से विरक्त होते हुए जो दीक्षा ग्रहणकी जाती है उसे पारिव्राज्य—परिव्राजक का अनुष्ठान—कहा जाता है । परिव्राट् के भाव का नाम पारिव्राज्य है, जिसका अभिप्राय निर्वाणदीक्षा है । इसमें ममत्वबुद्धि को छोड़कर जातरूप—दिगम्बरवेष—धारण किया जाता है ।

पारिषद—देखो पार्षद्य । १. वयस्यपीठमर्दसदृशाः परिषदि भवाः पारिषदाः । (स. सि. ४–४) । २. पारिषद्याः वयस्यस्थानीयाः । (त. भा. ४–४) । ३. वयस्यपीठमर्दसदृशाः पारिषदाः । परिषदि जाता भवा वा पारिषदाः, ते वयस्यपीठमर्दसदृशाः वेदितव्याः । (त. वा. ४, ४, ४) । ४. भवाः परिषदीत्यासन् सुराः पारिषदाह्वयाः । ते पीठमर्दसदृशाः सुरेन्द्रैरतिलालिताः ॥ (म. पु. २२–२६)। ५. परिषदि साधवः पारिषद्याः मित्रसदृशाः । (त. भा. सिद्ध. वृ. ४–४) । ६. परिषदि सभायां भवाः पारिषदाः पीठमर्दमित्रतुल्याः । (त. वृत्ति श्रुत. ४–४) ।

१ जो सभा में उपस्थित रहने योग्य होते हैं वे पारिषद कहलाते हैं । ये देव मित्र अथवा पीठमर्द —कामपुरुषार्थ में सहायक—के समान होते हैं । २ जो देव मित्र के समान होते हैं उन्हें पारिषद्य कहा जाता है ।

पारिषद्य—देखो पारिषद ।

पार्थिव मण्डल—क्षितिबीजसमाक्रान्तं द्रुतहेमसमप्रभम् । स्याद् वज्रलाञ्छनोपेतं चतुरस्रं धरापुरम् ॥ (ज्ञानार्णव २९–१९, पृ. २८८) ।

पृथिवी बीज से सहित, पिघले हुए सुवर्ण के सदृश,

वज्र के चिह्न से चिह्नित और आकार में चौकोण धरापुर—पार्थिव मण्डल होता है।

पार्थिवी धारणा—तिर्यग्लोकसमं ध्यायेत् क्षीराब्धि तत्र चाम्बुजम्। सहस्रपत्रं स्वर्णाभं जम्बूद्वीपसमं स्मरेत्॥ तत्केसरततेरन्तः स्फुरत्पिङ्गप्रभांचिताम्। स्वर्णाचलप्रमाणा च कर्णिकां परिचिन्तयेत्॥ श्वेत-सिंहासनासीनं कर्मनिर्मूलनोद्यतम्। आत्मानं चिन्त-येत्तत्र पार्थिवी धारणेत्यसौ॥ (योगशा. ७, १०–१२)।

ध्यान की अवस्था में मध्य लोक के बराबर क्षीर-सागर, उसके मध्य में जम्बूद्वीप के प्रमाण वाले सहस्रपत्रमय सुवर्णकमल, उसके पराग समूह के भीतर पीली कान्ति से युक्त सुमेरु के प्रमाण कर्णिका और उसके ऊपर एक श्वेत वर्ण के सिंहासन पर स्थित होकर कर्मों के नष्ट करने में उद्यत आत्मा का चिन्तन करे। यह पार्थिवी धारणा कहलाती है।

पार्श्व—पश्यति सर्वभावानिति निरुक्तात् पार्श्वः, तथा गर्भस्थे जनन्या निशि शयनस्थयाऽन्धकारे सर्पो दृष्ट इति गर्भानुभावोऽयमिति मत्वा पश्यतीति पार्श्वः, पार्श्वोऽस्य वैयावृत्यकरस्तस्य नाथः, भीमो भीमसेन इति वत् पार्श्वः। (योगशा. स्वो. विव. ३–१२४)।

'पश्यति सर्वभावानिति पार्श्वः' इस निरुक्ति के अनु-सार जो समस्त पदार्थों को देखता है उसका नाम पार्श्व है, अथवा माता के गर्भ में स्थित होने पर शय्या पर स्थित माता ने अन्धकार में जो सर्पको देखा था, यह गर्भ का प्रभाव है, ऐसा मानकर 'पश्यति' इस निरुक्ति के अनुसार 'पार्श्व' कहलाये, अथवा पार्श्व-नामक यक्ष के स्वामी होने से तेईसवें तीर्थंकर का नाम पार्श्वनाथ प्रसिद्ध हुआ।

पार्श्वतः अन्तगत अवधिज्ञान—१. से किं तं पासओ अतगयं? पासओ अंतगयं—से जहानामए केइ पुरिसे उक्कं वा चडुलिअं वा अलायं वा मणिं वा पईवं वा जोइं वा पासओ काउं परिकड्ढेमाणे गच्छिज्जा से तं पासओ अंतगयं। (नन्दी. सू. १०, पृ. ८२)। २. येन तु पार्श्वतः एकतो द्वाभ्यां वा संख्येयान्यसंख्येयानि वा योजनानि पश्यति स पार्श्व-तोऽन्तगतः इति। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३१७, पृ. ५३७)।

१ जिस प्रकार कोई पुरुष उल्का (छोटा दीपक), चडुली (अन्त में जलता हुआ घास का पूला), अलात (अग्रभाग में जलती हुई लकड़ी), मणि, प्रदीप अथवा ज्योति को पार्श्वभाग में करके खींचता हुआ जाता है; इसी प्रकार जो अवधिज्ञान एक पार्श्व से अथवा दोनों पार्श्वों से संख्यात-असंख्यात योजनों को देखता है, वह पार्श्वतः अन्तगत अवधिज्ञान कह-लाता है।

पार्श्वमुद्रा—पराङ्मुखहस्ताभ्यां वेणीबन्धं विधाया-भिमुखीकृत्य तर्जन्यौ संश्लेष्य शेषाङ्गुलिमध्ये अङ्गु-ष्ठद्वयं विन्यसेदिति पार्श्वमुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३३)। **उल्टे हाथों से वेणीबन्ध करके सामने करते हुए दोनों तर्जनियों के मिलाने और शेष अंगुलियों के मध्य में दोनों अंगूठों के रखने पर पार्श्वमुद्रा होती है।**

पार्श्वस्थ—१. दंसण-नाण-चरित्ते तवे य अत्तहितो पवयणे य। तेसिं पासविहारी पासत्थं तं वियाणेहि॥ (व्यव. भा. १–२२७, पृ. १११)। २. अयोग्यं सुख-शीलतया यो निषेवते कारणमन्तरेण स सर्वथा पार्श्वस्थः। (भ. आ. विजयो. १९५०)। ३. यो वसतिसु प्रतिबद्ध उपकरणोपजीवी च श्रमणानां पार्श्वे तिष्ठतीति पार्श्वस्थः। (चा. सा. पृ. ६३)। ४. सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्राणां पार्श्वे समीपे तिष्ठ-तीति पार्श्वस्थः रत्नत्रयबहिर्भूतः। (प्रायश्चित्तस. टी. ७–२५)। ५. वसत्युपधिसंगस्थः पार्श्वस्थः स्यात् × × ×। (आचा. सा. ६–५०)। ६. पार्श्व-स्थोऽन्योद्गमादिभोजी शबलाचारः। (व्यव. मलय. वृ. ३, १६५, पृ. ३५)। ७. निरतिचारसंयममार्गं जानन्नपि न तत्र वर्तते, किन्तु संयममार्गपार्श्वे तिष्ठति, नैकान्तेनासंयतः, न च निरतिचारसंयमः, सोऽभिधीयते पार्श्वस्थः। (भ. आ. मूला. १९५०)। ८. पार्श्वस्थः दर्शनादीनां पार्श्वे तिष्ठतीति पार्श्वस्थः। (सम्बोधस. वृ. ६, पृ. १०)।

१ जो आत्महितकर दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप और प्रवचनके पार्श्व में विहार करता है—उनके पूर्णतया पालन में प्रयत्नशील नहीं रहता—उसे पार्श्वस्थ मुनि कहा जाता है। २ जो सुखस्वभाव होने से कारण के बिना ही अयोग्य का सेवन करता है, वह पार्श्वस्थ कहलाता है।

पार्षद्य—देखो पारिषद्य। १. वयस्यप्रायाः पार्षद्याः × × ×। (त्रि. श. पु. च. २, ३, ७७३)।

२. तथा पर्षदि साधवः पार्षद्याः, "पर्षदो ण्यणौ" इति ण्य-प्रत्ययः, ते च वयस्यस्थानीयाः मित्रसदृशा देवराजानामिति भावः। (बृहत्सं. मलय. वृ. २)। ३. पर्षदि साधवः पार्षद्याः, देवराजानां मित्रप्रायाः। (संग्रहणी दे. वृ. १)।

१ मित्र के समान जो देव होते हैं वे पार्षद्य कहलाते हैं।

पार्ष्णिग्राह—यो विजिगीषौ प्रस्थितेऽपि प्रतिष्ठमाने वा पश्चात्कोपं जनयति स पार्ष्णिग्राहः। (नीतिवा. २८-२६, पृ. ३१६)।

जो विजिगीषु के प्रस्थान कर चुकने पर अथवा प्रस्थान के समय पीछे क्रोध को उत्पन्न करता है उसे पार्ष्णिग्राह कहते हैं।

पालित—पालितं चेव—पुनः पुनरुपयोगप्रतिजागरणेन रक्षितम्। (आव. नि. हरि. वृ. १५९३, पृ. ८५१)।

बार-बार के उपयोग और जागरूकता से सुरक्षित वस्तु को पालित कहते हैं।

पालिभेद, पालीभेद—संजममहातलागस्स णाणवेरग्गसुपडिपुण्णस्स। सुद्धपरिणामजुत्तो तस्स उ अणइक्कमो पाली॥ संजमअभिमुहस्स वि विसुद्धपरिणामभावजुत्तस्स। विकहादिसमुप्पण्णो तस्स उ भेदो मुणेयव्वो॥ अहवा पालयतीति उवस्सयं तेण होति सा पाली। तीसे जायति भेदो अप्पाण-परोभयसमुत्थो॥ (बृहत्क. ३७०४-६)।

शुद्ध परिणाम से युक्त साधु ज्ञान और वैराग्य से परिपूर्ण संयमरूप महासरोवर का जो उल्लंघन नहीं करता है, इसका नाम पालि है। संयम के अभिमुख होते हुए भी साध्वी के उपाश्रय में जाने पर विकथा आदि के कारण उक्त पालि का भेद (विनाश) होता है। अथवा 'पालयतीति पाली' इस निरुक्ति के अनुसार उपाश्रय का रक्षण करने वाली साध्वी को पाली कहा जाता है। संयत को देखकर उस अकेली का अपने द्वारा, पर के (जाने वाले साधु के) द्वारा अथवा दोनों के द्वारा भेद (विभाग) होता है। यह उपाश्रय में जाने का दोष है।

पाशमुद्रा—अंगुष्ठं तर्जनीं संयोज्य शेषाङ्गुलीप्रसारणेन पाशमुद्रा। परस्परोन्मुखौ मणिबन्धाभिमुखकरशाखौ करौ कृत्वा ततो दक्षिणाङ्गुष्ठ-कनिष्ठिकाभ्यां वाममध्यमानामिके तर्जनीं च तथा वामाङ्गुष्ठ-कनिष्ठिकाभ्यामितरस्य मध्यमानामिके तर्जनीं समाक्रमयेदिति पाशमुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३२)।

दोनों हाथों की तर्जनी और अंगूठों को मिलाकर शेष अंगुलियों के पसारने को पाशमुद्रा कहते हैं।

पाशस्थ—१. पासोत्ति बंधणंति य एगट्ठं बंधहेयवो पासा। पासत्थिओ पासत्थो ××× ॥ (व्यव. भा. १-२२६, पृ. १११)। २. मिथ्यात्वादयो बन्धहेतवस्ते पाशा इव पाशास्तेषु स्थितः पाशस्थः। (व्यव. भा. मलय. वृ. १-२२६, पृ. १११)। ३. मिथ्यात्वादयो बन्धहेतवः पाशाः, पाशेषु तिष्ठतीति पाशस्थः। (सम्बोधस. वृ. ६, पृ. १०)।

१ पाश और बन्धन ये समानार्थक शब्द हैं, बन्धन के हेतुओं—मिथ्यादर्शनादिकों को—पाश कहा जाता है, इस प्रकार के पाश में जो स्थित है उसे पाशस्थ कहते हैं।

पाषण्डस्थापनानाम—१. समणे य पंडुरंगे भिक्खू कावालिए अ तावसए। परिवायगे, से तं पासंडनामे॥ (अनुयो. सू. १३०, पृ. १४६)। २. इह येन यत् पाषण्डमाश्रितं तस्य तन्नाम स्थाप्यमानं पाषण्डस्थापनानामाभिधीयते। (अनुयो. सू. मल. हेम. वृ. १३०, पृ. १४६)।

२ श्रमण (निर्ग्रन्थ, शाक्य, तापस, गेरुक और आजीव ये पांच) पांडुरंग, भिक्षु, कापालिक, तापस और परिव्राजक; इनमें से जिसने जिस पाषण्ड का आश्रय लिया है उसके स्थापित किये जाने वाले उस नाम को पाषण्डस्थापना-नाम कहा जाता है।

पाषण्डिमूढता—देखो पाखण्डिमूढता।

पांशु—पांशवो नाम धूमाकारमापाण्डुरमचित्तं रजः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ७-२८२)।

धुएं के आकार वाली कुछ सफेद अचित्त धूलि का नाम पांशु है।

पिङ्गलनिधि—देखो पाण्डु। १. सव्वा आभरणविही पुरिसाणं जा य होइ महिलाणं। आसाण य हत्थीण य पिंगलगणिहिंमि सा भणिया॥ (जम्बूद्वी. ६६, पृ. २५६)। २. नराणामथ नारीणां हस्तिनां वाजिनामपि। सर्वोऽप्याभरणविधिर्निधेर्भवति पिंगलात्॥ (त्रि. श. पु. च. १, ४, ५७६)।

१ पुरुषों, स्त्रियों, घोड़ों और हाथियों के आभरणों की जो सब विधि है वह पिंगलनिधि में कही गई है।

पिच्छ—पिच्छः परिहारः, यतः परिहारप्रायश्चित्तं विदधानः अहं परिहारप्रायश्चित्तीति ज्ञापननिमित्त-

मग्रत: पिच्छं प्रतिदर्शयति ततः परिहारः पिच्छमित्युच्यते। (प्रायश्चित्तस. टी. ६-१८)।

'पिच्छ' यह परिहारप्रायश्चित्तका नाम है। कारण इसका यह है कि परिहारप्रायश्चित्त को स्वीकार करने वाला 'मैं परिहारप्रायश्चित्त वाला हूं' यह बतलाने के लिए आगे पिच्छी को दिखलाता है, इसी से परिहार को पिच्छ कहा जाता है।

पिण्डकल्पिक—पढिए य कहिय अहिगय परिहरति पिंडकप्पितो एसो। तिविहं तीहिं विसुद्धं परिहरनवगेण भेदेणं॥ (बृहत्कल्प. ५३२)।

जो दशवैकालिक के अन्तर्गत पिण्डैषणा अध्ययन के पढ़ लेने, अर्थ के कहने, उसके समझ लेने और समझकर तदनुसार श्रद्धा के कर लेने पर उद्गम, उत्पादन व एषणा दोषों से शुद्ध तथा मन, वचन एवं काय से विशुद्ध इन परिहारविषयक नौ से परिहार करता है—मन-वचन-काय और कृत-कारित अनुमोदना से अशुद्ध आहार को ग्रहण नहीं करता है—वह पिण्डकल्पिक कहलाता है।

पिण्डप्रकृति—१. एवमेदाम्रो (गदि-जादिपहुडिम्रो) याम्रो वादालीसं पिंडयडीम्रो। को पिंडो णाम? बहूणं पयडीणं संदोहो पिंडो। (धव. पु. १३, पृ. ३६६)। २. अनेकावान्तरभेदपिण्डात्मकाः प्रकृतयः पिण्डप्रकृतयः। (सप्तति. मलय. वृ. ६)।

१ बहुत प्रकृतियों के समूहरूप प्रकृतियां पिण्डप्रकृतियां कहलाती हैं। २ अवान्तर अनेक भेदवाली कर्म-प्रकृतियों को पिण्डप्रकृति कहते हैं।

पिण्डस्थध्यान—१. जीवपएसप्पचयं पुरिसायारं हि णिययदेहत्थं। अमलगुणं झायंतं झाणं पिंडत्थअहिहाणं॥ (भावसं. दे. ६२२)। २. णियणाहिकमलमज्झे परिट्ठियं विप्फुरंतरवितेयं। झाएह अरुहरूवं झाणं तं मुणह पिंडत्थं॥ झायह णियकर (?) मज्झे भालयले हियय-कंठदेसम्मि। जिणरूवं रवितेयं पिंडत्थं मुणह झाणमिणं॥ (ज्ञानसार १९-२०)। ३. पिण्डस्थो ध्यायते यत्र जिनेन्द्रो हतकल्मषः। तत् पिण्डपङ्कजकध्वंसि पिण्डस्थं ध्यानमिष्यते॥ (अमित. श्रा. १५-५३)। ४. सियकिरणविप्फुरंतं अट्ठमहापाडिहेरपरियरियं। झाइज्जइ जं णिययं पिण्डत्थं जाण तं झाणं॥ अहवा णाहिं च वियप्पिऊण मेरु अहोविहायम्मि। झाइज्ज अहोलोयं तिरियम्मं तिरिए वीए॥ उड्ढम्मि उड्ढलोयं कप्पविमाणाणि संधपरियंते। गेविज्जमया गीवं अणुद्दिसं हणुपएसम्मि॥ विजयं च वैजयंतं जयंतमवराजियं च सव्वत्थं। झाइज्ज मुहपएसे णिलाडदेसम्मि सिद्धसिला॥ तस्सुवरि सिद्धणिलयं जहसिहरं जाण उत्तमंगम्मि। एवं जं णियदेहं झाइज्जइ तं पि पिण्डत्थं॥ (वसु. श्रा. ४५९-६३)। ५. पिण्डो देह इति तत्र तत्रास्त्यात्मा चिदात्मकः। तस्य चिन्तामयं सद्भिः पिण्डस्थं ध्यानमीरितम्॥ (भावसं. वाम. ६६१)। ६. नाभिपद्मादिरूपेषु ध्यानं स्थानेषु योगिनाम्। यदिष्टदेवतादीनां तत्पिण्डस्थं निगद्यते॥ (गु. गु. ष. स्वो. वृ. २, पृ. १०)। ७. अन्तःकरणसंस्थं यच्छरीरे निश्चलं भवेत्। तन्मयत्वादिशुद्धं तत् पिण्डस्थं ध्यानमुच्यते॥ (बुद्धिसा. ११७, पृ. २४)।

१ अपने शरीर में पुरुष के आकार जो निर्मल गुण वाला जीवप्रदेशों का समुदाय स्थित है उसके चिन्तन का नाम पिण्डस्थ ध्यान है। ६ नाभिकमलादिरूप स्थानों में जो इष्ट देवता आदिकों का ध्यान किया जाता है, वह योगियों का पिण्डस्थध्यान कहलाता है।

पिता—पाति रक्षत्यपत्यमिति पिता। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ५७)।

सन्तान के पालन करने वाले को पिता कहते हैं।

पितामह—यस्य वाक्यामृतं पीत्वा भव्या मुक्तिमुपागताः। दत्तं येनाभयं दानं सत्त्वानां स पितामहः। (आप्तस्व. ३६)।

जिसके वचनामृत को पीकर—उपदेश को हृदयंगम करके—भव्य जीवों ने मुक्ति को प्राप्त किया है तथा जिसने जीवों को अभयदान दिया है, उसे पितामह कहा जाता है।

पिपासापरीषहजय—देखो तृषापरीषहजय। पिपासितः पथिस्थोऽपि तत्त्वविद्दैन्यवर्जितः। शीतोदकं नाभिलषेन्मृगयेत् कल्पितोदकम्॥ (आव. नि. हरि. वृ. ६१८, पृ. ४०३)।

मार्ग में स्थित तत्त्वज्ञ साधु प्यास से पीड़ित होता हुआ भी दीनता से रहित होकर शीतल जल की इच्छा नहीं करता, किन्तु कल्पित (ग्राह्य) जल की ही जो अपेक्षा करता है, यह पिपासापरीषहजय है।

पिपासासहन—देखो तृषापरीषहजय। १. जलस्नानावगाहन-परिषेकपरित्यागिनः पतत्रिवदनियता-

सनावसथस्यातिलवण-स्निग्ध-रूक्षविरुद्धाहार-ग्रैष्मातप-पित्तज्वरानशनादिभिरुदीर्णां शरीरेन्द्रियोन्माथिनीं पिपासां प्रत्यनाद्रियमाणप्रतिकारस्य पिपासानलशिखां धृतिनवमृद्घटपूरितशीतलसुगन्धिसमाधिवारिणा प्रशमयतः पिपासासहनं प्रशस्यते। (स. सि. ९–९)। २. उदन्योदीरकहेतूपनिपाते तद्वशाप्राप्तिः पिपासासहनम्। (त. वा. ९, ९ ३; त. श्लो. ९–९); स्नानावगाहन-परिषेकत्यागिनः पतत्रिवदध्रुवासनावसथस्यातिलवण-स्निग्ध-रूक्षविरुद्धाहार-ग्रैष्मातप-पित्तज्वरानशनादिभिरुदीर्णां शरीरेन्द्रियोन्माथिनीं पिपासां प्रत्यनाद्रियमाणप्रतीकारमनसो निदाघे पटुतपनकिरणसन्तापिते अटव्यामासन्नेष्वपि ह्रदेष्वप्कायिकजीवपरिहारेच्छया जलमनाददानस्य सलिलसेकविवेकम्लानां लतामिव ग्लानिमुपगतां गात्रयष्टिमवगणय्य तपःपरिपालनपरस्य भिक्षाकालेऽपीङ्गिताकारादिभिः योग्यमपि पानमचोदयतो धैर्यकुम्भावधारितशीलसुगन्धिप्रज्ञा-तोयेन विध्यापयतः तृष्णाग्निशिखां संयमपरत्वं पिपासासहनमित्यवसीयते। (त. वा. ९, ९, ३; चा. सा. पृ. ४९)। ३. अतीवोत्पन्नपिपासां प्रति प्रतिकारमकुर्वतो भिक्षाकालेऽपीङ्गिताकारादिभिरपि योग्यमपि पानमप्रार्थयतो धैर्य-प्रज्ञाबलेन पिपासासहनम्। (आरा. सा. टी. ४०)।

१ जिसने स्नान व जलसिंचन आदि का परित्याग कर दिया है तथा जिसके रहने का स्थान कोई नियत नहीं है ऐसा साधु अत्यन्त खारे, चिकने व रूखे विपरीत भोजन से तथा ग्रीष्म ऋतु के आतप एवं पित्तज्वर से उत्पन्न व शरीर और इन्द्रियों को पीड़ित करने वाली प्यास के प्रतीकार के लिए उत्सुक न होकर जो उसे धैर्य के साथ सहता है, यह उसका पिपासासहन प्रशंसनीय है।

पिशाच—१. पिशाचाः सुरूपाः सौम्यदर्शना हस्तग्रीवासु मणि-रत्नविभूषणाः कदम्बवृक्षध्वजाः। (त. भा. ४–१२)। २. पिशाचाः स्वभावतः सुरूपाः सौम्यदर्शना हस्त-ग्रीवासु मणि-रत्नमयविभूषणाः। (बृ. संग्रहणी मलय. वृ. ५८)।

१ सुरूप, सौम्यदर्शन, हाथ और गले में मणियों व रत्नों के आभूषणों के धारक तथा कदम्ब वृक्ष से चिह्नित ध्वजाओं के धारण करने वाले व्यन्तर देवों को पिशाच कहते हैं।

पिशुन—पिशुनं प्रीतिविच्छेदकारि द्वयोर्बहूनां वा सत्यासत्यदोषाख्यानात्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–६, पृ. १९६)।

दो या बहुत से व्यक्तियों के सत्य या असत्य दोषों के कहने को पिशुन वचन कहते हैं। ऐसा वचन प्रीति को नष्ट करने वाला होता है।

पिशुल—एदस्स सगलपक्खेवअणंतिमभागस्स पिसुल इदि सण्णा होदि। (धव. पु. १२, पृ. १५८)।

सकल प्रक्षेप के अनन्तवें भाग प्रमाण उसके एक खण्ड का नाम पिशुल है।

पिशुलापिशुल—पुणो तेणेव (सव्वजीवरासिणा) भागहारेण एगपिसुले भागे हिदे एगं पिसुलापिसुलमागच्छदि। (धव. पु. १२, पृ. १६०)।

एक पिशुल में उसी सब जीवराशिरूप भागहार का भाग देने पर एक पिशुलापिशुल आता है।

पिहित—१. सच्चित्तेण व पिहिदं अथवा अचित्तगुरुगपिहिदं च। तं छंडिय जं देयं पिहिदं तं होदि बोधव्वो॥ (मूला. ६–४७)। २. सचित्तपृथिव्या अपां हरितानां बीजानां त्रसानामुपरि स्थापितं पीठफलकादिकम् अत्र शय्या कर्तव्येति या दीयते सा पिहिता। (भ. आ. विजयो. २३०)। ३. तथा पिहितश्छादितः अप्रासुकेन प्रासुकेन च महता यदवष्टब्धमाहारादिकं तदावरणमुत्क्षिप्य दीयमानं यदि गृह्णाति तदा तस्य पिहितनामाशनदोषः। (मूला. वृ. ६–४३)। ४. सचित्तेन फलादिना स्थगितं पिहितम्। (योगशा. स्वो. विव. १–३८)। ५. सचित्तेनाब्जपत्रादिना वृतं पिहिताशनम्। (आचा. सा. ८–४७)। ६. पिहितं देयमप्रासु गुरु प्रास्वपनीय वा॥ (अन. ध. ५–२९)। ७. हरितकण्टक-सचित्तमृत्तिकापिधानम् आकृष्य दीयमाना पिहिता। (भ. आ. मूला. २३०)। ८. सचित्तेन पद्मपत्रादिना यत्पिहितं तदन्नं पिहितम्। (भा. प्रा. टी. ९९)।

१ सचित्त पत्ते आदि से अथवा किसी भारी अचित्त (प्रासुक) वस्तु से ढके हुए भोज्य पदार्थ के ऊपर से उसे हटाकर जो दिया जाता है उसमें पिहितदोष जानना चाहिए। २ सचित्त पृथिवी, जल, हरित, बीज अथवा त्रस जीवों के ऊपर शय्या के रूप में स्थापित आसन या पाटे आदि के देने पर पिहितदोष होता है।

पिहिता—सचित्तमृत्तिकापिधानमपाकृष्य या (वस-

ति:) दीयते सा पिहिता। (कार्तिके. टी. ४४८-४९, पृ. ३३८)।

सचित्त मिट्टी आदि के आवरण को हटाकर जो वसति दी जाती है वह पिहित दोष से दूषित होती है।

पीठमर्दक—कामशास्त्राचार्य: पीठमर्दक:। (नीतिवा. १४-२२)।

कामशास्त्र के आचार्य को पीठमर्दक कहा जाता है।

पीडा—पीडा दण्ड-कशाद्यभिघात:। (रत्नक. टी. टी. ३-८)।

लाठी या चाबुक आदि से ताडित करने का नाम पीडा है।

पीडाजनित आर्तध्यान—१. अर्तिर्दु:खमसातजातजनितं स्यादार्तमर्तौ भवम्, पापाऽऽदाननिदानमार्द्रसिचयं यद्वद्रज:संश्रयम्। मिथ्यादृष्टिगुणादिषड्गुणपदं येन प्रमादास्पदं—दुर्लेश्याश्रयजं सुदु:खजनकं तिर्यग्गतिप्रापकम्॥ (आचा. सा. १०-१९)। २. सन्तापेन पीडाचिन्तनेन वात-पित्त-श्लेष्मोद्भवकुष्ठंवर-भगंदर-शिरोर्ति-जठरपीडावेदनानां सन्तापेन पीडितेन प्रवृत्त: विकल्प: चिन्ताप्रबन्ध: कथं वेदनाया विनाशो भविष्यतीति पुन: पुनश्चिन्तनम्, अंगविक्षेपाक्रन्दकरणादि पीडाचिन्तनं तृतीयमार्तध्यानम्। (कार्तिके. टी. ४७३-७४)।

१ अर्ति नाम दु:ख का है जो असातावेदनीय के उदय से होता है, इस दु:ख में जो चिन्तन होता है वह आर्तध्यान कहलाता है; यह उसका निरुक्त लक्षण है। जिस प्रकार गीला वस्त्र धूलि के आश्रय का कारण है उसी प्रकार यह आर्तध्यान पाप के आने का कारण है, मिथ्यादृष्टि आदि छह गुणस्थानों में रहने वाला है, प्रमाद का स्थान है, तीन अशुभलेश्याओं के निमित्त से होता है, अतिशय दु:ख को उत्पन्न करने वाला है, तथा तिर्यंचगति की प्राप्ति का कारण है।

पीतलेश्य—विद्यावान् करुणासिन्धु: कार्याकार्यविचारक:। लाभालाभे सदाप्रीतस्तेजोलेश्य उदाहृत:॥ (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. ५, पृ. २०)।

विद्यावान्, दया के समुद्र (दयालु), कर्तव्य-अकर्तव्य के विचारक तथा लाभ-अलाभ में सदा प्रसन्न रहने वाले पुरुष को पीतलेश्य (पीतलेश्या वाला) कहा जाता है।

पीतलेश्या—पीतवर्णद्रव्यावष्टम्भात् पीतलेश्या। (त. भा. सिद्ध. वृ. २-६)।

पीतवर्ण वाले द्रव्य के आश्रय से होने वाली आत्मपरिणति पीतलेश्या कहलाती है।

पुण्डरीक—१. पुंडरीयं देवेसु असुरेसु णेरइएसु च तिरिक्ख-मणुस्साणमुववादं छक्कालविसेसिदं परूवेदि। (धव. पु. ९, पृ. १९१)। २. भवनवास्यादिदेवेषु उत्पत्तिकारणतप:प्रभृतिप्रतिपादकं पुण्डरीकम्। श्रुतभ. टी. २६, पृ. १८०)। ३. पुण्डरीकं नाम शास्त्रं भावन-व्यन्तर-ज्योतिष्क-कल्पवासिविमानेषु उत्पत्तिकारणदान-पूजा-तपश्चरणाकामनिर्जरा-सम्यक्त्व-संयमादिविधानं तत्तदुपपादस्थान-वैभवविशेषं च वर्णयति। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २६८)। ४. देवपदप्राप्तिपुण्यनिरूपकं पुण्डरीकम्। (त. वृत्ति श्रुत. १-२०)। ५. पुंडरियणामसत्थं णमामि णिच्चं सहावेण॥ भावण-वितर-जोइस-कप्पविमाणेसु जत्थ वण्णिज्जइ। उप्पत्तीकारण खलु दाणं पूयं च तवयरणं॥ सम्मत्त संजमादि अकामणिज्जरणमेव जत्थ पुणो। तमुवा-[मुववा-] दट्ठाण-वेहव-सुह-संपत्ती च जीवाणं॥ (अंगप. ३१-३३, पृ. ३१०)।

१ जो अंगबाह्य श्रुत सुषमसुषमादि छह कालों के आश्रय से तिर्यंच और मनुष्यों की देवों, असुरों और नारकियों में उत्पत्ति का निरूपण करता है उसे पुण्डरीक कहा जाता है।

पुण्य—१. सम्मत्तेण सुदेण य विरदीए कसायणिग्गहगुणेहिं। जो परिणदो स पुण्णो ××× ॥ (मूला. ५-३७)। २. पुद्गलकर्म शुभं यत्तत्पुण्यमिति जिनशासते दृष्टम्। ((प्रशमर. २१९)। ३. पुनात्यात्मानं पूयतेऽनेनेति वा पुण्यम्। (स. सि. ६-३)। ४. पुनात्यात्मानं पूयतेऽनेनेति वा पुण्यम्। कर्मण: स्वातंत्र्यविवक्षायां पुनात्यात्मानं प्रीणयतीति पुण्यम्, पारतंत्र्यविवक्षायां करणत्वोपपत्ते: पूयतेऽनेनेति वा पुण्यम्, तत् सद्वेद्यादि। (त. वा. ६, ३, ४,)। ५. ××× पुण्यं सत्कर्मपुद्गला:। (षड्द. स. ४९, पृ. १३८)। ६. सुहपयडीओ पुण्णं। (धव. पु. १३, पृ. ३५२)। ७. शुभपरिणामो जीवस्य तन्निमित्त: कर्मपरिणाम: पुद्गलानां च पुण्यम्। (पंच. का. अमृत. वृ. १०८)। ८. पुण्यं शुभकर्मप्रकृतिलक्षणम्। (सूत्रकृ. शी. वृ. २, ५, १६, पृ. १२७)। ९. पुण्णं शुभप्रकृतिस्वरूपपरिणत-

पुद्गलपिण्डो जीवाह्लादननिमित्तः। (मूला. वृ. ५, ६)। १०. पुण्यं शुभं कर्म। (समवा. अभय. वृ. १, पृ. ६)। ११. पुणति शुभीकरोति, पुनाति वा पवित्रीकरोत्यात्मानमिति पुण्यं शुभकर्म। (स्थाना. अभय. वृ. १-११)। १२. सत्कर्मपुद्गलाः पुण्यं ×××॥ (विवेकवि. ८-२५; षड्द. राज. १३)। १३. पुण्यं दानादिक्रियोपार्जनीयं शुभं कर्म। (स्याद्वादम. २७)। १४. पुण्यं शुभाः कर्मपुद्गलाः। (षड्दस. गु. वृ. ४७, पृ. १३७)। १५. पुण्यं शुभप्रकृतिलक्षणम्। (प्रमाल. ३०५)। १६. पुनात्यात्मानमिति पुण्यं पूयते पवित्रीक्रियते अनेनेति वा पुण्यम्। (त. वृत्ति श्रुत. ६-३)। १७. पुण्यं कर्म शुभं प्रोक्तं। (अध्यात्मसा. १८-६०)।

१ जो सम्यक्त्व, श्रुत, विरति और कषायनिग्रह इन गुणों से परिणत है उसे पुण्य कहा जाता है। २ शुभ पुद्गल कर्म का नाम पुण्य है।

पुण्यप्रकृति—पुण्यप्रकृतयो जीवाह्लादजनकाः शुभा उच्यन्ते। (शतक. वे. स्वो. वृ. १)।

जीव को आह्लादजनक सातावेदनीय आदि शुभ प्रकृतियों को पुण्यप्रकृति कहते हैं।

पुत्र—१. यः उत्पन्नः पुनीते वंशं स पुत्रः। (नीतिवा. ५-११, पृ. ४५)। २. पुनाति पितुराचारवर्तितयाऽऽत्मानमिति पुत्रः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ५७)। ३. यः पुनाति निजाचारैः पितरः पूर्वजानिति। पुत्रः स गीयते वप्तुः ×××॥ (धर्मसं. श्रा. ८-४२)। ४. तथा च भागुरिः—कुल पाति समुत्थो यः स्वधर्मं प्रतिपालयेत्। पुनीते स्वकुलं पुत्रः पितृ-मातृपरायणः॥ (नीतिवा. टी. ५-११, उद्.)।

१ जो उत्पन्न होकर वंश को पवित्र करता है वह पुत्र कहलाता है। २ जो पिता के आचरण का अनुसरण करके अपने आपको पवित्र करे उसे पुत्र कहते हैं।

पुद्गल—१. खंधा देस-पदेसा अणु त्ति वि य पोग्गला रूवी। (मूला. ५-३५)। २. रूपिणः पुद्गलाः। (त. सू. ५-५); स्पर्श-रस-गन्ध-वर्णवन्तः पुद्गलाः। (त. सू. ५-२३); शब्द-बन्ध-सौक्ष्म्य-स्थौल्य-संस्थान-भेद-तमश्छायातपोद्योतवन्तश्च। (त. सू. ५-२४; भ. आ. मूला. ३६२)। ३. स्पर्शः रसः गन्धः वर्ण इत्येवंलक्षणाः पुद्गलाः भवन्ति। (त. भा. ५, २३); तत्राधोगौरवधर्माणः पुद्गलाः। (त. भा. १०-६)। ४. ××× रूपिणः पुद्गला प्रोक्ताः॥ (प्रशमर. २०७)। ५. सद्दंधयार-उज्जोओ पहा छायाऽऽतवेइ वा। वण्ण-रस-गंध-फासा पुग्गलाणं तु लक्खणं॥ (उत्तरा. २८-१२; नवत. ११)। ६. पूरण-गलनधर्माणः पुद्गलाः। (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. ६६२; स्थाना. अभय. वृ. ५१; शतक. वे. स्वो. वृ. ८६)। ७. मुत्ता पुण पुग्गला णेया। (प्रनाविंशतिका २)। ८. स्पर्श-रस-गन्ध-वर्ण-शब्दा मूर्तस्वभावकाः। संघात-भेदनिष्पन्नाः पुद्गला जिनदेशिताः॥ (श्रा. प्र. टी. ७८, उद्.)। ९. छव्विह-संठाणं बहुविहदेहेहि पूरदि गलदि त्ति पोग्गलो। (धव. पु. १, पृ. ११९); रूप-रस-गन्ध-स्पर्शवन्तः पुद्गलाः। (धव. पु. ३, पृ. २); पोग्गलदव्वस्स वण्ण-गंध-रस-फासविसेसेहि परिणामो सब्भावकिरिया। (धव. पु. १३, पृ. ४३); रूव-रस-गंध-पास-लक्खणं पोग्गलदव्वं। (धव. पु. १४, पृ. ३३); पूरण-गलणसहावा पोग्गला णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३६)। १०. रूव-रस-गंध-पासवंतो पोग्गला। (जयध. १, पृ. २८६ उद्.)। ११. वर्ण-गन्ध-रस-स्पर्शैः पूरणं गलनं च यत्। कुर्वन्ति स्कन्धवत्तस्मात् पुद्गलाः परमाणवः॥ (ह. पु. ७-३६)। १२. वर्ण-गन्ध-रस-स्पर्शयोगिनः पुद्गला मताः। पूरणाद् गलनाच्चैव सम्प्राप्तान्वर्थनामकाः॥ (म. पु. २४, १४५)। १३. पूरणाद् गलनाच्च पुद्गलाः—परमाणुप्रभृतयोऽनन्तानन्तप्रदेशस्कन्धपर्यवसानाः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५-४); पूरण-गलनलक्षणाः पुद्गलाः स्कन्धीभूताः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८-२ व १०-६)। १४. पुद्गलास्तु रूप-रस-गन्ध-स्पर्शवन्तः अणु-स्कन्ध-रूपभेदाद् द्विविधाः। (भ. आ. विजयो. ३६)। १५. जं इंदिएहिं गिज्झं रूव-रस-गंध-फासपरिणामं। तं चिय पुग्गलदव्वं अणंतगुणं जीवरासीदो। (कार्तिके. २०७)। १६. भेदादिभ्यो निमित्तेभ्यः पूरणाद् गलनादपि। पुद्गलानां स्वभावज्ञैः कथ्यन्ते पुद्गला इति॥ (त. सा. ३-५५)। १७. वर्णादिमान् नटति पुद्गल एव नान्यः। (समय. क. २-१२)। १८. रूप-गन्ध-रस-स्पर्श-शब्दवान् पुद्गलः स्मृतः। अणु-स्कन्धप्रभेदेन द्विस्वभावतया स्थितः॥ (चन्द्र. च. १८-७८)। १९. रूप-गन्ध-रस-स्पर्श-शब्दवन्तोऽत्र पुद्गलाः। (अमित. श्रा. ३-३०)। २०. पूरण-गलनस्वभावत्वात् पुद्गलः। (बृ. द्रव्यसं. टी. १५;

त. वृत्ति श्रुत. ५–५) । २१. रूप-रस-गन्ध-स्पर्शवन्तो हि पुद्गलाः । (न्यायकु. १–५, पृ. १५५) । २२. रूपाद्यात्मकत्वं पुद्गलस्यैव लक्षणम् । (सिद्धिवि. वृ. ४–८, पृ. २५४) । २३. पुद्गलाः स्युः स्पर्श-रस-गन्ध-वर्णस्वरूपिणः । (योगशा. १–१६) । २४. गलन-पूरणस्वभावसनाथः पुद्गलः । (नि. सा. वृ. ६) । २५. रूप-गन्ध-रस-स्पर्श-शब्दवन्तश्च पुद्गलाः । (धर्मशं. २१–६०) । २६. पूर्यन्ते गलन्ति च पुद्गलाः । (त. वृत्ति श्रुत. ५–२३) । २७. वर्ण-गन्ध-रस-स्पर्शयोगिनः पुद्गला मताः । (जम्बू. च. ३, ४५) । २८. द्रव्यं मूर्तिमदाख्यया हि तदिदं स्यात्पुद्गलः संमतः । (अध्यात्मक. ३–१६) ।

१ स्कन्ध, स्कन्धदेश, स्कन्धप्रदेश और अणु ये रूपी—रूप, रस, गन्ध व स्पर्श वाले द्रव्य—पुद्गल कहलाते हैं । ५ शब्द, अन्धकार, उद्योत, प्रभा, छाया और आतप इत्यादि पर्यायें तथा वर्ण, रस, गन्ध और स्पर्श ये गुण; यह सब पुद्गलों का लक्षण है ।

पुद्गलक्षेप—देखो बहिःपुद्गलक्षेप । १. लोष्ठादिनिपातः पुद्गलक्षेपः । (स. सि. ७–३१; त. श्लो. ७–३१) । २. लोष्ठादिनिपातः पुद्गलक्षेपः । कर्मकरान् पुरुषानुद्दिश्य लोष्ठ-पाषाणनिपातः पुद्गलक्षेप इति कथ्यते । (त. वा. ७, ३१, ५) । ३. बहिःपुद्गलप्रक्षेपः अभिगृहीतदेशाद् बहिः प्रयोजनभावे परेषां प्रबोधनाय यः लोष्ठादिक्षेपः पुद्गलप्रक्षेप इति भावना । (आव. नि. हरि. वृ. ६, पृ. ८३५) । ४. कर्मकरानुद्दिश्य लोष्ठ-पाषाणादिनिपातः पुद्गलक्षेपः । (चा. सा. पृ. ६) । ५. पुद्गलस्य शर्करादेर्नियमितक्षेत्राद् बहिर्वर्तिनो जनस्य बोधनाय तदभिमुखं प्रक्षेपः पुद्गलप्रक्षेपः । (ध. बि. मु. वृ. ३–२२) । ६. तेषामेव लोष्ठादिनिपातः पुद्गलक्षेपः । (रत्नक. टी. ४–६) । ७. तथा पुद्गलाः परमाणवस्तत्संघातसमुद्भवा बादरपरिणामं प्राप्ता लोष्टेष्टकाः काष्ठ-शलाकादयोऽपि पुद्गलास्तेषां क्षेपणं प्रेरणम् । (योगशा. स्वो. विव. ३–११७)। ८. पुद्गलक्षेपणं परिगृहीतदेशाद् बहिः स्वयमगमनात् कार्यार्थितया व्यापारकारकाणां चोदनाय लोष्ठादिप्रेरणम् । (सा. ध. ५–२७) । ९. पुद्गलस्य लोष्ठादेः क्षेपो निपातः पुद्गलक्षेपः । (त. वृत्ति श्रुत. ७–३१) । १०. अस्ति पुद्गलनिक्षेपनामा दोषोऽत्र संयमे । इतो वा प्रेषणं तत्र पत्रिकाहेमवाससाम् ॥ (लाटीसं. ६–१३३) ।

२ काम करने वाले पुरुषों को लक्ष्य करके कंकड़-पत्थर आदि पुद्गलों का फेंकना, यह पुद्गलक्षेप नामक देशावकाशिक व्रत का एक अतिचार है । ३ नियमित देश के बाहिर प्रयोजन के उपस्थित होने पर दूसरों को प्रबोधित करने के लिए कंकड़ आदि के फेंकने का नाम पुद्गलप्रक्षेप है ।

पुद्गलक्षेपण—देखो पुद्गलक्षेप ।

पुद्गलगति—जं णं परमाणुपोग्गलाणं जाव अणंतपएसियाणं खंधाणं गती पवत्ती से तं पोग्गलगती । (प्रज्ञाप. २०५, पृ. ३२७) ।

परमाणुरूप पुद्गलों से लेकर अनन्तप्रदेश वाले स्कन्धों तक जो पुद्गलों का गमन (प्रवृत्ति) होता है इसका नाम पुद्गलगति है ।

पुद्गलनोभवोपपातगति—जण्णं परमाणुपोग्गले लोगस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरमंताओ पच्चत्थिमिल्लं चरमंतं एगसमएणं गच्छति, पच्चत्थिमिल्लाओ वा चरमंताओ पुरत्थिमिल्लं चरमंतं एगसमएणं गच्छति, दाहिणिल्लाओ वा चरमंताओ उत्तरिल्लं चरमंतं एगसमएणं गच्छति, एवं उत्तरिल्लाओ दाहिणिल्लं, उवरिल्लातो हेट्ठिल्लं, हिट्ठिल्लाओ उवरिल्लं; से तं पोग्गलणोभवोववायगती । (प्रज्ञाप. २०५, पृ. ३२७) ।

परमाणु पुद्गल जो एक समय में पूर्व दिशा के अन्त से पश्चिम दिशा के अन्त तक, पश्चिम दिशा के अन्त से पूर्व दिशा के अन्त तक, दक्षिण दिशा के अन्त से उत्तर दिशा के अन्त तक, उत्तर दिशा के अन्त से दक्षिण दिशा के अन्त तक, इसी प्रकार ऊपर के अन्त भाग से नीचे के अन्त भाग तक और नीचे से ऊपर तक जाता है; यह सब पुद्गल की नोभवोपपातगति कहलाती है ।

पुद्गलपरावर्त—१. पुद्गलपरावर्तो नाम त्रैलोक्यगतपुद्गलानामौदारिकादिप्रकारेण ग्रहणम् । (श्रा. प्र. टी. ७२) । २. यदौदारिक-वैक्रिय-तैजस-भाषा-आनापान-मनःकर्मसप्तकेन संसारोदरविवरवर्तिनः पुद्गलाः आत्मसात्परिणामिता भवन्ति तदा पुद्गलपरावर्त इति । (आचारा. शी. वृ. २, ३, ७८) ।

३. ओसप्पिणी अणंता पोग्गलपरियट्टओ मुणेयव्वो। ते ऽणंता तीयद्धा अणागयद्धा अणंतगुणा। (प्रव. सारो. १६२)। ४. पुद्गलानां परमाणूनामौदारिकादिरूपतया विवक्षितैकशरीररूपतया वा सामस्त्येन परावर्तः परिणमनं यावति काले स तावान् कालः पुद्गलपरावर्तः। (पंचसं. मलय. वृ. २–३८, पृ. ७४)। ५. पुद्गलानां चतुर्दशरज्ज्वात्मकलोकवर्तिसमस्तपरमाणूनां परावर्त औदारिकादिशरीरतया गृहीत्वा मोचनं यस्मिन् कालविशेषे स पुद्गलपरावर्तः। (शतक. दे. स्वो. वृ. ८६)।

१ तीनों लोकों में स्थित समस्त पुद्गलों को औदारिकादि शरीररूप से ग्रहण कर लेने का नाम पुद्गलपरावर्त है। २ जब संसार के मध्यगत समस्त पुद्गल औदारिक, वैक्रियिक, तैजस, भाषा, आनपान, मन और कर्म इन सात के रूप में आत्मसात् करके परिणमा लिए जाते हैं तब पुद्गलपरावर्त पूरा होता है।

पुद्गलपरिवर्तसंसार—सव्वे वि पोग्गला खलु एगे भुत्तुज्झिया हु जीवेण। असयं अणंतखुत्तो पुग्गलपरियट्टसंसारे॥ (द्वादशानु. २५; स. सि. २–१०, उद्.; धव. पु. ४, पृ. ३२६, उद्.)।

जीव ने पुद्गलपरिवर्तरूप संसार में सभी पुद्गलों को निरन्तर अनन्त बार भोगकर छोड़ा है।

पुद्गलप्रक्षेप—देखो पुद्गलक्षेप।

पुद्गलबन्ध—१. फासेहिं पोग्गलाणं बंधो ××× । (प्रव. सा. २–८५)। २. दो-तिण्णिआदिपोग्गलाणं जो समवाओ सो पोग्गलबंधो णाम। ××× जेण णिद्ध-ल्हुक्खादिगुणेण पोग्गलाणं बंधो होदि सो पोग्गलबंधो णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३४७)। ३. यस्तावदत्र कर्मणां स्निग्ध-रूक्षत्वस्पर्शविशेषैरेकत्वपरिणामः स केवलपुद्गलबन्धः। (प्रव. सा. अमृत. वृ. २–८५)। ४. मृत्पिण्डादिरूपेण योऽसौ बहुधा बन्धः स केवलपुद्गलबन्धः। (कार्तिके. टी. २०६)।

२ दो-तीन आदि पुद्गलों का जो समवाय होता है उसका नाम पुद्गलबन्ध है। जिस स्निग्ध व रूक्ष आदि गुण से पुद्गलों का बन्ध होता है उसे पुद्गलबन्ध कहा जाता है। ३ कर्मों का जो स्निग्ध और रूक्ष स्पर्शविशेषों के आश्रय से एकतारूप परिणमन होता है उसे केवल पुद्गलबन्ध जानना चाहिए।

पुद्गलयुति—वाएण हिंडिज्जमाणपण्णाणं व एक्कम्हि देसे पोग्गलाणं मेलणं पोग्गलजुडी णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३४८)।

वायु से घूमने वाले पत्तों के समान जो पुद्गलों का एक स्थान में मिलाप होता है, इसे पुद्गलयुति कहा जाता है।

पुद्गलविपाक—पुद्गलेषु पुद्गलविषये विपाकः फलदानाभिमुख्यं पुद्गलविपाकः। (पंचसं. मलय. वृ. ३–२४, पृ. १२८)।

पुद्गलों के विषय में फल देने की अभिमुखता को पुद्गलविपाक कहते हैं।

पुद्गलविपाकिनी प्रकृति—१. आयावं संठाणं संघयण-सरीर-अंग-उज्जोयं। नामधुवोदय-उव-परघायं पत्तेय-साहारं॥ उदइयभावा पोग्गलविवागिणो ×××॥ (पंचसं. ३, २३–२४, पृ. १२८); आतपं संस्थानानि संहनन-शरीराङ्गोद्योतं नामध्रुवोदयोपघात-पराघातं प्रत्येक-साधारणम्। औदयिकभावाः पुद्गलविपाकिन्यः। (पंचसं. स्वो. वृ. ३–२४); कर्मपुद्गलद्रव्योदये यासामकर्मपुद्गलास्तथाविधपरिणामाः तद्भावे तद्भावमुपेत्योपचयहेतुत्वेन वर्तन्ते ताः पुद्गलविपाकिन्यः। (पंचसं. स्वो. वृ. ३–४६, पृ. १४३)। २. पुद्गलेषु पुद्गलविषये विपाकः फलदानाभिमुख्यं पुद्गलविपाकः, स विद्यते यासां ताः पुद्गलविपाकिन्यः। (पंचसं. मलय. वृ. ३–२४, पृ. १२८)। ३. पुद्गले पुद्गलविषये विपाकः फलदानाभिमुख्यं यासां ताः पुद्गलविपाकिन्यः। (कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. १२)।

१ आतप, छह संस्थान, छह संहनन, औदारिक आदि तीन शरीर, तीन अंगोपांग, उद्योत, ध्रुवोदयी नामप्रकृतियां—निर्माण, स्थिर, अस्थिर, तैजस व कार्मण शरीर, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, शुभ और अशुभ ये बारह; उपघात, पराघात, प्रत्येक और साधारण इन छत्तीस प्रकृतियों का विपाक चूंकि पुद्गल के विषय में है, अतएव वे पुद्गलविपाकिनी प्रकृतियां कहलाती हैं।

पुद्गलानुभाग—जर-कुट्ठक्खयादिविणासणं तदुप्पायणं च पोग्गलाणुभागो। जोणिपाहुडे भणिदमंत-तंतसत्तीयो पोग्गलाणुभागो त्ति घेत्तव्वो। (धव. पु. १३, पृ. ३४९)।

ज्वर, कोढ और क्षय आदि रोगों को नष्ट करना और उत्पन्न करना; यह पुद्गलानुभाग—पुद्गलों का सामर्थ्य है। योनिप्राभृत में निर्दिष्ट मंत्र-तंत्र शक्तियों को पुद्गलानुभाग जानना चाहिए।

पुनरुक्त—१. शब्दार्थयोः पुनर्वचनं पुनरुक्तम्। (आव. नि. हरि. वृ. ८८१, पृ. ३७५)। २. शब्दार्थयोः पुनर्वचनं पौनरुक्त्यमन्यत्रानुवादात्, अर्थादापन्नस्य स्वशब्देन पुनर्वचनं च। (आव. नि. मलय. वृ. ८८१, पृ. ४८३)।

१ शब्द व अर्थ के फिर से कहने का नाम पुनरुक्त है।

पुमान्—देखो पुरुष। १. प्रसूते स्वान् पर्यायान् इति पुमान्। (लघीय. स्वो. वि. ५-४७)। २. पुंवेदोदयात् सूते जनयत्यपत्यमिति पुमान्। (त. सि. २-५२; त. वा. २, ५२, १)। ३. प्रसूते जनयति स्वानात्मीयान् पर्यायानिनि पुमान्। (न्यायकु. ५-४७, पृ. ६४८)। ४. कुरुते पुरुकर्माणि गर्भं रोपयते स्त्रियाम्। यतो भजति रामस्यं श्रेयः सद्भिस्ततः पुमान्। (पंचसं. अमित. १-२००)।

१ जो अपनी पर्यायों को—अपने जैसी सन्तान को—उत्पन्न करता है वह पुमान् (पुरुष) कहलाता है।

पुरतः अन्तगत अवधिज्ञान—१. पुरओ अंतगयं—से जहानामए केइ पुरिसे उक्कं वा चडुलिअं वा अलायं वा मणि वा पईवं वा जोइं वा पुरओ काउं पणुल्लेमाणे २ गच्छेज्जा, से तं पुरओ अंतगयं। (नन्दी. सू. १०, पृ. ८२)। २. अयमत्र भावार्थः—स हि गच्छन् उल्काद्यः सकासात् पुरत एव पश्यति, नान्यत्र; एवं यतोऽवधिज्ञानाद् विविधक्षयोपशमनिमित्तत्वात् देशपुरत एव पश्यति नान्यत्र; तत् पुरतोऽन्तगतमभिधीयते, इत्येतावतांशेन दृष्टान्त इत्येवं सर्वत्र योज्यम्। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ३२)। ३. यथा कश्चित् पुरुषो हस्तगृहीतया दीपिकया पुरतः प्रेर्यमाणया पुरत एव पश्यति, नान्यत्र; एवं येनावधिना तथाविधक्षयोपशमभावतः पुरत एव संख्येयान्यसंख्येयानि वा योजनानि पश्यति नान्यत्र सोऽवधिः पुरतो ऽन्तगत इत्यभिधीयते। ××× उक्तं च नन्द्यध्ययनचूर्णौ—पुरतो गएणं पुरतो चेव संखेज्जाणि वा असंखेज्जाणि वा जोयणाइं जाणइ पासइ। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३१७, पृ. ५३७)।

१ जिस प्रकार कोई पुरुष उल्का (दीपिका), चडुलिका (अन्त में जलती हुई घास की पूलिका), अलात (उल्मुक), मणि, प्रदीप अथवा ज्योति को आगे करके प्रेरणा करता हुआ आगे ही देखकर जाता है, इसी प्रकार जिस अवधिज्ञान से आगे के देश को ही देखता-जानता है उसे पुरतः अन्तगत अवधिज्ञान कहते हैं।

पुरस्कार—पुरस्कारः सद्भूतगुणोत्कीर्तनं वन्दनाभ्युत्थानासनप्रदानादिव्यवहारश्च। (आव. सू. हरि. वृ. पृ. ६५८; त. भा. सिद्ध. वृ. ९-९; पंचसं. मलय. वृ. ४-२३, पृ. १९०)।

विद्यमान समीचीन गुणों की प्रशंसा करना तथा वन्दना करना, उठ कर खड़े हो जाना और आसन देना; इत्यादि व्यवहार का नाम पुरस्कार है।

पुराख्यान—भरतादिषु वर्षेषु राजधानीप्ररूपणम्। पुराख्यानमितीष्टं तत् पुरातनविदां मते॥ (म. पु. ४-६)।

भरत आदि क्षेत्रों में राजधानी का वर्णन करना, इसे पुराख्यान कहा जाता है।

पुराण—१. त्रिषष्टिशलाकापुरुषाश्रिता कथा पुराणम्। (रत्नक. टी. २-२)। २. पुराणं पुराभवमष्टाभिधेयं त्रिषष्टिशलाकापुरुषकथाशास्त्रम्। यदार्षम्—लोको देशः पुरं राज्यं तीर्थं दानं तपोद्वयम्। पुराणस्याष्टधाख्येयं गतयः फलमित्यपि॥ (अन. ध. स्वो. टी. ३-९)।

१ त्रेसठ शलाकापुरुषों के आश्रित कथा का नाम पुराण है। २ उक्त शलाकापुरुषों के आश्रित कथाशास्त्र में इन आठ का वर्णन होना चाहिए—लोक, देश, पुर, राज्य, तीर्थ, दान, दोनों तप और गतिरूप फल।

पुराणस्कन्ध—त्रयः षष्टिरिहार्थाधिकाराः प्रोक्ताः महर्षिभिः। कथापुरुषसंख्यायास्तत्प्रमाणानतिक्रमात्॥ त्रिषष्ट्यवयवः सोऽयं पुराणस्कन्ध इष्यते। (म. पु. २, १२५-२६)।

महर्षियों ने पुराण में कथापुरुषसंख्या के अनुसार—वहां वर्णनीय शलाकापुरुषों की तिरेसठ संख्या के अनुसार—तिरेसठ अर्थाधिकारों का निर्देश किया है। इसीलिए वह पुराणस्कन्ध तिरेसठ अवयवों वाला—तिरेसठ अधिकारों से युक्त—माना जाता है।

पुरुष—देखो पुमान्। १. पूर्णः सुख-दुःखानामिति पुरुषः, पुरि शयनाद्वा पुरुष इति। (आव. नि. हरि.

वृ. ६७)। २. पुरुगुणेषु पुरुभोगेषु च शेते स्वपितीति पुरुषः। सुषुप्तपुरुषवदनुगतगुणोऽप्राप्तभोगश्च यदुदयाज्जीवो भवति स पुरुषः, अङ्गनाभिलाष इति यावत्। पुरुगुणं कर्म शेते करोतीति वा पुरुषः। ××× उक्तं च—पुरुगुणभोगे सेदे करेदि लोगम्मि पुरुगुणं कम्मं। पुरु उत्तमो य जम्हा तम्हा सो वण्णिदो पुरिसो ॥ (धव. पु. १, पृ. ३४१); पुरुकर्मणि शेते, प्रमादयतीति पुरुषः। (धव. पु. ६, पृ. ४६)। ३. पुरौ प्रकृष्टे कर्मणि शेते प्रमादयति तानि करोतीति वा पुरुषः। (मूला. वृ. १२-१९२)। ४. पुरि शरीरे शयनात् पुरुषाः विशिष्टकर्मोदयाद्विशिष्टसंस्थानवत्शरीरवासिनः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२३, पृ. २१८)। ५. यस्मात् कारणात् लोके यो जीवः पुरुगुणे सम्यग्ज्ञानाद्यधिकगुणसमूहे शेते स्वामित्वेन प्रवर्तते, पुरुभोगे नरेन्द्र-नागेन्द्र-देवेन्द्राद्यधिकभोगचये भोक्तृत्वेन प्रवर्तते च। पुरुगुणवत् कर्म धर्मार्थ-काम-मोक्षलक्षणपुरुषार्थसाधनमनुष्ठानं शेते करोति च, पुरौ उत्तमे परमेष्ठिपदे च शेते तिष्ठति च, तस्मात् कारणात् स जीव पुरुष इति वर्णितः। (गो. जी. म. प्र. २७३)।

१ जो सुख-दुःखोंसे पूर्ण होता है, अथवा जो पुर् अर्थात् शरीर में सोता है वह पुरुष कहलाता है। २ जो महान् गुणों और भोगों के विषय में सोता है उसे पुरुष कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि जिसके उदय से जीव सोते हुए पुरुष के समान गुणों से अनुगत रहता है—उनका सदुपयोग नहीं कर पाता है—और भोगों की प्राप्ति से रहित होता है उसे पुरुष कहते हैं। तात्पर्य यह कि जो स्त्रीविषयक इच्छा करता है उसे पुरुष जानना चाहिए।

पुरुषकार—देखो पुरुषार्थ।

पुरुषज्ञान—पुरुषज्ञानम्—किमयं प्रतिवादी पुरुषः सांख्यः सौगतोऽन्यो वा तथा प्रतिभादिमानितरो वेति परिभावनम्। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ५८)।

यह प्रतिवादी पुरुष क्या सांख्य है, बौद्ध है या अन्य किसी मत का अनुयायी है तथा प्रतिभावान् है या नहीं—इत्यादि रूप से पुरुष की विशेषताओं के जानने को पुरुषज्ञान कहते हैं।

पुरुषलिंग—देखो पुमान् व पुंवेद।

पुरुषलिङ्गसिद्धकेवलज्ञान—पुरुषलिङ्गे सिद्धानां केवलज्ञानं पुरुषलिङ्गसिद्धकेवलज्ञानम्। (आव. नि. मलय. वृ. ७८, पृ. ८५)।

पुरुषलिङ्ग के रहते सिद्ध हुए जीवों के केवलज्ञान को पुरुषलिङ्गसिद्धकेवलज्ञान कहते हैं।

पुरुषवेद—देखो पुमान्। १. पुरुषस्य पुरुषवेदोदयात् स्त्र्यभिलाषः। (का. अ. टी. १८)। २. जेसिं (कम्मक्खंधाणं) उदएण महेलियाए उवरि आकंखा उप्पज्जइ तेसिं पुरिसवेदो त्ति सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ४७); पुरिसवेदोदएण पुरिसवेदो। (धव. पु. ७, पृ. ७९); जस्स कम्मस्स उदएण मणुस्सस्स इत्थीसु अहिलासो उप्पज्जदि तं कम्मं पुरिसवेदो णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३६१)। ३. इत्थीए पुण उवरिं अस्सिह उदएण रागमुप्पज्जे। सो तणदाहसमाणो होइ विवागो पुरिसवेए ॥ (कर्मवि. ग. ५२)। ४. यदुदये पुंसः श्लेष्मोदयादम्लाभिलाषवत् स्त्रियामभिलाषो भवति स तृणाग्निज्वालासमानः पुंवेदः। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८; कर्मस्त. गो. वृ. १०, पृ. ८४)। ५. पुरुषस्य वेदः पुरुषवेदः, पुरुषस्य स्त्रियं प्रत्यभिलाष इत्यर्थः, तद्विपाकवेद्यं कर्मापि पुरुषवेदः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३)। ६. पुंसः स्त्रियामभिलाषः पुंवेदः। (जीवाजी. मलय. वृ. १३; पंचसं. मलय. वृ. १-८, पृ. ११)। ७. यदुदयाच्च पुंसः स्त्रियामभिलाषः श्लेष्मोदये अम्लद्रव्याभिलाषवत्, स तृणज्वालासमानः पुंवेदः। (धर्मसं. मलय. वृ. ६१५)। ८. यदुदयवशात् पुंसः स्त्रियामभिलाषः, श्लेष्मोदयादम्लाभिलाषवत्, स पुरुषवेदः। (पंचसं. मलय. वृ. ३-५, पृ. ११३; कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ५)। ९. यत्पुनः पुंसः श्लेष्मोदयादम्लाभिलाषवत् स्त्रियामभिलाषो भवति स पुंवेदः॥ (बृहत्क. मलय. वृ. ८३१)।

१ पुरुषवेद के उदय से पुरुष के स्त्रीविषयक अभिलाषा होती है। २ जिन पुद्गल कर्मस्कन्धों के उदय से महिला (स्त्री) के ऊपर आकांक्षा उत्पन्न होती है उनका नाम पुरुषवेद है।

पुरुषवेदोत्कृष्टप्रदेशसत्कर्मस्वामी—यो गुणितकर्मांशः क्षपकः स्त्रीवेदं सर्वसंक्रमेण पुरुषवेदे संक्रमयति, स पुरुषवेदस्योत्कृष्टसत्कर्मस्वामी। (पंचसं. च. स्वो. व मलय. वृ. ५-१५९)।

जो गुणितकर्मांशिक क्षपक स्त्रीवेद को सर्वसंक्रमण के द्वारा पुरुषवेद में संक्रमित करता है वह पुरुषवेद के उत्कृष्ट प्रदेशसत्कर्म का स्वामी होता है।

पुरुषार्थ—१. ××× विवरीयं तु पुरुषकारो मुणेयव्वो ॥ (उपदे. प. ३५०); अहवप्पकम्महेऊ ववसाओ होइ पुरिसगारो त्ति । (उपदे. प. ३५१) । २. विपरीतं तु यदनुदग्रं बहुना प्रयासेन परिणमति पुनस्तत्पुरुषकारो मुणितव्यः । अथवा ××× अल्पं तुच्छं कर्म दैवं पुरुषकारापेक्षया हेतुर्निमित्तं फलसिद्धौ यत्र स तथाविधो व्यवसायः पुरुषप्रयत्नो भवति पुरुषाकार इति । (उपदे. प. मु. वृ. ३५०, ३५१) ।

१ दैव से विपरीत—जिसमें बहुत प्रयत्न के द्वारा कर्म सातावेदनीय आदिरूप परिणत होता है उसे—पुरुषकार या पुरुषार्थ जानना चाहिए । अथवा फल की सिद्धि में जहां पुरुषप्रयत्न की अपेक्षा दैव की सहायता अल्प रहती है उसका नाम पुरुषार्थ समझना चाहिए ।

पुरुषार्थसिद्ध्युपाय—विपरीताभिनिवेशं निरस्य सम्यग्व्यवस्य निजतत्त्वम् । यत्तस्मादविचलनं स एव पुरुषार्थसिद्ध्युपायोऽयम् ॥ (पु. सि. १५) ।

विपरीत अभिप्राय को नष्ट करके आत्मस्वरूप का यथार्थ निश्चय करना और उससे विचलित नहीं होना, यही पुरुषार्थसिद्धि का उपाय है ।

पुरुषोत्तम—सर्वोत्तमगुणैर्युक्तं प्राप्तं सर्वोत्तमं पदम् । सर्वभूतहितो यस्मात्तेनाऽसौ पुरुषोत्तमः ॥ (आप्तस्व. ३४) ।

समस्त प्राणियों के हित का अभिलाषी होते हुए जिसने अनेक सर्वोत्कृष्ट गुणों से युक्त उत्तम पद (कैवल्य अवस्था) को प्राप्त कर लिया है उसे पुरुषोत्तम समझना चाहिए ।

पुरोहित—१. पुरोहितमुदितोदितकुलशीलं षडंगवेदे दैवे निमित्ते दण्डनीत्यामभिविनीतमापदां दैवीनां मानुषीणां च प्रतिकर्तारं कुर्वीत । (नीतिवा. ११–१, पृ. १६०) । २. पुरोहितः शान्तिकर्मकारी । (स्थाना. अभय. वृ. २४८; व्यव. मलय. वृ. (भा.) द्वि. वि. ३३, पृ. १२) ।

१ जिसका कुल-शील उत्तम हो तथा जो षडंग वेद, दैव (ज्योतिषशास्त्र), निमित्तशास्त्र और दण्डनीति में पारंगत होता हुआ दैविक एवं मनुष्यनिर्मित आपत्तियों का प्रतीकार करने वाला हो वह पुरोहित कहलाता है । राजा को ऐसे पुरोहित के लिए पास में रखना चाहिए । २ शान्तिकर्मक अनुष्ठान का कराने वाला पुरोहित कहलाता है ।

पुलवि—१. आवासब्भंतरे संट्ठिदाओ कच्छउडंडरवक्खारंतोट्ठियपिसिविदाहि समाणाओ पुलवियाओ णाम । (धव. पु. १४, पृ. ८६) । २. जंबूदीवं भरहो कोसल-सागेद-तग्घराइं वा । खंधंडर-आवासा-पुलवि-सरीराणि दिट्ठंता ॥ (गो. जी. १९४) ।

१ कच्छ उडंडर वक्षार (?) के भीतर पिसिवियों (?) के समान जो आवासों के भीतर निगोदजीवस्थान हैं उनका नाम पुलवि है । २ जिस प्रकार जम्बूद्वीप में भरतक्षेत्र, उसमें कोशलदेश, उसमें साकेत नगरी और उसमें घर हैं उसी प्रकार स्कन्ध, उनके भीतर अण्डर, उनके भीतर आवास, उनके भीतर पुलवि और उनके भीतर निगोदजीवों के शरीर होते हैं ।

पुलाक—१. उत्तरगुणभावनापेतमनसो व्रतेष्वपि क्वचित् कदाचित्पूर्णतामपरिप्राप्नुवन्तोऽविशुद्धपुलाकसादृश्यात् पुलाका इत्युच्यन्ते । (स. सि. ९–४६; चा. सा. पृ. ४५)। २. सततमप्रतिपातिनो जिनोक्तादागमान्निर्ग्रन्थपुलाकाः । (त. भा. ९–४८; ×× × पञ्चानां मूलगुणानां रात्रिभोजनविरतिषष्ठानां पराभियोगाद् बलात्कारेणान्यतमं प्रतिसेवमानः पुलाको भवति, मैथुनमित्येके । (त. भा. ९–४९, पृ. २८७)। ३. अपरिपूर्णव्रता उत्तरगुणहीना पुलाकाः । उत्तरगुणभावनापेतमनसो व्रतेष्वपि क्वचित् कदाचित् परिपूर्णतामपरिप्राप्नुवन्तः अविशुद्धपुलाकसादृश्यात् पुलाकव्यपदेशमर्हन्ति । (त. वा. ९, ४६, १) । ४. पुलाका भावनाहीना ये गुणेषूत्तरेषु ते । न्यूनाः क्वचित् कदाचिच्च पुलाकाभा व्रतेष्वपि ॥ (ह. पु. ६४–५९) । ५. अपरिपूर्णव्रता उत्तरगुणहीनाः पुलाकाः ईषद्विशुद्धिपुलाकसादृश्यात् । (त. श्लो. ९-४६)। ६. पुलाको निःसार इति प्रख्यं लोके । पलञ्जिस्तण्डुलकणशून्या पुलाकः । एवं निर्ग्रन्थोऽपि लब्धिमुत्पन्नां तपःश्रुताभ्यां हेतुभ्यामुपजीवन् सकलसंयमगलनात् पञ्जलिरूपं निःसारमात्मानं करोति । ज्ञानदर्शन-चरणानि च सारः तदपगमान्निःसारः । जिनप्रणीतादागमाद्धेतुतः सदैवाप्रतिपातिनः, आगमाश्च सम्यग्दर्शनमूलज्ञान-चरणे निर्वाणहेतू इत्यस्मादपरिभ्रष्टाः अद्दधाना ज्ञानानुसारेण क्रियानुष्ठायिनो लब्धिमुपजीवन्तो निर्ग्रन्थाः पुलाका भवन्ति । उप-

जीवन्तश्च निःसारतामात्मनः कुर्वन्तीति ग्राह्यम्। सततमप्रमादिन इत्यपरे पठन्ति। जिनोक्तादागमाद्धेतुभूतान्मुक्तिसाधनेषु न प्रमाद्यन्ति जातुचिदिति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९-४८); ××× तदेवमन्यतमं मूलगुणं प्रतिसेवमानः पुलाको भवति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९-४९)। ७. पुलाकशब्देनासारं निःसारं धान्यं तण्डुलकणशून्यं पलञ्जिरूपं भण्यते, तेन पुलाकेन समं सदृशं यस्य साधोश्चरणं चारित्रं भवति स पुलाकः, पुलाक इव पुलाक इति कृत्वा। अयमर्थः—तपःश्रुतहेतुकायाः सङ्घादिप्रयोजने सबलवाहनस्य चक्रवर्त्यादेरपि चूर्णने समर्थाया लब्धेरुपजीवनेन ज्ञानाद्यतिचारासेवनेन वा सकलसंयमसारगलनात् पलञ्जिवन्निःसारो यः स पुलाकः। (प्रव. सारो. वृ. ७२३)। ८. उत्तरगुणभावनारहिताः क्वचित् कदाचित् कथंचिद् व्रतेष्वपि परिपूर्णत्वमलभमाना अविशुद्धपुलाकसदृशत्वात् पुलाकाः। (त. वृत्ति श्रुत. ९-४६)।

१ जिन मुनियों का मन उत्तरगुणों की भावनाओं में संलग्न नहीं है और जो व्रतों में भी कहीं व किसी समय परिपूर्णता से रहित होते हैं उन मुनियों को कण से रहित—निरुपयोगी—अशुद्ध धान्य के समान निःसार होने से पुलाक कहा जाता है। २ जो जिनप्रणीत आगम से तो पतित नहीं है—उस पर श्रद्धा रखता है, पर अहिंसादि पांच मूलगुण और छठा रात्रिभोजन व्रत इनमें से किसी एक व्रत का दूसरे की प्रेरणा से पालन करता है वह पुलाक मुनि कहलाता है।

पुल्लिङ्ग—देखो पुरुषलिङ्ग।

पुल्लिङ्गसिद्ध—पुल्लिङ्गे शरीरनिर्वृत्तिरूपे व्यवस्थिताः सन्तो ये सिद्धास्ते पुल्लिङ्गसिद्धाः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ७, पृ. २२)।

जो शरीर की रचनारूप पुल्लिग में—पुरुषशरीर में—अवस्थित रहते हुए मुक्ति को प्राप्त हुए हैं वे पुल्लिगसिद्ध कहलाते हैं।

पुष्टि—पुष्टिः पुण्योपचयः ×××। (षोडश. ३-४)।

पुण्य के संचय को पुष्टि कहते हैं।

पुष्पचारण—१. अविराहिदूण जीवे तल्लीणे बहुविहाण पुप्फाणं। उवरिम्मि जं पसप्पदि सा रिद्धी पुप्फचारणा णाम॥ (ति. प. ४, १०३९)। २. नानाद्रुम-लता-गुल्म-पुष्पाण्युपादाय पुष्पसूक्ष्मजीवानविराधयन्तः कुसुमतलदलावलम्बनसङ्क्रमतयः (प्रव. 'कुसुमदलपटलमवलम्बमानाः') पुष्पचारणाः। (योगशा. स्वो. विव. १-९, पृ. ४१; प्रव. सारो. वृ. ६०१, पृ. १६८)। ३. पुष्पमस्पृश्य पुष्पोपरि गमनं पुष्पचारणत्वम्। (त. वृत्ति श्रुत. ३, ३६)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु बहुत प्रकार के पुष्पों में स्थित जीवों की विराधना न करके उनके ऊपर से चलते हैं उसे पुष्पचारण ऋद्धि कहते हैं।

पुष्पदन्त—पुष्पकलिकामनोहरदन्तत्वात् पुष्पदन्त इति। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२४)।

पुष्प-कलिका के समान मनोहर दांतों के धारक नौवें तीर्थंकर को पुष्पदन्त कहते हैं।

पुष्पदन्त कुम्भ—ह्रस्वोष्ठः पुष्पदन्तः। (निर्वाणक. पृ. ८)।

जिस घड़े का मुख छोटा हो वह पुष्पदन्त नामक कुम्भ कहलाता है। आचार्य के अभिषेक के समय मण्डल पर लिखे जाने वाले १६ कुम्भों में वह बारहवां है।

पुष्पोपहित—१. पुप्फोवहिदं च व्यञ्जनमध्ये पुष्पवलिरिव अवस्थितसिक्थम्। (भ. आ. विजयो. २२०)। २. पुष्पोपहितं पुष्पप्रकरवद्व्यञ्जनमध्यप्रकीर्णसिक्थम्। (भ. आ. मूला. २२०)।

पुष्पसमूह के समान व्यंजनों के मध्य में स्थित सिक्थ (धान्यकण) को पुष्पोपहित कहा जाता है।

पुंवेद—देखो पुरुषवेद। १. यस्योदयात् पौंस्नान् भावानास्कन्दति स पुंवेदः। (स. सि. ८-९; त. वा. ८, ९, ४)। २. पुरुषवेदमोहोदयात् अनेकाकारासु स्त्रीष्वभिलाषः आम्रफलाभिलाषः इवोद्रिक्तश्लेष्मणः, तथा सङ्कल्पजास्वपीत्यादि। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८, १०, पृ. १४२)। ३. येषामुदयेन पुद्गलस्कन्धानां वनितायामाकांक्षा जायते तेषां पुंवेद इति संज्ञा। (मूला. वृ. १२-१९२)। ४. पुंवेदं पुंभावापत्तिनिमित्तं पुंवेदाख्यं नोकषायवेदनीयम्। (भ. आ. मूला. २०९७)। ५. यदुदयात् पुंस्त्वपरिणामान् प्राप्नोति स पुंवेदः। (त. वृत्ति श्रुत. ८-९)।

१ जिसके उदय से जीव पुरुष के भावों को प्राप्त करता है उसे पुंवेद कहते हैं। २ पुरुषवेदमोहनीय के उदय से अनेक आकार वाली स्त्रियों के विषय

में इस प्रकार अभिलाषा होती है जिस प्रकार कि कफ के उद्रेक से आम्र फल की अभिलाषा हुआ करती है। उक्त पुंवेद के उदय से संकल्पजात स्त्रियों के विषय में भी अभिलाषा होती है।

पूजक—१. भव्यात्मा पूजकः शान्तो वेश्यादिव्यसनोज्झितः। ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः स शूद्रो वा सुशीलवान् ॥ (भावसं. वाम. ४६५)। २. नित्यपूजाविधायी यः पूजकः स हि कथ्यते। द्वितीयः पूजकाचार्यः प्रतिष्ठादिविधानकृत् ॥ ब्राह्मणादिचतुर्वर्ण्य आद्यः शीलव्रतान्वितः। सत्य-शौच-दृढाचारो हिंसाद्यव्रतदूरगः ॥ जात्या कुलेन पूतात्मा शुचिर्बन्धु-सुहृज्जनैः। गुरूपदिष्टमंत्रेण युक्तः स्यादेष पूजकः ॥ (धर्मसं. श्रा. ९, १४२-४४)।

१ जो भव्य जीव शान्त—क्रोधादि कषायों से रहित—होकर वेश्यादि व्यसनों का त्याग कर चुका है वह पूजक—पूजा का अधिकारी होता है। वह ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य अथवा उत्तम शीलवान् शूद्र होना चाहिए।

पूजकाचार्य (प्रतिष्ठाचार्य)—इदानीं पूजकाचार्यलक्षणं प्रतिपाद्यते। ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यो नानालक्षणलक्षितः ॥ कुल-जात्यादिसंशुद्धः सद्दृष्टिर्देशसंयमी। वेत्ता जिनागमस्याऽनालस्यः श्रुतबहुश्रुतः ॥ ऋजुर्वाग्मी प्रसन्नोऽपि गम्भीरो विनयान्वितः। शौचाऽऽचमनसोत्साहो दानवान् कर्मकर्मठः ॥ साङ्गोपाङ्गयुतः शुद्धो लक्ष्य-लक्षणवित् सुधीः। स्वदारी ब्रह्मचारी वा नीरोगः सत्क्रियारतः ॥ वारिमंत्रव्रतस्नातः प्रोषधव्रतधारकः। महाभिमानी मौनी च त्रिसन्ध्यं देववन्दकः ॥ श्रावकाचारपूतात्मा दीक्षा-शिक्षागुणान्वितः। क्रियाषोडशभिः पूतो ब्रह्मसूत्रादिसंस्कृतः। न हीनाङ्गो नाधिकाङ्गो न प्रलम्बो न वामनः ॥ न कुरूपी न मूढात्मा न वृद्धो नातिबालकः ॥ न क्रोधादिकषायाढ्यो नार्थार्थी व्यसनी न च। न [ना]न्त्यास्त्रयो न तावाद्यौ श्रावकेषु न संयमी ॥ ईदृग्दोषभृदाचार्यः प्रतिष्ठां कुरुतेऽत्र चेत्। तदा राष्ट्रं पुरं राज्यं राजादिः प्रलयं व्रजेत् ॥ कर्ता फलं न चाप्नोति नैव कारयिता ध्रुवम्। ततस्तल्लक्षणश्रेष्ठः पूजकाचार्य इष्यते ॥ (धर्मसं. श्रा. ९-१४५ से १५४)।

जो ब्राह्मण, क्षत्रिय, अथवा वैश्य होकर अनेक लक्षणों से युक्त हो; कुल व जाति आदि से शुद्ध हो, सम्यग्दृष्टि होकर देशव्रती हो, जिनागम का ज्ञाता हो, आलस्य से रहित हो, बहुत श्रुत को सुन चुका हो, सरल हो, वक्ता हो, प्रसन्न होता हुआ भी गम्भीर हो, विनयशील हो; शौच व आचमन में उत्साहसहित हो, दाता हो, क्रियाशील हो, अंग-उपांगों से युक्त हो; लक्ष्य-लक्षण का जानकार हो, विवेकी हो, स्वदारसन्तोषी या ब्रह्मचारी हो, नीरोग हो, सदाचारी हो; जलस्नान से युक्त होकर मंत्र का ज्ञाता व व्रत से सहित हो; प्रोषधव्रत का धारी हो, महा अभिमानी हो—स्वाभिमानी होकर दैन्यभाव से दूर रहने वाला हो, मौन रखता हो, तीनों सन्ध्याओं में देववन्दना करने वाला हो, श्रावक के आचार का परिपालक हो, दीक्षा-शिक्षागुण से युक्त हो, सोलह क्रियाओं से पवित्र हो, ब्रह्मसूत्र (यज्ञोपवीत) आदि संस्कारों से सहित हो, न हीनांग हो और न अधिक अंग वाला हो; न लम्बा हो, न बौना हो; न कुरूप हो, न मूर्ख हो, न बुड्ढा हो, न बालक हो, क्रोधादिकषायों वाला न हो, अनार्थी न हो, व्यसनी न हो, ग्यारह श्रावकों में न अन्तिम तीन—परिग्रहत्याग प्रतिमाधारी आदि—हों, न आदि के दो (दर्शनिक व व्रती) हों; तथा संयमी (मुनि) न हो। यदि आचार्य उक्त दोषों (हीनांगादि) से दूषित होता है तो राष्ट्र, नगर, राज्य व राजा आदि का नाश हो सकता है; तथा वैसा होने पर न कर्ता ही फल को पाता है और न कराने वाला भी, इसी कारण पूजक आचार्य उपर्युक्त लक्षणों से श्रेष्ठ माना जाता है।

पूजन—देखो पूजा।

पूजा—१. पूजा च द्रव्य-भावसंकोचः, तत्र कर-शिरःपादादिसन्यासो द्रव्यसंकोचः, भावसंकोचस्तु विशुद्धस्य मनसो नियोग इति। (ललितवि. पृ. ९); पूजनं गन्ध-माल्यादिभिः समभ्यर्चनम्। (ललितवि. पृ. ७७)। २. वस्त्र-माल्यादिजन्या पूजा। (आव. नि. हरि. वृ. ९२१, पृ. ४०६)। ३. स्नान-विलेपन-सुसुगन्धिपुष्प-धूपादिभिः शुभैः कान्तम्। विभवानुसारतो यत् काले नियतं विधानेन ॥ अनुपकृतपरहितरतः शिवदस्त्रिदशेशपूजितो भगवान्। पूज्यो हितकामानामिति भक्त्या पूजनं पूजा ॥ (षोडशक. १-२)। ४. एदाहि (चरु-बलि-पुप्फ-फल-गंध-धूव-दीवादीहि) सह अइंदधय-कप्परुक्ख-महामह-सव्वदोभद्दादिमहिमाविहाणं पूजा णाम। (धव. पु.

८, पृ. ६२) । ५. पूजा च सेवाऽञ्जल्यासनाभ्युत्थानादिलक्षणा । (योगशा. स्वो. विव. १–५४) ।
१ द्रव्य और भाव के संकोच का नाम पूजा है। उनमें हाथ, शिर और पांवों आदि के संकोच को द्रव्यसंकोच और निर्मल मन के नियमन को भावसंकोच कहा जाता है। ४ चरु, बलि, पुष्प, फल, गन्ध, धूप और दीप आदि के द्वारा इन्द्रध्वज, कल्पतरु, महामह और सर्वतोभद्र आदि के माहात्म्य के विधान का नाम पूजा है।

पूज्य—१. पूज्यः शतेन्द्रवन्द्यांह्रिर्निर्दोषः केवली जिनः । (भावसं. वाम. ४६४) । २. पूज्योऽर्हन् केवलज्ञान-दृग्वीर्य-सुखधारकः । निःस्वेदत्वादिनैर्मल्यमुख्यकैः संयुतो गुणैः ॥ (धर्मसं. श्रा. ६–३४) ।
२ अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तवीर्य और अनन्तसुख के धारक होकर जो निःस्वेदत्व आदि गुणों से युक्त हैं वे अरहन्त भगवान् पूज्य हैं—पूजा के योग्य हैं।

पूति, पूतिक—१. अप्पासुएण मिस्सं पासुयदव्वं तु पूदिकम्मं तं । (मूला. ६–६) । २. पूतिकर्म—संभाव्यमानाधाकर्मावयवसंमिश्रलक्षणम् । (दशवै. सू. हरि. वृ. ५–५५, पृ. १७४) । ३. आत्मनो गृहार्थमानीतैः काष्ठादिभिः सह बहुभिः श्रमणार्थमानीयाल्पेन मिश्रिता यत्र गृहे तत्पूतिकमित्युच्यते । (भ. आ. विजयो. २३०; भ. आ. मूला. २३०; कार्तिके. टी. ४४८–४६, पृ. ३३७) । ४. यदाधाकर्माद्यवयवसंमिश्रं तत्पूतीकर्म । (आचारा. शी. वृ. २, १, २६६, पृ. ३४७) । ५. प्रासुकमप्यप्रासुकेन सचित्तादिना मिश्रं यदाहारादिकं पूतिदोषः । (मूला. वृ. ६–६) । ६. पूति प्रासुकपात्रादि मिश्रमप्रासुकेन यत् । मिश्रसंगे हि पाखण्डियतिभ्यो यद्वितीर्यते ॥ (आचा. सा. ८–२५) । ७. आधाकर्मिकावयवसंमिश्रं शुद्धमपि यत्तत् पूतिकर्म शुचिद्रव्यमिवाशुचिद्रव्यसम्मिश्रम् । (योगशा. स्वो. १–३८) । ८. पूति प्रासु यदप्रासु मिश्रं योज्यमिदं कृतम् । नेदं वा यावदार्येभ्यो नादायि च कल्पितम् ॥ (अन. ध. ५–६)। ९. यदुद्गमकोटिदोषदुष्टसङ्गात् शुद्धमपि अपवित्रं तत्पूतिकर्म । (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २०, पृ. ४८) । १०. यदप्रासुकं पात्रं कांस्यपात्रादिकं मिथ्यादृष्टिप्रातिवेशैर्मिथ्यागुर्वर्थं दत्तं तत्पात्रस्थमन्नादिकं महामुनीनामयोग्यं पूत्युच्यते । (भावप्रा. टी. ९९) ।
१ अप्रासुक (सचित्त) से मिश्रित प्रासुक द्रव्य (भोज्य पदार्थ) पूतिदोष से दूषित होता है। २ यदि आधाकर्म के अवयव से मिश्रित होने की सम्भावना हो तो दिया जाने वाला वैसा अन्नादि पूतिकर्म दोष से दुष्ट होने के कारण साधुओं के लिए अग्राह्य होता है। ३ अपने गृहनिर्माण के लिए लाये गये बहुत से काष्ठ आदि के साथ साधु के लिए लाये गये काष्ठादि को मिलाकर जो घर निर्मित किया जाता है वह पूतिक दोष से युक्त होता है।

पूतिकर्मिका—पूतिकर्मिका आधाकर्मिकसुधादिना पूरितच्छिद्रा । (बृहत्क. क्षे. वृ. १७५३) ।
आधाकर्मयुक्त सफेदी आदि के द्वारा जिस सौवीरिणी (कांजी या अम्लिनी) के छेद भरे गये हैं वह पूतिकर्मिका कहलाती है।

पूरक—१. द्वादशान्तात् समाकृष्य यः समीरः प्रपूर्यते । स पूरक इति ज्ञेयो वायुविज्ञानकोविदैः ॥ (ज्ञानार्णव २६–४) । २. समाकृष्य यदापानात् पूरणं स तु पूरकः । (योगशा. ५–७) । ३. द्वादशाङ्गुलपर्यन्तं समाकृष्य समीरणम् । पूरयत्यतियत्नेन पूरकध्यानयोगतः । (भावसं. वाम. ६९७) ।
३ वायु को बारह अंगुल पर्यन्त खींचकर जो पूर्ण किया जाता है उसे पूरक प्राणायाम कहते हैं।

पूरिम—तलावालि-जिणहराहिट्ठाणादिदव्वं पूरणकिरियाणिप्फण्णं पूरिमं णाम । (धव. पु. ९, पृ. २७३) ।
पूरणक्रिया से सिद्ध तालाब के बांध और जिनालय के अधिष्ठान (नीव) आदि द्रव्य को पूरिम कहा जाता है।

पूर्णगेय—यत् स्वर-कलाभिः पूर्णं गीयते तत् पूर्णम् । (रायप. मलय. वृ. पृ. १३१; जम्बूद्वी. शा. वृ. ६, पृ. ४०) ।
जो स्वर-कलाओं से परिपूर्ण गान गाया जाता है उसे पूर्णगेय कहते हैं।

पूर्व—१. चउरासीतिपुव्वंगसयसहस्साइं से एगे पुव्वे । (भगवती. ६, ७, ४, पृ. ८२६; जम्बूद्वी. १८, पृ. ८९; अनुयो. सू. १३७, पृ. १७९) । २. पुव्वस्स दु परिमाणं सदरिं खलु कोडिसदसहस्साइं । छप्पण्णं च सहस्सा बोद्धव्वा वस्सकोडीणं ॥ (स. सि. ३–३१, उद्.; धव. पु. १३, पृ. ३०० उद्.; जं. दी. प. १३–१२) । ३. पूर्वाङ्गशतसहस्रं

चतुरशीतिगुणितं पूर्वम्। (त. भा. ४-१५)। ४. पुव्वस्स उ परिमाणं सयरिं खलु हुंति कोडिलक्खाओ। छप्पण्णं च सहस्सा बोधव्वा वासकोडीणं॥ (बृहत्सं. ३१६, पृ. १२२; प्रव. सारो. १३८७; संग्रहणी २१८)। ५. पुव्वंगसयसहस्सा चुलसीइगुणं हवइ पुव्वं। पुव्वस्स उ परिमाणं सयरी खलु होंति सयसहस्साइं (जीवस. 'होंति कोडिलक्खाओ') छप्पण्णं च सहस्सा बोद्धव्वा वासकोडीणं॥ (ज्योतिष्क. ६२-६३; जीवस. ११२-१३)। ६. चतुरशीतिपूर्वाङ्गशतसहस्राणि पूर्वम्। (त. वा. ३, ३८, ८, पृ. २०६)। ७. तं एगं पुव्वंगं चुलसीए सतसहस्सेहिं गुणितं एगं पुव्वं भवति। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ५४)। ८. सत्तरिकोडिलक्ख-छप्पण्णसहस्सकोडिवरिसेहिं पुव्वं होदि। (धव. पु. १३, पृ. ३००)। ९. तत्तद्गुणं च पूर्वांगं पूर्वं भवति निश्चितम्। (ह. पु. ७-२५)। १०. पूर्वाङ्गलक्षाः चतुरशीतिगुणिताः पूर्वम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४, १५)। ११. पुव्वंगसदसहस्सा चुलसीदिगुणं हवे पुव्वं। (जं. दी. प. १३-११)। १२. पूर्वांगं चतुरशीतिगुणितं पूर्वं भवति, पूर्वस्य तु प्रमाणं सप्ततिकोटीशतसहस्राणि कोटीनां तु षट्पंचाशतसहस्राणि चेति। (मूला. वृ. १२-६६)। १३. वरिसाणं लक्खेहिं चुलसीसंखेहिं होइ पुव्वंगं। एयं चिय एयगुणं जायइ पुव्वं तयं तु इमं॥ (प्रव. सारो. १३८६)। १४. चतुरशीतिः पूर्वाङ्गलक्षाणि पूर्वम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६१)। १५. पूर्वस्य परिमाणं वर्षकोटीनां सप्ततिः कोटिलक्षाः षट्पञ्चाशत्सहस्राणि, ७०-५६०००००००००० पूर्वाङ्गं च पूर्वाङ्गेन गुणितं पूर्वं भवति। (बृहत्सं. मलय. वृ. ३१६, पृ. १२२)। १६. चतुरशीतिः पूर्वाङ्गशतसहस्राणि एकं पूर्वम्। (जीवाजी. मलय. वृ. २-१७८)। १७. पूर्वाङ्गं चतुरशीतिवर्षलक्षैर्गुणितं पूर्वं भवति। (षडशीति दे. स्वो. वृ. ६६)। १८. पूर्वाङ्गलक्षैश्चतुरशीत्या पूर्वं प्रकीर्तितम्॥ पूर्वे च वर्षकोटीनां लक्षाणि किल सप्ततिः। षट्पञ्चाशत्सहस्राणि निर्दिष्टानि जिनेश्वरैः॥ (लोकप्र. २६, ४-५)।

१ चौरासी लाख पूर्वाङ्गों का एक पूर्व होता है। २ सत्तर लाख करोड़ और छप्पन हजार करोड़ (७०५६०००००००००००) वर्ष प्रमाण एक पूर्व होता है।

पूर्वकृत, पूर्वगत—देखो पूर्वश्रुत। १. पुव्वगयं पंचाणउदिकोडि-पण्णासलक्ख-पंचपदेहिं ९५५००-०००५ उप्पाय-वय-धुवत्तादीणं वण्णणं कुणइ। (धव. पु. १, पृ. ११२-१३; पूर्वकृते पञ्चनवतिकोटिपञ्चाशच्छतसहस्र-पञ्चपदे ९५५०००००५ उत्पादव्यय-ध्रौव्यादयो निरूप्यन्ते। (धव. पु. ६, पृ. २०६)। २. पुव्वगयं उप्पाय-वय-धुवत्तादीणं णाणाविहपत्थाणं वण्णणं कुणइ। (जयध. १, पृ. १३८)। ३. पूर्वमुत्पादादि प्रतीतम्। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८)। ४. पूर्वमुत्पादपूर्वादि पूर्वोक्तस्वरूपम्। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ७)। ५. पञ्चनवतिकोटिपञ्चाशल्लक्ष-पञ्चपदपरिमाणं निखिलार्थानामुत्पादव्यय-ध्रौव्याद्यभिधायकं पूर्वगतम् ९५५०००००५। (श्रुतभ. टी. ९, पृ. १७४)।

१ जिस श्रुत में उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य आदि की प्ररूपणा की जाती है उसे पूर्वगत श्रुत कहा जाता है। यह दृष्टिवाद के पांच भेदों में चौथा है। इसमें ९५५०००००५ पद होते हैं।

पूर्वदिशा—जस्स जओ आइच्चो उदेइ सा तस्स होइ पुव्वदिसा। (आचा. नि. ४७, पृ. १३)।

जिस दिशा से सूर्य का उदय होता है उसे पूर्वदिशा कहते हैं।

पूर्व-पश्चात्संस्तवपिण्ड—पूर्वसंस्तवं जननी-जनकादिद्वारेण पश्चात्संस्तवं श्वश्रू-श्वशुरादिद्वारेणात्मपरिचयानुरूपं सम्बन्धं भिक्षार्थं घटयतः पूर्व-पश्चात्संस्तवपिण्डः। (योगशा. स्वो. विव. १-३८)।

माता-पितादि के सम्बन्ध के बतलाने को पूर्वसंस्तव और सास-ससुर के सम्बन्ध के बतलाने को पश्चात्संस्तव कहते हैं। इन दोनों प्रकार के सम्बन्धों को बतलाते हुए भिक्षा के ग्रहण करने से क्रमशः पूर्व-पश्चात्-संस्तवपिण्ड नामका दोष होता है।

पूर्वरतानुस्मरण—१. पूर्वं च तत् रतं च पूर्वरतं पूर्वकालभुक्तभोगः, तस्य अनुस्मरणमनुचिन्तनं पूर्वरतानुस्मरणम्। (त. वृत्ति श्रुत. ७-७)। २. रतं मोहोदयात् पूर्वं सार्द्धमन्याङ्गनादिभिः। तत्स्मरणमतीचारं पूर्वरतानुस्मरणम्॥ (लाटीसं. ६-६६)।

१ पूर्वकाल में भोगे हुए भोगों का स्मरण करना, इसका नाम पूर्वरतानुस्मरण है, यह ब्रह्मचर्यव्रत की

पांच भावनाओं में से एक है।

पूर्वविदेह—मेरोः सकाशात् पूर्वं क्षेत्रं पूर्वविदेहः। (त. वृत्ति श्रुत. ३-१०)।
मेरु पर्वत से पूर्व की ओर जो क्षेत्र है वह पूर्वविदेह कहलाता है।

पूर्वश्रुतज्ञान—एदस्स (वत्थुसमासस्स) उवरि एगक्खरे वड्ढिदे पुव्वं णाम सुदणाणं होदि। (धव. पु. ६, पृ. २५); पुणो एदस्स (वत्थुसमाससुदणाणस्स) उवरि एगक्खरे वड्ढिदे पुव्वसुदणाणं होदि। × × × पुव्वगयस्स जे उप्पादपुव्वादिचोद्दसअहियारा तेसिं पुध पुध पुव्वसुदणाणमिदि सण्णा। (धव. पु. १३, पृ. २७१)।
वस्तुसमास श्रुतज्ञान के ऊपर एक अक्षर की वृद्धि के होने पर पूर्व नाम का श्रुतज्ञान होता है।

पूर्वश्रुतप्रत्याख्यान—तत्र पूर्वश्रुतप्रत्याख्यानं प्रत्याख्यानसंज्ञितं पूर्वम्। (आव. नि. मलय. वृ. १०५४; पृ. ५७९)।
प्रत्याख्यान नामक पूर्व को पूर्वश्रुतप्रत्याख्यान कहा जाता है।

पूर्वश्रुतावरणीय — पुव्वसुदणाणस्स जमावारयं कम्मं तं पुव्वावरणीयं। (धव. पु. १३, पृ. २७९)।
पूर्व श्रुत के आवारक कर्म को पूर्वश्रुतावरणीय कर्म कहते हैं।

पूर्वसमासश्रुतज्ञान—१. तस्स (पुव्वसुदणाणस्स) उवरि एगक्खरे वड्ढिदे पुव्वसमासो होदि। एवं पुव्वसमासो गच्छदि जाव लोगबिंदुसारचरिमक्खरं ति। (धव. पु. ६, पृ. २५); उप्पादपुव्वसुदणाणस्सुवरि एगक्खरे वड्ढिदे पुव्वसमाससुदणाणं होदि। एवमेगेगक्खरुत्तरवड्ढीए पुव्वसमाससुदणाणं वड्ढमाणं गच्छदि जाव अंगपविट्ठंगबाहिरसगलसुदणाणक्खराणि सव्वाणि वड्ढिदाणि त्ति। (धव. पु. १३, पृ. २७१)। २. तद्द्व्यादिसंयोगस्तु पूर्वसमासः। (शतक. मल. हे. वृ. ३८; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ७)।
१ पूर्व श्रुतज्ञान के ऊपर एक अक्षर की वृद्धि के होने पर पूर्वसमासश्रुतज्ञान होता है। २ दो पूर्व आदि के संयोग का नाम पूर्वसमास है।

पूर्वसमासावरणीयकर्म — पुव्वसमाससुदणाणस्स × × × जमावारयं कम्मं तं पुव्वसमासावरणीयं। (धव. पु. १३, पृ. २७९)।
जो पूर्वसमास श्रुत को आच्छादित करता है उसे पूर्वसमासावरणीय कहते हैं।

पूर्वसंस्तव—१. दायगपुरदो कित्ती तं दाणवदी जसोधरो वेत्ति। पुव्वीसंथुदिदोसा विस्सरिदे बोधणं चावि॥ (मूला. ६-३६)। २. माय-पिइ पुव्वसंथव × × ×। गुणसंथवेण पुव्विं संतासंतेण जो थुणिज्जाहि। दायारमदिन्नंमी सो पुव्विसंथवो हवइ॥ एसो सो जस्स गुणा वियरंति अवारिया दसदिसासु। इहरा कहासु सुणिमो पच्चक्खं अज्ज दिट्ठोऽसि॥ (पिण्डनि. ८५ व ९०-९१)। ३. गच्छतामागच्छतां च यतीनां भवदीयमेव गृहमाश्रयः इतीयं वार्ता दूरादेवास्माभिः श्रुतेति पूर्वं स्तुत्वा या लब्धा सा पूर्वसंस्तवदोषदुष्टा। (भ. आ. विजयो. व मूला. २३०)। ४. ददातीति दायको दानपतिः, तस्य पुरतः कीर्तिं ख्यातं ब्रूते। कथम्? त्वं दानपतिर्यशोधरः, त्वदीयकीर्तिविश्रुता लोके, यद्दातुरग्रतो दानग्रहणात् प्रागेव ब्रूते तस्य पूर्वसंस्तुतिदोषो नाम जायते। विस्मृतस्य च दानसम्बोधनम्—त्वं पूर्वं महादानपतिरिदानीं किमिति कृत्वा विस्मृत इति सम्बोधनं करोति यस्तस्यापि पूर्वसंस्तुतिदोषो भवतीति। (मूला. वृ. ६-३६)। ५. दाता ख्यातस्त्वमित्याद्यैर्यद् गेह्यानन्दनन्दनम्। पूर्वं पश्चाच्च भुक्तेस्तत् पूर्वं पश्चात् स्तवद्वयम्॥ (आचा. सा. ८-४१)। ६. स्तुत्वा दानपतिं दानं स्मरयित्वा च गृह्णतः। गृहीत्वा स्तुवतश्च स्तः प्राक्-पश्चात्संस्तवौ क्रमात्। (अन. ध. ५-२४)। ७. अहो जिनदत्त, त्वं जगति विख्यातो दाता वर्तसे इत्यादिभिर्वचनैर्गृहस्थस्यानन्दजननं भुक्तेः पूर्वं तत्पूर्वस्तवनम्। (भावप्रा. टी. ९९)।
१ तुम दानपति हो व तुम्हारी कीर्ति दान के विषय में फैली हुई है, अथवा तुम प्रसिद्ध दाता रहे हो, इस समय तुम उसे कैसे भूल गये हो, इत्यादि प्रकार से स्तुति करना व विस्मृत होने पर उसे पुनः सम्बोधित करना; यह पूर्वसंस्तुति दोष कहलाता है। यह साधु के आहारविषयक सोलह उत्पादन दोषों में है। २ दान ग्रहण करते समय माता-पिता आदि के रूप से परिचय देना, यह पूर्वसंस्तव दोष है; कारण यह कि माता-पिता आदि पूर्वकालभावी हैं। यह सम्बन्धसंस्तव है। वचनसंस्तव इस प्रकार है—दाता से भोजन आदि के ग्रहण करने पर सत्य या असत्य रूप उदारता आदि गुणों की प्रशंसाविषयक वचनसमूह के

द्वारा दाता की स्तुति करने पर पूर्वसंस्तव नामक उत्पादन दोष होता है।

पूर्वसंस्तुति—देखो पूर्वसंस्तव।

पूर्वाङ्ग—१. वर्षशतसहस्रं चतुरशीतिगुणितं पूर्वाङ्गम्। (त. भा. ४–१५)। २. चउरासीइं वाससयसहस्साणि से एगे पुव्वंगे। (भगवती. ६, ७, ४, पृ. ८२६; जम्बूद्वी. १८, पृ. ८९; अनुयो. सू. १३७, पृ. १७९)। ३. वाससहस्साइं चुलसीइगुणाइं होज्ज पुव्वंगं॥ (ज्योतिष्क. ६२)। ४. वाससयसहस्सं पुण चुलसीइगुणं हवेज्ज पुव्वंगं। (जीवस. ११२)। ५. लक्ष्या ह्यशीति त्वधिका चतुर्भिः पूर्वाङ्गमेकं मुनिभिः प्रदिष्टम्॥ (वराङ्ग. २७–८)। ६. चतुरशीतिवर्षशतसहस्राणि पूर्वाङ्गम्। (त. वा. ३, ३८, ७)। ७. पुव्वंगे परिमाणं पचसुण्णं चउरासी य। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ५४ उद्.)। ८. ज्ञेयं वर्षसहस्रं तु तच्चापि दशसंगुणम्। पूर्वाङ्गं तु तदभ्यस्तमशीत्या चतुरग्रया। (म. पु. ७–२४)। ९. चउरासीलक्खहिं पुव्वंगउ। (म. पु. पुष्प. २–६, पृ. २३)। १०. तच्चतुरशीतिगुणितमेकं पूर्वाङ्गम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४–१५)। ११. वाससदसहस्साणि चुलसीदिगुणं हवेज्ज पुव्वंगं। (जं. दी. प. १३–११)। १२. वरिसाणं लक्खेहिं चुलसीसंखेहिं होइ पुव्वंगं। (प्रव. सारो. १३८६)। १३. वर्षलक्षं चतुरशीतिरूपगुणितं पूर्वांगं भवति। (मूला. वृ. १२–६९)। १४. पूर्वाङ्गं चतुरशीतिवर्षलक्षाणि। (बृहत्सं. मलय. वृ. ३१६)। १५. चतुरशीतिर्वर्षलक्षाण्येकं पूर्वाङ्गम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६१; जीवाजी. मलय. वृ. २–१७८)। १६. चतुरशीत्या च वर्षलक्षैः पूर्वाङ्गं भवति। (षडशी. दे. स्वो. वृ. ६९)। १७. वर्षलक्षाणि चतुरशीतिः पूर्वाङ्गमुच्यते। (लोकप्र. २९–४)।

१ चौरासी लाख वर्ष का एक पूर्वाङ्ग होता है।

पूर्वातिपूर्वश्रुतज्ञान—बहुषु पूर्वेषु वस्तुषु इदं श्रुतज्ञानं अतीव पूर्वमिति पूर्वातिपूर्वं श्रुतज्ञानम्। (धव. पु. १३, पृ. २८९)।

बहुत पूर्व वस्तुओं में यह श्रुतज्ञान अत्यन्त प्राचीन है, इसीलिए यह पूर्वातिपूर्व श्रुतज्ञान कहलाता है। यह श्रुत के ४१ पर्याय नामों में से एक है।

पूर्वानुज्ञा—इह योऽवग्रहः पुरातनसाधुभिरनुज्ञापितः सः यत् पाश्चात्यैरेवमेव परिभुज्यते न भूयोऽनुज्ञाप्यते सा पूर्वानुज्ञा। यथा—चिरन्तनसाधुभिर्देवेन्द्रो यदवग्रहमनुज्ञापितः सैव पूर्वानुज्ञा साम्प्रतसाधूनामप्यनुवर्तते, न पुनर्भूयोऽप्यनुज्ञाप्यते। (बृहत्क. क्षे. वृ. ६७०)।

इन्द्रादि पांच प्रकार के अवग्रह में जिस अवग्रह की प्राचीन साधुओं ने अनुज्ञा दी है उसका जो उत्तरकालीन साधुओं के द्वारा फिर से अनुज्ञा न लेकर उसी प्रकार से उपभोग किया जाता है, यह पूर्वानुज्ञा कहलाती है। जैसे—प्राचीन साधुओं ने देवेन्द्र के लिए जिस अवग्रह की अनुज्ञा दी है वही वर्तमान साधुओं की भी अनुज्ञा है, वे फिर से उसे अनुज्ञा नहीं देते।

पूर्वानुपूर्वी—१. जं मूलादो परिवाडीए उच्चदे सा पुव्वाणुपुव्वी। (धव. पु. १, पृ. ७३); उद्दिट्ठकमेण भत्थाहियारपरूवणा पुव्वाणुपुव्वी णाम। (धव. पु. ९, पृ. १३५)। २. जं जेण कमेण सुत्तकारेहिं ठइदमुप्पण्णं वा तस्स तेण कमेण गणणा पुव्वाणुपुव्वी णाम। (जयध. पु. १, पृ. २८)।

१ मूल से—उद्देश के अनुसार—जो क्रम से प्ररूपणा की जाती है उसे पूर्वानुपूर्वी कहते हैं।

पृच्छना—देखो प्रच्छना। १. पुच्छणा सुत्तस्स अत्थस्स वा भवति। (दशवै चू. पृ. २८)। २. संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा परानुयोगः पृच्छनम्। आत्मोन्नति-परातिसन्धानोपहास-संघर्ष-प्रहसनादिवर्जितः संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा ग्रन्थस्यार्थस्य तदुभयस्य वा परं प्रत्यनुयोगः पृच्छनमिति भाष्यते। (त. वा. ९, २५, २)। ३. तत्थ आगमे अमुणिदत्थपुच्छा वा उवजोगो (आगमे अमुणिदत्थपुच्छा पुच्छणा णाम)। (धव. पु. ९, पृ. २६२); अणिच्छिदट्ठाणं पण्हवावारो पुच्छणं णाम। (धव. पु. १४, पृ. ९)। ४. संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा परानुयोगः पृच्छना। (त. श्लो. ९–२५)। ५. आत्मोन्नतिप्रकटनार्थं पराभिसन्धानार्थमुपहास-संघर्ष-प्रहसनादिवर्जितः संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा ग्रन्थस्यार्थस्य तदुभयस्य परं प्रति पर्यनुयोगः पृच्छना। (चा. सा. पृ. ६७)। ६. पृच्छना प्रश्नः अनुयोगः, शास्त्रस्यार्थं जानन्नपि गुरुं पृच्छति। किमर्थम्? सन्देहविनाशाय। निश्चितोऽप्यर्थः किमर्थं पृच्छ्यते? बलाधाननिमित्तं ग्रन्थार्थप्रबलतानिमित्तम्, सा पृच्छना। (त. वृत्ति श्रुत.

६–२५) । ७. सूत्रादौ शङ्किते प्रश्नो गुरूणां पृच्छना मता । (लोकप्र. ३०–६७) ।

१ सूत्र या अर्थ के विषय में पूछना, इसका नाम पृच्छना है। ३ आगमप्ररूपित अर्थ के अज्ञात (अनिश्चित) होने पर उसके विषय में जो प्रश्न किया जाता है, इसे पृच्छना कहा जाता है। यह आगमाधिकारविषयक उपयोग का एक भेद है।

पृच्छनी भाषा—पृच्छनी अविज्ञातस्य सन्दिग्धस्य कस्यचिदर्थस्य परिज्ञानाय तद्विदः पार्श्वे चोदना। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ११–१६५, पृ. २५६)।

अज्ञात अथवा सन्दिग्ध किसी पदार्थ के परिज्ञानार्थ तद्विषयक अज्ञान को दूर करनेवाले किसी विद्वान् के पास में जिस भाषा में पूछा जाता है वह पृच्छनी भाषा कहलाती है।

पृच्छाविधि—द्रव्य-गुण-पर्यय-विधि-निषेधविषय—प्रश्नः पृच्छा, तस्याः क्रमः अक्रमप्रायश्चित्तं च विधीयते अस्मिन्निति पृच्छाविधिः श्रुतम्। अथवा पृष्टोऽर्थः पृच्छा, सा विधीयते निरूप्यतेऽस्मिन्निति पृच्छाविधिः श्रुतम्। (धव. पु. १३, पृ. २८५)।

द्रव्य, गुण, पर्याय, विधि और निषेधविषयक प्रश्न का नाम पृच्छा है। उसके क्रम, अक्रम और अक्रम-प्रायश्चित्त का जिस श्रुत में विधान किया जाता है उसे नाम से पृच्छाविधि कहा जाता है। अथवा पूछे गये अर्थ का नाम पृच्छा है, उसका जिस श्रुत में निरूपण किया जाता है उसे पृच्छाविधि समझना चाहिए।

पृच्छाविधिविशेष—विधानं विधिः, पृच्छायाः विधिः पृच्छाविधिः। स विशिष्यतेऽनेनेति पृच्छाविधिविशेषः। अर्हदाचार्योपाध्याय-साधवोऽनेन प्रकारेण पृष्टव्याः, प्रश्नभङ्गाश्च इयन्त एवेति यतः सिद्धान्ते निरूप्यन्ते ततस्तस्य पृच्छाविधिविशेष इति संज्ञेत्युक्तं भवति। (धव. पु. १३, पृ. २८५)।

अरहन्त, आचार्य, उपाध्याय और साधु से इस प्रकार से प्रश्न करना चाहिए तथा प्रश्न के भंग इतने हैं, इस प्रकार जिस श्रुत में प्रश्न की विधि का विशेष रूप से निरूपण किया जाता है उसे नाम से पृच्छाविधिविशेष कहा जाता है।

पृथक्त्व—पुधत्तमिति तिण्हं (कोडीणं) उवरि नवण्हं (कोडीणं) हेट्ठदो जा संखा सा घेत्तव्वा। (धव. पु. ३, पृ. ८९)।

तीन से आगे और नौ से पूर्व की जो संख्या ४-५ आदि है वह संख्या पृथक्त्व के अन्तर्गत मानी जाती है।

पृथक्त्वविक्रिया—पृथक्त्वविक्रिया स्वशरीरादन्यत्वेन प्रासाद-मण्डपादिविक्रिया। (त. वा. २, ४७, ४)।

अपने शरीर से भिन्न जो भवन एवं मण्डप आदि रूप विविध क्रिया की जाती है उसका नाम पृथक्त्वविक्रिया है।

पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यान—१. दव्वाइं अणेयाइं तीहिं वि जोगेहिं जेण ज्झायंति। उवसंतमोहणिज्जा तेण पुधत्तं त्ति तं भणिया ॥ जम्हा सुदं वितक्कं जम्हा पुव्वगदअत्थकुसलो य। ज्झायदि ज्झाणं एदं सवितक्कं तेण तं झाणं ॥ अत्थाण वंजणाण य जोगाणं य संकमो हु वीचारो। तस्स य भावेण तयं सुत्ते उत्तं सवीचारं ॥ (भ. आ. १८८०–८२; धव. पु. १३, पृ. ७८ उद्.)। २. द्रव्यपरमाणुं भावपरमाणुं वा ध्यायन्नाहितवितर्कसामर्थ्यः अर्थ-व्यञ्जने काय-वचसी च पृथक्त्वेन संक्रामता मनसाऽपर्याप्तबालोत्साहवदव्यवस्थितेनानिशितेनापि शस्त्रेण चिरात्तरुं छिन्दन्निव मोहप्रकृतीरुपशमयन् क्षपयंश्च पृथक्त्ववितर्कवीचारध्यानभाग्भवति। (स. सि. ९–४४)। ३. तत्थ पुहुत्तवितक्कं सविचारि णाम—पृथग्भावः पृथक्त्वम्, तिहि वि जोगेसु पवत्तइत्ति वुत्तं भवइ, अहवा पुहुत्तं णाम वित्थारो भण्णइ, सुयणाणोवउत्तो अणेगेहिं परियाएहिं झायइत्ति वुत्तं भवइ, बियक्को सुतं, विचारो णाम अत्थ-वंजण-जोगाण संकमणं, सह विचारेण सविचारं, अत्थ-वंजण-जोगाणं जत्थ संकमण तं सवियारं भण्णइ, तं च झायमाणो चोद्दसपुव्वी सुयनाणोवउत्तो अत्थओ अत्थंतरं गच्छइ, वंजणाओ वंजणंतरं, वंजणं अक्खरं भण्णइ, जोगाउ जोगंतरं, जोगो मण-वयण-कायजोगो भण्णइ। भणियं च—सुयनाणे उवउत्तो अत्थंमि य वंजणंमि सविचारं। झयइ चोद्दसपुव्वी पढमं झाणं सरागो उ ॥ अत्थसंकमणं चेव तहा वंजणसंकमं। जोगसंकमणं चेव पढमे झाणे निगच्छइ ॥ (दशवै. चू. पृ. ३४–३५)। ४. एकाग्रमना उपशान्तराग-द्वेष-मोहो नैपुण्यान्निगृहीतशरीरक्रियो मन्दोच्छ्वासनिःश्वासः सुनिश्चिताभिनिवेशः क्षमावान् बाह्याभ्यन्तरान् द्रव्य-पर्यायान् ध्यायन्नाहितवितर्कसामर्थ्यः अर्थ-व्यञ्जने काय-वचसी च

पृथक्त्वेन संक्रामता मनसाऽपर्याप्तबालोत्साहवदव्यवस्थितेनानिशितेनापि शस्त्रेण चिरात् तरुं छिन्दन्निव मोहप्रकृतीरुपशमयन् क्षपयंश्च पृथक्त्ववितर्कवीचारध्यानभाग् भवति। पुनर्वीर्यविशेषहानेर्योगाद् योगान्तरं व्यञ्जनाद् व्यञ्जनान्तरमर्थादर्थान्तरमाश्रयन् ध्यानविधूतमोहरजाः ध्यानयोगान्निवर्तते इति। उक्तं पृथक्त्ववितर्कवीचारम्। (त. वा. ९–४४)। ५. पृथक्त्वं भेदः, वितर्कः श्रुतं द्वादशांगम्, वीचारः संक्रान्तिः अर्थ-व्यञ्जन-योगेषु पृथक्त्वेन भेदेन वितर्कस्य श्रुतस्य वीचारः संक्रान्तिः यस्मिन् ध्याने तत् पृथक्त्ववितर्कवीचारम्। (धव. पु. १३, पृ. ७७)। ६. पृथक्त्वेन भेदेन वितर्कस्य श्रुतस्य द्वादशाङ्गादेर्वीचारो ऽर्थ-व्यञ्जन-योगेषु सङ्क्रान्तिर्यस्मिन् ध्याने तत् पृथक्त्ववितर्कवीचारं ध्यानम्। (जयध. १, पृ. ३४४)। ७. द्रव्याद् द्रव्यान्तरं याति पर्यायं चान्यपर्ययात्। व्यञ्जनाद् व्यञ्जनं योगाद्योगान्तरमुपैति यत्॥ शुक्लं तत् प्रथमं शुक्लतरलेश्याबलाश्रयम्। (ह. पु. ५६, ६२–६३)। ८. पृथक्त्वेन वितर्कस्य वीचारो यत्र तद्विदुः। सवितर्कं सवीचारं पृथक्त्वादिपदाह्वयम्॥ पृथक्त्वं विद्धि नानात्वं वितर्कः श्रुतमुच्यते। अर्थ-व्यञ्जन-योगानां वीचारः संक्रमो मतः॥ अर्थादर्थान्तरं गच्छन् व्यञ्जनाद् व्यञ्जनान्तरम्। योगाद् योगान्तरं गच्छन ध्यायतीदं वशी मुनिः॥ त्रियोगः पूर्वविद् यस्माद् ध्यायत्येनन्मुनीश्वरः। सवितर्कं सवीचारमतः स्याच्छुक्लमादिमम्॥ (म. पु. २१, १७० व १७२–७४)। ९. कृतगुप्त्याद्यनुष्ठानो यतिर्वीर्यातिशायनः। अर्थ-व्यञ्जन-योगेषु संक्रान्तौ पृथगुद्यतः॥ तदोपशमनान्मोहप्रकृतीः क्षपयन्नपि। यथापरिचयं ध्यायेत् क्वचिद्वस्तुनि सक्रियः॥ सवितर्कं सवीचारं पृथक्त्वेनादिमं मुनिः। ध्यानं प्रक्रमते ध्यातुं पूर्ववेदी निराकुलः। (त. श्लो. ९, ४४, ३–५)। १०. द्रव्याण्यनेकभेदानि योगैर्ध्यायति यत् त्रिभिः। शान्तमोहस्ततो ह्येतत् पृथक्त्वमिति कीर्तितम्॥ श्रुतं यतो वितर्कः स्याद्यतः पूर्वार्थशिक्षितः। पृथक्त्वं ध्यायति ध्यानं सवितर्कं ततो हि तत्। अर्थ-व्यजन-योगानां वीचारः संक्रमो मतः। वीचारस्य हि सद्भावात् सवीचारमिदं भवेत्॥ (त. सा. ७, ४५–४७)। ११. पज्जायं च गुणं वा जम्हा दव्वाण मुणइ भेएण। तम्हा पुहुत्तणामं भणियं झाणं मुणिदेहिं॥ भणियं सुयं वियक्कं वट्टइ सह तेण तं खु अणवरयं। तम्हा तस्स वियक्कं सवियारं पुण भणिस्सामो॥ जोएहिं तीहिं वियरइ अक्खर-अत्थेसु तेण सवियारं। पढमं सुक्कज्झाणं अतिक्खपरसोवमं भणियं॥ (भावसं. दे. ६४४ से ६४६)। १२. पृथक्त्वेन वितर्कस्य वीचारो यत्र विद्यते। सवितर्कं सवीचारं सपृथक्त्वं तदिष्यते॥ (ज्ञानार्णव ४२-१३, पृ. ४३३)। १३. पृथक्त्वम् नानात्वम्, वितर्को द्वादशांगश्रुतज्ञानम्, वीचारोऽर्थ-व्यञ्जन-योगसंक्रान्तिः, व्यञ्जनमभिधानम्, तद्विषयोऽर्थः, मनोवाक्कायलक्षणो योगः, अन्ये[न्यो]ऽन्यतः परिवर्तनं संक्रान्तिः, पृथक्त्वेन वितर्कस्यार्थ-व्यञ्जन-योगेषु संक्रान्तिवी[वी]चारो यस्मिन्नस्तीति तत्पृथक्त्ववितर्कवीचारं प्रथमं शुक्लम्। (चा. सा. पृ. ९१)। १४. द्रव्य-गुण-पर्यायाणां भिन्नत्वं पृथक्त्वं भण्यते, स्वशुद्धात्मानुभूतिलक्षणं भावश्रुतं तद्वाचकमन्तर्जल्पवचनं वा वितर्को भण्यते, अनीहितवृत्त्यार्थान्तरपरिणमनं वीचारो भण्यते। अत्रायमर्थः—यद्यपि ध्याता पुरुषः स्वशुद्धात्मसंवेदनं विहाय बहिश्चिन्तां न करोति तथापि यावतांशेन स्वरूपे स्थिरत्वं नास्ति तावतांशेनानीहितवृत्त्या विकल्पाः स्फुरन्ति, तेन कारणेन पृथक्त्ववितर्कवीचारं ध्यानं भण्यते। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४८, पृ. १७८)। १५. पृथक्त्वेन एकद्रव्याश्रितानामुत्पादादिपर्यायाणां भेदेन, वितर्को विकल्पः पूर्वगतश्रुतालम्बनो नानानयानुसरणलक्षणो यत्र तत् पृथक्त्ववितर्कम्, तथा विचारः अर्थाद् व्यञ्जने व्यञ्जनादर्थे मनःप्रभृतियोगानां चायस्मादन्यतरस्मिन् विचरणम्, सह विचारेण यत् तत् सविचारि। (औपपा. अभय. वृ. पृ. ४४)। १६. एकत्र पर्यायाणां विविधनयानुसरणं श्रुताद्द्रव्ये। अर्थ-व्यञ्जन-योगान्तरेषु संक्रमणयुक्तमाद्यं तत्॥ (योगशा ११–६)। १७. द्रव्याण्यनेकभेदभिन्नानि त्रिभिर्योगैर्यतो ध्यायति ततः पृथक्त्वमित्युच्यते। वितर्कः श्रुतम्, यस्माद्वितर्केण श्रुतेन सह वर्तते यस्माच्च नव-दश-चतुर्दशपूर्वधरैरारभ्यते तस्मात् सवितर्कं तत्। विचारोऽर्थ-व्यञ्जन-योगसंक्रमणः। ××× अस्य त्रिप्रकारस्य (पृथक्त्व-वितर्क-विचाररूपस्य) ध्यानस्योपशान्तकषायः स्वामी। (मूला. वृ. ५–२०७)। १८. आद्यं शुक्लमनेकधा स्वविषये वृत्त्या पृथक्त्वेन यत्, सर्वद्रव्यगतश्रुतस्य परमस्यास्मिन् वितर्कस्य यः। संचारोऽर्थ-वचस्त्रियोग-

ग्राहवे वीचार एषो भवेत्, ध्यानं सार्थकनामधाम तदिदं स्यादिष्टसंपत्प्रदम् ॥ (भावा. सा. १०-४८)। १९. द्रव्यात् पर्यायार्थे पर्यायाच्च द्रव्यार्थे संक्रमणं अर्थसंक्रान्तिः, श्रुतवचनाच्छ्रुतवचनान्तरे संक्रमणं व्यञ्जनसंक्रान्तिः, कायवर्गणाजनितकायपरिस्पन्दात् योगान्तरे स्ववर्गणाजनितपरिस्पन्दाख्यात् योगान्तरात् काययोगे संक्रमणं योगसंक्रान्तिः सविचार इत्याख्यायते, विविधचरणस्य विचारत्वात्। तदनेन प्रथमशुक्लध्यानं पृथक्त्ववितर्कमुक्तं भवति। द्रव्य-पर्याययोः पृथक्त्वेन भेदेन वितर्को विचारश्चास्मिन्निति व्याख्यानात् सविचारं सवितर्कं संप्रतिपत्तेः। × × × तत्र ध्याता तत्त्वार्थज्ञः कृतगुप्त्यादिपरिकर्माऽऽविर्भूतवितर्कसामर्थ्यः पृथक्त्वेनार्थ-व्यञ्जन-योगसंक्रमणात् संयतमना मोहप्रकृतीरुपशमयन् क्षपयन् वा ध्येये द्रव्यपरमाणौ भावपरमाणौ वा पृथक्त्ववितर्कविचारं ध्यानमारभते (त.सुखबो. वृ. ९-४४)। २०. गुप्त्यादिषु कृतपरिकर्मा विहिताभ्यासः सन् परद्रव्यपरमाणुं द्रव्यस्य सूक्ष्मत्वं भावपरमाणुं पर्यायस्य सूक्ष्मत्वं वा ध्यायन् सन् समारोपितवितर्कसामर्थ्यः सन्नर्थ-व्यञ्जने काय-वचसी च पृथक्त्वेन संक्रमता मनसा असमर्थशिशूद्यमवत् प्रौढार्भकवदव्यवस्थितेन अतीक्ष्णेन कुठारादिना शस्त्रेण चिराद् वृक्षं छिन्दन्निव मोहप्रकृतीरुपशमयन् क्षपयंश्च मुनिः पृथक्त्ववितर्कवीचारध्यानं भजते। (त. वृत्ति श्रुत. ९-४४)। २१. उत्पादादिपर्यायाणामेकद्रव्यविवर्तिनाम्। विस्तारेण पृथग्भेदैर्वितर्को यद्विकल्पनम् ॥ नानानयानुसरणात्मकात्पूर्वगतश्रुतात्। तत्र ध्याने तत्पृथक्त्ववितर्कमिति वर्णितम् ॥ अत्र च व्यञ्जनादर्थे तथार्थाद् व्यञ्जनेऽसकृत्। विचारोऽस्ति विचरणं सविचारं तदीरितम् ॥ मनःप्रभृतियोगानामेकस्मादपरत्र च। विचारोऽस्ति विचरणं सविचारं ततोऽप्यदः ॥ एवं च—यत् पृथक्त्ववितर्काढ्यं सविचारं भवेदिह। तत् स्यादुभयधर्माढ्यं शुक्लध्यानं किलादिमम् ॥ (लोकप्र. ३०, ४८०-८४, पृ. ४४२)।

१ पृथक्त्ववितर्क-वीचार शुक्लध्यान का ध्याता उपशान्तमोह—ग्यारहवें गुणस्थानवर्ती संयत—अनेक द्रव्यों का तीनों ही योगों के आश्रय से ध्यान करता है। इसीलिए इस ध्यान का उल्लेख पृथक्त्व शब्द के द्वारा किया जाता है। वह चूंकि पूर्वगत श्रुत के अर्थ में कुशल—पूर्वों का ज्ञाता श्रुतकेवली—होता है, इसलिए श्रुत का बोधक होने से उस ध्यान को सवितर्क शब्द से कहा जाता है। तथा वह ध्यान अर्थ, व्यञ्जन और योगों के परस्पर परिवर्तनरूप वीचार से सहित होता है, इसी से उसे सविचार भी कहा गया है। ३ तीनों योगों में प्रवृत्त होना, इसका नाम पृथक्त्व है, अथवा पृथक्त्व नाम विस्तार का जानना चाहिए, इस ध्यान का ध्याता श्रुतज्ञान में उपयुक्त होता हुआ अनेक पर्यायों के आश्रय से ध्यान करता है; यह पृथक्त्व का अभिप्राय समझना चाहिए। वितर्क का अर्थ श्रुत और वीचार का अर्थ है अर्थ, व्यञ्जन (श्रुतवाक्य) एवं योगों का संक्रमण। इसका ध्याता श्रुतज्ञान में उपयुक्त चतुर्दशपूर्ववित् होता है, इससे उसे सवितर्क कहा गया है। वह एक अर्थ से दूसरे अर्थ को, एक व्यञ्जन से दूसरे व्यञ्जन को, तथा एक योग से दूसरे योग को प्राप्त होता है; इसीलिए उसे अर्थ, व्यञ्जन योगों के संक्रमणरूप वीचार से सहित होने के कारण सविचार कहा गया है। इस प्रकार से उक्त ध्यान पृथक्त्ववितर्क-सविचारी कहलाता है।

पृथग्विमात्रा— पृथग्विमात्रा हास्येन प्रारब्धाः प्रद्वेषेण निष्ठाङ्गता। (जीतक. चू. वि. व्या. ५-२१, पृ. ३९)।

जो उपसर्ग हास्य से प्रारब्ध होकर द्वेष से समाप्त होते हैं वे पृथग्विमात्रा कहलाते हैं।

पृथिवी—१. पुढवी चित्तमंतमक्खाया अणेगजीवा पुढोसत्ता अन्नत्थ सत्थपरिणएणं। (दशवै. सू. ४-१, पृ. १३६)। २. तत्र अचेतना वैश्रसिकपरिणामनिर्वृत्ता काठिन्य-(त. वा. 'काठिन्यादि'-) गुणात्मिका पृथिवी। (स. सि. २-१३; त. वा. २, १३, १)। ३. पृथिवी काठिन्यादिलक्षणा प्रतीता। (दशवै. सू. हरि. वृ. ४-१, पृ. १३८)। ४. तत्राध्वादिस्थिता धूलिः पृथिवी। (त. वृत्ति श्रुत. २-१३)।

१ अपना अपना पृथक् अस्तित्व रखने वाले अनेक जीवों से युक्त पृथिवी चित्तवती—चेतना से युक्त (सजीव), अथवा चित्तमात्रा—अल्पचेतना वाली—कही गई है। विशेष इतना जानना चाहिए कि शस्त्रपरिणत पृथिवी चित्तवती (सजीव) नहीं है। शस्त्र द्रव्यशस्त्र आदि (जैसे—शस्त्र, अग्नि, विष, क्षार और नमक आदि) के भेदसे अनेक प्रकार का है। २ स्वाभाविक परिणाम से निर्मित जो

अचेतन और कठिन भूमि है वह पृथिवी कहलाती है।

पृथिवीकाय— १. कायः शरीरम्, पृथिवीकाय-जीवपरित्यक्तः पृथिवीकायः। (स. सि. २-१३; त. वा. २-१३)। २. इष्टकादिः पृथिवीकायः, पृथिवीकायिकजीवपरिहृतत्वात् इष्टकादिः पृथिवीकायः कथ्यते मृतमनुष्यादिकायवत्। (त. वृत्ति श्रुत. २-१३)।

१ काय का अर्थ शरीर है, पृथिवीकायिक जीव के द्वारा जो शरीर छोड़ा जा चुका है उसे पृथिवीकाय कहा जाता है।

पृथिवीकायिक—१. कायाणुवादेण पुढविकाइओ णाम कधं भवदि? पुढविकाइयणामाए उदएण। (षट्खं. २, १, १८-१९—धव. पु. ७, पृ. ७०)। २. पृथिवी कायोऽस्यास्तीति पृथिवीकायिकः। (स. सि. २-१३; त. वा. २-१३)। ३. सैव (पृथिवी एव) कायः शरीरं येषां ते पृथिवीकायाः, पृथिवीकाया एव पृथिवीकायिकाः। स्वार्थिकष्ठक्। (दशवै. सू. हरि. वृ. ४-१, पृ. १३८)। ४. पुढविकाइय-णामकम्मोदयवंतो जीवा पुढविकाइया त्ति वुच्चंति। (धव. पु. ३, पृ. ३३०)। ५. पृथिवी कायो विद्यते यस्य स पृथिवीकायिकः। (त. वृत्ति श्रुत. २-१३)।

१ जो जीव पृथिवीकायिक नामकर्म के उदय से युक्त होते हुए पृथिवी को शरीररूप से ग्रहण किये हुए हैं वे पृथिवीकायिक कहलाते हैं।

पृथिवीजीव — १. समवाप्तपृथिवीनामकर्मोदयः कार्मणकाययोगस्थो यो न तावत् पृथिवीं कायत्वेन गृह्णाति सः पृथिवीजीवः। (स. सि. २-१३; त. वा. २-१३)। २. पृथिवीं कायत्वेन यो गृहीष्यति प्राप्तपृथिवीनामकर्मोदयः कार्मणकाययोगस्थः स पृथिवीजीवः। (त. वृत्ति श्रुत. २-१३)।

१ जो जीव पृथिवीकाय नामकर्म के उदय से युक्त होकर कार्मण काययोग में स्थित होता हुआ—विग्रह-गति में वर्तमान होता हुआ—पृथिवी को शरीररूप से ग्रहण नहीं करता है—आगे ग्रहण करने वाला है—उसे पृथिवीजीव कहते हैं।

पृथिवीमण्डल—देखो भौममण्डल। क्षितिबीज-समाक्रान्तं द्रुतहेमसमप्रभम्। स्याद्वज्रलाञ्छनोपेतं चतुरस्रं धरापुरम्॥ (ज्ञानार्णव २६-१९, पृ. २८८)। जो पृथिवी बीजाक्षर से युक्त होकर पिघले (तपाये) सुवर्ण के समान कान्तिवाला, वज्रचिह्न से संयुक्त और आकार में चौकोण होता है वह धरापुर या पृथिवीमण्डल कहलाता है।

पृथिवीराजिसदृश क्रोध— देखो भूमिराजिसदृश क्रोध।

पृथ्वी—देखो पृथिवी। वर्णाश्रमवती धान्य-हिरण्य-पशु-कुप्यवृष्टिप्रदानफला च पृथ्वी। (नीतिवा. ५-५)।

जो ब्राह्मणादि वर्णों एवं ब्रह्मचारी आदि आश्रमों से युक्त होती हुई धान्य (अन्न), हिरण्य (सुवर्ण आदि), पशु और कुप्य—सुवर्ण-चांदीभिन्न; इनका वर्षण करती है—उन्हें प्रदान करती है—वह पृथ्वी कहलाती है। इसका पालन राजा किया करता है।

पृथ्वीतत्त्व—अविरलमरीचिमञ्जरीपुञ्जपिञ्जरित-भासुरतरशिरोमणिमण्डलीसहस्रमण्डितविकटतरफूत्कारमारुतपरम्परोत्पातप्रेङ्खोलितकुलाचलसम्मिलितशिखिशिखासन्तापद्रवत्काञ्चनकान्तिकपिशनिजकाय-कान्तिच्छटापटलजटिलितदिग्वलयक्षत्रियभुजंगपुंगव-द्वितयपरिक्षिप्तक्षितिबीजविसृष्टप्रकटपविपञ्जरपिनद्धसघनणिरिचतुरस्रमेदिनीमण्डलावलम्बनगजपतिपृष्ठ-प्रतिष्ठितपरिकलितकुलिशकरशचीप्रमुखविलासिनी-शृंगारदर्शनोल्लसितलोचनसहस्रश्रीत्रिदशपतिमुद्रालंकृतसमस्तभुवनावलम्बिसुनासीरपरिकलितजानुद्वय इति पृथ्वीतत्त्वम्। (ज्ञानार्णव २१-१०, पृ. २२३)। देखो पृथिवीमण्डल।

पृष्ठतः अन्तगत अवधि—येनावधिना पृष्ठत एव संख्येयान्यसंख्येयानि वा योजनानि पश्यति स पृष्ठतोऽन्तगतः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३१७, पृ. ५३७)।

जिस अवधिज्ञान के द्वारा पीछे की ओर ही संख्यात या असंख्यात योजन पर अवस्थित पदार्थों को देखता है उसे पृष्ठतः अन्तगत अवधि कहते हैं।

